# वायु-पुराण
## ( दूसरा खण्ड

सम्पादक :—
वेदमूर्ति तपोनिष्ठ

**पं० श्रीराम शर्मा आचार्य**

चारों वेद, १०८ उपनिषद् षट दर्शन
२० स्मृतियाँ और अठारह पुराणों के
भाष्यकार


प्रकाशक :

**संस्कृति-संस्थान, बरेली**
**( उत्तर-प्रदेश )**

प्रथम बार ]   सन् १९६७ ई०   [ मू० ७) रुपया

प्रकाशक —

संस्कृति-संस्थान

बरेली ( उ० प्र० )

सम्पादक

पं० श्रीराम शर्मा आचार्य

सर्वाधिकार सुरक्षित

सन् १९६७

मुद्रक

वृन्दावन शर्मा

जनजागरण प्रेस, मथुरा।

मूल्य ७) रु०

# दो शब्द

'वायु पुराण' की विशेषताओं का वर्णन प्रथम भाग की भूमिका मे विस्तारपूर्वक किया जा चुका है। इस दूसरे खण्ड मे जो महत्वपूर्ण विषय पाठको को मिलेंगे उनमे पूर्ववर्ती धारणाओ की और अधिक पुष्टि हो सकेगी। सृष्टि, प्रलय, जड-चेतन पदार्थों का क्रमश आविर्भाव, मानव-समाज का विकास, अनेकानेक राजवशो तथा उनकी शाखाओ का वर्णन आदि जो पुराणो का मुख्य उद्देश्य माना गया है, वह इसमे पूर्ण रूप से पाया जाता है। पाठक जैसे-जैसे इस पुराण का अध्ययन करते जायेंगे उनको यह प्रतीत होता चला जायगा कि वास्तव मे इस दृष्टि से इस पुराण का स्थान अधिकाश पुराण और उपपुराणो से बहुत ऊँचा है।

इस पुराण के प्रतिपादित विषय को अन्त तक देख जाने और विशेष कर इस दूसरे खण्ड के राज्य-वशो के विस्तृत वर्णन और सृष्टि तथा प्रलय के बुद्धिसगत विवेचन को पढने पर हमको उन लोगो की बातो पर कुछ आश्चर्य होता है जो इस पुराण को अठारह पुराणो मे न मानकर 'शिवपुराण' का एक अश मात्र बतलाते है। हमको तो इस पुराण को सम्पादन करने पर यह मालूम हुआ कि जहाँ अधिकाश पुराणो के कलेवर का एक बडा भाग साम्प्रदायिक दृष्टिकोण से लिखी गई कथाओ अथवा तीर्थ, व्रत, दान आदि के विधानो से भरा पडा है, वहाँ 'वायु-पुराण' मे इन बातो को कम से कम स्थान देकर उन बातो का ही दिग्दर्शन कराया है जो वास्तव मे पुराणो के वर्ण्य विषय माने गये हैं। सृष्टि, प्रलय और मानव जाति के विकास पर विचार करना ही पुराण रचना का मुख्य उद्देश्य बतलाया गया

है और वह हमको 'वायु पुराण' में अन्य पुराणों की अपेक्षा कहीं अधिक और समन्वयात्मक रूप से दिखाई पडता है।

यद्यपि सभी पुराणों में अलङ्कार, रूपक, उपमा, दृष्टान्त आदि की लेखन शैली पूर्ण मात्रा में अपनाई गई है, जिससे कथा के रूप में सपट जनता को आकर्षित करके धर्म तत्वों की शिक्षा दी जासके, तो भी इस दृष्टि से विभिन्न पुराणों के स्तर में बहुत अन्तर दिखलाइ पडता है। अन्य पुराणों ने जहाँ लोगों की रुचि और आकर्षण पर ही अधिक ध्यान दिया है वायुपुराण' में तथ्यों को प्रकट करने और प्राचीनता की एक प्रभावशाली झलक पाठकों को दिखाने की चेष्टा की है। इसमें विभिन्न राजवंशों की वंशावलियों का जितने विस्तार के साथ वर्णन किया गया है वह इतिहास की दृष्टि से भी बहुत कुछ महत्व रखता है और अनेक इतिहास लेखकों ने उसके आधार पर प्राचीन ऐतिहासिक युगों का निर्णय करने में पर्याप्त सहायता प्राप्त की है। इसी प्रकार लोक परलोक, नर्क, स्वर्ग, भुवन आदि का वर्णन इसमें कथा और रूपकों के बजाय विवेचनात्मक ढङ्ग से ही किया है, जिससे इसकी गम्भीरता और प्रामाणिकता की वृद्धि हो हुई है। जो पाठक ध्यानपूर्वक इसका अध्ययन करेंगे वे, हमारा विश्वास है कि उपयुक्त निष्कर्षों पर पहुँचे बिना न रहेंगे।

—सम्पादक

# विषय-सूची


| अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| ४३ प्रजापतिवंश कीर्तन— | |
| संहिताओं के निर्माता ऋषियों के नाम, याज्ञवल्क्य का नवीन संहिता निर्माण, आयुर्वेद, धनुर्वेद, गान्धर्वशास्त्र, अर्थशास्त्र, और चौदह विद्याओं का विकास। | ६ |
| ४४. पृथ्वी दोहन— | |
| स्वायम्भुव, स्वारोचिष आदि-आदि १४ मन्वन्तरों का वर्णन, राजा पृथु द्वारा अन्न की कृषि का आरम्भ। | ३८ |
| ४५ पृथुवंश कीर्तन— | |
| विभिन्न मन्वन्तरों में पृथ्वी का दोहन करने वाले मनुओं का वर्णन, दक्ष प्रजापति द्वारा सृष्टि की वृद्धि। | ६७ |
| ४६ वैवस्वत-सर्ग वर्णन— | |
| मरीचि, कश्यप से देवों तथा परमर्षियों की उत्पत्ति। | ७६ |
| ४७. प्रजापति वंशानुकीर्तन— | |
| वैवस्वत-मन्वन्तर में देव, ऋषि, दानव, पितर, गन्धर्व, यक्ष आदि की सृष्टि और वृद्धि। | ८१ |
| ४८. ऋषि वंशानुकीर्तन— | |
| द्विज, विश्वेदेव, प्रजापति, मरुत, दानव, यक्ष, राक्षस, पितृ, भूत, पशु, पक्षी, नाग, अप्सरा आदि के अधिपतियों का वर्णन। | १०५ |

अध्याय　　　　　　　　　　　　　　　　　　　पृष्ठ-संख्या

४९ गन्धर्व-मूर्च्छना लक्षण—
नाभाग, धुन्धु करन्धम, मरुत्त राज्यवर्धन, तृणविन्दु, रैवत आदि राजाओं का वर्णन। ११९

५० गीतालङ्कार निर्देश—
वाच्य अर्थ, आरोहण, अवरोहण वाद्य आदि का परिचय। १२८

५१ वैवस्वत मनुवंश वर्णन—
राजा इक्ष्वाकु के वंश में युवनाश्व मान्धाता, अम्बरीष, पुरुकुत्स, मुचकुन्द, हरिश्चन्द्र, सगर, दिलीप आदि राजाओं का वर्णन। १३५

५२ सोमोत्पत्ति वर्णन—
निमि के वंश के राजाओं का नाम जनक कहा जाना। सीताजी के पिता सीरध्वज का उत्पन्न। (२) चन्द्रमा द्वारा बुध की उत्पत्ति और महर्षि अत्रि द्वारा उनकी रोग मुक्ति आदि। १६७

५३ चन्द्रवंशकीर्तन—(१)
राजा पुरूरवा और उर्वशी की कथा। राजा गय द्वारा तीन अग्नियों का विभाजन जह्नु का गङ्गापान, विश्वामित्र का जन्म। १७८

५४ रजियुद्ध वर्णन—
धन्वन्तरि की उत्पत्ति रजि द्वारा दानवों का पराजय। १९४

५५ चन्द्रवंश कीर्तन—(२)
राजा रम्भ, नहुष, ययाति की कथा। पुरु द्वारा ययाति की वृद्धावस्था ग्रहण करने का उपाख्यान। २१०

| अध्याय | पृष्ठ-संख्या |
| --- | --- |
| ५६ कार्तवीर्य अर्जुन उत्पत्ति— | |
| कार्तवीर्य अर्जुन द्वारा सातों द्वीपों की विजय, रावण को बाँधलाना, वशिष्ठ द्वारा शाप दिया जाना। | २२६ |
| ५७ ज्यामघ वृतान्त कथन— | |
| कार्तवीर्य द्वारा वनों का जलाया जाना। | २३४ |
| ५८ विष्णुवंश वर्णन — | |
| स्यमन्तक मणि की कथा। श्रीकृष्ण के वंश का वर्णन। | २४१ |
| ५९ शम्भुस्तव वर्णन— | |
| ऋषियों द्वारा विष्णु की विशेषताओं का वर्णन और कृष्ण अवतार लेने पर आश्चर्य। भृगु के शाप की कथा। वृहस्पति और शुक्राचार्य का विवाद। | २७६ |
| ६० विष्णु माहात्म्य कीर्तन— | |
| शुक्राचार्य और जयन्ती का समागम, वृहस्पति का दानवों को छल पूर्वक बहका देना। दश अवतारों का रहस्य। | ३०६ |
| ६१ अनुषगपाद समाप्ति— | |
| तुर्वस के वंशधरों का वर्णन, अङ्ग-वङ्ग-पुण्ड्र-कलिङ्ग के राजागण, शकुन्तला पुत्र भरत, पाण्डव, जनमेजय और भविष्य के राजाओं का वर्णन। | ३२६ |
| ६२. मन्वतर कथन— | |
| देव शक्तियों द्वारा सृष्टि रचना का प्रारम्भ और उसका क्रम विकास, सब प्रकार के देव, ऋषि, तथा अन्य जीवों की उत्पत्ति, काल गणना आदि। | ३७६ |

अध्याय | पृष्ठ-संख्या

६३ शिवपुर वर्णन—

भू भुव आदि सात लोकों का वर्णन, वैराज मन्त्र वाले, अयुत, कोटि, अर्बुद निर्बुद, आदि की गणना, महालोक, जनलोक आदि का विवरण, नरक, वर्णन, चतुष्पद, द्विपद, तिर्यक आदि की गणना, शिवपुर का परम ऐश्वर्य। ३६५

६४ प्रलयादि पुन सृष्टि वर्णन

सप्त द्वीप, समुद्र, पर्वत आदि का नष्ट होकर पृथ्वी, जल, तेज, वायु, आदि पञ्चतत्वों का एक-एक करके दूसरे में लीन होते जाना। धर्म अधर्म और तीनों गुणों की स्थिति। ४४८

६५ सृष्टि वर्णन—

प्रलय के पश्चात् सृष्टि का फिर से विकास कैसे होता है? राम-विषय—व्यक्त अव्यक्त का कथन। ब्रह्मा की उत्पत्ति। वायु-पुराण का महत्व। ४६८

६६ व्यास संशय वर्णन—

निराकार ब्रह्म प्रकृति तथा भक्ति-मार्ग और ज्ञान मार्ग का निरूपण। अक्षर ब्रह्म से परे और कोई नहीं है, वही सब कारणों का कारण है। ४८०

६७ गया महात्म्य—

श्री सनत्कुमार द्वारा गया तीर्थ की प्रशंसा और महात्म्य। गया श्राद्ध द्वारा पितरों के उद्धार की कथा। ४९५

# वायु-पुराण

## [ दूसरा खराड ]

### ॥ प्रकर्ण ४३—प्रजापति वंश कीर्तन ॥

भारद्वाजो याज्ञवल्क्यो गालकि सालकिस्तथा ।
धीमान् शतवलाकश्च नैगमश्च द्विजोत्तम ॥१॥
वाष्कलिश्च भरद्वाजस्तिस्र प्रोवाच संहिता ।
रथीतरो निरुक्तञ्च पुनश्चक्र चतुर्थकम् ॥२॥
त्रयस्तस्याभवञ्छिस्या महात्मानो गुणान्विता ।
धीमान्नन्दायनीयश्च पन्नगारिश्च बुद्धिमान् ।
तृतीयश्चार्यवस्ते च तपसा शंसितव्रता ॥३॥
वीतरागा महातेजा- संहिताज्ञानपारगा ।
इत्येते बह्वृचा प्रोक्ता संहिता यै प्रवर्त्तिता ॥४॥
वैशम्पानगोत्रोऽसौ यजुर्वेद व्यकल्पयत् ।
षडशीतिस्तु येनोक्ता संहिता यजुषा शुभा ॥५
शिष्येभ्य प्रददौ ताश्च जगृहुस्ते विधानत ।
एकस्तत्र परित्यक्तो याज्ञवल्क्यो महातपा ।
षडशीतिश्च तस्यापि संहिताना विकल्पका ॥६
सर्वेपामेव तेषा वै त्रिधा भेदा प्रकीर्त्तिता ।
त्रिधा भेदास्तु ते प्रोक्ता भेदेऽस्मिन्नवमे शुभे ॥७

ऋषियो ने कहा—भारद्वाज-याज्ञवल्क्य-गालकि-सालकि-धीमान् शतबलाक-नैगम जो द्विजो म श्रेष्ठ थे—वाष्कलि- भरद्वाज इनने तीन संहिता कहीं फिर रथीतर ने चतुर्थ निरुक्त किया था ॥१॥२॥ उसके गुणो से

नन्दायनीय--पन्नगारि और बुद्धिमान् तृतीय आचार्य था। ये तप से दासित व्रत वाले थे ॥३॥ य सब वीतराग-महान् तेज से युक्त और संहिताओं के ज्ञान के पारगामी थे। ये सब बह्वृच कहे गये हैं जिन्होंने संहिताओं को प्रवृत्त किया था ॥४॥ यह वैशम्पायन गोत्र वाला था जिसने यजुर्वेद की विशेष कल्पना की थी। जिसने यजुर्वेद की शुभ छयासी संहिताएँ कही थी ॥५॥ उनको शिष्यों के लिए दिया था और उन्होंने विधानपूर्वक उन्हें ग्रहण किया था। यहाँ पर एक महा तपस्वी याज्ञवल्क्य परिपक्व थे। उनके भी छयासी संहिताओं के विकल्प थे ॥६॥ उन सबके तीन प्रकार के भेद प्रकीर्तित किए गए हैं। इस शुभ नवम भेद में तीन प्रकार के भेद कहे गये हैं ॥७॥

उदीच्या मध्यदेशाश्च प्राच्याश्चैव पृथग्विधा।
श्यामायनिरुदीच्यानां प्रधानः सम्बभूव ह ॥८
मध्यदेशप्रतिष्ठानामारुणिः प्रथमः स्मृतः।
आलम्बिरादिः प्राच्यानान्त्रयोदश्यादयस्तु ते ॥९
इत्येते चरकाः प्रोक्ता संहितावादिनो द्विजाः।
ऋषयस्तद्वच श्रुत्वा सूतं जिज्ञासवोऽब्रुवन् ॥१०
चरकाध्वर्यवं येन कारणं ब्रूहि तत्त्वतः।
किञ्चीर्णं कस्य हेतोश्च चारकत्वञ्च भेजिरे।
इत्युक्तः प्राह तेषां स चरकत्वमभूद्यथा ॥११
कार्यमासीदृषीणाञ्च किञ्चिद्ब्राह्मणसत्तमाः।
मेरुपृष्ठं समागाय तैस्तदा त्विति मन्त्रितम् ॥१२
यो नाऽत्र सप्तरात्रेण नागच्छेद्द्विजसत्तमाः।
स कुर्याद्ब्रह्मवध्यां वै समयो नः प्रकीर्तितः ॥१३
ततस्ते सगणाः सर्वे वैशम्पायनवर्जिताः।
प्रययुः सप्तरात्रेण यत्र सन्धिः कृतोऽभवत् ॥१४

उदीच्य- मध्यदेश और प्राच्य पृथक् विध थे। उदीच्यों में श्यामायनि प्रधान हुआ था ॥८॥ मध्यदेश के प्रतिष्ठानों में आरुणि प्रथम कहा गया है।

प्राच्यो मे आदि आलम्बि थे वे त्रयोदशो आदि थे ॥९॥ ये सब द्विज जो कि संहिताओं के वादी थे चरक कहे गए थे। ऋषियो ने उनके वचन जो सुनकर जिज्ञासु होते हुवे वे सूतजी से बोले ॥१०॥ चरक और आध्वर्यव किन से हुए ? इसका कारण तत्वपूर्वक बतलाइये। किसके हेतु से क्या चीर्ण और वाचकत्व का सेवन किया था ? इस प्रकार से कहे हुए उसने जैसे चरकत्व उनका हुआ था कहा। ॥११॥ श्री सूतजी ने कहा—हे ब्राह्मण श्रेष्ठो ! ऋषियो का क्या कार्य था यह मेरु के पृष्ठ पर जाकर उन्होने मन्त्रणा की थी ॥१२॥ हे द्विज सत्तमा ! जो यहाँ सात दिन तक नही आवे वह ब्रह्मवध्या करे। इसका समय नही कहा गया है ॥१३॥ इसके पश्चात गणो के साथ ये सब वैशम्पायन को छोड कर सात दिन म चले गये जहाँ कि सन्धि की हुई थी ॥१४॥

ब्राह्मणानान्तु वचनाद्ब्रह्मवध्याञ्चचार स ।
शिष्यानथ समानीय स वैशम्पायनोऽब्रवीत् ॥१५
ब्रह्मवध्याञ्चरध्वं वै मत्कृते द्विजसत्तमा ।
सर्वे यूय समागम्य ब्रूत मे तद्धित वच ॥१६
अहमेव चरिष्यामि तिष्ठन्तु मुनयस्त्विमे ।
बलञ्चोत्थापयिष्यामि तपसा स्वेन भावित ॥१७
एवमुक्तस्तत क्रुद्धो याज्ञवल्क्यमथाब्रवीत् ।
उवाच यत्त्वयाधीत सर्वं प्रत्यर्पयस्व मे ॥१८
एवमुक्त स रूपाणि यजूंषि प्रददौ गुरो ।
रुधिरेण तथाक्तानि छर्दित्वा ब्रह्मवित्तम ॥१९
तत स ध्यानमास्थाय सूर्यमाराधयद्द्विजा ।
सूर्यब्रह्म यदुच्छिन्न स गत्वा प्रतितिष्ठति ॥२०
ततो यानि गतान्यूर्ध्वं यजूंष्यादित्यमण्डलम् ।
तानि तस्मै ददौ तुष्ट सूर्यो वै ब्रह्मरातये ।
अश्वरूपाय मार्तण्डो याज्ञवल्क्याय धीमते ॥२१

ब्राह्मणो के वचन से उसने ब्रह्मवध्या को किया था। इसके अनन्तर उस वैशम्पायन ने शिष्यो को लाकर कहा ॥१५॥ हे द्विज सत्तमा ! मेरे लिये

ब्रह्मवध्या को करो आप सब लोग आकर तदनि वचन मुझे बोलो ॥१६॥ याज्ञवल्क्य ने कहा—मैं ही करूँगा ये मुनिगण ठहरें। अपने तप से भावित होता हुआ मैं वन का उत्थापन करूँगा ॥१७॥ इस प्रकार से कहे हुए वह क्रुद्ध होकर याज्ञवल्क्य से बाले कि जो भी तुमने पढ़ा है उस सबको मुझे अर्पित कर दो—यह कहा ॥१८॥ इस प्रकार से कह जाने वाले ब्रह्मवित्तम उनने रुधिर युक्त रूप यजु को छर्दि कर के गुरु को दे दिया था ॥१९॥ इसके अनन्तर उसने हे द्विजो! ध्यान में स्थित होकर सूर्य की आराधना की थी। जो उच्छिन्न सूर्यब्रह्म था और आकाश में जाकर प्रतिष्ठित होता है। इसके पश्चात जो यजु ऊर्ध्व भाग में गए थे और आदित्य मण्डल में स्थित थे उनको सन्तुष्ट होने वाले सूर्य ने ब्रह्म रीति के लिए उस दे दिया था। धीमान् याज्ञवल्क्य उस समय अश्व के रूप में थे। ऐसे याज्ञवल्क्य के लिए मार्तण्ड ने यजु दिए थे ॥२०॥२१॥

यजूंष्यधीयन्ते यानि ब्राह्मणा येन केन च।
अश्वरूपाय दत्तानि ततस्ते वाजिनोऽभवन् ॥२२
ब्रह्महत्या तु यैश्चीर्णा चरणाच्चरका स्मृता।
वैशम्पायनशिष्यास्ते चरका समुदाहृता ॥२३
इत्येते चरका प्रोक्ता वाजिनस्तान्निबोधत।
याज्ञवल्क्य स्वशिष्यास्ते कण्वबैधेयशालिन ॥२४
मध्यन्दिनश्च शापेयी विदिग्धश्चाध्य उद्दल।
ताम्रायणश्च वात्स्यश्च तथा गालवशैशिरी।
आटवी च तथा पर्णी वीरणी सपरायण ॥२५
इत्येते वाजिन प्रोक्ता दश पञ्च च सस्मृता।
शतमेकाधिक कृत्स्न यजुषा वै विकल्पका ॥२६
पुत्रमध्यापयामास सुमन्तुमथ जैमिनि।
सुमन्तुश्चापि सुत्वान पुत्रमध्यापयत्प्रभु।
सुकर्माण सुत सुत्वा पुत्रमध्यापयत्प्रभु ॥२७

स सहस्र मधीत्याशु सुकर्माप्यथ संहिता. ।
प्रोवाचाथ सहस्रस्य सुकर्मा सूर्यवर्चस ॥२८

जिस किसी के द्वारा ब्राह्मण जिस यजु का अध्ययन करते हैं वे मध्य-स्य वाले के लिये किये हुये हैं इसमे वाजिन हुए और कहे भी जाते हैं ॥२२॥ जिन्होंने चरण से ब्रह्महत्या को चीर्ण किया था वे चरक कहे गए हैं। वे वैशम्पायन के शिष्य हैं जो चरक कहे गये हैं ॥२३॥ इतने ये चरक कहे गये हैं अब उन वाजिनो को जान लो। याज्ञवल्क्य के वे शिष्य हैं जो कण्व वैधेयशाली हैं ॥२४॥ मध्यान्दिन-- शापेयी-- विदिग्ध - उद्दल--ताम्रायण-- वात्स--गालव-शैशिरी-आटवी-पर्णी-वीरणी-सयरायण---ये इतने वाजिन दस नाम से कहे गये हैं ये दस और पाँच कुल पन्द्रह होते हैं। यजुषा का पूर्ण विकल्प एकसौ एक है ॥२५॥२६॥ इसके अनन्तर जैमिनि ने सुमन्तु अपने पुत्र को पढ़ाया था। सुमन्तु प्रभु ने भी अपने पुत्र सुत्वान को पढाया था। सुत्वा ने अपने पुत्र सुकर्मा को पढाया था ॥२७॥ इसके पश्चात् सुकर्मा ने भी शीघ्र एक सहस्र संहिताओं का अध्ययन कर के सूर्य वर्चस सुकर्मा ने सहस्र को बोला था ॥२८॥

अनध्यायेष्वधीयानास्तान्जघान शतक्रतु ।
प्रायोपवेशमकरोत्ततोऽसौ शिष्यकारणात् ॥२६
क्रुद्ध दृष्ट्वा तत शक्रो वरमस्मै ददौ पुन ।
भाविनौ ते महावीर्यौ शिष्याववयलवर्चसौ ॥३०
अधीयानौ महाप्राज्ञौ सहस्र संहितात्रुभौ।
एतौ सुरौ महाभागौ मा क्रुध्य द्विजसत्तम ॥३१
इत्युक्त्वा वासव श्रीमान्सुकर्माण यशस्विनम्।
शान्तक्रोध द्विज दृष्ट्वा तत्रैवान्तरधीयत ॥३२
तस्य शिष्यो भवेद्धीमान्पौष्यञ्जी द्विजसत्तमा ।
हिरण्यनाभ कौशिक्यो द्विजयोऽभून्नराधिप ॥३३
अध्यापयत्तु पौष्यञ्जी सहस्रर्द्धन्तु संहिता ।
तेनान्योदीच्यासामान्या शिष्या पौष्यञ्जिन शुभा ॥३४

प्राचीनयोगपुत्रश्च बुद्धिमांश्च पतञ्जलि: ।
कौथुमस्य तु भेदास्ते पाराशर्यस्य षट् स्मृताः ।
लाङ्गलि शालिहोत्रश्च षट् षट् प्रोवाच संहिताः ॥४२

पौष्यञ्जी के चार शिष्य थे उनके नाम लोकाक्षी–कुथुमि–कुशीती और लाङ्गल थे। अब उनके भेद बतलाये जाते हैं उन्हें आप लोग समझ लेवें ॥३६॥ तरिड का पुत्र वह राणायनीय था। उसमें अन्य मूलचारी था जो कि बहुत अच्छा विद्वान् था। मउनि पुत्र सहसारय पुत्र ये लोकाक्षी के भेद जानो ॥३७॥ कुथुमि के तीन पुत्र औरस–रसपारस और भाग विन्नि ये तीन प्रकार वाले तेज-युक्त कौथुम कहे गये हैं ॥३८॥ शौरिद्यु–शृङ्गिपुत्र दो ये चरित व्रत वाले थे। राणायनीय और सौमित्रि ये दो दोनों सामवेद के पण्डित थे ॥३९॥ महान् तपस्वी शृङ्गिपुत्र ने तीन संहिता कही थी। हे द्विजोत्तमो ! चैल, प्राचीन योग, सुराल इनने छँ संहिता बोली थी, इनमें पाराशर्य और कौथुम भी हैं। आसुरायण और वैश नाम वाले दोनों वेद वृद्ध में परायण थे ॥४१॥ प्राचीन-योग का पुत्र पतञ्जलि बड़ा बुद्धिमान था। कौथुम के वे भेद पाराशर्य के छँ कहे गये हैं। लाङ्गलि और शालिहोत्र ने छँ–छँ संहिता बतलाई हैं ॥४२॥

भालुकि कामहानिश्च जैमिनिर्लोमगायिनः ।
कण्डश्च कोलहश्चैव पडेते लाङ्गला स्मृता ।
एते लाङ्गलिनः शिष्या संहिता ये प्रसाधिताः ॥४३
ततो हिरण्यनाभस्य कृतशिष्यो नृपात्मज ।
सोऽकरोद्व चतुर्विंशत्संहिता द्विपदा वर. ।
प्रोवाच चैव शिष्येभ्यो येभ्यस्ताश्च निबोधत ॥४४
राडश्च महवीर्यश्च पञ्चमो वाहनस्तथा ।
तालक. पाण्डकश्चैव कालिको राजिकस्तथा ।
गौतमश्चाजवस्तश्च सोमराजापतस्तत. ॥४५
पृष्ठघ्न. परिकृष्टश्च उलूखलक एव च ।
यवीयसश्च वैशालो अंगुलीयश्च कौशिकः ॥४६
म.लिमञ्जरिसत्यश्च कार्षाय कानिकश्च य. ।

पराशरश्च धर्मात्मा इति क्रान्तास्तु सामगाः ॥४७॥
सामगानान्तु सर्वेषां श्रेष्ठौ द्वौ तु प्रकीर्त्तितौ ।
पौष्यञ्जिश्च कृतिश्चैव संहितानां विकल्पकौ ॥४८
अथर्वाणं द्विधा कृत्वा सुमन्तुरददद्द्विजाः ।
कबन्धाय पुनः कृत्स्नं स च विद्याद्यथाक्रमम् ॥४९
कबन्धस्तु द्विधा कृत्वा पथ्यायैकं पुनर्ददौ ।
द्वितीयं वेदस्पर्शाय स चतुर्द्धाकरोत् पुनः ॥५०

भालुकि, कामहानि, जैमिनि, लोमगायिन, कण्ड, कोलह ये छै लाङ्गल कहे गये हैं। ये लाङ्गलि के शिष्य हैं जिन्होंने संहिताएं प्रसारित की हैं ॥४३॥ इनके पश्चात् हिरण्यनाभ के कृत शिष्य नृपात्मज हुए। द्विपदों में श्रेष्ठ उसने चौबीस संहिताएँ की हैं। और फिर उनको शिष्यों के लिये बोला था। जिन शिष्यों को बोला था उन्हें आप मुझसे जानलो ॥४४॥ राड, महावीर्य, पंचम, वाहन, तालक, पाण्डक, कालिक, राजिक, गौतम, आजवस्त, सोम राजायनन्, पृष्ठघ्न, परिकृष्ट, उलूखलक, यवीयस, वैशाल, अङ्गुलीय, कौशिक, सालिम, अरि-सत्य, कापीय, कानिष और धर्मात्मा पाराशर ये सब सामगा परिक्रान्त हुए हैं ॥४७॥ समस्त सामगों में दो अत्यन्त श्रेष्ठ प्रकीर्तित हुए हैं। संहिताओं के विकल्पक ये दोनों पौष्यञ्जि और कृति हैं ॥४८॥ हे द्विजा ! सुमन्तु ने अथर्व को दो करके दिया था। फिर कबन्ध के लिये सम्पूर्ण दिया था और उसने यथाक्रम उसे जाना है। कबन्ध ने भी दो प्रकार का करके उनमें से एक को फिर पथ्य के लिए दिया था। दूसरा वेदस्पर्श के लिए दिया था और फिर उसने उसे चार प्रकार का कर दिया था ॥४९॥५०॥

मोदो ब्रह्मबलश्चैव पिप्पलादस्तथैव च
शौक्वायनिश्च धर्मज्ञश्चतुर्थस्तपनः स्मृतः ।
वेदस्पर्शस्य चत्वारः शिष्यास्त्वेते दृढव्रताः ॥५१
पुनश्चत्रिविधं विद्धि पथ्यानां भेदमुत्तमम् ।
जाजलिः कुमुदादिश्च तृतीयः शौनकः स्मृतः ॥५२
शौनकस्तु द्विधा कृत्वा ददावेकन्तु बभ्रवे ।

द्वितीया सहिता धीमान्सैन्धवायनसज्ञिते ॥५३
सैन्धवो मुञ्जकेशाय भिन्ना सा च द्विधा पुन ।
नक्षत्र कल्पो वैतानस्तृतीय सहिताविधि ।
चतुर्थोऽङ्गिरस कल्प शान्तिकल्पश्च पचम ॥५४
श्रेष्ठस्त्वथर्वणे ह्येते सहिताना विकल्पना ।
षटश कृत्वा मयाप्युक्त पुराणमृषिसत्तमा ॥५५
आत्रेय सुमतिर्धीमान्काश्यपो ह्यकृतव्रण ।
भारद्वाजोऽग्निवर्चाश्च वसिष्ठो मित्रयुश्च य ।
सावर्णि सोमदत्तिस्तु सुशर्मा शाशपायन ॥५६
एते शिष्या मम ब्रह्मन् पुराणेषु दृढव्रता ।
त्रिभिस्तैस्त्र कृतास्तिस्र सहिता पुनरेव हि ॥५७

वेदस्पर्श के दृढ व्रत वाले चार शिष्य हुए थे। ब्रह्मबल वाला मोद, पिप्पलाद, धर्म का ज्ञाता शौक्वायनि और चौथा तपन ये चारो के नाम बताये गये हैं ॥५१॥ फिर पथ्यो के तीन प्रकार के उत्तम भेद जान लो। एक जाजलि दूसरा कुमुदादि और तीसरा शौनक कहा गया है ॥५२॥ शौनक म दो भेद करके उनमे से एक बभ्रु के लिये दिया था। द्वितीय जो सहिता था उसे उस परम बुद्धिमान् ने सैन्धवायन नाम वाले को दिया था ॥५३॥ सैन्धव ने मुञ्ज केश के लिये दी फिर वह दो प्रकार की भेद वाली हुई थी। नक्षत्र कल्प, वैतान, तृतीय सहिता विधि, चतुर्थ अङ्गिरस कल्प, पचम शान्ति कल्प होता है ॥५४॥ ये जो सहिताओ के विकल्पन हैं उनमे अथर्वण श्रेष्ठ होता है। हे ऋषि सत्तमा! छैं प्रकार से करके मैंने भी पुराण को कहा है ॥५५॥ आत्रेय, सुमति, धीमान्, काश्यप, अकृतव्रण, भारद्वाज, अग्निवर्चा, वसिष्ठ, मित्रयु, सावर्णि, सोमदत्ति, सुशर्मा, शाशपायन ये इतने पुराणो मे दृढव्रत वाले मेरे शिष्य थे। फिर तीनो ने तीन सहिताओ के तीन किये ॥५६।५७॥

काश्यप सहिताकर्त्ता सावर्णि शाशपायन ।
सामिका च चतुर्थी स्यात्सा चैषा पूर्वसहिता ॥५८
सर्वास्ताहि चतुष्पादा सर्वाश्चैकार्थवाचिका ।

पाठान्तरे पृथग्भूता वेदशाखा यथा तथा ।
चतुःसाहस्त्रिकाः सर्वा शाशपायनिकामृते ॥५६
लोमहर्षणिका मूलास्ततः काश्यपिका परा ।
सावर्णिकास्तृतीयास्ता यजुर्वाक्यार्थपण्डिताः ॥६०
शाशपायनिकाश्चान्या नोदनार्थविभूषिता ।
सहस्राणि ऋचामष्टौ षट्शतानि तथैव च ॥६१
एता पंचदशान्याश्च दशान्या दशभिस्तथा ।
वालखिल्याः समप्रैषाः (षा) ससावर्णाः प्रकीर्तिताः ॥६२
अष्टौ सामसहस्राणि सामानि च चतुर्दश ।
आरण्यकं सहोमंच एताद्गायन्ति सामगाः ॥६३

काश्यप सावर्णि और शाशपायन संहिताकर्त्ता हैं, और यह पूर्व संहिता चौथी सामिका होती है। ये सब चार पादों वाली हुआ करती हैं और सभी एकार्थ की वाचिका भी होती है। वेद की शाखाएँ यथा तथा पाठान्तर में पृथक् होती है। शाशपायनिका के बिना सब चार सहस्र वाली हैं ॥५८॥५६॥ मूल लोमहर्षणिका है इसके पश्चात् काश्यपिका होती है। तृतीय सावर्णिका है, ये यजु के वाक्यार्थ की पण्डित होती है ॥६०॥ अन्य जो शाशपायनिका शाखाएँ है वे नोदन के अर्थ से विभूषित होती है। ऐसे ये कुल आठ सहस्र छै सौ ऋचाएँ है ॥६१॥ ये अन्य पचदश हैं और दूसरी दस के साथ दश है, वालखिल्या जो है वे समप्रैषा ससावर्णा कही गई है ॥६२॥ आठ साम सहस्र और चौदह साम है। सामगा लोग इसको आरण्यक और सहोम गाया करते है ॥६३॥

द्वादशैव सहस्राणि छन्द आध्वर्यवं स्मृतम् ।
यजुषां ब्राह्मणानाञ्च यथा व्यासो व्यकल्पयत् ॥६४
सग्राम्यारण्यकन्तत्स्यात्समन्त्रकरणं तथा ।
अतः परं कथानान्तु पूर्वा इति विशेषणम् ॥६५
ग्राम्यारण्यं समन्त्रञ्च ऋग्ब्रह्मणयजुः स्मृतम् ।
तथा हारिद्रवीयाणां खिलान्युपखिलानि च ।

तथैव तैत्तिरीयाणां परक्षुद्रा इति स्मृतम् ॥६६
द्वे सहस्रे शतन्यूने वेदे वाजसनेयके ।
ऋग्गणः परि सरयातो ब्राह्मणन्तु चतुर्गुणम् ॥६७
अष्टौ सहस्राणि शतानि चाष्टौ अशीतिरन्यान्यधिकञ्च पाद ।
एतत्प्रमाणं यजुषामृचाञ्च सशुक्रिय साखिलं याज्ञवल्क्यम् ॥६८
तथा चरणविद्यानां प्रमाणं सहिता शृणु ।
षट् साहस्रमृचामुक्तमृचः षड्विंशति पुनः ।
एतावदधिकं तेषां यजुः कामं विवक्षति ॥६९
एकादश सहस्राणि दश चान्या दशोत्तरा ।
ऋचान्दश सहस्राणि अशीतिस्त्रिशतानि च ॥७०
सहस्रमेकं मन्त्राणामृचामुक्तं प्रमाणतः ।
एतावदभृगुविस्तारमन्यच्चार्थविकं बहु ॥७१

बारह सहस्र छन्द आध्वर्यव कहे गये है। यजु का और ब्राह्मणों का अर्थात् ब्राह्मण भागो का जिस तरह व्यास अर्थात् विस्तार कल्पित किया है ॥ ॥६४॥ वह सग्राम्यारण्यक तथा समन्त्रकरण होता है। इसमें आगे कथाओं का तो पूर्वा यह विशेषण होता है ॥६५॥ ग्राम्यारण्य और समन्त्र ऋक-ब्राह्मण और यजु कहा गया है। इसी प्रकार से हारिद्रवीयों के खिलानि एव उपखिलानि तथा तैत्तिरीयों के परक्षुद्रा कहा गया है ॥६६॥ सौ कम दो हजार वाजसनेयक वेद मे ऋक् गण की परिसंख्या की गई है, ब्राह्मण भाग तो चौगुना होता है ॥६७॥ आठ सहस्र आठमो अस्सी अन्यान्य और अधिक पाद होता है। यह प्रमाण यजु का और सशुक्रिया साखिल याज्ञवल्क्य ऋक् का है ॥६८॥ उसी प्रकार से चरण विद्याओं का प्रमाण एव सहिता का श्रवण करो। छै सहस्र छब्बीस ऋचाओं का कहा गया है। इतना अधिक उनका यजु है जो काम को कहता है ॥६९॥ ग्यारह हजार दशोत्तर और अन्य दश हैं। दस सहस्र तीन सौ अस्सी ऋक् हैं ॥७०॥ ऋचाओं, मन्त्रों का एक सहस्र प्रमाण से कहा है। इतना ऋक् का विस्तार है और अन्य बहुत आर्थविक होता है ॥७१॥

ऋचामथर्वणा पच सहस्राणि विनिश्चय. ।
सहस्रमन्यद्विज्ञयमृषिभिर्विशति विना ॥७२
एतदङ्गिरसा प्रोक्तन्तेषामारण्यक पुन ।
इति सख्या प्रसख्याता शाखाभेदास्तथैव च ॥७३
कर्त्तारश्चैव शाखाना भेदे हेतुस्तथैव च ।
सर्वमन्वन्तरेष्वेव शाखाभेदा समा स्मृता ॥७४
प्राजापत्या श्रुतिर्नित्या तद्विकल्पास्त्विमे स्मृता ।
अनित्यभावाद्देवाना मन्त्रोत्पत्ति पुन पुन ॥७५
मन्वन्तराणा क्रियते सुराणा नामनिश्चय ।
द्वापरेषु पुनर्भेदा श्रुताना परिकीर्त्तिता ॥७६
एव वेद तदान्यस्य भगवानृषिसत्तम ।
शिष्येभ्यश्च पुनर्दत्वा तपस्तप्तु गतो वनम् ।
तस्य शिष्यप्रशिष्यैस्तु शाखाभेदास्त्विमे कृता ॥७७
अङ्गानि वेदाश्चत्वारो मीमासा न्यायविस्तर ।
धर्म शास्त्र पुराणच विद्यास्त्वेताश्चतुर्दश ॥७८

अथर्व ऋचाओ का पाँच सहस्र विनिश्चय होता है। बीस के बिना ऋषियो के द्वारा अन्य सहस्र जानना चाहिए ॥७२॥ यह अङ्गिरस ने कहा है, फिर उनका आरण्यक होता है। यह सख्या प्रसख्यात की गई है और इसी प्रकार से शाखाओ के भेद भी बताए गये हैं ॥७३॥ शाखाओ के करने वाले और उनके भेद म उसी प्रकार से हेतु सभी मन्वन्तरो मे इस तरह से शाखाओ के भेद समान कहे गये हैं ॥७४॥ प्राजापत्य श्रुति नित्य हैं, उनके विकल्प ये कहे गये हैं। देवो के अनित्य भाव से मन्त्रो की उत्पत्ति बार-बार होती है ॥ ॥७५॥ मन्वन्तर सुरो के नाम का निश्चय किया जाता है। द्वापरो मे फिर श्रुतो के भेद कहे गये हैं ॥७६॥ इस प्रकार से उस समय मे ऋषि सत्तम भगवान् अन्य को शिष्यो के लिये फिर देकर तपस्या करने को वन मे चले गये थे। उनके शिष्य एव शिष्यो के शिष्य प्रशिष्यो ने ये समस्त शाखाओ के भेद किये

है ॥७७॥ अङ्ग वेद चार है। मीमासा, न्याय विस्तार,
ये चौदह विद्याऐं हैं ॥७८॥

आयुर्वेदो धनुर्वेदो गान्धर्वश्चैव ते त्रयः ।
अर्थशास्त्रं चतुर्थन्तु विद्यास्त्वष्टादशैव तु ॥७९॥
ज्ञेया ब्रह्मर्षय. पूर्वन्तेभ्यो देवर्षय पुनः ।
राजर्षयः पुनस्तेभ्य ऋषिप्रकृतयस्त्रयः ।
तेभ्य ऋषिप्रकृतयो मुनिभि शसितव्रतै ॥८०॥
कश्यपेषु वसिष्ठेषु तथा भृग्वङ्गिरोऽत्रिषु ।
पञ्चस्वेतेषु जायन्ते गोत्रेषु ब्रह्मवादिनः ।
यस्माद्दृषन्ति ब्रह्माणन्तेन ब्रह्मर्षय स्मृताः ॥८१॥
धर्मस्याथ पुलस्त्यस्य क्रतोश्च पुलहस्य च ।
प्रत्यूपस्य प्रभासस्य कश्यपस्य तथा पुन ॥८२॥
देवर्षयः सुतास्तेषा नामतस्तान्निबोधत ।
देवर्षी धर्मपुत्रौ तु नरनारायणावुभौ ॥८३॥
वालखिल्या क्रतो पुत्रा कर्दम पुलहस्य तु ।
कुवेरश्चैव पौलस्त्य. प्रत्यूपस्याचल स्मृत ॥८४॥
पर्वतो नारदश्चैव कश्यपस्यात्मजावुभौ ।
ऋषन्ति देवान् तस्मात्ते तस्माद्देवर्षय· स्मृता ॥८५॥

आयुर्वेद, धनुर्वेद और गान्धर्व ये तीन हैं। अर्थशास्त्र चौथा है, ये अष्टादश विद्याऐं है ॥७९॥ पहिले ब्रह्मर्षियो को जानना चाहिए इसके पश्चात् देवर्षि फिर राजर्षि, ये ऋषियो की तीन प्रकृतियां होती हैं। शसित व्रत मुनियो के द्वारा उनसे ऋषि प्रकृतियां होती हैं ॥८०॥ कश्यप वसिष्ठ-भृगु-अङ्गिरा और अत्रि इन पांचो गोत्रो मे ब्रह्मवादी उत्पन्न होते है। जिस कारण से ये सब ब्रह्मा को ऋषण किया करते हैं इसीलिये ये ब्रह्मर्षि कहे जाते हैं ॥८१॥ धर्म-पुलस्त्य-क्रतु-पुलह-प्रत्यूप-प्रभास और कश्यप के देवर्षि पुत्र हैं, उनके जो नाम हैं वे अब जान लो। नर और नारायण ये दोनो धर्म के पुत्र देवर्षि हैं ॥८२॥८३॥ वालखिल्य क्रतु के पुत्र हैं, कर्दम पुलह का पुत्र है—कुबेर पुलस्त्य का और अचल

प्रत्यूष का पुत्र कहा गया है ॥८४॥ पर्वत और नारद ये दोनों कश्यप के आत्मज हैं। ये देवों को ऋषण करते हैं इसी कारण से वे देवर्षि कहे गये हैं ॥८५॥

मानवे वैश्ये वंशे ऐलवंशे च ये नृपा ।
ऐला ऐक्ष्वाकनाभागा ज्ञेया राजर्षयस्तु ते ॥८६॥
ऋषन्ति रञ्जनाद्यस्मात्प्रजा राजर्षयस्तत ।
ब्रह्मलोकप्रतिष्ठास्तु स्मृता ब्रह्मर्षयो मता ॥८७॥
देवलोकप्रतिष्ठाश्च ज्ञेया देवर्षय शुभा ।
इन्द्रलोकप्रतिष्ठास्तु सर्वे राजर्षयो मताः ॥८८॥
अभिजात्या च तपसा मन्त्रव्याहरणैस्तथा ।
एव ब्रह्मर्षय प्रोक्ता दिव्या राजर्षयस्तु ये ॥८९॥
देवर्षयस्तथान्ये च तेषा वक्ष्यामि लक्षणम् ।
भूतभव्यभवज्ञान सत्याभिव्याहृत तथा ॥९०॥
सम्बुद्धास्तु स्वय ये तु सम्बुद्धा ये च वै स्वयम् ।
तपसेह प्रसिद्धा ये गर्भेयैश्च प्रणोदितम् ॥९१॥
मन्त्रव्याहारिणो ये च ऐश्वर्यात्सर्वगाश्च ये ।
इत्येते ऋषिभिर्युक्ता देवद्विजनृपास्तु ये ॥९२॥
एतान् भावानधीयाना ये चैत ऋषियो मता ।
सप्तैते सप्तभिश्चैव गुणै सप्तर्षय स्मृता ॥९३॥

मानव वैश्य वश मे और ऐल वश मे जो राजा है वे ऐल-ऐक्ष्वाक और नाभाग राजर्षि जानने के योग्य ह त है ॥८६॥ ऋषण करते है और प्रजाओ का रञ्जन करते है इसलिये इन्हे राजर्षि कहा गया है। ब्रह्म लोक प्रतिष्ठा वाले ब्रह्मर्षि माने गये हैं ॥८७॥ देवलोक मे प्रतिष्ठा वाले शुभ देवर्षि कहे गये है। इन्द्र लोक मे प्रतिष्ठा वाले सब राजर्षि माने गय हैं ॥८८॥ अभिजाति से और तप से तथा मन्त्रो के व्याहरणो से इस प्रकार से ब्रह्मर्षि-दिव्य तथा राजर्षि कहे गये हैं ॥८९॥ जो अन्य देवर्षि है उनके लक्षण मैं बतलाऊँगा। भूत-भव्य भव का ज्ञान तथा सत्याभिव्याहृत भी बतलाया जायगा ॥९०॥ जो स्वय ही सम्बुद्ध हुए और जो स्वय सम्बुद्ध है, यहाँ जो तप से प्रसिद्ध हुए और जिन्होंने गर्भ मे

प्रणोदित किया, जो मन्त्रो के व्याहरण करने वाले हैं और जो ऐश्वर्य से सर्वत्र गमन करने वाले हैं, ये देव-द्विज और नृप ऋषियो से युक्त हैं। इन भावों का अध्ययन करते हुए और जो ये ऋषि माने गये हैं वे सत्त गुणों से युक्त सात ही हैं इसीलिए सप्तर्षि कहे गये हैं ॥६१॥६२॥६३॥

दीर्घायुषो मन्त्रकृत ईश्वरा दिव्यचक्षुष ।
वृद्धा प्रत्यक्षधर्माणो गोत्रप्रवर्तकाश्च ये ॥६४॥
षट्कर्माभिरता नित्य शालिनो गृहमेधिन ।
तुल्यैर्व्यवहरन्ति स्म अदृष्टै कर्महेतुभि ॥६५॥
अग्राम्यैर्वर्त्तयन्ति स्म रसैश्चैव स्वयकृतै ।
कुटुम्बिन ऋद्धिमन्तो वाह्यान्तरनिवासिन ॥६६॥
कृतादिषु युगाख्येषु सर्वेष्वेव पुन पुन ।
वर्णाश्रमव्यवस्थान क्रियन्ते प्रथमन्तु वै ॥६७॥
प्राप्ते त्रेतायुगमुखे पुन सप्तर्षयस्त्विह ।
प्रवर्त्तयन्ति ये वर्णा नाश्रमाश्चै ४ सर्वश ।
तेषामेवान्वये वीरा उत्पद्यन्ते पुन पुन ॥६८॥

दीर्घ आयु वाले—मन्त्रो के करने वाले—ईश्वर—दिव्य चक्षु वाले—वृद्ध—प्रत्यक्ष धर्म वाले—और जो गोत्रों के प्रवर्तक हैं—वह कर्मों मे रत रहने वाले नित्यशाली—गृहमेधी—अदृष्ट कर्मों के हेतुओ से तुल्य व्यवहार किया करते हैं। वे जो स्वय कृत अग्राम्य रसो से वर्त्तन किया करते हैं वे—कुटुम्बी-ऋद्धि वाले-वाह्य और अन्तर के निवास करने वाले कृतादिनाम वाले समस्त युगो मे बार-बार पहिले वर्णों और आश्रमो की व्यवस्था जिनके द्वारा की जाती है। त्रेता युग के मुख के प्राप्त होने पर यहाँ पर पुन. ये सप्तर्षि गण सर्वत्र वर्णों और आश्रमों का प्रवर्त्तन करते हैं उन्ही के वंश मे वीर बार-बार उत्पन्न होते है ॥६४॥ ॥६५॥६६॥६७॥६८॥

जायमाने पिता पुत्रे पुत्र पितरि चैव हि ।
एव समेत्याविच्छेदाद्वर्त्तयन्त्यायुगक्षयात् ।
अष्टाशीतिसहस्राणि प्रोक्तानि गृहमेधिनाम् ॥६९॥

अर्यम्णो दक्षिणा ये तु पितृयाण समाश्रिता ।
दाराग्निहोत्रिणस्ते वै ये प्रजाहेतव स्मृता ॥१००॥
गृहमेधिनाञ्च सङ्ख्येया श्मशानान्याश्रयन्ति ते ।
अष्टाशीतिसहस्राणि निहिता उत्तरायणे ॥१०१॥
ये श्रूयन्ते दिव प्राप्ता ऋषयो ह्यूर्द्ध्वरेतस ।
मन्त्रब्राह्मणकर्त्तारो जायन्ते ह युगक्षये ॥१०२॥
एवमावर्त्तमानास्ते द्वापरेषु पुन पुन ।
कल्पाना भाष्यविद्याना नानाशास्त्रकृत क्षये ॥१०३॥
भविष्ये द्वापरे चैव द्रौणिर्द्वैपायन पुन ।
वेदव्यासो ह्यतीतेऽस्मिन् भविता सुमहातपा ॥१०४॥
भविष्यन्ति भविष्येषु शाखाप्रणयनानि तु ।
तस्मै तद्ब्रह्मण ब्रह्म तपसा प्राप्तमव्ययम् ॥१०५॥

पुत्र के उत्पन्न हो जाने, पिता और वित्त के विषय म पुत्र इस प्रकार से अविच्छेद से मिलकर युग के क्षय पर्यन्त वर्णन किया करते हैं। ये ऐसे गृहमेधी अट्ठासी हजार कहे गए है ॥९९॥ अर्यमा के जो दक्षिण होते हैं वे पितृयाण मे समाश्रित होते हैं। वे दाराग्निहोत्री है और जो प्रजा के हेतु रूप कहे गये है ॥१००॥ जो गृहमेधी श्मशानो का आश्रय लेते है उनकी सख्या करने के योग्य है वे भी अट्ठासी हजार उत्तरायण म निहित होते है ॥१०१॥ जो ऊर्द्ध्वरेता ऋषि दिव्य लोक म प्राप्त हो गये है और ऐसे सुने जाते है व मन्त्र और ब्राह्मण के कर्त्ता युग के क्षय हो जाने पर उत्पन्न हुआ करते है ॥१०२॥ इस प्रकार से द्वापरो म पुन पुन आवर्त्तमान होते है और क्षय म कल्पो-भाष्य विद्याओ के नाना प्रकार के शास्त्रो के करने वाले होते हैं ॥१०३॥ भविष्य द्वापर मे फिर द्रौणि द्वैपायन सुमहातपा वेदव्यास इसके अतीत हो जाने पर होगे ॥१०४॥ भविष्यो म शाखा प्रणयन होगे। उसके लिए उस ब्रह्मा के द्वारा तप से अव्यय ब्रह्म प्राप्त किया गया था ॥१०५॥

तपसा कर्म सम्प्राप्त कर्मणा हि ततो यश ।
यशसा प्राप्य सत्य हि सत्येनाप्तो हि चाव्यय ॥१०६॥

अव्ययादमृत शुक्रममृतात् सर्वमेव हि ।
ध्रुवमेकाक्षरमिद स्वात्मन्येव व्यवस्थितम् ।
बृहत्वाद्बृहणाच्चैव तद्ब्रह्म त्यभिधीयते ॥१०७॥
प्रणवाव स्थित भूयो भूर्भुवःस्वरिति स्मृतम् ।
ऋग्यजुः सामाथर्वरूपिणे ब्रह्मणे नमः ॥१०८॥
जगतः प्रलयोत्पत्तौ यत्तत्कारणसज्ञितम् ।
महतः परम गुह्य तस्मै सुब्रह्मणे नमः ॥१०९॥
अगाधापरमक्षय्य जगत्सम्मोहनालयम् ।
सप्रकाशप्रवृत्तिभ्या पुरुषार्थप्रयोजनम् ॥११०॥
साङ्ख्यज्ञानवता निष्ठा गतिः सङ्कदमात्मनः ।
यत्तदव्यक्तममृत प्रकृतिब्रह्म शाश्वतम् ॥१११॥
प्रधानमात्मयोनिश्च गुह्य सत्त्वञ्च शब्द्यते ।
अविभागस्तथा शुक्रमक्षर वहु वाचकम् ।
परमब्रह्मणे तस्मै नित्यमेव नमो नमः ॥११२॥

तपमे धर्म सम्प्राप्त किया और धर्म के द्वारा फिर यश का लाभ हुआ। यश से सत्य को पाकर फिर उस सत्य से अव्यय को प्राप्त किया ॥१०६॥ अव्यय से अमृत और अमृत से सभी शुक्र को प्राप्त किया। यह ध्रुव एकाक्षर अपनी आत्मा मे ही व्यवस्थित है। वृहत्त्व होने से और वृहण होने के कारण से ही वह ब्रह्म ऐसे नाम से कहा जाया करता है ॥१०७॥ प्रणव के रूप मे अवस्थित फिर 'भूर्भुव स्व' ऐसा कहा गया है। उस ऋक् यजु-साम और अथर्व के रूप वाले ब्रह्म के लिए नमस्कार है ॥१०८॥ इस जगह की प्रलय और उत्पत्ति मे जो वह कारण की सज्ञा वाला कहा गया है वह महत् का परम गुह्य है उस सुब्रह्म के लिए नमस्कार है ॥१०९॥ यह जगत् अगाध अपार अक्षय्य और सम्मोहन का घर है। सप्रकाश प्रवृत्तियो से पुरुषार्थ के प्रयोजन वाला होता है ॥११०॥ साङ्ख्य के ज्ञान वालो की निष्ठा-गति-आत्मा का सङ्कट जो वह अव्यक्त-अमृत-प्रकृति ब्रह्म-शाश्वत है वह प्रधान-आत्मयोनि गुह्य और सत्त्व इन शब्दो से कहा जाता है। अविभाग शुक्र है और अक्षर बहुत का वाचक होता है। उस परम ब्रह्म के लिये नित्य ही नमस्कार है ॥१११॥११२॥

कृते पुन. क्रिया नास्ति कुत एवाकृतक्रिया ।
सकृदेव कृतं सर्वं यद्वै लोके कृताकृतम् ॥११३॥
श्रोतव्यं वै श्रुतं वापि तथैवासाधुसाधुना ।
ज्ञातव्यञ्चाथ मन्तव्यं स्प्रष्टव्यं भोज्यमेव च ।
द्रष्टव्यञ्चाथ श्रोतव्यं ज्ञातव्यं वाथ किञ्चन ॥११४॥
दर्शितं यदनेनैव ज्ञानं तद्वै सुरर्षिणाम् ।
यद्वै दर्शितवानेष कस्तदन्वेष्टुमर्हति ।
सर्वाणि सर्वान्सर्वांश्च भगवानेव सोऽब्रवीत् ॥११५॥
यदा मत्क्रियते येन तदा तत्सोऽभिमन्यते ।
येनेदं क्रियते पूर्वं तदन्येन विभावितम् ॥११६॥
यदा तु क्रियते किञ्चित्केनचिद्वाङ्मयं क्वचित् ।
तेनैव तत्कृतं पूर्वं कर्त्तृणा प्रतिभाति वै ॥११७॥
विरक्तञ्चातिरिक्तञ्च ज्ञानाज्ञाने प्रियाप्रिये ।
धर्माधर्मौ सुखं दु.खं मृत्युश्चामृतमेव च ।
ऊर्द्ध्वं तिर्यगधोभागस्तस्यैवादृष्टकारणम् ॥११८॥
स्वायम्भुवोऽथ ज्येष्ठस्य ब्रह्मणः परमेष्ठिन ।
प्रत्येकविधम्भवति त्रेतास्विह पुन पुन. ॥११९॥

कृत मे क्रिया नही है फिर अकृत की क्रिया कैसे हुई ? एक बार ही जो सब किया गया है वह लोक म कृताकृत है ॥११३॥ श्रुत को सुनना चाहिए उसी प्रकार से असाधु साधुता है । जानना चाहिए—मानना चाहिए—स्पर्श के योग्य होना चाहिए—भोग करना चाहिए—देखना चाहिए—सुनना चाहिए—कुछ जानना चाहिए ॥११४॥ जो इसी के द्वारा देखा गया वह सुरर्षियो का ज्ञान है । जिसने यह देखा है वह कौन है यही ढूँढने के योग्य होता है । सबको-सबको भगवान ही हैं ऐसा वह बोले ॥११५॥ जिस समय म जो जिसके द्वारा किया जाता है उस समय उसके द्वारा वह माना जाता है । जिसके द्वारा यह पहिले किया जाता है वह अन्य के द्वारा विभावित होता है ॥११६॥ जिस समय किसी के द्वारा कुछ वाङ्मय कही पार किया जाता है वह उसी के द्वारा पहिले

किया हुआ करने वालों को प्रतिभान होता है ॥११७॥ ज्ञान और अज्ञान में–प्रिय और अप्रिय में विरक्त और अतिरिक्त–धर्म एवं अधर्म–सुख–दुःख–मृत्यु–अमृत–ऊर्द्ध–तिर्यक् और अधोभाग ये सब उसी अदृष्ट का कारण होता है ॥११८॥ ज्येष्ठ परमेष्ठी ब्रह्मा का स्वायम्भुव यहाँ त्रेताओं में पुनः-पुनः प्रत्येक विद्य वाला होता है ॥११९॥

व्यस्यते ह्येकविद्यन्तद्द्वापरेषु पुनः पुनः ।
ब्रह्मा चैतदुवाचादौ तस्मिन् वैवस्वतेऽन्तरे ॥१२०॥
आवर्त्तमाना ऋषयो युगाख्यासु पुनः पुनः ।
कुर्वन्ति संहिता ह्येते जायमानाः परस्परम् ॥१२१॥
अष्टाशीतिसहस्राणि श्रुतर्षीणां स्मृतानि वै ।
ता एव संहिता ह्येते आवर्त्तन्ते पुनः पुनः ॥१२२॥
श्रिता दक्षिणपन्थानं ये श्मशानानि भेजिरे ।
युगे युगे तु ताः शाखा व्यस्यन्ते तैः पुनः पुनः ॥१२३॥
द्वापरेष्विव सर्वेषु संहिताश्च श्रुतर्षिभिः ।
तेषां गोत्रेष्विमाः शाखा भवन्तीह पुनः पुनः ।
ताः शाखास्तत्र कर्त्तारो भवन्तीह युगक्षयात् ॥१२४॥
एवमेव तु विज्ञेयं व्यतीतानागतेष्विह ।
मन्वन्तरेषु सर्वेषु शाखाप्रणयनानि वै ॥१२५॥
अतीतेषु अतीतानि वर्त्तन्ते साम्प्रतेषु च ।
भविष्याणि च यानि स्युर्वर्त्स्यन्तेऽनागतेष्वपि ॥१२६॥

द्वापरों में बार-बार एक विद्य वाला व्यवस्यमान होता है। आदि में वैवस्वत मन्वन्तर में ब्रह्माजी ने यह बोला था ॥१२०॥ ऋषिगण बार-बार युगाख्याओं में आवर्त्तमान होते हैं और परस्पर में जायमान होते हुए इन संहिताओं को किया करते हैं ॥१२१॥ अट्ठासी हजार श्रुतर्षि कहे गए हैं और वे ही संहिताएँ बार-बार आवर्त्तमान हुआ करती हैं ॥१२२॥

दक्षिण मार्गों का आश्रय होने वाले जिन्होंने श्मशानों का सेवन किया था युग-युग में पुनः पुनः वे ही शाखाओं को किया करते हैं ॥१२३॥ यहाँ सब

द्वापरो में श्रुतर्षियों के द्वारा संहिताएं और उनके गोत्रों में ये शाखाएँ बार-बार होती हैं। यहाँ पर शाखाएँ वहाँ पर उनके करने वाले युग के क्षय से होते हैं ॥१२४॥ इसी प्रकार से जो व्यतीत हो गये हैं उनमें और जो आगे होने वाले मन्वन्तर हैं उनमें सब जान लेना चाहिए। सब मन्वन्तरों में शाखाओं के प्रणयन भी जान लेने चाहिए ॥१२५॥ अतीतों में अतीत होते हैं और साम्प्रतों में अर्थात् वर्तमानों में और जो भविष्य हैं वे अनागतों में वर्णित किये जाते हैं ॥१२६॥

पूर्वेण पश्चिमं ज्ञेयं वर्त्तमानेन चोभयम् ।
एतेन क्रमयोगेन मन्वन्तरविनिश्चयः ॥१२७॥
एवं देवाश्च पितर ऋषयो मनवश्च ये ।
मन्त्रैः सहोर्द्ध्वं गच्छन्ति ह्यावर्त्तन्ते च तैः सह ॥१२८॥
जनलोकात्सुराः सर्वे पशुकल्पात्पुनः पुनः ।
पर्याप्तिकाले सम्प्राप्ते सम्भूता नैव नश्य (?) तु ॥१२९॥
अवश्यम्भाविनार्थेन सम्बध्यन्ते तदा तु ते ।
ततस्ते दोषवज्जन्म पश्यन्ते रागपूर्वकम् ॥१३०॥
निवर्त्तते तदा वृत्तिस्तेषामादोषदर्शनात् ।
एवं देव युगानीह दशकृत्वा निवर्त्तते ॥१३१॥
जनलोकात्तपोलोकं गच्छन्तीहानिवर्त्तनम् ।
एवं देवयुगानीह व्यतीतानि सहस्रशः ।
निधनं ब्रह्मलोके वै गतानि मुनिभिस्सह ॥१३२॥
न शक्यमानुपूर्व्येण तेषां वक्तुं सविस्तरान् ।
अनादित्वाच्च कालस्य असङ्ख्यानाच्च सर्वशः ।
मन्वन्तराण्यतीतानि यानि कल्पैः पुरा सह ॥१३३॥

पूर्व से पश्चिम जानना चाहिए और वर्त्तमान से पूर्व और पश्चिम दोनों को ही जान लेना चाहिए। इस क्रम के योग से मन्वन्तरों का विनिश्चय हुआ करता है ॥१२७॥ इसी प्रकार से देव पितर-ऋषि और मनुगण ये सब मन्त्रों के सहित ऊर्द्ध्व भाग को चले जाया करते हैं और उनके साथ ही फिर आवर्त्त-

मान होते रहते हैं ॥१२८॥ जनलोक से समस्त देवगण पशुकल्प मे बारबार-पर्याप्त काल के सम्प्राप्त होने पर सम्भूत हुआ करते हैं और कभी नष्ट नही होते हैं ॥१२९॥ उस समय मे वे अवश्यम्भावी अर्थ से सम्बद्ध रहा करते हैं। इसमे वे राग पूर्वक दोष वाले जन्म को देखा करते हैं ॥१३०॥ उस समय मे उनकी वृत्ति दोष दर्शन से निवृत्त हो जाती है। इस प्रकार मे यहाँ पर देव-युग दश बार निर्वर्तित हुआ करते हैं ॥१३१॥ यहाँ पर अनिवर्त्तन जनलोक से तपो लोक को जाता है। इस प्रकार से यहाँ देवयुग सहस्रो व्यतीत होते हैं। मुनियो के साथ ब्रह्म लोक मे निधन को गत होते हैं ॥१३१॥ आनुपूर्वी से उनके पूर्ण विस्तार का वर्णन नही किया जा सकता है क्योंकि इनका कारण उनका अनादि होना और कालका सब ओर से असख्यान होता है। पहिले जो मन्वन्तर व्यतीत हो गये हैं और कल्प हो चुके हैं वह सब वर्णित नही किये जा सकते हैं ॥१३३॥

पितृभिर्मुनिभिर्देवैः साद्धं सप्तर्षिभिश्च वै ।
कालेन प्रतिसृष्टाना युगानाञ्च निवर्तनम् ॥१३४॥
एतेन कर्मयोगेन कल्पमन्वन्तराणि तु ।
सप्रजानि व्यतीतानि शतशोऽथ सहस्रशः ॥१३५॥
मन्वन्तरान्ते सहारः सहारान्ते च सम्भव ।
देवतानामृषीणाञ्च मनो पितृगणस्य च ॥१३६॥
न शक्यमानुपूर्व्येण वक्तु वर्षशतैरपि ।
विस्तरस्तु निसर्गस्य सहारस्य च सर्वश ।
मन्वन्तरस्य सख्या तु मानुषेण निबोधत ॥१३७॥
देवतानामृषीणाञ्च सङ्ख्यानार्थविशारदैः ।
त्रिंशत्कोटयस्तु संपूर्णाः सङ्ख्याता सङ्ख्यया द्विजैः ॥१३८॥
सप्तषष्टिस्तथान्यानि नियुतानि च सङ्ख्यया ।
विंशतिश्च सहस्राणि कालोऽयं सोधिकान् विना ॥१३९॥
मन्वन्तरस्य सङ्ख्यैषा मानुषेण प्रकीर्तिता ।
वत्स रेणैव दिव्येन प्रवक्ष्याम्यन्तरम्मनो ॥१४०॥

पितर-मुनिगण-देव जो कि महर्षियो के साथ ही हैं—काल मे प्रतिसृष्ट

और युगों का निवर्त्तन इस क्रम के योग से कल्प तथा मन्वन्तर प्रजाओं के साथ सैंकड़ों ही तथा हजारों ही व्यतीत हो चुके हैं ॥१३३॥ मन्वन्तर के अन्त में संहार और संहार के अन्त में जन्म देवों का–ऋषियों का–मनुओं और पितृगण का होना रहता है ॥१३६॥ आनुपूर्वी से सौ वर्षों में भी इन निसर्ग का विस्तार और सब संहार बताया नहीं जा सकता है। मन्वन्तर की संख्या तो मानुष से जान लो ॥१३७॥ अर्थ-विशारदों ने देवों तथा ऋषियों की संख्या तीस करोड़ सम्पूर्ण द्विजों के द्वारा संख्या से सम्पात की गई है ॥१३८॥ अधिकों को छोड़ कर वह काल संख्या से सड़सठ निमुत तीन सहस्र होता है ॥१३९॥ मन्वन्तर की यह संख्या मानुष के द्वारा कही गई है। अब दिव्य वत्सर से मनुओं जो अन्तर होता है उसे कहूँगा ॥१४०॥

अष्टौ शतसहस्राणि दिव्यया सङ्ख्यया स्मृतम् ।
द्विपञ्चाशत्तथान्यानि सहस्राण्य धिकानि तु ॥१४१
चतुर्दशगुणो ह्येष कालः आहूतसम्प्लवः ।
पूर्णं युगसहस्रं स्यात्तदहर्ब्रह्मणः स्मृतम् ॥१४२
तत्र सर्वाणि भूतानि दग्धान्यादित्यरश्मिभिः ।
ब्रह्माणमग्रतः कृत्वा सह देवर्षिदानवैः ।
प्रविशन्ति सुरश्रेष्ठं देवदेवं महेश्वरम् ॥१४३
स स्रष्टा सर्वभूतानि कल्पादिषु पुनः पुनः ।
इत्येष स्थितिकालो वै मनोर्देवर्षिभिः सह ॥१४४
सर्वमन्वन्तराणां वै प्रतिसन्धिं निबोधत ।
युगाख्या या समुद्दिष्टा प्रागेवास्मिन् मया तव ॥१४५
कृतत्रेतादि संयुक्तं चतुर्युगमिति स्मृतम् ।
तदेकसप्ततिगुणं परिवृत्तं तु साधिकम् ।
मनोरेकमथोकारं प्रोवाच भगवान् प्रभुः ॥१४६

दिव्य संख्या से आठ लाख सहस्र बताया गया है। तथा इससे दो पंचाशत् सहस्र अधिक होता है ॥१४१॥ आहूत सम्प्लव यह समय चौदह गुणा होता है। पूरा एक सहस्र युग ब्रह्मा का पूरा दिन हुआ करता है, ऐसा बताया गया

है ॥१४२॥ वहाँ पर समस्त प्राणी सूर्य की किरणों से दग्ध हो जाते हैं। ब्रह्मा को आगे करके देव-ऋषि और दानवों के साथ देवों के देव और सुरों के ईश्वर महेश्वर में प्रवेश किया करते हैं ॥१४३॥ वह ही कल्पादि में वार-बार समस्त प्राणियों का सब होता है। यह ही देवर्षियों के साथ मनु की स्थिति का काल होता है ॥१४४॥ समस्त मन्वन्तरों की प्रति सन्धि को समझो। मैंने उसमें पहिले ही युगाख्या जो तुम्हारे सामने समुद्दिष्ट की थी ॥१४५॥ कृतत्रेतादि सयुक्त चतुर्युग कहा गया है। वह इकत्तर गुणा परिवृत्त साधिक मनु का एकाधिकार भगवान् प्रभु ने बतलाया था ॥१४६॥

एव मन्वन्तराणा तु सर्वेषामेव लक्षणम् ।
अतीतानागताना वै वर्त्तमानेन कीर्त्तितम् ॥१४७
इत्येज कीर्त्तितः सर्गो मनो स्वायम्भुवस्य ह ।
प्रति सन्धिन्तु वक्ष्यामि तस्य वै चापरस्य तु ॥१४८
मन्वन्तर यथा पूर्वमृषिभिर्दैवतैः सह ।
अवश्यम्भाविनार्थेन यथा तद्वै निवर्त्तते ॥१४९
अस्मिन् मन्वन्तरे पूर्व त्रैलोक्यस्येश्वरास्तु ये ।
सप्तर्षयश्च देवास्ते पितरो मनवस्तथा ।
मन्वन्तरस्य काले तु सम्पूर्णे साधकास्तथा ॥१५०
क्षीणाधिकाराः सवृत्ता बुद्धा पर्यायमात्मन ।
महर्लोकाय ते सर्वे उन्मुखा दधिरे गतिम् ॥१५१
ततो मन्वन्तरे तस्मिन् प्रक्षीणा देवतास्तु ताः ।
सम्पूर्णे स्थितिकाले तु तिष्ठन्त्येकं कृत युगम् ॥१५२
उत्पद्यन्ते भविष्याश्च यावन्मन्वन्तरेश्वराः ।
देवता· पितरश्चैव ऋषयो मनुरेव च ॥१५३

इसी प्रकार से सभी मन्वन्तरों का लक्षण होता है। अतीत और अनागतों का वर्तमान के द्वारा किया गया है।१४७। यह स्वायम्भुव मनु का सर्ग बतलाया गया है। अब उसकी तथा दूसरे की प्रति सन्धि-बतलाऊँगा ॥१४८॥ जिस प्रकार से पहिले ऋषि और देवों के साथ मन्वन्तर अवश्यम्भावी अर्थ से

जैसे वह निवृत्त होता है ॥१४६॥ इस मन्वन्तर में पहिले जो त्रैलोक्य के ईश्वर हैं—सप्तर्षि-देव-पितर तथा मनुगण ये सभी सम्पूर्ण मन्वन्तर के समय में साधक होते हैं ॥१५०॥ क्षीण अधिकार वाले हुए अपने पर्याय (पारी) को जानकर वे सब महर्लोक के लिए उन्मुख होते हुए गति को धारण किया करते थे ॥१५१॥ इसके पश्चात् उस मन्वन्तर प्रक्षीण हुए वे सब देवता एक कृत युग में पूरे स्थिति के समय में ठहरा करते हैं ॥१५२॥ जितने मन्वन्तर के ईश्वर हैं जैसे—देवता—पितर—ऋषि लोग और मनु उत्पन्न होते हैं और आगे होने वाले होते हैं ॥१५३॥

मन्वन्तरे तु सम्पूर्णे यद्यन्यद्वै कला युगे ।
सम्पद्यते कृतं तेषु कलिशिष्टेषु वै तदा ॥१५४
यथा कृतस्य सन्तानः कलिपूर्वः स्मृतो बुधैः ।
तथा मन्वन्तरान्तेषु आदिमन्वन्तरस्य च ॥१५५
क्षीणे मन्वन्तरे पूर्वे प्रवृत्ते चापरे पुनः ।
मुखे कृतयुगस्याथ तेषां शिष्टास्तु ये तदा ॥१५६
सप्तर्षयो मनुश्चैव कालावेक्षास्तु ये स्थिताः ।
मन्वन्तरं प्रतीक्षन्ते क्षीयन्ते तपसि स्थिताः ॥१५७
मन्वन्तरव्यवस्थार्थं सन्तत्यर्थञ्च सर्वशः ।
पूर्ववत् सम्प्रवर्त्तन्ते प्रवृत्ते वृष्टिसर्जने ॥१५८
द्वन्द्वेषु सम्प्रवृत्तेषु उत्पन्नास्वोषधीषु च ।
प्रजासु च निकेतासु संस्थितासु क्वचित् क्वचित् ॥१५९
वार्तायान्तु प्रवृत्तायां सद्धर्मे ऋषिभाविते ।
निरानन्दे गते लोके नष्टे स्थावरजङ्गमे ॥१६०
अग्रामनगरे चैव वर्णाश्रमविवर्जिते ।
पूर्वमन्वन्तरे शिष्टे ये भवन्तीह धार्मिकाः ।
सप्तर्षयो मनुश्चैव सन्तानार्थं व्यवस्थिताः ॥१६१

सम्पूर्ण मन्वन्तर में यदि अन्य कलियुग में सम्पन्न होता है । कलियुग में शिष्ट उनके होने पर उस समय कृत होता है ॥१५४॥ जिस प्रकार से बुधों

ने कृत की सन्तान बलिपूर्व बताई है उसी प्रकार से मन्वन्तरान्तों में मन्वन्तर का आदि हुआ करता है ॥१५५॥ पूर्व मन्वन्तर के क्षीण हो जाने पर और फिर दूसरे के प्रवृत्त होने पर कृतयुग के मुख में और इसके अनन्तर जो उनके शिष्ट होते हैं वे उस समय में होते हैं ॥१५६॥ सप्तर्षियों का समुदाय और मनु जो कालापेक्ष स्थित होते हैं वे सब मन्वन्तर की प्रतीक्षा किया करते हैं और तप में स्थित क्षीण होते हैं ॥१५७॥ मन्वन्तर की व्यवस्था करने के लिए और सन्तति प्राप्त करने के वास्ते सब ओर से पूर्व की ही भाँति वृष्टि के सर्जन के प्रवृत्त हो जाने पर ये सम्प्रवृत्त हुआ करते हैं ॥१५८॥ द्वन्द्वों के सम्प्रवृत्त होने पर और औषधियों के समुत्पन्न हो जाने पर और कहीं-कहीं पर प्रजाओं से निवेशों में संस्थित होने पर ॥१५९॥ वार्त्ता के प्रवृत्त हो जाने पर तथा सद्धर्म के ऋषियों के द्वारा भावित होने पर—समस्त इस लोक के आनन्द रहित हो जाने पर एवं स्थावर (जड-अचेतन) और जङ्गम (चेतन) के नष्ट हो जाने पर ॥१६०॥ ग्रामों और नगरों से रहित लोक के हो जाने पर तथा चारों वर्ण और आश्रमों से एकदम शून्य हो जाने पर पहिले मन्वन्तर के शिष्ट रहने पर यहाँ पर जो भी धर्म के मानने वाले व्यक्ति होते हैं वे सप्तर्षियों के समूह और मनु सन्तान की वृद्धि करने के लिए व्यवस्थित हुए थे ॥१६१॥

प्रजार्थं तपता तेषां तपः परमदुश्चरम् ।
उत्पद्यन्तीह सर्वेषां निधनेष्विह सर्वशः ॥१६२
देवासुराः पितृगणा मुनयो मनवस्तथा ।
सर्पा भूताः पिशाचाश्च गन्धर्वा यक्षराक्षसाः ॥१६३
ततस्तेषां तु ये शिष्टा शिष्टाचारान् प्रचक्षते ।
सप्तर्षयो मनुश्चैव आदौ मन्वन्तरस्य ह ।
प्रारम्भन्ते च कर्माणि मनुष्या दैवतैः सह ॥१६४
मन्वन्तरादौ प्रागेव त्रेतायुगमुखे ततः ।
पूर्वं देवास्ततस्ते वै स्थिते धर्मे तु सर्वशः ॥१६५
ऋषीणां ब्रह्मचर्येण गत्वाऽऽनृण्यन्तु वै ततः ।
पितॄणां प्रजया चैव देवानामिज्यया तथा ॥१६६

शत वर्षसहस्राणि धर्मे वर्णात्मके स्थिता. ।
त्रयी वार्त्ता दण्डनीतिं धर्मान् वर्णाश्रमास्तथा ।
स्थापयित्वाश्रमाश्चैव स्वर्गाय दधिरे मती ॥१६७
पूर्व देवेषु तेष्वेव स्वर्गाय प्रमुखेषु च ।
पूर्व देवास्ततस्ते वै स्थिता धर्मेण कृत्स्नश ॥१६८

प्रजा की प्राप्ति करने के लिए तपश्चर्या करने वाले उनकी तपस्या अत्यन्त ही दुष्कर थी। यहाँ पर सब लोगो का निधन (मृत्यु) हो जाने पर सभी ओर उत्पन्न हुआ करते है ॥१६२॥ देव तथा असुर–पितृगण–मुनि वृन्द तथा मनुगण–सर्प–भूत–पिशाच–गन्धर्व–यक्ष और राक्षस इसके पश्चात् उनमे जो शिष्ट थे वे शिष्टाचारो को किया करते है। मन्वन्तर आदि मे महर्षियो का समुदाय और मनु तथा देवो के साथ ही मनुष्य कर्मों का प्रारम्भ किया करते है ॥१६३-१६४॥ मन्वन्तर के आदि मे पहिले ही त्रेतायुग के मुख मे पहिले देव होते है इसके पश्चात् सभी ओर मे धर्म स्थित हो जाने पर ऋषियो के ब्रह्मचर्य का पूर्ण पालन करने से आनृण्य अर्थात् ऋण का चुकाया जाने को प्राप्त हुए फिर इसके अनन्तर सन्तान की समुत्पत्ति करके उसके द्वारा पितृगण की अनृणता (ऋण का अभाव) प्राप्त की फिर इसके अनन्तर इज्या का यजन करने से देवो की अनृणता प्राप्त की थी ऋषि–ऋण पितृ–ऋण और देव–ऋण ये तीन ऋणो का भार सभी के ऊपर रहता है जोकि ब्रह्मचर्य-सन्तति और यज्ञ से क्रम से चुकाया जाया करता है ॥१६४-१६५-१६६॥ सो सहस्र वर्ष तक वर्णात्मक धर्म मे स्थित होते हुए उन्होंने त्रयी–वार्ता—दण्ड नीति वर्णो तथा आश्रमो के धर्मो को स्थापित करके और ब्रह्मचर्य–गार्हस्थ्य–वानप्रस्थ और सन्यास इन चारो आश्रमो की स्थापना करके फिर स्वर्ग के गमन करने की बुद्धि धारण की अर्थात् स्वर्ग मे चले गये थे ॥१६७॥ पहिले देवो के और फिर उनके स्वर्ग के लिए प्रमुख हो जाने पर पहिले देव और इसके पश्चात् वे सब पूर्णतया धर्म के साथ स्थित हुए थे ॥१६८॥

मन्वन्तरे परावृत्ते स्थानान्युत्सृज्य सर्वश ।
मन्वै सहोर्ध्वं गच्छन्ति महर्लोकमनामयम् ॥१६९

विनिवृत्तविकारास्ते मानसी सिद्धिमास्थिता ।
अवेक्षमाणा वशिनस्तिष्ठन्त्याभूतसम्प्लवम् ॥१७०
ततस्तेषु व्यतीतेषु सर्वेष्वेतेषु सर्वदा ।
शून्येषु देवस्थानेषु त्रैलोक्ये तेषु सर्वश ।
उपस्थिता इहैवान्ये देवा ये स्वर्गवासिन ॥१७१
ततस्ते तपसा युक्ता स्थानान्यापूरयन्ति वै ।
सत्येन ब्रह्मचर्येण श्रुतेन च समन्विता ॥१७२
सप्तर्षीणां मनोश्चैव देवाना पितृभि सह ।
निधनानीह पूर्वेषामादिना च भविष्यता ॥१७३
तेषामत्यन्तविच्छेद इह मन्वन्तरक्षयात् ।
एवं पूर्वानुपूर्व्येण स्थितिरेषानवस्थिता ।
मन्वन्तरेषु सर्वेषु या वदाभूतसम्प्लवम् ॥१७४
एवं मन्वन्तराणान्तु प्रतिसन्धानलक्षणम् ।
अतीतानागतानान्तु प्रोक्त स्वायम्भुवेन तु ॥१७५

मन्वन्तर के परावृत्त होने पर सब ओर से स्थानो का त्याग करके मन्त्रो के साथ आमय रहित ऊर्ध्व महर्लोक को चले जाया करते हैं ॥१६९॥ समस्त प्रकार के विकारों के विशेष रूप से निवृत्त हो जाने वाले ये मानसी सिद्धि मे आस्थित होते हुए अवेक्षमाण और अपने आपको वश मे रखने वाले भूत सम्प्लव पर्यन्त ठहरा करते हैं ॥१७०॥ इसके अनन्तर उन सबके व्यतीत हो जाने पर और सर्वदा इन सब शून्य देवो के स्थानो मे त्रैलोक्य मे सभी ओर से उनमें स्वर्ग में निवास करने वाले जो अन्य देव हैं वे सब यहाँ पर ही उपस्थित होते हैं ॥१७१॥ इसके पश्चात् वे सत्य व्रत के द्वारा–ब्रह्मचर्य के पूर्ण प्रतिपालन के द्वारा और श्रुत के द्वारा पूर्णतया सर्व समन्वित और तप से युक्त वे उन स्थानो को आपूरित किया करते हैं ॥१७२॥ सप्तर्षियो का–मनु का और पितृगण के साथ देवो की यहाँ पर मृत्यु पूर्व मे होने वालो की आदि मे और भविष्यत् मे होती है ॥१७३॥ उनका अत्यन्त विच्छेद यहाँ पर मन्वन्तर के क्षय से होता है। इस प्रकार से पूर्व की आनुपूर्वी से यह अनवस्थित स्थिति

के प्राप्त होने पर यहाँ पर हुआ करते हैं ॥१७८॥ मन्वन्तरो के परिवर्त्तन इसके पश्चात् अपरान्त मे सत्यलोक को त्याग दिया करते हैं। इसके अनन्तर अभियोग से विषय प्रमाण नारायण देव मे ही प्रवेश किया करते हैं।१७६। मन्वन्तरो के चिरकाल से प्रवृत्त होने वाले परिवर्त्तनो मे विधि के स्वभाव से यह जीवो का लोक क्षय और उदय से परिवन्दमान होता हुआ क्षणमात्र को रस में स्थित हुआ करता है ॥१८०॥ इस प्रकार से ऋषियो के द्वारा स्तुति किये गये धर्मात्मा-दिव्य दृष्टि वाले मनुओ के वायुदेव के द्वारा कहे हुए इन उत्तरो को प्राप्त करके व्यास और समास अर्थात् विस्तार और सक्षेप के योगो के द्वारा दिव्य ओज वाले के द्वारा देखने के योग्य हैं ॥१८१॥ वे समस्त परिवर्त्तन, जोकि मन्वन्तरो के हुआ करते हैं, राजर्षि और सुरर्षियो से युक्त हैं। और वे ब्रह्मर्षि-देव और उरगो वाले हैं। सुरो के ईश-सप्तर्षि-पितृगण-प्रजा के ईशो से भी युक्त भली-भाँति हुआ करते हैं ॥१८२॥ उद्धार वश-अभिजन और द्युति से युक्त-प्रकृष्ट मेधा से चारो ओर मे समेधित होने वाले-कीर्त्ति-द्युति और प्रसिद्धि से अन्वित ईश्वरो का परम पुण्यप्रद पवित्र विख्यापन होना है ॥१८३॥

स्वर्गीयमेतत् परम पवित्र पुत्रीयमेतच्च पर रहस्यम्।
जप्य महत्पर्वसु चैन दन्य दु स्वप्नशान्ति परमायुषेयम् ॥१८४
प्रजेशदेवर्षिमनुप्रधानां पुण्यप्रसूति प्रथितामजस्य।
ममापि विख्यापनसयमाय सिद्धि जुषध्व सुमहेशतत्त्वम् ॥१८५
इत्येतदन्तर प्रोक्त मनो स्वायम्भुवस्य तु।
विस्तरेणानुपूर्व्या च भूय किं वर्णयाम्यहम् ॥१८६

यह उन ईश्वरो का विख्यापन स्वर्गीय अर्थात् स्वर्ग के समान सुखप्रद-परम पवित्र और पुत्रीय अर्थात् पुत्रोत्पत्ति प्रदान करने वाला एव अत्यन्त रहस्य अर्थात् गोपनीय है। यह महान् पर्वों के अवसरो पर जप करने के योग्य और सबसे श्रेष्ठ है। यह बुरे स्वप्नों की कान्ति करने वाला तथा परमायु प्रद होता है ॥१८४॥ जिसमे प्रजा के स्वामी—देवर्षि और मनु प्रधान होते हैं ऐसी अजमा की परम पुण्य प्रसूति को जोकि बहुत ही प्रसिद्ध है, विख्यापन के सयम के लिए मेरी भी सिद्धि को और सुमहेश तत्त्व को सेवन करो ॥१८५॥ इस

प्रकार से यह स्वायम्भुव मनु का अन्तर विस्तारपूर्वक तथा आनुपूर्वी से कह दिया है अब आगे फिर मैं क्या वर्णन करूँ ॥१८६॥

## ॥ प्रकरण ४४ पृथ्वी-दोहन ॥

क्रम मन्वन्तराणान्तु ज्ञातुमिच्छामि तत्त्वत ।
देवताना च सर्वेषा ये च यस्यान्तरे मनो ॥१
मन्वन्तराणा यानि स्युरतीतानागतानि ह ।
समासाद्विस्तराच्चैव ब्रुवतो वै निबोधत ॥२
स्वायम्भुवो मनु पूर्व मनु स्वारोचिषस्तथा ।
औत्तमस्तामसश्चैव तथा रैवतचाक्षुषौ ।
षडेते मनवोऽतीता वक्ष्याम्यष्टावनागतान् ॥३
सावर्णा पञ्च रौच्यश्च भौत्यो वैवस्वतस्तथा ।
वक्ष्यान्येतान् पुरस्तात्तु मनोर्वैवस्वतस्य ह ॥४
मनव पञ्च येऽतीता मानवास्तान् निबोधत ।
मन्वन्तर मया प्रोक्त ह्यन्त स्वायम्भुवस्य ह ॥५
अत ऊर्द्ध्वं प्रवक्ष्यामि मनो स्वारोचिषस्य ह ।
प्रजासर्गं समासेन द्वितीयस्य महात्मन ॥६
आसन् वै तुषिता देवा मनुस्वारोचिषेऽन्तरे ।
पारावताश्च विहासो द्वावेव तु गणौ स्मृतौ ॥७

श्री शांशपायन ने कहा—मैं मन्वन्तरों के क्रम को तत्व पूर्वक जानने की इच्छा करता हूँ और जिस मनु के अन्तर में जो सब देवत हुए हैं उनके क्रम को भी जानने की इच्छा रखता हूँ। ॥१॥ श्री सूतजी ने कहा—अतीत और अनागत मन्वन्तरों के जो भी देवत होते हैं उनको संक्षेप से और विस्तार से बताने वाले मुझसे सब कुछ समझ लो ॥२॥ अब तक छः मनु व्यतीत हुए हैं उनके क्रम से नाम ये हैं—सबसे पहला मनु स्वायम्भुव हुआ था उसके पश्चात्

स्वारोचिष मनु हुए फिर औत्तम तामस–रैवत और अन्त मे चाक्षुप मनु हुए हैं। ये इतने छै मनु तो अब तक व्यतीत हो चुके हैं। अब जो अनागत अर्थात् भविष्य मे होने वाले आठ मनु हैं उनको बताऊँगा ॥३॥ पांच सावर्ण–रौच्य-भौत्य तथा वैवस्वत ये आठ हैं। वैवस्वत मनु के पहिले इनको बताऊँगा ॥४॥ जो पाँच मनु अतीत हो चुके है उन मानवो को आप लोग जान लो। स्वायम्भुव का क्रान्त मन्वन्तर मैंने कह दिया है ॥५॥ इसके आगे जो स्वारोचिष मनु हैं उन द्वितीय महान् आत्मा वाले की प्रजा का सर्ग संक्षेप से बतलाऊँगा ॥६॥ स्वारोचिष मन्वन्तर मे तुषिता और विद्वान् पारावत देव हुए थे उस समय ये दो ही गण कहे गये हैं ॥७॥

तुषिताया समुत्पन्ना क्रतो पुत्रा स्वरोचिष ।
पारावताश्च शिष्टाश्च द्वादशौतौ गणौ स्मृतौ ।
छन्दजाश्च चतुर्विशद् वास्ते वै तदा स्मृता ॥८
धैवस्यशोऽथ वामान्यो गोपा देवायतस्तथा ।
अजश्च भगवान् देवो दुरोणश्च महाबल ॥६
आपश्चापि महावाहुर्महोजाश्चापि वीर्यवान् ।
चिकित्वान् निभृतो यश्च अशोयश्च व पठ्यते ।
इत्येते क्रतुपुत्रास्तु तदासन् सोमपायिन ॥१०
प्रचेताश्च व यो देवो विश्वेदेवास्तथैव च ।
समञ्जो विश्रुतो यश्च अजिह्मश्चारिमर्द्दन ॥११
अजिह्मानमहीयानौ विद्यावन्तौ तथैव च ।
अजोपौ च महाभागौ यवीयश्च महाबल ॥१२
होता यज्वा च इत्येते पराक्रान्ता परावता ।
इत्येता देवता ह्यासन्मनुस्वारोचिषेन्तरे ॥१३
सोमपास्तु तदा ह्येताश्चतुर्विंशतिदेवताः ।
तेपामिन्द्रस्तदा ह्यासीद् धश्च लोकविश्रुतः ॥१४

तुषिता मे क्रतु के स्वारोचिष पुत्र उत्पन्न हुए। और शिष्ट पारावत उत्पन्न हुए ये द्वादश थे। ये दो गण कह गये हैं और छन्दज थे वे उस समय

से चौबीस देव कहे गये हैं ॥८॥ धैवस्य–दामाव्य–गोपा–देवायन–अज–भगवान् देव–दुरोण–महाबल–आप–महाबाहु–महोजा–वीर्यवान्–चिकित्वान्–निभृत–अशोय ये सब पढ़े जाते है। ये सब क्रतु के पुत्र उस समय में सोमपायी हुए थे ॥९॥१०॥ प्रचेता देव–विश्वेदेवा–विश्रुत–अजिहन–अरिमर्दन–अजिह्वान–महीयान ये विद्यावान् थे–दो अजोप जो महाभाग थे–यवीय–महाबल–होता और यज्वा ये सब पारावत पराक्रान्त हुए है। ये सब स्वारोचिष मन्वन्तर मे देवता थे ॥११॥१२॥१३॥ उस समय में ये चौबीस देवता सोमप थे। उस समय मे लोक विश्रुत वंध उनका इन्द्र था ॥१४॥

ऊर्जा वसिष्ठपुत्रस्तु स्तम्भः काश्यप एव च।
भार्गवश्च तदा द्रोणो ऋषभोऽङ्गिरसस्तथा ॥१५
पौलस्त्यश्चैव दत्तात्रिरात्रेयो निश्चहस्तथा।
पौलहस्य च धावास्तु एते सप्तर्षय. स्मृता ॥१६
चैत्रः कविकृतश्चैव कृतान्तो विभृतो रविः।
बृहद्गुहो नवश्चैव सुताश्चै ते नव स्मृताः ॥१७
मनोः स्वारोचिषस्यैते पुत्रा दशकराः स्मृताः।
पुराणे परिसङ्ख्याता द्वितीय चैतदन्तरम् ॥१८
सप्तर्षयो मनुर्देवाः पितरश्च चतुष्टयम्।
मूल मन्वन्तरस्यैते तेषां चैवान्तरे प्रजाः ॥१९
ऋषीणां देवताः पुत्रा पितरो देवसूनव।
ऋषयो देवपुत्राश्च इति शास्त्रविनिश्चय ॥२०
मनो क्षत्र विशश्चैव सर्पापभ्यो द्विजातयः।
एतन्मन्वन्तर प्रोक्त समासाश्च तु विस्तरात् ॥२१

सप्तम वैवस्वत मनु का भी समाप्त होता है। उन मे देव–खग–गौ–नाग–दितिज-दानव–गन्धर्व–अप्सरा और अन्य जातियाँ उत्पन्न हुई थी ॥४३-४४॥ इसके पश्चात् तभी से लेकर इस लोक मे मैथुनसे जन्म ग्रहण करनेवाली प्रजा हुई थी। इससे पहिले जो हुए थे उन पूर्व मे होने वालो की सृष्टि सङ्कल्प–दर्शन–स्पर्शन से ही कही जाती है ॥४५॥ ऋषियो ने कहा—आपने देवो का–दानवो का और देवर्षियो का शुभ जन्म महात्मा दक्ष के पहिले बतलाया है ॥४६॥ आपने प्रजापति दक्ष का जन्म प्राण से बतलाया है। फिर महातपा ने प्राचेतसत्व को कैसे प्राप्त किया था ॥४७॥ हे सूत ! यह हमको बडा संशय होता है। आप इसकी पूरी व्याख्या करने के योग्य होते हैं। वह सोम का दौहित्र श्वसुर कैसे बन गया था ? ॥४८॥ श्री सूतजी ने कहा—हे सत्तमो ! प्राणियो मे उत्पत्ति और निरोध नित्य ही होता है। इस विषय मे ऋषि लोग और जो विद्या वाले मनुष्य हैं वे मोह को प्राप्त नही होते है ॥४९॥

युगे युगे भवन्त्येते सर्वे दक्षादयो द्विजा ।
पुनश्चैव निरुध्यन्ते विद्वांस्तत्र न मुह्यति ॥५०
ज्येष्ठ्य कानिष्ट्यमप्येषा पूर्वं नासीद्द्विजोत्तमा ।
तप एव गरीयाऽभूत् प्रभावश्चैव कारणम् ॥५१
इमा विसृष्टि यो वेद चाक्षुपस्य चराचरम् ।
प्रजानामायुरुत्तीर्णं स्वर्गलोके महीयते ॥५२
एष सर्गं समाख्यातश्चाक्षुषस्य समा सत ।
इत्येते षड्विसर्गा हि क्रान्ता मन्वन्तरात्मका ।
स्वायम्भुवाद्याः सक्षेपाच्चाक्षुषान्ता यथाक्रमम् ॥५३
एते सर्गा यथाप्रज प्रोक्ता वै द्विजसत्तमा ।
वैवस्वतनिसर्गेण तेषा ज्ञ यस्तु विस्तर ॥५४
अनन्ता नातिरिक्ताश्च सर्वे सर्गा विवस्वत. ।
आरोग्यायुष्प्रमाणेन धर्मत कामतोऽर्थतः ।
एतानेव गुणान्नेति यः पठत्यनसूयक ॥५५

वैवस्वतस्य वक्ष्यामि साम्प्रतस्य महात्मनः ।
समासाद्व्यासत सर्गं शृ णुतो मे निबोधत ॥५६

हे द्विज वृन्द ! ये समस्त दक्ष आदि युग-युग में होते हैं और फिर निरुद्ध हुआ करते है । उसमे विद्वान् पुरुष कभी मोहित नहीं होता है ॥५०॥ हे द्विजोत्तमो ! पहिले इनकी ज्येष्ठता और कनिष्ठता अर्थात् छुटपन और बड़प्पन नहीं होती थी । तप ही एक बड़ा हुआ था और प्रभाव ही कारण था ॥५१॥ जो चाक्षुप की इस चराचर विशेष सृष्टि को जानता है वह प्रजाओं की आयु को उत्तीर्ण होगया और स्वर्ग लोक मे प्रतिष्ठित होता है ॥५२॥ मैंने यह चाक्षुप मन्वन्तर का सर्ग संक्षेप से कहा है । ये मन्वन्तरात्मक अर्थात् मन्वन्तर के स्वरूप वाले छै विसर्ग क्रान्त होते हैं । स्वायम्भुव के आद्य वाले चाक्षुप के अन्त वाले यथाक्रम संक्षेप से वर्णित हैं । अर्थात् इनमे से छै मे स्वायम्भुव प्रथम है और चाक्षुप अन्तिम है ॥५३॥ ये समस्त सर्ग प्रजा के अनुसार हे द्विजोत्तमो ! मैंने कहे हैं । वैवस्वत निसर्ग से ही उनका विस्तार जान लेना चाहिये ॥५४॥ ये समस्त सर्ग विवस्वान् से न तो अनन्त है और न अतिरिक्त ही है । आरोग्य और आयुप् प्रमाण से-धर्म से तथा काम से इनमें ही गुण से जो अनगूयक इसे पढ़ता है हो जाता है । अब साम्प्रत महात्मा वैवस्वत का सर्ग समास और विस्तार दोनो से मैं कहूँगा उसे आप लोग बताने वाले मुझसे जान लो ॥५५-५६॥

## प्रकरण ४६–वैवस्वत-सर्ग वर्णन

सप्तमे त्वथ पर्याये मनोर्वैवस्वतस्य ह ।
मारीचात्कश्यपाद् देवा जज्ञिरे परमर्षय ॥१
आदित्या वसवो रुद्रा साध्या विश्वे मरुद्गणा ।
भृगवोऽङ्गिरसश्चैव ह्यष्टौ देवगणाः स्मृताः ॥२
आदित्या मरुतो रुद्रा विज्ञेया कश्यपात्मजा. ।
साध्याश्च वसवो विश्वे धर्मपुत्रास्त्रयो गणा. ॥३

भृगोस्तु भार्गवो देवो ह्यङ्गिरोऽङ्गिरस सुत. ।
वैवस्वतेऽन्तरे ह्यस्मिन् नित्यं ते छन्दजा. सुराः ॥४
एष सर्गस्तु मारीचो विज्ञेयः साम्प्रतः शुभ. ।
तेजस्वी साम्प्रतस्तेषामिन्द्रो नाम्ना महाबल ॥५
अतीतानागता ये च वर्त्तन्ते ये च साम्प्रतम् ।
सर्वे मन्वन्तरेन्द्रास्तु विज्ञेयास्तुल्यलक्षणाः ॥६
भूतभव्यभवन्नाथ सहस्राक्षः पुरन्दर ।
मघवन्तश्च ते सर्वे शृङ्गिणो वज्रपाणयः ।
सर्वे क्रतुशतेनेष्ट पृथक् शतगुणेन तु ॥७

श्री सूतजी ने कहा—इसके अनन्तर वैवस्वत मनु के सप्तम पर्याय में मारीच से कश्यप से देव और परमर्षिगण उत्पन्न हुए ॥१॥ आदित्य–वसुगण–रुद्र–साध्य–विश्वे–मरुद्गण–भृगु–अङ्गिरस ये आठ देवगण कहे गये हैं ॥२॥ आदित्य–मरुत और रुद्र ये कश्यप के पुत्र जानने चाहिए। साध्य–वसुगण–विश्वे ये तीन गण धर्म के पुत्र हैं ॥३॥ भृगु का भार्गव देव पुत्र है और अङ्गिरस का अङ्गिरा पुत्र हुआ। इस वैवस्वत अन्तर में नित्य छन्दज सुर हैं ॥४॥ यह मारीच सर्ग जानना चाहिए जो कि साम्प्रत और शुभ है। साम्प्रत अर्थात् इस वर्त्तमान समय में होने वाला उनमें तेजस्वी और नाम से महाबल इन्द्र है ॥५॥ जो अतीत और अनागत है और जो इस समय में वर्त्तमान हैं वे सब मन्वन्तरेन्द्र तुल्य लक्षण वाले ही जानने चाहिए ॥६॥ भूत भव्य और भवत् के सहस्राक्ष–पुरन्दर और मघवन्त वे सब शृङ्गी–वज्र पाणि हैं। सबो के द्वारा शतक्रतु से यजन किया गया है जो कि पृथक् शत गुण से युक्त हैं ॥७॥

त्रैलोक्ये यानि सत्त्वानि गतिमन्त्यचलानि च ।
अभिभूयावतिष्ठन्ते धर्माद्यै. कारणैरपि ॥८
तेजसा तपसा बुद्धया बलश्रुतपराक्रमैः ।
भूतभव्यभवन्नाथा यथा ते प्रभविष्णवः ।
एतत्सर्वं प्रवक्ष्यामि ब्रुवतो मे निबोधत । ६

भूत भव्य भविष्य तत् लोकत्रय द्विजं ।
भूर्लोकोऽयं स्मृतो भूमिरन्तरिक्षं भुवं स्मृतम् ।
भव्यं स्मृतं दिवं ह्येतत्तेषां वक्ष्यामि साधनम् ॥१०
ध्यायता पुत्रकामेन ब्रह्मणाग्रे विभाषितम् ।
भूरिति व्याहृतं पूर्वं भूर्लोकोऽयमभूत्तदा ॥११
भूमस्तायां स्मृतो धातुस्तयाऽसौ लोकदर्शने ।
भूतत्वाद्दर्शनत्वाच्च भूर्लोकोऽयमभूत्ततः ।
मताऽयं प्रथमो लोको भूतत्वाद्भूर्द्विजैः स्मृतः ॥१२
भूतेऽस्मिन् भवदित्युक्तं द्वितीयं ब्रह्मणा पुनः ।
भवत्युत्पद्यमानेन कालशब्दोऽयमुच्यते ॥१३
भवनात्तु भुवर्लोको निरुक्तज्ञैर्निरुच्यते ।
अन्तरिक्षं भुवस्तस्माद्द्वितीयो लोक उच्यते ॥१४

त्रैलोक्य में जो सत्व गतिमान् और भवत्त हैं उनका अभिभव करके अवस्थित होते हैं । धर्मादि कारणों से–तेज से–तपसे बुद्धिसे और बल–श्रुत और पराक्रम से भूत–भव्य और भवत्साथ होते हैं वे उसी प्रकार से प्रभविष्णु भी हैं । यह सब मैं बतलाऊँगा बोलने वाले मुझसे आप शीघ सब जानकारी कर लो ॥८॥९॥ भूत भव्य और भविष्य यह द्विजों के द्वारा लोकत्रय कहा गया। यह भूमि भूर्लोक कहा गया है और अन्तरिक्ष भुवलोक इस नाम से कहा गया है । भव्य यह दिव कहा गया है अब उनके साधन बतलाऊँगा ॥१०॥ पुत्र की कामना वाले ध्यान करते हुए ब्रह्मा ने सबसे आगे "भू" यह बोला था तबसे ही यह भूर्लोक हो गया था ॥११॥ 'भू' यह धातु सत्ता अर्थ में कहा गया है तथा यह लोक दर्शन में भूतत्व और दर्शनतत्व होने के कारण में तभी से यह भूर्लोक हुआ था । इसीलिये यह प्रथम लोक भूतत्व होने से द्विजों के द्वारा भू कहा गया है । इस भूत में ब्रह्मा के द्वारा पुन द्वितीय भवत् यह कहा गया है। भवति इस उत्पद्यमान के द्वारा यह काल शब्द कहा जाता है ॥१२॥१३॥ भवन होने से निरुक्त के ज्ञाताओं के द्वारा भुवलोक कहा जाता है । अन्तरिक्ष भुव होता है इससे यह द्वितीय लोक कहा जाता है ॥१४॥

उत्पन्ने तु भुवर्लोके तृतीयं ब्रह्मणा पुनः ।
भव्येति व्याहृतं यस्माद्भाव्यो लोकस्तदाऽभवत् ॥१५
अनागते भव्य इति शब्द एष विभाव्यते ।
तस्माद्भव्यो ह्यसौ लोको नामतस्तु दिवं स्मृतम् ॥१६
स्वरित्युक्तं तृतीयोऽन्यो भाव्यो लोकस्तदाभवत् ।
भाव्य इत्येष धातुर्वै भाव्ये काले विभाव्यते ॥१७
भूरितीयं स्मृता भूमिरन्तरिक्षं भुवं स्मृतम् ।
दिवं स्मृतं तथा भाव्य त्रैलोक्यस्यैष संग्रहः ॥१८
त्रैलोक्ययुक्तैर्व्याहारैस्तिस्रो व्याहृतयोऽभवन् ।
नाथ इत्येष धातुर्वै धातुज्ञैः पालने स्मृतः ॥१९
यस्माद् भूतस्य लोकस्य भव्यस्य भवतस्तदा ।
लोकत्रयस्य नाथास्ते तस्मादिन्द्रा द्विजैः स्मृताः ॥२०
प्रधानभूता देवेन्द्रा गुणभूतास्तथैव च ।
मन्वन्तरेषु ये देवा यज्ञभाजो भवन्ति हि ॥२१

भुवर्लोक के उत्पन्न होने पर ब्रह्मा ने फिर तृतीय को भव्य ऐसा कहा जिस कारण से तब वह भव्य लोक हो गया था ॥१५॥ अनागत में भव्य यह शब्द विभाजित होता है। इससे यह लोक भव्य नाम से कहा गया है ॥१६॥ स्व. यह कहा गया है तब अन्य तृतीय भाव्यलोक हुआ था। भाव्य यह धातु भाव्य काल में विभाजित होता है ॥१७॥ यह भूमि भू इस नाम से कही गई है—अन्तरिक्ष भुव इस नाम से कहा गया और भाव्य दिव इस नाम से कहा गया है—यही त्रैलोक्य का संग्रह होता है ॥१८॥ त्रैलोक्य से युक्त व्याहारों से "भूर्भुवः स्व" तीन व्याहृतियाँ हो गई हैं। 'नाथ'—इस नाम से एक धातु है यह धातु के ज्ञान रखने वालों के द्वारा पालन अर्थ में कही गई है ॥१९॥ जिस से भूत-भव्य और भवत् लोक के उस समय में तीन लोक के वे जो नाथ थे द्विजों के द्वारा वे इन्द्र कहे गये हैं। २०॥ प्रधान भूत देवेन्द्र त। गुणभूत मन्वन्तरों में जो देव हैं वे यज्ञ के भागग्राही होते हैं ॥२१॥

यक्षगन्धर्वरक्षांसि पिशाचोरगदानवाः ।
महिमानः स्मृता ह्येते देवेन्द्राणान्तु सर्वश ॥२२
देवेन्द्रा गुरवो नाथा राजान. पितरो हि ते ।
रक्षन्तीमा प्रजाः सर्वा धर्मेणेह सुरोत्तमा ॥२३
इत्येतल्लक्षण प्रोक्त देवेन्द्राणा समासत॰ ।
सप्तर्षीन् सम्प्रवक्ष्यामि साम्प्रत ये दिवि स्थिताः ॥२४
गाधिज. कौशिको धीमान् विश्वामित्रो महातपा ।
भार्गवो जमदग्निश्च ऊरपुत्र प्रतापवान् ॥२५
बृहस्पतिसुतश्चापि भारद्वाजो महातपा ।
श्रौतथ्यो गौतमो विद्वान्च्छरद्वान्नाम धार्मिक ॥२६
स्वायम्भुवोऽत्रिभंगवान् ब्रह्मकोशस्तु पञ्चम ।
षष्ठो वासिष्ठपुत्रस्तु वसुमान् लोकविश्रुतः ॥२७
वत्सार काश्यपश्चैव सप्तैत साधुसम्मता ।
एते सप्तर्षय सिद्धा वर्त्तन्ते साम्प्रतेऽन्तरे ॥२८

यक्ष-गन्धर्व-राक्षस-पिशाच-उरग-दानव-य देवेन्द्रो के सब ओर से महिमाऐं कही गई है ॥२२॥ हे सुरोत्तमो ! देवेन्द्र-गुरु-नाथ-राजा-पितर ये सभी यहाँ पर धर्म से प्रजा की रक्षा किया करते है ॥२३॥ यह देवेन्द्रो का लक्षण सक्षेप से बतला दिया है। अब सप्तर्षियो के विषय मे बतलाते है जो कि इस समय दिवि म स्थित रहते है ॥२४॥ गाधि से उत्पन्न होने वाले, कौशिक और धीमान् महान् तपस्वी विश्वामित्र---भार्गव जमदग्नि प्रताप वाला ऊरु का पुत्र-बृहस्पति का पुत्र महान् तपस्वी भारद्वाज-औतथ्य गौतम जो कि बड़ा विद्वान् शरद्वान् नाम वाला परम धार्मिक है-स्वायम्भुव भगवान् अत्रि जो ब्रह्म का कोश और पाँचवा है-छठवें वासिष्ठ पुत्र जो वसुमान् और लोक मे परम विश्रुत है-वत्सार काश्यप य साधुओ के द्वारा सहमत सात ऋषिवृन्द है। ये वर्तमान इस अन्तर म सिद्ध हुए सप्तर्षि होते हैं ॥२५॥२६॥२७॥२८॥

इक्ष्वाकुश्चैव नाभागो धृष्ट शर्यातिरेव च ।
नरिष्यन्तश्च विख्यातो नाभ उद्दिष्ट एव च ॥२९

करुपश्च पृषध्रश्च वसुमान्नवमः स्मृतः ।
मनोर्वैवस्तस्यैते दश पुत्राः प्रकीर्त्तिताः ।
कीर्त्तिता वै मया ह्येते सप्तमन्वंतदन्तरम् ॥३०
इत्येष वो मया पादो द्वितीयः कथितो द्विजाः ।
विस्तरेणानुपूर्व्या च भूयः किं वर्णयाम्यहम् ॥३१

इक्ष्वाकु–नाभाग–धृष्ट–शर्याति–नरिष्यन्त–विख्यात और उद्दिष्ट नाभ–पृषध्र और नवम वसुमान् ये इस वैवस्वत मनु के दस पुत्र कहे गये हैं। मैंने इनको कीर्तित कर दिया है और यह सप्तम अन्तर है। हे द्विजगण, यह मैंने द्वितीय पाद कहा है। अब आप लोग ही मुझे बतलाइये पुनः विस्तार से तथा आनुपूर्वी से मैं क्या वर्णन करूँ ॥२६॥३०॥३१॥

## ॥ प्रकरण ४७––प्रजापति वंशानु कीर्तन ॥

श्रुत्वा पादं द्वितीयन्तु क्रान्तं सूतेन धामता ।
अतस्तृतीयं पप्रच्छ पादं वै शांशपायनः ॥१
पादः क्रान्तो द्वितीयोऽयमनुषङ्गेण यस्त्वया ।
तृतीयं विस्तरात्पादं सोपोद्घातं प्रकीर्त्तय ।
एवमुक्तोऽब्रवीत्सूतः प्रहृष्टेनान्तरात्मना ॥२
कीर्त्तयिष्ये तृतीयञ्च सोपोद्घातं सविस्तरम् ।
पादं समुदयाद्विप्रा गदतो मे निबोधत ॥३
मनोर्वैवस्वतस्येमं साम्प्रतस्य महात्मनः ।
विस्तरेणानुपूर्व्या च निसर्गं शृणुत द्विजाः ॥४
चतुर्युगैकसप्तत्या सङ्ख्यातं पूर्वमेव तु ।
सह देवगणैश्चैव ऋषिभिर्दानवैः सह ॥५
पितृगन्धर्वयक्षैश्च रक्षोभूतगणैस्तथा ।
मानुषैः पशुभिश्चैव पक्षिभिः स्थावरैः सह ॥६

मन्वादिक भविष्यान्तमाख्यानैर्बहुविस्तरम् ।
वक्ष्ये वैवस्वत सर्गं नमस्कृत्य विवस्वते ॥७

ऋषियों ने कहा—बुद्धिमान् मनु के द्वारा कहे हुए द्वितीय पाद को सुन कर शांशपायन ने तृतीय पाद पूछा था॥१॥ आपने जो यह पाद अनुषङ्ग के साथ बतला दिया है अब इसका तीसरा पाद भी विस्तार के और उपोद्घात के साथ प्रकीर्तित करिये। इस प्रकार से कहे गये सूत जी ने प्रहृष्ट अन्तरात्मा से कहा ॥२॥ श्री सूतजी ने कहा—हे विप्रो ! मैं अब तीसरा पाद उपोद्घात और विस्तार के साथ क्रम से ही बताऊँगा आप लोग कहने वाले मुझसे भली-भाँति समझ लेवें ॥३॥ हे द्विजो ! साम्प्रत अर्थात् वर्तमान महात्मा वैवस्वत मनु का यह निसर्ग विस्तार और आनुपूर्वी के साथ आप लोग श्रवण कर लेवें ॥४॥

मैंने पहिले ही चतुर्युग की एक सप्तति अर्थात् इकहत्तर संख्या की थी जो कि देवगणों–ऋषियों और दानवों के साथ ही कही गई थी ॥५॥ किन्नर–गन्धर्व और यक्षों के साथ–तथा राक्षस और भूतगणों के साथ–मानुष और पशुओं के साथ और पक्षीगण तथा स्थावरों के साथ है॥६॥ आख्यानों से बहुत विस्तार वाला भविष्यान्त मन्वन्तर को विवस्वान् को नमस्कार करके वैवस्वत सर्ग को बतलाऊँगा ॥७॥

आद्ये मन्वन्तरेऽतीता सर्गा प्रावर्त्तकाश्च ये ।
स्वायम्भुवेऽन्तरे पूर्वं सप्तासन् ये महर्षय ।
चाक्षुषस्यान्तरेऽतीते प्राप्ते वैवस्वते पुन ॥८
दक्षस्य च ऋषीणाञ्च भृग्वादीना महौजसाम् ।
शापान्महेश्वरस्यासीत् प्रादुर्भावो महात्मनाम् ॥९
भूय सप्तर्षयस्ते च उत्पन्ना सप्त मानसा ।
पुत्रत्वे कल्पिताश्चैव स्वयमेव स्वयम्भुवा ॥१०
प्रजासन्तानकृद्भिस्तैरुत्पद्यद्भिर्महात्मभि ।
पुन प्रवर्तित सर्गो यथापूर्वं यथाक्रमम् ॥११
तेषां प्रसूतिं वक्ष्यामि विशुद्धज्ञानकर्मणाम् ।
समासव्यासयोगाभ्यां यथावदनुपूर्वश ॥१२

येपामन्वयसम्भूतैर्लोकोऽय सचराचर ।
पुन स पूरित सर्गो ग्रह नक्षत्रमण्डित ॥१३
एतच्छ्रुत्वा वचस्तस्य मुनीना सशयोऽभवत् ।
ततस्त सशयाविष्टा सूत सशयनिश्चये ।
सत्कृत्य परिपप्रच्छुर्मुनय शसितव्रता ॥१४

आद्य मन्वन्तर मे जो सर्ग व्यतीत हो गये और जो प्रावर्तन थे वे भी सब अतीत हो चुके थे । स्वायम्भुव अन्तर म पहिले जो सात महर्पिगण थे चाक्षुप के अन्तर के अतीत होने पर फिर वैवस्वत के प्राप्त होने पर महेश्वर के शाप से दक्षका तथा महान् ओज वाले ऋषियो का और महान् आत्मा वाले भृगु आदि का प्रादुर्भाव हुआ था ॥८॥६॥ फिर वे सप्तर्षि और सात मानस पुत्रत्व से कल्पित किय गये उत्पन्न हुए थे जो कि स्वय ही स्वयम्भू ने किया था। ॥१०॥ प्रजा सन्तान के करन वाले उत्पन्न हुए उन महात्माओ के द्वारा यह सर्ग पूर्व की भाँति क्रमानुसार प्रवर्त्तित हो गया था ॥११॥ विशुद्ध ज्ञान और धर्म वाले उनकी प्रसूति को सक्षेप तथा विस्तार दोनो के योग से यथावत् आनुपूर्वी से बतलाउँगा ॥१२॥ जिनके वश म उत्पन्न होन वालो के द्वारा यह सचराचर लोक पुन ग्रह और नक्षत्रो से विभूपित वह सर्ग पूरित हो गया। ॥१३॥ उसके इस वचन को सुनकर मुनियो को सशय हुआ था । इसके पश्चात् सशय से आविष्ट उन अपने सशय के निश्चय करन मे शसितव्रत वाले मुनियो ने सूतजी का सत्कार करके पूछा था ॥१४॥

कथं सप्तर्पय पूर्व्वमुत्पन्ना सप्त मानसा ।
पुत्रत्वे कल्पिताश्चैव तन्नो निगद सत्तम ।
ततोऽब्रवीन्महातेजा सूत पौराणिक शुभम् ॥१५
यथ सप्तर्पय सिद्धा ये वे स्वायम्भुवेऽन्तरे ।
मन्वन्तर समासाद्य पुनर्वैन्वस्त किल ॥१६
भवाभिशापात्संविद्धा ह्यप्राप्तास्ते तदा तप ।
उपपन्न जने लोके सकृदागामिनस्तु ते ॥१७

ऊचु सर्वे ततोऽन्योन्य जनलोके महर्षय ।
ऊचुरेव महाभागा वारुणे वितते क्रतो ॥१८
सर्वे वय प्रसूयामश्चाक्षुषस्यान्तरे मनो ।
पितामहात्मजा सर्वे तत श्रेयो भविष्यति ॥१९
स्वायम्भुवेऽन्तरे शप्ता सप्तार्थ ते भवेन तु ।
जज्ञिरे वो पुनस्ते ह जनलोकाद्दिव गता ॥२०
देवस्य महतो यज्ञे वारुणी बिभ्रतस्तनुम् ।
ब्रह्मणो जुह्वत शुक्रमग्नौ पूर्व प्रजेप्सया ।
ऋषयो जज्ञिरे पूर्व द्वितीयमिति न श्रुतम् ॥२१

ऋषियो ने कहा—हे श्रेष्ठतम ! पहिले समुत्पन्न सप्तर्षिगण कैसे सात मानस पुत्रत्व से कल्पित हुए ? यह हम बतलाइये । इसके पश्चात् महान् तेज-वाले पौराणिक सूतजी ने शुभ वचन बोले ॥१५॥ सप्तर्षिगण कैसे सिद्ध हुए जो स्वायम्भुव अन्तर म थे म वन्तर को प्राप्तकर जोकि वैवस्वत नाम वाला था भव के अभिशाप म सविद्ध होकर उन्होने उस समय मे तप को प्राप्त नही किया था । एकबार आगामी वे जनलोक मे उत्पन्न थे ॥१६॥१७॥ तब जनलोक मे सब महर्षिलोग आपस मे एक-दूसरे मे बोले और वितत वारुण क्रतु मे महाभाग बोले ॥१८॥ हम सब चाक्षुष मनु के अन्तर मे प्रसूयमान होते है । सब पितामह के आत्मज है । इससे श्रेय होगा ॥१९॥ स्वायम्भुव अन्तर मे सात के लिये वे शिव के द्वारा अभिशप्त हुए वे पुन यहाँ जनलोक से दिव को गये हुओं ने जन्म लिया था ॥२०॥ यज्ञम वरुण के शरीर को धारण करने वाले महान् देव प्रजा की इच्छा मे पहिले अग्नि मे शुक्र का हवन करते हुए ब्रह्मा से पूर्व मे ऋषिलोग उत्पन्न हुए थे । यह हमारा द्वितीय श्रुत है ॥२१॥

भृगुरङ्गिरा मरीचि पुलस्त्य पुलह क्रतु ।
अत्रिश्चैव वसिष्ठश्च अष्टौ ते ब्रह्मण सुता ॥२२
तथास्य वितते यज्ञे देवाः सर्वे समागता ।
यज्ञाङ्गानि च सर्वाणि वषट्कारश्च मूर्तिमान् ॥२३
मूर्तिमन्ति च सामानि यजूंषि च सहस्रश ।

ऋग्वेदश्चाभवत्तत्र पदक्रमविभूषितः ॥२४
यजुर्वेदश्च वृत्ताढ्य ओङ्कारवदनोज्ज्वलः ।
स्थितो यज्ञार्थसपृक्तसूक्तब्राह्मणमन्त्रवान् ॥२५
सामवेदश्च वृत्ताढ्य सर्वगेयपुर.सरः ।
विश्वावस्वादिभिः सार्द्धं गन्धर्वैः सम्भृतोऽभवत् ॥२६
ब्रह्म वेदस्तथा घोरैः कृत्याविधिभिरन्वित. ।
प्रत्यङ्गिरसयोगैश्च द्विशरीरशिरोऽभवत् ॥२७
लक्षणानि स्वराः स्तोभा निरुक्तस्वरभक्तयः ।
आश्रयस्तु वषट्कारो निग्रहप्रग्रहावपि ॥२८

भृगु-अङ्गिरा-मरीचि-पुलस्त्य-पुलह-क्रतु-अत्रि और वसिष्ठ ये आठ ब्रह्मा के पुत्र हैं ॥२२॥ उसी प्रकार से यज्ञ के वितत होने पर समस्त देवगण वहाँ आये थे । समस्त यज्ञ के अङ्ग और मूर्त्तिमान् वषट्कार-मूर्त्तिमान् साम-सहस्रो यजु और पद-क्रम आदि से विभूषित ऋक्वेद वहाँ पर था ॥२३॥२४॥ वृत्त से आढ्य और ओङ्कार के मुख से उज्ज्वल यजुर्वेद यज्ञ के अर्थ से सपृक्त सूक्त-ब्राह्मण और मन्त्रों वाला वहाँ पर स्थित है ॥२५॥ समस्त गाने के योग्यो मे अग्रणी वृत्त से आढ्य सामवेद विश्वावस्वादि के साथ गन्धर्वों के द्वारा सम्भृत था ॥२६॥ ब्रह्मवेद घोरकृत्या विधियो से युक्त और प्रत्यङ्गिरस योगो के द्वारा दो शरीर एवं शिर वाला था ॥२७॥ लक्षण स्वर हैं, स्तोम निरुक्त स्वर और भक्ति हैं । आश्रय वषट्कार है और निग्रह तथा प्रग्रह भी हैं ॥१८॥

दीक्षा दीप्तिरिलादेवी दिश प्रदिशगीश्वरा ।
देवकन्याश्च पत्न्यश्च तथा मातर एव च ॥२९
आयु. सर्वत एवैते देवस्य यजतो मुखे ।
मूर्तिमन्तः स्वरूपाख्या वरुणस्य वपुर्भृ त. ॥३०
स्वयम्भुवस्तु ता दृष्ट्वा रेतः समपतद्भु वि ।
ब्रह्मर्षेर्भाविभूतस्य विधानाच्च न सशय ॥३१
कृत्वा जुहाव स्रु ग्म्याञ्च स्रु वेण परिगृह्य च ।
आज्यवज्जुहुवाञ्चक्रे मन्त्रवच्च पितामहः ॥३२

ततः स जनयामास भूतग्रामं प्रजापतिः ।
तस्यार्वाक् तेजसस्तस्य यज्ञे लोकेषु तैजसम् ।
तमसाभावव्याप्यत्वं तथा सत्त्वं तथा रजः ॥३३
सगुणात्तेजसो नित्यमाकाशे तमसि स्थितम् ।
तमसस्तेजसत्वाच्च सर्वभूतानि जज्ञिरे ॥३४
यदानम्मिथ्रजायन्त वालि पुत्रास्तु कर्मजाः ।
आज्यस्थाल्यामुपादाय स्वशुक्रं हुतवांश्च ह ॥३५

दीक्षा दीप्ति, इलादेवी, दिशा और प्रदिशाईश्वर-देवकन्या-पत्नियाँ तथा माताएँ-वायु वरुण के वपु को धारण करने वाले यजन करते हुए देव के मखमें ये सब और ये स्वरूपारूप मूर्त्तिमान् थे ॥२६॥३०॥ उनको देखकर स्वयम्भू का रेतस् भूमि पर गिर गया । और भावभूत ब्रह्मर्षि के विधान से कोई संशय नहीं है ॥३१॥ स्रुव से परिग्रहण करके स्रुचो से करके हवन किया था । पितामह ने घृत की भाँति मन्त्रवत् हवन किया था ॥३२॥ इसके पश्चात् उस प्रजापति ने भूतग्राम को उत्पन्न किया था । उसके पूर्व उसके यज्ञ मे तेजसे लोकों मे तैजस-तमसाभाव व्याप्यत्व सत्त्व तथा रज को उत्पन्न किया था । सगुण तेजसे नित्य आकाश में तमस स्थित है । तम से और तेजसत्व होने से समस्त प्राणी उत्पन्न हुए ॥३४॥ जिस समय में उन वालि में कर्मज पुत्र उत्पन्न हुए थे आज्य की स्थाली में लेकर अपने शुक्र का हवन किया था ॥३५॥

शुक्रे हुतेऽथ तस्मिंस्तु प्रादुर्भूता महर्षयः ।
ज्वलन्तो वपुपा युक्ताः सप्त वै प्रसवैर्गुणैः ॥३६
हुते चाग्नौ सकृच्छुक्रे ज्वालाया निःसृतः कविः ।
हिरण्यगर्भस्त दृष्ट्वा ज्वालां भित्त्वा विनिःसृतम् ।
भृगुस्त्वमिति होवाच यस्मात्तस्मात्स वै भृगुः ॥३७
महादेवस्तथोद्भूतं दृष्ट्वा ब्राह्मणमब्रवीत् ।
ममैष पुत्रकामस्य दीक्षितस्य त्वया प्रभो ।
विजज्ञेऽथ भृगुर्देवो मम पुत्रो भवत्वयम् ॥३८
तथेति समनुज्ञातो महादेवः स्वयम्भुवा ।

पुनस्त्वे कल्पयामास महादेवस्तथा भृगुम् ।
वारुणा भृगवस्तस्मात्तदपत्यञ्च स प्रभु ॥३६
द्वितीयन्तु तत शुक्रमङ्गारेष्वपतत्प्रभु ।
अङ्गारेष्वङ्गिरोऽङ्गानि सहितानि ततोऽङ्गिरा ॥४०
सम्भूति तस्य ता दृष्ट्वा वह्निर्ब्रह्माणमब्रवीत् ।
रेतोधास्तुभ्यमेवाह द्वितीयोऽस्य ममास्त्विति ॥४१
एवमस्त्विति सोऽप्युक्तो ब्रह्मणा सदसस्पति ।
तस्मादङ्गिरसश्चापि आग्नेया इति न श्रुतम् ॥४२

उसमे शुक्र के सुत होने पर इसके अनन्तर महर्षिगण प्रादुर्भूत हुए थे जो शरीर से ज्वलन्त थे और वे मात प्रसव गुणों से युक्त थे ॥३६॥ अग्नि में एक बार शुक्र के हुत किये जाने पर ज्वाला से कवि निसृत हुए। ज्वाला का भेदन कर उसको निकला हुआ ब्रह्मा ने देखा और तू भृगु है ऐसा कहा इसीसे वह भृगु हुए हैं ॥३७॥ महादेव ने उसे इस प्रकार से उत्पन्न होता हुआ देखकर ब्रह्माजी से कहा हे प्रभो! पुत्र की कामना वाले दीक्षित मेरा यह है जो यह भृगुदेव उत्पन्न हुआ है यह मेरा पुत्र होजावे ॥३८॥ ब्रह्माजी ने—एसा ही होवे—इस तरह से मनुज्ञा प्राप्त होजाने वाले महादेव ने भृगु को अपना पुत्र मान लिया था। इससे वारुण भृगु हुए और उसकी सन्तति प्रभु हैं ॥३९॥ इसके अनन्तर प्रभु ने द्वितीय शुक्र को अङ्गारो मे डाला था। अङ्गारो मे अङ्गिर—अङ्ग सहित फिर उससे अङ्गिरा हुआ। उसकी इस प्रकार की सम्भूति को देखकर अग्नि ने ब्रह्माजी से कहा मैं तुम्हारे लिय ही रेतोधा हुआ हूँ। यह दूसरा मेरा होजावे ॥४०॥४१॥ ऐसाही होवे—इस प्रकार से वह सदसस्पति ब्रह्मा के द्वारा समनुज्ञात होगये थे। इससे अङ्गिरस आग्नेय हुए ऐसा हमने श्रुत किया है ॥४२॥

षट्कृत्यस्तु पुन शुक्रे ब्रह्मणा लोककारिणा ।
हुते समभवन्तत्र षड् ब्रह्माण इति श्रुति. ॥४३
मरीचि. प्रथमस्तत्र मरीचिभ्य समुत्थितः ।
ऋतौ तस्मिन् सुतो जज्ञे यतस्तस्माल्स वै क्रतु ॥४४

अह तृतीय इत्यर्थस्तस्मादत्रि स कीर्त्यते ।
केशैश्च निशितैर्भूत पुलस्त्यस्तेन स स्मृत ।।४५
केशैर्लम्बै समुद्भूतस्तस्मात् पुलह स्मृत ।
वसुमध्यात्समुत्पन्नो वसुमान् वसुधाश्रय ।।४६
वसिष्ठ इति तत्वज्ञै प्रोच्यते ब्रह्मवादिभि ।
इत्येते ब्रह्मण पुत्रा मानसा. षण्महर्षयः ।।४७
लोकस्य सन्तानकरास्तैरिमा वर्द्धिता प्रजा ।
प्रजापतय इत्येव पठ्यन्ते ब्रह्मण सुता ।।४८
अपरे पितरो नाम एतैरेव महर्षिभि ।
उत्पादिता ऋषिगणा सप्तलोकेषु विश्रुताः ।।४९

लोक के धारण करने वाले ब्रह्मा के द्वारा शुक्र के छै भाग कर हवन करने पर वहाँ छै ब्रह्मा हुए थे ऐसी स्तुति है ।।४३।। उनमे मरीचि प्रथम है जो मरीचियो म समुत्थित हुए हैं । उस क्रतु मे सुत उत्पन्न हुआ इसीलिए वह क्रतु नाम वाले हुए थे ।।४४।। मैं तीसरा हूँ इस अर्थ वाला इसीसे वह अत्रि कहा जाता है । निशित केशो से हुआ इससे वह पुलस्त्य कहा गया है ।।४५।। लम्बे केशो से समुद्भूत हुआ था इससे वह पुलह—इस नाम से कहा गया है । वसु के मध्य से उत्पन्न हुआ इससे वसुधा का आश्रय वाला वसुमान् हुआ था ।।४६।। ब्रह्मवादी तत्त्वज्ञो ने वसिष्ठ ऐसा कहा है । इतने ये ब्रह्मा के छै मानस महर्षि उत्पन्न हुए थे ।।४७।। ये इस लोक के सन्तति के करने वाले थे और उनके द्वारा ही यह वर्द्धित हुई है । ये ब्रह्मा के पुत्र प्रजापति इस प्रकार से भी पढ़े जाया करते हैं ।।४८।। दूसरे पितर भी इन्ही महर्षियो के द्वारा उत्पादित है जो सात लोको म विश्रुत ऋषिगण हैं ।।४९।।

मारीचा भार्गवाश्चैव तथैवाङ्गिरसोऽपरे ।
पौलस्त्या पौलहाश्चैव वासिष्ठाश्चैव विश्रुता ।
आत्रेयाश्च गणा प्रोक्ता पितृणा लोकविश्रुता ।।५०
एते समासतस्तात पुरैव तु गुणास्त्रय ।
अपूर्वाश्च प्रकाशाश्च ज्योतिष्मन्तश्च विश्रुता ।।५१

तेपा राजा यमो देवो यमैर्विहितकल्मपा ।
अपरे प्रजाना पतयस्ताञ्छृणुध्वमतन्द्रिता ॥५२
कर्दम कश्यप शेपो विक्रान्त सुश्रुवास्तथा ।
बहुपुत्र कुमारश्च विवस्वान् स शुचिश्रवा ॥५३
प्रचेतसोऽरिष्टनेमिर्बहुलश्च प्रजापति ।
इत्येवमादयोऽन्येऽपि बहवश्च प्रजेश्वरा ॥५४
कुशोच्चया वालखिल्या सम्भूता परमर्पय ।
मनोजवा सर्वगता सार्वभौमाश्च तेऽभवन् ॥५५
जाता भस्मव्यपोहिन्या ब्रह्मर्षिगणसम्मता ।
वैखानसा मुनिगणास्तप श्रुतपरायणा ॥५६
स्रोतोभ्यस्तस्य चोत्पन्नावश्विनौ रूपसम्मितौ ।
विदुर्जन्माक्षरजसो विमला नेत्रसम्भवा ॥५७
ज्येष्ठा प्रजाना पतय स्रोतोभ्यस्तस्य जज्ञिरे ।
ऋपयो रोमकूपेभ्यस्तया स्वेदमलोद्भवा ५८

मारीच–भार्गव–आङ्गिरस–पौलस्त्य–पौलह–वाशिष्ठ और आत्रेय ये गण लोकों में प्रसिद्ध पितरा म कहे गये हैं ॥५०॥ हे तात ! ये सक्षेप से पहिले ही तीन गुण में मपूर्व–प्रवादा और विश्रत ज्योतिष्मन्त ये कहे जाते हैं उनका राजा देवयम है । यमा के द्वारा विहित कल्मप दूसरे प्रजाओं के पति होते हैं उनको अब अतन्द्रित होकर सुनो मैं कहता हूँ इसलिए तुम्हें सुनना चाहिये यह भावार्थ है ॥५१॥५२॥ कर्दम–कश्यप–शेप–विक्रान्त–सुश्रुवा–बहुपुत्र–कुमार–विवस्वान्–शुचिश्रवा–प्रचेतस–अरिष्टनेमि–बहुल और प्रजापति एवमादि तथा अन्य भी बहुत से प्रजेश्वर होते हैं ॥५३॥५४॥ कुशोच्चय–वालखिल्य परमर्षि उत्पन्न हुए तथा मनोजव–सर्वगत और सार्वभौम वे हुए हैं ॥५५॥ ब्रह्मर्षिगण सम्मत तप और श्रुत में परायण वैखानस मुनिगण भस्म व्यपोहिनी में उत्पन्न हुए थे ॥५६॥ उसके स्रोतों से रूप सम्मित अश्विनीकुमार उत्पन्न हुए । उसके स्रोतों से विदुर्जन्मार जन–विमल–नेत्र सम्भव–ज्येष्ठा प्रजाओं के पति उत्पन्न हुए । तथा स्वेदमल से उद्भव वाले ऋषि रोम कूपों से उत्पन्न हुए ॥५७॥५८॥

दारुणा हि स्ते माता निर्यासा पक्षसन्धय. ।
वत्मरा ये त्वहोरात्रा पित्र्यं ज्योतिश्च दारुणम् ॥५६
रौद्रं लोहितमित्याहुर्लोहितं कनकं स्मृतम् ।
तन्मैत्रमिति विज्ञेय धूमश्च पशव स्मृता ॥६०
येऽर्च्चिपस्तस्य रुद्रास्तयादित्या समुद्भवा ।
श्रङ्गारेभ्य समुत्पन्ना ज्योतिषो दिव्यमानुषा ॥६१
आदिमानस्य लोकस्य ब्रह्मा ब्रह्मसमुद्भव ।
सर्वकामदमित्याहुस्तत्र कन्यामुदाहरन् ॥६२
ब्रह्मा सुरगुरुस्तत्र त्रिदशं सप्रसीदति ।
इमे वै जनयिष्यन्ति प्रजा सर्वा प्रजेश्वरा ॥६३
सर्वे प्रजाना पतय सर्वे चापि तपस्विन ।
तत्प्रसादादिमाँल्लोकान्धारयेयुरिमा क्रिया ॥६४
द्वन्द्व सवर्द्धयामास तव तेजोविवर्द्धनम् ।
देवेषु वेदविद्वास सर्वे राजर्षयस्तथा ॥६५

इन मे नाम दारुण थे, जो निर्यास थे वे पक्षो की सन्धियाँ थी, जो वत्मर और अहोरात्र, पित्र्य दारुण ज्योति रौद्र को लोहित कहते थे लोहित को कनक कहा गया है। उसे मैत्र ऐसा जानना चाहिए और धूम पशु कहे गये हैं ॥५६-६०॥ उसकी अर्चियाँ थी वे रुद्र तथा आदित्य उत्पन्न हुए। अङ्गारो से दिव्य मानुष ज्योतियाँ समुत्पन्न हुई ॥६१॥ आदिमान लोक का ब्रह्मा ब्रह्म से समुद्भूत हुआ। वहाँ पर कन्या को उदाहृत करते हुए सर्व कामद ऐसा कहते हैं ॥६२॥ वहाँ देवो के साथ सुरगुरु ब्रह्मा सम्प्रसन्न होते हैं। ये प्रजेश्वर समस्त प्रजाओ को उत्पन्न करेंगे ॥६३॥ ये सब प्रजाओ के पति थे और ये सब तपस्वी थे। उनके प्रसाद से ये क्रियाएँ इन लोको को धारण करती हैं ॥६४॥ आपके तेज के विवर्द्धन करते हुए द्वन्द्व का सवर्धन किया था। देवो मे समस्त राजर्षिगण वेद के विद्वान् थे ॥६५॥

वेदमन्त्र परा सर्वे प्रजापतिगुणोद्भवा ।
अनन्त ब्रह्म सत्यञ्च तपश्च परम भुवि ॥६६

सर्वे हि वयमेते च तवैव प्रसव प्रभो ।
ब्रह्म च ब्राह्मणाश्चैव लोकाश्चैव चराचरा ॥६७
मरीचिमादित· कृत्वा देवाश्च ऋषिभिः सह ।
अपत्यानीय सञ्चिन्त्य तेऽपत्यङ्कामयामहे ॥६८
तस्मिन् यज्ञे महाभागा देवाश्च ऋषिभि· सह ।
एतद्व शमुद्भूता· स्थानकालाभिमानिनः ॥६९
न च तेनैव रूपेण स्थापयेयुरिमा प्रजा· ।
युगादिनिधनाश्चैव स्थापयेयुरिमा प्रजा ॥७०
ततोऽब्रवील्लोकगुरु परमित्यविचारयन् ।
एव देवा विनिश्चित्य मया सृष्टा न सशय ।
भवता वशसम्भूता· पुनरेते महर्षय· ॥७१
तेषा भृगो· कीर्तयिष्ये वश पूर्वमहात्मन ।
विस्तरेणानुपूर्व्या च प्रथमस्य प्रजापते ॥७२

सब प्रजापति के गुणो से उद्भव होने वाले वेदो के मन्त्रो मे परायण थे । अनन्त और सत्य ब्रह्म–भू में परम तप ये सब और हम हे प्रभो ! आपका ही प्रसव है जिनमे ब्रह्म और ब्राह्मण तथा चराचर लोक हैं ॥६६-६७॥ मरीचि आदि लेकर ऋषियो के साथ देवगण यहाँ पर सन्तति की चिन्ता कर उन सबने अपत्य (सन्तान) की कामना की थी ॥६८॥ उस यज्ञ मे महान् भाग वाले देवता ऋषियो के साथ स्थान और काल के अभिमानी इस वश मे समुद्भूत थे ॥६९॥ और उसी रूप से इन प्रजाओ की स्थापना नही करनी चाहिए किन्तु युगादि निधन से इनको स्थापित करो ॥७०॥ इसके अनन्तर लोक गुरु से विचार न करते हुए कहा—मैंने इस प्रकार का विनिश्चय करके देवताओ को सृष्ट किया है इसमें सशय नही है । फिर ये महर्षिगण सबके वंश मे सम्भूत हुए हैं ॥७१॥ उनमे से महात्मा भृगु के वंश को पहिले बतलाऊँगा जो कि प्रथम प्रजापति है इसे विस्तारानुपूर्वी मे कहूगा ॥७२॥

भार्या भृगोरप्रतिमे उत्तमेऽभिजने शुभे ।
हिरण्यकशिपो· कन्या दिव्या नाम परिश्रुता ।
पुलोम्नश्चापि पौलोमी दुहिता वर वर्णिनी ॥७३

भृगोस्त्वजनयद्दिव्या काव्य वेदविदा वरम् ।
देवासुराणामाचार्यं शुक्रङ्कविसुत ग्रहम् ।।७४
स शुक्रश्चोशना ख्यात स्मृत काव्योऽपि नामत ।
पितृणा मानसी कन्या सोमपाना यशस्विनी ।
शुक्रस्य भार्याङ्गी नाम विजज्ञे चतुर सुतान् ।।७५
ब्राह्मेण तेजसा युक्त स जातो ब्रह्मवित्तम ।
तस्यामेव तु चत्वार पुत्रा शुक्रस्य जज्ञिरे ।।७६
त्वष्टा वरुत्री द्वावेतो शण्डामर्कौ च तावुभौ ।
ते तदादित्यसङ्काशा ब्रह्म कल्पा प्रभावत ।।७७
रञ्जन पृथुरश्मिश्च विद्वान्यश्च बृहद्गिरा ।
वरुत्रिण सुता ह्येते ब्रह्मिष्ठा सुरयाजका ।।७८
इज्याधर्मविनाशार्थं मनु मेत्याभ्ययोजयन् ।
निरस्यमान वै धर्मं दृष्ट्वेन्द्रो मनुमब्रवीत् ।।७९
एतैरेव तु काम त्वा प्रापयिष्यामि याजनम् ।
श्रुत्वेन्द्रस्य तु तद्वाक्य तस्माद् देशादपाक्रमन् ।।८०

भृगु की भार्या हिरण्यकशिपु के उत्तम-शुभ-अप्रतिम अभिजन मे दिव्या इस नाम से परिश्रुत होने वाली कन्या से वेदो के ज्ञाताओ मे परमश्रेष्ठ काव्य को उत्पन्न किया था जो कि देवासुरो के आचार्य थे और कविसुत शुक्र ग्रह है ।।७४।। वह शुक्र उशना इस नाम से प्रसिद्ध हुआ और नाम से काव्य भी कहा गया है । सो मय पितृगण की मानसी यशस्विनी कन्या जो कि शुक्र की अङ्गी नाम वाली भार्या थी उसने चार पुत्र उत्पन्न किये थे ।।७५।। ब्रह्म तेज से युक्त वह ब्रह्मवेत्ताओ मे श्रेष्ठ वह उत्पन्न हुआ था । शुक्र के चार पुत्र उसी मे से हुए हैं ।।७६।। त्वष्टा-वरुत्री दो य और शण्डा तथा मर्क ये दोनो उत्पन्न हुए । वे उस समय आदित्य के तुल्य और प्रभाव से ब्रह्मा के ही तुल्य थे ।७७। रञ्जन-पृथुरश्मि और बृहद्गिरा य वरुत्री के ब्रह्मिष्ठ और सुरो के यजन कराने वाले पुत्र थे ।।७८।। इज्या के धर्म को विनाश करने के लिये मनु के समीप जाकर योजना की । इन्द्र ने धर्म को निरस्यमान देखकर मनु से कहा—।७९।

इनके द्वारा ही इच्छापूर्वक याजन तुमको प्राप्त कराऊँगा। इस इन्द्र के वाक्य को सुनकर उस देश से अपाक्रान्त होगये ॥८०॥

तिराभूतेषु तेष्विन्द्रो धर्मपत्नीश्च चेतनाम्।
ग्रहेण मोचयित्वा तु तत सोऽनुससार ताम् ॥८१
तत इन्द्रविनाशाय यतमानान् यतींस्तु तान्।
तत्रागतान् पुनर्दृष्ट्वा दुष्टानिन्द्र प्रहृत्य तु।
सुध्वाप देवदेवस्य वेद्या वै दक्षिणे तत ॥८२
तेषान्तु भक्ष्यमाणाना तत्र शालावृकै सह।
शीर्षाणि न्यपतस्तानि खर्जू राण्यभवस्तत ॥८३
एव वरूत्रिण पुत्रा इन्द्रेण निहता पुरा।
यजन्या देवयानी च शुक्रस्य दुहिताऽभवत् ॥८४
त्रिशिरा विश्वरूपस्तु त्वष्टु पुत्राऽभवन्महान्।
विश्वरूपानुजश्चापि विश्वकर्मा यम स्मृत ॥८५
भृगोस्तु भृगवो देवा जज्ञिरे द्वादशात्मजा।
देव्या तान्सुषुवे सर्वान्काव्यश्चैवात्मजान्प्रभु ॥८६
भुवनो भावनश्चैव अन्त्यश्चान्त्यायतस्तथा।
क्रतु श्रवाश्च मूर्द्धा च व्यजयो व्यश्रु पश्च य।
प्रसव श्चाप्यजश्चैव द्वादशोऽधिपति स्मृत ॥८७
इत्येते भृगवो देवा स्मृता द्वादश याज्ञिका।
पौलोम्यजनयत्पुत्र ब्रह्मिष्ठ वशिन विभुम् ॥८८
व्याधित सोऽष्टमे मासि गर्भक्रूरेण कर्मणा।
च्यवनाच्च्यवनासोऽय चेतनन्तु प्रचेतस।
प्राचेतसाच्च्यवनकोधादध्वान पुरुपादज ॥८९
जनयामास पुत्रौ द्वौ सुकन्यायाञ्च भार्गव।
आत्मवान दधीचञ्च तावुभौ साधुसमतौ ॥९०

उनके तिरोभूत हो जाने पर इन्द्र ने धर्म की पत्नी चेतना को ग्रह से छुड़वाकर इनके पश्चात् वह उनका ही अनुसरण करने लगा था ॥८१॥ इनके

पश्चात् इन्द्र के विनाश करने के लिये यत्न करते हुए उन यतियों को वहाँ आये हुए दुष्टों को पुन देखकर इन्द्र उनका हनन कर देवे । फिर दक्षिण मे देवदेव की वेदी मे सो गया था ॥८२॥ शाला वृक्षों के साथ आये हुए उनके वहाँ पर शीर्ष गिर गये थे जो कि फिर खजूर होगये थे ॥८३॥ इस प्रकार से पहिले वरुत्री के पुत्र इन्द्र के द्वारा मारे गये थे । यजनी में देवयानी शुक्र की बेटी हुई थी ॥८४॥ त्वष्टा के त्रिशिरा और विश्वरूप महान् पुत्र उत्पन्न हुआ । विश्वरूप का अनुज भी विश्वकर्मायम कहा गया है ॥८५॥ भृगु के भृगव देव बारह पुत्र उत्पन्न हुए थे । प्रभु काव्य ने उन समस्त पुत्रो को देवी में उत्पन्न किया था ॥८६॥ भुवन–भावन–अन्त्य–आयायत–क्रतुभुवा–मूर्द्धा–व्यजय–व्यश्रुष-प्रसव–अज और बारहवाँ अधिपति कहा गया है ॥८७॥ ये इतने बारह याज्ञिक भृगव देव कहे गये हैं । पौलोमी ने ब्रह्मिष्ठ–वशी–विभु पुत्र को उत्पन्न किया था ॥८८॥ गर्भ क्रूर कर्म से वह अष्टम मास मे व्याधि से युक्त हुआ था । च्यवन से च्यवनास और प्रचेता से चेतन–प्राचेत्यस च्यवन क्रोध से पुरुष से अज ने अथवा को इस प्रकार भार्गव ने सुकन्या मे दो पुत्रो को उत्पन्न किया था जोकि आत्मवान और दधीच ये दोनो बहुत ही साधु सम्मत हुए थे ।८६-६०।

सारस्वत सरस्वत्या दधीचाच्चोपपद्यते ।
रुची पत्नी महाभागा आत्मवनिस्य नाहुषी ॥६१
तस्य ऊर्वोऽत्र पिर्जज्ञे ऊरु भित्त्वा महायशा ।
और्वश्चासीदृचीकस्तु दीप्ताग्निसदृशप्रभ ॥६२
जमदग्निस्त्वृचीकस्य सत्यवत्या व्यजायत ।
भृगोश्च रुचिपर्यायै रौद्रवैष्णवयोस्तथा ॥६३
जमनाद्वैष्णवस्याग्नेर्जमदग्निरजायत ।
रेणुका जमदग्नेस्तु शक्रतुल्यपराक्रमम् ।
ब्रह्मक्षत्रमय राम सुषुवेऽमिततेजसम् ॥६४
और्वस्यासीत्पुत्रशत जमदग्निपुरोगमम् ।
तेषा पुत्रसहस्राणि भार्गवाणा परस्परात् । ६५

ऋष्यन्तरेषु वै बाह्या बहवो भार्गवाः स्मृताः ।
वत्सो विश्वोऽश्विषेणश्च पाण्डः पथ्यः सशौनकः ।
गोत्रेण सप्तमा ह्येते पक्षा ज्ञेयास्तु भार्गवाः ॥६६
भृगुणाङ्गिरसो वंशमग्नेः पुत्रस्य धीमतः ।
यस्यान्ववाये सम्भूता भारद्वाजाः सगौतमाः ।
देवाश्चाङ्गिरसो मुख्यास्त्विषुमन्तो महौजसः ॥६७

दधीच से सरस्वती मे सारस्वत पुत्र उत्पन्न होता है । आत्मज्ञान की महान् भाग वाली नहुष की पुत्री रुचि पत्नी हुई थी ॥६१॥ महान् यश वाले ऋषि ने उसके ऊरुओं का भेदन करके ऊरुओं से और्व ऋचीक दीप्त अग्नि की प्रभा के सदृश हुआ था ॥६२॥ ऋचीक के सत्यवती में जमदग्नि उत्पन्न हुए । उसी प्रकार से रौद्र वैष्णवो के रुचि पर्याय में भृगु के हुए ॥६३॥ वैष्णव अग्नि के जमन से जमदग्नि उत्पन्न हुए । जमदग्नि से रेणुका ने इन्द्र के समान पराक्रम वाले ब्रह्म और क्षत्र से पूर्ण अमित तेज वाले राम (परशुराम) को उत्पन्न किया था ॥६४॥ और्व के जमदग्नि मे पहिले होने वाले सौ पुत्र हुए थे उन भार्गवों के आपस में एक सहस्र पुत्र उत्पन्न हुए थे ॥६५॥ ऋष्यन्तरों में बहुत से बाह्य थे वे भार्गव कहे गये हैं । वत्स–विश्व–अश्विषेण–पाण्ड–पथ्या–सशौनक गोत्र से ये भार्गव सप्तमा पक्ष जानने के योग्य होते हैं ॥६६॥ अब अग्नि के धीमान् पुत्र अङ्गिरस के वंश का श्रवण करो जिसके वंश में सगौतम भारद्वाज उत्पन्न हुए थे । इषुमान् महान् ओज वाले अङ्गिरस देव मुख्य थे ॥६७॥

सुरूपा चैव मारीची कार्दमी च तथा स्वराट् ।
पथ्या च मानवी कन्या तिस्रो भार्या स्त्वथर्वण ।
इत्येताङ्गिरस पत्न्यस्तासु वक्ष्यामि सन्ततिम् ॥६८
अथर्वणस्तु दायादास्तासु जाताः कुलोद्वहाः ।
उत्पन्ना महता चैव तपसा भावितात्मनाम् ॥६९
बृहस्पतिः सुरूपायां गौतमः सुषुवे स्वराट् ।
अवन्ध्यं वामदेवञ्च उतथ्यमुशिजन्तथा ॥१००

धिष्णु पुत्रस्तु पथ्याया सवर्त्तश्चैव मानस ।
विचित्तश्च तथायस्य शरद्वाश्चाप्युतथ्यज ॥१०१
अशिजो दीर्घतमा वृहदुत्थो वामदेवज ।
धिष्णो पुत्र सुधन्वान ऋषभश्च सुधन्वन ॥१०२
रथकारा स्मृता देवा ऋषयो ये परिश्रुता ।
वृहस्पतेर्भरद्वाजो विश्रुत सुमहायशा ॥१०३
अङ्गिरसस्तु सवर्त्तो देवानङ्गिरस शृणु ।
वृहस्पतेर्यवीयासो देवा ह्यङ्गिरस स्मृता ॥१०४
औरसाङ्गिरसः पुना सुरूपाया विजज्ञिरे ।
औदायायुर्दनुर्दक्षो दर्भ प्राणस्तथैव च ।
हविष्माश्च हविष्णुश्च क्रतु सत्यश्च ते दश ॥१०५
अयस्यस्तु उतथ्यश्च वामदेवस्तथोशिज ।
भारद्वाजा शाकृतिका गार्ग्यकाण्वरथीतरा ॥१०६
मुद्गला विष्णुवृद्धाश्च हरिता वायवस्तथा ।
तथा भाक्षा भरद्वाजा आर्षभा किम्भयास्तथा ॥१०७
एते ह्यङ्गिरस पक्षा विज्ञेया दश पञ्च च ।
ऋष्यन्तरेषु वै वाह्या बहवोऽङ्गिरस स्मृता ॥१०८

सुरूपा–मारीची–कादमी तथा स्वराट्–पथ्या–मानवी और कन्या ये तीन अथर्वा की भार्या थी । ये इतनी अंगिरस की भार्या थी उनमे जो सन्तति हुई उसको मैं अब बतलाता हूँ ॥९८॥ अथर्वा के दायाद कुलोद्वह उनमे उत्पन्न हुए थे और भावित आत्मा वालो के महान् तप से उत्पन्न हुए थे ॥९९॥ सुरूपा मे वृहस्पति ने गौतम ने स्वराट् प्रसूत किया । उसी प्रकार से अवन्ध्य–वामदेव उतथ्य और उशिज को उत्पन्न किया था ॥१००॥ पथ्या मे धिष्णु पुत्र हुआ सवर्त्त मानस हुआ । निचिन्त–तथा यस्य–शारद्वान्–उतथाज–अशिज–दीर्घतमा–वृहदुत्थ ये वामदेव से जन्म लेने वाले थे । धिष्णु के पुत्र सुधन्वान–ऋषभ और सुधन्वन थे ॥१०१॥१०२॥ ये देव रथकार कहे गये हैं जो कि ऋषि परिश्रुत थे । वृहस्पति से महान् यश वाला भरद्वाज विश्रुत हुआ था ॥१०३॥ अङ्गिरस

से सम्वर्त्त हुआ अब अङ्गिरस देवो का श्रवण करो। वृहस्पति के जो छोटे देव हैं वे ही अगिरस कहे गये हैं ॥१०४॥ अङ्गिरा के और पुत्र सुरूपा नाम वाली म उत्पन्न हुए थे। औदार्यायु-दनु-दक्ष-दर्भ-प्राण-हविष्मान्-हविष्णु-क्रतु और सत्य वे दश थे ॥१०५॥ अयस्य-उतथ्य-वामदेव-उशिज-भारद्वाज-शाङ्कृतिर-गार्ग्य-काव्य-रथीतर-मुद्गल-विष्णु वृद्धहरित-वायव-भाक्ष-भरद्वाज-आर्षभ-किम्भय ये अगिरस दश और पाँच पक्ष जानने के योग्य होते हैं। अन्यन्तरो मे बहुत से वाह्य अगिरस कहे गये हैं ॥१०६-१०७-१०८॥

मारीच परिवक्ष्यामि वशमुत्तमपूरुषम् ।
यस्यान्ववाये सम्भूत जगत्स्थावरजङ्गमम् ॥१०९
मरीचिरापश्चक्रमे ताभिध्यायन्प्रजेप्सया ।
पुत्र सर्वगुणोपेत प्रजावान् सुरुचिर्दिति ।
सपूज्यते प्रशस्ताया मनसा भाविता प्रभु ॥११०
आहूताश्च तत सर्वा आप समवसत्प्रभु ।
तासु प्रणिहितात्मानमेक सोऽजनयत्प्रभु ॥१११
पुत्रमप्रतिमश्चाम्नारिष्टनेमि प्रजापति ।
पुत्र मरीच सूर्याभ वर्धावेशो व्यजीजनत् ॥११२
अध्यायन् हि सता वाच पुत्रार्थी सलिले स्थित ।
सप्तवर्षसहस्राणि तत सोऽप्रतिमोऽभवत् ॥११३
कश्यप सवितुर्विद्वास्तेन स ब्रह्मण सम ।
मन्वन्तरेषु सर्वेषु ब्राह्मणांशेन जायते ॥११४
कन्यानिमित्तमित्युक्ते दक्षेण कुपिता प्रजा ।
अपिवत्स तदा कश्य कश्य मद्यमिहोच्यते ॥११५
हास्चेरमा हि विज्ञेया ब्रह्मणा कश्य उच्यते ।
कश्य मद्य स्मृत विप्रै कश्यपानात्तु कश्यप ॥११६

अब मारीच उत्तम पुरुषो वाले वश को बतलाता हूँ जिसके वश मे यह समस्त स्थावर और जङ्गम जगत् उत्पन्न हुआ था ॥१०९॥ मरीचि ने जल उत्पन्न किये और प्रजा की इच्छा से उनके द्वारा ध्यान करते हुए समस्त गुणो

स युक्त प्रजा वाला पुत्र प्राप्त किया सुरुचि और दिति सम्पूजित होते हैं। प्रभु ने मन से प्रसन्नता में भावित किया था ॥११०॥ इसके अनन्तर समस्त जलों को आहृत किया और प्रभु ने निवास किया था। उनमें उस एक प्रभु ने प्रणिहित आत्मा वाले का उत्पन्न किया था ॥१११॥ प्रजापति अरिष्टनेमि ने नाम से अप्रतिम पुत्र को और वधौवेन में सूर्य के समान आभा वाले मरीच पुत्र को जन्म दिया था ॥११२॥ सत्पुरुषों की वाणी का अध्यापन करते हुए पुत्र की इच्छा वाले ने सात हजार वर्ष तक जल में स्थिति की तब वह अप्रतिम पुत्र उत्पन्न हुआ था ॥११३॥ सविता का कश्यप महान् विद्वान् था इससे ब्रह्मा के समान हुआ। समस्त मन्वन्तरों में ब्राह्मणों से उत्पन्न होता है ॥११४॥ कर्म के निमित्त—यह कहने पर दक्ष के द्वारा प्रजा कुपित हुई थी। तब उसने कश्य का पान किया था। यहाँ पर कश्य मद्य कहा जाता है ॥११५॥ ह्रीश्रोज़ को जाननी चाहिए ब्रह्मा का कश्य कहा जाता है। विप्रों के द्वारा कश्य मद्य कहा गया है। कश्य के पान से कश्यप कहा गया है ॥११६॥

करोति नाम यद्वाचा वाच क्रूरमुदाहृतम् ।
दक्षाभिशप्त कुपित कश्यपस्तेन सोऽभवत् ॥११७
तस्माच्च कश्यपेनोक्तो ब्रह्मणा परमेष्ठिना ।
तस्माद्दक्ष कश्यपाय कन्यास्ता प्रत्यपद्यत ।
सर्वाश्च ब्रह्मवादिन्य सर्वास्ता लोकमातर ॥११८
इत्येतमृषिगन्तु पुण्य यो वेद कारणम् ।
आयुष्मान् पुण्यवान् शुद्ध सुखमाप्नोत्यनुत्तमम् ।
धारणात् श्रवणाच्चैव सर्वपापै प्रमुच्यते ॥११९
अथाब्रुवन् पुन सर्वे मुनयो रोमपर्णम् ।
विनिवृत्ते प्रजासर्गे षष्ठे वै चाक्षुषस्य ह ।
निसर्ग सम्प्रवृत्तोऽथ मनोर्वैवस्वतस्य ह ॥१२०
प्रजा सृजेति व्यादिष्ट स्वय दक्ष स्वयम्भुवा ।
ससर्ज दक्षा भूतानि गतिमन्ति ध्रुवाणि च ।
उपस्यितेऽन्तर ह्यस्मिन् मनोर्वैवस्वतस्य ह ॥१२१

तत प्रवृत्तो दक्षस्तु प्रजाः स्रष्टुश्चतुर्विधा. ।
जरायुजा अण्डजाश्च उद्भिज्जा. स्वेदजास्तथा ॥१२२
दशवर्ष सहस्राणि तप्त्वा घोर महत्तप. ।
सम्भावितो योगबलैरणिमाद्यं विशेषत ॥१२३

जो वाणी को करता है और क्रूर वाणी उदाहृत की है। दक्ष के द्वारा अभिशप्त कश्यप कुपित हुए इससे वह हुए ॥११७॥ इससे परमेष्ठी ब्रह्मा के द्वारा कश्यप कहे गये और इससे दक्ष ने वे कन्याऐं कश्यप के लिये दी थी। वे सभी ब्रह्मवादिनी और लोक माताऐं थी ॥११८॥ इस कारण परम पुण्य ऋषि सर्ग को जो जानता है वह आयु वाला पुण्य वाला शुद्ध होकर सर्वश्रेष्ठ सुख की प्राप्ति किया करता है। इसके धारण करने से तथा श्रवण करने से समस्त पापो से प्रमुक्त हो जाया करता है ॥११९॥ इसके अनन्तर समस्त मुनियो ने फिर रोमहर्षण से कहा—चाक्षुष के छटे प्रजा सर्ग के विशेष रूप से निवृत्त होजाने पर फिर वैवस्वत मनु का यह निसर्ग सम्प्रवृत्त हुआ था ॥१२०॥ श्री सूतजी ने कहा—स्वयम्भू ब्रह्मा के द्वारा स्वय दक्ष को आज्ञा दी गई कि प्रजा का सृजन करो। तब दक्ष ने गतिमान् और ध्रुव प्राणियो का सृजन किया। उसमे वैवस्वत मनु का यह अन्तर उपस्थित हुआ ॥१२१॥ इसके पश्चात् जरायुज—अण्डज—उद्भिज्ज और स्वेदज इस तरह से चार प्रकार की प्रजा का सृजन करने के लिए प्रजापति दक्ष प्रवृत्त होगये थे ॥१२२॥ दस हजार वर्ष पर्यन्त महान् घोर तपस्या करके अणिमा आदि जो योग के बल थे उनमे विशेष रूप से सम्भावित होगये थे ॥१२३॥

आत्मान व्यभजन् श्रीमान् मनुष्योरगराक्षसान् ।
देवासुरसगन्धर्वान् दिव्यमहननप्रजान् ।
ईश्वरानात्मनस्तुल्यान् रूपद्रविणतेजसा ॥१२४
तथैवान्यानि मुदितो गतिमन्ति ध्रुवाणि च ।
मानसान्येव भूतानि सिसृक्षुर्विविधाः प्रजा ॥१२५
ऋषीन् देवान् सगन्धर्वान् मनुष्योरगराक्षसान् ।
यक्षभूतपिशाचांश्च वय पशुमृगांस्तथा ॥१२६

यदास्य मनसा सृष्टा न व्यवर्द्धन्त ता प्रजा ।
अपध्याता भगवता महादेवेन धीमता ॥१२७
मैथुनेन च भावेन सिसृक्षुर्विविधा प्रजा ।
असिक्नी चावहत् पत्नी वीरणस्य प्रजापते ॥१२८
सुता सुमहता युक्ता तपसा लोकधारिणीम् ।
यया धृतमिद सर्व जगत् स्थावरजङ्गमम् ॥१२६
अत्राप्युदाहरन्तीमौ श्लोकौ प्राचेतस प्रति ।
दक्षस्योद्वहतो भार्यामसिक्नी वीरिणी पराम् ॥१३०

फिर श्रीमान् ने अपने आपको मनुष्य–उरग–राक्षस देव–असुर–गन्धर्व–दिव्य सहननप्रजा–ईश्वर रूप–धन और तेज से अपने ही तुल्य विभाजित किया था ॥१२४॥ उसी प्रकार से परम मुदित होते हुए अन्य गतिमान् और ध्रुव मानस ही प्राणियो को एव अनेक प्रकार की प्रजाओ का सृजन किया था ।१२५। ऋषियो को–देवो को–गन्धर्वो को–मनुष्य–उरग और राक्षसो को, यक्ष–भूत और पिशाचो को पक्षी–पशु और मृगो को जिस समय इसने मनसे सृजन किया था तो वह प्रजा की वृद्धि नही हुई थी । क्योकि वह प्रजा धीमान् महादेव भगवान् के द्वारा अपध्यात थी ॥१२७॥ फिर मैथुन के भाव से अनेक प्रकार की प्रजा का सृजन किया था । प्रजापति वीरण की असिक्नी पत्नी को वहन किया था ॥१२८॥ प्रजापति वीरण की सुता सुमहान् तपसे युक्त थी और लोकोको धारण करने वाली थी जिसने इस सम्पूर्ण स्थावर और जङ्गम जगत् को धारण किया था ॥१२६॥ परम वीरिणी असिक्नी भार्या का उद्वहन करने वाले दक्ष प्राचेतस से प्रगति य दो श्लोक है जिनको यहाँ पर भी उदाहृत किया जाना है ॥१३०॥

कूपाना नियुत दक्ष सर्पिणा साभिमानिनाम् ।
नदीगिरिषु सज्जंस्ता पृष्ठतोऽनुययौ प्रभु ॥१३१
त दृष्ट्वा ऋषिभि प्रोक्त प्रतिष्ठास्यति वै प्रजा ।
प्रथमात्र द्वितीया तु दक्षस्येह प्रजापते ॥१३२
तथागच्छद्यथाकाल कूपाना नियुते तु स ।
असिक्नी वैरिणी यत्र दक्ष प्राचेतसोऽवहत् ॥१३३

अथ पुत्रसहस्र स वैरिण्याममितौजसा ।
असिक्न्या जनयामास दक्ष प्राचेतस प्रभु ॥१३४
तांस्तु दृष्ट्वा महातेजा स विवर्द्धयिपून् प्रजा ।
देवर्षि प्रियसवादो नारदो ब्रह्मण सुत ।
नाशाय वचन तेषा शापायैवात्मनोऽब्रवीत् ॥१३५
य स वै प्रार्थ्यते विप्र कश्यपस्येति कृत्रिम ।
दक्षशापभयाद्भीतो ब्रह्मर्षिस्तेन कर्मणा ॥१३६
य कश्यपसुतस्याथ परमेष्ठी व्यजायत ।
मानस कश्यपस्येह दक्षशापभयात् पुन १३७
तस्मात् स कश्यपस्याथ द्वितीय मानसोऽभवत् ।
सहि पूर्वसमुत्पन्नो नारद परमेष्ठिन ॥१३८
येन दक्षस्य पुत्रास्ते हर्यश्वा इति विश्रुता ।
निन्दार्थं नाशिता सर्गे विनष्टाश्च न सशय १३९
तस्योद्यतस्तदा दक्ष क्रुद्धो नाशाय वै प्रभु ।
ब्रह्मर्षीन् वै पुरस्कृत्य याचित परमेष्ठिना ॥१४०

साभिमानी सर्पी कूपो का एक नियुत नदी और पर्वतो मे सर्जन करते हुए प्रभु दक्षने उनके पीछे अनुगमन किया था ॥१३१॥ उसको देखकर ऋषियों ने कहा प्रजाओं को प्रतिष्ठित करेगा । यहाँ प्रजापति दक्षकी प्रथमा है, द्वितीया तो यथाकाल उसी प्रकार से कूपो के नियुत मे चली गई उस प्राचेतस दक्ष ने जहाँ पर वैरिणी असिक्नी का उद्वहन किया था ॥१३२॥१३३॥ इसके अनन्तर उस प्राचेतस दक्ष ने वैरिणी असिक्नी मे अपरिमित ओज से एक सहस्र पुत्र उत्पन्न किये थे ॥१३४॥ महान् तेजवाले उसने प्रजाओ के बढाने की इच्छा वाले उनको देखकर ब्रह्मा के पुत्र देवर्षि प्रिय सम्वाद वाले नारद ने उनके नाश के लिये ही वचन बोला ॥१३५॥ जो वह कश्यप का कृत्रिम विप्र है यह कहा जाता है । ब्रह्मर्षि उस कर्म से दक्ष के शाप के भय से डरगया ॥१३६॥ इसके अनन्तर जो कश्यप सुतका परमेष्ठी उत्पन्न हुआ था दक्ष के शाप के भय से फिर यहाँ कश्यप का मानस पुत्र हुआ ॥१३७॥ इसने वह कश्यप का द्वितीय मानस हुआ

था। वह परमेष्ठी का नारद पूर्व में समुत्पन्न हुआ ॥१३८॥ जिससे दक्ष के वे पुत्र हर्यश्व इस नगर से प्रसिद्ध हुए थे। निन्दा के लिये नाश कर दिये गये थे और सभी विनष्ट होगये इसमें संशय नहीं है ॥१३९॥ उस समय प्रभु दक्ष क्रुद्ध होकर उनके नाश के लिये उद्यत होगये थे। तब परमेष्ठी के द्वारा ब्रह्मर्षियों को आगे करके उसमें याचना की गई थी ॥१४०॥

ततोऽभिसन्धित चक्रे दक्षस्तु परमेष्ठिना।
कन्याया नारदो मह्य तव पुत्रो भवत्विति ॥१४१
ततो दक्ष सुता प्रादात् प्रियां वै परमेष्ठिने।
तस्मात् स नारदो जज्ञे भूय शान्तो भयादृषि॥१४२
तदुपश्रुत्य विप्रास्ते जातकौतूहलाः पुन।
अपृच्छन् वदतां श्रेष्ठ सूत तत्त्वार्थदर्शिनम् ॥१४३
कथ विनाशिता पुत्रा नारदेन महात्मना।
प्रजापतिसुतास्ते वै प्रजा प्राचेतसात्मजा ॥१४४
स तथ्य वचन श्रुत्वा जिज्ञासासम्भव शुभम्।
प्रोवाच मधुर वाक्य तेषा सर्वगुणान्वितम् ॥१४५
दक्षपुत्राश्च हर्यश्वा विवर्द्ध यिषव प्रजा।
समागता महावीर्या नारदस्तानुवाच ह ॥१४६
बालिशा बत यूय वै न प्रजानीथ भूतलम्।
अन्तमूर्द्ध मधश्चैव कथ स्रक्ष्यथ वै प्रजा ॥१४७
कि प्रमाणन्तु मेदिन्या स्रष्टव्यानि तथैव च।
अविज्ञायेह स्रष्टव्यमन्यथा किं नु स्रक्ष्यथ।
अल्प वापि बहुर्वापि तत्र दोषस्तु दृश्यते ॥१४८

इसके पश्चात् दक्ष ने परमेष्ठी के साथ अभिसन्धित किया कन्या में नारद मेरे लिये तुम्हारा पुत्र होजावे ॥१४१॥ इसके अनन्तर दक्ष ने प्यारी पुत्री को परमेष्ठी के लिये दे दिया उससे वह नारद ऋषि फिर भय से शान्त उत्पन्न हुए ॥१४२॥ उन विप्रो ने यह सुनकर कौतूहल वाले होते हुए बोलने वालों में श्रेष्ठ और तत्वार्थ को देखने वाले सूतजी से पूछा ॥१४३॥ ऋषियों ने कहा—महान्

आत्मा वाले नारद ने पुत्रों को कैसे विनाशित किया था वे तो सब प्रजापति के पुत्र और प्राचेतस के आत्मज थे ॥१४४॥ उसने शुभ और जानने की इच्छा में होने वाले ऋषियों के तथ्य वचनों को सुनकर उनको मधुर समस्त गुणों से अन्वित वाक्य बोले ॥१४५॥ प्रजा के विवर्द्धन करने की इच्छा वाले हर्यश्व नाम वाले दक्ष के पुत्र जो महान् वीर्य वाले वहाँ आगये और नारद ने उनसे कहा—॥१४६॥ तुम सब महामूर्ख हो अन्त—ऊर्द्ध और अधस्तल अर्थात् नीचेका भाग इस भूतल को नहीं जानते हो फिर तुम कैसे प्रजा का सृजन करोगे ? ॥१४७॥ इस मेदिनी का क्या प्रमाण है तथा क्या प्रमाण वाले सृजन करने के योग्य हैं। यहाँ पर यह न जानकर अन्यथा सृजन करना चाहिए, क्या तुम सृजन करोगे ? अल्प है या बहुत है, वहाँ पर दोष स्पष्ट दिखलाई देता है ॥१४८॥

ते तु तद्वचनं श्रुत्वा प्रयाताः सर्वतोदिशम् ।
वायुन्तु समनुप्राप्य गतास्ते वै पराभवम् ॥१४६
अद्यापि न निवर्त्तन्ते भ्रमन्तो वायुमिश्रिताः ।
एवं वायुपथं प्राप्य भ्रमन्ते ते महर्षय ॥१५०
स्वेषु पुत्रेषु नष्टेषु दक्ष प्राचेतस पुन ।
वैरिण्यामेव पुत्राणां सहस्रमसृजत् प्रभु ॥१५१
प्रजा विवर्द्धयिषवः शवलाश्वा पुनस्तु ते ।
पूर्वमुक्तं वचस्तत्र श्राविता नारदेन ह ॥१५२
तच्छ्रुत्वा वचनं सर्वे कुमारास्ते महौजस ।
अन्योऽन्यमूचुस्ते सर्वे सम्यगाह महानृषि ।
भ्रातृणां पदवी चैव गन्तव्या नात्र संशय ॥१५३
ज्ञात्वा प्रमाणं पृथ्व्याश्च सुखं स्रक्ष्यामहे प्रजा ।
तेऽपि तेनैव मार्गेण प्रयाता सर्वतोदिशम् ।
अद्यापि न निवर्त्तन्ते समुद्रेभ्य इवापगा ॥१५४
ततः प्रभृति वै भ्राता भ्रातुरन्वेषणे रत ।
प्रयातो नश्यति तथा तत्र कार्यं विजानता ॥१५५

उन लोगो ने नारद का यह वचन सुना और उसे सुनकर वे सब दिशाओं म चले गये। वायु को समनुप्राप्त कर वे पराभव को प्राप्त हुए ।१४९। वे वायु से मिश्रित होते हुए आज तक भी भ्रमण करते हुए ही है और नहीं लौट पा रहे है। इस प्रकार से वायु के पथ को प्राप्त होकर वे महर्षिगण भ्रमण किया करते है ॥१५०॥ अपने पुत्रो के नष्ट हो जाने पर प्राचेतस दक्ष ने फिर वैरिणी पत्नी मे ही उस प्रभु ने एक सहस्र पुत्र उत्पन्न किये थे ॥१५१॥ प्रजा के विवर्द्धन करने की इच्छा वाले वे शबलाश्व फिर नारद के द्वारा वहाँ पर वह पूर्व मे कहा हुआ वचन सुनाये गये थे ॥१५२॥ महान् ओज वाले वे सब कुमारो ने उस वचन को सुनकर आपस मे एक दूसरे से बोले महर्षि ने ठीक ही कहा है। भाइयो की पदवी अर्थात् मार्ग को जानना चाहिए, इसमें कुछ भी संशय नहीं है ॥१५३॥ पृथ्वी का प्रमाण जानकर प्रजा का सुख पूर्वक सृजन करेंगे। वे सब भी उसी मार्ग से सम्पूर्ण दिशाओं की ओर चले गये थे। समुद्रो म गई हुई नदियो की भाँति वे भी अभी तक नहीं लौट रहे है ॥१५४॥ तभी से लेकर भाई भाई के अन्वेषण करने म रत होता हुआ प्रयाण करता था और वहाँ नष्ट हो जाता है क्योकि उस प्रकार से कार्य की जानकारी नहीं रहती थी ॥१५५॥

नष्टेषु शबलाश्वेषु दक्ष क्रुद्धोऽभवद्विभु ।
नारद नाशमेहीति गर्भवास वसेति च ॥१५६
तथा तेष्वपि नष्टेषु महात्मसु पुरा किल ।
षष्टिकन्याऽसृजद्दक्षो वैरिण्यामेव विश्रुता ॥१५७
तास्तदा प्रतिजग्राह पत्न्यर्थं कश्यप प्रभुः ।
धर्मः सोमस्तु भगवास्तथैवान्ये महर्षय ॥१५८
इमा विसृष्टि दक्षस्य कृत्स्ना यो वेद तत्त्वत ।
आयुष्मान् कीर्तिमान् धन्य प्रजावाश्च भवत्युत ॥१५९

शबलाश्व पुत्रो के नष्ट होजाने पर विभु दक्ष बहुत ही अधिक क्रोधित हुआ था और 'नारद नाश को प्राप्त होजा तथा गर्भ के आवास अर्थात् गर्भ मे निवास प्राप्त कर' ऐसा शाप दे दिया था ॥१५६॥ पहिले समय मे उस प्रकार

में उन महान् आत्मा वालों के नष्ट हो जाने पर दक्ष ने वैरिणी पत्नी में ही प्रसिद्ध साठ कन्याओं का सृजन किया था ॥१५७॥ उन समस्त कन्याओं ने पत्नी के रूप में प्राप्त होने के लिये प्रभु कश्यप को स्वीकार किया था। भगवान् धर्म-सोम और उसी प्रकार से अन्य महर्षिगण थे ॥१५८॥ जो कोई पुरुष दक्ष प्रजा पति की इस विशेष रूप वाली सृष्टि को सम्पूर्ण रूप से तत्त्वपूर्वक जानता है वह परमायु वाला-कीर्तिवाला और प्रजावाला धन्य होता है ॥१५६॥

## प्रकरण ४८--ऋषि वंशानु कीर्तन

एव प्रजासु सृष्टासु कश्यपेन महात्मना।
प्रतिष्ठितासु सर्वासु स्थावरासु चरासु च ॥१
अभिषिच्याधिपत्येषु तेषां मुख्य प्रजापति।
तत क्रमेण राज्यानि व्यादेष्टुमुपचक्रमे ॥२
द्विजातीना वीरुधाञ्च नक्षत्राणा ग्रहै सह।
यज्ञाना तपसाञ्चैव सोम राज्येऽभ्यषेचयत् ॥३
बृहस्पति तु विश्वेषां ददावङ्गिरसां पतिम्।
भृगूणामधिपञ्चैव काव्य राज्येऽभ्यषेचयत् ॥४
आदित्याना पुनर्विष्णु वसूनामथ पावकम्।
प्रजापतीना दक्षञ्च मरुतामथ वासवम् ॥५
दैत्यानामथ राजान प्रह्लाद दितिनन्दनम्।
नारायण तु साध्याना रुद्राणा वृषभध्वजम् ॥६
विप्रचित्तिञ्च राजान दानवानामथादिशत्।
अपा तु वरुण राज्ये राज्ञा वैश्रवण पतिम्।
यक्षाणां राक्षसानाञ्च पार्थिवानां धनस्य च ॥७

श्री सूतजी ने कहा—महान् आत्मा वाले कश्यप के द्वारा इस प्रकार से प्रजाओं का सृजन करने पर और समस्त स्थावर तथा जङ्गम प्रजाओं के प्रतिष्ठित किये जाने पर उनके आधिपत्य के स्थान पर उनमें से मुख्य को प्रजापति

का अभिषेक करके इसके पश्चात् क्रम से राज्यों का आदेश करने का उपक्रम किया था ॥१-२॥ द्विजातियों के वीरुधों के ग्रहों और नक्षत्रों के साथ यज्ञों का और तपों का राज्य में सोम को अभिषिक्त किया था अर्थात् उक्त सबका अधिपति चन्द्र को बनाया था ॥३॥ अङ्गिरस विश्वकों का पति बृहस्पति और भृगुओं का अधिप काव्य को राज्य में अभिषिक्त किया था ॥४॥ आदित्यों का विष्णु को—वसुओं के पावक को—प्रजापतियों का दक्ष को और मरुतों का इन्द्र को राज्य में अधिप अभिषिक्त किया था ॥५॥ इसके पश्चात् दैत्यों का राजा दितिनन्दन प्रह्लाद को—साध्यों का अधिप नारायण को—रुद्रों का अधिप वृषभध्वज को बनाया था ॥६॥ दानवों का अधिप राजा विप्रचित्ति को आदिष्ट किया था—जलों का स्वामी वरुण को और सब राजाओं के राज्य में वैश्रवण (कुबेर) को पति बनाया था यक्षों और राक्षसों का—पार्थिवों का और धन का भी अधिप भी कुबेर को ही अभिषिक्त किया था ॥७॥

वैवस्वतं पितॄणाञ्च यमं राज्येऽभ्यषेचयत् ।
सर्वभूतपिशाचानां गिरिशं शूलपाणिनम् ॥८
शैलानां हिमवन्तञ्च नदीनामथ सागरम् ।
गन्धर्वाणामधिपतिं चक्रे चित्ररथं तदा ॥९
उच्चैःश्रवसमश्वानां राजानञ्चाभ्यषेचयत् ।
मृगाणामथ शार्दूलं गोवृषञ्च चतुष्पदाम् ॥१०
पक्षिणामथ सर्वेषां गरुडं पततां वरम् ।
गन्धानां मातुलञ्चैव भूतानामशरीरिणाम् ॥११
शब्दाकाशबलानाञ्च वायुं बलवतां वरम् ।
सर्वेषां दंष्ट्रिणां शेषं नागानामथ वासुकिम् ॥१२
सरीसृपाणां सर्पाणां नागानाञ्चैव तक्षकम् ।
सागराणां नदीनाञ्च मेघानां वर्षितस्य च ।
आदित्यानामन्यतमं पर्जन्यमभिषिक्तवान् ॥१३
सर्वाप्सरोगणानाञ्च कामदेवं तथैव च ।
ऋतूनामथ मासानामार्त्तवानां तथैव च ॥१४

पक्षाणाञ्च विपक्षाणां मुहूर्त्तानाञ्च पर्वणाम् ।
कलाकाष्ठाप्रमाणानां गते रयनयोस्तथा ।
गणितस्याथ योगस्य चक्रे सवत्सरं प्रभुम् ॥१५

पितृगण का स्वामी वैवस्वत यम को राज्य में अधिप अभिषिक्त किया था। समस्त भूतगणों और पिशाचों का स्वामी शूल पाणि गिरिश को बनाया ॥८॥ शैलों का स्वामी हिमाचल को—नदियों का पति सागर को—गन्धर्वों का अधिपति उस समय में चित्ररथ को बनाया था ॥९॥ अश्वों का राजा उच्चैःश्रवा को राजा बनाकर अभिषिक्त किया था। समस्त मृग अर्थात् पशुओं का राजा शार्दूल को और चतुष्पदों का अधिप गोवृष को बनाया था ॥१०॥ समस्त पक्षियों का स्वामी पक्षियों में परमश्रेष्ठ गरुड को बनाया। गन्धों के स्वामी को और बिना शरीर वाले प्राणी शब्द—आकाश और बल इन सबका स्वामी बलवानों में श्रेष्ठ वायु का तथा सम्पूर्ण दंष्ट्राधारी जीवों का अधिप शेष को और नागों का स्वामी वासुकि को अभिषिक्त किया था ॥११-१२॥ सरीसृप—नाग और सर्पों का राजा तक्षक को बनाया था। सागरों का—नदियों का—मेघों का—वर्षिन का आदित्यों का अन्यतम पर्जन्य को स्वामी अभिषिक्त किया था ॥१३॥ समस्त अप्सराओं के समुदाय का राजा कामदेव को अभिषिक्त किया था। ऋतुओं का—मासों का—आर्त्तवों का—पक्षों का—विपक्षों का—मुहूर्त्तों का—पर्वों का—कला एवं काष्ठा प्रमाणों का—गति का तथा दोनों अयनों का—गणित का और योग का स्वामी सम्वत्सर को बनाया था ॥१३-१४-१५॥

प्रजापतिर्वै रजसं पूर्वस्यान्दिशि विश्रुतम् ।
पुत्रं नाम्ना सुधामानं राजानं सोऽभ्यषेचयत् ॥१६
पश्चिमायां दिशि तथा रजसः पुत्रमच्युतम् ।
केतुमन्तं महात्मानं राजानं सोऽभ्यषेचयत् ॥१७
मनुष्याणामधिपतिं चक्रे चैवं सुतं मनुम् ।
तैरियं पृथिवी सर्वा सप्तद्वीपा सपत्तना ।
यथाप्रदेशमद्यापि धर्मेण परिपाल्यते ॥१८

स्वायम्भुवेऽन्तरेपूर्वं ब्रह्मणा तेऽभिषेचिताः ।
नृपा ह्य तेऽभिषिच्यन्ते मनवो ये भवन्ति वै ॥१६
मन्वन्तरेष्वतीतेषु गता ह्य तेषु पार्थिवा ।
एवमन्येऽभिषिच्यन्ते प्राप्ते मन्वन्तरे पुन ।
अतीतानागता सर्वे स्मृता मन्वन्तरेश्वरा ॥२०
राजसूयेऽभिषिक्तश्च पृथुरेभिर्नरोत्तमैः ।
वेददृष्टे न विधिना कृतो राजा प्रतापवान् ॥२१
एतानुत्पाद्य पुत्रास्तु प्रजासन्तानकारणात् ।

रजका प्रजापति पूर्व दिशा मे बहुत ही प्रसिद्ध सुधामा नाम वाले पुत्रको उसने राजा अभिषिक्त किया था । ।१६।। पश्चिम दिशा मे रजस के पुत्र अच्युत को महान् आत्मा वाले केतुमान् को उसने राजा अभिषिक्त किया था ।।१७।। और समस्त मनुष्यो का स्वामी मनु सुत को बनाया । उसके द्वारा यह समस्त सात द्वीपा वाली भूमि और पत्तनो(नगर)के सहित प्रदेशके अनुसार आजतक धी धर्म के साथ परिपालित की जाती है ॥१८॥ स्वायम्भुव मन्तर मे पहिले ये सब ब्रह्मा ने अभिषिक्त किये थे । जो मनु होते हैं ये नृप अभिषिञ्चित किये जाते है ॥१६॥ इन मन्वन्तरो मे अतीत होजाने पर पार्थिव चले गये थे । फिर अन्य मन्वन्तर प्राप्त होने पर अन्य इसी प्रकार स अभिषिक्त किये जाते है । अतीत तथा अनागत समस्त मन्वन्तरेश्वर कहे गये हैं ॥२०॥ इन श्रेष्ठ मानवो के द्वारा राजसूय मे पृथु अभिषिक्त किया गया था जोकि वेदोक्त विधि से प्रतापवान् राजा बनाया गया है ॥२१॥

पुनरेव महाभाग प्रजाना पतिरीश्वर ॥२२
कश्यपो गोत्रकामस्तु चचार परम तप ।
पुत्रौ गोत्रकरौ मह्य भवेतामित्यचिन्तयत् ॥२३
तस्य प्रध्यायमानस्य कश्यपस्य महात्मन. ।
ब्रह्मणोऽशौ सुतौ पश्चात् प्रादुर्भूतौ महौजसौ ॥२४
वत्सारश्चासितश्चैव तावुभौ ब्रह्मवादिनौ ।
वत्साराग्निध्रुवो जज्ञे रैम्यश्च स महायशा ॥२५

रैभ्यस्य रैभ्या विज्ञेया निध्रुवस्य निबोधत ।
च्यवनस्य सुकन्यायां सुमेधाः समपद्यत ॥२६
निध्रुवस्य तु या पत्नी माता वै कुण्डपायिनाम् ।
अमितस्यैकपर्णायां ब्रह्मिष्ठ समपद्यत ॥२७
शाण्डिल्यानां वच श्रुत्वा देवलः सुमहायशाः ।
निध्रुवाः शाण्डिल्या रैभ्यास्त्रय पश्चात्तु कश्यपा. ॥२८
वरप्रभृतयो देवा देवलस्य प्रजास्त्रिमा· ॥२६

उस दुधर्ष के प्रयाण करने पर दिव मे एक महान् शब्द हुआ कि आज से लेकर यह राजा धुन्धु मार इस नाम से प्रथित हो जायगा। यह आकाशवाणी हुई थी ॥५०॥ देवगण ने दिव्य पुष्पो के द्वारा अति अद्भुत उसका समर्थन किया था और वह पुरुष व्याघ्र वीर्य वाला पुत्रो के साथ वहाँ गया था ॥५१॥ नारायण के तेज से आप्यायित उस राजर्षि ने वहाँ उस वालुकार्णव अव्यय समुद्र का खनन किया था ॥५२॥ वह अत्यन्त बलवान् राजा उत्तङ्क के वश मे स्थित हुआ था। उस समय खनन करने वाले उस राजा के पुत्रो ने वालुकाओ मे छिपा हुआ वह धुन्धु प्राप्त कर लिया था जोकि पश्चिम दिशा मे आश्रम बना कर मुख से उत्पन्न अग्नि से मानो लोको का उद्वर्तन करता हुआ था, बहुत ही क्रुद्ध हो रहा था ॥५३-५४॥ सोम के उदय मे समुद्र की भाँति योग से जल छोडा, हे सोम पान करने वालो मे श्रेष्ठ! महान् धार की ऊर्मियो से कलिल होगया था ॥५५॥ उसके पुत्र निर्दग्ध हो गये थे, राक्षस तीन से कम थे, इसके अनन्तर धुन्धु के बन्धुओ का निबर्हण करने वाले अति बलवान् नराधिप ने उसके जलमय वेग को पी लिया था। योगी ने योग के द्वारा अग्नि का जल से शमन कर दिया था ॥५६-५७॥ बल से उदक राक्षस महान् काय वाले उसको निरस्त कर दिया और नराधिप ने अपना कार्य समाप्त कर उत्तङ्क को दिखला दिया था ॥५८॥

उत्तङ्कश्च वरं प्रादात्तस्मै राज्ञे महात्मने।
अदात्तस्याक्षयं वित्तं शत्रुभिश्चाप्यधृष्यताम् ॥५९

धर्म्मे गतिश्च सतत स्वर्गे वास तथाक्षयम् ।
पुत्राणां चाक्षयाँल्लोकान् स्वर्गे ये राक्षसा हताः ॥६०
तस्य पुत्रास्त्रय शिष्टा दृढाश्वो ज्येष्ठ उच्यते ।
भद्राश्व कपिलाश्वश्च कनीयांसौ तु तौ स्मृतौ ॥६१
धौन्धुमारिर्दृढाश्वस्तु हर्यश्वस्तस्य चात्मज ।
हर्यश्वस्य निकुम्भोऽभूत् क्षत्रधर्मरत सदा ॥६२
महताश्वो निकुम्भस्य श्रुतो रणविशारद. ।
कृशाश्वश्चाक्षयाश्वश्च महताश्व सुतावुभौ ॥६३
तस्य पत्नी हैमवती सता मतिदृषद्वती ।
विख्याता त्रिषु लोकेषु पुत्रस्तस्या प्रसेनजित् ॥६४
युवनाश्व सुतस्तस्य त्रिषु लोकेष्वतिद्युति ।
अत्यन्तधार्मिको गौरी तस्य पत्नी पतिव्रता ॥६५
अभिशस्ता तु सा भर्त्रा नदी सा बाहुदा कृता ।
तस्यास्तु गौरिक पुत्रश्चक्रवर्त्ती बभूव ह ॥६६
मान्धाता यौवनाश्वो वै त्रैलोक्यविजयी नृप ।
अत्राप्युदाहरन्तीमौ श्लोकौ पौराणिका द्विजा ॥६७
यावत्सूर्य उदयति यावच्च प्रतितिष्ठति ।
सर्वं तद्यौवनाश्वस्य मान्धातु क्षेत्रमुच्यते ॥६८

उत्तङ्क ने उस महान् आत्मा वाले राजा को वरदान दिया था और उसे अक्षय धन तथा शत्रुओं के द्वारा अपराजित होने का भी वर दिया था ।५९। मुनि ने राजा को धर्म में प्रेम-सदा स्वर्ग में निवास आदि कभी क्षीण न हो, पुत्रों को अक्षय लोक आदि स्वर्ग में राक्षस दग्ध हुए, दिया था ॥६०॥ उसके तीन पुत्र शेष रहे उनमें दृढाश्व बड़ा जाना है । भद्राश्व और कपिलाश्व दो छोटे कहे गये हैं ॥६१॥ दृढाश्व धौन्धुमारि था और उसका हर्यश्व हुआ था । हर्यश्व का क्षत्रधर्म में रति रखने वाला निकुम्भ पुत्र हुआ था ॥६१-६२॥ निकुम्भ का रण विशारद परम पण्डित महताश्व पुत्र हुआ था । महताश्व के कृशाश्व और अक्षयाश्व ये दो पुत्र उत्पन्न हुए थे ॥६३॥ सत्पुरुषों की मति

दृषद्वती हैमवती प्राम वाली उनकी पत्नी थी जो कि तीनों लोकों में परम विख्यात थी, उसका पुत्र प्रसेनजित् हुआ था ।।६४।। उसका पुत्र तीनों लोकों में अत्यन्त द्युतिवाला युवनाश्व हुआ था जोकि अत्यन्त धार्मिक था उसकी पतिव्रता पत्नी गौरी थी ।।६५।। वह उसके स्वामी के द्वारा अभिशस्त हुई और वह बाहुदा नदी कर दी गई थी । उसका पुत्र गौरिक चक्रवर्ती हुआ था ।।६६।। मान्धाता यौवनाश्व त्रैलोक्य के विनाश करने वाला राजा हुआ था। यहाँ पर भी पौराणिक द्विज दो श्लोकों को कहा करते हैं ।६७। जब तक सूर्य उदित होता है और जब तक वह यहाँ प्रतिष्ठित रहता है, वह समस्त यौवनाश्व मान्धाता का क्षेत्र कहा जाता है ।।६८।।

अत्राप्युदाहरन्तीम श्लोक वंशविदो जना ।
यौवनाश्व महात्मान यज्वानममितौजसम् ।
मान्धाता तु तनुर्विष्णोः पुराणज्ञा. प्रचक्षते ।।६९
तस्य चैत्ररथी भार्य्या शशविन्दो सुताऽभवत् ।
साध्वी बिन्दुमती नाम रूपेणाप्रतिमा भुवि ।।७०
पतिव्रता च ज्येष्ठा च भ्रातृणामयुतस्य सा ।
तस्यामुत्पादयामास मान्धाता त्रीन् सुतान् प्रभु ।।७१
पुरुकुत्समम्बरीष मुचुकुन्दञ्च विश्रुतम् ।
अम्बरीषस्य दायादो युवनाश्वोऽपरः स्मृत ।।७२
हरितो युवनाश्वस्य हारिताः शूरयः स्मृता ।
एते ह्याङ्गिरस पुना क्षात्रोपेता द्विजातय. ।।७३
पुरुकुत्सस्य दायादस्त्रसद्दस्युर्महायशा ।
नर्मदाया समुत्पन्न· सम्भूतस्तस्य चात्मजः ।।७४
सम्भूतस्यात्मज पुत्रो ह्यनरण्य प्रतापवान् ।
रावणेन हतो येन त्रिलोकीविजये पुरा ।।७५

यहाँ पर वंश के वेत्ताजन इस श्लोक को उदाहृत करते हैं । महान् आत्मा वाला—यज्वा—अमित ओजवाला यौवनाश्व को मान्धाता तो विष्णु का तनु या पुराणों के ज्ञाता ऐसा कहते हैं ।।६९।। उसकी चैत्ररथी भार्या हुई थी

जोकि शशबिन्दु की पुत्री हुई थी। यह बहुत ही साध्वी थी और इसका नाम बिन्दुमती था तथा भू मण्डल में रूप से यह अनुपम थी ॥७०॥ यह परम पतिव्रत धर्म वाली थी और अपने एक अयुत भाइयों में सबसे ज्येष्ठ थी। उसमें प्रभु मान्धाता ने तीन पुत्रों को उत्पन्न किया था ॥७१॥ उनके नाम पुरुकुत्स—अम्बरीष और मुचुकुन्द प्रसिद्ध थे। अम्बरीष का दायाद अपर युवनाश्व कहा गया है ॥७२॥ युवनाश्व का हरित था जोकि हारित सूरि कहे गये हैं। ये अंगिरा के पुत्र क्षात्र धर्म से युक्त एवं द्विजाति थे ॥७३॥ पुरुकुत्स का दायाद महान् यश वाला त्रसद्दस्यु था। नर्मदा में उसका पुत्र सम्भूत नाम वाला उत्पन्न हुआ था ॥७४॥ सम्भूत का पुत्र प्रताप से युक्त अनरण्य हुआ जिसको कि पहले त्रिलोकी के विजय करने में रावण ने मार दिया था ॥७५॥

त्रसदश्वोऽनरण्यस्य हर्य्यश्वस्तस्य चात्मज ।
हर्य्यश्वात्तु दृषद्वत्यां जज्ञे वसुमतो नृप ॥७६
तस्य पुत्रोऽभवद्राजा त्रिधन्वा नाम धार्म्मिक ।
आसीत् त्रैधन्वनश्चापि विद्वांस्त्रय्या रणप्रभु ॥७७
तस्य सत्यव्रतो नाम कुमारोऽभून्महाबल ।
तेन भार्या विदर्भस्य हृता हत्वा दिवौकस ॥७८
पाणिग्रहणमन्त्रेषु निष्ठा सम्प्रापितेष्विह ।
विष्णुवृद्ध सुतस्तस्य विष्णु वृद्धो यतः स्मृत ।
एते ह्यङ्गिरस पुत्रा क्षात्रोपेता समाश्रिता ॥७९
कामाद्बलाच्च मोहाच्च सन्घर्षणबलेन च ।
भाविनोऽर्थस्य च बलात् तत्कृत तेन धीमता ॥८०
तमधर्म्मेण सयुक्त पिता त्रय्यारुणोऽत्यजत् ।
अपध्वसेति बहुशोऽवदत् क्रोधसमन्वितः ॥८१
पितर सोऽब्रवीदत्र क्व गच्छामीतिवै मुहु ।
पिता चैनमथोवाच श्वपाकै सह वर्त्तय ॥८२
नाह पुत्रेण पुत्रार्थी त्वयाद्य कुलपासन ।
इत्युक्त स निराक्रामन्नगराद्वचनाद्विभो ॥८३

अनरण्य का पुत्र असदश्व हुआ और उसका पुत्र हर्यश्व हुआ था। हर्यश्व से दृषद्वती मे वसुमत नृप ने जन्म ग्रहण किया था ॥७६॥ उसका पुत्र परमधार्मिक त्रिधन्वा नाम वाला राजा हुआ। त्रिधन्वा का त्रयी मे विद्वान् रण प्रभु पुत्र था ॥७७॥ उसका सत्य व्रत नाम वाला महा बलवान् कुमार हुआ। उसने देवो का हनन करके विदर्भ की भार्या का हरण किया था ॥७८॥ यहाँ पाणिग्रहण के मन्त्रो को निष्ठा सम्प्रापित होने पर उसका विष्णुवृद्ध पुत्र कहलाया गया है। ये सब अङ्गिरा के पुत्र थे जो कि क्षात्रधर्म से युक्त समाश्रित हुए थे ॥७६॥ कामसे–बलसे–मोहसे और सङ्कार्पण बल के द्वारा तथा होनेवाले अर्थ के बलसे उस बुद्धिमान् ने वह सब किया था ॥८०॥ त्रयीगुण पिता ने अधर्म से सयुक्त उसको त्याग दिया था और क्रोध मे युक्त होते हुए 'अपध्वम'–अर्थात् चलाजा–ऐसा बहुत बार कहा ॥८१॥ उसने पिता से कहा—मैं कहाँ जाऊँ। इसके पश्चात् पिताने इससे कहा श्वपाको के साथ बरताव कर अर्थात् निवास करो ॥८२॥ हे कुलपावन ! मैं तुम्ह पुत्र से पुत्र का अर्थी नहीं हूँ। हे विभो ! इस प्रकार से कहागया वह नगर से वचन मानकर निकल गया ॥८३॥

न चैन धारयामास वसिष्ठो भगवानृषिः।
स तु सत्यव्रतो धीमाञ्छ्वपाकावसथान्तिकम्।
पित्रा मुक्तोऽवसद्वीर पिता चास्य वन ययौ ॥८४
तस्मिन्तु विषये तस्य नावर्षत् पाकशासन।
समा द्वादश सपूर्णास्तेनाधर्म्मेण वै तदा ॥८५
दारास्तु तस्य विषये विश्वामित्रो महातपाः।
सन्यस्य सागरा नूपे चचार विपुल तप. ॥८६
तस्य पत्नी गले बद्धा मध्यमं पुत्रमौरसम्।
शिखया भरणार्थाय व्यक्रीणाद्गोशतेन वै ॥८७
त तु बद्ध गले दृष्ट्वा विक्रीत त नरोत्तम.।
महर्षिपुत्र धर्म्मात्मा मोक्षयामास सुव्रत ॥८८
सत्यव्रतो महाबुद्धिर्भरण तस्य चाकरोत्।
विश्वामित्रस्य तुष्ट्यर्थमनुकम्पार्थमेव च ॥८९

सोऽभवद्गालवो नाम गले बद्धो महातपा ।
महर्षिः कौशिकस्तातस्तेन वीर्येण मोक्षित ॥९०

भगवान् वसिष्ठ ऋषि ने इसको आश्रम नही दिया और धीमान् वह सत्यव्रत पिता के द्वारा मुक्त किया गया। वीर श्वपाकों के घर के समीप में रहने लगा और इसका पिता वन में चला गया था ॥८४॥ उसके उस देश में इन्द्र ने वर्षा नहीं की और उस समय उस अधर्म से बारह वर्ष पूरे वर्षा नहीं हुई ॥८५॥ महान् तपस्वी विश्वामित्र ने उसके देश में स्त्रियों को छोड़ कर सागरानूप म बड़ा भारी तप किया था ॥८६॥ उसकी पत्नी ने मध्यम और सपुत्र को गले में बाँधकर शिखा से मरणार्थ के लिये सौ गौएं बेचदिया था। नरो मे श्रेष्ठ सुव्रत ने उसको गले में बँधा हुआ और विक्रीत देख कर उस महर्षि पुत्र को धर्मात्मा ने मुक्त करा दिया था ॥८७-८८॥ महान् बुद्धि वाले सत्य व्रतने उसका भरण किया था और यह विश्वामित्र के सन्तोष तथा अनुकम्पा के लिये ही किया था ॥८९॥ वह महा तपस्वी गले में बद्ध गालव नाम वाला हुआ था। महर्षि कौशिक उसके तात थे क्योंकि उसने पराक्रम से मुक्त कराया था ॥९०॥

तस्य व्रतेन भक्त्या च कृपया च प्रतिज्ञया ।
विश्वामित्रकलत्रञ्च बभार विनये स्थित ॥९१
हत्वा मृगान् वराहाश्च महिषाश्च वनेचरान् ।
विश्वामित्राश्रमाभ्याशे तन्मासमपचत्ततः ॥९२
उपांशुव्रतमास्थाय दीक्षा द्वादशवार्षिकीम् ।
पितुर्नियोगादभजन्नृपे तु वनमास्थिते ॥९३
अयोध्याञ्चैव राज्यञ्च तथैवान्त पुर मुनि ।
याज्योपाध्यायसंयोगाद्वसिष्ठ परिरक्षित ॥९४
सत्यव्रतस्तु बाल्यात्तु भाविनोऽर्थस्य वै बलात् ।
वसिष्ठेऽभ्यधिकं मन्यु धारयामास मन्युना ॥९५
पित्रा त्वदस्तदा राष्ट्रात् परित्यक्त स्वमात्मजम् ।
न वारयामास मुनिर्वसिष्ठ कारणेन वै ॥९६

उसके व्रत से–भक्ति से–कृपा से और प्रतिज्ञा से विनय मे स्थित होकर विश्वामित्र की स्त्री का भरण किया था ॥६१॥ मृगो को वराहो को और वनमे विचरण करने वाले महिषो को मार कर विश्वामित्र के आश्रम के समीप मे उनके मास को पकाया था ॥६२॥ उपाशु व्रत मे आस्थित होकर बारह वर्ष की दीक्षा को राजा के वनमे चले जाने पर पिता की आज्ञा से सेवन किया था ।६३। अयोध्या को–राज्य से तथा अन्त पुर को याज्योपाध्याय से योग से मुनि वसिष्ठ ने परिरक्षित किया था ॥६४॥ सत्यव्रत ने बाल्याभाल से भावि अर्थ के बल से वसिष्ठ पर अत्यधिक क्रोध धारण किया था ॥६५॥ पिता के द्वारा रोते हुए उस समय राष्ट्र से परित्यक्त अपने आत्मज को मुनि वसिष्ठ ने कारण वश वारण नही किया था ॥६६॥

पाणिग्रहणमन्त्राणा निष्ठा स्यात् सप्तमे पदे ।
एव सत्यव्रतस्तान् वै कृतवान् सप्तमे पदे ॥६७
जानन् धर्म्मान् वसिष्ठस्तु न च मन्त्रानिहेच्छति ।
इति सत्यव्रते रोष वसिष्ठो मनसाकरोत् ॥६८
गुरुर्बुद्धया तु भगवान् वसिष्ठः कृतवास्तदा ।
न तु सत्यव्रतो बुद्धया उपाशुव्रतमस्य वै ॥६९
तस्मिश्चोपरते यो यत्पितुरासीन्महामना ।
तेन द्वादशवर्षाणि नावर्षत् पाकशासन ॥१००
तेन त्विदानी बहुधा दीक्षा ता दुर्वला भुवि ।
कुलस्य निष्कृति स्वस्य कृतेयन्च भवेदिति ॥१०१
ततो वसिष्ठो भगवान् पित्रा त्यक्त न्यवारयत् ।
अभिषेक्ष्याम्यह राज्ये पश्चादेनमिति प्रभुः ॥१०२
स तु द्वादशवर्षाणि दीक्षान्तामुद्वहन् वली ।
अविद्यमान मासे तु वसिष्ठस्य महात्मनः ॥१०३
सर्व्वकामदुघा धेनु सददर्श नृपात्मज. ।
ता वै क्रोधाच्च मोहाच्च श्रमाच्चैव क्षुधान्वितः ॥१०४

पाणिग्रहण के मन्त्रो की निष्ठा सप्तम पद में होती है । इसी प्रकार से

सत्यव्रत ने शतम पद में उनको किया था ॥९७॥ वसिष्ठ मुनि धर्मों को जानते हुए वहाँ पर मन्त्रो को नहीं चाहते हैं। इसलिये वसिष्ठ ने सत्यव्रत पर मन से रोष किया था ॥९८॥ भगवान् वसिष्ठ ने उस समय बुद्धि से गुरु किया था। सत्यव्रत ने इसको बुद्धि से उपांशुव्रत नहीं किया था ॥९९॥ उसके उपरत होने पर जो जिसके पिता का महात्मना था उससे इन्द्रदेव बारह वर्ष तक नहीं बरसे थे ॥१००॥ इससे इस समय प्राय उस दुर्बल दीक्षा को भूमि पर कुलकी और अपनी निष्कृति यह की हुई होनी चाहिए ॥१०१॥ इसके पश्चात् भगवान् वसिष्ठ ने पिता के द्वारा त्यक्त को निवारण किया था और प्रभु ने पीछे मे इसको राज्यासन पर अभिषिक्त करूँगा–कहा—॥१०२॥ वही उसने द्वादश वर्ष तक दीक्षान्ता को उद्वहन करते हुए महात्मा वसिष्ठ के मास के अविद्यमान होने पर नृपात्मज ने समस्त कामनाओं के दोहन करने वाली धेनु को देखा था और उसको देखकर क्रोधसे–मोहसे और श्रमसे क्षुधा से युक्त हुआ ॥१०४॥

दस्युधर्म्मं गतो दृष्ट्वा जघान बलिना वरः।
स तु मांस स्वयं चैव विश्वामित्रस्य चात्मजान् १०५
भोजयामास तच्छ्रुत्वा वसिष्ठस्त तदात्यजत्।
प्रोवाच चैव भगवान् वसिष्ठस्त नृपात्मजम् ॥१०६
पातये क्रूर हे क्रूर तव शंकुमयोमयम्।
यदि ते त्रीणि शङ्कनि न स्युर्हि पुरुषाधम ॥१०७
पितुश्चापरितोषेण गुरोर्दोग्ध्रीवधेन च।
अप्रोक्षितोपयोगाच्च त्रिविधस्ते व्यतिक्रम ॥१०८
एव स त्रीणि शङ्कनि दृष्ट्वा तस्य महातपा।
त्रिशङ्कुरिति होवाच त्रिशङ्कुस्तेन स स्मृत ॥१०९
विश्वामित्रस्तु दाराणामागतो भरणे कृते।
ततस्तस्मै वरं प्रादात्तदा प्रीतस्त्रिशङ्कवे ॥११०

बलियों में श्रेष्ठ ने देखकर दस्यु के धर्म को प्राप्त हुए धेनु हनन किया और उसने स्वयं मांस को विश्वामित्र के आत्मजों को खिलाया था। यह श्रवण करके वसिष्ठ ने इसे उसी समय त्याग दिया था और भगवान् उस नृप के

आत्मज से बोले ॥१०५-१०६॥ हे क्रूर ! हे पुरुषों मे अधम ! यदि तुझे तीन शकु नही हों तो तुझे शकुमय अय मे पातन करता हूँ ॥१०७॥ पिता के अपरितोष होने से—गुरु की दोग्ध्री धेनु के वध करने से और अप्रोक्षित के उपयोग से तेरा तीन प्रकार का व्यतिक्रम है ॥१०८॥ इस प्रकार से उसके तीन शकुओं को देखकर महातपस्वी उसे त्रिशकु इस नाम से बोले और इससे वह त्रिशकु कहा गया है ॥१०९॥ आये हुए विश्वामित्र ने दाराओं के भरण करने पर तब त्रिशकु से प्रसन्न होते हुए उसे वरदान दिया था ॥११०॥

छन्द्यमानो वरेणाथ गुरु ब्रूते नृपात्मज ।
अनावृष्टिभये तस्मिन् गते द्वादशवार्षिके ॥१११
अभिषिच्य राज्ये पित्र्ये याजयामास त मुनि ।
मिषता देवतानाञ्च वसिष्ठस्य च कौशिक ।
सशरीर तदा त वै दिवमारोपयत् प्रभु ॥११२
मिषतस्तु वसिष्ठस्य तदद्भुतमिवाभवत् ।
अत्राप्युदाहरन्तीमौ श्लोकौ पौराणिका जना ॥११३
विश्वामित्रप्रसादेन त्रिशकुर्दिवि राजते ।
देवै सार्द्ध महातेजानुग्रहात्तस्य धीमत ॥११४
शनैर्यात्यबला रम्या हेमन्ते चन्द्रमण्डिता ।
अलकृता त्रिभिर्भावैस्त्रिशकुग्रहभूषिता ॥११५
तस्य सत्यरता नाम भार्य्या केकयवशजा ।
कुमार जनयामास हरिश्चन्द्रमकल्मषम् ॥११६

बारह वर्ष के अनावृष्टि के भय के चले जाने पर वर से छन्द्यमान होते हुए नृपात्मज गुरु से बोला ॥१११॥ पिता के राज्य पर अभिषेक करके कौशिक मुनि ने मिष होते वाले देवताओं के और वसिष्ठ के लिए यजन कराया था। तब प्रभु विश्वामित्र ने उस त्रिशकु को शरीर के सहित स्वर्ग मे आरोपित कराया था ॥११२॥ मिष होते हुए वसिष्ठ को वह एक अद्भुत कार्य जैसा हुआ था। यहाँ पर भी पौराणिक पुरुष इन दो श्लोकों को उदाहृत किया करते हैं ॥११३॥ विश्वामित्र मुनि के प्रसाद से त्रिशकु स्वर्ग में शोभा देता है ।

धीमान् उसके अनुग्रह से जोकि महान् तेज से युक्त है वह त्रिशंकु देवों के साथ स्वर्ग में विराजमान होता है ।।११४।। त्रिशंकु ग्रह से भूषित तीन भावों से अलंकृत चन्द्र से मण्डित रम्य अबला हेमन्त में धनैः धनैः जाती है ।।११५।। उसकी सत्य में रत रहने वाली अर्थात् सत्यरता इस नाम वाली भार्या जोकि केकय के वंश में जन्मी थी उसने कल्मष से रहित हरिश्चन्द्र कुमार को जन्म दिया था ।।११६।।

स तु राजा हरिश्चन्द्रस्त्रैशङ्कव इति श्रु_त ।
आहर्त्ता राजसूयस्य सम्राडिति परिश्रु_त ।।११७
हरिचन्द्रस्य तु सुतो रोहितो नाम वीर्य्यवान् ।
हरितो रोहितस्याथ चञ्चुहारीत उच्यते ।।११८
विजयश्च सुदेवश्च चञ्चुपुत्रौ बभूवतु ।
जेता सर्व्वस्य क्षत्रस्य विजयस्तेन स स्मृत ।।११९
रुरुकस्तनयस्तत्र राजा धर्म्मार्थकोविद ।
रुरुकाद्धृतकः पुत्रस्तस्माद्बाहुश्च जज्ञिवान् ।।१२०
हैहयैस्तालजङ्घैश्च निरस्तो व्यसनी नृप ।
शकैर्यवनकाम्बोजैः पारदैः पह्लवैस्तथा ।।१२१
नात्यर्थं धार्म्मिकोऽभूत् स धर्म्म्ये सत्ययुगे तथा ।
सगरस्तु सुतो बाहोर्जज्ञे सह गरेण वै ।
भृगोराश्रममासाद्य तुर्वेण परिरक्षित ।।१२२
आग्नेय मस्त्र लब्ध्वा तु भार्गवात् सगरो नृप ।
जघान पृथिवीङ्गत्वा तालजघान् सहैहयान् ।।१२३

वह राजा हरिश्चन्द्र त्रैशङ्कव इस नाम से प्रसिद्ध हुआ था। वह राजसूय का आहरण करने वाला तथा सम्राट् परिश्रुत हुआ था ।।११७।। सम्राट् हरिश्चन्द्र का पुत्र वीर्यवान् रोहित नाम वाला था। रोहित का हरित था कि चञ्चुहारीत कहा जाता है ।।११८।। चञ्चु हारीत के विजय और सुदेव दो पुत्र हुए थे। समस्त क्षत्रियों को वह जीतने वाला था इसलिए वह विजय कहा गया है ।।११९।। वहाँ रुरुक पुत्र हुआ जोकि धर्म और अर्थ का पण्डित राजा था। रुरुक से

हुतक पुत्र हुआ और उससे बाहु उत्पन्न हुआ ॥१२०॥ वह व्यसनी राजा हैहय-तालजङ्घ-शक-यवन-काम्बोज-पारद और पह्लवों के द्वारा निरस्त किया गया था ॥१२१॥ वह अत्यन्त धार्मिक उस धर्म युक्त सत्य युग में नहीं हुआ था। बाहु का पुत्र सगर गरके साथ उत्पन्न हुआ था। भृगु के आश्रम में पहुँच कर तर्न के द्वारा परिरक्षित हुआ था ॥१२२॥ उस सागर नृप ने भार्गव से आग्नेय अस्त्र को प्राप्त कर पृथ्वी पर जाकर उसने तालजङ्घों को हैहयों का हनन किया था ॥१२३॥

शकाना पह्लवानाञ्च धर्म्मान्निरसदच्युत ।
क्षत्रियाणा तथा तेपा पारदानाञ्च धर्म्मवित् ॥१२४
कथ स सगरो राजा गरेण सह जज्ञिवान् ।
किमर्थञ्च शकादीना क्षत्रियाणा महौजसाम् ।
धर्म्मान् कुलोचितान् क्रुद्धो राजा निरसदच्युत ॥१२५
बाहोर्व्यसनिनस्तस्य हृत राज्य पुरा किल ।
हैहयैस्तालजङ्घैश्च शकै सार्द्धं समागतै ॥१२६
यवनाः पारदाश्चैव काम्बोजा पह्लवास्तथा ।
हैहयार्थं पराक्रान्ता एते पञ्चगणास्तदा ॥१२७
हृत राज्य बलीयोभिरेभिः क्षत्रियपुङ्गवै ।
हृतराज्यस्तदा बाहु सन्यस्य नु तदा नृप ।
वन प्रविश्य धर्म्मात्मा सह पत्न्या तपोऽचरत् ॥१२८
कस्यचित्त्वथ कालस्य तोयार्थं प्रस्थितो नृप ।
वृद्धत्वाद् दुर्बलत्वाच्च अन्तरा स ममार च ॥१२९
पत्नी तु यादवी तस्य सगर्भा पृष्ठत ऽन्वगात् ।
सपत्न्या तु गरस्तस्यै दत्तो गर्भजिघासया ॥१३०

अच्युत ने शकों को तथा पह्लवों को धर्म्म से निरस्त कर दिया था। धर्म के ज्ञाता ने इसी प्रकार उन क्षत्रिय पारदों को भी कर दिया था ॥१२४॥ ऋषियों ने कहा—वह सगर राजा गर के साथ किस तरह उत्पन्न हुआ था? और किसलिए शकादि क्षत्रिय जो महान् ओज वाले थे, अच्युत राजा ने क्रुद्ध

होकर कुलोचितो को धर्मों को निरस्त किया था ॥१२५॥ श्री सूतजी ने कहा–पहिले समय मे व्यसन वाले वस बाहु राजा का सम्पूर्ण राज्य हरण कर लिया था और उसके हरण वाले शब्दो के साथ आये हुए हैहय और तालजङ्घ थे। ॥१२६॥ यवन–पारद–काम्बोज और पह्लव ये पाँच गण उसमे श्रेष्ठ अधिक बल वालो के द्वारा उसके राज्य का हरण किया गया था। जब उस समय वह राज्य हीन होगया तो वह बाहु राजा सन्यास ग्रहण करके वन मे प्रविष्ट होगया और धर्मात्मा उसने अपनी पत्नी के साथ तपश्चर्या की थी ॥१२८॥ किसी काल के बल के लिये राजा ने प्रस्थान किया था किन्तु वह वृद्ध होने से तथा दुर्बल होने के कारण से बीच मे मर गया था ॥१२९॥ उसकी पत्नी यादवी गर्भ से युक्त थी वह भी उसके पीछे से गई थी। उसकी सपत्नी ने गर्भ के मारने की इच्छा से उसे गर दे दिया था ॥१३०॥

सा तु भर्तुश्चितां कृत्वा वह्नौ न समरोहयत्।
औवंस्तां भार्गवो दृष्ट्वा कारुण्याद्विन्यवर्त्तयत् ॥१३१
तस्याश्रमे तु तद्गर्भं सा गरेण तदा सह।
व्यजायत महाबाहुं सगरं नाम धार्मिकम् ॥१३२
और्वस्तु जातकर्मादीन् कृत्वा तस्य महात्मनः।
अध्याप्य वेदशास्त्राणि ततोऽस्त्रं प्रत्यपादयत् ॥१३३
जामदग्न्यात्तदाग्नेयममुरैरपि दुःसहम्।
स तेनास्त्रबलेनैव बलेन च समन्वितः।
जघान हैहयान् क्रुद्धो रुद्रः पशुगणानिव ॥१३४
ततः शकान् सयवनान् काम्बोजान् पारदांस्तथा।
पह्लवांश्चैव निःशेषान् कर्तुं व्यवसितो नृपः ॥१३५
ते वध्यमाना वीरेण सगरेण महात्मना।
वसिष्ठं शरणं सर्व्वे प्रपन्ना शरणैषिणः ॥१३६
वसिष्ठस्तान् तथेत्युक्त्वा समयेन महामुनिः।
सगरं वारयामास तेषान्दत्त्वाऽभयन्तदा ॥१३७

उस यादवी ने अपने स्वामी की चिता बनाकर अग्नि मे उसके साथ

समारुढ होगयी थी। ओर्व भार्गव ने उसे देखकर करुणा से उसे निवारण किया था ॥१३१॥ उसके आश्रम मे उस समय उसने उस गर्भ को गर (विष) के साथ महान् बाहुओ वाले परम धार्मिक सगर नाम वाले को जन्म दिया था ॥१३२॥ ओर्व ने उस महात्मा के जात कर्मादि संस्कारो को करके फिर वेद शास्त्रो को पढाया और इसके अनन्तर अस्त्रो की विद्या सिखाकर अस्त्र दिये ॥१३३॥ जामदग्न्य से वह आग्नेय अस्त्र प्राप्त किया जाकि असुरो को भी दु सह था। उसने उस अस्त्र के बल से ही तथा बल से समन्वित होते हुए अत्यन्त क्रुद्ध होकर जैसे रुद्र पशुगणो को हनन करते हैं उसी भाँति उसने हैहयो का वध कर दिया ॥१३४॥ इसके अनन्तर शको को—यवनो को—काम्बोजो को—पारदो को तथा पह्लवो को सबको नि शेष करने का राजा ने स्थिर कर लिया था ॥१३५॥ वीर और महान् आत्मा वाले सगर के द्वारा वध्यमान वे सब शरण की इच्छा वाले होते हुए वसिष्ठ मुनि की शरणागति मे उपस्थित होगये थे ॥१३६॥ वसिष्ठ मुनि ने उनसे 'तुम्हारी रक्षा होगी' तथास्तु यह कहकर महामुनि ने प्रतिज्ञा की और उन सबको अभय दान देकर सगर को वध करने से वारण कर दिया था ॥१३७॥

सगर स्वाम्प्रतिज्ञाञ्च गुरोर्वाक्य निशम्य च ।
धर्म्मं जघान तेषा वै वेषान्यत्व चकार ह ॥१३८
अर्द्ध शकाना शिरसो मुण्डयित्वा व्यसर्जयत् ।
यवनाना शिर सर्व काम्बोजानान्तथैव ॥१३९
पारदा मुक्तकेशाश्च पह्लवा श्मश्रु धारिण ।
नि स्वाध्यायवषट्कारा कृतास्तेन महात्मना ॥१४०
शका यवनकाम्बोजा पह्लवा पारदै सह ।
केलिस्पर्शा माहिषिका दार्वाश्चोला खसास्तथा ॥१४१
सर्व्वे ते क्षत्रियगणा धर्म्मस्तेषा निराकृत ।
वसिष्ठवचनात्पूर्व सगरेण महात्मना ॥१४२
स धर्मविजयी राजा विजित्येमा वसुन्धराम् ।
अश्व विचारयामास वाजिमेधाय दीक्षित ॥१४३

तस्य चारयत सोऽश्व समुद्रे पूर्वदक्षिणे ।
वेलासमीपेऽपहृतो भूमिश्चैव प्रवेशित ॥१४४

सगर ने अपनी प्रतिज्ञा को और गुरू के वाक्य को श्रवण कर उनके धर्म का हनन किया और वेषान्यत्व किया था ॥१३८॥ शक जाति वालो का आधा शिर मुंडवा कर उन्हे छोड दिया—यवन जाति वालो का समस्त शिर मुंडवा दिया और काम्बोजो को भी ऐसा ही किया था ॥१३६॥ पारदो को मुक्त केश और पह्लवो को श्मश्रुधारी-स्वाध्याय से हीन तथा वषट्कार से रहित उस महात्मा ने कर दिया था ॥१४०॥ शक—यवन काम्बोज—पह्लव पारद—कैलिसर्प-माहिषिक—दार्व—चोल और खस ये समस्त क्षत्रियो के जो गण थे इन सबका वसिष्ठ मुनि के वचन से महात्मा सगर ने धर्म निराकृत कर दिया था ॥१४१॥ ॥१४२॥ उस धर्म से विजय प्राप्त करने वाले राजा सगरने इस समस्त भूमण्डल को जीत कर वाजिमेध यज्ञ के करने के लिये दीक्षित होते हुए उसने यज्ञ के अश्व को विचरण कराया था ॥१४३॥ उसका घुमाया जाने वाला वह अश्वमेध यज्ञ का घोडा पूर्व दक्षिण समुद्र पर वेला के समीप मे अपहरण किया गया था और उसे अपहृत करके भूमि के अन्दर प्रवेशित कर दिया गया था ॥१४४॥

स तन्देशं गुतं सर्वं खनयामास पार्थिवः ।
आसेदुश्च ततस्तस्मिस्तदन्तस्ते महार्णवे ॥१४५
तमादिपुरुष देव हरिं कृष्णं प्रजापतिम् ।
विष्णु कपिलरूपेण हस नारायण प्रभुम् ॥१४६
तस्य चक्षु समासाद्य तेजस्तत् प्रतिपद्यते ।
दग्धा पुत्रास्तदा सर्वे चत्वारस्त्ववशेषिता ॥१४७
बर्हिकेतुः सुकेतुश्च तथा धर्म्मरतस्त्रय ।
शूर पञ्चयनश्चैव तस्य वशकरा प्रभो ॥१४८
प्रादाच्च तस्य भगवान् हरिर्नारायणो वरान् ।
अक्षयत्व स्ववशस्य वाजिमेधशत तथा ।
विभु पुत्र समुद्रश्च स्वर्गे व स तथाक्षयम् ॥१४६

स समुद्रोऽश्वमादायव वन्दे (?) सरितांपतिः ।
सागरत्व च लेभे स कर्मणा तेन तस्य वै ॥१५०
त चाश्वमेधिक सोऽश्व समुद्रात् प्राप्य पार्थिव ।
आजहाराश्वमेधाना शत चैव पुन पुन ॥१५१

सम्राट् सगर ने उसी स्थान को पुत्रो के द्वारा जो कि सख्या मे साठ हजार थे खुदवाया था। इसके अनन्तर उस स्थान मे उसके नीचे महार्णव मे उन्होने देखा कि वहाँ आदि पुरुष हरि–कृष्ण–प्रजापति–विष्णु–हस–प्रभु नारायण कपिल मुनि के स्वरूप से स्थित हैं ॥१४५-१४६॥ उनके नेत्र के सामने प्राप्त होते ही उसका तेज ऐसा तीव्र था कि उसी समय वे सब जलकर दग्ध एव भस्मी भूत होगये थे केवल चार ही अवशिष्ट बचे थे ॥१४७॥ जो चार बचगये थे वे बर्हिकेतु–सकेतु–धर्मरत ये तीन थे और शूर पञ्चवन था जो कि उसके वंश के करने वाले थे ॥१४८॥ भगवान् हरि नारायण ने उसको वरदान दिया था कि अपने वश का अक्षयत्व–सौ–वाजिमेध–विभु पुत्र और समुद्र तथा स्वर्ग मे अक्षीण निवास हो ॥१४९॥ वह नदियो का पति समुद्र अश्व को लेकर आया और वन्दना की। उस कर्म से उसने सागरत्व की प्राप्ति की थी ॥१५०॥ उस राजा ने समुद्र से उस आश्वमेधिक अश्व की प्राप्ति कर फिर बार-बार सौ अश्वमेध यज्ञ किये थे ॥१५१॥

षष्टिपुत्रसहस्राणि दग्धान्यश्वानुसारिणाम् ।
तेषा नारायण तेज प्रविष्टाना महात्मनाम् ।
पुत्राणान्तु सहस्राणि षष्टिस्तु इति न श्रुतम् ॥१५२
सगरस्यात्मजा राज्ञ कथ जाता महाबला ।
विक्रान्ता षष्टिसाहस्रा विधिना केन वा वद ॥१५३
द्वे पत्न्यौ सगरस्यास्ता तपसा दग्धकिल्बिषे ।
ज्येष्ठा विदर्भदुहिता केशिनी नाम नामत ॥१५४
कनीयसी तु या तस्य पत्नी परमधर्मिणी ।
अरिष्टनेमिदुहिता रूपेणाप्रतिमा भुवि ॥१५५

और्वस्ताभ्यां वरं प्रादात् तपसाराधितः प्रभुः ।
एका जनिष्यते पुत्रं वंशकर्त्तारमीप्सितम् ।
षष्टिपुत्र सहस्राणि द्वितीया जनयिष्यति ॥१५६
मुनेस्तु वचनं श्रुत्वा केशिनी पुत्रमेककम् ।
वंशस्य कारणं श्रेष्ठा जग्राह नृपसंसदि ॥१५७
षष्टिपुत्रसहस्राणि सुपर्णभगिनी तथा ।
महात्मनस्तु जग्राह सुमतिः स्वमतिर्यथा ॥१५८

उस अश्वमेध यज्ञ के अश्व के पीछे अनुसरण करने वाले उस राजा के साठ सहस्र पुत्र दग्ध होगये और उन महात्माओं में नारायण के तेज ने प्रवेश किया था। वे पुत्र साठ हजार थे ऐसा हमने सुना है ॥१५२॥ ऋषियों ने महाराजा सगर के महान् बलवाले परम विक्रान्त साठ सहस्र किस विधि से उत्पन्न हुए थे कृपा करके यह हमें बतलाइये ॥१५३॥ श्री सूतजी ने कहा—राजा सगर की तपस्या से पापों को दग्ध करने वाली दो पत्नियाँ थीं। उनमें जो ज्येष्ठ थी वह विदर्भ की पुत्री नाम से केशिनी थी ॥१५४॥ छोटी जो उस राजा सगर की पत्नी थी वह बहुत ही अधिक धर्म वाली थी और अरिष्ट नेमि की पुत्री थी जो कि इस भूमि में अत्यन्त अप्रतिम रूप-सौन्दर्य से युक्त थी ॥१५५॥ तप से आराधना किये हुए प्रभु और्व ने उन दोनों को वरदान दिया था कि उनमें से एक तो वंश के चलाने वाला अभीष्ट पुत्र जनेगी और दूसरी साठ हजार पुत्रों को जन्म देगी ॥१५६॥ केशिनी ने मुनि के वचन को सुनकर जो कि एक पुत्र वंश चलाने वाला बताया था उसी वरदान को नृप सभा में उसने स्वीकार कर लिया था ॥१५७॥ सुपर्ण की भगिनी ने जैसी अच्छी अपनी मति थी उसके अनुसार महात्मा के साठ सहस्र पुत्रों वाले वरदान को ग्रहण किया था ॥१५८॥

अथ काले गते ज्येष्ठा ज्येष्ठं पुत्रं व्यजायत ।
असमञ्ज इति ख्यातं काकुत्स्थं सगरात्मजम् ॥१५९
सुमतिस्त्वपि जज्ञे वै गर्भतुम्बं यशस्विनी ।
षष्टिपुत्रसहस्राणि तुम्बमध्याद्विनिःसृताः ॥१६०

घृतपूर्णेषु कुम्भेषु तान् गर्भान् न्यदधत्ततः ।
धात्रीश्चैकैकशः प्रादात् तावतीः पोषणे नृप ॥१६१
ततो नवसु मासेषु समुत्तस्थुर्यथासुखम् ।
कुमारास्ते महाभागाः सगरप्रीतिवर्द्धनाः ॥१६२
कालेन महता चैव यौवनं प्रतिपेदिरे ।
पुत्रषष्टिसहस्राणि तेषामश्वानुसारिणाम् ॥१६३
स तु ज्येष्ठो नरव्याघ्र सगरस्यात्मसम्भवः ।
असमञ्ज इति ख्यातो बर्हिकेतुर्महाबलः ॥१६४
पौराणामहिते युक्तः पित्रा निर्वासितः पुरा ।
तस्य पुत्रोंऽशुमान्नाम असमञ्जस्य वीर्यवान् ॥१६५

इसके अनन्तर समय आने पर जो बड़ी रानी थी उसने ज्येष्ठ पुत्र को उत्पन्न किया और वह सगर का पुत्र काकुत्स्थ असमञ्जस इस नाम से प्रसिद्ध हुआ था ॥१५९॥ यशस्विनी सुमति ने भी गर्भ का एक तूमा पैदा किया जिस तुम्बे से साठ हजार पुत्र निकल पड़े थे ॥१६०॥ घृत से भरे हुए कलशों में उन गर्भों को रख दिया गया था । राजा ने एक-एक धाय उन सब के पोषण करने के लिये देदी थी ॥१६१॥ इसके बाद नौमास के समाप्त होने पर सगर की प्रीति के बढ़ाने वाले महाभाग से युक्त सुख पूर्वक वे समस्त कुमार उठ खड़े हुए थे ॥१६२॥ महान् काल के व्यतीत होजाने पर वे सब यौवनावस्था को प्राप्त हुए थे । उस अश्वमेध के अश्व का अनुसरण करने वाले ये ही साठ सहस्र सगर के पुत्र थे ॥१६३॥ जो सब से बड़ा सगर का नर व्याघ्र पुत्र था वह 'असमञ्जस'- इस नाम से ख्यात हुआ था । बर्हिकेतु महान् बलवान् था ॥१६४॥ वह क्योंकि नगर निवासी जनों का अहित किया करता था । इसलिये पिता ने उसको निकाल दिया अर्थात् देश निकाला देदिया था । उस असमञ्जस का महा पराक्रमी अंशुमान् नाम वाला पुत्र हुआ था ॥१६५॥

तस्य पुत्रस्तु धर्मात्मा दिलीप इति विश्रुतः ।
दिलीपात्तु महातेजा वीरो जातो भगीरथः ॥१६६

येन गङ्गा सरिच्छ्रेष्ठा विमानैरुपशोभिता ।
ईजाऽनन समुद्रा० दुहितृत्वेन कल्पिता ।
अत्राप्युदाहरन्तीम श्लोक पौराणिका जना ॥१६७
भगीरथस्तु ता गङ्गामानयामास कर्मभि ।
तस्माद्भागीरथी गङ्गा कथ्यते वशवित्तमै ॥१६८
भगीरथसुतश्चापि श्रुता नाम बभूव ह ।
नाभागस्तस्य दायादो नित्य धर्मपरायण ॥१६९
अम्बरीष सुतस्तस्य सिन्धुद्वीपस्ततोऽभवत् ।
एव वशपुराणज्ञा गायन्तीति परिश्रुतम् ॥१७०
नाभागरम्बरीषस्य भुजाभ्या परिपालिता ।
बभूव वसुधात्यर्थं तापत्रयविवर्जिता ॥१७१
अयुताायु सुतस्तस्य सिन्धुद्वीपस्य वीयवान् ।
अयुतायास्तु दायाद ऋतुपर्णो महायशा ॥१७२

उस अशुमान् का का पुत्र राजा दिलीप हुआ जोकि अत्यन्त प्रसिद्ध और परम धर्मात्मा हुआ था। दिलीप म महान् तेज के धारण करने वाला राजा भगीरथ उत्पन्न हुआ ॥१६६॥ जिसने समस्त नदिया म परमश्रेष्ठ गङ्गा को जो कि विमानो स उपशोभित इसने समुद्र स दुहिता के स्वरूप म कल्पित की थी। यहाँ पर भी पौराणिक लोग इस श्लोक को उदाहृत किया करते हैं ॥१६७॥ भगीरथ कर्मों के द्वारा उस गङ्गा का यहाँ लाया था। इसीलिये उसके वश के ज्ञाताओं के द्वारा गङ्गा भगीरथी इस नाम से कही जाती है ॥१६८॥ भगीरथ का पुत्र श्रुत नाम वाला हुआ था और उसका दायाद नित्य ही धर्म म परायण नाभाग-इस नाम वाला हुआ था ॥१६९॥ उसका पुत्र राजा अम्बरीष हुआ उसका पुत्र सिन्धुद्वीप हुआ था। इस तरह वश क पुराण को जानने वाले गान करते हैं—यह सुना है नाभाग के पुत्र अम्बरीष हुआ जिसकी भुजाओं म यह वसुधा तीनों तापों म रहित होती हुई परिपालित हुई थी ॥१७१॥ उस सिन्धु द्वीप का पुत्र अयुतायु बड़ा वीयवान् हुआ था और अयुतायु का दायाद महा यश वाला ऋतुपर्ण हुआ था ॥१७२॥

दिव्याक्षहृदज्ञोऽस्मौ राजा नलसखो वली ।
नलौ द्वाविति विख्यातौ पुराणेषु दृढव्रतौ ॥१७३
वीरसेनात्मजश्चैव यश्चेक्ष्वाकुकुलोद्वहः ।
ऋतुपर्णस्य पुत्रोऽभूत् सर्व्वकामो जनेश्वर ॥१७४
सुदासस्तस्य तनयो राजा हसमुखोऽभवत् ।
सुदासस्य सुत प्रोक्त सौदासो नाम पार्थिव ॥१७५
ख्यात कल्मापपादो वै नाम्ना मित्रसहश्च स ।
वसिष्ठस्तु महातेजा क्षेत्रे कल्मापपादके ।
अश्मक जनयामास इक्ष्वाकुकुलवृद्धये ॥१७६
अश्मकस्योरकामस्तु मूलकस्तत्सुतोऽभवत् ।
अत्राप्युदाहरन्तीम मूलक वै नृप प्रति ॥१७७
स हि रामभयाद्राजा स्त्रीभि परिवृतोऽवसत् ।
विवस्त्रस्त्राणमिच्छन् वै नारीकवचमीश्वरः ॥१७८
मूलकस्यापि धर्मात्मा राजा शतरथ स्मृत ।
तस्माच्छतरथाज्जज्ञे राजा चैडविडो वली ॥१७९
आसीत्त्वैडिविड श्रीमान् कृतशर्मा प्रतापवान् ।
पुत्रो विश्वमहत्तस्य पुत्रीकस्य व्यजायत ॥१८०

यह राजा दिव्याक्ष हृदज्ञ और नलसखा था । पुराणों मे दृढ व्रत वाले दो नल विख्यात हैं ॥१७३॥ वीरसेन का आत्मज जो कि इक्ष्वाकु कुल का उद्वहन करने वाला था ऐसा सर्व काम जनेश्वर ऋतुपर्ण का पुत्र हुआ था ॥१७४॥ उसका पुत्र सुदास हसमुख राजा हुआ था । सुदास का पुत्र सौदास नाम वाला राजा था ॥१७५॥ वह नाम से मित्रसह कल्मापपाद ख्यात हुआ था । इक्ष्वाकु के कुल की वृद्धि के लिए महान् तेज वाले वसिष्ठ ने कल्मापपादक क्षेत्र मे अश्मक का जनन कराया था ॥१७६॥ अश्मक का उरकाम और उसका पुत्र मूलक हुआ । मूलक नृप के प्रति यहाँ यह उदाहरण करते हैं ॥१७७॥ वह राजा राम के भय से स्त्रियों से परिवृत होकर रहा करता था । बिना वस्त्र वाला नारी के कवच को अपना त्राण चाहता हुआ रहता था ॥१७८॥ मूलक के भी धर्मात्मा राजा शतरथ कहा गया है । उस शतरथ से बलवान् ऐडविड राजा न

जन्म ग्रहण किया था ॥१७९॥ ऐडविड प्रतापवान् श्रीमान् धृतशर्मा था। उस पुत्रीर का पुत्र विश्व महान् उत्पन्न हुआ ॥१८०॥

दिलीपस्तस्य पुत्रोऽभून् खट्वाङ्ग इति विश्रुत ।
येन स्वर्गादिहागम्य मुहूर्त्त प्राप्य जीवितम् ।
त्रयोऽभिसहिता लोका बुद्धया सत्येन चैव हि ॥१८१
दीर्घबाहु सुतस्तस्य रघुस्तस्मादजायत ।
अज पुत्रो रघोश्चापि तस्माज्जज्ञ स वीर्यवान् ।
राजा दशरथो नाम इक्ष्वाकुकुलनन्दन ॥१८२
रामो दाशरथिर्वीरो धर्मज्ञो लोकविश्रुत ।
भरतो लक्ष्मणश्चैव शत्रुघ्नश्च महाबल ॥१८३
माधव लवण हत्वा गत्वा मधुवनञ्च तत् ।
शत्रुघ्नेन पुरी तस्य मथुरा सन्निवेशिता ॥१८४
सुबाहुः शूरसेनश्च शत्रुघ्नसहितावुभौ ।
पालयामासतु सूनू वैदेह्यौ मथुरा पुरीम् ॥१८५
अङ्गदश्चन्द्रकेतुश्च लक्ष्मणस्यात्मजावुभौ ।
हिमवत्पर्वताभ्याशे स्फीतौ जनपदौ तयो ॥१८६
अङ्गदस्याङ्गदीया तु देशे कारपथे पुरी ।
चन्द्रकेतोस्तु मल्लस्य चन्द्रवक्त्रा पुरी शुभा ॥१८७

उसका पुत्र दिलीप हुआ जो खट्वाङ्ग इस नाम से प्रसिद्ध था जिसने स्वर्ग से यहाँ भूमण्डल में आकर मुहूर्त्तभर जीवन पाकर बुद्धि से और सत्य से तीनों लोकों को अभिसंहित कर दिया था ॥१८१॥ उस खट्वाङ्ग का पुत्र दीर्घबाहु हुआ और फिर उस दीर्घबाहु से रघु ने जन्म ग्रहण किया था। राजा रघु का पुत्र महान् पराक्रमी अज हुआ और उस अज से इक्ष्वाकु कुल का नन्दन दशरथ राजा हुआ ॥१८२॥ दशरथ के पुत्र दाशरथि राम बड़े वीर–धर्मज्ञ और लोकविश्रुत हुए और महान् बलवान् भरत–लक्ष्मण और शत्रुघ्न हुए ॥१८३॥ माधव लवण को मारकर और मधुवन को जाकर शत्रुघ्न ने उसकी पुरी मथुरा का सन्निवेशित किया था ॥१८४॥ शत्रुघ्न के साथ सुबाहु और शूरसेन वैदेह्य

दोनों पुत्रों ने मथुरापुरी का पालन किया था ॥१८५॥ अङ्गद और चन्द्रकेतु ये दो लक्ष्मण के पुत्र हुए थे और उन दोनों के जनपद हिमाचल पर्वत के समीप में विस्तृत हुए थे ॥१८६॥ अङ्गद की कारूपथ देश में अङ्गदीया नाम वाली पुरी थी और चन्द्रकेतु की जोकि मल्ल थे शुभ चंद्रवक्त्रा नाम की पुरी थी ।१८७।

भरतस्यात्मजौ वीरौ तक्षः पुष्कर एव च ।
गान्धारविषये सिद्धे तयो पुर्यौ महात्मनोः ॥१८८
तक्षस्य दिक्षु विख्याता रम्या तक्षशिला पुरी ।
पुष्करस्यापि वीरस्य विख्याता पुष्करावती ॥१८९
गाथा चैवात्र गायन्ति ये पुराणविदो जनाः ।
रामे निबद्धास्तत्त्वार्था माहात्म्यात्तस्य धीमतः ॥१९०
श्यामो युवा लोहिताक्षो दीप्तास्यो मितभाषितः ।
आजानुबाहुः सुमुखः सिंहस्कन्धो महाभुजः ॥१९१
दशवर्षसहस्राणि रामो राज्यमकारयत् ।
ऋक्सामयजुषां घोषो ज्याघोषश्च महास्वनः ॥१९२
अविच्छिन्नोऽभवद्राष्ट्रे दीयतां भुज्यतामिति ।
जनस्थाने वसन् कार्यं त्रिदशानाञ्चकार सः ॥१९३
तमागस्कारिणं पूर्वं पौलस्त्यं मनुजर्षभः ।
सीतायाः पदमन्विच्छन् निजघान महायशाः ॥१९४

भरत के पुत्र बहुत वीर तक्ष और पुष्कर नाम वाले दो थे । उन दोनों महान् आत्मा वालों की गान्धार देश में सिद्ध पुरियाँ थीं ॥१८८॥ तक्ष की समस्त दिशाओं में विख्यात तक्षशिला नाम से युक्त सुन्दर पुरी थी । वीर पुष्कर की भी पुष्करावती नाम वाली पुरी विख्यात हुई थी ॥१८९॥ जो पुराणों के ज्ञान रखने वाले विद्वान् हैं वे यहाँ इस विषय में गाथा का गान किया करते हैं । धीमान् राम के माहात्म्य से राम में समस्त सत्तार्थ निबद्ध थे ॥१९०॥ श्याम वर्ण वाले-युवावस्था में संस्थित-लोहित नेत्रों से युक्त-दीप्तियुक्त मुख वाले-मित भाषण करने वाले-जानु पर्यन्त लम्बी भुजाओं वाले-सुन्दर मुख की आकृति से समन्वित-सिंह के समान कन्धों वाले-महान् भुजाओं वाले श्रीराम

थे ॥१६१॥ उन श्रीराम ने दश हजार वर्ष तक राज्य किया। श्रीराम के राज्य में ऋक्-साम और यजुर्वेद की ध्वनि सर्वत्र होती थी और धनुष की प्रत्यञ्चाओं की भी महान् ध्वनि होती थी ॥१६२॥ श्रीराम के राज्य में उनके शासन के समय में सर्वत्र सर्वदा 'दान दो-भोजन करो' यह ध्वनि अविच्छिन्न रूप से निरन्तर होती रहती थी। जनों के स्थान में निवास करते हुए उन्होंने देवों का कार्य किया था ॥१६३॥ मनुजों में परमश्रेष्ठ महान् यश वाले श्रीराम ने सीता के पद अर्थात् स्थान को खोजते हुए पहिले अपराध करने वाले उस पुलस्त्य के नाती पौलस्त्य रावण का वध किया था ॥१६४॥

सत्त्वान् गुणसम्पन्नो दीप्यमानः स्वतेजसा।
अति सूर्यञ्च वह्निञ्च रामो दाशरथिर्वभौ ॥१६५
एवमेव महाबाहुरिक्ष्वाकुकुलनन्दनः।
रावणं सगणं हत्वा दिवमाचक्रमे विभुः ॥१६६
श्रीरामस्यात्मजो जज्ञे कुश इत्यभिधीयते।
लवश्चान्यो महावीर्यस्तयोर्देशौ निबोधत ॥१६७
कुशस्य कोशला राज्यं पुरी चापि कुशस्थली।
रम्या निवेशिता तेन विन्ध्यपर्वतसानुषु ॥१६८
उत्तराकोशले राज्यं लवस्य च महात्मनः।
श्रावस्ती लोकविख्याता कुशवंशं निबोधत ॥१६९
कुशस्य पुत्रो धर्मात्मा ह्यतिथिः सुप्रियातिथिः।
अतिथेरपि विख्यातो निषधो नाम पार्थिवः ॥२००
निषधस्य नलः पुत्रो नभः पुत्रो नलस्य तु।
नभसः पुण्डरीकस्तु क्षेमधन्वा ततः स्मृतः ॥२०१

सत्त्ववान् और समस्त गुणगण से सम्पन्न एवं दीप्यमान दाशरथि श्रीराम ने सूर्य को और वह्नि को अपने तेज से दीप्त किया था ॥१६५॥ इसी प्रकार से महान् बाहु वाले और इक्ष्वाकु राजा के कुल को आनन्द देने वाले विभु राम ने अपने गणों के साथ रावण को मारकर स्वर्ग में भेज दिया था ॥१६६॥ श्रीराम का पुत्र कुश इस नाम वाला उत्पन्न हुआ। और लव अन्य

महान् वीर्य वाले पुत्र थे । अब उनके देशों को भी जान लेना चाहिए ॥१६७॥ कुश का राज्य कोशल था और उसकी पुरी का नाम कुशस्थली थी जिसको कि बहुत ही सुन्दर विन्ध्य पर्वत के शिखरों में उसने निवेशित किया था ॥१६८॥ महात्मा लव का राज्य उत्तरा कोशल में था और उसकी पुरी श्रावस्ती नाम वाली लोक में परम विख्यात थी । अब कुरु के वंश को श्रवण करो ॥१६९॥ कुश का धर्मात्मा सुप्रिय अतिथि वाला अतिथि पुत्र था । अतिथि का निषध नाम वाला पार्थिव पुत्र था ॥२००॥ निषध का नल पुत्र हुआ और नल का नभ नाम वाला पुत्र हुआ था । नभ का पुण्डरीक हुआ और उसका क्षेमधन्वा हुआ ॥२०१॥

क्षेमधन्वसुतो राजा देवानीक प्रतापवान् ।
आसीदहीनगुर्नाम देवानी कात्मज प्रभु ॥२०२
अहीनगोस्तु दायाद पारियात्रो महायशा. ।
दलस्तस्यात्मजश्चापि तस्माज्ज्ञ बलो नृप ॥२०३
औको नाम स धर्मात्मा बलपुत्रो बभूव ह ।
वज्रनाभः सुतस्तस्य शङ्खणस्तस्य चात्मज ॥२०४
शङ्खणस्य सुतो विद्वान् ध्युषिताश्व इति श्रुत ।
ध्युषिताश्व सुतश्चापि राजा विश्वसह. किल ॥२०५
हिरण्यनाभ कौशल्यो वसिष्ठस्तत्सुतोऽभवत् ।
पौत्रस्य जैमिने. शिष्यः स्मृत सर्वेषु शर्मसु ॥२०६
शतानि सहितानान्तु पञ्च योऽधीतवास्ततः ।
तस्मादधिगतो योगो याज्ञवल्क्येन धीमता ॥२०७
पुष्यस्तस्य सुतो विद्वान् ध्रुवसन्धिश्च तत्सुतः ।
सुदर्शनस्तस्य सुतो अग्निवर्णः सुदर्शनात् ॥२०८

क्षेमधन्वा का पुत्र प्रतापी देवानीक राजा हुआ और देवानीक का अहीनगु नाम वाला पुत्र था ॥२०२॥ अहीनगु का दायाद महान् यश वाला पारियात्र था और इसका पुत्र दल नामक था तथा इससे बल नाम वाला नृप उत्पन्न हुआ था ॥२०३॥ इसके पश्चात् औक्थ—इस नाम वाला परम धार्मिक

वल का पुत्र हुआ था। उसका पुत्र वज्र नाभ हुआ और वज्र नाभ के पुत्र शङ्खण उत्पन्न हुआ था ॥२०४॥ शङ्खण का पुत्र परम विद्वान् व्युषिताश्व का पुत्र राजा विश्वसह हुआ ॥२०५॥ हिरण्यनाभ कौशल्य वसिष्ठ उसका पुत्र हुआ जो समस्त शर्मों में जैमिनि के पौत्र का शिष्य कहा गया है।२०६। जिसने पाँच सौ संहिताओं का अध्ययन किया था और उससे धीमान् याज्ञवल्क्य ने योग का ज्ञान प्राप्त किया था ॥२०७॥ उसका पुत्र पुष्य था जो विद्वान् था और उसका पुत्र ध्रुव सन्धि नाम वाला था। उसका पुत्र सुदर्शन और सुदर्शन से अग्निवर्ण उत्पन्न हुआ था ॥२०८॥

अग्निवर्णस्य शीघ्रस्तु शीघ्रकस्य मनुः स्मृतः ।
मनुस्तु योगमास्थाय कलापग्राममास्थितः ।
एकोनविंशप्रयुगे क्षत्रप्रावर्त्तकः प्रभुः ॥२०९
प्रसुश्रुतो मनोः पुत्रः सुसन्धिस्तस्य चात्मजः ।
सुसन्धश्च तथामर्षः सहस्वान्नाम नामतः ॥२१०
आसीत्सहस्वतः पुत्रो राजा विश्रुतवानिति ।
तस्यासीद्विश्रुतवतः पुत्रो राजा बृहद्बलः ॥२११
एते इक्ष्वाकुदायादा राजानः प्रायशः स्मृताः ।
वंशे प्रधाना ये तेऽस्मिन् प्राधान्येन तु कीर्त्तिताः ॥२१२
पठन् सम्यगिमां सृष्टिमादित्यस्य विवस्वतः ।
प्रजावानेति सायुज्यं मनोर्वैवस्वतस्य सः ॥२१३
श्राद्धदेवस्य देवस्य प्रजानां पुष्टिदस्य च ।
विपाप्मा विरजाश्चैव आयुष्मान् भवतेऽच्युतः ॥२१४

राजा अग्निवर्ण से शीघ्र हुआ और शीघ्रक से मनु उत्पन्न हुआ। मनु तो योग में आस्थित होकर कलाप ग्राम में आस्थित होगया था। यह उन्नीसवें प्रयुग में क्षात्र प्रावर्त्तक प्रभु हुआ है ॥२०९॥ मनु का पुत्र प्रसुश्रुत और उसका पुत्र सुसन्धि हुआ। सुसन्धि का अमर्ष नाम से सहस्वान् था सहस्वान् का पुत्र राजा विश्रुतवान् था और विश्रुतवान् का पुत्र राजा बृहद्बल हुआ। ये सब इक्ष्वाकु वंश के दायाद राजा प्रायः कहे गये हैं। जो वंश में प्रधान थे वे यहाँ

बताये गये हैं। इस आदित्य की सृष्टि को भली-भाँति पढते हुए प्रजावान् और वैवस्वत मनु वे तथा प्रजाओं पुष्टि देने वाले देव श्राद्धदेव के सायुज्य को प्राप्त होता है। विपाप्मा विरज तथा आयुष्मान् एवं अच्युत होता है। २१० से २१४।

## प्रकरण ५२—सामोत्पत्तिवर्णन

योऽसौ निवेशयामास पुरन्देवपुरोपमम् ॥१
जयन्तमितिविख्यात गौतमस्याश्रमाभित ।
यस्यान्ववाये यज्ञे वै जनकादृषिसत्तमात् ॥२
नेमिर्नाम सुधर्मात्मा सर्वसत्वनमस्कृत ।
आसीत् पुत्रो महाप्राज्ञ इक्ष्वाकोर्भू रितेजस ॥३
स शापेन वसिष्ठस्य विदेह समपद्यत।
तस्य पुत्रो मिथिर्नाम जनित पर्वभिस्त्रिभि ॥४
अरण्या मथ्यमानाया प्रादुर्भू तो महायशा ।
नाम्ना मिथिरिति ख्याता जननाज्जनकोऽभवत् ॥५
मिथिर्नाम महावीर्यो येनासौ मिथिलाभवत्।
राजासौ जनको नाम जनकाच्चाप्युद.वसु ॥६
उदावसो सुधर्मात्मा जनितो नन्दिवर्द्धन ।
नन्दिवर्द्धनत. शूर सुकेतुर्नाम धार्मिक ॥७
सुकेतोरपि धर्मात्मा देवरातो महाबल ।
देवरातस्य धर्मात्मा बृहदुक्थ इति श्रु ति. ॥८

सूतजी बोले—विकुक्षि व छोटे भाई निमि के वंश को समझलो। जो इसने देवापुर के समान पुर को निवेशित किया था ॥१॥ जो गौतम के आश्रम के सामने 'जयन्त'—इन नाम से विख्यात था। जिसके अन्ववाय यज्ञ मे ऋषियो मे श्रेष्ठ जनक मे नमि—इस नाम वाला अत्यधिक तेज वाले इक्ष्वाकु का पुत्र था जो भली प्रकार से धर्मात्मा-समस्त प्राणियो के द्वारा नमस्कृत अर्थात् समादर

प्राप्त करने वाला और महान् पण्डित था ॥२॥३॥ वह वशिष्ठ के शाप से विदेह हो गये। उनका पुत्र निमि नाम वाला तीन पर्वों से जन्मा था ॥४॥ मरनी के मथन करने पर वह महान् यश वाला प्रादुर्भूत हुआ था। नाम से मिथि प्रसिद्ध हुआ और जनन होने से जनक हुए थे ॥५॥ मिथि नाम वाले महान् पराक्रम वाले थे जिनसे यह मिथिला हुई थी। वह जनक नाम वाला राजा था और जनक से उदावसु हुआ ॥६॥ उदावसु से सुन्दर धर्मात्मा वाला नन्दिवर्द्धन जन्मा। नन्दिवर्द्धन से धार्मिक और शूरवीर सुकेतु उत्पन्न हुआ ॥७॥ सुकेतु से महान् बलवाला धर्मात्मा देवरात हुआ और देवरात से धर्मात्मा बृहदुक्थ हुआ—यह श्रुति है ॥८॥

बृहदुक्थस्य तनयो महावीर्यः प्रतापवान् ।
महावीर्यस्य धृतिमान् सुधृतिस्तस्य चात्मजः ॥९
सुधृतेरपि धर्मात्मा धृष्टकेतुः परन्तपः ।
धृष्टकेतुसुतश्चापि हर्यश्वो नाम विश्रुतः ॥१०
हर्यश्वस्य मरुः पुत्रो मरोः पुत्रः प्रतित्वकः ।
प्रतित्वकस्य धर्मात्मा राजा कीर्तिरथः सुतः ॥११
पुत्रः कीर्त्तिरथस्यापि देवमीढ इति श्रुतः ।
देवमीढस्य विबुधो विबुधस्य सुतो धृतिः ॥१२
महाधृतिसुतो राजा कीर्तिराज प्रतापवान् ।
कीर्तिराजात्मजो विद्वान् महारोमेति विश्रुतः ॥१३
महारोम्णस्तु विख्यातः स्वर्णरोमा व्यजायत ।
स्वर्णरोमात्मजश्चापि ह्रस्वरोमाभवन्नृपः ॥१४
ह्रस्वरोमात्मजो विद्वान् सीरध्वज इति श्रुतिः ।
उद्भिन्ना कृषता येन सीता राज्ञा यशस्विनी ।
रामस्य महिषी साध्वी सुव्रतातिपतिव्रता ॥१५
कथं सीता समुत्पन्ना कृष्यमाणा यशस्विनी ।
किमर्थञ्चाकृषद्राजा क्षेत्रं यस्मिन् बभूव ह ॥१६

वृहदुच्छ का पुत्र प्रताप वाला महावीर्य हुआ और महावीर्य के धृतिमान् हुआ और उसके सुधृति पुत्र हुआ था ॥६॥ सुधृति के धार्मिक और शत्रुओं को तपाने वाला धृष्टकेतु पुत्र हुआ। धृष्टकेतु का पुत्र भी हर्यश्व–इस नाम से विश्रुत होने वाला उत्पन्न हुआ था ॥१०॥ राजा हर्यश्व के मरु पुत्र उत्पन्न हुआ और मरु के प्रतित्वक हुआ तथा प्रतित्वक के परम धार्मिक राजा कीर्त्तिरथ पुत्र हुआ था ॥११॥ कीर्त्तिरथ का पुत्र देवमीढ हुआ और देवमीढ के विबुध तथा विबुध के धृति नाम वाला सुत उत्पन्न हुआ था ॥१२॥ महाधृति का पुत्र प्रतापी राजा कीर्तिराज हुआ। कीर्तिराज का आत्मज अत्यन्त विद्वान् महारोमा परम प्रसिद्ध हुआ था ॥१३॥ महारोमा राजा का पुत्र परम प्रसिद्ध स्वर्णरोमा उत्पन्न हुआ था। स्वर्णरोमा का पुत्र राजा ह्रस्वरोमा हुआ ॥१४॥ ह्रस्वरोमा का आत्मज विद्वान् सीरध्वज नाम वाला हुआ था— ऐसी श्रुति है। जिस राजा ने भूमिका कर्षण करते हुए अर्थात् जोतते हुए परम यशवाली सीता को उद्भिन्न किया था जो सीता श्रीराम की पटरानी हुई थी और अत्यन्त साध्वी–अति पातिव्रत धर्म का पालन करने वाली एव सुन्दर व्रत वाली थी ॥१५॥ शांशपायन ने कहा— कृष्यमाण होती हुई सीता किस प्रकार से समुत्पन्न हुई थी ? जो कि परम यशस्विनी थी। राजा ने किस लिये भूमिका कर्षण किया था जिसके करने मे वह हुई थी ? ॥१६॥

अग्निक्षेत्रे कृष्यमाणे अश्वमेध महात्मन ।
विधिना सुप्रयुक्तेन तस्मात्सा तु समुत्थिता ॥१७
सीरध्वजात्तु जातस्तु भानुमान्नाम मैथिल ।
भ्राता कुशध्वजस्तस्य स काश्यधिपतिर्नृप ॥१८
तस्य भानुमत पुत्र प्रद्युम्नश्च प्रतापवान् ।
मुनिस्तस्य सुतश्चापि तस्मादूर्जवह स्मृत ॥१६
ऊर्जवहात् सुतद्वाज शकुनि स्तस्य चात्मज. ।
स्वागत. शकुनेः पुत्र. सुवर्च्चास्तत्सुत स्मृत. ॥२०
श्रुतो यस्तस्य दायादः सुश्रुतस्तस्य चात्मज. ।
सुश्रुतस्य जयः पुत्रो जयस्य विजयः सुतः ॥२१

विजयस्य श्रुत पुत्र श्रुतस्य सुनयः स्मृत ।
सुनयाद्वीतहव्यन्तु वीतहव्यात्मजो धृतिः ॥२२
धृतेस्तु बहुलाश्वोऽभूद्बहुलाश्वसुत कृतिः ।
इत्येते मैथिला प्रोक्ता सोमस्यापि निबोधत ॥२३

श्री सूतजी ने कहा—महान् आत्मा वाले के अश्वमेध में अग्नि क्षेत्र के कर्षण करने पर और विधि को भली-भाँति सुन्दरता के साथ प्रयुक्त करने से उसमें से वह सीता समुत्थित हुई थी ॥१७॥ सीरध्वज से भानुमान् नाम वाला मैथिल उत्पन्न हुआ था। उसका भाई कुशध्वज था और वह काशी का स्वामी नृप था ॥१८॥ उस भानुमान् का पुत्र प्रताप वाला प्रद्युम्न था। उसका पुत्र मुनि हुआ और उससे ऊर्जवह हुआ था ॥१९॥ ऊर्जवह से सुतद्वाज हुआ और उसका पुत्र शकुनि हुआ था। शकुनि का स्वागत हुआ और स्वागत का सुवर्चा-नाम वाला पुत्र उत्पन्न हुआ था ॥२०॥ उसका अर्थात् सुवर्चा का दायाद (पुत्र) श्रुत हुआ और उसका पुत्र सुश्रुत हुआ था। सुश्रुत का पुत्र जय हुआ जय का पुत्र विजय हुआ ॥२१॥ विजय के श्रुत नामक पुत्र था और श्रुत के सुनय पुत्र उत्पन्न हुआ था। सुनय से वीत हव्य हुआ और वीतहव्य का पुत्र धृति हुआ ॥२२॥ धृति से बहुलाश्व हुआ और बहुलाश्व का पुत्र कृति नाम वाला था। उसमें महान् आत्मा वाले जनकों का वंश सन्स्थित रहता है। ये इतने मैथिल बताए गए हैं। अब सोम का वंश जान लो ॥२३॥

## प्रकरण ५३—सोमोत्पत्तिवर्णन

पिता सोमस्य वै विप्रा जज्ञेऽत्रिभगवानृषिः ।
सोऽतिष्ठत्सर्वलोकान्भगवान्स्वेन तेजसा ॥१
कर्मणा मनसा वाचा शुभान्येव समाचरन् ।
काष्ठकुड्यशिलाभूत ऊर्ध्वबाहुर्महाद्युतिः ॥२
सुदुश्चरं नाम तपो येन तप्तं महत्पुरा ।
त्रीणि वर्षसहस्राणि दिव्यानीति हि नः श्रुतम् ॥३

तस्योद्ध्वं रेतसस्तत्र स्थितस्यानिमिषस्पृहम् ।
सोमत्वतनुरापेदे महाबुद्धि. स वै द्विज. ॥४
ऊर्द्ध्वमाचक्रमे तस्य सोमत्वं भावितात्मनः ।
सोमः सुस्राव नेत्राभ्यां दश वा द्योतयन् दिश. ॥५
तं गर्भं विधिनादिष्टा दश देव्यो दधुस्तदा ।
समेत्य धारयामासुर्न च ताः समशक्नुवन् ।
स ताभ्यः सहसैवाथ दिग्भ्यो गर्भः प्रभान्वितः ।
यथावभासयँल्लोकाञ्छीतांशुः सर्वभावनः ॥७
यदा न धारणे शक्तास्तस्य गर्भस्य ता स्त्रियः ।
ततः स ताभि. शीतांशुर्निपपात वसुन्धराम् ॥८

श्री सूतजी ने कहा—हे विप्रो ! सोम के पिता ऋषि अत्रिभगवान् ने जन्म ग्रहण किया था। वह अत्रि भगवान् अपने तेज से समस्त लोकों में प्रतिस्थित हुए थे ॥१॥ कर्म-मन और वचन के द्वारा शुभ का भी समाचरण करते हुए महान् द्युति वाले ऊर्ध्वबाहु होकर काष्ठ और कुड्य शिला के समान होगये। ॥२॥ हमने यह सुना है कि तीन हजार दिव्य वर्षों तक जिसने पहिले महान् कठिन तप किया था ॥३॥ वहाँ पर स्थित ऊर्द्ध्वरेता उसके अनिमिष स्पृह सोमत्व तनु को महान् बुद्धि वाले उस द्विज ने प्राप्त किया था ॥४॥ भावित आत्मा वाले उसके ऊपर सोमत्व चलता था। नेत्रों से दशों दिशाओं का प्रकाशित करता हुआ सोम श्रवण करता था ॥५॥ उस गर्भ को उस समय ब्रह्मा के द्वारा आदेश प्राप्त करने वाली दश देवियों ने एकत्रित होकर धारण किया था किन्तु वे उसे न सहन कर सकीं ॥६॥ इस के अनन्तर उन दिशाओं में वह गर्भ सहसा ही प्रभा से युक्त हो गया जिससे सबको अच्छा लगने वाला शीतांशु लोकों को अवभासित कर रहा था ॥७॥ जब वे स्त्रियाँ उस गर्भ के धारण करने में समर्थ न हुई तो फिर वह शीतांशु उनसे पृथ्वी पर गिर गया था। ॥८॥

पतन्तं सोममालोक्य ब्रह्मा लोकपितामह. ।
रथमारोपयामास लोकानां हितकाम्यया ॥९

स हि देवमयो विप्रा धर्म्मार्थी सत्य सङ्कर ।
युक्तो वाजिसहस्रेण सितेनेति हि न श्रुतम् ॥१०
तस्मिन्निपतिते देवा पुत्रेऽत्रे परमात्मनि ।
तुष्टुवुर्ब्रह्मण पुत्रा मानसा सप्त विश्रुता. ।
सत्र्वाङ्गिरसस्तस्य भृगोश्चैवात्मजस्तथा ।
ऋग्भिर्यजुभिर्बहुभिरथर्वाङ्गिरसैरपि ॥१२
तत सस्तूयमानस्य तेज सोमस्य भास्वत ।
आप्यायमाना लोकांस्त्रीन् भावयामास सर्व्वश ॥१३
समेन त्र्यमुरयेन सागरान्ता वसुन्धराम् ।
त्रि सप्तकृत्वो वितुलश्चकाराभिप्रदक्षिणम् ॥१४
तस्य यच्चापि ततेज पृथिवीमन्वपद्यत ।
ओषध्यस्ता समुद्भूतास्तेजसा सज्वलन्त्युत ॥१५
ताभिर्धार्यंत्ययं लोकान् प्रजाश्चापि चतुर्विधा ।
पोष्टा हि भगवान् सोमो जगतो हि द्विजोत्तमा ।

समस्त लोकों के पिता यह ब्रह्माजी ने सोम को धिरता हुआ देखकर लोकों के हित की कामना से रथ को आरोपित कर दिया था ॥६॥ हे विप्र-वृन्द ! वह देवों से परिपूर्ण, धर्म का अर्थी, सत्य सङ्कार और श्वेत वर्ण वाले सहस्र अश्वों से युक्त था—ऐसा हमने सुना है ॥१०॥ उस परमात्मा अत्रि के पुत्र के निपतित होने पर जो सात ब्रह्मा के प्रसिद्ध मानस पुत्र हैं उन्होंने स्तुति की थी ॥११॥ वहाँ पर ही आङ्गिरस और उस भृगु के पुत्र ने उसी प्रकार से ऋग्वेद-यजुर्वेद और बहुत से आङ्गिरसों से स्तवन किया ॥१२॥ इसके अनन्तर भली-भाँति स्तुति किये गये उस भासमान सोम के तेज ने लोकों को आप्यायित करते हुए सब ओर से भावित किया था ॥१३॥ उसने सम मुख्यरथ के द्वारा सागर पर्यन्त वसुन्धरा की इक्कीस बार प्रदक्षिणा की थी ॥१४॥ उसका जो भी तेज था वह पृथ्वी में अनुपम हो गया और वे औषधियों के स्वरूप में समुत्पन्न हुई जो कि अपने तेज से भली-भाँति ज्वलित हो रही हैं ॥१५॥ हे द्विजा

समवृन्द ! उन ओषधियो से यह लोको को धारण करता है और भगवान् सोम चारो प्रकार की प्रजाओं को तथा जगत् का भी परम पोषक है ॥१६॥

स लब्धतेजास्तपसा सस्तवैस्तैश्च कर्म्मभि ।
तपस्तेपे महाभाग पद्माना दशतीर्दश ॥१७
हिरण्यवर्णा या देव्यो धारयन्त्यात्मना जगत् ।
विभुस्तासाम्भवेत्सोम प्रख्यात स्वेन कर्म्मणा ॥१८
ततस्तस्मै ददौ राज्य ब्रह्मा ब्रह्मविदा वर ।
बीजौषधिषु विप्राणामपाञ्च द्विजसत्तमा ॥१९
सोऽभिषिक्तो महातेजा महाराज्येन राजराट ।
लोकाना भावयामास स्वभावात्तपना वर ॥२०
सप्तविंशतिरिन्दोस्तु दाक्षायण्यो महाव्रता ।
ददौ प्राचेतसो दक्षा नक्षत्राणीति या विदु ॥२१
स तत्प्राप्य महद्राज्य सोम सोमवता प्रभु ।
समाजह्रे राजसूय सहस्रशतदक्षिणम् ॥२२
हिरण्यगर्भश्चोद्गाता ब्रह्मा ब्रह्मत्वमेयिवान् ।
सदस्यस्तत्र भगवान् हरिर्नारायणः प्रभु ।
सनत्कुमारप्रमुखैराद्यै ब्रह्मर्षिभिर्वृ त ॥२३
दक्षिणामददत्सोमस्त्रीँल्लोकानिति न श्रुतम् ।
तेभ्यो ब्रह्मर्षिमुख्येभ्य सदस्येभ्यश्च वै द्विजा ॥२४

वह सस्तवो और उन कर्मों के द्वारा तथा तप से तेज प्राप्त करने वाला होगया और उस महाभाग ने दशतो दश पद्मो तक तपस्या की थी ॥१७॥ जो हिरण्य वर्ण वाली देवियाँ थी उन्होने जगत् को धारण किया है उनका विभु सोम हुआ जो अपने कर्म के द्वारा प्रख्यात है ॥१८॥ ब्रह्म वेत्ताओ मे श्रेष्ठ ब्रह्मा ने हे द्विजो म श्रेष्ठ ! बीजौषधियो मे विप्रो का और जलो का राज्य उसे देदिया था ॥१९॥ तपस्या करने वालो मे श्रेष्ठ वह अभिषिक्त होता हुआ इस महान् राज्य से राजाओं का राज्य तथा महान् तेजस्वी स्वभाव से लोकों को आनन्दित किया करता था । २०॥ प्राचेतस दक्ष ने इन्द्र को महान् व्रत वाली सत्ताईस

दाक्षायणी दे दी जो कि नक्षत्र नाम से जानी गई हैं ॥२१॥ सोम वालों के स्वामी उस सोमने उस महान् राज्य को प्राप्त करके सहस्र शत दक्षिणा वाला राजसूय यज्ञ किया था ॥२२॥ उसमे हिरण्य गर्भ उद्गाता हुए और ब्रह्मा ब्रह्मत्व को प्राप्त हुए अर्थात् ब्रह्मा बने तथा सनत्कुमार आदि प्रमुख ब्रह्मर्षियो से व्रत भगवान् नारायण प्रभु हरि सदस्य हुए थे ॥२३॥ हमने ऐसा सुना है कि सोम ने उन ब्रह्मर्षि मुख्य सदस्यो के लिये, हे द्विज वृन्द ! तीनों लोकों को दक्षिणा मे था ॥ २४ ॥

त सिनी च कुहूश्चैव वपुः पुष्टि प्रभा वसु ।
कीर्तिर्धृतिश्च लक्ष्मीश्च नव देव्य सिषेविरे ॥२५
प्राप्यावभृथमव्यग्र सर्व्वदेवर्षिपूजित ।
अतिराजातिराजेन्द्रो दशधातापयद्दिश ॥२६
तदा तत् प्राप्य दुष्प्रापमैश्वर्यमृषिसस्तुतम् ।
स विभ्रममतिर्विप्रा विनये विनयो हत ॥२७
बृहस्पते स वै भार्यां तारां नाम यशस्विनीम् ।
जहार सहसा सर्व्वानवमत्याङ्गिरःसुतान् ॥२८
स याच्यमानो देवैश्च तथा देवर्षिभिश्च ह ।
नैव व्यसर्जयत्तारा तस्मायाङ्गिरसे तदा ॥२९
उशनास्तस्य जग्राह पार्ष्णिमङ्गिरसो द्विजाः ।
स हि शिष्यो महातेजा पितु पूर्वं बृहस्पते ॥३०
तेन स्नेहेन भगवान् रुद्रस्तस्य बृहस्पते ।
पार्ष्णिग्राहोऽभवद्देव प्रगृह्याजगवन्धनु ॥३१
तेन ब्रह्मर्षिमुख्येभ्य परमास्त्र महात्मना ।
उद्दिश्य देवानुत्सृष्ट येनैषा नाशित यश ॥३२

उस राजा सोम की सिनी—कुहू—वपु—पुष्टि—प्रभा—वसु—कीर्ति—धृति और लक्ष्मी इन नौ देवियों ने सेवा की थी ॥२५॥ अवभृथ को प्राप्त करके व्यग्रता से रहित और समस्त देव तथा ऋषियों के द्वारा पूजित अति राजाओं का अति राजेन्द्र उसने दश प्रकार से दिशाओं को तापित किया था ॥२६॥ हे विप्रो !

उस समय मे ऋषियो के द्वारा सस्तुत उस दुष्प्राप्त ऐश्वर्य को प्राप्त करके वह विनय मे हत एव नीतिहीन विशेष रूप से भ्रान्त मतिवाला होगया था ।।२७।। उसने समस्त आङ्गिर पुत्रोको अवमानित कर बृहस्पति की भार्या परम यशस्विनी तारा नाम वाली का सहसा हरण किया था ।।२८।। उस समय मे देवो के द्वारा तथा समस्त देवर्षियो के द्वारा वह याचित किया गया अर्थात् तारा के वापिस दे देने की याचना की गई थी किन्तु उसने उस आङ्गिरस को तारा नही छोडी थी ।।२६।। हे द्विज वृन्द ! उस समय उस आङ्गिरस का पक्ष अथवा साथ उशना ने ग्रहण किया था वह महान् तेजस्वी बृहस्पति के पिता का पहिला शिष्य था ।।३०।। उस स्नेह से भगवान् रुद्र देव अजगव धनुष ग्रहण करके उस बृहस्पति के पार्ष्णिग्राह अर्थात् सहायता करने वाले हुए थे ।।३१।। उस महात्मा ने ब्रह्मर्षि मुख्यो के लिये परम अस्त्र देवो को उद्देश करके छोडा था जिसने इनके यश को नष्ट कर दिया था ।।३२।।

तत्र तद्युद्धमभवत् प्रत्यक्षन्तारकामयम् ।
देवाना दानवानाञ्च लोकक्षयकर महत् ।।३३
तत्र शिष्टास्तयो देवास्तुषिताश्चैव ये स्मृता· ।
ब्रह्माण शरण जग्मुरादिदेव पितामहम् ।।३४
ततो निवार्योशनम रुद्र ज्येष्ठञ्च शङ्करम् ।
ददावाङ्गिरसे तारा स्वयमेव पितामहः ।।३५
अन्तर्वत्नी च ता दृष्ट्वा तारान्ताराधिपाननाम् ।
गर्भमुत्सृजसे न त्व विप्रः प्राह बृहस्पति ।।३६
मदीयाया तनौ योनौ गर्भो धाय कथञ्चन ।
अयो नावसृजत्तन्तु कुमार दस्युहन्तमम् ।।३७
ईषिकास्तम्बमासाद्य ज्वलन्तमिव पावकम् ।
जातमात्रोऽथ भगवान् देवानामाक्षिपद्वपु ।।३८
ततः सशयमापन्नास्तारामकथयन् सुरा ।
सत्यं ब्रूहि सुतः कस्य सोमस्याथ बृहस्पतेः ।।३९

ह्रीयमाणा यदा देवान्नाह सा साध्वसाधु वा ।
तदा तां नप्तुमारब्ध कुमारो दस्युहन्तम ॥४०

उस समय वहाँ पर देव और दानवों का लोकों के क्षय को करने वाला महान् प्रत्यक्ष तारकामय युद्ध हुआ था ॥३३॥ उस समय में तीन शिष्ट देव जो कि तुषिता कहे जाते हैं आदि देव ब्रह्माजी पितामह की शरणागति में प्राप्त हुए थे ॥३४॥ इसके अनन्तर पितामह ने स्वयं ही उशना को और ज्येष्ठ शङ्कर रुद्र का निवारण कर आङ्गिरस के लिये तारा देदी थी ॥३५॥ उस चन्द्रमुखी तारा को उस समय गर्भवती देखकर विप्र बृहस्पति ने उससे कहा कि तू गर्भ का उत्सर्जन मत कर ॥३६॥ मेरे तनु योनि में किसी भी प्रकार से गर्भ-धारण करना चाहिए। इसके अनन्तर उस दस्यु हन्तम कुमार का अवमर्जन नहीं किया था ॥३७॥ ईषिका-स्तम्ब को पाकर अग्नि की भाँति उत्पन्न होते ही भगवान् ने देवों के शरीर पर आक्षेप किया था ॥३८॥ सबको संशय को प्राप्त होने वाले देवों ने तारा से कहा—तुम सत्य सत्य बतला दो—यह पुत्र किसका है ? बृहस्पति का है या सोम का है ? ॥३९॥ तब लज्जित होती हुई उसने जो ठीक या बेठीक था देवों को बतला दिया। उस समय कुमार दस्युहन्तम ने उसको शाप देने का प्रारम्भ किया था ॥४०॥

सन्निवार्य तदा ब्रह्मा तारां चन्द्रस्य संशयं ।
यदत्र तथ्यन्तद्ब्रूहि तारे कस्य सुतस्त्वयम् ॥४१
सा प्राञ्जलिरुवाचेदं ब्रह्माणं वरदं प्रभुम् ।
सोमस्येति महात्मानं कुमारन्दस्युहन्तमम् ॥४२
ततः स तमुपाघ्राय सोमो धाता प्रजापतिः ।
बुध इत्यकरोन्नाम तस्य पुत्रस्य धीमतः ॥४३
प्रतिपूर्व्वञ्च गमने समभ्युत्तिष्ठते बुधः ।
उत्पादयामास तदा पुत्रं वै राजपुत्रिका ॥४४
तस्य पुत्रो महातेजा बभूवैल: पुरूरवा ।
उर्वश्यां जज्ञिरे तस्य पुत्राः षट् सुमहौजसः ॥४५

प्रसह्य धर्षितस्तत्र विवशो राजयक्ष्मणा ।
ततो यक्ष्माभिभूतस्तु सोम प्रक्षीणमण्डल ।
जगाम शरणायाथ पितर सोऽत्रिमेव तु ॥४६
तस्य तत्पापशमन चकारात्रिर्महायशा ।
स राजयक्ष्मणा मुक्त श्रिया जज्वाल सर्व्वश ॥४७
एतत्सोमस्य वै जन्म कीर्त्तित द्विजसत्तमा ।
वशन्तस्य द्विजश्रेष्ठा कीर्त्यमान निबोधत ॥४८
धन्यमारोग्यमायुष्य पुण्य कल्मषशोधनम् ।
सोमस्य जन्म श्रुत्वैव सर्वपापं प्रमुच्यते ॥४९

उस समय में ब्रह्माजी ने सन्निवारण कर जो चन्द्र का संशय था उसके विषय में कहा—हे तारा ! यहाँ पर जो भी तथ्य हो वह बतादो कि यह किसका पुत्र है ॥४१॥ वह प्राञ्जलि होकर अर्थात् हाथ जोडकर वर देने वाले प्रभु ब्रह्माजी से यह बोली कि कुमार दस्युहन्तम सोम का ही है ॥४२॥ इसके पश्चात् उनने अर्थात् ब्रह्मा ने उसका उपाघ्राण करके सोमदाता प्रजापति है और उसके धीमान् पुत्र का नाम बुध यह रक्खा था ॥४३॥ और प्रतिपूर्व के गमन से बुधों से समभ्युत्थित होना है। तब राजिका ने पुत्र को उत्पन्न किया था ॥४४॥ उसका महान् तेज वाला पुरूरवा ऐल पुत्र हुआ। उसके उर्वशी से महान् ओज वाले छैं पुत्रों ने जन्म ग्रहण किया था ॥४५॥ वहाँ बलपूर्वक राजयक्ष्मा के द्वारा विवश होते हुए धर्षित किया गया था। इसके अनन्तर राजयक्ष्मा से अभिभव पाने वाला होकर सोम प्रक्षीण मण्डल वाला होगया। इसके पश्चात् वह पिता अत्रि के ही शरण में गया था ॥४६॥ महान् यश वाले अत्रि ने उसके उस पाप का शमन किया था और वह राजयक्ष्मा से छुटकारा पाकर सर्व प्रकार से शोभा जाज्वल्यमान होगया था ॥४७॥ हे द्विज श्रेष्ठो ! यह मैंने सोम का जन्म बतला दिया है। अब उसका वंश द्विजों में श्रेष्ठ आप समझलो जिसको कि मेरे द्वारा कहा जा रहा है ॥४८॥ यह सोम के जन्म की कथा का वर्णन परम धन्य-आरोग्य और आयु देने वाला पवित्र है। यह पापों का नाशक है। मनुष्य सोम के जन्म की कथा को सुनकर ही समस्त पापों से छूट जाता है ॥४९॥

## प्रकरण ५३–चन्द्रवंश कीर्तन

सोमस्य तु बुध पुत्रो बुधस्य तु पुरूरवा ।
तेजस्वी दानशीलश्च यज्वा विपुलदक्षिण ॥१
ब्रह्मवादी पराक्रान्त शत्रुभिर्युधि दुर्जय ।
आहर्त्ता चाग्निहोत्रस्य यज्वनाञ्च ददौ महीम् ॥२
सत्यवाक् कर्म्मबुद्धिश्च कान्त संवृतमैथुन ।
अतीव पुत्रो लोकेषु रूपेणाप्रतिमोऽभवत् ॥३
त ब्रह्मवादिन दान्त धर्मज्ञ सत्यवादिनम् ।
उर्वशी वरयामास हित्वा मान यशस्विनी ॥४
तया सहावसद्राजा दशवर्षाणि चाष्ट च ।
सप्त षट् सप्त चाष्टौ च दश चाष्टौ च वीर्यवान् ॥५
वने चैत्ररथे रम्ये तथा मन्दाकिनीतटे ।
अलकाया विशालाया नन्दने च वनोत्तमे ॥६
गन्धमादनपादेषु मेरुशृङ्गे नगोत्तमे ।
उत्तरांश्च कुरून् प्राप्य कलापग्राममेव च ॥७
एतेषु वनमुख्येषु सुरैराचरितेषु च ।
उर्वश्या सहितो राजा रेमे परमया मुदा ॥८

श्री सूतजी ने कहा—सोम का पुत्र बुध हुआ और बुध का पुत्र पुरूरवा हुआ जो बहुत ही तेजस्वी–दान देने के स्वभाव वाला–यजन करने वाला तथा बहुत दक्षिणा देने वाला था ॥१॥ पुरूरवा ब्रह्मवादी था तथा शत्रुओं के द्वारा पराक्रान्त हुआ तब युद्ध में वह दुर्जय था अर्थात् रणभूमि में कोई भी आसानी से उसे जीत नहीं सकता था। वह अग्निहोत्र का आहरण करने वाला था और यज्वाओं को उसने भूमि का दान दिया था ॥२॥ वह सत्य वचन बोलने वाला, संवृत मैथुन, सुन्दर और कर्मों के सम्पादन में बुद्धि रखने वाला हुआ था। लोकों में वह पुत्र अत्यन्त ही रूप से अनुपम हुआ था ॥३॥ उस दमनशील धर्म के ज्ञान वाले–सत्य की और ब्रह्म की चर्चा करने वाले राजा को उर्वशी ने

मान का त्याग कर वरण किया जोकि उर्वशी बड़े ही यश वाली थी ।।४।। वीर्य वाला राजा उसके साथ अठारह वर्ष तथा चवालीस–चौंसठ और अस्सी वर्ष तक रहा था ।।५।। मन्दाकिनी के तट पर, परम रम्य चैत्ररथ वन में, विशाल अलकापुरी में और वनों में सर्वश्रेष्ठ नन्दन वन में निवास किया था ।६। गन्धमादन पर्वत की तराई में, गिरियों में उत्तम मेरु के शिखरों पर और उत्तर कुरुओं को प्राप्त कर तथा कलाप ग्राम में जाकर वास किया था ।।७।। इन उक्त मुख्य वनों में जोकि देवों के द्वारा सेवित थे राजा ने प्रेयसी उर्वशी के साथ रहते हुए परमानन्द के साथ रमण किया था ।।८।।

गन्धर्वी चोर्वशी देवी राजानं मानुषं कथम् ।
देवानुत्सृज्य सम्प्राप्ता तन्नो ब्रूहि बहुश्रुत ।।९
ब्रह्मशापाभिभूता सा मानुषं समुपस्थिता ।
ऐलं तु तं वरारोहा समयेन व्यवस्थिता ।।१०
आत्मनः शापमोक्षार्थं नियमं सा चकार तु ।
अनग्नदर्शनञ्चैव अकामात् सह मैथुनम् ।।११
द्वौ मेषौ शयनाभ्याशे मे नावव्यवतिष्ठते ।
घृतमात्रं तथाहारः कालमेकन्तु पार्थिव ।।१२
यद्येष समयो राजन् यावत्कालञ्च ते दृढम् ।
तावत्कालन्तु वत्स्यामि एष नः समयः कृतः ।।१३
तस्यास्तं समयं सर्वं स राजा पर्यपालयत् ।
एवं सा चावसत् तस्मिन् पुरूरवसि भामिनी ।।१४
वर्षाण्यथ चतुःषष्टि तद्भक्तया शापमोहिता ।
उर्वशी मानुषं प्राप्ता गन्धर्वाश्चिन्तयान्विता ।।१५
चिन्तयध्वं महाभागा यथा सा तु वराङ्गना ।
आगच्छेत्तु पुनर्देवानुर्वशी स्वर्गभूषणा ।।१६

ऋषियों ने कहा—हे बहुश्रुत ! अर्थात् बहुत अधिक बातों के सुनने वाले !! ज्ञान वाले ! उर्वशी देवी तो गन्धर्व जाती की थी जोकि देवों की ही एक गायन करने वाली विशेष जाति है, उसने मनुष्य जाति के राजा को समस्त

देवताओं को छोड़कर किस तरह वरण किया था अर्थात् वह देवाङ्गना होते हुए मनुष्य को कैसे प्राप्त होगई—यह स्पष्ट बतलाइये ॥६॥ श्री सूतजी ने कहा—वह उर्वशी ब्रह्म शाप से अभिभूत होकर मनुष्यता को प्राप्त हुई थी उस वरारोहा ने (वह जिसके शरीर के अङ्गों का श्रेष्ठतम आरोहण होता है) कुछ समय तक नियम-पालनपूर्वक व्यवस्थित होकर ऐल के पास निवास किया था ॥१०॥ उसने अपने शाप की मुक्ति के लिए कुछ नियम (शर्तें) किये थे और वे ये थे—एक तो नानावस्था में दर्शन नहीं करना था और दूसरा बिना काम की वासना के मैथुन करने का था ॥११॥ वह राजा शयनाभ्यास में दो मेष तक व्यवस्थित रहता था और राजा केवल एकबार घृत का ही आहार करने वाला रहता था ॥१२॥ उर्वशी ने ये शर्तें तय करली थी और राजा से कह दिया था कि हे राजन्! आपकी ये शर्तें जब तक दृढ़ता के साथ पालन की जायेंगी उतने ही समय तक मैं आपके साथ निवास करूँगी—यह हमारा किया हुआ समय अर्थात् नियम तथा शर्त्त है ॥१३॥ उस उर्वशी के द्वारा किए हुए उस नियम को उस राजा ने पूर्ण रूप से पालन किया था और इस प्रकार से वह भामिनी (उर्वशी) उस पुरूरवा के पास निवास करती थी ॥१४॥ इसके अनन्तर शाप मोहित उर्वशी को उसकी भक्ति में चौंसठ वर्ष व्यतीत होगये थे। उर्वशी मनुष्य जाति के राजा के पास चली गई—इस बात से गन्धर्व लोग अत्यन्त चिन्ता में युक्त होगये थे ॥१५॥ गन्धर्वों ने कहा—हे महान् भाग वालो? ऐसा कोई उपाय सोचो, कि वह वराङ्गना उर्वशी जिस रीति से फिर देवों के पास वापिस आजावे क्योंकि वह तो इस स्वर्गलोक की शोभा करने वाले भूषण के समान है ॥१६॥

ततो विश्वावसुर्नाम तत्राह वदतां वरः ।
तया तु समयस्तत्र क्रियमाणो मतोऽनघ ॥१७
समयव्युत्क्रमात् सा वै राजानं त्यक्ष्यते यथा ।
तदहं वच्मि वः सर्वं यथा त्यक्ष्यति सा नृपम् ॥१८
सहसा योगमेष्यामि युष्माकं कार्यसिद्धये ।
एवमुक्त्वा गतस्तत्र प्रतिष्ठानं महायशाः ॥१६

स निशायामथागम्य मेषमेकं जहार वै ।
मातृवद्वर्त्तते सा तु मेषयोश्चारुहासिनी ॥२०
गन्धर्वागमनं ज्ञात्वा शयनस्था यशस्विनी ।
राजानमब्रवीत्सा तु पुत्रो मे ह्रियतेति वै ॥२१
एवमुक्तो विनिश्चित्य नग्नस्तिष्ठति वै नृप ।
नग्नं द्रक्ष्यति मा देवी समयो वितथो भवेत् ॥२२
ततो भूयस्तु गन्धर्वा द्वितीयं मेषमाददुः ।
द्वितीयेऽपहृते मेषे ऐलं देवी समब्रवीत् ॥२३
पुत्रौ मम हृतौ राजन्ननाथाया इव प्रभो ।
एवमुक्तस्ततोत्थाय नग्नो राजा प्रधावित ॥२४

इसके अनन्तर उस समय वहाँ पर बोलने वालों में श्रेष्ठ विश्वावसु नाम वाला गन्धर्व बोला कि उसने वहाँ पर भय से रहित समय ( नियम या शर्त ) किया हुआ माना है ॥१७॥ उस किये हुए समय ( नियम ) के व्युत्क्रम होने से ही राजा को त्याग देगी और जिस तरह उस समय का व्युत्क्रम हो सकता है वह सब मैं तुमको बतलाता हूँ कि जिसके कारण वह राजा का त्याग करदे ॥१८॥ मैं तुरन्त ही आप लोगों के कार्य की सिद्धि के लिये योग को प्राप्त होऊँगा। यह कहकर वह महान् यशवाला विश्वावसु उस प्रतिष्ठान पर पहुँच गया था ॥१६॥ उसने रात्रि में आकर उन दो मेषों में से एक का हरण कर लिया था। वह चारु अर्थात् सुन्दर हास वाली उर्वशी उन दोनों मेषों की माता की भाँति रहती है ॥२०॥ शयन में स्थित रहती हुई यशस्विनी उस उर्वशी ने राजा से कहा मेरा पुत्र का हरण होगया है ॥२१॥ इस तरह कहा गया राजा नग्न स्थित हो जाता है यह निश्चय करके कि वह देवी मुझे नग्न को देखेगी तो जो समय था (अर्थात् शर्त थी) वह असत्य हो जायगा ॥२२॥ इसके बाद पुनः गन्धर्वों ने दूसरा मेष भी ले लिया था। दूसरे मेष के अपहृत होजाने पर वह देवी उर्वशी ऐल से बोली ॥२३॥ हे प्रभो ! हे राजन् ! अनाथा की भाँति मेरे दोनों पुत्र अपहृत होगये हैं। ऐसा कहा गया राजा उस समय नग्न हो उठ कर दौड़ा ॥ २४ ॥

मेपाम्या पदवी राजन् गन्धर्व्वेर्व्यु स्थितामथ ।
उत्पादिता तु महती माया तद्भवनं महत् ॥२५
प्रकाशितन्तु सहसा ततो नग्नमवेक्ष्य सा ।
नग्न दृष्ट्वा तिरोऽभूत्सा ग्रप्सरा कामरूपिणी ॥२६
तिरोभूतान्तु ता ज्ञात्वा गन्धर्वास्तत्र तावुभौ ।
मेपौ त्यक्त्वा च ते सर्वे तत्रैवान्तर्हिताभवन् ॥२७
उत्सृष्टावुरणौ दृष्ट्वा राजा गृह्यागत प्रभु ।
ग्रपश्यस्ता तु वै राजा विललाप सुदु खित ॥२८
चचार पृथिवी चैव मार्गमाणस्ततस्ततः ।
ग्रथापश्यच्च ता राजा कुरुक्षेत्रे महाबल ॥२९
प्लक्षतीर्थे पुष्करिण्या विगाटनाम्बुनाप्लुताम् ।
क्रीडन्तीमप्सरोभिश्च पञ्चभि सह शोभनाम् ॥३०
ग्रपश्यत्सा तत सुभ्रू राजानमविदूरत ।
उर्वशी ता सखी ग्राह ग्रय स पुरुपोत्तम ॥३१
यस्मिन्नहमवात्स हि दर्शयामास त नृपम् ।
तत आविर्वभूवुस्ता पञ्चचूडाप्सरास्तु ता ॥३२

हे राजन् ! मेपा के द्वारा बना हुई पदवी को ग्रर्थात् मार्ग मे राजा ने दौड लगाई थी ग्रौर गन्धर्वो के द्वारा बडी माया उत्पन्न करदी गई थी कि वह महान् भवन सहसा प्रकाश से युक्त होगया ग्रौर फिर उस उर्वशी ने राजा को नग्न देख लिया था तथा नग्नावस्था मे राजा को देखकर वह कामरूप धारण करने वाली ग्रप्सरा तिरोभूत होगई थी ॥२५-२६॥ वहाँ पर उन गन्धर्वो ने जब यह जान लिया कि वह उर्वशी छिप गई है यानी तिरोहित होगई है तो वे दोनो मेपो को वहीं पर छोड कर वे सब भी वही ग्रन्तर्धान होगये थे ॥२७॥ उन त्यागे हुए मेपो को लेकर राजा ग्राया तो वहाँ उस ग्रप्सरा उर्वशी को न देखते हुए बहुत दु खित होकर विलाप करने लगा ॥२८॥ इसके पश्चात् वह राजा उसे इधर-उधर खोजता हुग्रा पृथिवी पर विचरण कर रहा था ग्रौर इसके पश्चात् महा बलवान् राजा ने उसको कुरुक्षेत्र मे देखा था ॥२९॥ वह उर्वशी

प्लक्ष तीर्थ मे जो पुष्करिणी है उसमें खूब गहरे जल में आप्लुत थी और पांच अप्सराओं के साथ क्रीडा करती हुई परम शोभा से युक्त वहाँ उस को राजा ने देखा था ॥३०॥ उस शुभ्रू ने निकट से राजा को देखा और इसके पश्चात् अपनी उन सहेलियों से उर्वशी ने कहा कि वह यह श्रेष्ठ पुरुष है ॥३१॥ जिसके साथ मैंने निवास किया था—यह कहकर उनको वह राजा दिखला दिया था। इसके अनन्तर वे सब प्रकट होगई थी। पञ्चचूडा अप्सरा थीं ॥३२॥

दृष्ट्वा तु राजा तां प्रीत प्रलापान् कुरुते बहून् ।
आयाहि तिष्ठ मनसा घोरे वचसि तिष्ठ हे ॥३३
एवमादीनि सूक्ष्माणि परस्परमभाषत ।
उर्व्वशी त्वब्रवीच्चैल सगर्भाहं त्वया प्रभो ॥३४
संवत्सरात् कुमारस्ते भविता नव सशय. ।
निशामेकान्तु वै राजा ह्यवसत्तु तया सह ॥३५
सम्प्रहृष्टो जगामाथ स्वपुरन्तु महायशाः ।
गते सवत्सरे राजा उर्व्वशी पुनरागमत् ॥३६
उषित्वा तु तया सार्द्धमेकरात्र महामनाः ।
कामार्त्तश्चा ब्रवीद्दीनो भव नित्य ममेति वै ॥३७
उर्व्वश्ययाब्रवीच्चैल गन्धर्वास्ते वर ददु ।
त वृणीष्व महाराज ब्रूहि चैतास्त्वमेव हि ॥३८
वृणे नित्य हि सालोक्य गन्धर्वाणां महात्मनाम् ।
ततैरयुक्त्वा वरं वव्रे गन्धर्वाश्च तथास्त्विति ॥३९
स्थालीमग्ने. पूरयित्वा गन्धर्व्वाश्च तमब्रुवन् ।
अनेन इष्ट्वा लोकन्त प्राप्स्यसि त्व नराधिप ॥४०

राजा ने उनको देखकर परम प्रसन्नता प्राप्त की और वह बहुत से प्रलाप करने लगा जैसे—आओ, ठहरो, मनसे घोर वचन मे स्थित होजा, इत्यादि अनर्थक वचन राजा ने कहे ॥३३॥ इस प्रकार से बहुत-सी सूक्ष्म बातें आपस मे बोलीं और फिर उर्वशी ने ऐल से कहा—हे प्रभो ! मैं आपसे गर्भ वाली होगई हूँ ॥३४॥ एक वर्ष मे तुम्हारा कुमार उत्पन्न होगा—इसमें कोई भी सशय

नहीं है। वह राजा एक रात वहाँ उसके साथ रहा ॥३५॥ वह राजा परम प्रमग्न होता हुआ महान् यश वाला अपने पुर को वापिस चला गया था। एक वर्ष के समाप्त होजाने पर राजा ऐल पुन वहाँ उर्वशी के पास आया था ॥३६॥ महान् मन वाला वह राजा सार्ध एक रात्रि तक वहाँ उसके साथ निवास करके और काम से आर्त्त होता हुआ दीन होकर उर्वशी से बोला तुम मेरी नित्य ही रहने वाली होजाओ ॥३७॥ और इसके अन्तर्गत उर्वशी ने ऐल से कहा उन गन्धर्वों ने वरदान दिया है—उसका वरण कर-लो हे महाराज! तुमही इनसे कहो ॥३८॥ महात्मा गन्धर्वों से नित्य सालोक्य को वरा। 'तथास्तु'—यह कह कर अर्थात् ऐसा ही होवे गन्धर्वों ने वर दिया ॥३९॥ और स्थाली को अग्नि से भर कर गन्धर्वों ने उससे कहा—नरों के स्वामी! इससे यजन करके तू उस लोक को प्राप्त हो जायगा ॥४०॥

तमादाय कुमारन्तु नगरायोपचक्रमे।
नि क्षिप्य तमरण्याञ्च स पुत्रन्तु गृह ययौ ॥४१
पुनरादाय ह्यग्निमश्वत्थ तत्र दृष्टवान्।
समीपतस्तु त दृष्ट्वा ह्यश्वत्थ तत्र विस्मित ॥४२
गन्धर्वेभ्यस्तथाख्यातुमग्निना गा गतस्तु स।
श्रुत्वातमर्थमखिलमरणि तु समादिशत् ॥४३
अश्वत्थादरणि कृत्वा मथित्वाग्नि यथाविधि।
तेनेष्ट्वा तु सलोक न प्राप्स्यसि त्व नराधिप।
मथित्वाग्नि त्रिधा कृत्वाह्ययजत्स नराधिप ॥४४
इष्ट्वा यज्ञैर्बहुविधैर्गतस्तेषा सलोकताम्।
वासाय च स गन्धर्वैस्त्रेतायां स महारथ।
एषोऽग्नि पूर्वमासीद्वै ऐलस्त्री स्तानकल्पयत् ॥४५
एवप्रभावो राजासीदैलस्तु द्विजसत्तमा।
देशे पुण्यतमे चैव महर्षिभिरलङ्कृते ॥४६
राज्य स कारयामास प्रयागे पृथिवी पति।
उत्तरे यामुने तीरे प्रतिष्ठाने महायशा ॥४७

तस्य पुत्रा बभूवुर्हि षडिन्द्रोपमतेजस. ।
गन्धर्व्वलोके विदिता आयुर्द्धीमानमावसु. ॥४८
विश्वायुश्च शतायुश्च गतायुश्चोर्वशीसुताः ।
अमावसोस्तु वै जातो भीमो राजाथ विश्वजित् ॥४६

उस कुमार को लेकर नगर के लिये चल दिया था वह उस पुत्र को अरणी मे डालकर गृह चला गया ॥४१॥ फिर लाकर हृदय अग्नि अश्वत्थ (पीपल) को वहाँ देखा था। समीप से उसे अश्वत्थ को देखकर वहाँ विस्मित होगया ॥४२॥ गन्धर्वों से उस प्रकार मे कहन के लिये अग्नि के द्वारा भूमि मे गया हुआ वह उस समस्त अर्थ को श्रवण कर अरणि को आज्ञा दी ॥४३॥ अश्वत्थ से अरणी मे करके और अग्नि को यथा विधि के अनुसार मन्थन कर हे नराधिप ! तुम उससे यजन करके आप हमारे लोक को प्राप्त हो जाओगे। अग्नि का मन्थन करके उस राजा ने उसके तीन भाग करके यजन किया था ॥४४॥ वह महारथ गन्धर्व बहुत प्रकार के यज्ञो के द्वारा यजन करके सेना मे उनकी सलोकता को प्राप्त हुआ और वाम के लिये योग्य बना था। पहिले एक अग्नि था राजा ऐल ने उसे तीन बना दिया था ॥४५॥ इस प्रकार के प्रभाव वाला वह राजा ऐल हुआ है। हे द्विज श्रेष्ठो ! राजा ऐल महर्षियो के द्वारा अलंकृत और परम पुण्य देश मे हुआ था ॥४६॥ वह महान् यशवाला भूपति यमुना के उत्तर के तट पर प्रतिष्ठान मे प्रयाग मे राज्य किया करता था अर्थात् उसने अपनी राजधानी प्रयाग को बनाया था ॥४७॥ उसके इन्द्र के समान तेजस्वी छै पुत्र हुए थे जोकि गन्धर्वों के लोक मे विदित थे। उनके नाम-आयु-धीमान्-अमावसु-विश्वायु-शतायु और गतायु थे जोकि उर्वशी के पुत्र थे उमावसु से समस्त इस विश्व को जीतने वाला राजा भीम उत्पन्न हुआ ॥४८-४६॥

श्रीमान् भीमस्य दायादो राजासीत्काञ्चनप्रभः ।
विद्वांस्तु काञ्चनस्यापि सुहोत्रोऽभून्महाबल. ॥५०
सुहोत्रस्याभवज्जह्नुः केशिन्यागर्भसम्भवः ।
प्रतिगत्य ततो गङ्गा वितते यज्ञकर्म्मणि ॥५१

प्लावयामास त देशं भाविनोर्थस्य दर्शनात् ।
गङ्गया प्लावितं दृष्ट्वा यज्ञवाट समन्ततः ॥५२
सौहोत्रिर्वरद क्रुद्धो गङ्गा सरक्तलोचन ।
अस्य गङ्गेऽवलेपस्य सद्य फलमवाप्नुहि ॥५३
एतत्त विफल सर्व्वं पीतमम्भ करोम्यहम् ।
राजर्षिणा तत पीता गङ्गा दृष्ट्वा सुरर्षय ॥५४
उपनिन्युर्महाभागा दुहितृत्वेन जाह्नवीम् ।
यौवनाश्वस्य पौत्रीन्तु कावेरीञ्जह्नुरावहत् ॥५५
युवनाश्वस्य शापेन गङ्गा येन विनिर्ममे ।
कावेरी सरिता श्रेष्ठा जह्नुर्भार्य्यामनिन्दिताम् ॥५६
जह्नुश्च दयित पुत्र सुहोत्र नाम धार्मिकम् ।
कावेर्य्यां जनयामास अजकस्तस्य चात्मज ॥५७

श्रीमान् भीम का दायाद अर्थात् पुत्र काञ्चनप्रभ राजा था और काञ्चनप्रभ राजा का पुत्र महान् बलवान् तथा परम विद्वान् सुहोत्र नाम वाला हुआ था ॥५०॥ सुहोत्र का पुत्र केशिका के गर्भ से उत्पन्न होने वाला जह्नु नाम वाला हुआ। जिसके विस्तृत यज्ञ कर्म मे गङ्गा ने आकर उस भाग को होने वाले प्रयोजन के दर्शन के कारण से पूर्णत प्लावित कर दिया था। गङ्गा के द्वारा सब ओर से प्लावित यज्ञवाट को सुहोत्र के पुत्र जह्नु ने देखा ॥५१-५२॥ वरद जह्नु गङ्गा पर अत्यन्त क्रुद्ध हुआ और उसके नेत्र क्रोधावेशमे लाल होगये थे—उसन कहा—हे गङ्गा ! इस घमण्ड का तू तुरन्त ही फल प्राप्त कर।५३। यह तेरा जल सब पान कर मैं विफल कर देता हूँ। देवर्षियो ने उस राजर्षि के द्वारा गङ्गा को पीत अर्थात् पान की हुई देखा ॥५४॥ पीत गङ्गा को देखकर महान् भाग वाले सुरर्षियो ने उसको जह्नु राजा को पुत्री उपनीत किया था। जह्नु राजा ने यौवनाश्व की पौत्री कावेरी के साथ विवाह किया था ॥५५॥ युवनाश्व के त्रिपु शाप से गङ्गा ने श्रेष्ठ सरिता कावेरी को जह्नु की अनिन्दित भार्या बनाया था ॥५६॥ जह्नु राजा ने दयित पुत्र जोकि परम धार्मिक था ऐसा सुहोत्र नाम वाला कावेरी मे उत्पन्न किया था और उसका आत्मज अजक हुआ था ॥५७॥

अजकस्य तु दायादो वलाकाश्वो महायशा ।
वभूवुश्च गय शीलः कुशस्तस्यात्मज स्मृत ॥५८
कुशपुत्रा वभूवुश्च चत्वारो वेदवर्चस ।
कुशाश्व कुशनाभश्च अमूर्त्तारयशोवसु ॥५९
कुशस्तम्बस्तपस्तेपे पुत्रार्थी राजसत्तम ।
पूर्णे वर्षसहस्रे वै शतक्रतुमपश्यत ॥६०
तमुग्रतपस दृष्ट्वा सहस्राक्ष पुरन्दर ।
समर्थ पुत्रजनने स्वयमेवास्य शाश्वत ॥६१
पुत्रत्व कल्पयामास स्वयमेव पुरन्दर ।
गाधिर्नामाभवत्पुत्र कौशिक पाकशासनः ॥६२
पौरुकुत्साभवद्भार्या गाधिस्तस्यामजायत ।
पूर्व्वं कन्या महाभागा नाम्ना सत्यवती शुभाम् ।
ता गाधिपुत्र काव्याय ऋचीकाय ददौ प्रभु ॥६३
तस्या पुत्रस्तु व भर्त्ता भार्गवो भृगुनन्दन ।
पुत्रार्थे साधयामास चरु गाधेस्तथैव च ॥६४
तथा चाहूय सुधृतिरृचीको भार्गवस्तदा ।
उपयोज्यश्चरुरय त्वया मात्रा च ते शुभे ॥६५

अजक का पुत्र महान् यश वाला वलाकाश्व हुआ था और उसके पुत्र गय–शीत तथा कुशक हुए ॥५८॥ कुश के वेदवर्चस वाले कुशाश्व–कुशनाभ–अमूर्त्तार और यशोवसु ये चार पुत्र हुए थे ॥५९॥ राजाओं में परमश्रेष्ठ कुशस्तम्ब ने पुत्र की प्राप्ति का इच्छुक होते हुए पूरे एक सहस्र वर्ष तक तपस्या की थी और इन्द्र का दर्शन प्राप्त किया था ॥६०॥ सहस्र नेत्रों वाले इन्द्र ने उसको उग्र तपश्चर्या करने वाले को देखकर इसके पुत्र उत्पन्न होने में स्वय ही शाश्वत समर्थ होगया था ॥६१॥ इन्द्र ने स्वय ही पुत्रत्व की कल्पना की थी और पाकशासन (इन्द्र) गाधि नाम वाला कौशिक पुत्र हुआ था ॥६२॥ पौरुकुत्सा नाम वाली भार्या थी उसमें गाधि उत्पन्न हुए। पहिले महान् भाग वाली सत्यवती नाम वाली उस शुभ कन्या को प्रभु गाधि पुत्र ने ऋचीक काव्य का

दी थी ।।६३।। उससे भृगुनन्दन भरण करने वाले भार्गव पुत्र हुए । पुत्र के लिए गाधि ने चरु का साधन किया था ।।६४।। उस समय मुनि को बुलाकर ऋचीक भार्गव ने कहा—हे शुभे ! इस चरु का तुझे और तेरी माता को उपयोग करना चाहिए ।।६५।।

तस्या जनिष्यते पुत्रा दीप्तिमान् क्षत्रियर्षभ ।
अजय क्षत्रियैर्युद्धे क्षत्रियर्षभसूदन ।।६६
तवापि पुत्र कल्याणि धृतिमन्त तपोधनम् ।
शमात्मक द्विजश्रेष्ठ चरुरेष विधास्यति ।।६७
एवमुक्त्वा तु ता भार्य्यामृचीको भृगुनन्दन ।
तपस्यभिरतो नित्यमरण्य प्रविवेश ह ।।६८
गाधि सदारस्तु तदा ऋचीकाश्रमभ्यगात् ।
तीर्थयात्राप्रसङ्गेन सुता द्रष्टु नरेश्वर ।।६९
चरुद्वय गृहीत्वा तु ऋषेः सत्यवती सदा ।
भर्तु र्वचनमव्यग्रा हृष्टा मात्रे न्यवेदयत् ।।७०
माता तु तस्यै दैवेन दुहित्रे स्व चरु ददौ ।
तस्याश्चरुमथाज्ञानादात्मन सा चकार ह ।।७१
अथ सत्यवती गर्भ क्षत्रियान्तकर शुभम् ।
धारयामास दीप्तेन वपुषा घोरदर्शना ।।७२
तमृचीकस्ततो दृष्ट्वा योगनाप्यनुसृत्य च ।
तदाब्रवीद्द्विजश्रेष्ठ स्वा भार्य्यां वरवर्णिनीम् ।।७३
मातु सिञ्चयति ते भद्रे चरुव्यत्यासहेतुना ।
जनिष्यति हि पुत्रस्ते क्रूरकर्मातिदारुण ।।७४

उसमे तेजस्वी पुत्र उत्पन्न होगा जो क्षत्रियो मे परमश्रेष्ठ और दीप्तिमान् होगा जिसका युद्ध मे क्षत्रियों के द्वारा जीता नहीं जा सकता है, वह क्षत्रियर्षभ सूदन होगा ।।६६।। हे कल्याणी ! तुमको भी यह धर्म्मूनि वाला—तपोधन, शम के स्वरूप वाला और द्विजो मे श्रेष्ठ पुत्र होगा ।।६७।। इस प्रकार भार्या से कहकर ऋचीक भृगुनन्दन नित्य ही तपस्या मे अभिरति रखने वाला

होकर अरण्य मे प्रविष्ट होगये थे ॥६८॥ उस समय गाधि पत्नी के साथ ऋचीक के आश्रम में गये। वह नरेश्वर तीर्थयात्रा करने से प्रसङ्ग से अपनी पुत्री को देखने के लिये आश्रम में पहुंचे थे ॥६६॥ सत्यवती ने ऋषि के चरुद्वय अर्थात् दोनो चरुओ को लेकर सदा स्वामी के वचन से अव्यग्र रहती हुई प्रसन्न होकर अपनी माता से निवेदन किया था ॥७०॥ माता ने दैववशात् उस बेटी के लिए अपना चरु दे दिया और अज्ञान मे उसके चरु को अपना कर लिया था ॥७१॥ इसके अनन्तर सत्यवती ने क्षत्रियो के अन्त तक कर देने वाला शुभ गर्भ धारण किया था जिसका शरीर अति दीप्त था और उसमे वह घोर दर्शन वाली थी ॥७२॥ ऋचीक ने उसे देखकर और फिर योग के द्वारा भी विचार कर तब वह द्विजो में श्रेष्ठ अपनी वरवर्णिनी भार्या से बोला ॥७३॥ हे भद्रे ! चरु के व्यत्यास (उलट-पलट) के कारण से तुझे माता का चरु प्राप्त हुआ है अत तेरे क्रूरकर्म करने वाला अत्यन्त दारुण पुत्र पैदा होगा ॥७४॥

माता जनिष्यते वापि तथाभूत तपोधनम् ।
विश्व हि ब्रह्म तपसा मया तत्र समर्पितम् ॥७५
एवमुक्ता महाभागा भर्त्रा सत्यवती तदा ।
प्रसादयामास पतिं सुतो मे नेदृशो भवेत् ।
ब्राह्मणापसदस्त्वन्य इत्युक्तो मुनिरब्रवीत् ॥७६
नैष सङ्कल्पित कामो मया भद्रे तथा त्वया ।
उग्रकर्मा भवेत् पुत्र पितुर्मातुश्च कारणात् ॥७७
पुनः सत्यवती वाक्यमेवमुक्ताब्रवीदिदम् ।
इच्छंल्लोकानपि मुने सृजेयाः कि पुन सुतम् ॥७८
शमात्मकमृजु भर्त्त पुत्र मे दातुमर्हसि ।
काममेवंविध· पुत्रो मम स्यात्तु वद प्रभो ॥७६
मय्यन्यथा न शक्य वै कर्तु मेव द्विजोत्तम ।
ततः प्रसादमकरोत् स तस्यास्तपसो बलात् ॥८०
पुत्रे नास्ति विशेषो मे पौत्रे वा वरवर्णिनि ।
त्वया यथोक्तं वचन तथा भद्रे भविष्यति ॥८१

रेणुकायान्तु कामल्या तपोधृतिसमन्वित ।
आर्चीको जनयामास जमदग्नि सुदारुणम् ॥८७
सर्वविद्यान्तग श्रेष्ठ धनुर्वेदस्य पारगम् ।
राम क्षत्रियहन्तार प्रदीप्तमिव पावकम् ॥८८
और्व्वस्यैवमृचीकस्य सत्यवत्या महामना ।
जमदग्निस्ततो वीर्य्याज्जज्ञे ब्रह्मविदा वर. ।
मध्यमश्च शुन शेफ शुन पुच्छ कनिष्ठक ॥८६
विश्वामित्रस्तु धर्मात्मा नाम्ना विश्वरथ स्मृत ।
जज्ञे भृगुप्रसादेन कौशिकाद्व शवर्द्धन ॥६०

पहिले भृगु के रौद्र और वैष्णव के चरु के व्यत्यास होने पर वैष्णव अग्नि के यमन से जमदग्नि उत्पन्न हुए थे ॥८३॥ कुशिक नन्दन गाधि ने दायाद विश्वामित्र को प्राप्त कर ब्रह्मर्षियो के सहित ब्रह्मा से श्रुत होकर गया था ।८४। वह सत्यवती परम पवित्र और सत्य के व्रत मे परायण थी जोकि कौशिकी इस नाम से प्रवृत्त यह महानदी कहलाई थी ॥८५॥ सरिताओ मे श्रेष्ठ महान् भाग वाली कौशिकी परिस्तुल हुई थी । इक्ष्वाकु के वश म वेणु नाम वाला राजा हुआ था ।।८६॥ उसकी महान् भाग वाली कन्या कामली नाम वाली रेणुका थी । रेणुका कामलीम आर्चीक जमदग्नि ने जोकि तप और धृति से समन्वित थे, सुदारुण को उत्पन्न किया था ॥८७॥ जाकि समस्त विद्याओ का पारगामी--श्रेष्ठ और धनुर्वेद के परम पण्डित थे जिनका नाम राम था तथा प्रदीप्त पावन (अग्नि) के समान एव क्षत्रियो का हनन करने वाले हुए थे ॥८८॥ ब्रह्मवेत्ताओ मे श्रेष्ठ महान् मन वाले जमदग्नि ने सत्यवती म और्व ऋचीक के वीर्य से राम को उत्पन्न किया था । और मध्यम शुन शेफ तथा सबसे छोटा शुन पुच्छ था ॥८६॥ विश्वामित्र तो बहुत ही धर्मात्मा थे और नाम से विश्वरथ कहे गये थे । भृगु के प्रसाद से कौशिक से वश के बढाने वाले उत्पन्न हुए थे ॥६०॥

विश्वामित्रस्य पुत्रस्तु शुन शेफोऽभवन्मुनि. ।
हरिश्चन्द्रस्य यज्ञे तु पशुत्वे नियुत स वै ।
देवैर्द्दत्त स वै यस्माद्वरातस्ततोऽभवत् ॥६१

विश्वामित्रस्य पुत्राणा शुन शेफोऽग्रज स्मृत ।
मधुच्छन्दो नपश्चैव कृतदेवो ध्रुवाष्टको ॥६२
कच्छप पूरणश्चैव विश्वामित्रसुतास्तु वै ।
तेषा गोत्राणि बहुधा कौशिकाना महात्मनाम् ॥६३
पार्थिवा देवराताश्च याज्ञवल्क्या समर्पणा ।
उदुम्बरा उदुम्बलानास्तारका यममुञ्चना. ॥६४
लोहिण्या रेणवश्चैव तथा कारीषवः स्मृता ।
बभ्रव पाणिनश्चैव व्यानजप्यास्तथैव च ॥६५
शालावत्या हिरण्याक्षा स्यङ्कृता गालवा स्मृता. ।
देवला यामदूताश्च शालङ्कायनवाष्कला ॥६६
ददाति बादराश्चान्ये विश्वामित्रस्य धीमत ।
ऋष्यन्तरविवाह्यास्ते बहव कौशिका स्मृता ॥६७
कौशिकामोश्रु माश्चैव तथान्ये सैंधवायनाः ।
पौरोग्वस्य पुण्यस्य ब्रह्मर्षेः कौशिकस्य तु ॥६८

विश्वामित्र के पुत्र शुन शेफ मुनि हुए थे । वह राजा हरिश्चन्द्र के यज्ञ में पशुत्व में नियुक्त किये थे । देवो के द्वारा वह दिया गया था इससे सब देवराज हुए थे ॥६१॥ विश्वामित्र के पुत्रो मे शुन शेफ सबमे बड़ा कहा गया था । मधुच्छन्द और नप, कृतदेव ध्रुवाष्टक—कच्छप और पूरण ये सब विश्वामित्र के पुत्र थे । उन महात्मा कौशिको के बहुत प्रकार के गोत्र हैं ॥६२-६३॥ पार्थिव—देवरात—याज्ञवल्क्य—समर्पण—उदुम्बर—उदुम्लान—तारक—यममुञ्चन—लोहिण्य—रेणव—कारीषव—बभ्रव—पाणिन—ध्यान जप्य—शालावत्य—हिरण्याक्ष—स्यङ्कृत—गालव—देवल—यामदूत—शालङ्कायन—वाष्कल और बादर ये धीमान् विश्वामित्र के पुत्रो के गोत्र कहे गये हैं । ये अन्य ऋषि के विवाह के योग्य बहुत कौशिक कहे गये हैं ॥६४-६५-६६-६७॥ पौरोग्व, पुण्य, ब्रह्मर्षि कौशिक के कौशिकामोश्रुम तथा अन्य सैंधवायन हैं ॥६८॥

दृषद्वतीसुतश्चापि विश्वामित्रात्तथाष्टक ।
अष्टकस्य सुतो यो हि प्रोक्तो जह्नुगणो मया ॥६६

किं लक्षणेन धर्मेण तपसेह श्रुतेन वा ।
ब्राह्मण्य समनुप्राप्तं विश्वामित्रादिभिर्नृपैः ॥१००
येन येनाभिधानेन ब्राह्मण्य क्षत्रिया गता ।
विशेष ज्ञातुमिच्छामि तपसा दानतस्तथा ॥१०१
एवमुक्तस्ततो वाक्यमब्रवीदिदमर्थवत् ।
अन्यायोपगतैर्द्रव्यैराहृत्य यजते धिया ।
धर्माभिकाङ्क्षी यजते न धर्मफलमश्नुते ॥१०२
धर्म्मं चैत समास्थाय पापात्मा पुरुषाधम ।
ददाति दान विप्रेभ्यो लोकाना दम्भकारणात् ॥१०३
जप कृत्वा तथा तीव्र धनलोभान्निरंकुश ।
रागमोहान्वितो ह्यन्ते पावनार्थं ददाति य ॥१०४
तेन दत्तानि दानानि अफलानि भवन्त्युत ।
तस्य धर्म्मप्रवृत्तस्य हिंसकस्य दुरात्मन ॥१०५
एव लब्ध्वा धन मोहाद्ददतो यजतश्च ह ।
सक्लिष्टकर्मणो दान न तिष्ठति दुरात्मन ॥१०६

विश्वामित्र मे दृषद्वती का पुत्र अष्टक हुआ । अष्टक का जो सुत था वह जह्नुगण मैंने रह दिया है ॥९९॥ ऋषियों ने कहा—विश्वामित्र आदि राजाओं ने किस लक्षण वाले धर्म्म के द्वारा, तपस्या से अथवा श्रुत से ब्राह्मणत्व प्राप्त किया था ॥१००॥ जिस जिस अभिधान से क्षत्रिय नाग ब्राह्मणत्व को प्राप्त हुए थे, तप के द्वारा या दान के द्वारा हुए उसके विशेष को जानने की इच्छा है ॥१०१॥ इस प्रकार से कहे गये वे इसके पश्चात् यह अर्थ से युक्त वाक्य बोले—अन्याय से उपागत द्रव्यों को लाकर उनसे यजन करने में जो बुद्धि से धर्म का इच्छुक होकर यजन किया करता है वह धर्म का फल नहीं प्राप्त करता है ।१०२। इसको धर्म कहकर जो पापात्मा अधम पुरुष लोकों को दम्भ दिखाने के कारण से विप्रों को दान दिया करता है ॥१०३॥ धन के लोभ से निरंकुश होकर तथा तीव्र तप करके राग और मोह से युक्त होता हुआ अन्त में पावन होने के लिये जो दान देता है ॥१०४॥ उसके द्वारा दिये हुए दान विफल हुआ करते हैं ।

हिंसक-दुरात्मा और धर्म मे प्रवृत्ति रखने वाले उसके इस प्रकार से (अन्याय से) धन को पाकर मोह से दान देने वाले और यजन करने वाले एव जो विनष्ट धर्म से युक्त हो दुरात्मा का दान नही ठहरा करता है ॥१०५-१०६॥

न्यायागताना द्रव्याणा तीर्थे सम्प्रतिपादनम् ।
यामानभिसन्धाय यजते च ददाति च ॥१०७
स दानफलमाप्नोति तच्च दान सुखोदयम् ।
दानेन भोगानाप्नोति स्वर्गं सत्येन गच्छति ॥१०८
तपसा तु सुतप्तेन लोकान् विष्टभ्या तिष्ठति ।
विष्टभ्य स तु तेजस्वी लोकेऽस्वानन्त्यमश्नुते ॥१०९
दानाच्छ्रेयास्तथा यज्ञो यज्ञाच्छ्रेयस्तथा तपः ।
सन्यासस्तपसः श्रेयास्तस्माज्ज्ञान गुरु स्मृतम् ॥११०
श्रूयन्ते हि तपःसिद्धा क्षात्रोपेता द्विजातय ।
विश्वामित्रो नरपतिर्मान्धाता सकृति कपि ॥१११
कपेश्च पुरुकुत्सश्च सत्यश्चानृहवानृगु ।
आर्ष्टिषेणोऽजमीढश्च भागान्योन्यस्तथैव च ॥११२
पक्षीवश्चैव शिजयस्तथान्ये च महारथा ।
रथीतरश्च रुन्दश्च विष्णुवृद्धादयो नृपा ॥११३
क्षात्रोपेताः स्मृता ह्येते तपसा ऋषिताङ्गता ।
एते राजर्षय सर्वे सिद्धि सुमहतीङ्गताः ।
अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि अयोर्वंश महात्मन ॥११४

न्याय से आये हुए द्रव्यो का तीर्थ स्थान म भली-भाति प्रतिपादन करना तथा अपनी कामनाओ का अभिसन्धान न करके जो यजन करता है और दान देता है ॥१०७॥ वह दान का फल प्राप्त करता है और वह दान सुख के उदय वाला होता है। दान से भोगो की प्राप्ति किया करता है और सत्य से स्वर्ग को जाता है ॥१०८॥ अच्छी प्रकार से तपे हुए तप से लोको का विष्टम्भ करके रहा करता है। वह तेजस्वी विष्टम्भ करके लोको मे अनन्तता को प्राप्त किया करता है ॥१०९॥ दान से अधिक श्रेय करने वाला यज्ञ होता है और यज्ञ से

श्रेयस्कर तप होता है। तप से भी श्रेयान् सन्यास ( अच्छी रीति से सबका त्याग करना ) होता है। और उससे भी बड़ा ज्ञान कहा गया है ॥११०॥ सुने जाते हैं कि तपस्या से सिद्ध-क्षात्र धर्म से युक्त-द्विजाति राजा विश्वामित्र, मान्धाता, सङ्कृति, कपि और कपि का पुरुकुत्स,सत्य, आनृहवान्, ऋषु,आर्ष्टिषेण, अजमीढ तथा भागान्योन्य, कक्षीव, शिजय एवं अन्य महारथ, रथीतर, रुन्द और विष्णु वृद्ध प्रभृति राजा ये सब क्षत्रिय ये तपस्या के द्वारा ऋषित्व को प्राप्त होगये थे। ये सब राजर्षि थे जोकि महती सिद्धि को प्राप्त कर चुके थे। इससे आगे महान् आत्मा वाले अयु के वंश का वर्णन करूँगा ॥१११ से ११४॥

## प्रकरण५४—रजियुद्ध वर्णन

एते पुत्रा महात्मानः पञ्चैवासन् महाबलाः ।
स्वर्भानुतनया विप्राः प्रभायां जज्ञिरे नृपाः ॥१
नहुषः प्रथमस्तेषां पुत्रधर्म्मा ततः स्मृतः ।
धर्म्मवृद्धात्मजश्चैव सुतहोत्रो महायशाः ॥२
सुतहोत्रस्य दायादास्त्रयः परमधार्म्मिकाः ।
काशः शलश्च द्वावेतौ तथा गृत्समदः प्रभुः ॥३
पुत्रो,गृत्समदस्यापि शुनको यस्य शौनकः ।
ब्राह्मणाः क्षत्रियाश्चैव वैश्याः शूद्रास्तथैव च ॥४
एतस्य वंशे सम्भूता विचित्रैः कर्म्मभिर्द्विजाः ।
शलात्मजो ह्यार्ष्टिषेणः अरन्तस्तस्य चात्मजः ॥५
शौनकाश्चार्ष्टिषेणाश्च क्षात्रोपेता द्विजातयः ।
काशस्य काशयो राष्ट्र पुत्रो दीर्घतपास्तथा ॥६
धर्म्मश्च दीर्घतपसो विद्वान् धन्वन्तरिस्ततः ।
तपसा सुमहातेजा जातो वृद्धस्य धीमतः ।
अथैनमृषयः प्रोचुः सूतं वाक्यमिमं पुनः ॥७

कथं धन्वन्तरिर्देवो मानुषेष्विह जज्ञिवान् ।
एतद्वेदितुमिच्छामस्ततो ब्रूहि प्रिय तथा ॥८

श्री सूतजी ने कहा—ये महान् बलवान् महान् आत्मा वाले पाँच ही पुत्र थे। स्वर्भानु के पुत्र विप्र नृप प्रभा से उत्पन्न हुए थे ॥१॥ उनमें पुत्र धर्म वाला प्रथम न हुआ था। महान् यश वाला धर्म वृद्धा भज सुतहोत्र हुआ ॥२॥ सुतहोत्र के दायाद परम धार्मिक तीन हुए थे। काश और शल दो तो ये थे तथा तृतीय प्रभु गृत्समद हुआ था ॥३॥ गृत्समद का भी पुत्र शुनक हुआ जिसका कि शौनक हुआ था। ब्राह्मण-क्षत्रिय-वैश्य और शूद्र इनके वंश में हे द्विजगण ! अपने विविध कर्मों के द्वारा उत्पन्न हुए थे। शलक पुत्र आर्ष्टिषेण था और उसका पुत्र चरन्त हुआ था ॥४-५॥ शौनक और आर्ष्टिषेण ये क्षात्र धर्म से उपेत द्विजाति थे। काशक काशय-राष्ट्र तथा दीर्घतपा पुत्र हुए ॥६॥ दीर्घतपा का धर्म और इसके अनन्तर विद्वान् धन्वन्तरि हुआ जो तपसे महान् एवं सुन्दर तेज वाला धीमान् वृद्ध से उत्पन्न हुआ था। इसके अनन्तर ऋषिवृन्द ने फिर श्री सूतजी से यह वाक्य कहे ॥७॥ ऋषियों ने कहा—देव धन्वन्तरि ने मनुष्यों में कैसे यहाँ जन्म लिया था। हम लोग यह जानना चाहते हैं सो आप यह प्रिय बात कृपा करके बताइये ॥८॥

धन्वन्तरेः सम्भवोऽयं श्रूयतामिह वै द्विजाः ।
स सम्भूतः समुद्रान्ते मथ्यमानेऽमृते पुरा ॥९
उत्पन्नः कलशात् पूर्वं सर्वतश्च श्रियावृतः ।
सर्वसमिद्धकार्यं तं दृष्ट्वा विष्टम्भितः स्थितः ।
अब्जस्त्वमिति होवाच तस्मादब्जस्तु स स्मृतः ॥१०
अब्जः प्रोवाच विष्णुं तं तनयोऽस्मि तव प्रभो ।
विधत्स्व भागं स्थानञ्च मम लोके सुरोत्तम ॥११
एवमुक्तः स दृष्ट्वा तु तथा प्रोवाच स प्रभुः ।
कृतो यज्ञविभागस्तु यज्ञियैर्हि सुरैस्त्वया ॥१२
वेदेषु विधियुक्तश्च विधिहोत्र महर्षिभिः ।
न शक्यमिह होमो वै तुभ्यं कर्तुं कदाचन ॥१३

अर्वाक्सुतोऽसि हे देव नाममन्त्रोऽसि वै प्रभो ।
द्वितीयायान्तु सम्भूत्या लोके ख्यातिङ्गमिष्यसि ॥१४
अणिमादियुता सिद्धिर्गर्भस्थस्य भविष्यति ।
तेनैव च शरीरेण देवत्व प्राप्स्यसि प्रभो ।
चारुमन्त्रैघृ तैर्गन्धैर्यक्ष्यन्ति त्वा द्विजातय ॥१५
अथ च त्व पुनश्चैव आयुर्वेद विधास्यसि ।
अवश्यम्भावी ह्यर्थोऽय प्राग्दिष्टस्त्वब्जयोनिना ॥१६
द्वितीय द्वापर प्राप्य भविता त्व न सशय ।
तस्मात् तस्मै वर दत्त्वा विष्णुरन्तर्दधे तत ॥१७
द्वितीये द्वापरे प्राप्ते सौनहोत्र स काशिराट् ।
पुत्रकाम स्तपस्तेपे नृपो दीघतपास्तथा ॥१८

श्री सूतजी न कहा—हे द्विजगण ! यहाँ पर धन्वन्तरि का यह जन्म सुनो ! वह पहिले अमृत के लिये समुद्र का मन्थन करने पर समुद्र के मध्य से उत्पन्न हुए थे ॥६॥ नवम पूर्व और सर्व प्रकार से श्री से आवृत वह उत्पन्न हुए थे । सब प्रकार मे सनिद्ध काया वाले उनको देखकर सब विष्टम्भित होगये थे । आप अज हैं–यह बोले–इस कारण से वह अज कहे गये थे ॥१०॥ अज उन विष्णु से बोले—हे प्रभो ! मैं आपका पुत्र हूँ । हे सुरो म उत्तम ! आप लोक मे मेरा स्थान और भाग का विधान कर देवें ॥११॥ इस कारण से कहे गये वह प्रभु देखकर इस तरह मे बोले—यज्ञिय सुरो के द्वारा यज्ञ का विभाग किया गया है ॥१२॥ वेदो में विधि से युक्त और विधिहोत्र महर्षियो के द्वारा यहाँ पर होम कभी तुल्य नही किया जा सकता है ॥१३॥ हे देव ! हे प्रभो ! आप अर्वाक्सुत हैं और नाम मन्त्र हैं । आप दूसरे जन्म मे लोक मे ख्याति को प्राप्त करेंगे ॥१४ आप जब गर्भ मे स्थित रहेंगे तभी आपको अणिमा प्रभृति से युक्त सिद्धि प्राप्त हो जायगी और आप उसी शरीर मे देवत्व को भी प्राप्त करेंगे । द्विजाति गण सुन्दर मन्त्रो से–घृत से और गन्धो के द्वारा आपका यजन करेंगे ॥१५॥ इसके अनन्तर फिर आप आयुर्वेद की रचना करेंगे । यह अवश्य ही होने वाला अर्थ है जोकि पहिले ही पद्मयोनि ब्रह्माने आदिष्ट कर दिया है ॥१६॥ दूसरे द्वापर को

पाकर आप होंगे इसमें तनिक भी संशय नहीं है। इससे उनको वरदान देकर फिर विष्णु भगवान् वहीं पर अन्तर्धान होगये थे ॥१७॥ दूसरे द्वापर युग के आजाने पर काशिराष्ट्र वह सौन होत्र तथा दीर्घतपा नृप ने पुत्र की कामना वाला होते हुए तप किया था ॥१८॥

अब्ज देवन्तु पुत्रार्थे ह्याराधयिषुर्नृप ।
वरेण च्छन्दयामास प्रीतो धन्वन्तरिर्नृपम् ॥१९
भगवान् यदि तुष्टस्त्वं पुत्रो मे धृतिमान् भव ।
तथेति समनुज्ञाय तत्रैवान्तरधीयत ॥२०
तस्य गेहे समुत्पन्नो देवो धन्वन्तरिस्तदा ।
काशिराजो महाराज सर्व्वरोगप्रणाशनः ॥२१
आयुर्वेदं भरद्वाजश्चकार सभिषक्क्रियम् ।
तमष्टधा पुनर्व्यस्य शिष्येभ्यः प्रत्यपादयत् ॥२२
*धन्वन्तरिसुतश्चापि केतुमानिति विश्रुतः ।*
अथ केतुमतः पुत्रो विभो भीमरथो नृप ।
दिवोदास इति ख्यातो वाराणस्यधिपोऽभवत् ॥२३
एतस्मिन्नेव काले तु पुरी वाराणसी पुरा ।
शून्या निवेशयामास क्षेमको नाम राक्षस ॥२४
शप्ता हि सा पुरी पूर्व्वं निकुम्भेन महात्मना ।
शून्या वर्षसहस्रं वै भवित्रीति पुनः पुनः ॥२५
तस्यान्तु शप्तमात्रायां दिवोदास प्रजेश्वर ।
विषयान्ते पुरी रम्या गोमत्यां सन्न्यवेशयत् ॥२६

पुत्र के लिये अब्ज देव की आराधना करने वाले नृप को परम प्रसन्न धन्वन्तरि ने वरदान मांगने के लिये कहा था ॥१९॥ राजा बोला—हे भगवान्! यदि आप मुझपर सन्तुष्ट हैं तो धृतिमान् आप मेरे पुत्र होवें। तथास्तु (ऐसा ही होवे)—यह कहकर वहीं पर ही धन्वन्तरि अन्तर्हित होगये ॥२०॥ तब उसके घर में देव धन्वन्तरि समुत्पन्न हुए। काशिराज महाराज समस्त रोगों के नाश करने वाले थे ॥२१॥ भरद्वाज ने भिषक् क्रिया के साथ आयुर्वेद की आठ

प्रकार से व्यसित करके शिष्यों के लिये प्रतिपादित किया था अर्थात् शिक्षा दी थी ॥२२॥ धन्वन्तरि का पुत्र भी केतुमान् इस नाम से विश्रुत हुआ। इसके अनन्तर केतुमान् का पुत्र त्रिभ भीमरथ नृप हुआ था। वह दिवोदास इस नामसे विख्यात हुआ था और वाराणसी का स्वामी हुआ ॥२३॥ इस ही समय के बीच में पहिले वाराणसी पुरी मे शून्य में क्षेमक नाम वाले राक्षस ने प्रवेश किया था ॥२४॥ पहिले समय मे महात्मा निकुम्भ के द्वारा वह पुरी शाप से युक्त हुई थी कि बार-बार एक सहस्र वर्ष तक यह शून्य होगी ॥२५॥ उस पुरी के शाप मुक्त होने पर ही प्रजेश्वर दिवोदास ने विषयान्त में गोमती में रम्यपुरी को सन्निवेसित किया था ॥२६॥

वाराणसी किमर्थन्ता निकुम्भ. शप्तवान् पुरा।
निकुम्भश्चापि धर्म्मात्मा सिद्धक्षेत्रं शशाप यः ॥२७
दिवोदासस्तु राजर्षिर्नगरी प्राप्य पार्थिव ।
वसते स महातेजा स्फीतायां वै नराधिप. ॥२८
एतस्मिन्नेव काले तु कृतदारो महेश्वरः।
देव्या स प्रियकामस्तु वसानश्च सुरान्तिके ॥२९
देवाज्ञया पारिषदा विश्वरूपास्तपोधना.।
पूर्वोक्तै रूपविशेषैस्तोषयन्ति महेश्वरीम् ॥३०
हृष्यति तैर्महादेवो मेना नैव तु हृष्यति।
जुगुप्सते सा नित्यञ्च देवं देवी तथैव च ॥३१
मम पार्श्वे त्वनाचारस्तव भर्त्ता महेश्वरः।
दरिद्रः सर्व एवेह अक्लिष्टं लडतेऽनघे ॥३२
मात्रा तथोक्ता वचसा स्त्रीस्वभावान्न चाक्षमत्।
स्मितं कृत्वा तु वरदा हरपार्श्वमथागमत् ॥३३
विषण्णवदना देवी महादेवमभाषत ।
नेह वत्स्याम्यहं देव नय मां स्वं निवेशनम् ॥३४

ऋषियों ने कहा—पहिले निकुम्भ ने किसलिये वाराणसी पुरी को शाप दिया था। निकुम्भ भी बड़ा धर्मात्मा था जिसने कि उस सिद्ध क्षेत्र को शाप

दिया था ॥२७॥ सूतजी ने कहा—राजा दिवोदास ने जोकि राजर्षि था, उस नगरी को प्राप्त कर वह महान् तेज वाला राजा स्फीत अर्थात् फैली हुई पुरी में निवास करता था ॥२८॥ इसी काल में दारा को करने वाले महेश्वर देवी के प्रिय कामना वाले वह मुरों के समीप में वास करने वाले थे ॥२९॥ देव की माता से तपोधन विभुरूप परिषद् पूर्वोक्त रूप विशेषों के द्वारा महेश्वरी को तोष देते थे ॥३०॥ उनमें महादेव तो प्रसन्न होते हैं किन्तु मेना प्रसन्न नहीं होती है। वह नित्य ही देवी और देव की बुराई करती है ॥३१॥ मेरे समीप में अनाचार है तुम्हारा स्वामी महेश्वर जो दरिद्र है। हे अनघे ! यहाँ सभी साधारण लाड करते हैं ॥३२॥ माता के द्वारा उस प्रकार से वाणी से कही गई देवी सती स्वभाव के कारण सहन करने में समर्थ न हुई। वरदा ने स्मित करके उसके बाद हर के समीप में गई थी ॥३३॥ विषाद से युक्त मुख वाली देवी ने महादेव से कहा—हे देव ! मैं यहाँ वास नहीं करूँगी आप मुझे अपने घर पर ले चलिये ॥३४॥

तयोक्तस्तु महादेव सर्वांल्लोकानवेक्ष्य ह ।
वासार्थं रोचयामास पृथिव्या तु द्विजोत्तमा ।
वाराणसी महातेजा सिद्धक्षेत्र महेश्वरः ॥३५
दिवो दासेन तां ज्ञात्वा निविष्टान्नगरीं भव ।
पार्श्वस्थं स समाहूय गणश क्षेमक अब्रवीत् ॥३६
गणेश्वर पुरीं ह्त्वा शून्यां वाराणसीं कुरु ।
मृदुना चाभ्यु पायेन अतिवीर्यं स पार्थिव ॥३७
तता गत्वा निकुम्भस्तु पुरीं वाराणसीं पुरा ।
स्वप्ने सन्दर्शयामास मह्लन नाम नापितम् ॥३८
श्रेयस्तेऽह करिष्यामि स्थान मे रोचयानघ ।
मद्रूपा प्रतिमा कृत्वा नगर्यन्ते निवेशय ॥३९
तथा स्वप्ने यथा दृष्ट सर्वं कारितवान् द्विजा ।
नगरीद्वार्यनुज्ञाप्य राजानन्तु यथाविधि ॥४०

पूजा तु महती चैव नित्यमेव प्रयुज्यते ।
गन्धंधू पैश्च माल्यैश्च प्रेक्षणीयैस्तथैव च ॥४१

हे द्विजोत्तमो ! उस प्रकार से कहे हुये महादेव ने समस्त लोकों को देखकर वास के लिए पृथिवी में महान् तेज वाले महेश्वर ने सिद्धक्षेत्र वाराणसी को पसन्द किया । दिवोदास के द्वारा उस नगरी को निविष्ट जानकर उन महादेव ने पास में स्थित क्षेमक गणेश से कहा ॥३६॥ हे गणेश्वर ! पुरी में जाकर वाराणसी को शून्य करदो । और मृदु अभ्युपाय में वह पार्थिव अतिवीर्य हो गया ॥३७॥ इसके अनन्तर निकुम्भ पुरी वाराणसी में जाकर पहिले मङ्कन नाम नापित को स्वप्न में दिखाया था ॥३८॥ हे अनघ ! मैं तेरा श्रेय करूँगा, मेरे स्थान का गोपित करो । मेरे रूप वाली प्रतिमा को बनाकर नगरी के अन्त में निवेशित करदो ॥३६॥ हे द्विज वृन्द ! स्वप्न में जैसा देखा था उस प्रकार का सब करा दिया था । और यथा विधि राजा को नगरी के द्वार पर अनुज्ञापित करके नित्य ही महती पूजा गन्ध–धूप–दीप और प्रेक्षणीय माल्यों के द्वारा की जाती है ॥४०-४१॥

अन्नप्रदानयुक्तैश्च अत्यद्भुतमिवाभवत् ।
एवं सम्पूज्यते तत्र नित्यमेव गणेश्वर ॥४२
ततो वरसहस्राणि नगराणां प्रयच्छति ।
पुत्रान् हिरण्यमायू पि सर्व्वकामास्तथैव च ॥४३
राज्ञस्तु महिषी श्रेष्ठा सुयशा नाम विश्रुता ।
पुत्रार्थमागता साध्वी राज्ञा देवी प्रचोदिता ॥४४
पूजान्तु विपुलां कृत्वा देवी पुत्रानयाचत ।
पुन: पुनरथागम्य बहुश: पुत्रकारणात् ॥४५
न प्रयच्छति पुत्रान्तु निकुम्भ: कारणेन तु ।
राजा यदि तत् क्रुध्येत तत: किञ्चित् प्रवर्त्तने ॥४६
अथ दीर्घेण कालेन क्रोधो राजानमाविशत् ।
भूतं द्विदं महाद्वारि नगराणां प्रयच्छति ॥४७

प्रीत्या वराश्च शतशो न किञ्चित्तु प्रवर्त्तते ।
मामकैः पूज्यते नित्यं नगर्यां मम चैव तु ॥४८
तत्रार्च्चितश्च बहुशो देव्या म तत्र कारणात् ।
न ददाति च पुत्रं मे कृतघ्नो बहुभोजनः ॥४९
अतो नार्हति पूजान्तु मत्सकाशात् कथञ्चन ।
तस्मात्तु नाशयिष्यामि तस्य स्थानं दुरात्मनः ॥५०
एवं तु स विनिश्चित्य दुरात्मा राज किल्विषी ।
स्थानं गणपतेस्तस्य नाशयामास दुर्मतिः ॥५१
भग्नमायतनं दृष्ट्वा राजानमगमत् प्रभुः ।
यस्माद्धतऽपराधं मे त्वया स्थानं विनाशितम् ॥५२

और अन्न प्रदान स पुत्रो के द्वारा अत्यद्भुत की तरह होगया था । इस प्रकार स वहाँ पर नित्य ही गणेश्वर की बहुत अच्छी तरह पूजा की जाती है ॥४२॥ इसके पश्चात् नारी को सहस्र वरदान देती है । पुत्रो को-हिरण्य का-आयु को और समस्त प्रकार के कामो का वरदान देती है । राजा की महिषी (पट्टाभिषिक्ता रानी) श्रेष्ठ थी जाकि सुयशा इस नाम स विश्रुत थी । राजा के द्वारा प्रेरित होकर साध्वी रानी पुत्र के लिये वहाँ आई थी ॥४३ ४४॥ देवी न विपुल पूजा करके उसने पुत्र की याचना की थी और पुत्र के कारण ही बहुत बार वह पुन पुन वहाँ आती था ॥४५॥ निकुम्भ पूजा को तो कारणवश नही देता है । राजा यदि क्रुद्ध होगा तो इसके पश्चात् कुछ अशुभ होगा ॥४६॥ इसके अनन्तर नम्य समय म राजा के हृदय म क्रोध न प्रवेश किया था । नारी के महा द्वार पर यह भूत का देता है ॥४७॥ प्रीति म सकडो वरदान देता है किन्तु कुछ होता नही है । मेरी नगरी म मेरे लोगो के द्वारा नित्य ही यह पूजित भी किया जाता है ॥४८॥ मेरे कारण स देवी के द्वारा यह बहुत बार पूजित हुआ है किन्तु कृतघ्न और बहुत भोजन करने वाला यह पुत्र नही देता है ॥४९॥ इसलिए मेरे द्वारा किसी भी प्रकार स यह पूजा करने के योग्य नही है । इसस इस दुरात्मा के स्थान को मैं नष्ट करा दूँगा ॥५०॥ इस तरह स राजाओ म पापी हुए उसने निश्चय करके दुष्ट बुद्धि वाला ने उस गणपति के स्थान को नष्ट कर

दिया था ॥५१॥ प्रभु अपने आयतन को भग्न हुआ देखकर राजा के पास आये कि जिससे बिना किसी अपराध के तूने मेरे स्थान को नष्ट करा दिया है ॥५२॥

अकस्मात् तु पुरी शून्या भवित्री ते नराधिपः।
ततस्तेन तु शापेन शून्या वाराणसी तथा ॥५३
शप्ता पुरी निकुम्भस्तु महादेवमथानयत्।
शून्या पुरी महादेवो निर्म्ममे परमात्मना ॥५४
तुल्या देवविभूत्यास्तु देव्याश्चैव महात्मनः।
रमते तत्र वै देवी रममाणे महेश्वरं ॥५५
न रतिं तत्र वै देवी लभते गृहविस्मयात्।
देव्या क्रीडार्थमीशानो देवो वाक्यमथाब्रवीत् ॥५६
नाहं वेश्म विमोक्ष्यामि अविमुक्तं हि मे गृहम्।
प्रहस्यैनामथोवाच अविमुक्तं हि मे गृहम् ॥५७
नाहं देवि गमिष्यामि गच्छस्वेह रमाम्यहम्।
तस्मात्तदविमुक्तं हि प्रोक्तं देवेन वै स्वयम् ॥५८
एवं वाराणसी शप्ता अविमुक्तं च कीर्त्तितम्।
यस्मिन् वसति वै देवः सर्वदेवनमस्कृतः।
युगेषु त्रिषु धर्मात्मा सह देव्या महेश्वरः ॥५९
अन्तर्द्धानं कलौ याति तत्पुरन्तु महात्मनः।
अन्तर्हिते पुरे तस्मिन् पुरी सा वसते पुनः ॥६०

उन्होंने राजा से कहा हे नराधिप! अचानक तेरी यह पुरी शून्य हो जायगी। इसके पश्चात् उस शाप से वाराणसी पुरी शून्य होगई थी ॥५३॥ निकुम्भ शाप से युक्त उस पुरी में महादेव को ले आये थे। महादेव ने उस शून्य पुरी का परमात्मा के द्वारा निर्माण किया था ॥५४॥ वह पुरी देवों की विभूति के तुल्य थी और महात्मा की देवी के भी तुल्य थी। वहाँ पर महेश्वर के रमण करने पर देवी रमण करती है ॥५५॥ गृह के विस्मय के कारण से देवी को रति प्राप्त नहीं होती है। देवी की क्रीडा के लिए देव ईशान (महादेव) यह वाक्य बोले ॥५६॥ मैं गृह का त्याग नहीं करूँगा। मेरा घर अविमुक्त है।

इसके अनन्तर हँस कर बोले मेरा गृह अविमुक्त होता है ॥५७॥ हे देवि ! मैं नहीं जाऊँगा, तुम जाओ, मैं यहाँ रमण करता हूँ। इससे देव ने स्वयं उस विमुक्त कहा है ॥५८॥ इस प्रकार से वाराणसी पुरी शाप से युक्त है और वह अविमुक्त कही गई है। जिस पुरी में समस्त देवों के द्वारा नमस्कृत-तीनों युगों में धर्मात्मा महेश्वरदेव देवी के साथ निवास किया करते हैं ॥५९॥ कलियुग में महान् आत्मा वाले का वह पुर अन्तर्द्धान को प्राप्त हो जाता है और उस पुर के अन्तर्द्धान होने पर वह पुरी पुनः बस जाती है ॥६०॥

एवं वाराणसी शप्ता निवेशं पुनरागता ।
भद्रश्रेण्यस्य पुत्राणां शतमुत्तमधन्विनाम् ॥६१
हत्वा निवेशयामास दिवोदासो नराधिपः ।
भद्रश्रेण्यस्य राज्यन्तु हृतन्तेन बलीयसा ॥६२
भद्रश्रेण्यस्य पुत्रस्तु दुर्दमो नाम नामतः ।
दिवोदासेन बालेति घृणया स विवर्जितः ॥६३
दिवोदासाद्दृषद्वत्यां वीरो जज्ञे प्रतर्द्दनः ।
तेन पुत्रेण बालेन प्रहृतं तस्य वै पुनः ॥६४
वैरस्यान्तं महाराजा तदा तेन विधित्सता ।
प्रतर्द्दनस्य पुत्रौ द्वौ वत्सो गर्गश्च विश्रुतः ॥६५
वत्सपुत्रो ह्यलर्कस्तु सन्नतिस्तस्य चात्मजः ।
अलर्कं प्रति राजर्षिर्गीतश्लोको पुरातनो ॥६६
षष्टिवर्षसहस्राणि षष्टिवर्षशतानि च ।
युवा रूपेण सम्पन्नो ह्यलर्कः काशिसत्तम ॥६७
लोपामुद्रा प्रसादेन परमायुरवाप्तवान् ॥६८

इस तरह शाप मुक्त हुई फिर निवेश को प्राप्त हुई भद्रश्रेण्य के उत्तम धनुषधारी सौ पुत्रों का हनन करके दिवोदास राजा ने पुनः इसे निवेशित किया था। उस बलवान् ने भद्रश्रेण्य के राज्य का हरण कर लिया था ॥६१-६२॥ भद्रश्रेण्य का एक पुत्र नाम से दुर्दम था। दिवोदास ने उसे बालक है—इस घृणा से छोड़ दिया था ॥६३॥ दिवोदास से दृषद्वती में प्रतर्दन नामक वीर पुत्र

उत्पन्न हुआ। उस बालक पुत्र ने उसका फिर हरण कर लिया था ॥६४॥ उस समय उस महान् राजा ने वैर का अन्त करते हुए ऐसा किया था। प्रतर्दन के दो पुत्र हुए। एक वत्स नाम वाला और दूसरा गर्ग इस नाम से प्रसिद्ध था।६५। वत्स का पुत्र अलर्क हुआ और उसका पुत्र सन्नति हुआ था। अलर्क के प्रति राजर्षि गीत श्लोक पुरातन थे ॥६६॥ काशिसत्तम अलर्क युवा रूपसे साठ हजार छै सौ साठ वर्ष तक सम्पन्न रहा था ॥६७॥ लोपामुद्रा के प्रसाद से अलर्क ने परमायु को प्राप्त किया था ॥६८॥

शापस्यान्ते महाबाहुर्हत्वा क्षेमकराक्षसम्।
रम्यामावासयामास पुरीं वाराणसीं नृपः ॥६९
सन्नते रपि दायादः सुनीथो नाम धार्मिकः।
सुनीथस्य तु दायादः सुकेतुर्नाम धार्म्मिकः ॥७०
सुकेतुतनयश्चापि धर्मकेतुरिति श्रुतिः।
धर्मकेतोस्तु दायादः सत्यकेतुर्महारथः ॥७१
सत्यकेतुसुतश्चापि विभुर्नाम प्रजेश्वरः।
सुविभुस्तु विभोः पुत्रः सुकुमारस्ततः स्मृतः ॥७२
सुकुमारस्य पुत्रस्तु धृष्टकेतुः स धार्म्मिकः।
धृष्टकेतोस्तु दायादो वेणुहोत्रः प्रजेश्वरः ॥७३
वेणुहोत्रसुतश्चापि गार्ग्यो वै नाम विश्रुतः।
गार्ग्यस्य गर्गभूमिस्तु वात्स्यो वत्सस्य धीमतः ॥७४
ब्राह्मणाः क्षत्रियाश्चैव तयोः पुत्राः सुधार्मिकाः।
विक्रान्ता बलवन्यश्च सिंहतुल्यपराक्रमाः ॥७५
इत्येते काश्यपाः प्रोक्ता रजेरपि निबोधत।
रजेः पुत्रशतान्यासन् पञ्च वीर्यवतो भुवि।
राजेयमिति विख्यातं क्षत्रमिन्द्रभयावहम् ॥७६

शाप के अन्त होजाने पर महाबाहु ने क्षेमक राक्षस का वध करके राजा ने रम्य वाराणसी पुरी को बसाया था ॥६९॥ सन्नति का भी दायाद ( पुत्र ) सुनीथ नाम वाला बहुत ही धार्मिक था। सुनीथ का पुत्र सुकेतु नाम वाला

धार्मिक हुआ था ॥७०॥ सुकेतु का भी पुत्र धर्मकेतु हुआ—ऐसी श्रुति है। धर्मकेतु का दायाद महारथ सत्यकेतु हुआ था ॥७१॥ सत्यकेतु का भी पुत्र प्रजेश्वर विभु नाम वाला हुआ था। विभु का पुत्र सुविभु था और उसका पुत्र सुकुमार था ॥७२॥ सुकुमार के पुत्र का नाम धृष्टकेतु था वह बहुत ही धार्मिक था। धृष्टकेतु के दायाद प्रजेश्वर वेणुहोत्र हुआ था वेणुहोत्र के पुत्र का नाम गार्ग्य प्रख्यात था। गार्ग्य की गर्गभूमि और धीमान् वत्स का वात्स्य था ॥७४॥ उन दोनों के पुत्र सुन्दर धर्म के पालन करने वाले ब्राह्मण और क्षत्रिय थे वे बड़े विक्रम वाले तथा बलवान् एवं सिंह के समान पराक्रम वाले थे ॥७५॥ ये इतने काश्यप बतलाये गये हैं अब रजि के भी समझ लो। भूमण्डल में वीर्यवान् रजि के पाँचसौ पुत्र थे। इन्द्र को भय देने वाला यह क्षत्र राजेय—इस नाम से विख्यात था ॥७६॥

तदा दैवासुरे युद्धे समुत्पन्ने सुदारुणे ।  
देवाश्चैवासुराश्चैव पितामहमथाब्रुवन् ॥७७  
आवयोर्भगवान् युद्धे विजेता को भविष्यति ।  
ब्रूहि नः सर्वलोकेश श्रोतुमिच्छामहे वयम् ॥७८  
येषामर्थाय संग्रामे रजिरात्तायुधः प्रभुः ।  
योत्स्यते ते विजेष्यन्ति त्रींल्लोकान्नात्र संशयः ॥७९  
रजिर्यतस्ततो लक्ष्मीर्यतो लक्ष्मीस्ततो धृतिः ।  
यतो धृतिस्ततो धर्मो यतो धर्मस्ततो जयः ॥८०  
ते देवा दानवाः सर्वे ततः श्रुत्वा रजेर्जयम् ।  
अभ्ययुर्जयमिच्छन्तः स्तुवन्तो राजसत्तमम् ॥८१  
ते हृष्टमनसः सर्वे राजानं देवदानवाः ।  
ऊचुरस्मज्जयाय त्वं गृहाण वरकार्मुकम् ॥८२  
अहं जेष्यामि वो युद्धे देवान् दानवपुंगवान् ।  
इन्द्रो भवामि धर्मात्मा ततो योत्स्यामि संयुगे ॥८३  
अस्माकमिन्द्रः प्रह्लादस्तस्यार्थे विजयामहे ।  
अस्मिंस्तु समये राजंस्तिष्ठेथा देव नोऽर्दिते ॥८४

उस समय परम दारुण दैवासुर युद्ध के उत्पन्न होने पर देवगण और असुरवृन्द इसके अनन्तर पितामह से बोले ॥७७॥ हे सर्व लोकेश ! भगवान् बतलावें कि हम दोनों के युद्ध में कौन विजयी होगा—यह हम सुनना चाहते हैं ॥७८॥ ब्रह्माजी ने कहा—जिनके लिये संग्राम में प्रभु रजि हथियार ग्रहण करने वाला होकर युद्ध करेगा वे तीन लोकों को जीत लेंगे—इसमें संशय नहीं है ।७६। जहाँ रजि है वहाँ लक्ष्मी है और जहाँ पर लक्ष्मी है वहाँ पर धृति होती है। जहाँ पर धृति है वहाँ धर्म रहता है और जहाँ धर्म है वहीं पर जय होती है ॥८०॥ तब तो देवता लोग और दानव सभी रजि की जय श्रवण कर जय की इच्छा करते हुए राजाओं में परम श्रेष्ठ रजि की स्तुति करते हुए वहाँ गये ।८१। वे सब देव और दानव प्रसन्न मन वाले राजा से बोले कि हमारे जय के लिये आप श्रेष्ठ धनुष ग्रहण करें ॥८२॥ रजि ने कहा—मैं इन्द्र जिनका अग्रगामी है ऐसे देवों को युद्ध में नहीं जीतूँगा । धर्मात्मा इन्द्र होता हूँ तब युद्धभूमि में लड़ूँगा ॥८३॥ दानवों ने कहा—हमारा इन्द्र प्रह्लाद है । उसके लिये हम विजय प्राप्त करते हैं । हे राजन् ! इस समय म अदिति के यहाँ न ठहरिये ॥८४॥

स तथेति ब्रुवन्नेव देवैरप्यभिचोदित ।
भविष्यसीन्द्रो जित्वेति देवैरपि निमन्त्रित ॥८५
जघान दानवान् सर्व्वान् समक्ष वज्रपाणिन ।
स विप्रनष्टा देवाना परमश्री श्रिय वशी ॥८६
निहत्य दानवान् सर्व्वान् व्याजहार रजि प्रभु ।
स तथा तु रजि तत्र देवैस्सह शतक्रतु ।।८७
रजिपुत्रोऽहमित्युक्त्वा पुनरेवाब्रवीद्वच ।
इन्द्रोऽसि राजन् देवाना सर्वेषाम्नात्र सशय ।
यस्याहमिन्द्रपुत्रस्ते ख्याति यास्यामि शत्रुहन् ॥८८
स तु शक्रवच श्रुत्वा वञ्चितस्तेन मायया ।
तथेत्येवाब्रवीद्राजा प्रीयमाण शतक्रतुम् ॥८९
तस्मिंस्तु देवसदृशे दिव प्राप्ते महीपतौ ।
दायाद्यमिन्द्रादाजह्रुराचार तनया रजेः ॥९०

तानि पुत्रशतान्यस्य तच्च स्थानं शचीपतेः ।
समक्रामन्त बहुधा स्वर्गलोकं त्रिविष्टपम् ॥९१
ततः काले बहुतिथे समतीते महाबलः ।
हृतराज्योऽब्रवीच्छक्रो हृतभागो बृहस्पतिम् ॥९२

वह 'तथास्तु' अर्थात् ऐसा ही होवेगा—यह कहता हुआ तथा देवों के द्वारा भी बहुत प्रेरित हुआ और देवों के द्वारा निमन्त्रित होता हुआ जीतकर इन्द्र होगा यह कहा गया था ॥८५॥ वज्रपाणि ( इन्द्र ) के समक्ष में उसने समस्त दानवों का हनन किया था। देवों की विशेष रूप से नष्ट हुई श्री को वश रखने वाला वह परम श्री होगया ॥८६॥ समस्त दानवों को मारकर प्रभु रजि ने कहा, वहाँ उस प्रकार ॥ रजि को देवों के सहित इन्द्र ने मैं रजि का पुत्र हूँ—यह कहकर फिर वचन कहे। हे राजन् ! आप समस्त देवों के इन्द्र हैं इसमें तनिक भी संशय नहीं है। हे शत्रुहन ! जिस तेरा मैं इन्द्र पुत्र हूँ—यह ख्याति को प्राप्त करूँगा ॥८८॥ वह इन्द्र के वचन को सुनकर उसके द्वारा माया से वञ्चित किया गया था। राजा ने तथास्तु—यह ही शत क्रतु ( इन्द्र ) को प्रसन्न करते हुए कहा ॥८९॥ उस राजा के जो कि देव के तुल्य था, स्वर्ग में प्राप्त होजाने पर रजि के पुत्रों ने इन्द्र से दायाद आचार को ले लिया था ॥९०॥ इसके उन पाँचसौ पुत्रों शची के पति इन्द्र के उस स्थान त्रिविष्टप स्वर्ग लोक को बहुत प्रकार से समाक्रान्त कर लिया था ॥९१॥ इसके अनन्तर बहुत काल के व्यतीत होजाने पर महान् बल वाला राज्य के छिन जाने वाला भाग्यहीन इन्द्र बृहस्पति से जाकर बोला ॥९२॥

बदरीफलमात्रं वै पुरोडाशं विधत्स्व मे ।
ब्रह्मर्षे येन तिष्ठेयं तेजसाप्यायितस्ततः ॥९३
ब्रह्मन् कृशोऽस्मि विमना हृतराज्यो हृताशनः ।
हृतौजा दुर्बलो मूढो रजिपुत्रैः प्रभो द मे । ९४
यद्येवं चोदितः शक्र त्वया स्या पूर्वमेव हि ।
नाभविष्यन् त्वत्प्रियार्थं नाकर्तव्यं ममानघ ॥९५

प्रयतिष्यामि देवेन्द्र तद्धितार्थं महाद्यु ते ।
यथा भागञ्च राज्यञ्च अचिरात् प्रतिपत्स्यसे ॥९६
तथा शक्र गमिष्यामि माभूत्ते विक्लव मन. ।
तत कर्म्म चकारास्य तेज सवर्द्धन महत् ॥९७
तेषाञ्च बुद्धिसमोहमकरोद्बुद्धिसत्तम ।
ते यदा ससुता मूढा रागोत्पन्ना विधर्म्मिण ॥९८
ब्रह्मद्विपश्च सवृत्ता हतवीर्य्यपराक्रमा ।
ततो लेभे सुरैश्वर्यमैन्द्रस्थान तथोत्तमम् ॥९९
हत्वा रजिसुतान् सर्वान्कामक्रोधपरायणान् ।
य इद पावन स्थान प्रतिष्ठान शतक्रतो ।
शृणुयाद्वा रजेर्वापि न स दौरात्म्यमाप्नुयात् ॥१००

हे ब्रह्मर्षे ! मेरे लिए बदरी फल (बेर) के बराबर पुरोडाश करो जिसमें मैं तेज मे आप्यायित (तृप्त) होता हुआ ठहरूँ ॥९३॥ हे ब्रह्मन् ! मैं कृश हूँ—उदास हूँ—छिने हुए राज्य वाला और छिने हुए भोजन वाला हूँ। रजि के पुत्रो के द्वारा हत ओज वाला—दुर्बल तथा मैं मूढ किया गया हूँ। आप मुझ पर प्रसन्न होइये ॥९४॥ बृहस्पति ने कहा—हे इन्द्र ! यदि इस प्रकार से तेरे द्वारा मैं पहिले ही प्रेरित होता तो हे अनघ ! तेरे प्रिय के लिये मेरा अकर्त्तव्य न होता ॥९५॥ हे देवेन्द्र ! हे महान् द्युति वाले ! उस तेरे हित के लिए मैं प्रयत्न करूँगा जिससे शीघ्र ही तेरा भाग और राज्य प्राप्त हो जायगा ॥९६॥ हे शक्र ! उस तरह से मैं जाऊँगा तू अपना मन विक्लव पूर्ण मत करे। इसके पश्चात् इसके महान् तेज के बढाने वाला कर्म किया था ॥९७॥ बुद्धि मे परम श्रेष्ठ ने उनकी बुद्धि का समोह कर दिया कि जिस समय मे पुत्रो के सहित उत्पन्न राग वाले—मूढ तथा विधर्मी होगये ॥९८॥ वे ब्राह्मणो मे द्वेष करने वाले और वीर्य तथा पराक्रम के नाश कर देने वाले होगये थे फिर इसके बाद देवो के ऐश्वर्य इन्द्र के स्थान को जोकि परमोत्तम था, प्राप्त कर लिया था ॥९९॥ कामवासना और क्रोध की भावना मे तत्पर रजि के समस्त पुत्रो को मारकर जो यह पावन

स्थान और इन्द्र का प्रतिष्ठान था प्राप्त कर लिया था । रजि के इस इतिहास को जो भी कोई सुनता है वह कभी दुरात्मा को प्राप्त नहीं होता है ॥१००॥

## प्रकरण ५५—चन्द्रवंश कीर्तन (२)

मरुतेन अथ कन्या राज्ञे दत्ता महात्मना ।
त्रिवीर्याश्च महात्मानो जाता मरुत्तकन्यका ॥१
आहवन् त मरुत्सोममपश्याम प्रजेश्वरम् ।
मासि मासि महातेजा षष्टिवत्सरान् नृप ॥२
तेन ते भरतस्तस्य मरुत्सोमेन तोषिता ।
अक्षय्याश्च ददु प्रीता सर्वकामपरिच्छदम् ॥३
अन्न तस्य सनृत्सवमहोरात्रे न क्षीयते ।
कोटिशो दीयमान च सूर्यस्योदयनादपि ॥४
मित्राज्यातिस्तु कन्याया भरतस्य च धीमत ।
तस्माज्जाता महासत्त्वा धर्मज्ञा मोक्षदर्शिन ॥५
सन्यस्य गृहधर्माणि वैराग्य समुपस्थिता ।
यतिधर्ममवाप्येह ब्रह्मभूयाय ये गता ॥६
अनपायस्ततो जातस्तदा धर्म प्रदत्तवान् ।
क्षत्रधर्मस्तना जात प्रतिपक्षो महातपाः ॥७
प्रतिपक्षसुतश्चापि सञ्जयो नाम विश्रुत ।
सञ्जयस्य जय पुत्रो विजयस्तस्य जज्ञिवान् ॥८
विजयस्य जय पुत्रस्तस्य हर्यन्धृत स्मृत ।
हर्यन्धृतसुतो राजा सहदेव प्रतापवान् ॥९
सहदेवस्य धर्मात्मा अदीन इति विश्रुत ।
अदीनस्य जयत्सेनस्तस्य पुत्रोऽथ सङ्कृति ॥१०

श्रीसूतजी ने कहा—महात्मा मरुत ने राजा को कन्या दी थी । और महात्मा मरुत की कन्या में महान् आत्मा वाले भी किस प्रकार के वीर्य

वाली हुई थी ॥१॥ श्री सूतजी ने कहा—मरुत् नृप ने अन्न की कामना रखते हुए प्रजेश्वर उस सोम का आह्वन किया था। महान् तेज वाले राजा ने मास-मास में अर्थात् प्रत्येक मास में साठ वर्ष पर्यन्त ऐसा किया था ॥२॥ इससे वे मरुत सोम के द्वारा तोषित किये गये थे और परम प्रसन्न होते हुए उन्होंने समस्त कामनाओं का परिच्छद अक्षय्य अन्न दे दिया था ॥३॥ उसका एकबार पकाया हुआ अन्न एक अहोरात्र में क्षीण नहीं होता है और सूर्य के उदयन से भी करोड़ों को दिया हुआ भी चाहे क्यों नहीं क्षीण नहीं होता है ॥४॥ बुद्धिमान् मरुत की कन्या में मित्राज्योति और उनसे मोक्ष के देखने वाले धर्मात्मा महा सत्त्व उत्पन्न हुए ॥५॥ वे गृह धर्मों का भली-भाँति त्याग करके वैराग्य को प्राप्त हुए थे यहाँ पति धर्म को पाकर वे सब ब्रह्म के स्वरूप को पहुँच गये थे ॥६॥ इसके अनन्तर अनपाय उत्पन्न हुआ तब उनसे धर्म प्रदत्तवान् पैदा हुआ उनसे फिर क्षत्रधर्म पैदा हुआ और उनसे महान् तप वाला प्रति पक्ष ने जन्म ग्रहण किया था ॥७॥ प्रतिपक्ष का पुत्र भी संजय इस नाम से प्रसिद्ध हुआ था। संजय के पुत्र का नाम जय था और उस जय के विजय नाम वाला पुत्र उत्पन्न हुआ था ॥८॥ विजय के पुत्र का नाम जय था और उसके पुत्र का नाम हर्यन्द्रुत हुआ था हर्यन्द्रुत के पुत्र का नाम प्रताप वाला महदेव राजा था ॥९॥ महदेव के धर्मात्मा अदीन इस नाम से विश्रुत हुआ था। अदीन के पुत्र का नाम जयत्सेन हुआ और उसके सकृति नामक पुत्र हुआ था ॥१०॥

सकृतेरपि धर्मात्मा कृतधर्मा महायशाः ।
इत्येते क्षत्रधर्माणो नहुषस्य निबोधत ॥११

नहुषस्य तु दायादा षडिन्द्रोपमतेजसः ।
उत्पन्नाः पितृकन्यायां विरजायां महौजसः ॥१२

तमतिप्रस्थितं भूयो विवस्वन्तं स शक्रजित् ।
प्रोवाचाग्निसवर्णं त्वं येन लोकान् प्रयास्यति ।
तदेव मणिरत्नं तन्मां भवान् दातुमर्हति ॥२७
स्यमन्तकं नाम मणिं दत्तवांस्तस्य भास्वरः ।
स तमाबद्धय नगरं प्रविवेश महीपतिः ॥२८
तं जनाः पर्यधावन्त सूर्योऽयं गच्छतीति ह ।
सभां विस्माययित्वाथ पुरीमन्तःपुरं तथा ॥२६
तं प्रसेनजिते दिव्यं मणिरत्नं स्यमन्तकम् ।
ददौ भ्रात्रे नरपतिः प्रेम्णा शक्रजिदुत्तमम् ॥३०
स्यमन्तको नाम मणिर्यस्य राष्ट्रे स्थितो भवेत् ।
कालवर्षी च पर्जन्यो न च व्याधिभयं तदा ॥३१
लिप्सां चक्रे प्रसेनात्तु मणिरत्नं स्यमन्तकम् ।
गोविन्दो न च तं लेभे शक्तोऽपि न जहार च ॥३२

यह सुनकर उन भगवान् सूर्यदेव ने स्यमन्तक नाम वाली श्रेष्ठ मणि को अपने कण्ठ से उतार कर राजा के कण्ठ में उस समय बाँध दी थी ॥२५॥ तब तो उस समय में राजा ने देहधारी उनका दर्शन किया था। इसके बाद उन प्रतिमा को देखकर मुहूर्त्त भर राजा ने वैसा ही किया ॥२६॥ फिर अति प्रथित उन सूर्यदेव से सत्राजित् ने कहा—अग्नि के सवर्ण आप जिससे लोकों को जायगे उस समय वह मणि रत्न आप मुझे देने के योग्य होते हैं ॥२७॥ भास्कर ने स्यमन्तक नाम वाली मणि उसको देदी थी और वह राजा उसे अपने कण्ठ में बाँध कर नगर में प्रविष्ट हुआ था ॥२८॥ मनुष्य उसके चारों ओर दौड़ लगाते थे कि यह सूर्य जा रहा है। राजा ने अपनी पूरी सभा को विस्मय में डालते हुए तथा पूरी पुरी को विस्मित करके फिर वह अन्तःपुर में गया था ॥२९॥ उस परम दिव्य उत्तम मणिरत्न स्यमन्तक को राजा सत्राजित् ने प्रेम से अपने भाई प्रसेनजित को ददी थी ॥३०॥ जिसके राज्य में स्यमन्तक नाम वाली मणि स्थित रहती है वहाँ पर पर्जन्य (मेघ) समय पर अपने बरसते होते हैं और तब फिर कोई भी व्याधि का भय नहीं रहता है ॥३१॥ भगवान् गोविन्द ने प्रसेन से उस स्यमन्तक मणि के स्वयं प्राप्त करने की लिप्सा की थी किन्तु उसे नहीं प्राप्त किया था और सबको भाव से शान्ति सम्पन्न होते हुए भी उसका हरण नहीं किया था ॥३२॥

कदा चिन्मृगयां यातः प्रसेनस्तेन भूषितः ।
स्यमन्तककृते सिंहाद्वधं प्राप्त सुदारुणम् ॥३३
जाम्बवानृक्षराजस्तु तं सिंहं निजघान वै ।
आदाय च मणिं दिव्यं स्वं बिलं प्रविवेश ह ॥३४
तत्कर्म कृष्णस्य ततो वृष्ण्यन्धकमहत्तराः ।
मणौ गृध्नुन्तु मन्वानास्तमेव विशशङ्किरे ॥३५
मिथ्याभिशस्ति तेभ्यस्तां बलवानरिसूदनः ।
अमृष्यमाणो भगवान् वनं स विचचार ह ॥३६
स तु प्रसेनमृगयामचरत्तत्र चाप्यथ ।
प्रसेनस्य पदं गृह्य पुरुषैः राप्तकारिभिः ॥३७

ऋक्षवन्त गिरिवर विन्ध्यञ्च नगमुत्तमम् ।
अन्वेषणपरिश्रान्त स ददर्श महामनाः ॥३८
साश्व हत प्रसेन त नाविन्दत्तत्र वै मणिम् ।
अथ सिंह प्रसेनस्य शरीरस्याविदूरत ॥३९
ऋक्षेण निहतो दृष्ट पादैर्ऋक्षस्य सूचिताम् ।
पदैरन्वेषयामास गुहामृक्षस्य यादव ॥४०

किसी समय उस स्यमन्तक मणि को धारण कर भूषित होते हुए शिकार करने के लिये गया था और स्यमन्तक के लिये ही सुदारुण वध को सिंह से प्राप्त होगया था ॥ ३॥ रीछो के राजा जाम्बवान् ने उस प्रसेन के वध करने वाले सिंह को मार डाला और उस दिव्य मणि को लेकर अपनी गुहा में प्रविष्ट होगया था ॥३४॥ इसके पश्चात् उस कर्म को कृष्ण का सभी वृष्णि–अन्धक महत्तर यादव लोग कहने लगे और मणि के लेने वाले कृष्ण को मानते हुए उन्ही पर शङ्का करते थे ॥३५॥ उन सभी लोगो की इस तरह अपवाद पूर्ण झूठी चर्चा को बलवान् अरिमर्दन भगवान् सहन न करते हुए वन में विचरण करने लगे ॥३६॥ और उनने प्रसेन की खोज करने का काम किया था । प्रसेन के चरण चिन्हो को देख कर आप्तकारी पुरुषो के द्वारा बतलाये जाने पर गिरियो में श्रेष्ठ ऋक्षवान् तथा उत्तम पर्वत विन्ध्य को खोज से थके हुए उन महामन वाले ने देखा था ॥३८॥ अश्व के सहित मरे हुए उस प्रसेन को देखा किन्तु उस मणि को नही देखा था । इसके पश्चात् प्रसेन के मृत शरीर के निकट ही ऋक्ष के द्वारा मारे हुए सिंह को देखा । रीछ के चरण चिन्हो से सूचित भगवान् श्रीकृष्ण ने ऋक्षराज की गुहा की खोज की थी ॥३९-४०॥

महत्यतिबिले वाणी शुश्राव प्रमदेरिताम् ।
धात्र्या कुमारमादाय सुत जाम्ववतो द्विजा ।
प्रीतिमत्याथ मणिना मारोदीरित्युदीरिताम् ॥४१
प्रसेनमवधीत् सिंह सिंहो जाम्बवता हत ।
सुकुमारक मारोदीस्तव ह्येष स्यमन्तक ॥ ४२

व्यक्तीकृतञ्च शब्दं तं तूर्णं सोऽपि ययौ बिलम् ।
प्रपश्यञ्च बिलाभ्याशे प्रसेनमवदारितम् ॥ ४३
प्रविश्य चापि भगवांस्तदृक्षबिलमञ्जसा ।
ददर्श ऋक्षराजानं जाम्बवन्तमुदारधीः ॥ ४४
युयुधे वासुदेवस्तु बिले जाम्बवता सह ।
बाहुभ्यामेव गोविन्दो दिवसानेकविंशतिम् ॥४५
प्रविष्टे च बिलं कृष्णे वासुदेव पुरःसरा ।
पुनर्द्वारवतीमेत्य हतं कृष्णं न्यवेदयन् ॥४६
वासुदेवस्तु निर्जित्य जाम्बवन्तं महाबलम् ।
लेभे जाम्बवतीं कन्यामृक्षराजस्य सम्मताम् ॥४७
भगवत्तेजसा ग्रस्तो जाम्बवान् प्रसभं मणिम् ।
सुतां जाम्बवतीमाशु विष्वक्सेनाय दत्तवान् ॥४८

उस बहुत बड़ी गुफा में प्रसेन के द्वारा कही हुई वाणी को सुना था । कोई धात्री कुमार पुत्र को लेकर है द्विजगण ! जाम्बवान् की प्राप्ति वाली मणि के द्वारा ( अर्थात् उसे दिखाते हुए ) यह कह रही थी कि बच्चे ! रोदन मत करे । इस प्रकार कही हुई वाणी थी कृष्ण ने सुनी थी ॥४१॥ धात्री ने कहा—सिंह ने प्रसेन को मार दिया और जाम्बवान् ने उस सिंह को मार डाला है । हे सुकुमार ! अब तू रुदन मत कर—यह मणि स्यमन्तक तेरी ही है ॥४२॥ उस शब्द को स्पष्ट तथा सुनकर शीघ्र ही वह श्रीकृष्ण बिल में अन्दर चले गये थे और बिल के समीप में अवदारित प्रसेन को देखा था ॥४३॥ भगवान् ने उस गुफा में प्रवेश करके जहाँ ऋक्षराज के रहने की थी उन उदार बुद्धि वाले श्रीकृष्ण ने रीछों के राजा जाम्बवान् को वहाँ देखा था ॥४४॥ वासुदेव ने उस गुफा में इक्कीस दिन तक जाम्बवान् के साथ बाहुओं से युद्ध किया था ॥४५॥ वासुदेव के पुरस्सर साथ में आने वाले लोगों ने गुफा में श्रीकृष्ण के प्रवेश करने पर द्वारका में वापिस आकर कृष्ण मार दिये गये ऐसा कह दिया था ॥४६॥ वासुदेव ने उस महान् बलवान् जाम्बवान् को जीतकर ऋक्षराज के द्वारा सम्मत जाम्बवती कन्या की प्राप्ति की थी ॥४७॥ भगवान् के तेज से ग्रस्त हो जाम्ब

याने जाम्बवान् ने बलात् स्यमन्तक मणि को और अपनी पुत्री जाम्बवती को विष्वक्सेन के लिए दे दिया था ॥४८॥

मणिं स्यमन्तकं चैव जग्राहात्मविशुद्धये ।
अनुनीय ऋक्षराजं निर्ययौ च तदा बिलात् ॥४६
एवं स मणिमादाय विशोद्धयात्मानमात्मना ।
ददौ सत्राजिते तं वै मणिं सात्वतसंनिधौ ॥५०
कन्यां पुनर्जाम्बवतीमुवाच मधुसूदनः ।
तस्मान्मिथ्याभिशापात् स व्यमुच्यत जनार्दनः ॥५१
इमां मिथ्याभिशस्तिं यः कृष्णस्येह व्यपोहिताम् ।
वेद मिथ्याभिशस्तिं स नाभिशस्यति कर्हिचित् ॥५२
दश त्वसूभ्यो भार्य्यास्यः शत्रजित्- शतं सुताः ।
ख्यातिमन्तस्तनयस्तेषां भङ्गकारस्तु पूर्व्वजः ।
वीरो व्रतपतिश्चैव ह्यपस्वान्तश्च सुप्रियः ॥५३
अथ द्वारवती नाम भङ्गकारस्य सुप्रजा ।
सुषुवे सा कुमारीस्तु तिस्रो रूपगुणान्विता ॥५४
सत्यभामोत्तमा स्त्रीणां व्रतिनीय दृढव्रता ।
तथा तपस्विनी चैव पिता कृष्णस्य तां ददौ ॥५५
यत्तद् सत्राजिते कृष्णो मणिरत्नं स्यमन्तकम् ।
प्रादात्तदाहरद्रत्नं भोजेन शतधन्वना ॥५६
तदा हि प्रार्थयामास सत्यभामामनिन्दिताम् ।
अक्रूरो रत्नमन्विच्छन् मणिश्चैव स्यमन्तकम् ॥५७
भद्रकारं ततो हत्वा शतधन्वा महाबलः ।
रात्रौ तं मणिमादाय ततोऽक्रूराय दत्तवान् ॥५८

अपनी आत्मा की विशुद्धि के लिए स्यमन्तक मणि को उनने ग्रहण किया था और ऋक्षराज से उसके लिये अनुनय किया था। इसके पश्चात् वह उस गुफा से बाहर निकल गये थे ॥४६॥ इस तरह उनने मणि को लाकर अपने आत्मा के द्वारा अपने मत्थाप वाद का शोधन करके समस्त सात्वतों की सन्निधि

हत. प्रसेन सिहेन सत्राजिन्द्धतधन्वना ।
स्यमन्तकमह मार्गे तस्य प्रहर हे प्रभो ॥६५
तदारोह रथ शीघ्रम् भोज हत्वा महाबलम् ।
स्यमन्तको महाबाहो तदास्माकं भविष्यति ॥६६

उस नरो मे श्रेष्ठ अक्रूर ने उस समय उस रत्न को लेकर प्रतिज्ञा कराई या शर्त कराली थी कि इसके प्राप्त होनेका कारण तुझे अन्य किसी को भी नही ज्ञात कराना चाहिए ॥५६॥ हम अभ्युपपन्न करेगे। तुझको कृष्ण ने प्रर्यापन किया है। अब यह भ्यन्न द्वारका निम्नशय मेरे वश मे रहेगी ॥६०॥ अपने पिता के मारे जाने पर यशस्विनी सत्यभामा दुःख से पीड़ित हुई रथ पर सवार होकर वारणावत नगर मे गई थी ॥६१॥ सत्यभामा ने शतधन्वा भोज का वह समस्त वृत्त भर्त्ता से निवेदन किया और दुःख से आर्त होकर पास मे स्थित होते हुए अश्रुपात किया था ॥६२॥ दग्ध हुए पाण्डवो की उदक क्रिया को हरि ने पूर्ण करके भाइयो के तुल्य अर्थ मे सात्यकि को नियोजित किया था ॥६३॥ इसके पश्चात् मधुसूदन तुरन्त ही द्वारका म आकर अपने बड़े भाई बलरामजी मे यह वचन बोले—॥६४॥ हे प्रभो ! सिंह ने प्रसेन को मार दिया था और शतधन्वा ने सत्राजित् को मार दिया है। उसके स्यमन्तक को मैं खोजता हूं, आप प्रहार करिये ॥६५॥ सो अब आप रथ पर आरोहण करिये और महान् बलवान् को भोज को शीघ्र मार कर हे महाबाहो ! तब यह स्यमन्तक हमारी हो जायगी ॥६६॥

ततः प्रवृत्ते युद्धे तु तुमुले भोजकृष्णयो ।
शतधन्वा न चाक्रूरमवैक्षत सर्वतो दिशि ॥६७
प्रनष्टा दवावरोहन्तु कृत्वा भोजजनार्दनौ ।
शक्तोऽपि साध्याद्धार्द्धक्यान्नाक्रूरोऽभ्युपपद्यत ॥६८
अपयाने ततो बुद्धि भूयश्चक्रे भयान्वितः ।
योजनाना शत साग्र यया च प्रत्यपद्यत ॥६९
विज्ञातहृदया नाम शतयोजनगामिनी ।
भोजस्य वडवादित्यो यया कृष्णमयोजयत् ॥७०

प्रवृद्धवेगा वडवा त्वगच्छत् शतयोजनम् ।
दृष्ट्वा रथगतिस्तस्य शतधन्वानमर्दयत् ॥७१
ततस्तस्य हयास्ते तु श्रमात् खेदाच्च वै द्विजा ।
खमुत्पेतू रथप्राणाः कृष्णो राममथाब्रवीत् ॥७२
तिष्ठस्वेह महाबाहो दृष्टदोषा मया हया ।
पद्भ्यां गत्वा हरिष्यामि मणिरत्नं स्यमन्तकम् ॥७३
पद्भ्यामेव ततो गत्वा शतधन्वानमच्युत ।
मिथिलाधिपतिं तं वै जघान परमास्त्रवित् ॥७४

इसके पश्चात् भोज और कृष्ण का तुमुल युद्ध प्रवृत्त हो जाने पर शतधन्वा ने समस्त दिशाओं में अक्रूर को नहीं देखा था ॥६७॥ भोज और जनार्दन के द्वारा बल से अथवा का अवगाहन करके नष्ट होते हुए भी माध्य वार्यव से अक्रूर अनुगामी नहीं हुआ ॥६८॥ भय से युक्त होते हुए फिर उसने अपक्रमण करने में बुद्धि की थी। सौ योजन मार्ग जिसका अतिगम्य होगया ॥६९॥ विख्यात हृदया–इस नाम वाली सौ योजन तक गमन करने वाली भोज की वडवा थी जिसके द्वारा उसने श्रीकृष्ण के साथ युद्ध किया था ॥७०॥ बढ़े हुए वेग वाली वडवा (घोड़ी) थी जिसने उसके रथ की गति मार्ग से सौ योजन में दसी थी उसने शतधन्वा को मर्दित कर दिया था ॥७१॥ हे द्विजगण! इसके पश्चात् रथ के प्राण स्वरूप उसके घोड़े श्रम से और खेद के होने से आकाश में उड़ गये थे। श्रीकृष्ण राम से बोले ॥७२॥ हे महाबाहो! यहीं पर ठहरो, मैंने अश्वों के दोषों को देख लिया है। मैं पैरों से जाकर मणिरत्न स्यमन्तक का हरण करूँगा ॥७३॥ इसके पश्चात् पैरों से ही जाकर अच्युत ने मिथिला के अधिपति शतधन्वा का जो अस्त्र विद्या के परम पण्डित थे श्रीकृष्ण ने मार दिया था ॥७४॥

स्यमन्तकं न चापश्यद्धत्वा भोजं महाबलम् ।
निवृत्तं चाब्रवीत् कृष्णं रत्नं देहीति लाङ्गली ॥७५
नास्तीति कृष्णश्चोवाच ततो रामो रुषान्वितः ।
धिक्शब्दमसकृत् पूर्वं प्रत्युवाच जनार्दनम् ॥७६

आतृत्वान्मर्षयाम्येष स्वस्ति तेऽस्तु व्रजाम्यहम् ।
कृत्य न मे द्वारकया न त्वया न च वृष्णिभि. ॥७७
प्रविवेश ततो रामो मिथिलामरिमर्द्दन ।
सर्व्वकामैरुपहृतैर्मैथिलेनैव पूजित· ॥७८
एतस्मिन्नेव काले तु बभ्रुर्मतिमतावर ।
नानारुपान् क्रतून् सर्व्वानाजहार निरर्गलान् ॥७६
दीक्षामय सकवच रक्षार्थं प्रविवेश ह ।
स्यमन्तककृते राजा गाधिपुत्रो महायशा ॥८०
अर्थान् रत्नानि चाग्र्याणि द्रव्याणि विविधानि च ।
षष्टिवर्षगते काले यज्ञेषु विन्ययोजयत् ॥८१
अक्रूरयज्ञ इत्येते ख्यातास्तस्य महात्मन ।
बह्वन्नदक्षिणा सर्व्वे सर्व्वकामप्रदायिन ॥८२

और महान् बलवान् भोज को मार कर स्यमन्तक मणि को नही देखा था। लौटे हुए कृष्ण से लाङ्गलधारी बलराम ने कहा रत्न को देदो ॥७५॥ श्रीकृष्ण ने कहा वह मणि नही है। तब तो बलराम क्रोध से युक्त हो उठे। बार-बार धिक्—इस शब्द को पहिले कहते हुए जनार्दन से बोले ॥७६॥ मेरे भाई के होने के कारण से मैं यह सहन करता हूँ। तुम्हारा कल्याण हो—मैं तो अब जाता हूँ। मुझे द्वारका से कोई काम नही है न तुमसे और न वृष्णियो से कुछ प्रयोजन है ॥७७॥ इसके पश्चात् बलराम ने जोकि शत्रुओ के मर्दन करने वाले थे मिथिला मे प्रवेश किया था और वहाँ समस्त कामना वाले उपहृतो के द्वारा मैथिल से ही पूजित हुए थे ॥७८॥ इसी बीच मे बुद्धिमानो मे श्रेष्ठ बभ्रु ने अनेक रूप वाले निरगल सभी क्रतुओ को आहृत किया था ॥७६॥ महान् यश वाले राजा गाधि पुत्र ने स्यमन्तक के लिये दीक्षामय सकवच को रक्षा के लिये प्रविष्ट किया था ॥८०॥ साठ वर्ष के काल मे यज्ञो मे धनो को–रत्नो को और उत्तम विविध भाँति के द्रव्यो को विनियोजित किया था ॥८१॥ उस महान् आत्मा वाले ये सब 'अक्रूर यज्ञ' इस नाम से ख्यात हुए थे। जिनमे बहुत सा अन्न और दक्षिणा वाले तथा समस्त कामनाओ को देने वाले थे यज्ञ थे ॥८२॥

अथ दुर्य्योधनो राजा गत्वाऽथ मिथिला प्रभु. ।
गदाशिक्षा ततो दिव्या बलभद्रादवाप्तवान् ॥८३
प्रसाद्य तु ततो विप्रा वृष्ण्यन्धकमहारथैः ।
आनीतो द्वारकामेव कृष्णेन च महात्मना ॥८४
अक्रूरमन्धकं सार्द्धमुपायात् पुरुषर्षभ ।
युद्धं हत्वा तु शत्रुघ्न सह बन्धुमता बली ॥८५
श्वफल्कतनयायान्तु नराया नरसत्तमौ ।
भङ्गकारस्य तनयौ विश्रुतौ सुमहाबलौ ॥८६
जज्ञातेऽन्धकमुख्यस्य शत्रुघ्नो बन्धुमाश्च तौ ।
वधार्थं भङ्गकारस्य कृष्णो न प्रीतिमान् भवेत् ॥८७
ज्ञातिभेदभयाद्भीत समुपेक्षितवास्तथा ।
अपयाते तथाक्रूरे नाववर्षत्पाकशासन ॥८८
अनावृष्ट्या हत राष्ट्रमभवत्तद्वधोद्यतम् ।
तत प्रसादयामासुरक्रूर कुकुरान्धका ॥८९
पुनर्द्वारवती प्राप्ते तदा दानपतौ तथा ।
प्रववर्ष सहस्राक्ष कुक्षौ जलनिधेस्तत ॥९०

इसके पश्चात् प्रभु राजा दुर्योधन ने मिथिला म जाकर बलभद्र से दिव्य गदा की शिक्षा को प्राप्त किया था ॥८३॥ हे विप्र वृन्द ! इसके अनन्तर वृष्णि-अन्धक और महारथो के द्वारा बलरामजी को प्रसन्न करके महात्मा कृष्ण के द्वारा उन्हें फिर द्वारकापुरी मे ही वापिस मे आये गए थे ॥८४॥ उस पुरुषो मे श्रेष्ठ बली बलराम ने युद्ध मे बन्धुमान् के साथ मे शत्रुघ्न को मार कर अन्धको के साथ अक्रूर के पास पहुँचे थे ॥८५॥ श्वफल्क की तनया मे नरोमे भङ्गकारके नरश्रेष्ठ महान् बल वाले एव प्रसिद्ध दो तनय हुए ॥८६॥ उस अन्धको मे मुख्य शत्रुघ्न और बन्धुमान् ये दो पुत्र थे । भङ्गकार के वध के लिये कृष्ण प्रीति वाले नही हुए थे ॥८७॥ ज्ञाति के भेद के भय से डरे हुए उसकी उस प्रकार से उपेक्षा करदी थी । अक्रूर के अपयात होजाने पर इन्द्र ने वर्षा नही की थी ॥८८॥ अनावृष्टि से हत हुए राष्ट्र ने उसके वध करदेने की तैयारी की थी । तब कुकुरान्ध

वों ने अक्रूर को प्रसन्न किया था ।८९। तब उस समय फिर दानपति के द्वारका पुरी में प्राप्त हो जाने पर फिर जलनिधि की कुक्षि में इन्द्र देव ने खूब वर्षा की थी ॥९०॥

कन्याञ्च वासुदेवाय स्वसारं शीलसम्मताम् ।
अक्रूरः प्रददौ श्रीमान् प्रीत्यर्थं यदुपुङ्गव ॥९१
अथ विज्ञाय योगेन कृष्णो बभ्रुगतं मणिम् ।
सभामध्ये तदा प्राह तमक्रूरं जनार्दनः ॥९२
यद्वै रत्नं मणिवरं तव हस्तगतं प्रभो ।
तत् प्रयच्छस्व मानार्ह विमतिश्चात्र मा कृथाः ॥९३
षष्टिवर्षगते काले यद्रोषोऽभूत्तदा मम ।
सुसंरूढः सकृत् प्राप्तस्तत्कालातिथ्यः स महान् ॥९४
ततः कृष्णस्य वचनात् सर्व्वसात्वतसंसदि ।
प्रददौ तं मणिं बभ्रुरक्लेशेन महामतिः ॥९५
ततः आर्जवसम्प्राप्तं बभ्रुहस्तादरिन्दमः ।
ददौ प्रहृष्टमनसा तं मणिं बभ्रवे पुनः ॥९६
स कृष्णहस्तात् सम्प्राप्य मणिरत्नं स्यमन्तकम् ।
आबद्ध्य गान्दिनीपुत्रो विरराजांशुमानिव ॥९७
इमां मिथ्याभिशस्तिं यो विशुद्धामपि चोत्तमाम् ।
वेद मिथ्याभिशस्तिं स न व्रजेन्न कथञ्चन ॥९८

यदुओं में श्रेष्ठ अक्रूर ने अपनी कन्या और शील से सम्मत बहिन को वासुदेव के लिये उनकी प्रीति के लिये दी थी ॥९१॥ इसके अनन्तर श्रीकृष्ण ने योग के द्वारा बभ्रु के पास मणि होने को जानकर जनार्दन ने सभा के मध्य में इस अक्रूर से कहा ॥९२॥ हे प्रभो ! श्रेष्ठ रत्न श्रेष्ठ मणि तुम्हारे हाथ लग गई है हे मानार्ह ! उसे अब देदो और इस काम में यहाँ कोई भी विमति मत करो ॥९३॥ साठ वर्ष के समय में तब जो मुझे रोष हुआ है एक बार प्राप्त होजाने वाला वह इस लम्बे काल का सहारा पाकर वह बहुत ज्यादा होते हुए भली भाँति से रूढ होगया है ॥९४॥ इसके पश्चात् समस्त सात्वतों की संसद में श्रीकृष्ण के

इन वचनों से महा बुद्धि वाले बभ्रु ने बिना किसी क्लेश के उस मणि को दे दिया था ॥९५॥ इसके पश्चात् सरलता से बभ्रु के हाथ से प्राप्त हुई उस मणि को अरिन्दम ने बड़े ही प्रसन्न मन से पुन उस मणि को बभ्रु को देदी थी ।९६। उस गान्दिनी पुत्र न श्रीकृष्ण के हाथ से उस मणिरत्न स्यमन्तक को पाकर और कण्ठ म बाँधकर अंशुमान् की तरह सुशोभित हुए ॥९७॥ इस मिथ्याभिशान्ति को जो कोई विशुद्ध को भो उत्तम को जानेगा वह कभी मिथ्याभिशान्ति को प्राप्त नही होगा ॥९८॥

अनमित्रात्छिनिर्जज्ञे कनिष्ठाद्वृष्णिनन्दनात् ॥९९
सत्यवाक् सत्यसम्पन्न सत्यकस्तस्य चात्मज ।
सात्यकिर्युयुधानस्य तस्य भूति सुतोऽभवत् ॥१००
भूतेर्युगन्धर पुत्र इति भौत्या प्रकीर्तिताः ।
जज्ञाते तनयौ पृश्ने श्वफल्कश्चित्रकश्च य ॥१०१
श्वफल्कस्तु महाराजो धर्मात्मा यत्र वर्त्तते ।
नास्ति व्याधिभय तत्र न चावृष्टिभय तथा ॥१०२
कदाचित् काशिराजस्य विभोस्तु द्विजसत्तमा ।
त्रीणि वर्षाणि विषये नावर्षत्पाकशासन. ॥१०३
स तत्र वासयामास श्वफल्क परमार्चितम् ।
श्वफल्कपरिवासेन प्रावर्षत्पाकशासन ॥१०४
श्वफल्क काशिराजस्य सुता भार्यामनिन्दिताम् ।
गान्दिनी नाम गा सा हि ददौ विप्राय नित्यश ॥१०५
सा मातुरुदरस्था वै बहुवर्ष शतान् किल ।
वसति स्म न वै जज्ञे गर्भस्थान्ता पिताब्रवीत् ॥१०६

राजा अनमित्र ने शिनि का जन्म हुआ जोकि वृष्णि का सबसे छोटा पुत्र था ॥९९॥ उसके पुत्र सत्यवाक्—सत्यसम्पन्न और सत्यक थे । युयुधान का सात्यकि पुत्र हुआ था । और उसका पुत्र भूति नाम वाला उत्पन्न हुआ था ॥१००॥ भूति का पुत्र युगन्धर नामक हुआ । ये सब ससार म भौत्य इस नाम से प्रसिद्ध हुए थे । प्रश्नि के श्वफल्क और चित्रक ये दो पुत्रों का जन्म हुआ था

॥१०१॥ जहाँ महाराज श्वफल्क जो धर्मात्मा हुए हैं। वहाँ पर किसी भी व्याधि का कभी कोई भय ही नहीं हुआ था तथा न कभी अनावृष्टि ( वर्षा होने का अभाव) ही हुई थी ॥१०२॥ हे द्विजगण ! किसी समय में विभु काशिराज के समय में तीन वर्ष तक देश में इन्द्रदेव ने वर्षा ही नहीं की थी ॥१०३॥ उसने वहाँ पर श्वफल्क को भली भाँति समर्पित करके बसाया था। फिर श्वफल्क के परि निवास होने से पाकशासन ने वर्षा की थी ॥१०४॥ श्वफल्क ने काशिराज की सुता को आनन्दित भार्या गान्दिनी नाम वाली की थी। वह एक गौ रोज ही ब्राह्मण को दिया करती थी ॥१०५॥ वह माता के उदर में ही बहुत से सैकड़ों वर्ष तक स्थित रही थी और उसने जन्म ही ग्रहण नहीं किया था तब उदर में स्थित उससे उसके पिता ने कहा था ॥१०६॥

जायस्व शीघ्रं भद्रन्ते किमर्थं चापि तिष्ठसि।
प्रोवाच चैनं गर्भस्था सा कन्या गौर्दिने दिने ॥१०७
यदि दत्ता तदा स्यां हि यदि स्यामीहता पित।
तथेत्युवाच तां तस्याः पिता काममपूपुरत् ॥१०८
दाता यज्वा च शूरश्च श्रुतवानतिथिप्रिय।
तस्याः पुन स्मृतोऽक्रूर श्वफल्को भूरिदक्षिण ॥१०९
उपमगुस्तथा मगुर्मृदुरश्चारिमेजयः।
गिरिरक्षस्ततो यक्ष शत्रुघ्नो वारिमर्द्दनः ॥११०
धर्मभृच्च शृष्टचयो वर्गमोचस्तथापर।
आवाहप्रतिवाहौ च वसुदेवा वराङ्गना ॥१११
अक्रूरादुग्रसेन्यान्तु सुतौ द्वौ कुलनन्दिनौ।
देवश्चानुपदेवश्च जज्ञाते देवसम्मितौ ॥११२
चित्रकस्याभवन् पुत्रा पृथुर्विपृथुरेव च।
अश्वग्रीवोऽश्ववाहुश्च सुपार्श्वकगवेषणौ ॥११३
अरिष्टनेमिरश्वश्च सुवर्मा वर्मचर्मभृत्।
अभूमिर्वहुभूमिश्च श्रविष्ठाश्रवणे स्त्रियौ ॥११४

हे पुत्री ! तुम जन्म ग्रहण करो, तुम्हारा कल्याण होगा। क्या कारण है जिससे तुम उदर से बाहिर नहीं निकल रही हो और वहीं पर बैठी हो ? तब उस गर्भ में स्थित कन्या ने इस अपने पिता से कहा था कि यदि रोज-रोज गौ का दान करने वाला हो तो मैं जन्म लूँगी। हे पिता ! मैं यही चाहती हूँ। तब उसके पिता ने ऐसा ही होगा'-यह कहकर उसकी कामना को पूर्ण किया था ॥१०७ १०८॥ उसका पुत्र अक्रूर श्वफल्क बहुत दाता-यज्वा-शूर-शास्त्रों का ज्ञाता—बहुत दक्षिणा देने वाला और अतिथियों का प्रिय हुआ था ॥१०९॥ उपमगु-मगु-मृदुर-आरिमेजय-गिरिरक्ष और उसके यक्ष-शत्रुघ्न-वारि मर्दन-धर्मभृत्-धृष्टवर्म तथा दूसरा नर्गमोच-आवाद और प्रतिवाद तथा वराङ्गना वसुदेवा हुए थे ॥११०-१११॥ अक्रूर से उग्रसेनी में कुल को आनन्दित करने वाले दो पुत्र पैदा हुए थे जिनका नाम देव और अनुपदेव था और वे दोनों देवों के समान थे ॥११२॥ चित्रक के पृथु-विपृथु-अश्वग्रीव-अश्वबाहु-सुपार्श्वक-गवेषण-अरिष्टनेमि-अश्व-सुवर्मा-वर्मवर्मभृत्-अभूमि-बहुभूमि पुत्र उत्पन्न हुए थे। श्रविष्ठा और श्रवणा दो स्त्रियाँ थी ॥११३-११४॥

सत्यकात् काशिदुहिता लेभे सा चतुरः सुतान्।
अक्रूद भजमानश्च शमीकश्चार्थहिपौ ॥११५
अक्रूदस्य सुतो वृष्टिर्धृष्टस्तु तनयोऽभवत्।
कपोतरोमा तस्याथ रैवतोऽभवदात्मजः ॥११६
तस्यासीत्तुम्बुरुसखा विद्वान् पुत्रोऽनवस्त्विल.।
ख्यापतेि यस्य नाम्ना स चन्दनोदकदुन्दुभिः ॥११७
तस्माच्चाभिजित पुत्र उत्पन्नस्तु पुनर्वसु।
अश्वमेधन्तु पुत्रार्थं आजहार नरोत्तम ॥११८
तस्य मध्येऽतिरात्रस्य सदोमध्यात्समुत्थितम्।
ततस्तु विद्वान् धर्मज्ञो दाता यज्वा पुनर्वसु ॥११९
तस्यापि पुत्रमिथुन चाहुवाणाजित किल।
आहुकश्चाहुकी चैव ख्यातौ मतिमतांवरौ ॥१२०

इमाश्चोदाहरन्त्यत्र श्लोकान् प्रति तमाहुकम् ।
सोपासङ्गानुकर्षाणां सध्वजानां वरूथिनाम् ॥१२१
रथानां मेघघोषाणां सहस्राणि दशैव तु ।
नासत्यवादी त्वासीत्तु नायज्वा नामहस्रदः ॥१२२
नाशुचिर्नाप्यधर्मात्मा नाविद्वान्न कृशोऽभवत् ।
आहुकस्य धृतिः पुत्र इत्यमेवमनुशुश्रुम ॥१२३

मत्यक से काशि दुहिता ने चार पुत्रों को प्राप्त किया था जिनके नाम कुकुद–भजमान और शमीक तथा कम्बलबहिष थे ॥११५॥ ककुद का पुत्र वृष्णि नाम वाला हुआ और वृष्णि का पुत्र कपोतरोम हुआ था और उसका पुत्र रेवत हुआ था ॥११६॥ उसके तुम्बुरु सखा परम विद्वान् पुत्र उत्पन्न हुआ था जिसके नाम से चन्दनादक दुन्दुभि प्रसिद्ध होता है ॥११७॥ और उससे अभिजित् पुत्र हुआ और पुनर्वसु उत्पन्न हुआ था ? उस नरोत्तम ने पुत्र के लिए अश्वमेध यज्ञ किया था ॥११८॥ उस अतिरात्र के मध्य में सदोमध्य से समुत्थित हुआ था। उससे परम विद्वान्–दान देने वाला–धर्म का ज्ञाता और यज्वा पुनर्वसु हुआ था ॥११९॥ उसके भी पुत्रों का जोड़ा आहुक आहुकि हुआ जो कि आहुक और आहुकि–इन नामों से मतिमानों में परमश्रेष्ठ ख्यात हुए थे ॥१२०॥ यहाँ पर उस आहुक के प्रति ये श्लोक उदाहृत होते हैं। उसके उपासङ्ग, अनुकर्षों के सहित तथा ध्वजाओं के सहित वरूथियों के और मेघघोष वाले रथों के दस सहस्र थे। वह असत्यवादी नहीं था वह अयज्वा तथा असहस्रद नहीं था, न वह अशुचि और न अधर्मात्मा ही था वह अविद्वान् तथा अकृश भी नहीं हुआ था। आहुक का पुत्र धृति हुआ था—यही हम सुनते हैं ॥१२१ १२२ १२३॥

श्वेतेन परिचारेण किशोरप्रतिमान् हयान् ।
अशीतियुक्तनियुतान्याहुकप्रतिमोऽव्रजत् ॥१२४
पूर्वस्यान्दिशि नागानां भोजस्य प्रतिरञ्जिरे ।
रूप्यकाञ्चनकक्षाणां सहस्राण्येकविंशति ॥१२५
तावन्त्येव सहस्राणि उत्तरस्यान्तथा दिशि ।
भूमिपालस्य भोजस्य उत्तिष्ठेत् किङ्किणी किल ॥१२६

आहुकश्चाहुकान्धाय स्वसार त्वाहुकीन्ददौ ।
आहुकान्धस्य दुहिता द्वौ पुत्रौ सम्बभूवतु ॥१२७
देवक श्चोग्रसेनश्च देवगर्भसमावुभौ ।
देवकस्य सुता वीरा जज्ञिरे त्रिदशोपमा. ॥१२८
देवानामपि देवश्च सुदेवो देवरक्षिता ।
तेषा स्वसार सप्तासन् वसुदेवाय सप्तदौ ॥१२९
वृकदेवोपदेवा च तथान्या देवरक्षिता ।
श्रीदेवा शान्तिदेवा च महादेवा तथापरा ॥१३०॥
सप्तमी देवकी तासा सुनाभा चारुदर्शना ।
नवोग्रसेनस्य सुता कंसस्तेषान्तु पूर्वज ॥१३१

श्वेत परिवार से युक्त किशोर प्रतिमा वाले अस्सी की संख्या से युक्त नियुत अश्वों को लेकर आहुक प्रतिमा जाया करता था ॥१२४॥ पूर्व दिशा में चाँदी और सुवर्ण की कक्षा वाले भोज के नागो की इक्कीस हजार संख्या प्रतिरंजित हुई थी ॥१२५॥ उत्तर दिशा मे भी उतनी ही संख्या थी । भूमि के पालक भोज की किङ्किणी उठती थी ॥१२६॥ आहुक ने आहुकान्ध के लिये आहुकी बहिन को दे दिया था । आहुकान्ध की दुहिता और दो पुत्र हुए थे । देवक और उग्रसेन ये दोनो देवगर्भ के समान थे । देवक के देवो के समान वीर पुत्रो ने जन्म ग्रहण किया था ॥१२७-१२८॥ देवो के भी देव–सुदेव और देव रक्षित हुए थे । उनके सात बहिनें थी जोकि वसुदेव के लिए देदी थी ॥१२९॥ उनके नाम वृकदेवा–उपदेवा–देवरक्षिता–श्रीदेवा–शान्तिदेवा तथा महादेवा एव उनमे सातवी देवकी थी जो सुन्दर नाम वाली और देखने मे बहुत सुन्दर थी । उग्रसेन के नौ पुत्र थे उन सब मे कंस सबसे बड़ा था ॥१३०-१३१॥

न्यग्रोधश्च सुनामा च कङ्कशङ्कुश्च भूमय ।
सुतनू राष्ट्रपालश्च युद्धतुष्ट सुपुष्टिमान् ॥१३२
तेषा स्वसार पञ्चैव कर्मवत्यर्मवती तथा ।
शताद्रुश्च राष्ट्रपाला च सुह्वा नैव वराङ्गना ॥१३३

उग्रसेनो महापत्यो विख्यात कुकुरोद्भव ।
कुकुराणामिमं वंश धारयन्नमितौजसाम् ।
आत्मनो विपुलं वंशं प्रजावांश्च भवेन्नर ॥१३४
भजमानस्य पुत्रस्तु रथिमुख्यो विदूरथ ।
राज्याधिदेव शूरश्च विदुरश्च सुतोऽभवत् ॥१३५
तस्य शूरस्य तु सुता जज्ञिरे बलवत्तरा ।
वातश्चैव निवातश्च शोणित श्वेतवाहन ॥१३६
शमी च गदवर्मा च निदात शक्रशक्रजित् ।
शमिपुत्र प्रतिक्षित्र प्रतिक्षिमस्य चात्मज ॥१३७
स्वयम्भोज स्वयम्भोजाद्धृदिक सम्बभूव ह ।
हृदिकस्य सुतास्त्वासन् दश भीमपराक्रमा ॥१३८
कृतवर्मा कृतस्तेषा शतधन्वा तु मध्यम ।
देवार्हश्च वनार्हश्च भिषग् द्वैतरथश्च य ॥१३९
सुदान्तश्च धियान्तश्च नवयान् कनकोद्भव ।
देवार्हस्य सुता विद्वान् जज्ञे कम्बलबर्हिष ॥१४०
असमौजा सुतस्तस्य सुमहौजाश्च विश्रुत ।
अजावपुत्राय तत प्रददावसमोजसे ।
सुदंष्ट्रश्च सुरूपश्च कृष्ण इत्यन्धका स्मृता ॥१४१
अन्धकानामिमं वंश कीर्त्तयानस्तु नित्यश ।
आत्मानो विपुलं वंश लभते नात्र संशय ॥१४२

उग्रसेन के नाम ये हैं—न्यग्रोध-सुनाम-कङ्काकु-भूमय-सुतनु-राष्ट्रपाल युद्धतुष्ट और सुपुष्टिमान् थे ॥१३२। उनकी पाँच बहनें धर्मवती-शताङ्का-राष्ट्रपाला-सुह्वा और कराङ्कना य बहिनें थीं ॥१३३॥ कुकुरोद्भव उग्रसेन बहुत अधिक सन्तति वाला विख्यात था। कुकुरों के इस महान् वंश को जोकि महान् ओज वाला का वंश है धारण एवं श्रवण करने वाला मनुष्य अपने बडे वंश का धारण करने वाला तथा सन्तति सम्पन्न हुआ करता है ॥१३४॥ भजमान का पुत्र रथियों में मुख्य विदूरथ था जो राज्य का अधिदेव और शूर था। उसका

निदुर पुत्र हुआ था। उस शूर के अधिक बलवान् पुत्र उत्पन्न हुए थे जिनके नाम वात निरान–शाणिन–श्वेतवाहन–शमी–गदवर्मा–निह्रात और शक्रशत्रुजित् थे। शमी के पुत्र प्रतिक्षिप्त हुआ और प्रतिक्षिप्त का आत्मज स्वयम्भोज हुआ तथा स्वयम्भोज से हृदिक पुत्र उत्पन्न हुआ था। हृदिक के भीम के समान पराक्रम वाले दश पुत्र हुए थे॥१३५ से १३८॥ उनके नाम ये है—कृतवर्मा–शतजोति उनमें मध्यम था—देवाह–वनार्ह–भिषक्–द्वैतरथ–सुदान्त–धिवान्त–नरवान्–रनोद्भव ये नाम हैं। देवाह का पुत्र बड़ा विद्वान् कम्बलबर्हिष नाम वाला हुआ था॥१३९ १४०॥ उसका पुत्र असमौज और सुमहोजा विश्रुत हुए अपुत्र असमौजस के लिए अज दिए थे। सुदंष्ट्र–सुरूप और कृष्ण ये सब अन्धक कहे गये है॥१४१॥ अन्धकों के इस वंश का नित्य ही कीर्तन वाला पुरुष अपना बहुत वंश प्राप्त किया करता है—इसमें कुछ संशय नहीं है॥१४२॥

अश्मक्यां जनयामास शूरो वै देवमार्षिम् ।
माध्यान्तु जनयामास शूरो वै देवमीढुषम् ॥१४३
माध्यान्तु जज्ञिरे शूराद्भोजाया पुरुषा दश ।
वसुदेवो महाबाहु पूर्वमानकदुन्दुभिः ॥१४४
जज्ञे तस्य प्रसूतस्य दुन्दुभिः प्राणदद्दिवि ।
आनकानाञ्च सह्लादः सुमहानभवद्दिवि ॥१४५
पपात पुष्पवर्षञ्च शूरस्य भवने महत् ।
मनुष्यलोके कृत्स्नेऽपि रूपे नास्ति समो भुवि ॥१४६
यस्यासीत् पुरुषाग्र्यस्य कीर्तिश्चन्द्रमसो यथा ।
देवभागस्ततो जज्ञे तथा देवश्रवा पुनः ॥१४७
अनाधृष्टिस्तथैव नन्दनश्चैव भृञ्जिनः ।
श्यामः शमीको गण्डूषः पञ्चास्तु वराङ्गनाः ॥१४८
पृथा च श्रुतदेवा च श्रुतकीर्तिः श्रुतश्रवा ।
राजाधिदेवी च तथा पञ्चैता वीरमातरः ॥१४९
पृथा दुहितरं चक्रे कुन्तिस्ता पाण्डुरावहत् ।
अगस्त्याय वृद्धाय कुन्तिभोजाय तां ददौ ॥१५०

शूर ने अस्मकी मे देव मानुषी को जन्म दिया था। और मापी में शूरने देमीढुष को समुत्पन्न किया था ॥१४३॥ मापी में भोजा में शूर से दश पुत्रों ने जन्म ग्रहण किया था। महान् बाहु वाले वसुदेव पहिले आनक दुन्दुभि हुए ॥१४४॥ उनके प्रसून होने के समय में देवलोक में दुन्दुभि बजाई गई थी और आनकों का बड़ा भारी शब्द दिवि में हुआ था ॥१४५॥ उस समय शूर के भवन में पुष्पों की वर्षा हुई थी। समस्त मनुष्य लोक में रूप में उसके समान कोई भी नहीं था ॥१४६॥ उस पुरुषों में श्रेष्ठ की कीर्त्ति चन्द्रमा के समान थी। इसके पश्चात् देवभाग ने जन्म लिया और फिर देवश्रवा ने जन्म ग्रहण किया था। १४७ अनादृष्टि वड–नन्दन–भृञ्जित–श्याम–शमीक–गण्डूष और चार वराङ्गना जोकि नाम से पृथा–श्रुतदेवा–श्रुतकीर्त्ति–श्रुतश्रवा और राधिदेवी ये पाँच वीर मातायें हुई हैं ॥१४८-१४९॥ दुहिता पृथा कुन्ति को पाण्डु ने ब्याहा था। अनपत्य अर्थात् बिना सन्तति वाले वृद्ध कुन्ति भोज के लिये उसको दे दिया था ॥१५०॥

तस्मात् कुन्तीति विख्याता कुन्तीभोजात्मजा पृथा।
कुरुवीरः पाण्डुमुख्यस्तस्माद्भार्यामविन्दत ॥१५१
पृथा जज्ञे ततः पुत्रान् त्रीनग्निसमतेजसः।
लोकेऽप्रतिरथान् वीरान् शक्रतुल्यपराक्रमान् ॥१५२
धर्माद्युधिष्ठिरं पुत्रं मारुताच्च वृकोदरम्।
इन्द्राद्धनञ्जयश्चैव पृथा पुत्रानजीजनत् ॥१५३॥
माद्रवत्यान्तु जनितावाश्विनाविति विश्रुतम्।
नकुलः सहदेवश्च रूपसत्त्वगुणान्वितौ ॥१५४
जज्ञे च श्रुतदेवाया तनयो वृद्धशर्मणः।
करूषाधिपतिर्वीरो दन्तवक्त्रो महाबलः ॥१५५
कैकेया श्रुतकीर्त्यान्तु जज्ञे सन्तर्दनः पुनः।
चेकितानवृहत्क्षत्रौ नयवान्यौ महाबलौ ॥१५६
विन्दानुविन्दावावन्त्यौ भ्रातरौ तु महाबलौ।
श्रुतश्रवाया चैद्यस्तु शिशुपालो बभूव ह ॥१५७

दमघोषस्य राजषः पुत्रो विख्यातपौरुषः ।
य पुरासीद्दशग्रीव सवभूवारिमर्दन ॥१५८

इसी कारण से वह कुन्ती—इस नाम मे विख्यात हुई थी क्योकि वह कुन्तिभोज की आत्मजा पृथा थी । कुरुओ मे वीर पाण्डुमुख्य ने इससे उसे भार्या के रूप मे प्राप्त किया था ॥१५१॥ उससे पृथा ने अग्नि के समान प्रदीप्त तेज वाले तीन पुत्रो को जन्म दिया था जोकि ससार मे अप्रतिरथ—वीर और इन्द्र के समान पराक्रम वाले हुए थे ॥१५२॥ पृथा ने धर्म से युधिष्ठिर पुत्र को, मारुत से वृकोदर को और इन्द्र से धनञ्जय को इस तरह से पृथा ने पुत्रो को जन्म दिया था ॥१५३॥ माद्रवती मे दो अश्विनो—इस नाम से विश्रुत रूप तथा गुण से अन्वित नकुल और सहदेव उत्पन्न हुए थे ॥१५४॥ और श्रुतदेवा मे वृद्धशर्मा का पुत्र करूप का अधिपति—वीर एव महान् बलवाला दन्तवक्त्र उत्पन्न हुआ था ॥१५५॥ कैकेय श्रुत कीर्त्ति मे फिर सन्तर्दन उत्पन्न हुआ था । तथा अन्य महान् बल वाले चेकितान और बृहत्क्षत्र उत्पन्न हुए थे ॥१५६॥ विन्द और अनुविन्द अन्त मे उत्पन्न होने वाले अर्थात् सबसे छोटे सुमहान् बल वाले दो भाई थे । श्रुतश्रवा मे चैद्य शिशुपाल हुआ था ॥१५७॥ यह राजर्षि दमघोष का विख्यात पौरुष वाला पुत्र था जो पहिले शत्रुओ का मर्दन करने वाला दशग्रीव रावण हुआ था ॥१५८॥

यदुश्रवानुजस्तस्य रजवन्योऽनुजस्तथा ।
पत्न्यस्तु वसुदेवस्य त्रयोदश वराङ्गना ॥१५९
पौरवी रोहिणी चैव मदिरा चापरा तथा ।
तथैव भद्रा वैशाखी देवकी सप्तमी तथा ॥१६०
सुगन्धिर्वनराजी च द्वे चान्ये परिचारिके ।
रोहिणी पौरवी चैव वाल्हीकस्यात्मजाभवत् ॥१६१
ज्येष्ठा पत्नी महाभागा दयितानकदुन्दुभे ।
ज्येष्ठ लेभे सुत राम सारण निशठ तथा ॥१६२
दुर्दम दमन शुभ्र पिण्डारकुशीतकौ ।
चित्रा नाम कुमारीश्च रोहिण्यष्टौ व्यजायत ॥१६३

पौत्रौ रामस्य जज्ञाते विज्ञातौ निशितोत्सुकौ ।
पार्श्वी च पार्श्वनन्दी च शिशु सत्यधृतिस्तथा ॥१६४
मन्दबाह्योऽय रामाणगिरिको गिर एव च ।
शुक्लगुल्मेति गुल्मश्च दरिद्रान्तक एव च ॥१६५
कुमार्यश्चापि पञ्चाद्या नामतस्ता निबोधत ।
अर्चिष्मती सुनन्दा च सुरसा सुवचास्तथा ॥१६६
तथा शतबला चैव सारणस्य सुतास्त्विमा ।
भद्रश्वो भद्रगुप्तिश्च भद्रविघ्नस्तथैव च ॥१६७
भद्राबाहुर्भद्ररथो भद्रकल्पस्तथैव च ।
सुपार्श्वक कीर्त्तिमाश्च रोहिताश्वश्च भद्रज ॥१६८
दुर्म्मदश्चाभिभूतश्च रोहिण्या कुलजा स्मृता ।
नन्दोपनन्दो मित्रश्च कुक्षिमित्रस्तथाचल ॥१६९
चित्रोपचित्रे कन्ये च स्थित पुष्टिरथापर ।
मदिराया सुता ह्येते सुदेवोऽथ विजज्ञिरे ॥१७०

उसका अनुज यदुध्वज था तथा अनुज रुक्मकन्या हुआ था । वसुदेव की पर अङ्ग वाली तेरह पत्नियाँ थी ॥१५६॥ उन पत्नियो के नाम इस प्रकार है–पौरवी–रोहिणी और अन्य अमरा तथा मदिरा थी । उसी प्रकार स भद्रा–वैशाखी–सातवी देवकी थी ॥१६०॥ सुगन्धी–वनराजी और दो अन्य परिचारिकायें थी । रोहिणी और पौरवी बाल्हीक की आत्मजा थी ॥१६१॥ आनक दुन्दुभि की ज्येष्ठ पत्नी महाभाग वाली दयिता थी । उसने ज्येष्ठ पुत्र राम को तथा शारण और निशठ को प्राप्त किया था ॥१६२॥ दुर्दम–दमन–शुभ्र–पिण्डारक और कुशीतक और कुमारीचित्रा का इस तरह रोहिणी ने आठ को उत्पन्न किया था ॥१६३॥ राम के दो पौत्र प्रसिद्ध निशित और उल्मुक नाम वाले उत्पन्न हुए थे । पार्श्वी–पार्श्वनन्दी–शिशु सत्यधृति–मन्दबाह्य–रामाण–गिरिक और गिर–शुक्लगुल्मा–और गुल्म दरिद्रान्तक ये पुत्र तथा पाँचाद्य कुमारियाँ भी उत्पन्न हुई थी जिनको नाम से समझ लो । अर्चिष्मती–सुनन्दा–सुरसा–सुवचा तथा शतबला ये सारण की पुत्रियाँ थी । भद्राश्व–भद्रगुप्ति–तथा भद्रविघ्न–भद्र-

दाहु–भद्ररथ–भद्रकल्प–सुपार्श्वक–कीर्तिमान् और रोहिताश्व और भद्रज–दुर्मद–और अभिभूत ये सब रोहिणी के कुलज कहे गये हैं। नन्द–उपनन्द–मित्र–कुक्षि मित्र–तथा अचल–चित्रा और उपचित्रा दो कन्यायें–स्थित और दूसरा पुष्टि ये पुत्र मदिरा के उत्पन्न हुए थे इनके अनन्तर सुदव हुआ था ॥१६४-१६५-१६६-॥१६७–१६८–१६९–१७०॥

उपबिम्बोऽथ बिम्बश्च सत्त्वदन्तमहौजसौ।
चत्वार एते विख्याता भद्रापुत्रा महाबलाः ॥१७१
वैशाल्यां समदाच्छौरि पुत्रं कौशिकमुत्तमम्।
देवक्यां जज्ञिरे शौरेः सुषेणः कीर्तिमानपि ॥१७२
तदयो भद्रसेनश्च यजुदायश्च पञ्चमः।
षष्ठो भद्रविदेहश्च कंस सर्वाञ्जघान तान् ॥१७३
अथ तस्यामवस्थायामायुष्मान् सबभूव ह।
लोकनाथः पुनर्विष्णु पूर्वकृष्णः प्रजापतिः ॥१७४
अनुजाताऽभवत् कृष्णा सुभद्रा भद्रभाषिणी।
कृष्णा सुभद्रेति पुनर्व्याख्याता वृष्णिनन्दिनी ॥१७५
सुभद्रायां रथी पार्थादभिमन्युरजायत।
वसुदेवस्य भार्यासु महाभागासु सप्तसु।
ये पुत्रा जज्ञिरे शूरा नामतस्तान्निबोधत ॥१७६
अताऽस्य सह दशाया शूरा जज्ञेऽभयामरः।
शान्तिदेवाजातस्तु शौरी जज्ञे कुनाद्दहम् ॥१७७
उपमन्दू वसुश्चापि तनयो देवरक्षितौ।
एवं दश सुतास्तस्य कंसस्तानप्यघातयत् ॥१७८

उपबिम्ब–बिम्ब–सत्त्वदन्त–महौजा ये चार पुत्र जो महान् बल वाले थे भद्रा के सुत कहे गये थे ॥१७१॥ वैशाली में समद से शौरनि ने उत्तम कौशिक पुत्र को उत्पन्न किया था। देवकी में शौरि–सुषेण–कीर्तिमान्–तदय–भद्रसेन–यजुदाय पाँचवाँ तथा छठा भद्रविदेह था। कंस ने उन सभी पुत्रों को मार दिया था ॥१७२ १७३॥ इसके अनन्तर उस अवस्था में आयुष्मान् हुआ था। लोक-

नाथ–फिर विष्णा–पूर्व कृष्ण और प्रजापति हुए ॥१७४॥ पीछे उत्पन्न होने वाली कृष्णा–सुभद्रा–भद्रभाषिणी–कृष्णा–सुभद्रा थे फिर ख्यात वृष्णि नन्दिनी थी ॥१७५॥ सुभद्रा मे पार्थ (अर्जुन) से रथी अभिमन्यु उत्पन्न हुआ था। वसुदेवकी महान् भाग वाली सात भार्याओं मे जो पुत्र उत्पन्न हुए थे उन्हें अब नाम से समझ लो ॥१७६॥ इसलिये इसके सहदेवा मे शूर अभयासक्त उत्पन्न हुआ था। शौरी ने कुल का उद्वह करन दाङ्र्देवाजनन्तम्यु को जन्म दिया था ॥१७७॥ उपसङ्ग और वसु भी दो तनय (पुत्र) थे जो देवो के द्वारा रक्षित हुए थे। इस प्रकार से उसके दश पुत्र थे। कंस ने उनको भी मार गिराया ॥१७८॥

विजय रोचनञ्चैव वर्द्धमान तथैव च ।
एतान् सर्व्वान् महाभाग।नुउपदेवा व्यजायत ॥१७९
स्वगाहव महात्मान वृक द॰।   ।जायत ।
अगाहो च स्वसा चव सुम्पा शिशिरायिणी ॥१८०
सप्तम देवकीपुत्र सुनामा सुपुवे भुत्रम् ।
गवेषण महाभाग सङ्ग्राम चित्र योधिनम् ॥१८१
श्राद्धदेव पुरा येन वने विरचिता द्विजा ।
शैव्यायामदद्च्छौरिः पुत्र कौशिकमव्ययम् ॥१८२
सुगन्धी वनराजो च शौरगम्ना परिग्रह ।
पुण्ड्रश्च कपिलश्चैव वसुदेवात्मजो हि तौ ।
तयो राजाऽभवत् पुण्ड्रः कपिलस्तु वन ययौ ॥१८३
तस्या ममभवद्वोरा वसुदेवात्मजो वली ।
राजा नाम निषादा॰ो प्रथम स धनुर्द्धरः ॥१८४
विख्यातो देवरातस्य महाभाग सुतोऽभवत् ।
पण्डिताना मत प्राहुर्देवश्रवसमुद्भवम् ॥१८५
अस्मक्या लभते पुत्रमनादृष्टि यशस्विनम् ।
निवर्त्त शक्त्रुघ्न श्राद्धदेव महाबलम् ॥१८६

उपदेवा ने विजय–रोचन–वर्द्धमान इन सबको महान् भाग वालो को

उत्पन्न किया था ॥१७९॥ वृकदेवी ने महान् आत्मा वाले स्वगाहव को उत्पन्न किया था। आगाही एवं स्वसा भी थी जो सुन्दर रूप वाली शिशिरावणी थी ॥१८०॥ सुनासा ने सातवें देवकी के पुत्र को भुव को प्रसूत किया था। गवेषण महाभाग और संग्राम में चित्रयोधी और श्राद्धदेव को उत्पन्न किया था जिसने कि पहिले वन में द्विज बनाये थे। वैश्या में शौरि ने अव्यय कौशिक पुत्र को दिया था ॥१८१-१८२॥ सुगन्धि और वनराजी ये शौरि का परिग्रह था। पुण्ड्र और कपिल ये दो वसुदेव के पुत्र थे। उन दोनों में पुण्ड्र तो राजा हुआ था और कपिल वन में चला गया था ॥१८३॥ उसमें वीर वसुदेव का पुत्र हुआ था जो बहुत बल वाला था। यह निषाद नाम वाला राजा था जो प्रथम धनुर्धर हुआ था ॥१८४॥ देवरात का महाभाग विख्यात पुत्र हुआ था। देवश्रव से समुद्भव वाला एणिहना का मत कहते हैं ॥१८५॥ निवर्त ने अश्मकी में अनाहृष्टि—यशस्विनी—शत्रु शत्रुघ्न के नाशक एवं महा बलवान् श्राद्धदेव पुत्र को प्राप्त किया था ॥१८६॥

प्रजायत श्राद्धदेवो निषधादियंत श्रुत ।
एकलव्यो महावीर्यो निषादै परिवर्द्धित ॥१८७
गण्डूपायानपत्याय कृष्णस्तुष्टोऽददत् सुतौ ।
चारुदेष्णञ्च साम्बञ्च कृतास्त्रौ शस्त्रलक्षणौ ॥१८८
तन्तिजस्तन्तिमालश्च स्वपुत्रौ वनवस्य तु ।
वत्सावनेस्त्वपुत्राय वसुदेव प्रतापवान् ।
सौतिर्ददौ सुत वीर शौरि कौशिकमेव च ॥१८९
तपाश्च योधनुश्चैव विरजा श्यामसृञ्जिमौ ।
अनपत्योऽभवच्छाम श्यामकस्तु वन ययौ ।
जुगुप्समानो भोजत्व राजर्षित्वमवाप्नुयात् ॥१९०
य इद जन्म कृष्णस्य पठते नियतव्रत ।
श्रावयेद्ब्राह्मणश्चापि सुमहत्सुखमाप्नुयात् ॥१९१
देवदेवो महातेजा पूर्व कृष्ण प्रजापतिः ।
विहारार्थं मनुष्येषु जज्ञे नारायण प्रभु ॥१९२

देवक्या वसुदेवेन तपसा पुष्करेक्षणः ।
चतुर्बाहुः स विज्ञेयो दिव्यरूपः श्रियान्वितः ॥१९३

प्रकाशो भगवान् योगी कृष्णो मानुषमागतः ।
अव्यक्तोऽव्यक्तलिङ्गस्थः स एव भगवान् प्रभुः ॥ १९४

क्योंकि ऐसा श्रुत है कि शाङ्गदेव निषध के पहिले हुआ था। महान् वीर्य वाला एकलव्य निषादों के द्वारा परिवर्द्धित किया गया था ॥१८७॥ बिना सन्तति वाले गण्डूष के लिये सन्तुष्ट कृष्ण ने दोनों पुत्र दे दिये थे। ये दोनों चारु देष्ण और साम्ब थे जो कृतास्त्र एवं शस्त्र लक्षण वाले थे ॥१८८॥ सन्तिन और सन्निपाल वत्सावनि बनाय के अपने दो पुत्रों को प्रतापवान् वसुदेव ने पुत्र हीन के लिए दे दिया था और शौरि ने वीर शौरि और कौशिक पुत्र को दे दिया था ॥१८९॥ तथा—श्रीवनु विरजा—श्याम और सृञ्जिम हुए उनमें श्याम सन्तति हीन था जो वह श्यामक वन में चला गया था। भोजत्व की जुगुप्सा करता हुआ उसने राजर्षि होने का पद प्राप्त कर लिया था ॥१९०॥ जो इस कृष्ण के जन्म को नियम व्रत वाला होते हुए पढ़ता है और किसी ब्राह्मण को इसे श्रवण कराता है वह महान् सुख को प्राप्त किया करता है ॥१९१॥ महान् तेज वाले देवों के भी देव प्रजापति कृष्ण पहिले विहार करने के लिये प्रभु नारायण ने मनुष्यों में जन्म ग्रहण किया था ॥१९२॥ वसुदेव से देवकी में तप के द्वारा पुष्कर के समान सुन्दर नेत्रों वाला—श्री से समन्वित—चार भुजाओं से युक्त तथा दिव्य रूपधारी वह विज्ञेय है ॥१९३॥ प्रकाश, योगी, भगवान् कृष्ण मनुष्य के स्वरूप में प्राप्त होगये थे। वह प्रभु भगवान् ही जो अव्यक्त हैं और अव्यक्त चिह्नों में स्थित हैं, मानुष रूप में आये थे ॥१९४॥

नारायणो मतश्चक्रे प्रभव चाव्ययो हि स ।
देवो नारायणो भूत्वा हरिरासीत्सनातनः ॥१९५

योऽसृजद्ब्रह्मादिपुरुष पुरा चक्रे प्रजापतिम् ।
अदितेरपि पुत्रत्वमेत्य यादवनन्दनः ।
देवो विष्णुरिति ख्यातः शक्रादवरजोऽभवत् ॥१९६

प्रसादज यस्य विभोरदित्या' पुत्रकारणम् ।
वधार्थं सुरशत्रूणां दैत्यदानवरक्षसाम् ॥१९७
ययातिवंशजस्याथ वसुदेवस्य धीमत ।
कुल पुण्य यत कर्म भेजे नारायण. प्रभु ॥१९८
सागरा समकम्पन्त चेलुश्च धरणीधरा. ।
जज्वलुश्चाग्निहोत्राणि जायमाने जनार्दने ॥१९९
शिवाश्च प्रववुर्वाता प्रशान्तिमभवद्रज ।
ज्योतींष्यभ्यधिकं रेजुर्जायमाने जनार्दने ॥ २००
अभिजिन्नाम नक्षत्र जयन्ती नाम शर्वरी ।
मुहूर्तो विजयो नाम यत्र जातो जनार्दन ॥२०१
अव्यक्त शाश्वत कृष्णो हरिर्नारायण प्रभु ।
जायते स्मैत्र भगवान् नयनर्मोहयन् प्रजा ॥२०२

क्योंकि अव्यय नारायण ने प्रभव किया अर्थात् जन्म ग्रहण किया था देवनारायण होकर सनातन हरि हुए थे ॥१९५। जिसने पहिले आदि पुरुष प्रजापति का सृजन किया था वह यादव नन्दन अदिति के भी पुत्र के स्वरूप को प्राप्त कर देव विष्णु नाम से प्रसिद्ध हुए थे और इन्द्र के छोटे भाई बन गये थे ॥१९६॥ जिस विभु के अदिति के पुत्र होने का कारण केवल प्रसाद ही है। जोकि देवों के शत्रु दैत्य—दानव और राक्षसों के वध करने के लिये ही हुआ था ॥१९७॥ राजा ययाति के वंश में जन्म लेने वाले धीमान् वसुदेव का कुल बहुत पुण्य वाली है और पवित्र है जिसमें कि प्रभु नारायण ने जन्म ग्रहण कर कर्म किया था ॥१९८॥ भगवान् जनार्दन के उत्पन्न होने के समय में समस्त सागर कम्पमान हो गये थे और सब पर्वत चलायमान हो गये थे और चारों ओर अग्नि-होत्र ज्वलित हो गये थे ॥१९९॥ कल्याण कर वायु बहने लगी रज ने प्रशान्ति प्राप्त करली थी भगवान् जनार्दन के जायमान होने पर ज्योतियाँ अत्य-धिक रूप में प्रकाशमान होकर शोभित हो रही थी ॥२००॥ उस समय में अभिजित् नाम वाला नक्षत्र था—जयन्ती नाम की शर्वरी थी और विजय नाम वाला मुहूर्त था जिस समय में भगवान् जनार्दन ने अपना जन्म ग्रहण किया

था ॥२०१॥ अव्यक्त–शाश्वत–प्रभु नारायण हरि श्रीकृष्ण भगवान् नेत्रों के द्वारा प्रजा को मुग्ध करते हुए उत्पन्न हुए थे ॥२०२॥

आकाशात् पुष्पवृष्टीश्च ववर्ष त्रिदशेश्वरः ।
गोभिर्मङ्गलयुक्ताभिः स्तुवन्तो मधुसूदनम् ।
महर्षयः सगन्धर्वा उपतस्थु सहस्रशः ॥२०३
वसुदेवस्तु त रात्रौ जात पुत्रमधोक्षजम् ।
श्रीवत्सलक्षरण दृष्ट्वा दिवि दिव्यैः सुलक्षणैः ।
उवाच वसुदेव स्व रूप सहार वै प्रभो ॥२०४
भीतोऽह कसतस्तात एलदेव ब्रवीम्यहम् ।
मम पुत्रा हतास्तेन ज्येष्ठास्तेऽद्भुतदर्शना ॥२०५
वसुदेववच श्रुत्वा रूप म हृतवान् प्रभु. ।
अनुज्ञात पिता त्वेन नन्दगोपगृह गत ।
उग्रसेनमते तिष्ठन् यशोदायै तदा ददौ ॥२०६
तुल्यकालन्तु गर्भिण्यौ यशोदा देवकी तथा ।
यशोदा नन्दगोपस्य पत्नी सा नन्दगोपते ॥२०७

त्रिदशेश्वरों ने आकाश से पुष्पों की वर्षा की थी और भगवान् मधुसूदन की मङ्गलमयी वाणियों के द्वारा स्तुति की थी। उस समय सहस्रों ही महर्षिगण–गन्धर्व लोग वहाँ पर स्तवन गान करने के लिये उपस्थित होगये थे ॥२०३॥ वसुदेव ने तो रात्रि के समय में भगवान् अधोक्षज को पुत्र के रूप में उत्पन्न हुए देखकर जोकि श्रीवत्स के चिह्न से युक्त और समस्त अन्य दिव्य लक्षणों से अन्वित थे वसुदेवजी ने कहा—हे प्रभो ! इस समय आप इस अपने स्वरूप का संहरण करिये ।२०४। हे तात ! मैं राजा कंस से भयभीत हो रहा हूँ यही कारण है कि मैं इस समय आपसे यह निवेदन कर रहा हूँ। इस कंस ने अद्भुत दर्शन वाले मेरे आपसे ज्येष्ठ पुत्रों को मार डाला है ॥२०५॥ वसुदेव के इस विनिवेदित वचन को सुनकर भगवान् ने अपने उस स्वरूप का संवरण कर लिया था। उनके द्वारा पिता वसुदेव अनुज्ञात होकर इनको लेकर नन्दगोप के गृह पर चले गये थे। उग्रसेन के मत में रहते हुए उस समय उन्हें यशोदा के

लिये दे दिया था ॥२०६॥ यशोदा और देवकी दोनों ही एक ही समय में गर्भिणी हुई थी। वह यशोदा गोपति नन्द की पत्नी थी ॥२०७॥

यामेव रजनी कृष्णो जज्ञे वृष्णिकुलप्रभु ।
तामेव रजनी कन्या यशोदापि व्यजायत ॥२०८
तं जानं रक्षमाणस्तु वसुदेवो महायशा ।
प्रादात् पुत्रं यशोदायै कन्यान्तु जगृहे स्वयम् ॥२०९
दत्त्वेनं नन्दगोपस्य रक्ष मामिति चाब्रवीत् ।
सुतस्ते सर्व्वकल्याणो यादवाना भविष्यति ।
अय स गर्भो देवक्या अस्मत्क्लेशान् हनिष्यति ॥२१०
उग्रसेनात्मजायाश्च कन्यामानकदुन्दुभे ।
निवेदयामास तदा कन्येति शुभलक्षणा ॥२११
स्वसाया तनयं कंसो जातं नैवावधारयत् ।
अथ तामपि दुष्टात्मा ह्युत्ससर्ज मुदान्वित ॥२१२
हता वै या यदा कन्या जपरेयं वृथामति ।
कन्या सा ववृधे तत्र वृष्णिसद्मनि पूजिता ॥२१३
पुत्रवत्परिपाल्यन्ती देवा देवान् यथा तदा ।
तामेव विधिनोत्पन्नामाहु कन्या प्रजापतिम् ॥२१४
एकादशा तु जज्ञे वै रक्षार्थं केशवस्य ह ।
ता वै सर्वे सुमनस पूजयिष्यन्ति यादवा ।
देवदेवो दिव्यवपु कृष्ण संरक्षितोऽनया ॥२१५

वृष्णि कुल के स्वामी जिस रात्रि में उत्पन्न हुए थे उसी रात में यशोदा ने भी एक कन्या को जन्म दिया था ॥२०८॥ उन समुत्पन्न श्रीकृष्ण बालक की रक्षा करते हुए वसुदेवजी ने जिनका महान् यश था, यह बाल कृष्ण पुत्र तो श्री यशोदा को दे दिया था और उस यशोदा के गर्भ से प्रसूत कन्या को स्वयं ग्रहण कर लिया था। २०९॥ इस बालकृष्ण बालक को नन्दगोप को देकर वसुदेवजी ने कहा—मेरी रक्षा करिये। तुम्हारा यह पुत्र समस्त कल्याणों के करने वाला है और यादवों का मङ्गल करनेवाला होगा यह देवकी का यह गर्भ है जो

समस्त हमारे क्लेशो का हनन कर देगा ॥२१०॥ और उग्रसेन की आत्मजा देवकी को आनक दुन्दुभि ने वह कन्या लाकर दे दी थी और उस समय मे वह कन्या शुभ लक्षण वाली उत्पन्न हुई है—ऐसा ज्ञात कराया गया था ॥२११॥ कस ने अपनी वहिन के पुत्र हुआ है—यह निश्चय नही किया था। इसके अनन्तर उस दुष्टात्मा ने मुदान्वित होते हुए उसको भी उत्सृष्ट कर दिया था। जिस समय मे जो कन्या हत हुई यह वृथा बुद्धि वाला मन मे विचार करता है कि वृष्णि के घर मे पूजित वह कन्या बडी हुई है ॥२१२-२१३॥ उस समय देवो की भाँति देव पुत्र के समान परिपालन करते हुए विधि के द्वारा उत्पन्न कन्या को प्रजापति से बोले ॥२१४॥ यह ग्यारहवी कनव की रक्षा के लिये उत्पन्न हुई है। उसको फिर सभी सुमनस यादव पूजेंगे कि देवो के देव कृष्ण इसके द्वारा रक्षित हुए हैं ॥२१५॥

*किमर्थं वसुदेवस्य भाज कसो नराधिप ।*
*जघान पुत्रान् बालान् वै तन्नो ब्रू स्यातुमर्हसि ॥२१६*
*शृणुध्व वै यथा कस पुत्रानानकदुन्दुभे ।*
*जाताञ्जाताञ्छिशून् सर्व्वान् निष्पिपेष वृथामति ॥२१७*
*भयाद्यथा महाबाहुर्जात कृष्णो विवासित ।*
*तथा च गोपु गोविन्द सवृद्ध पुरुषोत्तम ॥२१८*
*उक्त हि किल देवक्या वसुदेवस्य धीमत ।*
*सारथ्य कृतवान् कसो युवराजस्तदाऽभवत् ॥२१९*
*ततोऽन्तरिक्षे वागासीद्दिव्या भूतस्य कस्यचित् ।*
*कसो यया सदा भीत पुष्कला लोकसाक्षिणी ॥२२०*
*यामेता वहसे कस रथेन परकारणात् ।*
*अस्या य सप्तमो गर्भ स ते मृत्युर्भविष्यति ॥२२१*
*ता श्रुत्वा व्यथितो वाणी तदा कसो वृथामति ।*
*निष्कृष्य खड्ग ता कन्या हन्तुकामोऽभवत्तदा ॥२२२*
*तमुवाच महाबाहुर्वसुदेव प्रतापवान् ।*
*उग्रसेनात्मज कस सौहृदात्प्रण येन च ॥२२३*

ऋषियों ने कहा—राम के स्वामी भोज वंश ने किस लिये वसुदेव के बालक पुत्रों को मार डाला था—यह आप पूरी तरह से व्याख्या करके हम समझाने के योग्य होते हैं ॥२१६॥ श्री सूतजी बोले—सुनो जिस तरह से दुष्ट बुद्धि वाले कंस ने आनक दुन्दुभि के पैदा होने वाले सभी शिशुओं को निष्पिष्ट कर दिया था ॥२१७॥ जिस तरह भय से महाबाहु कृष्ण उत्पन्न होते हुए ही निवासित कर दिये गये थे अर्थात् अन्य स्थान गोकुल में भेज दिये गये थे। और उसी प्रकार से गोविन्द पुरुषोत्तम वहाँ गौओं में संवर्धित हुए थे ॥२१८॥ इसकी और श्रीमान् वसुदेव के यह कंस सारथि का काम करता था उस समय में यह युवराज ही था—ऐसा कहा गया है ॥२१९॥ उस समय में किसी प्राणी की आकाश में दिव्य वाणी हुई थी जिससे सदा भयभीत रहा करता था क्योंकि वह समस्त लोक की साक्षी पूर्ण वाणी हुई थी ॥२२०॥ आकाश में होने वाली वाणी यह थी हे कंस! पर कारण से जिसको तू रथ के द्वारा वहन कर रहा है अर्थात् रथ में बिठा कर ले जा रहा है इसका जो सातवाँ गर्भ होगा वह तेरा मृत्यु होगा अर्थात् वही तुझे मारने वाला होगा ॥२२१॥ उस आकाश में होने वाली दिव्य वाणी को सुनकर वह कंस बहुत ही व्यथित हुआ था क्योंकि वह दुष्ट बुद्धि वाला उस समय में था। उसने अपना खड्ग निकाल कर उसको उसी समय में उसको मार देने की इच्छा की थी ॥२२२॥ उस समय में महाबाहु प्रतापी वसुदेव ने उसको वश में और उस उद्यान के पुत्र रूप से बड़े ही सौहार्द तथा प्रणय का प्रदान करते हुए निवेदन किया था ॥२२३॥

न हिंस्य क्षत्रियो जातु हन्तुमर्हति मध्वन।
उपाय परिदृष्टोऽत्र मया यादवनन्दन ॥२२४
यास्या भविष्यति गर्भ सप्तम पृथिवी पत।
तमहन्ते प्रवक्ष्यामि तत्र कुर्या यथाक्रमम् ॥२२५
एवं विवदतो यथष्ट न यतेथा भूरिदक्षिण।
सप्तानपत्यान्नु वै गर्भान् सत्यं नक्ष्यामि ते वशम् ॥२२६
एव नष्टम् वाणी च मिथ्या भविष्यति।
एवमुक्त श्रुतेशे स जग्राह तां यामित ॥२२७

वसुदेवश्च ता भार्य्यामवाप्य मुदितोऽभवत् ।
कंसश्चास्यावधीत् पुत्रान् पापकर्म्मा वृथामतिः ॥२२८
क एष वसुदेवश्च देवकी च यशस्विनी ।
नन्दगोपस्तु कस्त्वेष यशोदा च महायशा. ।
यो विष्णुं जनयामास या चैनं चाभ्यवर्द्धयत् ॥२२९

हे यादव नन्दन ! कोई भी क्षत्रिय कभी भी किसी स्त्री को मार देने के योग्य नहीं होता है । इस भय के जोकि तुम्हारे हृदय में उत्पन्न होगया है मैंने उसके निवारण का उपाय भली-भाँति देख लिया है ॥२२४॥ हे पृथिवी के पति ! इसका जो सातवाँ गर्भ होगा उसको मैं आपको देदूँगा । उसमें आप यथाक्रम करें ॥२२५॥ हे भूरि दक्षिण ! इस समय आप जैसा चाहिए वैसा ही व्यवहार करें । इसके सभी गर्भों को आपके वश में प्राप्त कर दूँगा ॥२२६॥ हे नर श्रेष्ठ ! इस प्रकार से यह वाणी मिथ्या नहीं होगी । इस तरह अनुनय किये हुए उसने सब पुत्रों को ग्रहण कर लिया था ॥२२७। और वसुदेव तो उस अपनी भार्या को प्राप्त कर बहुत प्रसन्न हुए । और कंस ने जोकि पाप कर्म करने वाला तथा वृथा बुद्धि से युक्त था, इसके पुत्रों को मार डाला था ।२२८। ऋषियों ने कहा—यह वसुदेव कौन था और यशस्विनी देवकी कौन थी, नन्द-गोप कौन था तथा महान् यशवाली यह यशोदा कौन थी ? जिसने विष्णु को उत्पन्न किया था और जिसने इनका पूर्ण रूप से अभिवर्द्धन किया था ॥२२९॥

पुरुषाः कश्यपस्यासन्नादित्यास्तु स्त्रियास्तथा ।
अथ कामान् महाबाहुर्देवक्या समवर्द्धयत् ॥२३०
अचरत् स महो देव प्रविष्टो मानुषीं तनुम् ।
मोहयन् सर्वभूतानि योगात्मा योगमायया ॥२३१
नष्टे धर्म्मे तदा जज्ञे विष्णुर्वृष्णिकुले स्वयम् ।
कर्तुं धर्म्मव्यवस्थानमसुराणां प्रणाशनम् ॥२३२
आहृता रुक्मिणी कन्या सत्या नग्नजितस्तदा ।
सात्राजिती सत्यभामा जाम्बवत्यपि रोहिणी ॥२३३

शैब्या सुदेवी माद्री च सुशीला नाम चापरा ।
कालिन्दी मित्रविन्दा च लक्ष्मणा जालवासिनी ॥२३४
एवमादीनि देवाना सहस्राणि च षोडश ।
चतुर्दश तु ये प्रोक्ता गणाश्चाप्सरसां दिवि
विचिन्त्य दवैः शक्रेण विशिष्टास्त्विह प्रेषिताः ॥२३५

सूतजी ने कहा—कश्यप के पुरुष थे और अदिति की स्त्रियाँ थीं। इसके अनन्तर महाबाहु ने देवकी के कामों का सम्वर्धन किया था ॥२३०॥ योगात्मा उसने अपनी योगमाया से समस्त प्राणियों को मोहित करते हुए मानुष शरीर में प्रवेश करके उस देव ने भूमि में विचरण किया था ॥२३१॥ धर्म के नष्ट हो जाने पर भगवान् विष्णु ने स्वयं वृष्णि कुल में उस समय जन्म लिया। यह जन्म ग्रहण धर्म की व्यवस्था करने के लिये तथा असुरों का विनाश करने के लिये ही हुआ था ॥२३२॥ रुक्मिणी कन्या का आहरण किया गया था उस समय में नग्नजित की तथा सत्राजित् की सत्यभामा, जाम्बवती और रोहिणी लाई गई थीं ॥२३३॥ शैब्या–सुदेवी–माद्री–सुशीला–कालिन्दी–मित्रविन्दा–लक्ष्मणा–जालवासिनी–एवमादि देवों की सोलह हजार थीं। चौदह तो दिवलोक में अप्सराओं के गण कहे जाते थे, देवों के द्वारा और इन्द्र के द्वारा विशेष रूप से चिन्तन करके जो विशिष्ट थीं वे यहाँ प्रेषित करदी गई थीं ॥२३४-२३५॥

पत्न्यर्थं वासुदेवस्य उत्पन्ना राजवेश्मसु ।
एता पत्न्यो महाभागा विष्वक्सेनस्य विश्रुता ॥२३६
प्रद्युम्नश्चारुदेष्णश्च सुदेष्णः शरभ स्तथा ।
चारुश्च चारुभद्रश्च भद्रचारुस्तथाऽपर ॥२३७
चारुविन्ध्यश्च रुक्मिण्या कन्या चारुमती तथा ।
भानुर्भानुस्तथाऽश्च रोहितो मन्त्रयस्तथा ॥२३८
जरान्धास्ताम्रवक्षा भीमरिश्च जरन्धम ।
चतस्रो जज्ञिरे तस्या स्वसारो गरुडध्वजात् ॥२३९
भानुर्भी मरिचा चैव ताम्रपर्णी जरन्धमा ।
सत्यभामासुतानेताञ्जाम्बवत्या प्रजा शृणु ॥२४०

भद्रश्च भद्रगुप्तश्च भद्रविन्द्रस्तथैव च ।
सप्तबाहुश्च विख्यात कन्या भद्रावती तथा ।
सम्बोधनी च विख्याता ज्ञेया जाम्बवतीसुता. ॥२४१
सग्रामजिच्च शतजित् तथैव च सहस्रजित् ।
एते पुत्रा सुदेव्याश्च विष्वक्सेनस्य कीर्त्तिता ॥२४२
वृको वृकाश्वो वृकजिद्वृजिनो च सुराङ्गना ।
मित्रबाहु सुनीथश्च नाग्नजित्या प्रजास्त्विह ॥२४३

ये सब यहाँ राजाओं के भवनों में वासुदेव की पत्नी बनने के लिये उत्पन्न हुई थी । ये महान् भाग वाली पत्नियाँ विष्वक्सेन की प्रसिद्ध हुई थी ॥२३६॥ प्रद्युम्न–चारुदेष्ण–सुदेष्ण–शरभ–चारु–चारुभद्र और चारुविन्ध्य रुक्मिणी से पुत्र उत्पन्न हुए तथा एक चारुमती नाम वाली कन्या उत्पन्न हुई थी । सानुभानु–अक्ष–रोहित–मन्त्राय–जरान्धक–ताम्रवक्षा–भौमरि और जरन्धम ये सत्यभामा के पुत्र हुए थे और इनकी चार बहिनें गरुड़ध्वज से उत्पन्न हुई थी जिनके नाम भानु–भौमरिका–ताम्रवर्णी और जरन्धमा थे—सत्यभामा के सुत तो बतला दिये गये हैं अब जाम्बवती के पुत्रों को श्रवण करो ॥२३७-२३८-२३९-२४०॥ भद्र–भद्रगुप्त–भद्रविन्द्र–सप्तबाहु ये सब जाम्बवती के विख्यात पुत्र थे । भद्रावती कन्या थी जोकि सम्बोधनी–इस नाम से विख्यात जाम्बवती के जानने योग्य थे ॥२४१॥ सग्राम जित्–शतजित्–सहस्रजित् ये सुदेवी के पुत्र थे जोकि विष्वक्सेन के कहे गये हैं ॥२४२॥ वृक–वृकाश्व–वृकजित् और वृजिनी सुराङ्गना–मित्रबाहु–सुनीथ ये नाग्नजिती की सन्तति यहाँ पर हुई थी ॥२४३॥

एवमादीनि पुत्राणा सहस्राणि निबोधत ।
प्रयुतन्तु समाख्यात वासुदेवस्य ये सुता ॥२४४
अयुतानि तथाष्टौ च शूरा रणविशारदा ।
जनार्दनस्य वंशो व. कीर्त्तितोऽय यथातथम् ॥२४५
बृहती नर्तकोन्नयी मुनये सद्भुता तथा ।
कन्या सा बृहदुच्छस्य शैनेयस्य महात्मन. ॥२४६

तस्याः पुत्रास्तु विख्यातास्त्रयः समितिशोभना ।
अङ्गदः कुमुद श्वेत कन्या श्वेता तथैव च ॥२४७
अवगाहश्च चित्रश्च शूरश्चित्रवरश्च य ।
चित्रसेन सुतश्चास्य कन्या चित्रवती तथा २४८
तुम्बश्च तुम्बवाणश्च जनस्तम्बश्च तावुभौ ।
उपासङ्गस्य स्मृतौ द्वौ तु वज्रार क्षिप्र एव च ॥२४९
भूरीन्द्रसेनो भूरिश्च गवेषस्य सुतावुभौ ।
युधिष्ठिरस्य कन्या तु सुतनुर्नाम विश्रुता ॥२५०
तस्यामश्वसुतो जज्ञे वज्रो नाम महायशा ।
वज्रस्य प्रति बाहुस्तु सुचारुस्तस्य चात्मज ॥२५१

एवमादि सहस्रा पुत्र थे ऐसा जान लो । वासुदेव के जो पुत्र हुए थे वे प्रद्युम्न थे ऐसा समाख्यात है ॥२४४॥ उनमे प्रद्युम्न और आठ सौ बड़े ही शूर तथा रणविद्या मे विशारद थे । मैंने आप लोगों से यह जनार्दन के वंश का ठीक-ठीक वर्णन कर दिया है ॥२४५॥ बृहती नर्तकी-मैत्री जो सुमय के साथ सङ्गत थी वह महात्मा शौनय बृहद्ध्य की कन्या थी ॥२४६॥ उससे तीन समिति को सुशोभित करने वाले पुत्र विख्यात हुए थे । जिनके नाम अङ्गद-कुमुद और श्वेत ये थे तथा एक श्वेता नाम वाली कन्या थी ॥२४७॥ और इसके पुत्र अवगाह-चित्र-शूर-चित्रवर और चित्रसेन थे तथा एक चित्रवती नाम वाली कन्या थी ॥२४८॥ तुम्ब-तुम्बवाण और जनस्तम्ब ये दोनों उपासङ्ग के पुत्र कहे गये हैं जिनके नाम वज्रार और क्षिप्र हैं ॥२४९॥ भूरीन्द्रसेन और भूरि ये दो गवेष के पुत्र थे और युधिष्ठिर की जो सुतनु नाम से विश्रुत थी एक कन्या हुई थी ॥२५०॥ उससे महान् यशवाला वज्र नामक अश्वसुत उत्पन्न हुआ था । वज्र के प्रति बाहु हुआ और उसका पुत्र सुचारु उत्पन्न हुआ था ॥२५१॥

यादमा सुपार्श्व तनय जज्ञ साम्वा तरस्विनम् ।
तिस्र कोटयस्तु पुत्राणा यादवाना महात्मनाम् ॥२५२
षष्टिशतसहस्राणि वीर्यवन्तो महाबला ।
देवाशा सर्व एवेह उत्पन्नास्ते महौजस ॥२५३

देवासुरे हता ये च असुरा वै महातपा ।
इहोत्पन्ना मनुष्येषु बाधन्ते सर्व्वमानवान् ।
तेषामुत्सादनार्थन्तु उत्पन्ना यादवे कुले ॥२५४
कुलानि दश चैकश्च यादवाना महात्मनाम् ।
सर्व्व मेककुल यद्वद्वर्त्तते वैष्णवे कुले ॥२५५
विष्णुस्तेषा प्रमाणे च प्रभुत्वे च व्यवस्थितः ।
निदेशस्थायिभिस्तस्य बद्धयन्ते सर्वमानुषा २५६
इति प्रसूतिर्वृ ष्णीना समासव्यासयोगत ।
कीर्त्तिता कीर्त्तनाच्चैव कीर्त्तिसिद्धिमभीप्सिताम् ॥२५७

कादमा ने सुपार्श्व तनय को उत्पन्न किया था और साम्बा ने तरस्वी पुत्र को जन्म दिया था। महान् आत्मा वाले यादवों के तीन करोड पुत्रों की सख्या थी ॥२५२॥ आठ हजार वीर्य वाले और महान् बल वाले थे। ये सभी महान् ओज वाले यहाँ देवों के ही अश उत्पन्न हुए थे ॥२५३॥ देवासुर युद्ध मे जो महान् तप वाले असुर मारे गये थे वे सब यहाँ मनुष्यो में उत्पन्न हुए थे जोकि समस्त मनुष्यो बाधा दिया करते है। उनके उत्साहन करने के लिये ही यादव कुल मे उत्पन्न हुए थे ॥२५४॥ महात्मा यादवों के ग्यारह कुल हुए थे। वे सब वैष्णव कुल मे एक कुल मे एक कुल की भाँति वर्त्तमान रहते हैं।२५५। उन सबका प्रमाण मे और प्रभुत्व मे विष्णु व्यवस्थित हुए थे। उनके निदेश मे स्थित रहने वालों के द्वारा समस्त मनुष्य बध किये जाते हैं।२५६। यह वृष्णियों की प्रसूति है जिनका वर्णन सक्षेप और विस्तार से कीर्त्तित हुआ है। जो कीर्त्ति और सिद्धि के चाहने वाले हैं उनको इसके कीर्त्तन करने से प्राप्त होती है।२५७।

## प्रकरण ५६—शम्भुस्तव कीर्तन

मनुष्यप्रकृतीन् देवान् कीर्त्यमानान्निबोधत ।
सङ्कर्षणो वासुदेवः प्रद्युम्न- साम्ब एव च ॥१

अनिरुद्धश्च पञ्चैते वंशवीरा प्रकीर्त्तिता ।
सप्तर्षय कुबेरश्च यक्षा मणिवरस्तथा ॥२
शालकी बदरश्चैव विद्वान् धन्वन्तरिस्तथा ।
नन्दिनश्च महादेव शालङ्कायन उच्यते ।
आदिदेवस्तदा जिष्णुरेभिश्च सह देवतै ॥३
विष्णु विमर्श सम्भूत स्मृता सम्भूतय कति ।
भविष्या कति चान्ये तु प्रादुर्भावा महात्मन ॥४
ब्रह्मक्षेत्रे युगान्तेषु किमर्थमिह जायते ।
पुन पुनर्मनुष्येषु तन्न प्रब्रूहि पृच्छताम् ॥५
विस्तरेणैव सर्वाणि कर्म्माणि रिपुघातिन ।
श्रोतुमिच्छामहे सम्यग् देहे कृष्णस्य धीमत ॥
कर्मणामानुपूर्व्यंञ्च प्रादुर्भावाश्च ये प्रभो ।
या चास्य प्रकृति सूत ताश्चास्मान् वक्तुमर्हसि ॥७
कथ स भगवान् विष्णु सुरशत्रुनिषूदन ।
वसुदेवकुले धीमान् वासुदेवत्व मागत ॥८

मनुष्य की प्रकृति वाले देवों को अब बतलाया जाता है उन कीर्त्यमानों को भली भाँति समझ लो । सङ्कर्षण–वासुदेव–प्रद्युम्न–साम्ब और अनिरुद्ध ये पाँच वंशवीर कहे गये हैं। सप्तर्षि कुबेर–यक्ष–मणिवर–शालकी–बदर–विद्वान् धन्वन्तरि–नन्दिन–महादेव और शालङ्कायन कहे जाते हैं। उस समय इन देवों के साथ जिष्णु आदि देव थे ॥१ २ ३॥ ऋषियों ने कहा—भगवान् विष्णु ने किस प्रयोजन की सिद्धि के लिये जन्म ग्रहण किया था और उनके कितने जन्म बताए हैं तथा महान् आत्मा वाले विष्णु के अन्य कितने प्रादुर्भाव भविष्य में होने वाले हैं ? ॥४॥ युगान्तों में ब्रह्मक्षेत्र में यहाँ किस कारण से जन्म लेते हैं और मनुष्यों में बार बार जन्म धारण करके किया करते हैं इसका क्या कारण है—यह पूछने वाले हमको सब बतलाइये ॥५॥ शत्रुओं के घात करने वाले धीमान् कृष्ण के शरीर के द्वारा जो कर्म होते हैं उन सबको विस्तार के साथ हम सुनना चाहते हैं ॥६॥ हे प्रभो ! उनके कर्मों की आनुपूर्वी–प्रादुर्भाव

और जो इनकी प्रकृति है वह सब हे सूतजी ! हमको आप बताने को योग्य होते हैं ॥७॥ वह भगवान् सुरों में शत्रुओं के नाश करने वाले धीमान् विष्णु वसुदेव के कुल में वासुदेवत्व को कैसे प्राप्त हुए थे ? ॥८॥

अमरैः सूत किं पुण्यं पुण्यकृद्भिरलंकृतम् ।
देवलोकं समुत्सृज्य मर्त्यलोकमिहागतः ॥९
देवमानुषयोर्नेता भूर्भुवः प्रसवो हरिः ।
किमर्थं दिव्यमात्मानं मानुषे समवेशयत् ॥१०
यश्चक्रं वर्तयत्येको मनुष्याणां मनोमयम् ।
मनुष्ये स कथं बुद्धिं चक्रे चक्रभृतां वरः ॥११
गोपायनं यः कुरुते जगतां सार्व्वलौकिकम् ।
स कथं गां गतो विष्णुर्गोपमन्वकरोत्प्रभुः ॥१२
महाभूतानि भूतात्मा यो दधार चकार ह ।
श्रीगर्भः स कथं गर्भे स्त्रिया भूचरया धृतः ॥१३
येन लोकान् क्रमैर्जित्वा त्रिभिस्त्रीस्त्रिदशेप्सया ।
स्थापिता जगतो मार्गास्त्रिवर्गप्रवरास्त्रयः ॥१४
योऽन्तकाले जगत्पीत्वा कृत्वा तोयमयं वपुः ।
लोकमेकार्णवं चक्रे दृश्यादृश्येन वर्त्मना ॥१५
यः पुराणे पुराणात्मा वाराहं वपुरास्थितः ।
ददौ जित्वा वसुमतीं सुराणां सुरसत्तमः ॥१६

हे सूतजी ! पुण्य करने वाले देवों से अलङ्कृत पुण्यतम देवलोक का त्याग करके यहाँ मनुष्य लोक में आये थे अर्थात् विष्णु ने मनुष्यों में अवतार लिया था ॥९॥ भूर्भुवः प्रसव हरि जो देव और मनुष्यों के नेता हैं उनने किस लिये अपने दिव्य आत्मा को मनुष्य रूप में सन्निविष्ट किया था ॥१०॥ जो एक मनुष्यों के मनोमय चक्र को चलाता है उस चक्रभृतों में परम श्रेष्ठ ने मनुष्य बुद्धि कैसे की थी ॥११॥ जो प्रभु जगतों का सार्व लौकिक गोपायन अर्थात् संरक्षण किया करता है वह प्रभु विष्णु किस निमित्त से भूमि में जाकर अर्थात् मानुषावतार लेकर गोप का अनुकरण करता था ? ॥१२॥ जो भूतों की आत्मा

महाभूतों को बनाता है और धारण किया करता है अौर गर्भ वह भूचरों के द्वारा गर्भ में कैसे धारण किया गया था ? ॥१३॥ देवों की इच्छा से जिसने तीन पदमों से अर्थात् तीन पैंड से तीन लोकों को जीतकर जगत् के त्रिवर्ग प्रकार तीन मार्ग स्थापित किये थे ॥१४॥ जो अन्त समय में तोयपूर्ण शरीर बनाकर इस समस्त जगत् का पान कर लोक को दृश्य और अदृश्य मार्ग से एक समुद्र के स्वरूप में कर देता था ॥१५॥ जो पुराण में पुराण आत्मा वाला है और वाराह के शरीर में स्थित हुआ था तथा गुरों में श्रेष्ठ ने वसुमती को जीत कर जिसने गुरों को देदी थी ॥१६॥

येन सिंह वपु कृत्वा द्विधा कृत्वा च यत्पुन ।
पूर्व्वदैत्यो महावीर्य्यो हिरण्यकशिपुर्हत ॥१७
य पुराह्यनलो भूत्वा और्व्व सवर्त्तको विभु ।
पातालस्थोऽर्णवगत पपौ तोयमय हवि ॥१८
सहस्रचरण देव सहस्राक्ष सहस्रश ।
सहस्रशिरस देव यमाहुर्वै युगे युगे ॥१९
नाभ्यारण्या समुद्भूत यस्य पैतामह गृहम् ।
एकार्णवगते लोके तत्पङ्कजमपङ्कजम् ॥२०
येन ते निहता दैत्या सग्रामे तारकामय ।
सर्व्वदेवमय कृत्वा सर्वायुधधर वपु ॥२१
गरुड्येन चासिक्त कालनेमिर्निपातित ।
उत्तरान्ते समुद्रस्य क्षीरोदस्यामृतोदधे ।
य शेते शाश्वत योगमास्थाय तिमिर महत् ॥२२
सुरारणी गर्भमधत्त दिव्य तप प्रकर्षाद्दिति पुरा यम् ।
शक्रश्च यो दैत्यगणावरुद्ध गर्भावमानेन भृश चकार ॥२३

जिसने सिंह को फाड़कर अपना सिंह और नर की दो प्रकार का स्वरूप बनाया था और पहिले दैत्य महान् पराक्रमी हिरण्य कशिपु का मार डाला था ॥१७॥ जो पहिले सवर्त्तक विभु और्व अर्थात् पृथ्वी का नाश करके पाताल में स्थित तथा अर्णव गत होता हुआ तोयमय हवि का पान कर गया था ॥१८॥

युग-युग मे जिसको सहस्र चरण वाला देव—सहस्र प्रभु से युक्त—सहस्र शिर वाला कहते हैं ॥१९॥ जिसकी नाभि की अरणी से अर्थात् कमल नाल से पितामह का घर उत्पन्न हुआ था और वह बिना ही पङ्क के उत्पन्न होने वाला पङ्कज एकार्णव लोक मे था ॥२०॥ जिसने तारकामय संग्राम मे सर्वदेव पूर्ण और समस्त आयुधो के धारण करने वाले वपु को बनाकर दैत्यो का हनन किया था ॥२१॥ गरुड पर स्थित जिसने अमृत का उदधि क्षीर सागर समुद्र के उत्तराग मे उत्सिक्त कालनमि को निपातित कर दिया था जो महान् तिमिर (अन्धकार) मे योग मे आस्थित होकर शाश्वत शयन किया करता है ॥२२॥ पहिले अरणी ने जिसको दिव्य गर्भ के रूप मे धारण किया था और तपस्या के प्रकर्ष से जिसको अदिति ने गर्भ धारण किया था। जिसने गर्भ के अवमान से इन्द्र को दैत्य के द्वारा अवरुद्ध किया था ॥२३॥

यदानिलो लाकपदानि रहृत्र चकारदैत्यान् सलिलेशयास्तान्।
कृत्वादिदेवस्त्रिदिवस्य देवाश्चक्रे सुरेशं पुरुहूतमेव ॥२४
गार्हपत्येन विधिना अन्वाहार्य्येण कर्म्मणा।
अग्निमाहवनीयञ्च वेदिञ्चैव कुशास्तरम् ॥२५
प्रोक्षणीयं स्रुवञ्चैव अवभृथं तथैव च।
अथ त्रीनिह यज्ञके हव्यभागं प्रदान्मखे ॥२६
हव्यादाश्च सुराश्चक्रे कव्यादाश्च पितृनपि।
भोगार्थं यज्ञविधिना यो यज्ञो यज्ञकर्म्मणि ॥२७
यूपान् समित्स्रुवं सोमं पवित्रं परिधीनपि।
यज्ञियानि च द्रव्याणि यज्ञीयाश्च तथानलान् ॥२८
सदस्यान् यजमानाश्च अश्वमेधान् क्रतूत्तमान्।
विबभाज पुरा यश्च पारमेष्ठ्येन कर्म्मणा ॥२९
युगानुरूपं यः कृत्वा त्रील्लोकान् हि यथाक्रमम्।
क्षणा निमेषा काष्ठाश्च कलास्त्रैकालमेव च ॥३०
मुहूर्तास्तिथयो मासा दिनसंवत्सरास्तथा।
ऋतवः कालयोगाश्च प्रमाणं त्रिविधन्तथा ॥३१

आयु ःा नाण्युपचय लक्षण रूपसौष्ठवम् ।
मधा वित्त च शौय्यञ्च शास्त्रस्यैव च पारणम् ॥३२

जब अनिल न लोक पदा का हरण करके उन दैत्यों को सलिलेशय कर दिया था तब आदि देव न त्रिदिव के देवा को करके पुरुहूत को ही सुरों का इन्द्र कर दिया था ॥२४॥ गार्हपत्य विधि स और अन्वाहार्य कम म अग्नि का आहवनीय को और वदि को कुशास्तर को—प्रोक्षणीय स्रुव को तथा अव भृय को जिसन यहाँ तीन को मख म हव्य भाग को देने वाला किया था ॥२५ २६॥ और हव्य के जने वाले देवों का बनाकर कव्य के लन वाल पितृयों का किया था। यज्ञ के कम म यज्ञ की विधि म भाग के लिये जो यज्ञ स्वरूप है ॥२७॥ यूप-समित्-स्रुव-पवित्र सोम और परिधियों को यज्ञिय द्रव्य को और यथाय अनला का—सदस्यों का और यजमानों का—श्रेष्ठ क्रतु अश्वमेधा पारमेष्ठय कम म जो पहिन विभ्राजित करता था ॥२८॥ जो युगों के अनुरूप यथाक्रम तीन लोकों का बनाकर क्षण-निमेष-काष्ठा-कला और तीन कालों को जिसने बनाया था ॥३०॥ मुहूर्त-तिथियाँ-मास-दिन-सम्वत्सर-ऋतु-काल-योग और तीन प्रकार के प्रमाण जिसने सृजित किये थ ॥३१॥ आयु-गोत्र उपचय-लक्षण-रूप का सौष्ठव-मेधा-वित्त-शूरता और शास्त्र का पारण जिसने रचा था ॥३२॥

त्रयो वर्णाश्रया लोकास्त्रैविद्य पावकास्त्रत ।
त्रै काल्य त्रीणि कर्म्माणि तिस्रो मायास्त्रयो गुणा ॥३३
सृष्टा लोका सुराश्चैव यातत्यन्तन कर्म्मणा ।
सर्व्वभूतगणा सृष्टा सर्व्वभूतगणात्मना ॥३४
नृणामिन्द्रियपूर्व्वेण योगेन रमत च य ।
गतागतानां यो नेता सर्व्वत्र विविधेश्वर ॥३५
यो गतिधर्मयुक्तानामगति पापकर्म्मणाम् ।
चातुर्वर्ण्य स्य प्रभवश्चातुर्वर्ण्यस्य रक्षिता ॥३६
चातुर्विद्यस्य यो वेत्ता चतुराश्रमसंश्रय ।
दिगन्तर नभो भूमिरापो वायुर्विभावसु ॥३७

चन्द्रसूर्याद्वयो ज्योतिर्युगेशः क्षणदाचरः ।
यः परः श्रूयते देवो यः परं श्रूयते तपः ॥३८
यः परन्तपसः प्राहुर्यः परम्परमात्मवान् ।
आदित्यादिस्तु यो देवो यश्च दैत्यान्तको विभुः ॥३९
युगान्तेष्वन्तको यश्च यश्च लोकान्तकान्तकः ।
सेतुर्यो लोकसेतूनां मेध्यो यो मेध्यकर्म्मणाम् ॥४०
वेद्यो यो वेदविदुषां प्रभुर्यः प्रभवात्मनाम् ।
सोमभूतस्तु भूतानामग्निभूतोऽग्निवर्चसाम् ॥४१
मनुष्याणां मनोभूतस्तपोभूतस्तपस्विनाम् ।
विनयो नयतृप्तानां तेजस्तेजस्विनामपि ॥४२

तीन वर्ण—तीन लोक—तीन विद्या—तीन पावक—तीन काल—तीन कर्म—तीन माया और तीन गुण जिसने निर्मित किये थे ॥३३॥ जिसने अत्यन्त कर्म से लोकों और युगों का सृजन किया था। सबभूत गणात्मा ने समस्त भूतगणों को बनाया था ॥३४॥ नरों के इन्द्रिय पूर्व योग में जो रमण करता है गत और आगतों का जो विधिवेश्वर सर्वत्र नेता है ॥३५॥ जो धर्म से युक्तों का गति है और पाप कर्म वालों का अगति है। चातुर्वर्ण्य का जो प्रभव है और चारों वर्णों का जो रक्षा करने वाला है ॥३६॥ जो चार विद्याओं का जानने वाला और चारों आश्रमों का सश्रय है जो दिशाओं का अन्तर—नभ—भूमि—जल—वायु—विभावसु है ॥३७॥ जो चन्द्र और सूर्य दोनों की ज्योति—युगों का स्वामी—क्षणदाचर है और जो परदेव सुना जाता है और जो पर तप सुना जाता है ॥३८॥ जो परन्तप और जो परम्परमात्मवान् कहा जाता है। जो देव आदित्यादि है जो विभु दैत्यान्तक है ॥३९॥ युगों के अन्त में अन्त करने वाला है और जो लोकों के अन्तक का भी अन्त करने वाला है। लोकसेतुओं का जो सेतु है और जो मेध्य कर्मों का मेध्य है ॥४०॥ वेद के विद्वानों का जो जानने के योग्य है और जो प्रभवात्माओं का प्रभु है। भूतों का जो सोमभूत है और अग्निवर्चसों का जो अग्नि भूत है ॥४१॥ जो मनुष्यों का मनोभूत और तपस्वियों

का तपोभूत है । जप से तृप्त पुरुषों का विनय और तेजस्वियों का भी जो तेज है ॥४२॥

विग्रहो विग्रहाणां यो गतिर्गतिमतामपि ।
आकाश प्रभवो वायुर्वायुप्राणो हुताशन. ॥४३
दिवा हुताशन प्राणा प्राणोऽग्नेर्मधुसूदन ।
रसोऽभवच्छोणितं वै शोणितान्मांसमुच्यते ॥४४
मांसात्तु मेदसो जन्म मेदसोऽस्थि निरूप्यते ।
अस्थ्नो मज्जा समभवन्मज्जात शुक्रसम्भव ॥४५
शुक्राद्गर्भं समभवद्रसमूलेन कर्म्मणा ।
तत्रापि प्रथमश्चापस्ता सौम्यराशिरुच्यते ॥४६
गर्भोष्मसम्भवो ज्ञेयो द्वितीयो राशिरुच्यते ।
शुक्र सोमात्मक विद्यादार्त्तवं पावकात्मकम् ॥४७
भावौ रसानुगावेतौ वीर्य्ये च शशिपावकौ ।
कफवर्गेऽभवच्छुक्र पित्तवर्गे च शोणितम् ॥४८
कफस्य हृदय स्थान नाभ्यां पित्त प्रतिष्ठितम् ।
देहस्य मध्ये हृदय स्थानन्तु मनस स्मृतम् ॥४९
नाभिकोष्ठान्तर यत्तु तत्र देवो हुताशन ।
मन प्रजापतिर्ज्ञेय कफ सोमो विभाव्यते ॥५०

जो विग्रहों का विग्रह है और गतिमानों का भी गति है । आकाश से उत्पन्न होने वाला वायु है और वायु प्राण वाला हुताशन(अग्नि)है ॥४३॥ हुताशन का प्राण दिवा है और अग्नि का प्राण मधुसूदन है । रस से शोणित(रक्त) हुआ और शोणित मांस का कहा जाता है ॥४४॥ मांस से मेद की उत्पत्ति होती है और मेद से अस्थि निष्पत्ति की जाती है । अस्थि से मज्जा हुई और मज्जा से शुक्र का जन्म हुआ करता है ॥४५॥ शुक्र से गर्भ रस मूल कर्म से हुआ था । वहाँ पर भी प्रथम आप (जल) है वह सौम्य राशि कहा जाता है ॥४६॥ गर्भोष्म की ऊष्मा से सम्भव वाला द्वितीय राशि है । शुक्र को सोमात्मक जानो और आर्त्तव को पावकात्मक जानना चाहिए ॥४७॥ रसानुग ये दोनों भाव

होते हैं और वीर्य मे शशि तथा पावक हैं । कफ वर्ग मे शुक्र होता है और पित्त वर्गमे शोणित होता है ॥४८॥ कफ का स्थान हृदय है और पित्त नाभी मे प्रतिष्ठित रहा करता है । देह के मध्य मे हृदय होता है जो मन का स्थान कहा गया है ॥४६॥ नाभिकोप का अन्तर जो होता है वहां देव हुताशन रहता है । मन को प्रजापति जानना चाहिए और कफ सोम विभाजित किया जाता है ।५०।

पित्तमग्निः स्मृतावेतावग्निसोमात्मक जगत् ।
एव प्रवर्तितो गर्भो वर्त्ततेऽम्बुदसन्निभ ॥५१
वायुः प्रवेशन चक्रे सङ्गत परमात्मना ।
स पञ्चधा शरीरस्थो विद्यते वर्द्धयेत् पुनः ॥५२
प्राणापानौ समानश्च उदानो व्यान एव च ।
प्राणोऽस्य परमात्मान वर्द्धयन् परिवर्तते ॥५३
अपान पश्चिम कायमुदानोर्द्ध शरीरगः ।
व्यानो व्यानस्यते येन समान सर्व्वसन्धिषु ॥५४
भूतावाप्तिस्ततस्तस्य जायतेन्द्रियगोचरा ।
पृथिवी वायुराकाशमापो ज्योतिश्च पञ्चमम् ॥५५
सर्व्वेन्द्रिया निविष्टास्त स्व स्व याग प्रचक्रिरे ।
पार्थिव देहमाहुस्त प्राणात्मान च मारुतम् ॥५६
छिद्राण्याकाशयोनीनि जलात्स्राव प्रवर्त्तते ।
तेजश्चक्षु स्विता ज्योत्स्ना तेषा यन्नामत स्मृतम् ।
सड ग्रामा विपयाश्चैव यस्य वीर्य्यात्प्रवर्तिता ॥५७
इत्येतान् पुरुष सर्व्वान् सृजँल्लोकान् सनातन ।
नैधनेऽस्मिन् कथ लोके नरत्व विष्णुरागत ॥५८

पित्त अग्नि है । ये दोनो अग्नि और सोम के स्वरूप वाला जगत् कहा गया है । इस प्रकार से प्रवर्तित गर्भ अम्बुद (मेघ) के समान होता है ॥५१॥ परमात्मा से सङ्गत वायु ने प्रवेशन किया था । वह वायु शरीर मे स्थित पाँच प्रकार का होता है और फिर बढाता है ॥५२॥ प्राण—अपान—समान—उदान और व्यान ये पाँच वायु हैं । इसका प्राण परमात्मा को वर्द्धित करता हुआ परि-

वर्तित होता है ॥५३॥ अपान पीछे की शरीर के और उदान आधे शरीर में गमन करने वाला होता है। व्यान वह है जिसमें यह व्यानस्यमान किया जाता है और शरीर की समस्त सन्धियों में रहा करता है ॥५४॥ इसके पश्चात् उसकी भूतावाप्ति इन्द्रिय गोचर होती है। पृथिवी—वायु—आकाश—जल और पाँचवां ज्योति ये भूत होते हैं ॥५५॥ समस्त इन्द्रिया उसमें निविष्ट होती हुई अपने अपने याग की क्रिया करती हैं। उसको पार्थिव देह कहते हैं और मारुत को प्राण स्वरूप कहते हैं ॥५६॥ छिद्र आकाश योनि होते हैं जिनसे जलास्राव प्रवृत्त होता है। तेज चक्षुओं में होता है जो नाम से उसकी ज्योत्स्ना कही गई है। ग्राम और विषय ही मैं जिसके वीर्य से प्रवर्तित होते हैं ॥५७॥ सनातन प्रभु इन सब लोकों को सृष्ट करता हुआ इस मैथुन (मृत्युशील) लोक में विष्णु कैसे आगए थे? ॥५८॥

एष न सशयो धीमन्नेष वै विस्मयो महान् ।
कथ गतिर्गतिमतामापन्ना मानुषी तनुम् ॥५९
श्रोतुमिच्छामहे विष्णोः कर्माणि च यथाक्रमम् ।
आश्चर्याणि पर विष्णार्वेददेवश्च कथ्यते ॥६०
विष्णोरुत्पत्तिमाश्चर्यं कथयस्व महामते ।
एतदाश्चर्यमाख्यानं कथ्यतां वै सुखावहम् ॥६१
प्रख्यातबलवीर्यस्य प्रादुर्भावा महात्मन ।
कर्मणश्चास्य भूतस्य विष्णोः सरवमिहोच्यताम् ॥६२
अहश्च कीर्त्तयिष्यामि प्रादुर्भावं महात्मन
यथा स भगवाञ्जातो मानुषेषु महातपा ॥६३
महासमनपः श्रोता भृगुशापेन मानुषे ।
जायते च युगान्तेषु दैवकार्यार्थसिद्धये ॥६४
तस्य दिव्यतनुं विष्णोर्गदतो मे निबोधत ।
युगधर्मे परावृत्ते काले च शिथिले प्रभुः ॥६५
कर्तुं धर्मव्यवस्थानं जायते मानुषेष्विह ।
भृगोः शापनिमित्तेन देवासुरकृतेन च ॥६६

कथ देवासुरकृते अध्याहारमवाप्नुयात् ।
एतद्वं दितुमिच्छामो वृत्तं देवासुर कथम् ॥६७
देवासुरं यथावृत्तं व्रुवतस्तन्निवोधत ।
हिरण्यकशिपुर्दैत्यस्त्रैलोक्य प्राक् प्रशासति ॥६८

हे धीमान् ! यह ही हमारा एक बहुत भारी संशय है और एक बहुत अधिक विस्मय भी होता है । गतिमानो की मानुषी तनु की गति को कैसे प्राप्त हुआ था ? ॥५६॥ हम सब भगवान् विष्णु के कर्मों को यथाक्रम सुनना चाहते हैं । विष्णु ही इस परम आश्चर्यो को जानते हैं और वेदो के द्वारा कहे जाते हैं ॥६०॥ हे महामते ! विष्णु की उत्पत्ति एक बडा आश्चर्य है उसे आप बताइये यह आख्यान आश्चर्य पूर्ण है जो सुख देने वाले इसे आप कहे । ॥६१॥ प्रख्यात बल और वीर्य वाले महान् आत्मा से युक्त भगवान् विष्णु के जो कि कर्म मे आश्चर्य भूत हैं, प्रादुर्भावो को और उनके सत्त्व को यहां बताइये । श्री सूतजी ने कहा—मैं उस महान् आत्मा वाले के प्रादुर्भाव को कहूंगा जिस तरह महातप वाले वह भगवान् मनुष्यों मे उत्पन्न हुए थे ॥६३॥ मत मत तप वह गय भृगु के शाप से मानुष लोक मे युगो के अन्त समया मे देवो के कार्यों की सिद्धि के लिये जन्म ग्रहण करते हैं ॥६४॥ बतलाते हुए मुझसे तुम लोग उस विष्णु के दिव्य तनु को भली-भांति समझ लो । प्रभु युग धर्म के परावृत्त हो जाने पर और काल के शिथिल होने पर धर्म की व्यवस्था करने के लिये यहां मनुष्यों मे जन्म लिया करते है वह जन्म ग्रहण भी देवासुरो के द्वारा कृत और भृगु के शाप के निमित्त से होना है ॥६६॥ ऋषियो ने कहा—देवासुर कृत युद्ध मे कैसे अध्याहार को प्राप्त होते हैं । हम यह जानना चाहते हैं कि देवासुर युद्ध कैसे हुआ था ?।६७। सूतजी बोले—देवासुर युद्ध जिस तरह से हुआ था यह बताने वाले मुझसे सब तुम जान लो । पहिले हिरण्यकशिपु राजा तीनो लोको पर प्रशासन करता था ॥६८॥

बलिनाधिष्ठित राष्ट्र पुनर्लोकत्रये क्रमात् ।
सख्यमासीत्परं तेषां देवानामसुरैः सह ॥६६

युगं वै दशसङ्कीर्णमासीदव्याहतं जगत् ।
निदेशस्थायिनश्चैव तयोर्देवासुराभवन् ॥७०
बभूवात्र विवादोऽयं सम्प्रवृत्तः सुदारुणः ।
देवासुरगणानां च तदा घोरक्षयकरो महान् ॥७१
तथा दायनिमित्तं वै संग्रामा बहवोऽभवन् ।
वाराहेऽस्मिन् दश द्वौ च षण्डामार्कोत्तराः स्मृताः ॥७२
नामतस्तु समासेन शृणुध्वं तान् विवक्षतः ।
प्रथमो नारसिंहस्तु द्वितीयश्चापि वामनः ॥७३
तृतीयः स तु वाराहश्चतुर्थोऽमृतमन्थनः ।
संग्रामः पञ्चमश्चैव सुघोरस्तारकामयः ॥७४
षष्ठो ह्याडीबकस्तेषां सप्तमस्त्रैपुरः स्मृतः ।
अन्धकारोऽष्टमस्तेषां ध्वजश्च नवमः स्मृतः ॥७५
वार्त्रश्च दशमो ज्ञेयस्ततो हालाहलः स्मृतः ।
स्मृतो द्वादशमस्तेषां घोरकोलाहलोऽपरः ॥७६

फिर राजा बलि ने क्रम से तीनों लोकों में राष्ट्र को अपने अधिष्ठित कर लिया था। उस समय उन देवों का असुरों के साथ अत्यधिक सख्य भाव था ॥६९॥ युग दश सङ्कीर्ण और जगत् अव्याहत था। उन दोनों के निदेश स्थायी देव और असुर हुए थे ॥७०॥ यह एक बड़ा जबरदस्त एवं सुदारुण विवाद सम्प्रवृत्त होगया था और उस समय यह देवों तथा असुरों का घोर एवं महान् क्षय करने वाला होगया था ॥७१॥ उनके दाय के निमित्त से बहुत से संग्राम हुए थे। इस वाराह में बारह षण्डा मार्कोत्तर कहे गये हैं ॥७२॥ नाम से संक्षेप में बतलाते हुए मुझसे उनका श्रवण कर लो। प्रथम नारसिंह है और द्वितीय वामन है ॥७३॥ तृतीय वह वाराह है और चौथा अमृत का मन्थन करने वाला होता है। पञ्चम सुघोर तारकामय संग्राम है ॥७४॥ छठा आडीवक और सप्तम त्रैपुर कहा गया है। अन्धकार आठवाँ है और उनमें नवम ध्वज कहा गया है ॥७५॥ वार्त्र दशम जानना चाहिए इसके पश्चात् हालाहल ग्यारहवाँ कहा गया है। बारहवाँ उनमें घोर कोलाहल होता है ॥७६॥

हिरण्यकशिपुर्दैत्यो नरसिंहेन सूदितः ।
वामनेन बलिर्बद्धस्त्रैलोक्याक्रमणे कृते ॥७७
हिरण्याक्षो हतो द्वन्द्वे प्रतिवादे तु दैवतैः ।
महाबलो महासत्त्वः संग्रामेऽप्यपराजितः ॥७८
दंष्ट्रायान्तु वराहेण समुद्राद्भूर्यदा कृता ।
प्राह्लादो निर्जितो युद्धे इन्द्रेणामृतमन्थने ॥७९
विरोचनस्तु प्राह्लादिर्नित्यमिन्द्रवधोद्यतः ।
इन्द्रेणैव स विक्रम्य निहतस्तारकामये ॥८०
अवध्यतां प्राप्य विशेषास्त्रादिभिश्च यः ।
स जम्भो निहतः षष्ठे शक्राविष्टेन विष्णुना ॥८१
अशक्नुवन्तो देवेषु पुरं गोप्तुं त्रिदैवतम् ।
निहता दानवाः सर्वे त्रिपुरस्त्र्यम्बकेण तु ॥८२

हिरण्य कशिपु नाम वाला दैत्य नरसिंह के द्वारा मारा गया था। वामन के द्वारा राजा बलि बाँधा गया था जबकि इस त्रैलोक्य का आक्रमण किया गया था ॥७७॥ महान् बल वाला और महान् सत्त्व से युक्त संग्राम में अपराजित हिरण्याक्ष प्रतिवाद में देवताओं के द्वारा द्वन्द्व में मारा गया था ॥७८॥ जिस समय में यह भूमण्डल समुद्र से वराह के द्वारा दंष्ट्रा में किया गया था प्रह्लाद अमृत के मन्थन में इन्द्र के द्वारा युद्ध में निर्जित हुआ था ॥७९॥ प्राह्लादि विरोचन तो नित्य ही इन्द्र के साथ युद्ध करने के लिये उद्यत रहा करता था। इन्द्र के द्वारा ही वह तारकामय में विक्रम करके मारा गया था ॥८०॥ जो विशेष अस्त्र आदि से भव (शिव) से अवध्यता को प्राप्त कर छठवें में इन्द्र में आविष्ट हुए विष्णु के द्वारा सञ्जम मारा गया था ॥८१॥ त्रिदैवत पुर की रक्षा करने में देवों में असमर्थ हो जाने वाले समस्त दानव मारे गये थे और त्रिपुर त्र्यम्बक के द्वारा मारा गया था ॥८२॥

अष्टमे त्वसुराश्चैव राक्षसाश्चान्धकारकाः ।
जितदेवमनुष्यैस्तु पितृभिश्चैव सङ्गतान् ॥८३

सवृतान् दानवांश्चैव संहतान् कृत्स्नशश्च तान् ।
तथा विष्णुसहायेन महेन्द्रेण निर्बर्हिता ॥८४
हता ध्वजा महेन्द्रेण मायाच्छन्नश्च योधयन् ।
ध्वजे लक्ष्य समाविश्य विप्रचित्तिर्महाभुज ॥८५
दैत्याश्च दानवाश्चैव संहतान् कृत्स्नशश्च तान् ।
रजि कोलाहले सर्वान् देवैः परिवृतोऽजयत् ।
यज्ञामृतेन विजितौ षण्डामार्कौ तु दैवतैः ॥८६
एते देवासुरा वृत्ता संग्रामा द्वादशैव तु ।
देवासुरक्षयकरा प्रजानामशिवाय च ॥८७
हिरण्यकशिपू राजा वर्षाणामर्बुदं बभौ ।
तथा शतसहस्राणि ह्यधिकानि द्विसप्तति ।
अशीतिं च सहस्राणि त्रैलोक्यस्येश्वरोऽभवत् ॥८८
पर्याय तस्य राजाऽभूद् बलिवर्षार्बुदं पुनः ।
षष्टिं चैव सहस्राणि त्रिंशत् नियुतानि च ॥८६
बले राज्याधिकारस्तु यावत्काल बभूव ह ।
प्रह्लादेन गृहीता भूतावत्यान तदासुरैः ॥६०

पहले में असुर-राजाओं और ... गये हुए मनुष्य और देवों तथा पितृगणों से संयुक्त तथा असुर दानवों को और पूर्ण रूप से संयुक्त उन सबको विष्णु की सहायता प्राप्त करके आप इन्द्र ने निर्बर्हित किया था ॥८३-८४॥ माया से आच्छन्न युद्ध करते हुए महेन्द्र ने मारा था। ध्वज में लक्ष्य का समावेश करके महाभुज विप्रचित्ति हुआ था ॥८५॥ दैत्य और पूर्ण रूप से समस्त दानवों को सब देवों के द्वारा परिवृत रजि ने कोलाहल में जीता था। यज्ञामृत से देवों ने षण्डामार्कों को जीता था ॥८६॥ ये इस प्रकार से प्रजाओं के अमङ्गल करने के लिए देव और असुरों के क्षय करने वाले बारह संग्राम हुए थे जो देवासुर इस नाम से कहे गये हैं ॥८७॥ हिरण्यकशिपु राजा एक अर्बुद वर्ष तक शासित रहा था और इसी प्रकार से दो सहस्र-बहत्तर अधिक और अस्सी सहस्र वर्ष त्रैलोक्य का स्वामी रहा था ॥८८॥ पर्याय से उसके पश्चात्

राजा बलि फिर एक अर्बुद वर्ष तक तथा साठ हजार तीन सौ नियुत पर्यन्त रहा था ॥८९॥ बलि का राज्याधिकार जितने समय तक रहा था तब तक उस समय असुरों से वह प्रह्लाद के द्वारा गृहीत रहा था ॥९०॥

इन्द्रास्त्रयस्ते विख्याता असुराणा महौजस ।
दैत्यसंस्थमिद सर्वमासीद्दशयुग किल ॥९१
असपत्न तत सर्वं राष्ट्रं दशयुग पुरा ।
त्रैलोक्यमव्ययमिदं महेन्द्रेण तु पाल्यते ॥९२
प्रह्लादस्य तनश्चादस्त्रैलोक्य कालपर्ययात् ।
पर्यायेण च सप्राप्ते त्रैलोक्ये पाकशासनः ॥९३
ततोऽसुरान् परित्यज्य यज्ञे देवा उपागमन् ।
यज्ञे देवानथ गते काव्य ते ह्यसुरा ब्रुवन् ॥९४
कृत नो मिपता राष्ट्रं त्यक्त्वा यज्ञ पुनर्गता ।
स्थातु न शक्नुमो ह्यद्य प्रविशामो रसातलम् ॥९५
एवमुक्तोऽब्रवीदेतान् विषण्णा मान्त्वयन् गिरा ।
माभैष्ट धारयिष्यामि तेजसा स्वेन चासुरा ९६
वृष्टिरोषधयश्चैव रसा वसु च यद्द्वयम् ।
कृत्स्ना मयि च विष्ठन्ति पादस्तेषा सुरेषु वै ।
युष्मदर्थं प्रदास्यामि तत्सर्वं धार्यते मया ॥९७
ततो देवासुरान् दृष्ट्वा धृतान् काव्येन धीमता ।
अमन्त्रयन्तदा ते वै सविग्ना विजिगीषया ।.९८

वे महान् ओज वाले असुरों के तीन इन्द्र विख्यात हुए थे। यह समस्त दश युग तक दैत्यों के कब्जे में रहा था ॥९१॥ पहिले यह समस्त राष्ट्र शत्रुओं से रहित रहा था। यह अव्यय त्रैलोक्य महेन्द्र के द्वारा ही पालित होता था ॥९२॥ इसके पश्चात् प्रह्लाद के कालपर्यय से इस त्रैलोक्य का पर्याय में पाकशासन (इन्द्र) ने शासन प्राप्त कर लिया था ॥९३॥ इसके अनन्तर असुरों का त्याग कर देवगण यज्ञ में उपागत हुए थे। देवों के यज्ञ में जाने पर काव्य (शुक्र) से असुरों ने कहा ॥९४॥ राष्ट्र को त्याग कर भूल करने वाले हमारे

किये हुए यज्ञ को पुनः चले गये। आज हम ठहर नहीं सकते हैं रसातल में प्रवेश करें ॥६५॥ इस प्रकार से कहे गये विषाद युक्त शुक्र ने इनसे वाणी द्वारा सान्त्वना देते हुए कहा—डरो मत, यह सब हे असुरो! मेरे द्वारा अपने तेज से धारण किया जा रहा है ॥६६॥ वृष्टि—रस—ओषधियाँ और जो दोनों प्रकार का धन है वह सब पूर्ण सुखम ही रहा करते हैं उनका चतुर्थ भाग देवगण में रहता है। तुम्हारे लिये मैं दूँगा। वह अब मेरे द्वारा धारण किये जाते हैं ॥६७॥ इसके अनन्तर धीमान् काव्य के द्वारा धृत देवासुरों को देखकर तब उन्होंने विशेष रूप से जीतने की इच्छा से समन्वित होते हुए मन्त्रणा की थी ॥६८॥

एष काव्य इदं सर्वं व्यावर्त्तयति नो बलात्।
साधु गच्छामहे तूर्णं क्षीणात्राप्याययस्व तान्।
प्रसह्य हत्वा शिष्टान् वै पातालं प्रापयामहे ॥९९
ततो देवाः सुसंरब्धा दानवानभिसृत्य वै।
जघ्नुस्ते वध्यमानास्तं काव्यमेवाभिदुद्रुवुः ॥१००
ततः काव्यस्तु तान्दृष्ट्वा तूर्णं देवैरभिद्रुतान्।
समरक्षत्ततस्तांस्तान् देवेभ्यस्तान् दितेः सुतान् १०१
काव्येन दृष्ट्वा स्थितान् देवान् तत्र देवाऽप्यचिन्तयत्।
तानुवाच ततो देवाः पूर्ववृत्तमनुस्मरन् ॥१०२
त्रैलोक्यं विजितं सर्वं वामनेन त्रिभिः क्रमैः।
बलिर्बद्धो हतो जम्भो निहतश्च विरोचनः ॥१०३
महासुरा द्वादशसु संग्रामेषु सुरैर्हताः।
तैस्तैरुपायैर्भूयिष्ठा निहता वै प्रधानतः ॥१०४
किंचिच्छिष्टास्तु वै यूयं युद्धमन्येषु वै स्वयम्।
नीतिं वो हि विधास्यामि कालः कश्चित्प्रतीक्ष्यताम् ॥१०५

यह काव्य इस सबको बलात् हमसे बचा देते हैं। अच्छी बात है शीघ्र जाओ और उन क्षीणों को भी पुष्ट करें बलपूर्वक शिष्टों का हनन करके पाताल में प्रवेश करा दें ॥९९॥ इसके देवों ने संरब्ध होकर हुए दानवों पर अभि-

सरण करके मार दिया था और उन देवों के द्वारा वध्यमान वे काव्य के ही पास होते थे ॥१००॥ इसके पश्चात् देवों के द्वारा भगाये गये उनको शुक्र ने शीघ्र देखकर जोकि ममर अस्त्रों के क्षतों से दुःखित थे और वे दिति के पुत्र देवों के द्वारा अभिद्रुत किये हुए थे ॥१०१॥ वहाँ पर स्थित हुए देवों को काव्य ने देखकर सोचा और फिर ध्यान करके पूर्व वृत्त का अनुस्मरण करते हुए उनसे बोले ॥१०२॥ वामन ने इस समस्त त्रैलोक्य को तीन कदमों से ही जीत लिया है। बलि को बाँध दिया गया है और जम्भ तथा विरोचन को मार दिया गया है ॥१०३॥ महार्ह बारह संग्रामों में देवों के द्वारा ये सब मारे गये हैं। जो प्रधान थे वे उन-उन उपायों के द्वारा बहुत से मारे गये हैं। तुम लोग कुछ थोड़े से शेष रह गये हो। अब अन्तिम युद्धों में आपकी नीति को मैं स्वयं ही धारण करूँगा कुछ समय प्रतीक्षा करो ॥१०४-१०५॥

यास्याम्यहं महादेवं मन्त्रार्थं विजयाय वः ।
अग्निं माप्याययेद्धोता मन्त्रैरेव बृहस्पतिः ॥१०६॥
ततो यास्याम्यहं देवं मन्त्रार्थं नीललोहितम् ।
युष्माननुग्रहीष्यामि पुनः पश्चादिहागतः ॥१०७॥
यूयं तपश्चरध्वं वै संवृता वल्कलैर्वने ।
न वै देवा वधिष्यन्ति यावदागमनं मम ॥१०८॥
अप्रतीपांस्ततो मन्त्रान् देवात् प्राप्य महेश्वरात् ।
योत्स्यामहे पुनर्देवांस्ततः प्राप्स्यथ वै जयम् ॥१०९॥
ततस्ते कृतसंवादा देवानूचुस्ततोऽसुराः ।
न्यस्तवादा वयं सर्वे लोकान् यूयं क्रमन्तु वै ॥११०॥
वयं तपश्चरिष्यामः संवृता वल्कलैर्वने ।
प्रह्लादस्य वचः श्रुत्वा सत्यव्याहरणं तु तत् ॥१११॥
ततो देवा निवृत्ता वै विज्वरा मुदिताश्च ह ।
न्यस्तशस्त्रेषु दैत्येषु स्वान् वै जग्मुर्यथागतान् ॥११२॥
ततस्तानब्रवीत्काव्यः कञ्चित्कालमुपास्यताम् ।
निरुत्सुकैस्तपोयुक्तैः कालं कार्यार्थसाधकं ।
पितुर्ममाश्रमस्था वै सर्वे देवाः सवासवाः ॥११३॥

स मन्दिश्यासुरान् वाव्या महादेव प्रपद्य च ।
प्रणम्यैनमुवाचाथ जगत्प्रभवमीश्वरम् ॥११४॥

मैं आप लोगों की विजय के लिए मन्त्रार्थ में महादेव के पास जाऊँगा। होता बृहस्पति मन्त्रों से ही अग्नि का आच्छादित करते हैं ॥१०६॥ इससे मैं मन्त्रार्थ के लिए नील लोहित (महादेव) के समीप में जाऊँगा। आप लोगों के ऊपर अनुग्रह करूँगा और फिर पीछे यहाँ आऊँगा ॥१०७॥ तुम लोग वन में वल्कलों से संवृत होते हुए अर्थात् वृक्षों की छाल के वस्त्र पहिनते हुए तपस्या करो फिर देवता लोग वध नहीं करेंगे जब तक कि मेरा आगमन यहाँ होता है ॥१०८॥ महेश्वर देव से अप्रतीप मन्त्रों को प्राप्त करके अर्थात् शत्रु नाशक मन्त्रों को जानकर वे फिर देवों के साथ युद्ध करेंगे और फिर अवश्य ही विजय प्राप्त करेंगे ॥१०९॥ इसके अनन्तर सम्वाद करने वाले असुर देवगण से बोले—हम लोग सब झगड़ा छोड़ने वाले हो गये हैं अब तुम लोग समस्त लोकों को प्राप्त कर भोग करो ॥११०॥ हम लोग सब तपस्या करते हैं और वल्कल वसनों से संवृत होते हैं। प्रह्लाद के वचन को सुनकर जो कि बिल्कुल सत्य था ॥१११॥ इसके पश्चात् दुःख रहित तथा परम प्रसन्न देवता लोग निवृत्त हो गये थे। दैत्यों के शस्त्र त्याग देने वाले हो जाने पर देवगण अपने स्थानों को जैसे वे आये थे चले गये थे ॥ ११२ ॥ इसके अनन्तर शुक्राचार्य ने उन से (दैत्यों से) कहा कि तुम लोग कुछ समय तक निरुत्सुक-तप से युक्त और कार्याथ के साधक होते हुए उपासना करो। इन्द्र के सहित समस्त देवगण इस समय में मेरे पिता के आश्रम में स्थित हैं ॥११३॥ यह काव्य (शुक्राचार्य-दैत्य गुरु) असुरों को ऐसा कहकर महादेव के पास गये और वहाँ पहुँच कर इनको प्रणाम करके समस्त जगत् प्रभव ईश्वर महादेव से कहा—॥११४॥

स आनिच्छाम्यह देव स न मन्ति बृहस्पतौ।
पराभवाय देवानामसुरेष्वभयावहान् ॥११५॥
परमुनायत्र र्द वा मन्त्रानिच्छामि वै द्विज।
एवं सह मयादिष्ट सत्यागो समाहिस ॥११६॥

पूर्णं वर्षसहस्रं वै कुण्डधूममवाक्‌शिराः ।
यद्यु पास्यसि भद्रन्ते मत्तो मन्त्रमवाप्स्यसि ॥११७॥
तथोक्तो देव देवेन स शुक्रस्तु महातपाः ।
पादौ संस्पृश्य देवस्य बाढमित्यभ्यभाषत ॥११८॥
व्रत चराम्यहं शेष यथोद्दिष्टोऽस्मि वै प्रभो ।
ततो नियुक्तो देवेन कुण्डधारोऽस्य धूमकृत् ॥११९॥
असुराणां हितार्थाय तस्मिञ्छुक्रे गते तदा ।
मन्त्रार्थं तत्र वसति ब्रह्मचर्यं महेश्वरः ॥१२०॥
तद् बुध्वा नातिपूर्वन्तु राज्य न्यस्त तदासुरैः ।
तस्मिंश्छिद्रे तदामर्षा देवास्तान् समभिद्रवन् ।
निशितास्त्रायुधा सर्वे बृहस्पतिपुरोगमाः ॥१२१॥
दृष्ट्वासुरगणा देवान् प्रगृहीतायुधान् पुनः ।
उत्पेतु सहसा सर्वे सन्त्रस्तास्ते ततोऽभवन् ॥१२२॥

हे देव ! मैं मन्त्रों को चाहता हूँ बृहस्पति के रहते हुए मेरे पास मन्त्र नहीं हैं मैं ऐसे मन्त्रों को चाहता हूँ जो असुरों को अभय देने वाले हो और देवों का पराभव करने वाले हो ॥११५॥ जब इस तरह से महादेवजी से कहा गया तो महादेव बोले—हे द्विज ? यदि इस प्रकार के मन्त्रों को चाहते हो तो मेरे बताये हुए व्रत का ब्रह्मचारी और पूर्ण समाहित होते हुए आचरण करो ॥११६॥ पूरे एक सहस्र वर्ष तक अवाक् शिरा होते हुए कुण्ड धूप की यदि उपासना करोगे तो तुम्हारा कल्याण होगा और मुझ से मन्त्रों को प्राप्त कर लोगे ॥११७॥ उस प्रकार से देवों के देव महादेव के द्वारा कहे जाने पर महान् तपस्वी शुक्राचार्य ने महादेव के चरणों का स्पर्श करके "बहुत अच्छा"—यह कहा था ॥११८॥ मैं शेष व्रत का चरण करूँगा हे प्रभो ! जैसा भी आपके द्वारा आदिष्ट किया गया हूँ । इसके पश्चात् महादेव ने इनको धूम कृत कुण्ड धार नियुक्त किया था ॥११९॥ असुरों के हित के लिये तब उस शुक्राचार्य के चले जाने पर मन्त्र के लिए महेश्वर वहाँ ब्रह्मचर्य में निवास करते हैं ॥१२०॥ यह जानकर कि अति पूर्व में तब असुरों के द्वारा राज्य नहीं न्यस्त किया गया

था। उस छिद्र में उनके अमर्ष वाले देवों ने बृहस्पति को अग्रगामी बनाकर और तीक्ष्ण आयुधों को ग्रहण करके उन असुरों को सदेह दिया था ॥ १२१ ॥ तब असुरों ने देखा था पुन आयुध ग्रहण करने वाले देखकर सहसा सब उत्पन्न करने लगे और वे एकदम सन्त्रस्त हो गये थे अर्थात् बहुत ही डर गये थे ॥१२२॥

न्यस्तशस्त्रे जये दत्ते आचार्यव्रतमास्थिते ।
सन्त्यज्य समय देवास्ते सपत्नजिघांसव ॥१२३॥
अनाचार्यास्तु भद्र वो विश्वस्तास्तपसि स्थिता ।
चीरवल्काजिनधरा निष्क्रिया निष्परिग्रहा. ॥१२४॥
रणे विजेतु देवान् वै न शक्ष्याम कथचन ।
अयुद्धेन प्रपद्याम शरण काव्यमातरम् ॥१२५॥
ज्ञापयामस्ततमिद यावदागमन गुरो ।
विनिवृत्ते तत काव्ये योत्स्यामो युधि तान् सुरान् ॥१२६॥
एवमुक्त्वा सुरान् योग्य शरण काव्यमातरम् ।
प्रापद्यन्त ततो भीतास्तदा चैव तदाऽभयम् ॥१२७॥
दत्तन्तेषान्तु भीताना दैत्या नामभयार्थिनाम् ।
न भेतव्य नभेतव्य भयन्त्यजत दानवा ॥१२८॥
मत्सन्निधौ वर्ततां वो न भीर्भवितुमर्हति ।
भयाच्चाप्यभिपन्नास्तान् दृष्ट्वा देवासुरास्तदा ॥१२९॥
अभिजग्मु प्रसह्य तानविचार्य बलाबलम् ।
तास्तस्मात् वध्यमानान् देवैर्दृष्ट्वासुरास्तदा ॥१३०॥
देवी क्रुद्धाब्रवीद्देवानर्निद्रत्व करोम्यहम् ।
सम्भृत्य सर्व संभारानिन्द्र माऽभ्यचरत्तत ॥१३१॥

असुरों द्वारा शस्त्रों के त्याग देने पर जय के दे देने पर और आचार्य के व्रत में आस्थित होने पर उन देवताओं ने शर्त का त्याग करके शत्रुओं के मारने की इच्छा करनी थी ।१२३। आचार्यान्तर में चीर-धारण बल्काल हो कर

तरह से पूर्ण विध्वस्त-तपश्चर्या मे स्थित-चीर और वल्कलों के धारण करने वाले, क्रिया से रहित और बिना परिग्रह वाले हम किसी प्रकार से भी देवो को युद्ध मे जीत नही सकेंगे इसलिये अब अयुद्ध के द्वारा काव्य की माता के शरण मे चलें ॥१२५॥ जब तक गुरु का आगमन हो इस मत को ज्ञापित करें। शुक्राचार्य के वापिस लौट आने पर हम उनसे देवो से रण भूमि मे युद्ध करेंगे ॥१२६॥ इस प्रकार से देवो से कहकर योग्य शरण (रक्षक) शुक्राचार्य की माता का शरणागति मे प्राप्त हुए ये उस समय वे एकदम डरे हुए थे। अभय के चाहने वाले भीत उन दैत्यो को उस समय में ही अभय दिया गया। हे दानवो! मत डरो-मत डरो, भय का त्याग कर दो ॥१२७-१२८॥ आप लोग मेरे पास रहो, आपको कोई भी भय नही हो सकता है। भय से अभिपन्न उन दैत्यासुरो को उस समय मे देखकर देवो ने ऐसा कहा था ॥१२९॥ बलाबल का विचार न करके इनके ऊपर बल करके अभिगमन किया था। उस समय मे डरे हुए और देवो के द्वारा वृध्यमान होते हुए उन असुरो को देखकर क्रुद्ध होते हुए देवी इनसे बोली मैं अनिन्द्रत्व अर्थात् इन्द्र का सर्वथा अभाव कर दूंगी। उसने शीघ्र ही इन्द्र को सरम्भ से (क्रोध से) स्तम्भित करके अभिचरण किया था ॥१३१॥

तत. सस्तम्भितं दृष्ट्वा शक्रं देवास्तु मूपवत् ।
व्यद्रवन्त ततो भीता दृष्ट्वा शक्रं वशीकृतम् ॥१३२॥

गतेषु सुरसघेषु विष्णुरिन्द्रमभाषत ।
मां त्व प्रविश भद्रन्ते नेष्यामि त्वा सुरेश्वर ॥१३३॥

एवमुक्तस्ततो विष्णु प्रविवेश पुरन्दर ।
विष्णुना रक्षितं दृष्ट्वा देवी क्रुद्धा वचोऽब्रवत् ॥१३४॥

एपा त्वा विष्णुना सार्द्धं दहामि मघवानिव ।
मिषता सर्वभूताना दृश्यता मे तपोबलम् ॥१३५॥

तयाभिभूतौ तौ देवाविन्द्रविष्णू जजल्पतुः ।
कथं मुच्येव सहितौ विष्णुरिन्द्रमभाषत ॥१३६॥

इन्द्रोऽब्रवीज्जहि ह्येनां यावन्नो न दहेद्विभो ।
विशेषेणाभिभूतोऽहमतस्त्वञ्च हि मा चिरम् ॥१३७॥
ततः समीक्ष्य तां विष्णुः स्त्रीवधं कर्तुमास्थितः ।
अभिध्याय ततश्चक्रमापन्नः सत्वरं प्रभुः ॥१३८॥
तस्याः सत्वरमाणाया शीघ्रकारी सुरारिहा ।
स्त्रिया विष्णुस्ततो देव्याः क्रूरं बुद्ध्वा चिकीर्षितम् ।
क्रुद्धस्तदस्त्रमाविद्ध्य शिरश्चिच्छेद माधवः ॥१३९॥

इसके अनन्तर देवी ने क्रूर की भाँति इन्द्र को गर्वस्तम्भित देखकर डरे हुए होकर इन्द्र को पराभूत देखकर वे वहाँ से भाग दिये थे ॥१३२॥ देव समूहों के चले जाने पर विष्णु इन्द्र से बोले—हे सुरेश्वर ! तुम मुझ में प्रवेश कर जाओ—तेरा भला होगा—मैं तुमको ले जाऊँगा ॥१३३॥ इस प्रकार से विष्णु के द्वारा कहने पर इन्द्र ने विष्णु में प्रवेश किया था। विष्णु के द्वारा रक्षित इन्द्र को देखकर देवी ने क्रुद्ध होकर यह वचन कहा ॥१३४॥ यह मैं आज समस्त भूतों के देखते हुए मघवान् की तरह तुमको विष्णु के साथ जलाती हूँ यह मेरा तपोबल देखो ॥१३५॥ उस देवी के द्वारा अभिभूत वे दोनों देव इन्द्र और विष्णु बोले। सहित दोनों कैसे छोड़ें यह विष्णु ने इन्द्र से कहा था ॥१३६॥ इन्द्र ने कहा हे विभो ! इस स्त्री को जब तक हम दोनों दग्ध न होवें। मैं विशेष रूप से अभिभूत हूँ और तुम अधिक मत होओ ॥१३७॥ इसके पश्चात् उस देवी को देखकर भगवान् विष्णु स्त्री का वध करने के लिए उपस्थित हो गये थे। यह करके ध्यान उपरान्त प्रभु विष्णु ने शीघ्र चक्र को उठाया था ॥ १३८ ॥ त्वरमाण उसके भी शीघ्रकारी सुर शत्रुओं के नाशक विष्णु ने देवी स्त्री के क्रूर चिकीर्षित को जानकर क्रोध किया और उस अस्त्र को चलाकर माधव ने सिर काट डाला था ॥१३९॥

तं दृष्ट्वा स्त्रीवधं घोरं चुक्रोध भृगुरीश्वरः ।
ततोऽभिशप्तो भृगुणा विष्णुर्भार्यावधे तदा ॥१४०॥
यस्मात्ते जानता धर्मानवध्या स्त्री निषूदिता ।
तस्मात्त्वं सप्तकृत्वो वै मानुषेषु प्रजास्यसि ॥१४१॥

ततस्तेनाभिशापेन नष्टे धर्मे पुन पुनः ।
लोके सर्वहितार्थाय जायते मानुषेष्विह ॥१४२॥
अनुव्याहृत्य विष्णु स तदादाय शिर स्वयम् ।
समानीय तत काये अपो गृह्य दमब्रवीत् ॥१४३॥
एप त्वा विष्णुना सत्ये हता सजीवयाम्यहम् ।
यदि कृत्स्नो मया धर्मश्चरितो ज्ञायतेऽपि वा ।
तेन सत्येन जीवस्व तद्धि सत्य ब्रवीम्यहम् ॥१४४॥
सत्याभिव्याहृता तस्य देवी सजीविता तदा ।
तदा ता प्रोक्ष्य शीताभिरद्भिर्जीवेति सोऽब्रवीत् ॥१४५॥
ततस्ता सर्वभूतानि दृष्ट्वा सुप्तोत्थितामिव ।
साधु साध्विरयदृश्याना वाचस्ता सस्वतुर्दिशः ॥१४६॥
दृष्ट्वा सञ्जीवितामेव देवी ता भृगुणा तदा ।
मिषता सर्वभूताना तदद्भुतमिवाभवत् ॥१४७॥
असभ्रान्तेन भृगुणा पत्नी सञ्जीविता तत ।
दृष्ट्वा शक्रो न लेभेऽथ शर्म काव्यभयात्तत ॥१४८॥
प्रजागरे ततश्चेन्द्रो जयन्तीमात्मन सुताम् ।
प्रोवाच मतिमान् वाक्य स्वा कन्या पाकशासन ॥१४९।
एप काव्यो ह्यनिन्द्राय चरते दारुण तप ।
तेनाह व्याकुल पुत्रि कृतो धृतिमता दृढम् ॥१५०॥

उस घोर स्त्री के वध का देखकर ईश्वर भृगु बडे ही क्रोधित हुए थे फिर उस समय में भार्या के वध हो जाने पर भृगु के द्वारा विष्णु को अभिशाप दिया गया था ॥१४०॥ क्योंकि धर्मों को जानने वाले, तुमने न वध करने के योग्य स्त्री का वध किया है इसलिये मैं यह शाप देता हूँ कि तुम सात बार मानुषो में उत्पन्न होकर रहोगे ॥१४१॥ इसके अनन्तर उस अभिशाप से लोक मे बार-बार धर्म के नष्ट हो जाने पर सब के हित सम्पादन के लिए यहाँ मनुष्यो मे भगवान् जन्म लिया करते हैं ॥१४२॥ उसने इस तरह विष्णु से अनुव्याहरण कर के उस समय स्वय भार्या के उस शिर को लेकर उसे शरीर पर समा-

सींच करके जल लेकर यह बोले ॥१४३॥ यह विष्णु के द्वारा सत्य में हत तुझे मैं सजीवित करता हूँ। यदि मैंने पूर्ण धर्म का आचरण किया है और धर्म को ज्ञान रखता हूँ तो उस सत्य से जीवित हो जा—यदि मैं यह सत्य बोलता हूँ ॥१४४॥ सत्य से अभिव्याहृत उसकी देवी उस समय सजीवित होगई थी। फिर इसके पश्चात् उस समय उसका शीतल जल से प्रोक्षण करके 'जीवित रहो'—यह शुक्राचार्य ने कहा था ॥१४५॥ इसके अनन्तर समस्त प्राणीवृन्द सोकर उठी हुई की भाँति उस देवी को देखकर—"साधु साधु" अर्थात् बहुत अच्छा-अच्छा ऐसी वाणियाँ जो अदृश्य थे उनकी सब दिशाओं से सुनाई दी थी ॥१४६॥ इस प्रकार से भृगु ने उस समय में उस देवी को सञ्जीवित देख कर समस्त प्राणियों के देखते हुए यह कार्य एक अद्भुत की तरह हुआ था ॥१४७॥ असम्भ्रान्त भृगु के द्वारा उनकी पत्नी को सजीवित देखकर काव्य के भय से फिर शान्ति प्राप्त नहीं की थी ॥१४८॥ प्रजागर में इन्द्र ने अपनी पुत्री जयन्ती से कहा। जयन्ती उस मतिमान् पाक शासन की कन्या थी। उसने कहा यह घोर इन्द्र के अभाव के लिये दारुण तप कर रहे हैं। हे पुत्रि! इस कारण से मैं बहुत ही अधिक व्याकुल हूँ। उस धृतिमान् ने यह परम इरादा कर लिया है ॥१५०॥

गच्छ सम्भ्रमयस्वैनं श्रमापनयनैः शुभैः ।
तैस्तैर्मनोनुकूलैश्च ह्युपचारैरतन्द्रिता ॥१५१॥
देवी सा हीन्द्रदुहिता जयन्ती शुभचारिणी ।
गुरुस्थानस्थ काव्यं तं दुर्बलं धूलिमाश्रितम् ॥१५२॥
पिता यथोक्तं काव्यं सा काव्ये कृतवती तदा ।
गीर्भिश्चैवानुकूलाभिः स्तुवती वल्गुभाषिणी ॥१५३॥
गात्रसंवाहनं काले सेवमाना सुखावहैः ।
शुश्रूषन्त्यनुकूला च उवास बहुलाः समाः ॥१५४॥
पूर्णे धूमव्रते चापि घोरे वर्षसहस्रिके ।
वरेण च्छन्दयामास काव्यं प्रीतोऽभवत्तदा ॥१५५॥

एव व्र ुवस्त्वयैकेन चीर्णं नान्येन केनचित् ।
तस्मात्त्व तपसा बुद्धया श्रुतेन च वलेन च ॥१५६॥
तेजसा चापि विबुधान् सर्वानभिभविष्यसि ।
यच्च किञ्चिन्मम ब्रह्मन् विद्यते भृगुनन्दन ॥१५७॥
साङ्गञ्च सरहस्यञ्च यज्ञोपनिपदान्तथा ।
प्रतिभास्यति ते सर्वं तच्चाद्यन्त न कस्यचित् ॥१५८॥

सो तुम वहाँ जाओ और इसको शुभ श्रम के अपनयनो के द्वारा सम्भावित करो । उन-उन उसके मन के अनुकूल उपचारो से उसे प्रसन्न करो किन्तु इस कार्य मे अतन्द्रित अर्थात् आलस्य रहित होकर लग जाना ॥ १५१ ॥ वह देवी इन्द्र की दुहिता जयन्ती शुभ चारिणी थी । युक्त ध्यान वाला शाम्य दुर्वल-धृति मे आस्थित उस काव्य का जैसा पिता के द्वारा कहा गया था उसने काव्य के विषय मे उस समय किया । अनुकूल वाणियो के द्वारा वल्गुभाषिणी उसने उसकी स्तुति की थी ॥१५२-१५३॥ सुख प्रदान करने वाल गात्र सवाहनो के द्वारा समय पर सेवा करती हुई और शुश्रूषा करती हुई तथा अनुकूल रहती हुई बहुत वर्षों तक उसने वहाँ निवास किया ॥ १५४ ॥ एक सहस्र वर्ष वाले परम घोर धूम्रव्रत के पूर्ण हो जाने पर तब महादेव ने प्रसन्न होकर काव्य को वरदान से समन्वित किया था ॥१५५॥ वरदान देने के समय म ऐसा कहते हुए कि यह व्रत तुम एक ने किया है अन्य किसी ने पूर्ण नही किया है । इसलिए तू तप, बुद्धि, श्रुत, वल और तेज से भी समस्त देवो को अभिभूत कर देगा और जो भी कुछ है भृगुनन्दन ! हे ब्रह्मन् ! मेरे पास है साङ्ग और रहस्य के सहित यह सब तथा यज्ञोपनिषद तुझे प्रतिभासित हो जायँगे और वह आदि से अन्ततक किसी को भी नहीं होते हैं ॥१५६।१५७।१५८॥

सर्वाभिभावी तेन त्व द्विजश्रेष्ठो भविष्यसि ।
एव दत्वा वरास्तस्मै भार्गवाय पुन पुन. ॥१५९॥
अजेयत्व धनेशत्वमवध्यत्व च वै ददौ ।
एतान् लब्ध्वा वरान् काव्य सम्प्रहृष्टतनूरुह ॥१६०॥

हर्षात् प्रादुर्बभौ तस्य देवस्तोत्रं महेश्वरम् ।
तदा तिर्यक्स्थितस्त्वेव तुष्टुवे नीललोहितम् ॥१६१
नमोऽस्तु शितिकण्ठाय सुरापाय सुवर्चसे ।
रिरिहाणाय लोपाय वत्सराय जगत्पते ॥१६२
कपर्दिने ह्यूर्द्ध्वरोम्णे हयाय करणाय च ।
संस्कृताय सुतीर्थाय देवदेवाय रंहसे ॥१६३
उष्णीषिणे सुवक्त्राय सहस्राक्षाय मीढुषे ।
वसुरेताय रुद्राय तपसे चीरवाससे ॥१६४
ह्रस्वाय मुक्तकेशाय सेनान्ये रोहिताय च ॥१६५
कवये राजवृद्धाय तक्षकक्रीडनाय च ।
गिरिशायार्कनेत्राय यतिने जाम्बवाय च ।
सुवृत्ताय सुहस्ताय धन्विने भार्गवाय च ॥१६६

इससे तू सबको अभिभूत करने वाला द्विजश्रेष्ठ हो जायगा। इस प्रकार से भार्गव के लिये बार-बार वरों को देकर अजेयत्व-धनेशत्व और अवध्यत्व का भी वरदान दे दिया था। इन समस्त वरों को प्राप्त कर काव्य सम्प्रहृष्ट तनूरुह वाला अर्थात् अत्यन्त प्रसन्नता से प्रफुल्लित होगये ॥१५९-१६०॥ हर्ष के अतिरेक होने से उसके हृदय में महेश्वर देवस्तोत्र का प्रादुर्भाव हुआ। तब तिरछा स्थित होकर इस प्रकार से नीललोहित की स्तुति की थी ॥१६१॥ सुरापान करने वाले सुन्दर वर्चस वाले तथा शितिकण्ठ से युक्त के लिये नमस्कार है। रिरिहाण-लोप-वत्सर और जगत् के पति के लिये नमस्कार है ॥१६२॥ कपर्दी-ऊर्द्ध्वरोम वाले-हय-और करण के लिये नमस्कार है। संस्कृत-सुतीर्थ-रंह और देवों के भी देव के लिये नमस्कार है ॥१६३॥ उष्णीषी सुवक्त्र वाले-सहस्र नेत्रों वाले-मीढुष-वसुरेता-तप-चीरों के वस्त्र धारण करने वाले रुद्र के लिये नमस्कार है ॥१६४॥ ह्रस्व-मुक्त केशों वाले-सेनानी-रोहित के लिये नमस्कार है ॥१६५॥ कवि-राजवृद्ध-तक्षक के क्रीडन वाले-गिरिश-अर्कनेत्र-यति-जाम्बव के लिये नमस्कार है ॥१६६॥

सहस्रबाहवे चैव सहस्रामलचक्षुषे ।
सहस्रकुक्षये चैव सहस्रचरणाय च ॥१६७
सहस्रशिरसे चैव बहुरूपाय वेधसे ।
भवाय विश्वरूपाय श्वेताय पुरुषाय च ॥१६८
निषङ्गिणे कवचिने सूक्ष्माय क्षपणाय च ।
ताम्राय चैव भीमाय उग्राय च शिवाय च ॥१६९
बभ्रवे च पिशङ्गाय पिङ्गलायारुणाय च ।
महादेवाय शर्वाय विश्वरूपशिवाय च ॥१७०
हिरण्याय च शिष्टाय श्रेष्ठाय मध्यमाय च ।
पिनाकिने चेपुमते चित्राय रोहिताय च ॥१७१
दुन्दुभ्यायैकपादाय अर्हाय बुद्धये तथा ।
मृगव्याधाय सर्पाय स्थाणवे भीषणाय च ॥१७२
बहुरूपाय चोग्राय त्रिनेत्रायेश्वराय च ।
कपिलायैकवीराय मृत्यवे त्र्यम्बकाय च ॥१७३
वास्तोष्पते विनाकाय शङ्कराय शिवाय च ।
आरण्याय गुहस्थाय यतिने ब्रह्मचारिणे ॥१७४

सहस्र बाहुओं वाले–सहस्र निर्मल नेत्रों वाले–सहस्र कुक्षि और सहस्र चरणों वाले के लिये नमस्कार है ॥१६७॥ सहस्र शिर वाले–बहुत से रूप वाले वेधा–भव–विश्वरूप–श्वेत और पुरुष के लिये नमस्कार है ॥१६८॥ निषङ्गी–कवची–सूक्ष्म–क्षपण–ताम्र–भीम–उग्र और शिव के लिये नमस्कार है ॥१६९॥ बभ्रु–पिशङ्ग–पिङ्गल–अरुण–महादेव–शर्व और विश्वरूप शिव के लिये नमस्कार है ॥१७०॥ हिरण्य–शिष्ट–श्रेष्ठ–मध्यम–पिनाकी–इषुमान्–चित्र और रोहित के लिये नमस्कार है ॥१७१॥ दुन्दुभ्य–एकपाद–अर्हबुद्धि–मृगव्याध–सर्प–स्थाणु और भीषण के लिये नमस्कार है ॥१७२॥ बहुरूप–उग्र–त्रिनेत्र–ईश्वर–कपिल–एकवीर–मृत्यु और त्र्यम्बक के लिये नमस्कार है ॥१७३॥ वास्तोष्पति–विनाक–शङ्कर–शिव–आरण्य–गुहा में स्थित रहने वाले–यति और ब्रह्मचारी के लिये नमस्कार है ॥१७४॥

साङ्ख्याय चैव योगाय ध्यानिने दीक्षिताय च ।
अन्तर्हिताय शर्वाय मान्याय मालिने तथा ॥१७५
बुद्धाय चैव शुद्धाय मुक्तये केवलाय च ।
रोधसे चेकितानाय ब्रह्मिष्ठाय महर्षये ॥१७६
चतुष्पादाय मेध्याय धर्मिणे शीघ्रगाय च ।
शिखण्डिने कपालाय दंष्ट्रिणे विश्वमेधसे ॥१७७
अप्रतीघाताय दीप्ताय भास्कराय सुमेधसे ।
क्रूराय विकृतायैव बीभत्साय शिवाय च ॥१७८
सौम्याय चैव पुण्याय धार्मिकाय शुभाय च ।
अवध्याय मृताङ्गाय नित्याय शाश्वताय च ॥१७९
शाद्धाय शरभायैव शूलिने च त्रिचक्षुषे ।
सोमपायाज्यपायैव धूमपायोष्मपाय च ॥१८०
शुचये रेरिहाणाय सद्योजाताय मृत्यवे ।
पिशिताशाय शर्वाय मेघाय वैद्युताय च ॥१८१
व्याश्रिताय श्रविष्ठाय भारतायान्तरिक्षाय ।
क्षमाय सह्यमानाय सत्याय तपनाय च ॥१८२
त्रिपुरघ्नाय दीप्ताय चक्राय रोमशाय च ।
तिग्मायुधाय मल्लाय सिद्धाय च पुनस्तथ ॥१८३

सांख्य-योग-ध्यानी-दीक्षित-अन्तर्हित-शर्व-मान्य तथा माली के लिये नमस्कार है ॥१७५॥ बुद्ध-शुद्ध-मुक्ति-केवल-रोधा-चेकितान-ब्रह्मिष्ठ और महर्षि के लिये नमस्कार है ॥१७६॥ चतुष्पाद-मध्य-धर्मी-शीघ्र गमन करने वाले-शिखण्डी-कपाल-दंष्ट्री और विश्वमेधा के लिये नमस्कार है ॥१७७॥ अप्रतीघात-दीप्त-भास्कर-सुमेधा-क्रूर-विकृत-बीभत्स और शिव के लिये नमस्कार है ॥१७८॥ सौम्य पुण्य धार्मिक-शुभ-अवध्य-मृताङ्ग-नित्य और शाश्वत के लिये नमस्कार है ॥१७९॥ शाद्ध-शरभ-शूली-तीन नेत्रों वाले-सोमपान करने वाले-धूम्रपान करने वाले-ऊष्मप के लिये नमस्कार है ॥१८०॥ शुचि-रेरिहाण-सद्योजात-मृत्यु-मांस का अशन करने वाले-शर्व-मेघ और वैद्युत के

लिये नमस्कार है ॥१८१॥ व्यथित-र्थ-प्र-मागत-अन्तरिक्ष-क्षम-महमान-सत्य और तपन के लिये नमस्कार है ॥१८२॥ त्रिपुर के नाश करने वाले-दीप्त-चक्र-रोमश-तिग्मायुध वाले-मेध्य-सिद्ध और पुलस्ति के लिये नमस्कार है ॥ १८३ ॥

रोचमानाय खण्डाय स्फीताय ऋषभाय च ।
भोगिने पुञ्जमानाय शान्तायँवोर्द्ध रेतसे ॥१८४
अघघ्नाय मखघ्नाय मृत्यवे यज्ञियाय च ।
कृशानवे प्रचेताय वह्नये किशलाय च ॥१८५
सिकत्याय प्रसन्नाय वरेण्यायैव चक्षुपे ।
क्षिप्रगवे सुधन्वाय प्रमेध्याय पिवाय च ॥१८६
रक्षोघ्नाय पशुघ्नाय विघ्नाय शयनाय च ।
विभ्रान्ताय महन्ताय अन्तये दुर्गमाय च ॥१८७
दक्षाय च जघन्याय लोकानामीश्वराय च ।
अनामयाय चोर्द्धाय सहत्याधिष्ठिताय च ॥१८८
हिरण्यबाहवे चैव सत्याय शमनाय च ।
असिकल्याय माघाय रीरिण्यायैवचक्षुषे ॥१८९
श्रेष्ठाय वामदेवाय ईशानाय च धीमते ।
महाकल्पाय दीप्ताय रोदनाय हसाय च ॥१९०
वृतधन्वने कवचिने रथिने च वरूथिने ।
भृगुनाथाय शुक्राय वह्निरिष्टाय धीमते ॥१९१
अघाय अघशासाय विप्रियाय प्रियाय च ।
दिग्वाम कृत्तिवासाय भगघ्नाय नमोऽस्तु ते ॥१९२

रोचमान-खण्ड-स्फीत- ऋषभ-भोगी- पुञ्जमान-शान्त - ऊर्द्ध रेता-अघों के नाशक-मख के नाश करने वाले-मृत्यु-यज्ञिय-कृशानु-प्रचेत-वह्नि और किशलय के लिये नमस्कार है ॥१८४-१८५॥ सिकत्य-प्रसन्न-वरेण्य चक्षु-क्षिप्रगु-सुधन्वा-प्रमेध्य-पिव-रक्षोघ्न -पशुओं के हनन करने वाले-विघ्न-शयन विभ्रान्त-महन्त -अन्ति और दुर्गम के लिये नमस्कार है ॥१८६-१८७॥ दक्ष-

जघन्य-भोगों के ईश्वर-अनामय-ऊर्ध्व और संहार का अधिष्ठित होने वाले के लिये नमस्कार है ॥१८८॥ हिरण्यबाहु-सत्य-शमन-अमितात्म-पाप-रोगिण्य-एकचक्षु-श्रेष्ठ-वामदेव-ईशान-धीमान्-महात्मा-दीप्त-रोदन और इनके लिये नमस्कार है ॥१८९ १९०॥ कृतधन्वा-कवच धारण करने वाले-रथी-वरूथी-भृगुनाथ-शुक्र-वह्निरिष्ट-और धीमान के लिये नमस्कार है ॥१९१॥ अघ-अघ नाशाय-विश्व-प्रिय-दिग्वासा-कृत्तिवासा-भगघ्न के लिये नमस्कार है ॥१९२॥

पशूनां पतये चैव भूतानां पतये नमः।
प्रणवे ऋग्यजु साम्ने स्वधायै च सुधाय च ॥१९३
वषट्कारात्मकायैव तुभ्यमन्त्रात्मने नम ।
स्रष्ट्रे धात्रे तथा होत्रे हर्त्रे च क्षपणाय च ॥१९४
भूतभव्यभवायैव तुभ्य कालात्मने नम ।
वसवे चैव साध्याय रुद्रादित्याश्विनाय च ॥१९५
विश्वाय मरुते चैव तुभ्यन्देवात्मने नम ।
अग्निषोमातिरिक्ताय पशुमन्त्रौषधाय च ॥१९६
दक्षिणावभृथायैव तुभ्य यज्ञात्मने नम ।
तपसे चैव सत्याय त्यागाय च शमाय च ॥१९७
अहिंसायाप्यलोभाय सुवेशायानिशाय च ।
सर्वभूतात्मभूताय तुभ्य योगात्मने नम ॥१९७
पृथिव्यै चान्तरिक्षाय दिवाय च महाय च ।
जनस्तपाय सत्याय तुभ्य लोकात्मने नम ॥१९९
अव्यक्ताय महते भूतायैवेन्द्रियाय च ।
तन्मात्राय महान्ताय तुभ्य तत्त्वात्मने नम ॥२००
नित्याय चार्थलिङ्गाय सूक्ष्माय चेतनाय च ।
शुद्धाय विभवे चैव तुभ्य नित्यात्मने नम ॥२०१
नमस्ते त्रिषु लोकेषु स्वर्गान्तेषु भवादिषु ।
सत्यान्तेषु महान्तेषु चतुर्षु च नमोऽस्तु ते ॥२०२

नम स्तोत्रे मया ह्यस्मिन् सदसद्व्याहृत विभो ।
मद्भक्त इति ब्रह्मण्य सर्वन्तत् क्षन्तुमर्हसि ॥२०३

पशुओं के पतिके लिये और भूतो के पति के लिये नमस्कार है। प्रणव–ऋक्–यजु और सामवेद के लिये–स्वधा और सुख के लिये नमस्कार है ॥१६ ॥ वषट्कार रूप के वास्ते और अन्तरात्मा तुम्हारे लिये नमस्कार है। स्रष्टा–धाता–होता–हर्त्ता और क्षपण के लिये नमस्कार है ॥१९४॥ भूत–भव्य–भव तुम्हारे धात्मा के लिये नमस्कार है। वसु–साध्य–रुद्रादित्याश्विन के लिये नमस्कार है ॥१९५॥ विश्व–मरुत–देवात्मा तुम्हारे लिये नमस्कार है। अग्निसोम–ऋत्विक्–इज्य–पशुमन्त्र और औषध के लिये नमस्कार है ॥१९६॥ दक्षिणा वभृथ–यज्ञात्मा तुम्हारे लिये नमस्कार है। तप–सत्य–त्याग–दाम के लिये नमस्कार है ॥१९७॥ अहिंस–अलोभ–सुवेश–अतिथि–सर्व प्राणियों के आत्मभूत–योगस्वरूप तुम्हारे लिये नमस्कार है ॥१९८॥ पृथिवी–अन्तरिक्ष–दिव–मह–जनस्तप–सत्य और लोकात्मा के लिये नमस्कार है ॥१९९॥ अव्यक्त–महान्–भूत–इन्द्रिय–तन्मात्र–महान्त तत्वात्मा तुम्हारे लिये नमस्कार है ॥२००॥ नित्य–अर्थलिङ्ग–सूक्ष्म–चेतन–शुद्ध–विभु और नित्यात्मा तुम्हारे लिये नमस्कार है ॥२०१॥ तीनो लोको मे–स्वरान्तो मे–भवादिमे–सत्यान्तो मे और चारों महान्तो मे तुम्हारे लिये नमस्कार है। हे विभो ! मैंने इस स्तोत्र मे जो भी सद् और असत् कहा है ऐसे तुम्हारे लिये नमस्कार है। मेरा भक्त है—ऐसा जानकर हे ब्रह्मण्य ! वह सब क्षमा करने के आप योग्य होते हैं ॥२०२-२०३॥

## प्रकरण ६०–विष्णु माहात्म्य कीर्तन

एवमाराध्य देवेशमीशान नीललोहितम् ।
ब्रह्मेति प्रणतस्तस्मै प्राञ्जलिर्वाक्यमब्रवीत् ॥१
काव्यस्य गात्र सस्पृश्य हस्तेन प्रीतिमान् भव ।
निकाम दर्शन दत्त्वा तत्रैवान्तरधीयत ॥२

ततः सान्तर्हिते तस्मिन् देवेशानुचरे तदा ।
तिष्ठन्ती प्राञ्जलिर्भूत्वा जयन्तीमिदमब्रवीत् ॥३
कस्य त्वं शुभगे का वा दुःखिते मयि दुःखिता ।
महता तपसा युक्ता किमर्थं माञ्जुगोपसि ॥४
अनया सततं भक्त्या प्रश्रयेण दमेन च ।
स्नेहेन चैव सुश्रोणि प्रीतोऽस्मि वरवर्णिनि ॥५
किमिच्छसि वरारोहे कस्ते कामः समृध्यताम् ।
तं ते संपूरयाम्यद्य यद्यपि स्यात् सुदुर्लभम् ॥६
एवमुक्ताऽब्रवीदेनं तपसा ज्ञातुमर्हसि ।
चिकीर्षितं मे ब्रह्मिष्ठ त्वं हि वेत्थ यथातथम् ॥७

श्री सूतजी ने कहा—इस प्रकार से देवों के ईश नीललोहित ईशान की आराधना करके उनके निज वहाँ इस भावसे प्रसन्न हुआ था और हाथ जोड़कर बोला ॥१॥ महादेव ने परम प्रीति युक्त होकर अपने हाथ से शुक्राचार्य के शरीर का स्पर्श किया था और पुनः रूप से दर्शन देकर फिर वह वहीं पर ही अन्तर्धान होगये थे ॥२॥ इसके पश्चात् देवानुचर उनके अन्तर्हित होजाने पर वह सामने खड़ी हुई जयन्ती से प्राञ्जलि होकर यह बोला—॥३॥ हे शुभगे ! तू किसी की है और कौन है अथवा दुःखित हो रही है ? महान् तपसे युक्त सुभगे ! तू किस प्रयोजन के लिए रक्षा करती है ? ॥४॥ इस तेरी निरन्तर होने वाली भक्ति से—प्रश्रय—दमन और स्नेह से हे सुश्रोणि ! हे वरवर्णिनि ! मैं बहुत ही प्रसन्न हुआ हूँ ॥५॥ हे वरारोहे ! तू क्या चाहती है और तेरी क्या कामना बढ़ी हुई है ? मैं तेरे उस मनोरथ को पूर्ण करूँगा चाहे अभी ही वह कैसा भी दुर्लभ क्यों न हो ॥६॥ जब इस प्रकार से वह जयन्ती कही गई तो उसने शुक्र से कहा—आप मेरे मनोरथ को तपोबल से जानने के योग्य होते हैं। हे ब्रह्मिष्ठ ! आप मेरे चिकीर्षित को ठीक-ठीक जानते हैं ॥७॥

एवमुक्तोऽब्रवीदेनां दृष्ट्वा दिव्येन चक्षुषा ।
माहेन्द्री त्वं वरारोहे मद्धितार्थमिहागता ॥८

मया सह त्व सुश्रोणि दश वर्षाणि भामिनि ।
अदृश्य सर्वभूतैस्तु सम्प्रयोगमिहेच्छसि ॥६
देवेन्द्रानलवर्णाभे वरारोहे सुलोचने ।
इम वृणीश्व काम ते मत्तो वै वल्गुभाषिणि ॥१०
एव भवतु गच्छामो गृहान् वै मत्तकाशिनि ।
ततः स्वगृहमागम्य जयन्त्या सहित प्रभु ॥११
स तया सव सद्देव्या दश वर्षाणि भागश ।
अदृश्य सर्वभूताना मायया सवृतस्तदा ॥१२
इृतार्थमागत दृष्ट्वा काव्य सर्वे दितै सुना ।
अभिजग्मुगृ ह तस्य मुदितास्ते दिदृक्षव ॥१३
गता यदा न पश्यन्तो जयन्त्या सवृत गुरुम् ।
दाक्षिण्य तस्य तद्बुध्वा प्रतिजग्मुर्यथागतम् ॥१४

जब जयन्ती ने इस तरह शुक्र से कहा तो उसने दिव्य चक्षु से देख कर इससे कहा—हे वरारोहे ! तू महेन्द्र की पुत्री है और मेरे हितके लिये ही यहाँ पर आई है ॥८॥ हे भामिनी ! हे सुश्रोणि ! तू मेरे साथ जोकि समस्त प्राणियों से अदृश्य रहेगा, दश वर्ष तक सम्प्र योग की इच्छा करती है ॥६॥ हे देवेन्द्र ! अनल प्रभी ! हे वरारोहे ! हे सुन्दर नेत्रों वाली ! हे वल्गुभाषण करने वाली ! तब ही तू मुझसे इस कामना का प्राप्त कर ॥१०॥ हे मत्तकाशिनी ! ऐसा होवे अवगृहों को चलें । इसके अनन्तर अपने घर म आकर प्रभु शुक्र जयन्ती के साथ रहे ॥११॥ फिर वह उस देवी के साथ भागश दश वर्ष तक निवास कर रहे थे और उस समय वह समस्त प्राणियों के अदृश्य तथा माया से सवृत रहते थे ॥१२॥ समस्त दिति के पुत्र दैत्य सफल होकर आये हुए काव्य को देखकर उसके घर में देखने की इच्छा रखते हुए परम प्रसन्न होकर गये थे ॥१३॥ वे सब वहाँ गये तो जयन्ती के द्वारा सवृत गुरु को उन्होंने जब नहीं देखा था तो उसके उस दाक्षिण्य को जान कर जैसे ही आये थे वापिस चले गये ॥१४।

बृहस्पतिस्तु सरुद्ध ज्ञात्वा काव्य चकार ह ।
पित्रर्थं दश वर्षाणि जयन्त्या हितकाम्यया ॥१५

बुद्ध्वा तदन्तरं साध्य दैत्यानामिव चादितः ।
काव्यस्य रूपमास्थाय सोऽसुरान् समभाषत ॥१६
ततः समागतान् दृष्ट्वा बृहस्पतिरुवाच तान् ।
स्वागतं मम याज्यानां सम्प्राप्तोऽस्मि हिताय च ॥१७
अहं वोऽध्यापयिष्यामि प्राप्ता विद्या मया हि सा ।
ततस्ते हृष्टमनसो विद्यार्थमुपपेदिरे ॥१८
पूर्णकालस्तदा तस्मिन् समये दशवार्षिके ।
ययौ न समवायेन सञ्चारश्चमतिस्तदा ॥१९
समयान्ते देवयानी सद्यो जाता सुता तदा ।
बुद्धिं चक्रे ततश्चापि याज्यानां प्रत्यवधारणे ॥२०

बृहस्पति ने तो यह जान लिया था कि हित की भावना से ही अपनी के द्वारा दिया के लिए साध्य का खण्डन किया गया है ॥१५॥ इसके अनन्तर वह जानकर दैत्यों की भाँति प्रेरित होकर काव्य के स्वरूप को धारण कर असुरों से बोला ॥१६॥ फिर आये हुए उनसे बृहस्पति ने कहा—मेरे याज्य अर्थात् यजमानों का स्वागत है। मैं तुम्हारे सबके हित सम्पादन करने के लिए यहाँ आगया हूँ ॥१७॥ मैंने जो वहाँ विद्या प्राप्त की है उसे आप लोगों को सबको पढ़ाऊँगा। इससे प्रसन्न चित्त वाले वे सब असुर विद्या ग्रहण करने के लिए उपस्थित हुए थे ॥१८॥ उस समय में दश वार्षिक समय में पूर्ण काल समाप्त मति वाला समवाय ही से वहीं गया था ॥१९॥ समय के अन्त में तब देवयानी सुता सद्य उत्पन्न हुई और इसके पश्चात् याज्यों के प्रत्यवधारण करने के बारे में अपनी बुद्धि की थी ॥२०॥

दृष्टिं गत्वाऽसुरान् द्रष्टुं तत याज्यान् सुविस्मितः ।
विप्रा नक्षत्रिर साध्य निवर्णायितरागच ॥२१
व्यमुक्तात्मवाद् वो भज भक्तान् सनातन ।
तव प्रदान् गता धर्मो न धर्मं साधयामि ते ॥२२
ततः स्वानसुरान् दृष्ट्वा दत्तापार्येण यामता ।
सचिवान् काव्यरूपेण वचनागुरुमब्रवीत् ॥२३

काव्य मां तात जानीध्वं एष ह्याङ्गिरसो भुवि ।
वञ्चिता बत यूयं वै मयि शक्ते तु दानवाः ॥२४
श्रुत्वा तथा ब्रुवाणन्तं सम्भ्रान्ता दितिजास्ततः ।
प्रेक्षन्ते स्म ह्युभौ तत्र सितासितशुचिस्मितौ ॥२५
सम्प्रमूढा स्थिता सर्वे प्रापद्यन्त न किञ्चन ।
ततस्तेषु प्रमूढेषु काव्यस्तान् पुनरब्रवीत् ॥२६
आचार्यो वो ह्यहं काव्यो देवाचार्योऽयमङ्गिरा ।
अनुगच्छत मा सर्वे त्यजतैनं बृहस्पतिम् ॥२७

श्री शुक्र ने कहा—हे देवि ! हे शुचिस्मित वाली ! तेरे याज्यों को देखने के लिये अब जाते हैं हे विभ्रान्त प्रेक्षित वाली ! हे माध्वि ! हे निवर्णायन लोचने हम चलते हैं ॥२१॥ जब इस प्रकार देवी से कहा गया तो वह बोली हे महाव्रत ! अपने भक्तों को देखो । हे ब्रह्मन् ! यह सत्पुरुषों का धर्म होता है और मैं आपके धर्म का लोप नहीं करूँगी ॥२२॥ सूतजी ने कहा—इसके पश्चात् शुक्राचार्य ने जाकर असुरों को देखा जोकि परम धीमान् देवों के आचार्य बृहस्पति के द्वारा वञ्चित किये गये थे और काव्य के स्वरूप को धारण करके यह प्रवञ्चना की थी । तब वेधा असुरों से बोले ॥२३॥ हे तात ! मुझे ही यथार्थ में काव्य समझो यह तो भूमि में अङ्गिरा का पुत्र बृहस्पति है । हे दानवो ! आप लोग समर्थ मेरे रहते हुए वञ्चित किये गये हो ॥२४॥ उस तरह से बोलते हुए उसका वचन सुनकर उस समय में दिति के पुत्र सब बहुत ही भ्रान्ति से पूर्ण होगये थे । तब वे वहाँ उस समय में उन दोनों को जो सित एवं असित शुचिस्मित वाले थे उनको देख रहे थे ॥२५॥ वे सब सम्प्रमूढ होते हुए स्थित होगये और किसी निर्णय पर नहीं प्राप्त हुए । इसके अनन्तर उनके प्रकृष्ट रूप से मूढ हो जाने पर काव्य ने उनसे पुनः कहा ॥२६॥ आपका आचार्य मैं हूँ और यह अङ्गिरा देवाचार्य है । आप सब मेरा अनुगमन करो और इस बृहस्पति का त्याग कर दो ॥२७॥

एवमुक्तासुराः सर्वे तावुभौ समवेक्षत ।
तदाऽसुरा विशेषन्तु न व्यजानंस्तयोर्द्वयोः ॥२८

बृहस्पतिस्त्वाचैतानसम्भ्रान्तोऽब्रवमङ्गिरा ।
काव्योऽहं यो गुरुर्दैत्या मद्रूपोऽयं बृहस्पतिः ॥२९
स मोहयति रूपेण मामकेनैव वोऽसुराः ।
श्रुत्वा तस्य ततस्ते वै समभ्यार्थवचोऽब्रुवन् ॥३०
अयमसौ दश वर्षाणि सततं शास्ति वै प्रभुः ।
एष वै गुरुरस्माकमन्तरेप्सुरयं द्विजः ॥३१
ततस्ते दानवाः सर्वे प्रणिपत्याभिवाद्य च ।
वचनं जगृहुस्तस्य चिराभ्यासेन मोहिताः ॥३२
ऊचुस्तमसुराः सर्वे क्रुद्धाः संरक्तलोचनाः ।
अयं गुरुर्हितेऽस्माकं गच्छ त्वं नासि नो गुरुः ॥३३
भार्गवोऽङ्गिरसो वाथ भवत्वेवैष नो गुरुः ।
स्थिता वयं निदेशेऽस्य गच्छ त्वं साधु मा चिरम् ॥३४
एवमुक्त्वासुराः सर्वे प्रापद्यन्त बृहस्पतिम् ।
यदा न प्रतिपद्यन्ते तेनोक्तं तन्महद्धितम् ॥३५

इस तरह से कहे गये सब असुर उन दोनों को देखने लगे। तब असुरों ने उन दोनों में विशेषता कुछ भी नहीं जानी थी ॥२८॥ बृहस्पति ने इन असुरों से कहा—यह अङ्गिरा है और मेरा स्वरूप इसने धारण कर लिया है ऐसा इसे बृहस्पति समझो। हे दैत्यो! जो तुम्हारा गुरु है वह मैं ही काव्य हूँ ॥२९॥ हे असुरो! यह वह है जो मेरे रूप से आपको मोहित कर रहा है। इसके पश्चात् उन्होंने श्रवण कर और उसके सर्व वचन का भली भाँति विचार कर वे बोले ॥३०॥ इसने दश वर्ष तक निरन्तर प्रभु ने हमको शिक्षा दी है। इसी हेतु से यही हमारा गुरु है और यह द्विज अन्तरेप्सु है ॥३१॥ इसके अनन्तर वे समस्त दानव प्रणिपात एवं अभिवादन करके चिरकाल से मोहित होते हुए उनके अर्थात् बृहस्पति के वचन को ग्रहण करने लग गये ॥३२॥ समस्त असुर लाल नेत्रों वाले अत्यन्त क्रुद्ध होते हुए उनसे बोले—यह हमारे हित में गुरु है तुम चले जाओ, तुम हमारे गुरु नहीं हो ॥३३॥ चाहे भार्गव हो अथवा आङ्गिरस हो हमारा यह ही गुरु है। हम इसके ही निदेश में ही स्थित हैं, तुम जाओ अब

भलाई इसी मे है कि अपने चले जाने मे विलम्ब मत करो ॥३४॥ इस प्रकार शुक्र से समस्त असुरो ने कहकर वे बृहस्पति को ही प्राप्त हुए थे । वे प्रतिपन्न नही होते हैं जब उसने उनका महान् हित कहा था ॥३५॥

चुकोप भार्गवस्तेषामवलेपेन वै तदा ।
बोधिता हि मया यस्मान्न मा भजत दानवाः ॥३६

तस्मात् प्रनष्ट संज्ञा वै पराभवङ्गमिष्यथ ।
इति व्याहृत्य तान् काव्यो जगामाथ यथागतम् ॥३७

ज्ञात्वाऽभिशस्तानसुरान् काव्येन तु बृहस्पतिः ।
कृतार्थः स तदा हृष्ट स्व रूप प्रत्यपद्यत ।
बुद्ध्वाऽसुरास्तदा भ्रष्टान् कृतार्थोऽन्तरधीयत ॥३८
तत. प्रनष्टे तस्मिस्ते विभ्रान्ता दानवास्तदा ।
अहो धिग्वञ्चिता स्मेह परस्परमथाब्रुवन् ॥३९
पृष्ठतो विमुखाश्चैव ताडिता वेधसा वयम् ।
दग्धाश्चैवोपयोगाच्च स्वेस्वे चार्थेषु मायया ॥४०

ततोऽसुरा. परित्रस्ता देवेभ्यस्त्वरिता ययु ।
प्रह्लादमग्रत कृत्वा काव्यस्यानुगम पुनः ॥४१

तब तो भार्गव गर्व से उन असुरो पर अत्यन्त क्रोधित हुए । मैंने उन्हे खूब समझाया तो भी दानव मुझको नही भजते हैं ॥३६॥ इस कारण से सज्ञा नष्ट करने वाले निसन्देह वे पराभव को प्राप्त होगे । काव्य ने इस तरह ये वचन उन असुरो से कहे और जैसे ही वह आये थे चले गये ॥३७॥ काव्य के द्वारा अभिशस्त असुरो को बृहस्पति ने जानकर अपने आपको परम सफल समझते हुए अत्यन्त प्रसन्न होकर अपने ही स्वरूप को प्राप्त हुए । तब असुरो को भ्रष्ट जानकर कृतार्थ हुए अन्तर्धान होगये थे ॥३८॥ इसके बाद उसके प्रनष्ट होने पर उस समय दानव विभ्रान्त होगये और वे आपस मे कहने लगे कि हम लोगो को धिक्कार है आज वचित होगये हैं ॥३९॥ पीछे मे हम विमुख होगये और वेधा के द्वारा हम ताडित हुए है । और अपने-अपने उपयोग से हम अर्थो मे माया मे

दग्ध होगये हैं ॥४०॥ इसके अनन्तर देवों से परित्यक्त असुर प्रह्लाद को आगे करके शीघ्रता से हारकर काव्य के अनुगम को पुनः गये ॥४१॥

ततः काव्यं समासाद्य अभितस्थुरवाङ्मुखाः ।
तानागतान् पुनर्दृष्ट्वा काव्यो याज्यानुवाच ह ॥४२
मयापि बोधिता काले यतो मां नाभिनन्दथ ।
ततस्तेनावलेपेन गता यूयं पराभवम् ॥४३
प्रह्लादस्तमथोवाच मानं त्वं त्यज भार्गव ।
स्वान् याज्यान् भजमानांश्च भक्तांश्चैव विशेषतः ॥४४
त्वया पृष्टा वयं तेन देवाचार्येण मोहिताः ।
भक्तानर्हसि तस्मात्तु ज्ञात्वा दीर्घेण चक्षुषा ॥४५
यदि नस्त्वं न कुरुषे प्रसादं भृगुनन्दन ।
अपध्यातास्त्वया ह्यद्य प्रवेक्ष्यामो रसातलम् ॥४६
ज्ञात्वा काव्यो यथातत्त्वं कारुण्येनानुकम्पया ।
एवमुक्तोऽनुनीतः स स्तुतः कोपं न्ययच्छत ॥४७
उवाचैतान् भेतव्यं न गन्तव्यं रसातलम् ।
अवश्यम्भावी ह्यर्थोऽयं प्राप्तो वो मयि जाग्रति ॥४८

इसके अनन्तर काव्य के समीप में जाकर नीचे को मुख करके हुए बैठ गये । उन याज्यों को फिर आये हुए देखकर काव्य ने उनसे कहा ॥४२॥ मेरे द्वारा भली भाँति समझाये हुए भी तुम लोगों ने समय पर जिस कारण से अभिनन्दन नहीं किया था उसी हेतु से तुम अभिमान के वश होकर पराभव को प्राप्त हुए हो ॥४३॥ इसके उपरान्त प्रह्लाद ने उनसे कहा—हे भार्गव ! आप अब मान का परित्याग कर दीजिए और अपने याज्यों का जो भजमान हैं और विशेष रूप से भक्त हैं अनुग्रह कीजिए ॥४४॥ आपने जब पूछा था उस समय हम लोग देवाचार्य बृहस्पति के द्वारा मोहित हो गये थे । अब दूर की दृष्टि से सभी ज्ञान जानकर हम भक्तों की रक्षा करने के योग्य होते हैं ॥४५॥ हे भृगुनन्दन ! यदि आप हमारे ऊपर प्रसन्न नहीं होते हैं तो हम अब आपके द्वारा अपध्यात होते हुए आज ही रसातल में प्रवेश कर जायेंगे ॥४६॥

सूतजी ने कहा—वाक्य ने यथा तत्व को सब कुछ जानकर करुणा और कृपा से इस तरह कहे जाने पर बहुत अनुनय किया हुआ होकर तथा स्तुत होते हुए उसने जो असुरों पर बड़ा भारी क्रोध हो रहा था उसको त्याग दिया ।।४७।। और वह यह बोला—डरा मत और रसातल को भी नहीं जाना चाहिए । मेरे जाग्रत रहते हुए भी यह कुछ अवश्यभावी अर्थ ही था जोकि आप लोगों को प्राप्त होगया है ।।४८।।

न शक्यमन्यथा कर्तुं दिष्ट हि बलवत्तरम् ।
सज्ञा प्रनष्टा या वोऽद्य काम ता प्रतिलप्स्यथ ।।४६
प्राप्त पर्य्यायकालो व इति ब्रह्माऽभ्यभापत ।
मत्प्रसादाच्च युष्माभिर्भुक्त त्रैलोक्यमूर्ज्जितम् ।।५०
युगाख्यो दश सपूर्णो देवानाक्रम्य मूर्द्धनि ।
तावन्तमेव काल वै ब्रह्मा राज्यमभापत ।।५१
सार्वर्णिके पुनस्तुभ्य राज्य किल भविष्यति ।
लोकानामीश्वरो भावी पौत्रस्तव पुनर्बलि ।।५२
एव किलमह प्रोक्त पौत्रस्ते ब्रह्मणा स्वयम् ।
तथाह्रतेषु लाकेषु तपोऽस्य न किलाभवत् ।।५३
यस्मात् प्रवृत्तयश्चास्य न कामानभिसन्धिता ।
तस्मादजेन प्रीतेन दत्त सार्वर्णिकेऽन्तरे ।।५४
देवराज्य बलेर्भाव्यमिति मामोश्वरोऽब्रवीत् ।
तस्माददृश्यो भूताना कालाकाड्क्षी स तिष्ठति ।।५५
प्रीतेन चामरत्व वै दत्त तुभ्य स्वयम्भुवा ।
तस्मान्निरुत्सुकस्त्व वै पर्य्याय मह माकुल ५६

अब अन्यथा नहीं किया जा सकता है क्योंकि भाग्य सबसे अधिक बलवान् होता है । आज जो आप लोगों की सज्ञा प्रनष्ट हुई उसको फिर कामना पूर्वक प्राप्त करलोगे ।।४६।। आपका पर्याप्त काल प्राप्त होगया है—यह ब्रह्मा ने कहा—और मेरे प्रसाद से इस ऊर्जित त्रैलोक्य का आप लोगों ने भोग किया है ।।५०।। देवों को आक्रान्त करके उनके मूर्द्धा पर सम्पूर्ण दश युगाख्य होगया

है। उतने ही काल तक ब्रह्मा ने राज्य भोगा था ॥५१॥ सावर्णिक मनु के समय में फिर तेरे लिए राज्य होगा। तुम्हारा पौत्र बलि फिर लोकों का ईश्वर होने वाला होगा। ५२॥ ब्रह्मा के द्वारा स्वयं तेरा पौत्र इस तरह से मुझे कहा गया है। तथा आहरण किये गये लोकों में इसका सब निश्चय ही नहीं हुआ था ॥५३॥ जिस कारण से इसकी प्रवृत्तियाँ कामों को अभिसन्धित नहीं थी इससे प्रसन्न होकर काल प्रजा से सावर्णिक मन्वन्तर में दिया है ॥५४॥ ईश्वर ने मुझसे कहा है कि बलि का देवराज्य होगा। इससे भूतों को परस्पर यह काल की आकांक्षा रखने वाला स्थित है ॥५५॥ स्वयम्भू ने परम प्रसन्न होकर तेरे लिए अमरत्व का प्रदान किया है इसलिए निरुत्सुक तू पर्याय को सहन कर और अधीर मत हो ॥५६॥

न च शक्यं मया तुभ्यं पुरस्तात् विसर्पितुम् ।
ब्रह्मणा प्रतिषिद्धोऽस्मि भविष्यं जानता प्रभो ॥५७
इमौ च शिष्यौ द्वौ मह्यं तुल्यावेतौ बृहस्पते ।
दैवतैः सह संरब्धान् सर्वान् वो धारयिष्यतः ॥५८
एवमुक्तास्तु दैतेया काव्येनाक्लिष्टकर्मणा ।
ततस्ताभ्यां ययुः सार्द्धं प्रह्लादप्रमुखास्तदा ॥५९
अवश्यम्भावमर्थस्य श्रुत्वा शुक्राद्धि दानवाः ।
सहृष्टाः जयमानास्ते जयं काव्येन भाषितम् ॥६०
दंशिताः सायुधाः सर्वे ततो देवान् समाह्वयन् ।
अथ देवासुरान् दृष्ट्वा संग्रामे समुपस्थितान् ॥६१
ततः सन्नद्धसन्नाहा देवास्तान् समयोधयन् ।
देवासुरे ततस्तस्मिन् वर्तमाने शतं समाः ।
अजयन्नसुरा देवान् ततो देवा अमन्त्रयन् ॥६२
षण्डामार्कप्रभावेन न जानीमस्त्वसुरान् वयम् ।
तस्मादाह्वय समुद्दिश्य कार्यं साम्यादिगन्तु यत् ॥६३
सञ्ज्ञानागत्य तावथो कृत्वा जेष्यामोऽसुरान् ।
अपीतामन्त्रयन् देवाः षण्डामार्कौ तु भार्गवौ ॥६४

मुझसे तेरे लिये पहिले विमर्षण नहीं किया जा सकता है ब्रह्मा के द्वारा मैं प्रतिपिद्ध किया हुआ हूं हे प्रभो ! क्योंकि ब्रह्माजी समस्त भविष्य मे होने वाली बातो को जानते हैं ॥५७॥ वे दो शिष्य मेरे लिये बृहस्पति के तुल्य हैं देवो के साथ सरुद्ध आप सबको धारण करेंगे ॥५८॥ अक्लिष्ट कर्मा काव्य के द्वारा इस तरह कहे गये दिति के पुत्र उस समय वे सब जिनमे प्रह्लाद प्रमुख थे उन दोनो के साथ उस समय चले गये थे ॥५९॥ दानवो ने शुक्राचार्य गुरु से अवश्यम्भाव अर्थत्व को सुनकर काव्य के द्वारा भाषित जय को एकबार कहते हुए जा रहे थे ॥६०॥ दंशित और आयुधो से सुसज्जित उन्होने देवो का समाह्वान किया । इसके पश्चात् सग्राम भूमि म उपस्थित असुरा को देखकर सवृत्त सग्राद देवगण ने उनसे वहाँ आकर युद्ध किया था । उस देवासुर सग्राम म जो लगातार सौ वर्ष तक चलता रहा था असुरा न देवा का जीत लिया था और भान हुए देवो न विचार किया था ॥६१ ६२॥ देवा न कहा—हम असुरो के द्वारा पण्डामर्क का जो प्रभाव है उसे नहीं जानते हैं इसस यज्ञ का उद्देश्य करके और जो आत्महित हो उस ही करना चाहिए ॥६३॥ सो इन दोनो को ज्ञानाहत करके असुरो का जीत लेंगे । इसके उपरात देवगण ने उन दोनो षण्डामार्को ने उपामन्त्रित किया था ॥६४॥

यज्ञ समाह्वयिष्यामस्त्यजतमसुरान् द्विजौ ।
ग्रह त वा ग्रहीष्यामो हत्वाजित्य तु दानवान् ॥६५
एव त्यजतुस्तो तु षण्डामार्को तदासुरान् ।
ततो देवा जय प्राप्ता दानवाश्च पराभवम् ॥६६
देवासुरान् पराभाव्य षण्डामार्कावुपागमन् ।
काव्यशापाभिभूताश्च ह्यनाधाराश्च ते पुन ॥६७
वध्यमानास्तदा देवैर्विविशुस्ते रसातलम् ।
एव निरुद्यमास्ते वै कृता शक्रेण दानवा ।
ततःप्रभृति शापेन भृगुर्नैमित्तिकेन च ॥६८
जज्ञे पुन पुनर्विष्णुर्यज्ञे च शिथिले प्रभु ।
कर्तुं धर्मव्यवस्थानमधर्मस्य च नाशनम् ॥६९

प्रह्लादस्य निदेशे तु येऽसुरा न व्यवस्थिताः ।
मनुष्यवध्यास्तान् सर्वान् ब्रह्मा व्याहारयत् प्रभुः ॥७०
धर्मान्नारायणस्तस्मात् सम्भूतश्चाक्षुषेऽन्तरे ।
यज्ञं प्रवर्त्तयामास चैत्ये वैवस्वतेऽन्तरे ॥७१

हे द्विजो ! हम सात दानों को मन्त्र से बुलायेंगे तब असुरों को छोड़ दो । अथवा उस इन्द्र या दानवों को जीत कर भस्म कर लेंगे ॥६५॥ इस तरह से उस समय में उन दानों षण्डामार्क ब्राह्मणों ने असुरों का त्याग किया था । इसके पश्चात् देवता जय को प्राप्त होगये और दानव सब पराभूत होगये थे ॥६६॥ देवगणों को पराभूत करके षण्डामार्क जानते थे किन्तु वे काव्य के शाप से अभिभूत और फिर वे निराधार होगये थे ॥६७॥ तब उस समय में देवताओं के द्वारा वध्यमान होते हुए वे असुर रसातल में प्रवेश करने लगे थे । इस तरह से उद्यमहीन उन असुरों के समूह इन्द्र के द्वारा संहार कर दिये गये थे । तब से संसार में भृगु निमित्तक शाप से पूर्ण प्रभावित होगये थे ॥६८॥ भगवान् विष्णु ने बार बार यज्ञ के निवृत्त हो जाने पर धर्म की व्यवस्था करने के लिए तथा अधर्म का समूलोन्मूलन करने के लिए जन्म ग्रहण किया था ॥६९॥ जो असुर प्रह्लाद के निदेश में स्थित नहीं रहे थे उन सबको प्रभु ब्रह्मा ने मनुष्यों के द्वारा वध्य करने के योग्य बताया था ॥७०॥ चाक्षुष मन्वन्तर में धर्म से नारायण सम्भूत हुए थे और वैवस्वत मन्वन्तर में चैत्य में उन्होंने यज्ञ का प्रवृत्त कराया था ॥७१॥

प्रादुर्भावे ततस्तस्य ब्रह्मैवासीत् पुरोहितः ।
चतुर्थ्यां तु युगाख्यायामापन्नेष्वसुरेष्वथ ॥७२
सम्भूतः स समुद्रान्तर्हिरण्यकशिपोर्वधे ।
द्वितीयो नरसिंहोऽभूद्रुद्रः सुरपुरःसरः ॥७३
बलिसंस्थेषु लोकेषु त्रेतायां सप्तमे युगे ।
दैत्यैस्त्रैलोक्य आक्रान्ते तृतीयो वामनोऽभवत् ॥७४
संक्षिप्यात्मानमङ्गेषु बृहस्पतिपुरःसरम् ।

यजमानन्तु दैत्येन्द्रमदित्याः कुलनन्दन ।
द्विजो भूत्वा शुभे काले बलिं वैरोचनम्पुरा ॥७५
त्रैलोक्यस्य भवान् राजा त्वयि सर्व्वं प्रतिष्ठितम् ।
दातुमर्हसि मे राजन् विक्रमास्त्रीनिति प्रभु ॥७६
ददामीत्येव त राजा बलिर्वैरोचनोऽब्रवीत् ।
वामनन्त च विज्ञाय ततोऽनुमुदितः स्वयम् ॥७७
स वामनो दिव खं च पृथिवी च द्विजोत्तमा ।
त्रिभि क्रमैविश्वमिद जगदाक्रामत प्रभु ॥७८
अत्यरिच्यत भूतात्मा भास्कर स्वेन तेजसा ।
प्रकाशयन् दिश. सर्व्वा प्रदिशश्च महायशा ॥७९

इसके उपरान्त चतुर्थी युगाख्या में असुरों के आपन्न होने पर उस समय मत्स्य के प्रादुर्भाव होने पर ब्रह्मा ही पुरोहित हुए थे ॥७२॥ हिरण्यकशिपु के वध में वह समुद्र के मध्य से सम्भूत हुए थे। द्वितीय सुर पुरस्सर रुद्र नरसिंह हुआ था ॥७३॥ सप्तम युग में त्रेता में लोकों के बलिसम्य होने पर दैत्यों के द्वारा तीनों लोकों को आक्रान्त कर लेने पर तृतीय वामन के रूप में अवतीर्ण हुए थे ॥७४॥ बृहस्पति के पुरस्सर अगों में अपने आपको संक्षिप्त करके अदिति के कुल नन्दन ने दैत्यों के स्वामी बलि को यजमान बनाया था। स्वयं एक द्विज होकर शुभ समय पहिले वैरोचन बलि के पास पहुँचे थे ॥७५॥ और राजा बलि से वामन देव ने एक ब्राह्मण के स्वरूप में जाकर कहा—आप तीनों लोकों के राजा हैं। आपमें सभी कुछ प्रतिष्ठित है अर्थात् आपके पास सभी कुछ है। हे राजन्! प्रभु आप मुझे तीन पैंड भूमि को दान देने के योग्य होते हैं ॥७६॥ उस समय में वैरोचन राजा बलि ने उनसे यह वचन कहा—हाँ, मैं आपको तीन पैंड भूमि का दान देता हूँ। और उस ब्राह्मण को वामन (बौना) जानकर स्वयं अनुमुदित हुआ था ॥७७॥ हे द्विजगणो! उस वामन देव ने दिव–आकाश और पृथिवी को तीन ही पैंडों से प्रभु ने इस विश्व समस्त जगत् को आक्रान्त कर लिया था ॥७८॥ उस भूतों के आत्मा ने अपने तेज से भास्कर को भी

अतिरिक्त कर दिया था। उस महान् यश वाले प्रभु वामन ने दिशा और प्रदिशाओं को अपने तेज से प्रकाश युक्त कर दिया था ॥७६॥

शुशुभे स महाबाहुः सर्व्वंलोकान् प्रकाशयन् ।
आसुरीं श्रियमाहृत्य त्रींल्लोकांश्च जनार्दनः ।
सपुत्रपौत्रानसुरान् पातालतलमानयत् ॥८०
नमुचिः शम्बरश्चैव प्रह्लादश्चैव विष्णुना ।
क्रूरा हता विनिर्द्धूता दिशः सम्प्रतिपेदिरे ॥८१
महाभूतानि भूतात्मा सविशेषाणि माधवः ।
कालञ्च सकलं विप्रास्तत्राद्भुतमदर्शयत् ॥८२
तस्य गात्रे जगत्सर्वमात्मानमनुपश्यति ।
न किञ्चिदस्ति लोकेषु यदव्याप्तं महात्मना ॥८३
तद्वै रूपमुपेन्द्रस्य देवदानवमानवाः ।
दृष्ट्वा सम्मुमुहुः सर्वे विष्णुतेजोविमोहिताः ॥८४
बलिर्बद्धो महापाशैः सबन्धुः ससुहृद्गणः ।
विरोचनकुलं सर्वं पाताले सन्निवेशितम् ॥८५
ततः सर्वामरैश्वर्यं दत्त्वेन्द्राय महात्मने ।
मानुषेषु महाबाहुः प्रादुरासीज्जनार्दनः ॥८६
एतास्तिस्रः स्मृतास्तस्य दिव्याः सम्भूतयः शुभाः ।
मानुष्याः सप्त यास्तस्य शापजास्ता निबोधत ॥८७

उस समय भगवान् अत्यन्त शोभा पा रहे थे और असुरों की समस्त श्री का अपहरण करके महान् बाहु वाले समस्त लोकों का प्रकाश करते हुए परम शोभा को प्राप्त हुए थे। तथा पुत्र एवं पौत्रों के सहित समस्त असुरों को पाताल में ले आये थे ॥८०॥ विष्णु के द्वारा नमुचि-शम्बर और प्रह्लाद जो भी क्रूर दैत्य थे वे मारे गये थे और वे सब विनिर्द्धूत होकर दिशाओं में चले गये थे ॥८१॥ माधव ने जो कि समस्त भूतों के आत्मा हैं सविशेष महाभूतों को तथा समस्त काल को [illegible] अद्भुत रूप में दिखलाया था ॥८२॥ उनके शरीर में [illegible] समस्त जगत् को आत्मा [illegible] देखा करता है।

लोकों में कुछ भी ऐसी वस्तु नहीं है जो इन महान् आत्मा के द्वारा व्याप्त न हो अर्थात् सभी कुछ उसमें व्याप्त था ॥८३॥ उस उपेन्द्र भगवान् के स्वरूप का दर्शन कर सभी देव-दानव और मानव विष्णु भगवान् उसके अद्भुत तेज से विशेष रूप से मोहित होते हुए अत्यन्त मुग्ध होगये थे ॥८४॥ राजा वलि उसके समस्त बन्धु और मित्रगण के सहित महापाशो मे बद्ध किया हुआ तथा पूर्ण विरोचन-कुल पाताल लोक में सन्निवेशित कर दिया गया था ॥८५॥ इसके पश्चात् समस्त देवों के द्वारा समस्त वैभव महान् आत्मा वाले इन्द्र के लिये देकर महान् बाहु वाले भगवान् जनार्दन मानुषों में प्रादुर्भूत हुए थे ॥८६॥ ये तीन उसकी दिव्य एवं शुभ सम्विभूतियाँ कही गई हैं। उसकी जो सात मानुष्य हैं उनको शापज समझना चाहिए ॥८७॥

त्रेतायुगे तु दशमे दत्तात्रेयो बभूव ह।
नष्टे धर्मे चतुर्थश्च मार्कण्डेयपुरः सरः ॥८८
पञ्चमः पञ्चदश्या तु त्रेताया सम्बभूव ह।
मान्धातुश्चक्रवर्त्तित्वे तस्थौ तथ्यपुरः सुरः ॥८९
एकोनविंशे त्रेताया सर्वक्षत्रान्तकोऽभवत्।
जामदग्न्यस्तथा षष्ठो विश्वामित्रपुरः सरः ॥९०
चतुर्विंशे युगे रामो वसिष्ठेन पुरोधसा।
सप्तमो रावणस्यार्थे जज्ञे दशरथात्मजः ॥९१
अष्टमो द्वापरे विष्णुरष्टाविंशे पराशरात्।
वेदव्यासस्ततो जज्ञे जातूकर्णपुरः सरः ॥९२
तथैव नवमो विष्णुरदित्याः कश्यपात्मजः।
देवक्या वसुदेवात्तु ब्रह्मगार्ग्यपुरः सरः ॥९३

दशम त्रेता युग में दत्तात्रेय हुए थे। जबकि यहाँ धर्म का नाश होगया था उस समय में मार्कण्डेय को आगे रखने वाला यह चतुर्थ अवतार था ॥८८॥ पाँचवाँ पञ्चदशी में त्रेता में हुआ था जोकि मान्धाता के चक्रवर्ती होने पर तथ्य का पुरस्सर करने वाला स्थित हुआ था ॥८९॥ उन्नीसवें त्रेतायुग में समस्त क्षत्रियों का अन्त कर देने वाला अवतार हुआ था जोकि जमदग्नि से हुआ था

और विश्वामित्र को पुरस्सर रखने वाला छठा अवतार था ॥८९॥ चौबीसवें त्रेतायुग में पुरोहित वसिष्ठ के द्वारा श्रीराम हुए थे। यह दशरथ महाराज के पुत्र श्री राघव रावण के निधन अर्थात् दशग्रीव के वध करने के लिये सातवाँ अवतार हुआ था ॥९१॥ अट्ठाईसवें युग के द्वापर में पराशर से विष्णु का आठवाँ अवतार हुआ था। इसके पश्चात् जातूकर्ण्य पुरस्सर श्री वेदव्यास ने जन्म ग्रहण किया था ॥९२॥ उसी प्रकार से नवम कश्यप ऋषि का पुत्र अदिति से विष्णु का अवतार हुआ था ॥९३॥

अप्रमेयो नियोज्यश्च यत्र कामचरो वशी ।
क्रीडते भगवाँल्लोके बालः क्रीडनकैरिव ॥९४
न प्रमातुं महाबाहुः शक्योऽसौ मधुसूदनः ।
परं परममेतस्माद्विश्वरूपान्न विद्यते ।९५
अष्टाविंशतिमे तद्वद्द्वापरस्यांशसंक्षये ।
नष्टे धर्मे तदा जज्ञे विष्णुर्वृष्णिकुले प्रभुः ।९६
कर्तुं धर्मव्यवस्थानमसुराणां प्रणाशनम् ।
मारयन् सर्वभूतानि योगात्मा योगमायया ।९७
प्रविष्टो मानुषीं योनिं प्रच्छन्नश्चरते महीम् ।
विहारार्थं मनुष्येषु सान्दीपनिपुरःसरम् ॥९८
यत्र कंसश्च साल्वश्च द्विविदश्च महासुरः ।
अरिष्टो वृषभश्चैव पूतना केशिनं हयम् ॥९९
नागं कुवलयापीडं मल्लराजगृहाधिपम् ।
दैत्यान् मानुषदेहस्थान् सूदयामास वीर्यवान् ॥१००

वसुदेव के द्वारा से वही और गर्ग को पुरस्सर रखने वाला अवतार हुआ था जो अप्रमेय अर्थात् बुद्धि से न जानने के योग्य और नियोज्य था। फिर अवतार में कामचर वशी अर्थात् यथेच्छ स्वरूप में विचरण करते हुए बालक के क्रीडन का अर्थात् खिलौना से क्रीडा किया करते हैं ॥९४॥ यह महाबाहु मधुसूदन अप्रमेय हैं, प्रमा का विषय नहीं हो सकता है। इस विश्वरूप से परम पर कोई भी नहीं है ॥९५॥ अट्ठाईसवें उस द्वापर युग के अंश के क्षय के समय में धर्म के

नष्ट हो जाने पर उस समय में प्रभु विष्णु ने वृष्णियों के कुल में अपने जन्म को ग्रहण किया था ॥९६॥ भगवान् विष्णु ने विनष्ट धर्म को संस्थापित करने की व्यवस्था करने के लिये और महान् दुष्ट असुरों का नाश करने के हेतु योगात्मा ने अपनी योग माया से समस्त प्राणियों को मोहित करते हुए इस मानुषी योनि में प्रवेश किया था और वह प्रच्छन्न होते हुए ही भूमण्डल में विचरण करते हैं। सान्दीपनि के पुरस्सर मनुष्यों में विहार करने के लिये ही उनने जन्म लिया था ॥९७-९८॥ जहाँ पर कंस—शाल्व—द्विविद महासुर—अरिष्ट—वृषभ—पूतना—हयकेशी—कुवलयापीड हाथी—मल्लराजगृहाधिप इन सब मानुष देह में स्थित दैत्यों को वीर्यवान् ने निहत किया था ॥९९-१००॥

छिन्नं बाहुसहस्रञ्च बाणस्याद्भुतकर्मणः ।
नरकश्च हतः सङ्ख्ये यवनश्च महाबल ॥१०१
हृतानि च महीपानां सर्वरत्नानि तेजसा ।
दुराचाराश्च निहताः पार्थिवा ये रसातले ॥१०२
एते लोकहितार्थाय प्रादुर्भावा महात्मनः ।
अस्मिन्नेव युगे क्षीणे सन्ध्याश्लिष्टे भविष्यति ॥१०३
कल्किर्विष्णुयशा नाम पाराशर्यः प्रतापवान् ।
दशमो भाव्यसम्भूतो याज्ञवल्क्यपुरःसरः ॥१०४
अनुकर्षन् सर्वसेनां हस्त्यश्वरथसङ्कुलाम् ।
प्रगृहीतायुधैर्विप्रैर्वृतः शतसहस्रशः ॥१०५
नात्यर्थं धार्मिका ये च ये च धर्मद्विषः क्वचित् ।
उदीच्यान्मध्यदेशांश्च तथा विन्ध्यापरान्तिकान् ॥१०६
तथैव दाक्षिणात्यांश्च द्रविडान् सिंहलैः सह ।
गान्धारान् पारदांश्चैव पह्लवान् यवनाञ्छकान् ॥१०७
तुषारान् बर्बरांश्चैव पुलिन्दान् दरदान् खसान् ।
लम्पाकानन्धकान् रुद्रान् किरातांश्चैव स प्रभुः ॥१०८
प्रवृत्तचक्रो बलवान् म्लेच्छानामन्तकृद्बली ।
अदृश्यः सर्वभूतानां पृथिवीं विचरिष्यति ॥१०९

कृत्वा बीजावशेषान्तु मही क्रूरेण कर्म्मणा ।
सशातयित्वा वृषलान् प्रायशस्तानधार्म्मिकान् ॥११४

तत स वै तदा कल्किश्चरितार्थ ससैनिक ।
कर्मणा निहता ये तु सिद्धास्ते तु पुन स्वयम् ११५

अकस्मात् कुपितान्योन्य भविष्यन्ति च मोहिता. ।
क्षपयित्वा तु तान् सर्वान् भाविनार्थेन चोदितान् ॥११६

गङ्गायमुनयोर्मध्ये निष्टा प्राप्स्यति सानुगः ।
ततो व्यतीते कल्को तु सामान्यं सह सैनिकैः ११७

नृपेष्वथ विनष्टेषु तदा त्वप्रग्रहा प्रजा ।
रक्षणे विनिवृत्ते तु हत्वा चान्योन्यमाहवे ॥११८

धीमान् देव के अश से उस मानव ने जन्म ग्रहण किया था । जो विष्णु पहिले जन्म में वीर्य वाला प्रमिति नाम वाला था ॥११०॥ पूर्ण कलियुग में शरीर से चन्द्रमा के तुल्य हुआ था ये इतन उस देव के जन्म (अवतार) कहे गये हैं ॥१११॥ उस-उस काल को और उस-उस कार्य को उस-उस कारण का उद्देश्य करके तीनो लोको मे अश से उन-उन योनियो को प्राप्त करेंगे ॥११२॥ पच्चीसवें कल्प के उत्थित होने पर पच्चीस वर्ष जब होंगे तब समस्त प्राणियो को हनन करते हुए सब ओर से मनुष्यो को ही बीजावशेष वाली मही को करके क्रूर कर्म से युक्त वृष लोकों तथा प्राय जो अधार्मिक थे उन सबको मारकर इसके पश्चात् उस समय वह कल्कि सेना के सहित चरितार्थ हुए थे । जो कर्म से निहत हुए थे वे पुन स्वय सिद्ध होगये थे ॥११३-११४-११५॥ मनुष्य अचानक ही परस्पर मे कुपित हो जाने वाले और मोहित हो जायगे । भावी और अर्थ से प्रेरित उन सबको समाप्त करके गङ्गा और यमुना के मध्य मे अनुग के सहित वह निष्ठा को प्राप्त करेंगे इसके उपरान्त सामान्य सैनिको के साथ कल्कि के व्यतीत हो जाने पर और इसके अनन्तर राजाओं के विनष्ट हो जाने पर उस समय समस्त प्रजा अप्रग्रह (निरंकुश) हो जायगी । रक्षण के समाप्त हो जाने पर आपस मे ही युद्ध करके हनन करने लगेंगे ॥११६-११७-११८॥

परस्परहृतद्रव्या निरानन्दाः सुदुःखिता ।
पुराणि हित्वा ग्रामांश्च तुल्यास्ता निष्परिग्रहा. ॥११९
प्रनष्टश्रुतिधर्माश्च नष्टधर्माश्रमास्तथा ।
ह्रस्वा अल्पायुषश्चैव वनौकस इमे स्मृताः ॥१२०
सरित्पर्वतसेविन्य पत्रमूलफलाशना ।
चीरपत्राजिनधरा सङ्करं घोरमास्थिता ॥१२१
अल्पायुषो नष्टवार्त्ता बहुबाधा सुदुःखिताः ।
एवं कष्टमनुप्राप्ता कलिसन्ध्यंशके तदा ॥१२२
प्रजा क्षयं प्रयास्यन्ति सार्द्धं कलियुगेन तु ।
क्षीणे कलियुगे तस्मिन् प्रवृत्ते च कृते पुनः ॥१२३
प्रपत्स्यन्ते यथान्यायं स्वभावादेव नान्यथा ।
इत्येतत् कीर्तितं सर्वं देवासुरविचेष्टितम् ॥१२४
यदुवंशप्रसङ्गेन महद्वो वैष्णवं यशः ।
तुर्वसोस्तु प्रवक्ष्यामि पुरोर्द्रुह्योरनोस्तथा ॥१२५

परस्पर में द्रव्यापहरण—निरानन्द अर्थात् निरन्तर रुदन करने वाले और परम दुःखित लोग रहेंगे और ग्रामों का त्याग करके सब समान निष्परिग्रह हो जावेंगे ॥११९॥ सब लोग तब हुआ करेंगे जिनका श्रुतिधर्म नष्ट होगया है और आश्रम धर्म नष्ट हो जाने वाले हैं—कद में बहुत ही छोटे—अल्प आयु वाले वनवासी जैसे ही कहे गये हैं ॥ १२० ॥ नदी और पर्वतों पर रहने वाले—पत्र—मूल—फल और पत्तों का अशन करने वाले—चीर पत्र तथा चर्म को धारण करने वाले और घोर सङ्कर अवस्था में आस्थित हो जावेंगे ॥१२१॥ बहुत ही थोड़ी उम्र वाले नष्ट वार्त्ता वाले—बहुत बाधाओं से युक्त—अत्यन्त दुःखित हुए उस समय में कलियुग की सन्ध्या के अंश में कष्ट को प्राप्त होने वाले होंगे ॥१२२॥ इस प्रकार कलियुग के साथ ही समस्त प्रजा क्षय को प्राप्त हो जायगी। उस कलियुग के क्षीण होजाने पर और पुनः कृत युग की प्रवृत्ति होती है ॥१२३॥ जब पुनः युग प्रवृत्त होता तो फिर स्वभाव के अनुसार यथान्याय ही सब ठीक होजाता और कोई भी अन्यथा नहीं

रहेगा । यह समस्त देवासुर विचेष्टित का वर्णन कर दिया है ॥१२४॥ अब मैं यदुवंश के प्रसङ्ग से आप लोगों से महान् वैष्णव यश तुर्वसु-पूरु द्रुह्यु और अनु का यश वर्णन करूँगा ॥१२५॥

## प्रकरण ६१—अनुषंगपाद समाप्ति

तुर्वसोस्तु सुतो वह्निर्वह्नेर्गोभानुरात्मज ।
गोभानोस्तु सुतो वीरस्त्रिसानुरपराजितः ॥१
करन्धमस्त्रिसानोस्तु मरुत्तस्तस्य चात्मज ।
अन्यस्त्ववीक्षितो राजा मरुत्त कथित पुरा ॥२
अनपत्यो मरुत्तस्तु स राजासीदिति श्रुतम् ।
दुष्कृत पौरव चापि सर्वं पुत्रमकल्पयन् ॥३
एव ययातिशापेन जरया सक्रमेण तु ।
तुर्वसो पौरव वश प्रविवेश पुरा किल ॥४
दुष्कृतस्य तु दायाद शरूथो नाम पार्थिव ।
शरूथात्तु जनापीडश्चत्वारस्तस्य चात्मजा ॥५
पाण्ड्यश्च केरलश्चैव चोल कुल्यस्तथैव च ।
तेषा जनपदा कुल्या पाण्ड्याश्चोला सकेरला ॥६
द्रुह्योस्तु तनयौ वीरौ वभ्रु सेतुश्च विश्रुतौ ।
अरुद्ध सेतुपुत्रस्तु बाभ्रवो रिपुरुच्यते ॥७
यौवनाश्वेन समिति कृच्छ्रेण निहतो बली ।
युद्ध सुमहदासीत्तु मासान् परि चतुर्दश ॥८

श्री सूतजी ने कहा—तुर्वसु का पुत्र वह्नि था और वह्नि का आत्मज गोभानु हुआ था । फिर गोभानु का पुत्र अपराजित तथा वीर त्रिसानु नाम वाला उत्पन्न हुआ था ॥१॥ त्रिसानु का पुत्र करन्धम हुआ और उनका पुत्र मरुत्त नामक उत्पन्न हुआ । पहिले मरुत्त राजा अन्यस्त्ववीक्षित कहा गया था ॥२॥

यह सत्य राजा सन्तान हीन था—ऐसा सुना गया है। दुष्कृत और पौरव ने भी सबने पुत्र को कल्पित किया था ॥३॥ इस प्रकार से ययाति के शाप से जरा के सङ्क्रमण से तुर्वसु ने पौरव वंश में पहिले प्रवेश किया था ॥४॥ दुष्कृत का दायाद अर्थात् पुत्र सारूप नाम वाला राजा हुआ और सारूप से जनापीड हुआ। उसके चार पुत्र थे ॥५॥ पाण्ड्य–केरल–चोल और कुल्य थे उन चारों के नाम थे। उनके जनपद भी कुल्य–पाण्ड्य–चोल और केरल इन्हीं नामों से हुए थे ॥६॥ द्रुह्यु के दो वीर पुत्र हुए थे जो बभ्रु और सेतु इन नामों से प्रसिद्ध थे। सेतु का पुत्र अरद्ध था और बभ्रु का रिपु इस नाम से कहा जाता है ॥७॥ यौवनाश्व के द्वारा समिति कठिनाई से बली निहत हुआ था और चौदह मास तक बहुत बड़ा युद्ध हुआ था ॥८॥

अरद्धस्य तु दायादो गान्धारो नाम पार्थिवः ।
ख्यायते यस्य नाम्ना तु गान्धारविषयो महान् ॥९
गान्धारदेशजाश्चापि तुरगा वाजिनां वराः ।
गान्धारपुत्रो धर्मस्तु धृतस्तस्य सुतोऽभवत् ॥१०
धृतस्य दुदमो जज्ञे प्रचेतास्तस्य चात्मजः ।
प्रचेतसः पुत्रशतं राजानः सर्व एव ते ॥११
म्लेच्छराष्ट्राधिपाः सर्वे ह्युदीचीं दिशमाश्रिताः ।
अनोः पुत्रा महात्मानस्त्रयः परमधार्मिकाः ॥१२
सभानरश्च पक्षश्च परपक्षस्तथैव च
सभानरस्य पुत्रस्तु विद्वान् कालानलो नृपः ॥१३
कालानलस्य धर्मात्मा सृञ्जयो नाम धार्मिकः ।
सृञ्जयस्याभवत् पुत्रो वीरो राजा पुरञ्जयः ॥१४
जनमेजयो महाभाग पुरञ्जयसुतोऽभवत् ।
जनमेजयस्य राजर्षेर्महाशालोऽभवन्नृपः ॥१५
आसीदिन्द्रसमो राजा प्रतिष्ठितयशा दिवि ।
महामना सुतस्तस्य महाशालस्य धार्मिकः ॥१६

प्ररुद्ध का दायाद गान्धार नाम वाला नृप हुआ था। जिसके नाम से एक बहुत बड़ा देश प्रसिद्ध है। ९॥ गान्धार देश में उत्पन्न होने वाले घोड़े में परम श्रेष्ठ तुरग होते हैं। गान्धार का पुत्र धर्म्म था और उसका सुत घृत नामक हुआ था ॥१०॥ घृत के दुर्दम ने जन्म लिया और दुर्दम ने जन्म लिया और दुर्दम का पुत्र प्रचेता हुआ। प्रचेता के एक सौ पुत्र हुए थे और वे सभी राजा हुए थे ॥११॥ वे सब म्लेच्छ राष्ट्रों के स्वामी हुए थे और उनने उत्तर दिशा का आश्रय लिया था। अनु के परम धार्मिक महान् आत्मा वाले तीन पुत्र हुए थे ॥१२॥ उन तीनों के नाम सभानर-पक्ष और पर पक्ष थे। सभानर के यहाँ उसका पुत्र परम विद्वान् कालानल नृप हुआ था ॥१३॥ कालानल का धर्मात्मा सृञ्जय नाम वाला धार्मिक पुत्र हुआ था। सृञ्जय का पुत्र वीर पुरञ्जय ? राजा हुआ था ॥१४॥ महान् सत्त्व वाला जनमेजय पुरञ्जय का पुत्र उत्पन्न हुआ था। राजर्षि जनमेजय का पुत्र महाशाल नाम वाला नृप हुआ था ॥१५॥ यह राजा दिवलोक प्रतिष्ठित यश वाला इन्द्र के समान हुआ था। उस महाशाल या महामना नामक परम धार्मिक पुत्र हुआ था ॥१६॥

सप्तद्वीपेश्वरो राजा चक्रवर्त्ती महायशा ।
महामनास्तु पुत्रौ द्वौ जनयामास विश्रुतौ ॥१७
उशीनरञ्च धर्मज्ञं तितिक्षुञ्चैव धार्मिकम् ।
उशीनरस्य पत्न्यस्तु पञ्च राजर्षिवंशजा ॥१८
मृगा कृमी नवा दर्वा पञ्चमी च दृषद्वती ।
उशीनरस्य पुत्रास्तु पञ्च तासु कुलोद्वहा. ।
तपसा ते सुमहता जातवृद्धाश्च धार्मिका: ॥१९
मृगायास्तु मृग पुत्रो नवाया नव एव तु ।
कृम्या कृमिस्तु दर्वाया सुव्रतो नाम धार्मिक: ॥२०
दृषद्वतीसुतश्चापि शिविरौशीनरो द्विजा ।
शिवे शिवपुरं स्यात् यौधेयन्तु मृगस्य तु ॥२१
नवस्य नवराष्ट्रन्तु कृमेस्तु कृमिला पुरी ।
सुव्रतस्य तथा वृष्टा शिविपुत्र निबोधत ॥२२

अङ्ग स जनयमास वङ्ग सुह्म तथैव च ।
पुण्ड्र कलिङ्गश्च तथा वालेय क्षत्रमुच्यते ॥२८
वालेया ब्राह्मणाश्चैव तस्य वंशकरा. प्रभो: ।
बलेस्तु ब्रह्मणा दत्ता वरा प्रीतेन धीमते ॥२९
महायोगित्वमायुश्च कल्पायु परिमाणकम् ।
सग्रामे चाप्यजेयत्व धर्मे चैव प्रभावना ॥३०
त्रलोक्यदर्शनञ्चैव प्राधान्य प्रसवे तथा ।
बले चाप्रतिमत्व वै धर्मतत्त्वार्थदर्शनम् ॥३१
चतुरो नियतान् वर्णान् त्व वै स्थापयितेति च ।
इत्युक्तो विभुना राजा बलि शान्तिम्परा ययौ ॥३२

तितिक्षु पूर्व दिशा मे परम प्रसिद्ध राजा हुआ था। उशद्रथ महाबाहु उसका हेम पुत्र हुआ था ॥२५॥ हेम का सुतपा, बली सुतपसा उत्पन्न हुआ था। जो वश के क्षीण होजाने पर प्रजा की इच्छा से मनुष्य की योनि में उत्पन्न हुआ था ॥२६॥ बद्धबलि जो था वह महामना और महायोगी था। उसने भूमि में चारो वर्णों के करने वाले पुत्रो को उत्पन्न किया था ॥२७॥ उसने अङ्ग-वङ्ग-सुह्म-पुण्ड्र-कलिङ्ग तथा बालय को जन्म दिया था जो क्षत्र कहे जाते हैं। बालेय और ब्राह्मण उस प्रभु के वश करने वाले थे। बुद्धिमान् बलि के लिये प्रसन्न होने वाले ब्रह्मा ने वरदान दिये थे ॥२८॥ वे वरदान ये थे—महान् योगित्व का होना और कल्पायु परिमाण वाली आयु-सग्राम मे अजेय रहना और धर्म में प्रकृष्ट भावना का रहना ॥३०॥ त्रैलोक्य का दर्शन और प्रसव में प्राधान्य-बल मे अनुपम होना तथा धर्म के तत्वार्थ का दर्शन-ये वरदान देते हुए ब्रह्माजी ने कहा था तुम नियत चार वर्णों को स्थापित करने वाले हो—इस तरह से विभु के द्वारा जब कहा गया तो राजा बलि को परम शान्ति प्राप्त हुई थी ॥३१-३२॥

कालेन महता विद्वान् स्व वै स्थानमुपागत ।
तेषा जन द. स्फीता वङ्गाङ्गसुह्मकास्तथा ॥३३

इसीलिये कर्ण सूतज हुआ था। यह सब कर्ण के विषय मे प्रेरित किया गया वह मैंने वर्णन कर दिया है ॥३९॥ ये अङ्ग के वश मे उत्पन्न होने वाले सभी राजा मैंने बतला दिये हैं। अब विस्तार के साथ और आनुपूर्वी के अनुसार पूरु की सन्तति का तुम सब मुझसे श्रवण करो ॥४०॥

पूरो पुत्रो महाबाहू राजासीज्जनमेजय ।
प्रविद्धस्तु सुतस्तस्य य प्राचीमजयद्दिशम् ॥४१
प्रविद्धत प्रवीरस्तु मनस्युरभवत्सुत ।
राजाथो जयदो नाम मनस्योरभवत्सुत ॥४२
दायादस्तस्य चाप्यासीद्ध न्धुर्नाम महीपति ।
धुन्धोर्बहुगवी पुत्र सञ्जातिस्तस्य चात्मज ॥४३
सञ्जातेरथ रौद्राश्वस्तस्य पुत्रान्निबोधत ।
रौद्राश्वस्य घृताच्या वै दशाप्सरसि सूनव ॥४४
रजेयुश्च कृतेयुश्च वक्षेयु स्थण्डिलेयु च ।
घृतेयुश्च जलेयुश्च स्थलेयुश्चैव सप्तम ॥४५
धर्मेयुः सन्नतेयुश्च वनयुर्दशमस्तु स ।
रुद्रा शूद्रा च मद्रा च शुभा आमलजा तथा ॥४६
तला खला च सप्तैता या च गोपजला स्मृता।
तथा ताम्ररसा चैव रत्नकूटी च तादृशी ॥४७
आत्रेयो वशतस्तसा भर्त्ता नाम्ना प्रभाकर ।
अनादृष्टस्तु राजर्षी रिवेयुस्तयस्य चात्मज ॥४८

श्री सूतजी ने कहा—पूरु का पुत्र महान् बाहुओ वाला राजा जनमेजय था। उसका आत्मज प्रविद्ध नाम धारी हुआ था जिसने पूर्व दिशा का विजय किया था ॥४१॥ प्रविद्ध से प्रकृष्ट वीर मनस्यु नाम वाला सुत हुआ था और मनस्यु पुत्र जयद नाम धारी राजा हुआ था ॥४२॥ उस जयद का दायाद अर्थात् उत्तराधिकारी पुत्र धुन्धु नामक महीपत्ति हुआ था। धुन्धु राजा का पुत्र बहुगवी नाम वाला हुआ और उस बहुगवी का पुत्र सञ्जाति नाम वाला समुत्पन्न हुआ था ॥४ ॥ सञ्जाति का पुत्र रौद्राश्व नाम वाला समुत्पन्न हुआ था अब

उस रौद्राश्व के पुत्रों का भी ज्ञान प्राप्त करलो । रौद्राश्व के शुक्र से घृताची नाम वाली अप्सरा में दश पुत्रों ने जन्म ग्रहण किया था ॥ ४४॥ उन दश पुत्रों के नाम—रेजेयु–कृतेयु–कक्षेयू–स्थण्डिलेयु–घृतेयु–जलेयु और सातवाँ स्थलेयु था ॥४५॥ धर्मेयु–सन्नतेयु तथा दशवाँ वनयु था । रुद्रा–शूद्रा–मद्रा–शुभा–जामलजा–तला–खला–ये सात और गोपजला कही गई थी तथा तामरसा और वैसी ही रत्नकूटी थी ॥ ४६-४७॥ वंश से आत्रेय प्रभाकर नाम वाला उनका स्वामी था । अनदृष्ट राजर्षि रिवेयु उसका पुत्र था ॥४८॥

रिवेयोर्ज्वलना नाम भार्या वै तक्षकात्मजा ।
यस्या देव्या स राजर्षी रन्ति नाम स्वजीजनत् ॥४६
रन्तिर्नार सरस्वत्या पुत्रानजनयच्छुभान् ।
ऋमु तथा प्रतिरथ ध्रुवञ्चं वातिधार्मिकम् ॥५०
गौरी कन्या च विख्याता मान्धातुर्जननी शुभा ।
धुर्य प्रतिरथस्यापि कण्ठस्तस्याभवत् सुत ॥५१
मेधातिथि सुतस्तस्य यस्मात् काण्ठायना द्विजा ।
इतिनान्वयमस्यासीत् कन्या साजनयत्सुतान् ॥५२
त्रसु सुदयित पुत्र मलिन ब्रह्मवादिनम् ।
उपदात ततो लेभे चतुरस्त्रिरति सात्मजान् ॥५३
सुष्मन्तमथ दुष्यन्त प्रवीरमनघन्तथा ।
चक्रवर्ती ततो जज्ञे दौष्यन्तिर्नृपसत्तम ॥५४
शकुन्तलाया भरतो यस्य नाम्ना तु भारतम् ।
दुष्यन्त प्रति राजान वागुवाचाशरीरिणी ॥५५
माता भस्त्रा पितु पुत्रो येन जात स एव स ।
भरस्व पुत्र दुष्यन्त सत्यमाह शकुन्तला ॥५६
रेतोधा पुत्र नयति नरदेव यमक्षयात् ।
त्वञ्चास्य धाता गर्भस्य सावमस्था शकुन्तलाम् ॥५७

रिवेयु की 'ज्वलना'—इस नाम वाली तक्षक पुत्री भार्या हुई थी । उस राजर्षि रिवेयु ने जिस ज्वलना देवी मे रन्ति नाम वाला पुत्र उत्पन्न किया था

।।४६।। नार रन्ति ने सरस्वती मे शुभ पुत्रो को समुत्पन्न किया था । उन पुत्रो के नाम हैं—त्रसु-प्रतिरथ और अतिधार्मिक ध्रुव ।।५०।। और गौरी विख्यात कन्या थी जोकि मान्धाता की शुभ माता हुई थी । प्रतिरथ का पुत्र धुर्य हुआ और उसका पुत्र कण्ठ नाम धारी हुआ ।।५१।। उसका पुत्र मेधातिथि हुआ जिससे काण्ठान द्विज हुए । इतिनानु यम की कन्या थी उसने पुत्रो को जन्म दिया था ।।५२।। त्रसु न सुदयित पुत्र को जो मलिन, ब्रह्मावादी और उपदात था, प्राप्त किया । इसके पश्चात् उसने चार पुत्रों की प्राप्ति की ।।५३।। सुष्मन्त इसके उपरान्त दुष्यन्त-प्रवीर और अनद्य ये उनके नाम थे । इसके अनन्तर नृपश्रेष्ठ चक्रवर्ती दौष्यन्ति उत्पन्न हुआ था ।।५४।। शकुन्तला मे भरत ने जन्म ग्रहण किया था जिसके नाम म इस देश का नाम भारत हुआ है । राजा दुष्यन्त मे अमूर्तिमती वाणी ने कहा था ।।५५।। माता भस्त्रा पिता का पुत्र है, जिससे उत्पन्न हुआ है वह वही है, पुत्र का भरण करो, शकुन्तला दुष्यन्त से सत्य कहती है ।।५६।। हे नरदेव ! यम क्षय से रेतोधा पुत्र को प्राप्त करता है और तुम इसके गर्भ के धाता हो, शकुन्तला का अपमान मत करो ।।५७।।

भरतस्त्रिनेषु स्त्रीषु नव पुत्रानजीजनत् ।
नाम्यनन्दञ्च तान् राजा नानुरूपान्मेत्युत ।।५८
ततस्ता मातर क्रुद्धा पुत्रान्निन्युर्यमक्षयम् ।
ततस्यस्य नरेन्द्रस्य वितत पुत्रजन्म तत् ।।५९

ततो मरुद्भिरानीय पुत्रस्तु स वृहस्पते ।
सङ्क्रामितो भरद्वाजो मरुद्भि क्रतुभिर्विभु ।।६०

तत्रैवोदाहरन्तीद भरद्वाजस्य धीमत ।
जन्मसङ्क्रमणञ्चैव मरुद्भिभरताय वै ।।६१

भरतस्तु भरद्वाज पुत्र प्राप्य तदाब्रवीत् ।
प्रजायां सत्स्वतायां वै कृतार्थोऽह त्वया विभो ।।६२

पूर्वन्तु वितथ तस्य कृत वै पुत्रजन्म हि ।
तत स वितथो नाम भरद्वाजस्तथाऽभवत् ।।६३

तस्माद्दिव्यो भरद्वाजो ब्राह्मण्यात् क्षत्रियोऽभवत् ।
द्विमुख्यायननामा स स्मृतो द्विपितृकस्तु वै ॥६४
ततोऽथ वितथे जाते भरत स दिव ययौ ।
वितथस्य तु दायादो भुवमन्युर्बभूव ह ॥६५
महाभूतापमाश्चामश्चत्वारो भुवमन्युजा ।
बृहत्क्षत्रो महावीर्यो नरो गार्ग्यश्च वीर्यवान् ॥६६
नरस्य साकृति पुत्रस्तस्य पुत्रौ महौजसौ ।
गुरुवीर्यस्त्रिदेवश्च साकृत्यावबरौ स्मृतौ ॥६७
दायादाश्चापि गार्ग्यस्य शिनिबद्धाद् बभूव ह ।
स्मृताश्च ते ततो गार्ग्या क्षात्रोपेता द्विजातय ॥६८

भरत ने तीन स्त्रियो मे नौ पुत्रो को उत्पन्न किया था किन्तु राजा ने उनका अभिनन्दन नही किया था ये मेरे अनुरूप नही है ॥५८॥ इसके अनन्तर माताए बहुत क्रुद्ध हुई और उन्होंने पुत्रो को यम क्षय को प्राप्त कर दिया था । इसके उपरान्त उस राज्य का वह पुत्र जन्म वितथ होगया था ॥५९॥ इसके पश्चात् मरुतो ने बृहस्पति से वह पुत्र लाकर क्रतु मरुतो ने विभु भरद्वाज को सक्रामित किया ॥६०॥ वहाँ पर ही धीमान् भरद्वाज का यह मरुतो के द्वारा भरत के लिए जन्म का सक्रामण उदाहृत करते है ॥६१॥ भरत ने तो भरद्वाज को पुत्र प्राप्त करके उस समय कहा—हे विभो ! मेरी प्रजा के सहृत हो जाने पर आपने मुझे कृतार्थ किया है ॥६२॥ उसका पहिले जो पुत्र जन्म वितथ कर दिया था । इसके पश्चात् वह भरद्वाज वितथ नाम वाला होगया था ॥६३॥ इससे दिव्य भरद्वाज ब्राह्मण्य से क्षत्रिय होगया था तब वह द्विमुख्यायन नाम वाला और द्विपितृक कहा गया है ॥६४॥ फिर उस वितथ के उत्पन्न होने पर वह भरत दिवलोक को चला गया था । वितथ का दायाद (पुत्र) भुवमन्यु हुआ था ॥६५॥ महाभूत के समान भुवमन्यु से जन्म ग्रहण करने वाले पुत्र चार हुए थे । उन चारो के नाम बृहत्क्षत्र—महावीर्य—नर और वीर्यवान् गार्ग्य थे थे ॥६६॥ नर के पुत्र साकृति नामधारी हुआ था । उस साकृति के महान् ओज वाले दो पुत्र हुए थे जिनके नाम गुरुवीर्य और त्रिदेव थे जो साकृत्यावर कहे

गये हैं ॥६७॥ गाग्रस्य शिनिवद्ध से भी दायाद हुए और ये क्षात्र धर्म से युक्त द्विजाति गाग्र्य कहे गये है ॥६८॥

महावीर्यसुतश्चापि भीमस्तस्मादुभक्षय: ।
तस्य भार्या विशाला तु सुषुवे वै सुतास्त्रय ॥६९
त्र्य्यारुणि पुष्करिण तृतीय सुषुवे कपिम् ।
कपे क्षत्रवरा ह्येते तयो प्रोक्ता महर्षय ॥७०
गाग्रा साकृतयो वीर्या क्षात्रोपेता द्विजातय ।
सश्रिताङ्गिरस पक्ष बृहत्क्षत्रस्य वक्ष्यति ॥७१
बृहत्क्षत्रस्य दायाद सुहोत्रो नाम धार्मिकः ।
सुहोत्रस्यापि दायादा हस्ती नाम बभूव ह ।
तेनेद निर्मित पूर्वं नाम्ना वै हास्तिन पुरम् ॥७२
हस्तिनश्चापि दायादास्त्रय परमधार्मिका ।
अजमीढो द्विमीढश्च पुरुमीढस्तथैव च ॥७३
अजमीढस्य पुत्रास्तु शुभा शुभकुलोद्वहा ।
तपसोऽन्ते सुमहतो राज्ञो वृद्धस्य धार्मिका ॥७४
भरद्वाजप्रसादेन शृणुध्व तस्य विस्तरम् ।
अजमीढस्य केशिन्या कण्ठ समभवत्किल ॥७५
मेधातिथि सुतस्तस्य तस्मात् कण्ठायना द्विजा ।
अजमीढस्य धूमिन्या जज्ञे बृहद्वसुर्नृप ॥७६

महावीर्य का पुत्र भी भीम नामक हुआ और उससे फिर उभक्षय हुआ उसकी भार्या विशाला नाम वाली ने तीन पुत्रो का प्रसव किया था ॥६९॥ एक का नाम त्र्य्यारुणि था, दूसरा पुष्करिण और तृतीय कपि हुआ था । कपि के ये क्षत्र नर हुए और उन दोनो के महर्षि कहे गये हैं ॥७०॥ गाग्र—साकृतय, *वीर्य क्षात्र धर्म से युक्त द्विजाति थे । अङ्गिरस के पक्ष का आश्रय लेकर बृहत्*क्षत्र का बतलायेंगे ॥७१॥ बृहत्क्षत्र का दायाद सुहोत्र नाम धारी परम धार्मिक था । सुहोत्र का भी दायाद हस्ती नाम वाला हुआ था । उसने ही यह हास्तिन-पुर अपने नाम से पहिले बनाया था ॥७२॥ हस्ती के भी तीन पुत्र समुत्पन्न हुए

थे जोकि परम धर्म के मानने वाले थे। उन तीनो के नाम अजमीढ-द्विमीढ तथा पुरुमीढ थे थे ॥७३॥ अजमीढ के जो पुत्र हुए थे वे बहुत ही शुभ और कुल के उद्वहन करने वाले थे। सुमहान् तप के अन्त में वृद्ध राजा के धार्मिक हुए थे ॥७४॥ वे भरद्वाज के प्रसाद से ही हुए थे अब उनका विस्तार का श्रवण करो। अजमीढ नाम वाले के केशिनी में कण्ठ नामधारी उत्पन्न हुआ था ॥७५॥ मेधातिथि नाम वाला उसका पुत्र था। उससे फिर कण्ठायन द्विज उत्पन्न हुए थे ॥७६॥

बृहद्वसावृंहद्विष्णु पुत्रस्तस्य महाबल ।
बृहत्कर्मा सुतस्तस्य पुत्रस्तस्य बृहद्रथ ॥७७
विश्वजित्तनयस्तस्य सेनजित्तस्य चात्मज ।
अथ सेनजित पुत्राश्चत्वारो लोकविश्रुता ॥७८
रुचिराश्वश्च काव्यश्च रामो दृढधनुस्तथा ।
वत्सश्चावन्तको राजा यस्य ते परिवत्सरा, ॥७९
रुचिराश्वस्य दायाद पृथुषेणो महायशा ।
पृथुषेणस्त पारस्तु पारान्नीपोऽथ जज्ञिवान् ॥८०
यस्य चैकशयश्चासीत् पुत्राणामिति न श्रुतम् ।
नीपा इति समाख्याता राजान सर्व एव ते ॥८१
तेषा वशकर श्रीमान् राजासीत्कीर्त्तिवर्द्धन ।
काम्पिल्ये समरो नाम स चेष्टसमरोऽभवत् ॥८२
समरस्य पर पार सत्वदश्व इति त्रय ।
पुत्रा सर्वगुणोपेता पारपुत्रो वृषुर्वभौ ॥८३
वृषोस्तु सुकृतिर्नाम सुकृतेनह कर्मणा ।
जज्ञ सर्वगुणोपेता विभ्राजस्तस्य चात्मज ॥८४

अजमीढ के धूमिनी म वृहद्वसु राजा ने जन्म ग्रहण किया था ॥७७॥ वृहद्वसु से वृहद्विष्णु पुत्र हुआ था जो महान् बल वाला था उसका पुत्र वृहत्कर्मा हुआ और फिर उसका पुत्र वृहद्रथ नाम वाला हुआ था। उसका अर्थात् वृहद्रथ का तनय विश्वजित् हुआ और उसका सेनजित आत्मज हुआ था। इसके उप-

रान्न फिर सेनजित् के लोक में परम प्रसिद्ध चार पुत्रों ने जन्म ग्रहण किया था ॥७८॥ उन चारों के नाम रुचिराश्व–काव्य–राम और दृढधनु ये थे । वत्स आवन्तक राजा था जिसके ये परिवत्सर हुए हैं ॥७९॥ रुचिराश्व का दायाद महान् यश वाला पृथुसेन था । पृथुसेन का पार हुआ और पार से नीप ने जन्म लिया था ॥८०॥ जिसके एक शत पुत्र हुए थे—यह हमसे सुना गया है । वे समस्त राजा लोग नीपा—नाम से समाख्यात हुए थे ॥८१॥ उनके वंश को करने अर्थात् चलाने वाला श्रीमान् कीर्त्तिवर्द्धन राजा हुआ था काम्पिल्य में समर नाम वाला वह मचेष्ट उमर हुआ था ॥८२॥ समर के पर-पार और सत्वद ये तीन आत्मज हुए थे । ये समस्त पुत्र सर्वगुण गण से सम्पन्न थे । पार का पुत्र वृषु सुशोभित हुआ था ॥८३॥ वृषु का सुकृति नामक पुत्र यहाँ सुकृत् कर्म के द्वारा समस्त गुणों से युक्त हुआ था और उसका पुत्र विभ्राज नाम वाला हुआ था ॥८४॥

विभ्राजस्य तु दायादस्त्वणुहो नाम पार्थिव ।
वभूव शुकजामाता कृत्वीभर्त्ता महायशा ॥८५
अणुहस्य तु दायादो ब्रह्मदत्तो महातपा ।
योगसूनु सुतस्तस्य विष्वक्सेनो ऽभवन्नृप ॥८६
विभ्राजपुना राजान सुकृतेनेह कर्म्मणा ।
विष्वक्सेनस्य पुत्रस्तु उदक्सेनो वभूव ह ॥८७
भल्लाटस्तस्य दायादो येन राजा पुरा हत ।
उग्रायुधेन तस्यार्थे सर्वे नीपा प्रणाशिता ॥८८
परीक्षितस्य दायादो वभूव जनमेजय ।
श्रुतसेनस्य दायादो भीमसेनोऽपि नामतः ॥८९
जह्नुस्त्वजनयत्पुत्र सुरथ नाम भूमिपम् ।
सुरथस्य तु दायादो वीरो राजा विदूरथः ॥९०
विदूरथसुतश्चापि सार्वभौम इति श्रुतिः ।
सार्वभौमाज्जयत्सेन आराधितस्तस्य चात्मज ॥९१

आराधितो महासत्व अयुतायुस्तत स्मृतः ।
अक्रोधनाऽयुतायोऽस्तु तस्माद् देवातिथि स्मृत ॥९२

देवातिथेन्तु दायाद ऋक्ष एव बभूव ह ।
भीमसेनस्तथा ऋक्षाद्दिलीपस्तस्य चात्मज ॥९३

दिलीपसूनु प्रतिपस्तस्य पुत्रास्त्रय स्मृता ।
देवापि शान्तनुश्चैव वाह्लीकश्चैव ते त्रयः ॥९४

विभाज का दायाद अणुह नामधारी राजा हुआ था। शुक्जा माता थी और महान् यशवाला ऋचीक भर्त्ता ॥८५॥ अणुह का दायाद (पुत्र) महान् तपस्वी ब्रह्मदत्त हुआ था और उसका तनय योग सूनु और उसका पुत्र विष्वक् सेन नृप हुआ था ॥८६॥ विभाज के पुत्र सब यहाँ सुकृत् कर्म के द्वारा राजा हुए थे। विष्वक्सेन का पुत्र उदकसेन हुआ था ॥८७॥ उसका दायाद भल्लाट था जिसने पहिले राजा का हनन किया था भल्लाट का दायाद राजा जनमजय था। उसके लिए उग्रायुध ने समस्त नीपा प्रणष्ट कर दिया था ॥८८॥ श्री सूतजी ने कहा—परीक्षित का दायाद जनमेजय नाम वाला हुआ था। श्रुतसेन का पुत्र नाम से भीमसेन हुआ था ॥८९॥ जह्नु ने सुरथ नाम वाला राजा पुत्र के रूप में उत्पन्न किया था। सुरथ का दायाद परम वीर राजा विदूरथ हुआ था ॥९०॥ विदूरथ का पुत्र सार्वभौम था—ऐसी श्रुति है। सार्वभौम से जयत्सेन उत्पन्न हुआ और उस जयत्सेन का पुत्र आराधि नाम वाला हुआ था ॥९१॥ आराधि से अयुतायु हुआ था जो महान् सत्व वाला कहा गया है। फिर उस अयुतायु का अक्रोधन पुत्र हुआ और उस अक्रोधन से देवातिथि पुत्र हुआ था ॥९२॥ देवातिथि का दायाद ऋक्ष नाम वाला हुआ था। ऋक्ष से भीमसेन की उत्पत्ति हुई और उसका पुत्र दिलीप नामधारी हुआ था ॥९३। दिलीप का पुत्र प्रतिप हुआ और उस प्रतिप के तीन पुत्र कहे गये हैं। जिनके नाम देवापि-शान्तनु और वाह्लीक ये तीन थे ॥९४॥

वाह्लीकस्य तु विज्ञेय सप्तबाह्लीदवरो नृप ।
वाह्लीकस्य सुतश्चैव सोमदत्तो महायशाः ॥९५

जज्ञिरे सोमदत्तात भूरिभूरिश्रवा. शल ।
देवापिस्तु प्रवव्राज वनं धर्म्मपरीप्सया ॥९६
उपाध्यायस्तु देवाना देवापिरभवन्मुनिः ।
च्यवनोऽस्य हि पुत्रस्तु इष्टकश्च महात्मन. ॥९७
शान्तनुस्त्वभवद्राजा विद्वान् वै स महाभिष ।
इम चोदाहरन्त्यत्र श्लोक प्रति महाभिषम् ॥९८
य य राजा स्पृशति वै जीर्णं समयतो नरम् ।
पुनर्युवा स भवति तस्मात्तं शन्तनु विदु ॥९९
ततोऽस्य शन्तनुत्व वै प्रजास्विह परिश्रुतम् ।
स उपयेमे धर्म्मात्मा शन्तनुर्जाह्नवी नृप ॥१००
तस्या देवव्रत भीष्म पुत्र सोऽजनयत्प्रभु ।
स च भीष्म इति ख्यात पाण्डवाना पितामहः ॥१०१
काले विचित्रवीर्यन्तु शन्तनु जनयत्सुतम् ।
शान्तनोर्दयित पुत्र प्रजाहितकरम्प्रभुम् ।
कृष्णद्वैपायनश्चैव क्षेत्रे वैचित्रवीर्यके ॥१०२
धृतराष्ट्रञ्च पाण्डुञ्च विदुरञ्चाप्यजीजनत् ।
धृतराष्ट्रात्तु गान्धारी पुत्राणा सुषुवे शतम् ॥१०३
तेषा दुर्योधनो ज्येष्ठ सर्व्वक्षत्रस्य स प्रभु ।
माद्री राज्ञी पृथा चैव पाण्डोर्भार्ये बभूवतु. ॥१०४

बाह्लीक का पुत्र बाह्लीश्वर नप हुआ था। और बाह्लीक का पुत्र महान यश वाला सोमदत्त था ॥९५॥ सोमदत्त से भूरि-भूरिश्रवा और शल नाम वाले तीन पुत्र रत्न समुत्पन्न हुए थे। देवापि तो धर्म की इच्छा से वन में चला गया था ॥९६॥ देवापि मुनि वहाँ वन में जाकर हाेत्रगण का उपाध्याय होगया था। इसका पुत्र च्यवन और महान् आत्मा वाले का इष्टक हुआ था ॥९७॥ शान्तनु तो राजा हुआ था वह महान् विद्वान् और महाभिष था। महाभिष के प्रति यहाँ पर इस श्लोक को उदाहरण किया करते हैं ॥९८॥ समय से जीर्ण जिस-जिस भी मनुष्य को राजा स्पर्श किया करता है वह फिर अपने

उस वार्द्धक्य का त्याग कर युवा हो जाता है इसी से उसे शन्तनु कहा करते थे ॥६६॥ इसके पश्चात् इसका शान्तनुत्व प्रजाओं में यहाँ परिश्रुत है। उस शन्तनु राजा ने जोकि अत्यन्त धर्मात्मा था जाह्नवी के साथ विवाह किया था, जह्नु राजा की पुत्री गङ्गा को जाह्नवी कहा जाता था ॥१००॥ उस प्रभु शान्तनु ने उस जाह्नवी में देवव्रत नाम वाले भीष्म पुत्र को उत्पन्न किया था। वह पाण्डवों का पितामह 'भीष्म'—इस नाम से ही प्रख्यात था ॥१०१॥ समय आने पर शान्तनु ने विचित्र वीर्य पुत्र को उत्पन्न किया था। यह शान्तनु को परम प्रिय और प्रजा का हित करने वाले प्रभु पुत्र था। इस विचित्र वीर्य के क्षेत्र में कृष्ण द्वैपायन से धृतराष्ट्र-पाण्डु और विदुर को उत्पन्न किया था। धृतराष्ट्र से उसकी पत्नी गान्धारी में सौ पुत्र समुत्पन्न हुए थे ॥१०२-१०३॥ उन एक सौ पुत्रों में सबसे बड़ा सवक्षत्र का प्रभु वह दुर्योधन था। रानी माद्री और पृथा ये दो पत्नियाँ पाण्डु की हुई थीं ॥१०४॥

देवदत्ता सुतास्ताभ्यां पाण्डोरर्थे विजज्ञिरे।
धर्माद्युधिष्ठिरो जज्ञे वायोर्जज्ञे वृकोदरः ॥१०५
इन्द्राद्धनञ्जयो जज्ञे शक्रतुल्यपराक्रमः।
अश्विभ्यां सह देवश्च नकुलश्चापि माद्रिजौ ॥१०६
पञ्चैव पाण्डवेभ्यश्च द्रौपद्यां जज्ञिरे सुताः।
द्रौपद्यजनयज्ज्येष्ठं श्रुतिविद्धं युधिष्ठिरात् ॥१०७
हिडम्बा भीमसेनात्तु जज्ञे पुत्रं घटोत्कचम्।
काश्या पुनर्भीमसेनाज्जज्ञे सर्व्वंवृकं सुतम् ॥१०८
सुहोत्रं विजया माद्री सहदेवादजायत।
करेमत्यान्तु वैद्याया निरमित्रस्तु लाङ्गलिः ॥१०६
सुभद्रायां रथी पार्थादभिमन्युरजायत।
उत्तरायान्तु वैराट्या परीक्षिदभिमन्युजः ॥११०
परीक्षितस्तु दायादो राजासीज्जनमेजयः।
ब्राह्मणान् स्थापयामास वै वाजसनेयिकान् ॥१११

असपत्नं तदामर्षाद्वैशम्पायन एव तु ।
न स्थास्यतीह दुर्बुद्धे तवैतद्वचनं भुवि ॥११२
यावत्स्थास्याम्यहं लोके तावन्नैतत्प्रशस्यते ।
अभित. सस्थितश्चापि ततः स जनमेजयः ॥११३
पौर्णमास्येन हविषा देवमिष्ट्वा प्रजापतिम् ।
विज्ञाय सस्थितोऽपश्यत्तद्वधीष्टा विभोर्मखे ॥११४

उन दोनो पत्नियो से देवों के द्वारा दिये हुए पाण्डु के अर्थ मे पुत्र समुत्पन्न हुए थे । धर्म से युधिष्ठिर—वायु से वृकोदर—इन्द्र से धनञ्जय जो इन्द्र के समान पराक्रमी था—अश्विनी कुमारो से सहदेव और माद्री से जन्म लेने वाले न कुल ये दो पुत्र हुए थे ॥१०५-१०६॥ इन पाँचो पाण्डवो से पाँच ही द्रौपदी मे पुत्र उत्पन्न हुए थे । द्रौपदी ने सबसे बडा पुत्र युधिष्ठिर से श्रुति विद्ध नाम वाला समुत्पन्न किया था ॥१०७॥ हिडम्बा ने भीमसेन से घटोत्कच नाम वाला पुत्र उत्पन्न किया था । काशी से भीमसेन का सर्ववृक नामक पुत्र उत्पन्न हुआ था ॥१०८॥ सहदेव से विजया माद्री ने सुहोत्र नाम वाला पुत्र जन्माया था । करेमती वैद्या मे निरमित्र जाङ्गलि उत्पन्न हुआ ॥१०९॥ सुभद्रा मे रथी अभिमन्यु पार्थ अर्जुन से समुत्पन्न हुआ था । वैराटी उत्तरा मे अभिमन्यु का पुत्र परीक्षित उत्पन्न हुआ ॥११०॥ परीक्षित् का दायाद राजा जनमेजय हुआ था । उसने वाजसनेयी ब्राह्मणो की स्थापना की थी ॥१११॥ तब अमर्ष से वैशम्पायन ने कहा—हे दुर्बुद्धे ! भूमि मे यहाँ तेरा यह असपत्न वचन नही रहेगा ॥११२॥ मैं जब तक लोक मे रहूँगा तब तक यह प्रशस्त नही होगा । चाहे सब प्रकार से वह जनमेजय सस्थित भी था ॥११३॥ पौर्णमास्य हवि से प्रजापति देव का यजन करके और जानकर विभु के मख मे सस्थित होते हुए उसकी तरह अभीष्ट को देखा था ॥११४॥

परीक्षित्तनयश्चापि पौरवो जनमेजय ।
द्विरश्वमेधमाहृत्य ततो वाजसनेयकम् ।
प्रवर्तयित्वा तद्ब्रह्मत्रिखर्व्वी जनमेजय ॥११५

सर्व्वमश्वकमुख्याना सर्व्वमङ्गनिवासिनाम् ।
सर्व्वंश्च मध्यदेशाना त्रिसर्वी जनमेजय ।
विषादाद् ब्राह्मणै सार्द्ध मभिशस्त क्षय ययौ ॥११६
तस्य पुत्र शतानीको बलवान् सत्यविक्रम ।
तत सुत शतानीक विप्रास्तमम्यषेचयत् ॥११७
पुत्रोऽश्वमेघ दत्तोऽभूच्छतानीकस्य वीर्य्यवान् ।
पुत्रोऽश्वमेधदत्ताद्वै जात परपुरजय ॥११८
अधिसामकृष्णो धर्मात्मा साम्प्रतोऽय महायशा ।
यस्मिन् प्रशासति मही युष्माभिरिदमाहृतम् ॥११६
दुराप दीर्घसत्र वै त्रीणि वर्षाणि दुश्चरम् ।
वर्षद्वय कुरुक्षेत्रे दृषद्वत्या द्विजोत्तमा ॥१२०

परीक्षित के पुत्र पौरव जनमेजय ने दो अश्वमेध यज्ञो का आहरण करके इसके पश्चात् वाजसनेय को प्रवृत्त कराकर तब जनमेजय यह त्रिसर्वी होगया था ॥११५॥ मुख्य अश्वो की एक सर्व सख्या—अङ्गनिवासियो का एक सर्व और मध्य देश का एक सर्व इस तरह से जनमेजय त्रिसर्वी हुआ था। विषाद से ब्राह्मणो के साथ अभिशस्त होता हुआ क्षय को प्राप्त हुआ था ॥११६॥ उसका पुत्र शतानीक था जो बहुत बलवान् और सत्य विक्रम वाला था। इसके पश्चात् ब्राह्मणो ने उस पुत्र शतानीक को राज्य पर अभिषिक्त कर दिया था ॥११७॥ शतानीक का पुत्र अश्वमेध दत्त बडा वीर्यवान् हुआ था। अश्वमेध दत्त से परपुरजय पुत्र उत्पन्न हुआ था ॥११८॥ यह महान् यशवाला साम्प्रत बहुत धर्मात्मा अधिसाम कृष्ण है जिसके भूमिपर प्रशासन करने पर तुम लोगो ने यह आहृत किया है। जोकि तीन वर्ष पर्यन्त बडा दुश्चर एव दुराप यह दीर्घ सत्र है। हे द्विजोत्तमो ! दो वर्ष तक कुरुक्षेत्र म दृषद्वती मे हुआ था ॥११६-१२०॥

श्रोतु भविष्यमिच्छाम प्रजाना वै महामते ।
सूत सार्द्ध नृपैर्भाव्य व्यतीत कीर्तित त्वया ॥१२१
यत्तु सस्यास्यत कृत्यमुत्पत्स्यन्ति च ये नृपा ।
वर्षाग्रतोऽपि प्रब्रू हि नामतश्चैव तान्नृपान् ॥१२२

काल युगप्रमाणञ्च गुणदोषान् भविष्यत. ।
सुखदु खे प्रजानाञ्च धर्मत. कामतोऽर्थतः ॥१२३
एतत्सर्वं प्रसङ्ख्याय पृच्छता ब्रूहि तत्वतः ।
स एवमुक्तो मुनिभिः सूतो बुद्धिमता वरः ।
आचचक्षे यथावृत्त यथादृष्टं यथाश्रुतम् ॥१२४
यथा मे कीर्त्तित सर्वं व्यासेनाद्भुतकर्म्मणा ।
भाव्य कलियुगञ्चैव तथा मन्वन्तराणि तु ॥१२५
अनागतानि सर्वाणि ब्रुवतो मे निबोधत ।
अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि भविष्यन्ति नृपास्तु ये ॥१२६
ऐलाश्चैव तथेक्ष्वाकून् सौद्युम्नाश्चैव पार्थिवान् ।
येषु सस्थाप्यते क्षेत्रमैक्ष्वाकवमिद शुभम् ॥१२७
तान् सर्वान् कीर्त्तयिष्यामि भविष्ये पठितान्नृपान् ।
तेभ्य परे च ये चान्ये उत्पत्स्यन्ते महीक्षितः ॥१२८
क्षत्रा पारशवाः शूद्रास्तथा ये च द्विजातय ।
अन्धा. शका पुलिन्दाश्च तूलिका यवनै सह ॥१२९
कैवर्त्ताभीरशबरा ये चान्य म्लेच्छजातय. ।
वर्षाग्रत. प्रवक्ष्यामि नामतश्चैव तान्नृपान् ॥१३०

ऋषियो ने कहा—हे महान् मति वाले ! अब हम लोग प्रजाओ का आगे आने वाला भविष्यकाल सुनने की उत्कट इच्छा करते हैं । हे सूत ! आपने अब तक तो जो होगया और होरहा है वह ही वर्णन किया है ॥१२१॥ जो कृत्य सस्थित होगा और जो राजा लोग उत्पन्न होगे । उन समस्त राजाओ को वर्षाग्र से और नाम से बतलाइये ॥१२२॥ काल और युग का प्रमाण तथा होने वाले गुण एव दोषो को बताइये । धर्म से और काम से प्रजाओं के सुख तथा दुखों को भी बताइये ॥१२३॥ यह सब प्रसख्यान करके पूछने वाले हमको आप कृपा करके तात्विक रूप से बताइये । बुद्धिमानो में परम श्रेष्ठ इस तरह से मुनियो के द्वारा पूछे गये श्री सूतजी ने जैसा भी हुआ जैसा देखा और जिस प्रकार से सुना था वह कहना आरम्भ कर दिया था ॥१२४॥ श्री सूतजी ने

कहा—अद्भुत कर्म करने वाले श्री व्यासजी ने जिस तरह से मुझसे यह सब कहा था। भाव्य—कलियुग और मन्वन्तर उन सब अनागतों को मुझसे जान लो। इसके आगे जो नृप होंगे उनको बताऊँगा ॥१२५-१२६॥ ऐलों को—इक्ष्वाकुओं की ओर सौद्युम्न राजाओं को जिनमें यह शुभ ऐक्ष्वाकव क्षेत्र सस्थापित किया जाता है उन सब भविष्य मे घटित राजाओं का वर्णन करूँगा। और उनके आगे जो अन्य राजा लोग उत्पन्न होंगे ॥१२७-१२८॥ पारशव क्षत्रियों का समूह तथा शूद्र और जो द्विजातिगण थे, अन्ध-शक-पुलिन्द-यवनों के साथ तूलिक-कैवत्त-आभीर-शबर और जो अन्य म्लेच्छ जाति वाले लोग इन समस्त नृपों को वर्षाग्र तथा नाम से बतलाऊँगा ॥१२९-१३०॥

अधिसामकृष्ण सोऽय साम्प्रत पौरवान्नृप ।
तस्यान्ववाये वक्ष्यामि भविष्ये तावतो नृपान् ॥१३१
अधिसामकृष्णपुत्रो निर्वक्त्रो भविता किल ।
गङ्गयापहृते तस्मिन्नगरे नागसाह्वये ।
त्यक्त्वा च त सुवासश्च कौशाम्ब्या स निवत्स्यति ॥१३२
भविष्यदुष्णस्तत्पुत्र उष्णाच्चित्ररथ स्मृत ।
शुचिद्रथश्चित्ररथाद्वृतिमाश्च शुचिद्रथात् ॥१३३
सुषेणो वै महावीर्यो भविष्यति महायशा ।
तस्मात्सुषेणाद्भविता सुतीर्थो नाम पार्थिव ॥१३४
रुच सुतीर्थाद्भविता त्रिचक्षो भविता तत ।
त्रिचक्षस्य तु दायादो भविता वै सुखीवल ॥१३५
सुखीबलसुतश्चापि भाव्यो राजा परिप्लुत।
परिप्लुतसुतश्चापि भविता सुनयो नृप ॥१३६
मेधावी सुनयस्याथ भविष्यति नराधिप ।
मेधाविन सुतश्चापि दण्डपाणिर्भविष्यति ॥१३७
दण्डपाणेर्निरामित्रो निरामित्राच्च क्षेमक ।
पञ्चविंशन्नृपा ह्येते भविष्या पूर्ववंशजा ॥१३८

अधिसाम कृष्ण वह यह साम्प्रत पौरवों का राजा है। उसके अन्वय में भविष्य मे उतने राजाओं का वर्णन करूँगा ॥१३१॥ अधिसाम कृष्ण का पुत्र निर्वक्र मे होगा। नागस नामक उस नगर के गङ्गा के द्वारा अपहृत होजाने पर वह उसका निवास त्याग करके कौशाम्बी में निवास करेगा ॥१३२॥ उसका पुत्र उष्ण होगा और उष्ण से चित्ररथ होगा। चित्ररथ का पुत्र शुचिद्रथ होगा और शुचिद्रथ से वृत्तिमान् होगा ॥१३३॥ सुषेण निश्चय ही महान् यशवाला होगा। उस सुषेण का आत्मज सुतीर्थ नामधारी राजा होगा ॥१३४॥ सुतीर्थ से रुच का जन्म होगा और फिर उससे त्रिचक्ष होगा। त्रिचक्ष का दायाद सुखीबल नाम वाला होगा ॥१३५॥ सुखीबल का पुत्र परिप्लुत नामक राजा होगा। फिर परिप्लुत का पुत्र सुनय नाम वाला राजा होगा ॥१३६॥ सुनय का पुत्र मेधावी नामक राजा होगा और मेधावी का पुत्र दण्डपाणि नाम वाला जन्म ग्रहण करेगा ॥१३७॥ दण्डपाणि से निरामित्र होगा और निरामित्र से क्षेमक नाम वाला जन्म प्राप्त करेगा। ये पचीस राजा पूर्व वंशज होंगे ॥१३८॥

आत्रनुवंशश्लोकोऽयं गीतो विप्रैः पुराविदैः।
ब्रह्मक्षत्रस्य यो योनिर्वंशो देवर्षिसत्कृतः ॥१३९
क्षेमकं प्राप्य राजानं संस्थां प्राप्स्यति वै कलौ।
इत्येष पौरवो वंशो यथावदनुकीर्त्तितः ॥१४०
धीमतः पाण्डुपुत्रस्य ह्यर्जुनस्य महात्मनः।
अत ऊर्द्ध्वं प्रवक्ष्यामि इक्ष्वाकूणां महात्मनाम् ॥१४१
बृहद्रथस्य दायादो वीरो राजा बृहत्क्षय।
ततः क्षयः सुतस्तस्य वत्सव्यूहस्ततः क्षयात् ॥१४२
वत्सव्यूहात्प्रतिव्यूहस्तस्य पुत्रो दिवाकरः।
यश्च साप्रतमध्यास्ते अयोध्यां नगरीं नृप. ॥१४३
दिवाकरस्य भविता सहदेवो महायशाः।
सहदेवस्य दायादो बृहदश्वो भविष्यति ॥१४४
तस्य भानुरथो भाव्यः प्रतीताश्वश्च तत्सुतः।
प्रतीताश्वसुतश्चापि सुप्रतीतो भविष्यति ॥१४५

सहदेव. सुतस्तस्य सुनक्षनश्च तत्सुतः ॥१४६

यहाँ पर पुरावेत्ता विप्रो के द्वारा अनुवश का यह श्लोक गाया गया है जो ब्रह्मक्षत्र की योनि है वह वश देवर्षियो के द्वारा सत्कृत हुआ है ॥१३९॥ यथावत् अनुकीर्त्तित यह पौरव वश क्षेमक राजा को प्राप्त करके कलियुग मे सस्था को प्राप्त करेगा ॥१४०॥ परम बुद्धिमान् महान् आत्मा वाले पाण्डु के पुत्र अर्जुन का यह वश है । अब इससे आगे महात्मा इक्ष्वाकुओ के वश का वर्णन करूँगा ॥१४१॥ बृहद्रथ का दायाद वीर राजा बृहत्क्षय है फिर उसके पश्चात् उसका पुत्र वत्सव्यूह क्षय से हुआ ॥१४२॥ वत्सव्यूह से प्रतिव्यूह और उसका पुत्र दिवाकर हुआ है जो इस समय मे अयोध्या नगरी का राजा है ॥१४३॥ दिवाकर का पुत्र महान् यशवाला सहदेव होगा और सहदेव का उत्तराधिकारी पुत्र बृहदश्व होगा ॥१४४॥ उस बृहदश्व राजा का पुत्र भानुरथ होगा और उसका पुत्र प्रतीताश्व होगा । प्रतीताश्व का पुत्र सुप्रतीत नाम वाला जन्म ग्रहण करेगा ॥१४५॥ उस सुप्रतीत का पुत्र सहदेव होगा और सहदेव का पुत्र सुनक्षत्र जन्म लेगा ॥१४६॥

किन्नरस्तु सुनक्षत्राद्भविष्यति परतप ।
भविता चान्तरिक्षस्तु किन्नरस्य सुतो महान् ॥१४७
अन्तरिक्षात्सुपर्णस्तु सुपर्णाच्चाप्यमित्रजित् ।
पुत्रस्तस्य भरद्वाजो धर्मी तस्य सुत. स्मृतः ।
पुत्र कृतञ्जयो नाम धर्मिण स भविष्यति ।
कृतञ्जयसुतो व्रातो तस्य पुत्रो रणञ्जय ॥१४८
भविता सञ्जयश्चापि वीरो राजा रणञ्जयात् ।
सञ्जयस्य सुत शाक्य शाक्याच्छुद्धोदनोऽभवत् ॥१४९
शुद्धोदनस्य भविता शाक्यार्थे राहुल स्मृत ।
प्रसेनजित्ततो भाव्य क्षुद्रको भविता तत ॥१५०
क्षुद्रकात्कुलिको भाव्य कुलिकात्सुरथ स्मृत ।
सुमित्र सुरथस्यापि अन्त्यश्च भविता नृप ॥१५१

एते ऐक्ष्वाकवा प्रोक्ता भवितार कलौ युगे।
बृहद्‌बलान्वये जाता भवितार कलौ युगे।
शूराश्च कृतविद्याश्च सत्यसन्धा जितेन्द्रिया ॥१५२

सुनक्षत्र का पुत्र किन्नर नामधारी परन्तप होगा। और फिर किन्नर का पुत्र बृहत् ही महान् अन्तरिक्ष होगा ॥१४७॥ अन्तरिक्ष से सुपर्ण नामक पुत्र जन्म लेगा और सुपर्ण का पुत्र अमित्रजित् नामधारी होगा। उसका पुत्र भरद्वाज और उससे यहाँ पर धर्मी नामक पुत्र होगा। फिर धर्मी का कृतञ्जय नाम वाला पुत्र समुत्पन्न होगा। कृतञ्जय का पुत्र व्रात नामक होगा और इसका पुत्र रणञ्जय नाम वाला जन्म ग्रहण करेगा ॥१४८॥ रणञ्जय से सञ्जय नाम का वीर राजा होगा। सञ्जय का पुत्र शाक्य होगा और शाक्य से शुद्धोदन नाम वाला हुआ था ॥१४६॥ शुद्धोदन शाक्यार्थ मे राहुल नाम से कहे जाने वाला पुत्र होगा। उससे फिर प्रसेनजित् होगा और उस प्रसेनजित् से क्षुद्रक होगा ॥१५०॥ क्षुद्रक का पुत्र क्षुलिक होगा और क्षुलिक से सुरथ नाम से कहा जाने वाला पुत्र जन्म धारण करेगा। सुरथ से सुमित्र नामक अन्त मे होने वाला राजा होगा ॥१५१॥ ये इतने इक्ष्वाकु के वंश म होने वाले बताये गये हैं जोकि आगे कलियुग मे जन्म धारण कर शासन करेंगे। ये सब बृहद्बल के वंश में जन्म ग्रहण करेंगे और कलियुग मे ही होंगे ये सभी राजा शूरवीर थे—कृतविद्य अर्थात् विद्या पढ़े हुए—ये सब सत्य सन्धा प्रतिज्ञा वाले और इन्द्रियो को जीतने वाले थे ॥१५२॥

अत्रानुवंशश्लोकोऽय भविष्यज्ञैरुदाहृत ।
इक्ष्वाकूणामय वंश सुमित्रान्तो भविष्यति।
सुमित्र प्राप्य राजान सस्था प्राप्स्यति वै कलौ।
इत्येतन्मानव क्षेत्रमैलञ्च समुदाहृतम् ॥१५३
अत ऊर्द्ध्वं प्रवक्ष्यामि मागधेयान्बृहद्रथान्।
जरासन्धस्य ये वंशे सहदेवान्वये नृपा ॥१५४
अतीता वर्त्तमानाश्च भविष्याश्च तथा पुनः।
प्राधान्यत प्रवक्ष्यामि गदतो मे निबोधत ॥१५५

संग्रामे भारते तस्मिन् सहदेवो निपातितः ।
सोमाधिस्तस्य तनयो राजर्षिः स गिरिव्रजे ॥१५६
पञ्चाशतं तथाष्टौ च समा राज्यमकारयत् ।
श्रुतश्रवा चतुःषष्टिसमास्तस्य सुतोऽभवद् ।
अयुतायुस्तु षड्विंश राज्य वर्षाण्यकारयत् ।
समाः शतं निरामित्रो महीं भुक्त्वा दिवङ्गतः ॥१५७
पञ्चाशतं समा षट् च सुकृत्तः प्राप्तवान्महीम् ।
त्रयोविंश बृहत्कर्मा राज्य वर्षाण्यकारयत् ॥१५८
सेनाजित्साम्प्रतं चापि एता वै भुज्यते समा ।
श्रुतञ्जयस्तु वर्षाणि चत्वारिंशद्भविष्यति ॥१५९
महाबाहुर्महाबुद्धिर्महाभीमपराक्रमः ।
पञ्चत्रिंशत्तु वर्षाणि महीं पालयिता नृप ॥१६०

यहाँ पर भविष्य के ज्ञाताओं के द्वारा यह अनुवंश श्लोक उदाहृत किया गया है कि इक्ष्वाकुओं का यह वंश सुमित्र के अन्त तक ही होगा । सुमित्र राजा को प्राप्त करके कलियुग में संस्था को प्राप्त करेगा । यह इतना ऐल का मानव उदाहृत किया गया है ॥१५३॥ इसके आगे मागधेय बृहद्रथों का वर्णन करूँगा जो सहदेव के अन्वय में जरासंध के वंश में राजा थे ॥१५४॥ जो व्यतीत होगये और जो इस समय में वर्त्तमान हैं तथा जो भविष्य में राजा होंगे मैं इन सबको प्राधान्य रूप से बताऊँगा । बताने वाले मुझसे इन सबका ज्ञान प्राप्त करो ॥१५५॥ उस भारत संग्राम में सहदेव निपातित होगया था । उसका पुत्र राजर्षि सोमाधि हुआ उसने गिरि व्रज में अट्ठावन वर्ष पर्यन्त राज्य किया था फिर चौंसठ वर्ष तक उसका पुत्र श्रुतश्रवा नाम वाला हुआ । अयुतायु ने छब्बीस वर्ष राज्य किया था । निरामित्र सौ वर्ष तक राज्य करके दिवङ्गत हुआ था ॥१५६-१५७॥ पचास और छै छप्पन वर्ष तक सुकृत्त ने इस भूमि को प्राप्त किया था । तेईस वर्ष बृहत्कर्मा ने राज्य शासन किया था ॥१५८॥ इस समय सेनजित् इस भूमण्डल को भोग रहा है । श्रुतञ्जय चालीस वर्ष तक भविष्य में

राज्य शासन करेगा ॥१५६॥ महान् बुद्धि वाला और महान् भीम पराक्रम वाला महाबाहु नृप पैंतीस वर्ष तक भूमि का पालक होगा ॥१६०॥

अष्टपञ्चाशत चाब्दान् राज्ये स्थास्यति वै शुचि ।
अष्टाविंशत्समा' पूर्णाः क्षेमो राजा भविष्यति ॥१६१
भुवतस्तु चतु षष्टीराज्य प्राप्स्यति वीर्य्यवान् ।
पञ्चवर्षाणि पूर्णानि धर्मनेत्रो भविष्यति ॥१६२
भोक्ष्यते नृपतिश्चैव ह्यष्टपञ्चाशत समा. ।
अष्टात्रिंशत्समा राज्य सुव्रतस्य भविष्यति ॥१६३
चत्वारिंशद्दशाष्टौ च दृढसेनो भविष्यति ।
त्रयस्त्रिंशत्तु वर्षाणि सुमति' प्राप्स्यते तत ॥१६४
द्वाविंशतिसमा राज्य सुचलो भोक्ष्यते तत ।
चत्वारिंशत्समा राजा सुनेत्रो भोक्ष्यते तत ॥१६५
सत्यजित्पृथिवीराज्य त्र्यशीति भोक्ष्यते समाः ।
प्राप्येमां वीरजिच्चापि पञ्चत्रिंशद्भविष्यति ॥१६६
अरिञ्जयस्तु वर्षाणि पञ्चाशत्प्राप्स्यते महीम् ।
द्वात्रिंशच्च नृपा ह्येते भवितारो बृहद्रथा. ॥१६७

शुचि नाम वाला राजा अट्ठावन वर्ष तक राज्य मे स्थित रहेगा और क्षेम नामधारी राजा अट्ठाईस वर्ष तक होगा ॥१६१॥ वीर्यवान् भुवत चौंसठ वर्ष तक राज्य को प्राप्त करेगा। पूरे पाँच वर्ष तक धर्मनेत्र राजा रहेगा ॥१६२॥ अट्ठावन वर्ष तक नृपति इस भूमि का उपयोग करेगा। अड़तीस वर्ष तक सुव्रत का राज्य होगा ॥१६३॥ चालीस दश और आठ वर्ष तक दृढसेन राजा होगा। तेतीस वर्ष पर्यन्त फिर सुमति नाम वाला भूमि को प्राप्त करेगा ॥१६४॥ इसके उपरान्त बाईस वर्ष तक सुचल नाम वाला भूमि के शासन का उपभोग करेगा। चालीस वर्ष तक सुनेत्र भूमण्डल का भोग करेगा ॥१६५॥ सत्यजित् राजा तिरासी वर्ष पर्यन्त भूमि का भोग करेगा। फिर इस भूमि को प्राप्त करके पैंतीस वर्ष तक वीरजित् राजा होगा। १६६॥ अरिञ्जय राजा पचास वर्ष तक

इस भूमण्डल पर शासन करेगा। ये बत्तीस राजा बृहद्रथ नाम वाले इस भूमि पर होंगे ॥१६७॥

पूर्णं वर्षसहस्रं वै तेषां राज्यं भविष्यति।
बृहद्रथेष्वतीतेषु वीतहोत्रेषु वर्तिषु ॥१६८
मुनिकः स्वामिनं हत्वा पुत्रं समभिषेक्ष्यति।
मिषतां क्षत्रियाणां हि प्रद्योतो मुनिको बलात् ॥१६९
स वै प्रणतसामन्तो भविष्ये नयवर्जितः।
त्रयोविंशत्समा राजा भविता स नरोत्तमः ॥१७०
चतुर्विंशत्समा राजा पालको भविता ततः।
विशाखयूपो भविता नृपः पञ्चाशती समाः ॥१७१
एकविंशत्समा राज्यमजकस्य भविष्यति।
भविष्यति समा विंशत्तत्सुतो वर्त्तिवर्द्धनः ॥१७२
अष्टात्रिंशच्छतं भाव्याः प्रद्योताः पञ्च ते सुताः।
हत्वा तेषां यशः कृत्स्नं शिशुनाको भविष्यति ॥१७३
वाराणस्यां सुतस्तस्य सम्प्राप्स्यति गिरिव्रजम्।
शिशुनाकस्य वर्षाणि चत्वारिंशद्भविष्यति ॥१७४
शकवर्णः सुतस्तस्य षट्त्रिंशच्च भविष्यति।
ततस्तु विंशतिं राजा क्षेमवर्मा भविष्यति ॥१७५
अजातशत्रुर्भविता पञ्चविंशत्समा नृपः।
चत्वारिंशत्समा राज्यं क्षत्रौजाः प्राप्स्यते ततः ॥१७६

पूरे सौ वर्ष पर्यन्त उनका राज्य होगा। बृहद्रथों के व्यतीत हो जाने पर और वीत होत्रों के समाप्त होने पर मुनिक स्वामी को मारकर पुत्र का अभिषेक करेगा। क्षत्रियों को हटाकर मुनिक बलपूर्वक राज्य को छीन लेगा ॥१६८-१६९॥ वह नयवर्जित प्रणत समस्त भविष्य में नरोत्तम तेईस वर्ष तक राजा होगा ॥१७०॥ फिर इसके उपरान्त पालक नाम वाला इस भूमि का राजा होगा। विशाखयूप नाम वाला पचास वर्ष तक राजा होगा ॥१७१॥ इक्कीस वर्ष तक यहाँ पर अजक का राज्य होगा। फिर उसके पुत्र वर्त्तिवर्द्धन का राज्य

बीस वर्ष तक रहेगा ॥१७२॥ वे पाँच प्रद्योत पुत्र अड़तीस सौ वर्ष तक होंगे फिर उनके समस्त यश को समाप्त कर शिशु नाक वाला राजा होगा ॥१७३॥ उसका पुत्र वाराणसी में गिरिव्रज को प्राप्त करेगा। शिशु नाक का राज्य चालीस वर्ष तक होगा ॥१७४॥ उसका पुत्र शक वर्ण छत्तीस वर्ष पर्यन्त राज्य करेगा। फिर इसके उपरान्त क्षेम वर्मा बीस वर्ष तक राज्य शासन करेगा ॥१७५॥ पच्चीस वर्ष तक इसके पश्चात् अजात शत्रु नामधारी राजा रहेगा। फिर चालीस वर्ष पर्यन्त क्षत्रौजा इस राज्य को प्राप्त करेगा ॥१७६॥

अष्टाविंशत्समा राजा विंबिसारो भविष्यति।
पञ्चविंशत्समा राजा दर्शकस्तु भविष्यति ॥१७७
उदायी भविता तस्मात्त्रयस्त्रिंशत्समा नृप।
स वै पुरवरं राजा पृथिव्यां कुसुमाह्वयम्।
गङ्गाया दक्षिणे कूले चतुर्थेऽब्दे करिष्यति १७८
द्वाचत्वारिंशत्समा भाव्यो राजा वै नन्दिवर्द्धन।
चत्वारिंशत्त्रयश्चैव महानन्दी भविष्यति ॥१७९
इत्येते भवितारो वै शैशुनाका नृपा दश।
शतानि त्रीणि वर्षाणि द्विषष्ट्यभ्यधिकानि तु ॥१८०
शैशुनाका भविष्यन्ति तावत्कालं नृपाः परे।
एतैः सार्द्धं भविष्यन्ति राजानः क्षत्रबान्धवाः ॥१८१
ऐक्ष्वाकवाश्चतुर्विंशत्पाञ्चालाः पञ्चविंशतिः।
कालकास्तु चतुर्विंशच्चतुर्विंशत्तु हैहयाः ॥१८२
द्वात्रिंशद्वै कलिङ्गास्तु पञ्चविंशत्तथा शकाः।
कुरवश्चापि षड्विंशदष्टाविंशति मैथिलाः ॥१८३
शूरसेनास्त्रयोविंशद्वीतिहोत्राश्च विंशतिः।
तुल्यकालं भविष्यन्ति सर्व एव महीक्षितः ॥१८४
महानन्दिसुतश्चापि शूद्रायां कालसंवृतः।
उत्पत्स्यते महापद्मः सर्वक्षत्रान्तरे नृपः ॥१८५

तत प्रभृति राजानो भविष्या. शूद्रयोनय ।
एकराट् स महापद्म एकच्छत्रो भविष्यति ॥१८६
अष्टाविंशतिवर्षाणि पृथिवी पालयिष्यति ।
सर्वक्षत्रमुद्धृतोद्धृत्य भाविनोऽर्थस्य वै बलात् ॥१८७

अट्ठाईस वर्ष तक विंविसार यहाँ का राजा होगा। इसके पश्चात् पच्चीस वर्ष तक दर्शक राजा होगा ॥१७७॥ वह राजा इस भूमि पर कुसुम नाम वाला एक श्रेष्ठ नगर गङ्गा के दक्षिण तट पर चौथे वर्ष मे बनावेगा ॥१६८॥ नन्दि वर्द्धन राजा बयालीस वर्ष तक रहेगा। फिर तैंतालीस वर्ष तक रहेगा। फिर तेंतालीस वर्ष तक महानदी राज्य करेगा ॥१७९॥ ये इतने शैशुनाक नाम वाले दस राजा होंगे। शैशुनाक राजा लोग तीन सौ बासठ वर्ष तक रहेगे तावत्काल तक दूसरे राजा होंगे और वे इनके साथ क्षत्रबन्धु राजा होंगे ।१८०-१८१॥ ऐक्ष्वाकु राजा चौबीस और पाञ्चाल पच्चीस तथा कालक चौबीस एव हैहय चौबीस होंगे ॥१८२॥ कलिङ्ग नामधारी राजा संख्या मे बत्तीस होंगे तथा शक जाति वाले पच्चीस होंगे। कुरु भी छब्बीस होंगे और मैथिल राजा अट्ठाईस होंगे ॥१८३॥ शूरसेन नाम वाले तेईस होंगे और वीति होत्र नामक राजा संख्या मे बीस शासन करेंगे। ये सभी महीप तुल्य काल ही मे होंगे ॥१८४॥ महानन्दि का पुत्र काल संवृत शूद्रजाति की स्त्री मे उत्पन्न होगा। महापद्म नृप सर्वक्षत्रान्तर मे होगा ॥१८५॥ इससे आदि लेकर शूद्र योनि वाले राजा होंगे महापद्म एकराट् औरच्छत्र राजा होगा ॥१८६॥ यह अट्ठाईस वर्ष तक पृथिवी का पालन करेगा और समस्त क्षत्रियो से हुन का उद्धार करके भावी अर्थ का बल से उपभोग करेगा ॥१८७॥

सहस्रास्तत्सुता ह्यष्टौ समा द्वादश ते नृपा ।
महापद्मस्य पर्याये भविष्यन्ति नृपा क्रमात् ॥१८८
उद्धरिष्यति तान् सर्वान् कौटिल्यो वै द्विरष्टभि ।
भुक्त्वा मही वर्षशत नन्देन्दु स भविष्यति ॥१८९
चन्द्रगुप्त नृप राज्ये कौटिल्य स्थापयिष्यति ।
चतुर्विंशत्समा राजा चन्द्रगुप्तो भविष्यति ॥१९०

भविता भद्रसारस्तु पञ्चविंशत्समा नृप ।
षड्विंशत्तु समा राजा ह्यशोको भविता नृपु ॥१६१
तस्य पुत्र. कुनालस्तु वर्षाण्यष्टौ भविष्यति ।
कुनालसूनुरष्टौ च भोक्ता वै बन्धुपालितः ॥१६२
बन्धुपालितदायादो दशमानीन्द्रपालितः ।
भविता सप्तवर्षाणि देववर्म्मा नराधिपः ॥१६३
राजा शतधरश्चाष्टौ तस्य पुत्रो भविष्यति ।
बृहदश्वश्च वर्षाणि सप्त वै भविता नृपः ॥१६४
इत्येते नव भूपा ये भोक्ष्यन्ति च वसुन्धराम् ।
सप्तत्रिंशच्छतं पूर्णं तेभ्यस्तु गोर्भविष्यति ॥१६५

उस राजा के एक सहस्र पुत्र होंगे वे आठ वर्ष तक बारह राज्य महापद्म के पर्याय में क्रम से शासन करेंगे ॥१८८॥ दो और आठ के द्वारा उन सबका कौटिल्य उद्धार करेगा । वह सौ वर्ष तक इस भूमि के सुख का उपभोग कर नन्देन्दु हो जायगा ॥१८६॥ कौटिल्य अर्थात् चाणक्य राज्य शासन में चन्द्रगुप्त चौबीस वर्ष पर्यन्त शासक रहेगा ॥१६०॥ भद्रसार तो सत्तीस वर्ष तक राजा होगा । फिर छब्बीस वर्ष तक मानवेः पर राजा अशोक का शासन रहेगा ॥१६१॥ उस सम्राट् अशोक का पुत्र कुनाल तो केवल आठ ही वर्ष तक राज्योपभोग करेगा । फिर इस कुनाल का पुत्र बन्धुपालित नाम वाला आठ वर्ष तक भूमिका भोक्ता रहेगा ॥१६२॥ बन्धुपालित का दायाद इन्द्रपालित दश वर्ष तक रहेगा । फिर इसके पश्चात् देव वर्म नराधिप सात वर्ष तक शासन करेगा ॥१६३॥ उसका पुत्र राजा शतधर आठ वर्ष पर्यन्त होगा । बृहदश्व सात वर्ष तक राजा रहेगा ॥१६४॥ इतने ये नौ राजा इस वसुन्धरा का भोग करेंगे । पूरे एक सौ सैंतीस वर्ष तक यह पृथ्वी उनके उपभोग के लिये रहेगी ॥१६५॥

पुष्पमित्रस्तु सेनानीरुद्धृत्य वै बृहद्रथम् ।
कारयिष्यति वै राज्यं समाः षष्टि सदैव तु ॥१६६
पुष्पमित्रसुताश्चाष्टौ भविष्यन्ति समा नृपा. ।
भविता चापि तज्ज्येष्ठः सप्तवर्षाणि वै ततः ॥१६७

वसुमित्र सुतो भाव्यो दशवर्षाणि पार्थिव ।
ततो ध्रुक समा द्वे तु भविष्यति सुतश्च वै ॥१९८
भविष्यन्ति समास्तस्मात्तिस्र एव पुलिन्दका ।
राजा घोषसुतश्चापि वर्षाणि भविता नव ॥१९९
ततो वै विक्रमित्रस्तु समा राजा तत पुन ।
द्वात्रिंशद्भविता चापि समा भागवतो नृप ॥२००
भविष्यति सुतस्तस्य क्षेमभूमि समा दश ।
दशैते तुङ्गराजानो भोक्ष्यन्तीमां वसुन्धराम् ॥२०१
शत पूर्णं दश द्वे च तेभ्य कि वा गमिष्यति ।
अपार्थिवसुदेवन्तु बाल्याद्यसनिन नृपम् ॥२०२
देवभूमिस्ततोऽन्यश्च शृङ्गेषु भविता नृप ।
भविष्यति समा राजा नव कण्ठायनस्तु स ॥१०३
भूतिमित्र सुतस्तस्य चतुर्विंशद्भविष्यति ।
भविता द्वादश समास्तस्मान्नारायणो नृप ॥२०४

सेनानी पुष्प मित्र वृहद्रथ का उद्धार करके साठ वर्ष तक सदैव राज्य शासन करायेगा ॥१९६॥ पुष्पमित्र के पुत्र आठ वर्ष तक राजा होंगे । उनमें जो सबसे बड़ा है वह सात वर्ष तक राज्य का शासन करेगा ॥१९७॥ वसुमित्र पुत्र दस वर्ष तक इस भूमि का राजा होगा । इसके पश्चात् सुत ध्रुव दो वर्ष तक शासन होगा ॥१९८॥ इसमे तीन पुलिन्दक राजा होंगे । राजा घोष सुत तीन वर्ष तक रहेगा ॥१९९॥ इसके अनन्तर विक्रमित्र राजा होगा फिर भागवत राजा बत्तीस वर्ष तक उपभोग करेगा ॥२००॥ भागवत राजा का पुत्र क्षेम भूमि नाम वाला दश वर्ष पर्यन्त इस भूमण्डल का भोग करेगा । ये दश-तुङ्ग नामधारी राजा इस वसुन्धरा का सुखोपभोग करेंगे ॥२०१॥ प्रथवा एक सौ बारह वर्ष तक यह वचपन से व्यासजी अपार्थिव सुदेव नृप की यह रहगी ॥२०२॥ इसके पश्चात् एक अन्य देवभूमि नृप शृङ्गो मे होगा । वह कण्ठायन राजा नौ वर्ष तक रहगा ॥२०३॥ उसका पुत्र भूतिमित्र होगा और वह चौबीस

वर्ष तक भूमि का शासन करेगा। उससे फिर नारायण नाम वाला राजा बारह वर्ष तक भूमि का भोग करेगा ॥२०४॥

सुशर्म्मा तत्सुतश्चापि भविष्यति समा दश।
चतुरस्तुङ्गकृत्यास्ते नृपाः कण्ठायना द्विजा ॥२०५
भाव्या प्रणतसामन्ताश्चत्वारिंशच्च पञ्च च।
तेषा पर्य्यायकाले तु तरन्धा तु भविष्यति ॥२०६
कण्ठायनमथोद्धृत्य सुशर्म्माणं प्रसह्य तम्।
भृङ्गाणां चापि यच्छिष्ट क्षययित्वा बल तदा।
सिन्धुको ह्यन्ध्रजातीय प्राप्स्यतीमा वसुन्धराम् ॥२०७
त्रयोविंशत्समा राजा सिन्धुको भविता त्वथ।
अष्टौ भ्रातश्च वर्षाणि तस्माद्दश भविष्यति ॥२०८
श्रीसातकर्णिर्भविता तस्य पुनस्तु वै महान्।
पञ्चाशत समा षट् च सातकर्णिर्भविष्यति ॥१०६
आपादवद्धो दश वै तस्य पुत्रो भविष्यति।
चतुर्विंशत्तु वर्षाणि षट् समा वै भविष्यति ॥२१०
भविता नेमिकृष्णस्तु वर्षाणा पञ्चविंशतिम्।
तत सवत्सर पूर्ण हालो राजा भविष्यति १११

उसका पुत्र सुशर्मा नामधारी दश वर्ष तक राजा होगा। हे द्विजवृन्द! ये चार कण्ठायन तुङ्गकृत्य राजा होंगे ॥२०६॥ पैंतालीस प्रणत सामन्त होंगे। उनके पर्याय काल में तरन्धा होगा ॥२०६॥ कण्ठायन सुशर्मा को बलपूर्वक उद्धृत करके और भृङ्गों का जो भी कुछ शेष था उस बल को क्षीण करके आन्ध्र जाति वाला सिन्धुक नामक राजा इस वसुन्धरा को प्राप्त करेगा ॥२०७॥ इसके अनन्तर वह सिन्धुक तेईस वर्ष तक राज्य का शासक नृप होगा। फिर भात अठारह वर्ष तक रहेगा ॥२०८॥ उसका महान् पुत्र श्री सातकर्णि छप्पन वर्ष पर्यन्त राज्य-शासन करने वाला होगा ॥२०६॥ दश आपाद वद्ध उसका पुत्र होगा। वह तीस वर्ष तक यहाँ भूमि का राजा होगा ॥२१०॥ फिर नेमि कृष्ण नाम वाला पच्चीस वर्ष तक राजा रहेगा। फिर पूरे एक वर्ष तक 'हाल'—इस नाम वाला राजा होगा ॥२११॥

पञ्च शतक राजानो भविष्यन्ति महाबला ।
भाव्य पुत्रिकषेणस्तु समा सोऽप्येकविंशतिम् ॥२१२
सातकर्णिर्वर्षमेकं भविष्यति नराधिपः ।
अष्टाविंशत्तु वर्षाणि शिवस्वामी भविष्यति ॥२१३
राजा च गोतमीपुत्र एकविंशत्समा नृपः ।
एकोनविंशति राजा यज्ञश्री सातकण्यथ ॥२१४
षडेव भविता तस्माद्विजयस्तु समा नृप ।
*दण्डश्री सातकर्णी च तस्य पुत्रः समास्त्रय* ॥२१५
पुलोवापि समा सप्त अन्येषाञ्च भविष्यति ।
इत्येते वै नृपास्त्रिंशदन्ध्रा भोक्ष्यन्ति ये महीम् ॥२१६
समा शतानि चत्वारि पञ्च षड् वै तथैव च ।
अन्ध्राणां संस्थिता पञ्च तेषां वंशाः समा पुनः ॥२१७
सप्तैव तु भविष्यन्ति दशाभीरास्ततो नृपाः ।
सप्त गर्दभिनश्चापि ततोऽथ दश वै शकाः ॥२१८
यवनाष्टौ भविष्यन्ति तुषारास्तु चतुर्दश ।
त्रयोदश गरुण्डाश्च मौना ह्यष्टादशैव तु २१९
अन्ध्रा भोक्ष्यन्ति वसुधां शते द्वे च शतं च वै ।
शतानि त्र्यण्यशीतिञ्च भोक्ष्यन्ति वसुधां शकाः ॥२२०

पञ्च सप्तक महान् बलवान् राजा होंगे । एक पुत्रिकषेण होगा वह भी एक और बीस वर्ष तक राजा रहेगा ॥२१२॥ सातकर्णि एक ही वर्ष तक नराधिप होगा । अट्ठाईस वर्ष तक शिव स्वामी राजा होगा ॥२१३॥ गौतमी पुत्र नाम वाला राजा मनुष्यों पर इक्कीस वर्ष पर्यन्त शासन करेगा । उन्नीस वर्ष तक राजा यज्ञ श्री और इसके अनन्तर सातकर्णि होगा ॥२१४॥ उससे फिर छै ही राजा होंगे । *विजय—दण्ड श्री और सातकर्णि उसके ये तीन पुत्र* होंगे ॥२१५॥ सात वर्ष तक पुलोवापि होगा और दूसरों का भी होगा । ये तीस अन्ध्र राजा इस मही का भोग करेंगे ॥२१६॥ चार सौ ग्यारह उन अन्ध्रों के समान पाँच वंश संस्थित होंगे ॥२१७॥ सात ही दशाभीरद नृप होंगे ।

सात गर्द भी होंगे फिर इनके पश्चात् दश शक होंगे ॥२१८॥ आठ यवन राजा होंगे फिर चौदह तुषार नाम वाले राजा होंगे। तेरह गरुण्ड और इनके पश्चात अठारह मौन होंगे ॥११६॥ तीन सौ वर्ष तक अन्ध्र जाति वाले लोग इस वसुधा का भोग करेंगे और फिर तीनसौ अस्सी वर्ष तक शक जाति वाले इस वसुन्धरा का भोग करेंगे ॥२२०॥

अशीतिश्चैव वर्षाणि भोक्तारो यवना महीम् ।
पञ्चवर्षशतानीह तुषाराणां मही स्मृता ॥२२१
शतान्यर्द्धचतुर्थानि भवितारस्त्रयोदश ।
गरुण्डा वृषलैः सार्द्धं भाव्यान्याम्लेच्छजातयः ॥२२२
शतानि त्रीणि भोक्ष्यन्ति म्लेच्छा एकादशैव तु ।
तच्छन्नेन च कालेन तत कोलिकिला वृषाः ॥२२३
ततः कोलिकिलेभ्यश्च विन्ध्यशक्तिर्भविष्यति ।
समा षण्णवति ज्ञात्वा पृथिवीं च समेष्यति ॥२२४
नृपान् वै दिशकाश्चापि भविष्यांश्च निबोधत ।
शेषस्य नागराज्यस्य पुत्र स्वरपुरञ्जय ॥२२५
भोगी भविष्यते राजा नृपो नागकुलोद्वहः ।
सदाचन्द्रस्तु चन्द्रांशो द्वितीयो नखवास्तथा ॥२२६
धनधर्मा ततश्चापि चतुर्थो विंशज स्मृत ।
भूतिनन्दस्ततश्चापि वदेशे तु भविष्यति ॥२२७
अङ्गाना नन्दनस्यान्ते मधुनन्दिर्भविष्यति ।
तस्य भ्राता यवीयांस्तु नाम्ना नन्दियशा किल ॥२२८
तस्यान्वये भविष्यन्ति राजानस्ते त्रयस्तु वै ।
दौहित्रः शिशुको नामपुरिकाया नृपोऽभवत् ॥२२९
विन्ध्यशक्तिसुतश्चापि प्रवीरो नाम वीर्यवान् ।
भोक्ष्यन्ति च समा षष्टि पुरीं काञ्चनकाञ्च वै ॥२३०
यक्ष्यन्ति वाजपेयैश्च समाप्तवरदक्षिणैः ।
तस्य पुत्रास्तु चत्वारो भविष्यन्ति नराधिपा २३१

विन्ध्यकाना कुलेऽतीते नृपा वै वाह्लिकास्त्रय ।
सुप्रतीको नभीरस्तु समा भोक्ष्यति त्रिंशतिम् ॥२३२

अस्सी वर्ष तक यवन लोग इस मही को भोगेंगे। यहाँ पाँच सौ वर्ष तक तुसारा की यह भूमि रही जायगी ॥२२१॥ अर्द्ध चतुर्थ सौ वर्ष तक तेरह मरुण्ड वृषलो के साथ होंगे जो अन्य म्लेच्छ जाति वाले होंगे ॥२२२॥ ग्यारह म्लेच्छ तीन सौ वर्ष तक इस भूमि का भोग करेंगे। और उनके अन्तकाल में कोलिकिल नृप होंगे ॥२२३॥ फिर उन कोलिकिलो से विन्ध्य शक्ति होगा। छयानवे वर्ष तक पृथिवी को ज्ञान प्राप्त करके आवेगा ॥२२४॥ अब नृपो को और दिशको को जो कि आगे होने वाले है भली भांति समझ लो। नागराज शेष का पुत्र स्वरपुरञ्जय नाग कुलका उद्दहन करने वाला भोग करने वाला राजा होगा। चन्द्राश मदाचन्द्र और दूसरा नखवान् है ॥२२५॥ इसके बाद धनधर्मा और चौथा विशज कहा गया है। इसके पश्चात् भूतिनन्द जो कि वैदेश में होगा ॥२२७॥ आगे वे नन्दन के अन्त में मधुनन्दि राजा होगा। उसका छोटा भाई नन्दियश नाम वाला है ॥२२८॥ उसके अन्वय में (वंश में) तीन राजा होंगे। शिशुक नाम वाला दौहित्र तुरिका में राजा होगा ॥२२९॥ विन्ध्य शक्ति का पुत्र वीर्य वाला प्रवीर नामधारी होगा और साठ वर्ष तक काञ्चनका पुरी का भोग करेंगे ॥२३०॥ वे श्रेष्ठ दक्षिणा देकर समाप्त करने वाले वाजपेयो के द्वारा यजन करेंगे। उसके चार पुत्र नराधिप होंगे ॥२३१॥ विन्ध्यको के कुल के व्यतीत होजाने पर तीन वाह्लीक राजा होंगे। सुप्रतीक नभीर तो तीस वर्ष तक पृथ्वी का भोग करेगा ॥२३२॥

शकयमा नाम वै राजा माहिषीना महीपतिः ।
पुष्पमित्रा भविष्यन्ति पट्टमित्रास्त्रयोदश ॥२३३
मेकलाया नृपा सप्त भविष्यन्ति च सत्तमा ।
कोमलायान्तु राजानो भविष्यन्ति महाबला ॥२३४
मेघा इति समाख्याता बुद्धिमन्तो नवैव तु ।
नैषधा पार्थिवा सर्व्वे भविष्यन्त्यामनुक्षयात् ॥२३५

नलवंशप्रसूतास्ते वीर्यवन्तो महाबलाः ।
मागधाना महावीर्यो विश्वस्फानिर्भविष्यति ॥२३६
उत्साद्य पार्थिवान् सर्वान्सोऽन्यान् वर्णान् करिष्यति ।
कैवर्तान् पञ्चकांश्चैव पुलिन्दान् ब्राह्मणास्तथा ॥२३७
स्थापयिष्यन्ति राजानो नानादेशेषु तेजसा ।
विश्वस्फानिर्महासत्त्वो युद्धे विष्णुसमो बली ॥२३८
विश्वस्फानिर्नरपतिः क्लीवाकृतिरिवोच्यते ।
उत्सादयित्वा क्षत्रन्तु क्षत्रमन्यत् करिष्यति ॥२३९
देवान् पितृंश्च विप्रांश्च तर्पयित्वा सकृत्पुन ।
जाह्नवीतीरमासाद्य शरीरं यम्यते बली ॥२४०
सन्यस्य स्वशरीरन्तु शक्रलोकं गमिष्यति ।
नवनाकास्तु भोक्ष्यन्ति पुरीं चम्पावतीं नृपाः ॥२४१

दशवमा नाम वाला राजा माहिषियों का महीपति होगा । पुष्पमित्र होंगे और तेरह पट्टमित्र होंगे ॥२३३॥ मेकला में सात श्रेष्ठतम राजा होंगे । कोमला में तो महान् बल वाले राजा होंगे ॥२३४॥ मेघ इस नाम से समाख्यात होने वाले नौ बुद्धिमान् राजा होंगे । मनुक्षय पर्यन्त सब नैषध पार्थिव होंगे ॥२३५॥ वे सब नल के वंश में उत्पन्न वाले महान् बलवान् और वीर्य वाले राजा होंगे । मागधों में विश्व स्फानि नाम वाला महान् वीर्य वाला राजा होगा ॥२३६॥ वह समस्त पार्थिवों को उत्सादित करके अन्य वर्णों को करेगा । कैवर्त्तों को-पञ्चकों को-पुलिन्दकों तथा ब्राह्मणों को अनेक देशों में तेज से राजाओं को स्थापित करेंगे । विश्वस्फानि महान् सत्त्व वाला और युद्ध में विष्णु के समान बली था ॥२३७-२३८॥ विश्वस्फानि जो राजा होगा वह क्लीव के समान आकृति वाला कहा जाता है । क्षत्र को उत्सादित करके अन्य क्षत्र को करेगा ॥२३९॥ यह बली देवों को-पितरों को और ब्राह्मणों फिर एक बार तृप्त करके अन्त में गङ्गा के तट पर पहुँच कर शरीर को त्याग करेगा ॥२४०॥ अपने शरीर का त्याग करके फिर इन्द्र के लोक को चला जायगा । नव नाग राजा चम्पावती पुरी का भोग करेंगे ॥२४१॥

मथुराञ्च पुरी रम्या नागा भोक्ष्यन्ति सप्त वै ।
अनुगङ्ग प्रयागञ्च साकेत मगधास्तथा ।
एताञ्जनपदान् सर्व्वान् भोक्ष्यन्ते गुप्तवंशजा ॥२४२
निषधान् यदुकांश्चैव शैशीतान् कालतोयकान् ।
एताञ्जनपदान् सर्व्वान् भोक्ष्यन्ति मणिधान्यजा ॥२४३
कोशलांश्चान्ध्रपौण्ड्रांश्च ताम्रलिप्तान् ससागरान् ।
चम्पा चैव पुरी रम्या भोक्ष्यन्ति देवरक्षिताम् ॥२४४
कलिङ्गा महिषाश्चैव महेन्द्रनिलयाश्च ये ।
एताञ्जनपदान् सर्व्वान् पालयिष्यति वै गुह ॥२४५
स्त्रीराष्ट्र भक्ष्यकांश्चैव भोक्ष्यते कनकाह्वय ।
तुल्यकाल भविष्यन्ति सर्वे ह्येते महीक्षित ॥२४६
अल्पप्रसादा ह्यनृता महाक्रोधा ह्यधार्मिका ।
भविष्यन्तीह यवना धर्मत कामतोऽर्थत ॥२४७
नैव मूर्द्धाभिषिक्तास्त भविष्यन्ति नराधिपा ।
युगदोषदुराचारा भविष्यन्ति नृपास्तु ते ॥२४८
स्त्रीणां बलवधेनैव हत्वा चैव परस्परम् ।
भोक्ष्यन्ति कलिशेषे तु वसुधा पार्थिवास्तथा ॥२४९

परम रम्य मथुरा नगरी को सात नाग उपभोग करेंगे । गङ्गा के साथ-साथ प्रयाग-साकेत तथा मगध देशों को—इन जनपदों को सबको गुप्त वंश में उत्पन्न होने वाले नृप भोग करेंगे ॥२४२॥ मणिधान्यज लोग निषध देशों को—यदुकों को—शैशीतों को—काल तोयकों को—इन समस्त जनपदों को भोग करेंगे कलिङ्ग-महिष और जो महेन्द्र निलय हैं वे कोशल देशों को—आन्ध्र पौण्ड्रों को—ताम्रलिप्तों को सागरों के सहित तथा सुरम्य चम्पा नगरी जो कि देवों के द्वारा सुरक्षित है, भोग करेंगे इन समस्त जनपदों को गुह पालन करेगा ॥२४४ २४५॥ कनक नाम वाला स्त्री राष्ट्र और भक्ष्यकों का भोग करेगा । ये समस्त राजा तुल्य काल में ही होंगे ॥२४६॥ यहाँ पर धर्म से और काम से अल्प प्रसाद वाले—झूठे—महान् क्रोध करने वाले और अधार्मिक यवन होंगे ॥२४७॥ ये राजा मूर्द्धा-

भिषिक्त नहीं होंगे । वे समस्त नृप युग के दोषों से दुराचार वाले होंगे ॥२४८॥ ये समस्त राजा स्त्रियों का बलपूर्वक वध के द्वारा आपस में हनन करके कलियुग के शेष में वसुधा का भोग करेंगे ॥२४६॥

उदितोदितवशास्ते उदितास्तमितास्तथा ।
भविष्यन्तीह पर्याये कालेन पृथिवीक्षित ॥२५०
विहीनास्तु भविष्यन्ति धर्म्मत कामतोऽर्थत ।
तैर्विमिश्रा जनपदा म्लेच्छाचाराश्च सर्वश ॥२५१
विपर्य्ययेन वर्त्तन्ते नाशयिष्यन्ति वै प्रजा ।
लुब्धानृतरताश्चैव भवितारस्तदा नृपा ॥२५२
तेषा व्यतीते पर्याये बहुस्त्रीके युगे तदा ।
लवातिलव भ्रश्यमाना आयूरूपबलश्रुतं ॥२५३
तथा गतास्तु वै काष्ठा प्रजासु जगतीश्वरा. ।
राजान' सम्प्रणश्यन्ति कालेनोपहतास्तदा ॥२५४
कल्किनोपहता सर्वे म्लेच्छा यास्यन्ति सर्वश ।
अधार्मिकाश्च तेऽत्यर्थं पाषण्डाश्चैव सर्वशः ॥२५५
प्रनष्टे नृपशब्दे च सन्ध्याश्लिष्टे कलौ युगे ।
किञ्चिच्छिष्टा. प्रजास्ता वै धर्म्मे नष्टेऽपरिग्रहा ॥२५६

समय के प्रभाव से राजा लोग उदितोदित वश वाले तथा उदितास्तमित यहाँ पर्याय में होंगे ॥२५०॥ ये समस्त काम से और अर्थ से विहीन होंगे। उनके द्वारा विशेष रूप से मिश्रित म्लेच्छों के समान आचार करने वाले सभी प्रकार से दूषित जनपद हो जायगे ॥२५१॥ ये सभी विपरीत व्यवहार करते हैं तथा हर प्रकार से प्रजाओं का नाश करेंगे । उस समय में राजा लोग लोभी और मिथ्या में रति करने वाले हो जायगे ॥२५२॥ उनके पर्याय के व्यतीत हो जाने पर और उस समय में बहुत स्त्रियों वाले युग में क्षण से क्षण में आयु-रूप-बल और श्रुत सभी भ्रश्यमान हो जायेंगे ॥२५३॥ इस प्रकार से प्रजाओं के विषय में परम सीमा को प्राप्त हुए राजा लोग उस समय कालवश सब उपहत होते हुए नष्ट हो जायगे ॥२५४॥ समस्त म्लेच्छगण कल्कि के द्वारा सब

ओर से उत्पन्न होंगे । वे सभी परम अधार्मिक और सब तरह से पाषण्ड युक्त होंगे ॥२५५॥ कलियुग के सन्ध्या क्लिष्ट होने पर 'नृप'—यह शब्द ही प्रणष्ट हो जायगा जो कुछ थोड़ी सी प्रजा शेष रहेगी वह भी धर्म के नष्ट हो जाने पर बिना परिग्रह वाली हो जायगी ॥२५६॥

असाधना हृताश्वासा व्याधिशोकेन पीडिता ।
अनावृष्टिहताश्चैव परस्परवधेन च ॥२५७
अनाथा हि परित्रस्ता वार्त्तामुत्सृज्य दुःखिताः ।
त्यक्त्वा पुराणि ग्रामाश्च भविष्यन्ति वनौकसः ॥२५८
एवं नृपेषु नष्टेषु प्रजास्त्यक्त्वा गृहाणि तु ।
नष्टे स्नेहे दुरापन्ना भ्रष्टस्नेहा सुहृज्जना ॥२५९
वर्णाश्रमपरिभ्रष्टा सङ्कर घोरमास्थिता ।
सरित्पर्वतसेविन्यो भविष्यन्ति प्रजास्तदा ॥२६०
सरितः सागरानूपान् सेवन्ते पर्वतानि च ।
अङ्गान् कलिङ्गान् वङ्गाश्च काश्मीरान् काशिकोशलान् ॥२६१
ऋषिकान्तगिरिद्रोणी संश्रयिष्यन्ति मानवा ।
कृत्स्न हिमवतः पृष्ठ कूलं हि लवणाम्भस ॥२६२
अरण्यान्यभिपत्स्यन्ति ह्यार्य्या म्लेच्छजनैः सह ।
मृगैर्मीनैर्विहङ्गैश्च श्वापदैस्तक्षुभिस्तथा ।
मधुशाकफलैर्मूलैर्वर्तयिष्यन्ति मानवा ॥२६३

समस्त प्रजा साधनों से शून्य—हृताश्वास और व्याधि तथा शोक से परम पीड़ित—वर्षा के बिल्कुल ही अभाव होने के कारण हत तथा आपस में ही एक-दूसरे के वध करने से अनाथ—भयभीत—रोगी का त्याग करके अत्यन्त ही दुःखित प्रजाजन नगरों का तथा ग्रामों का त्याग करके वन में निवास करने वाले जंगली जैसे हो जायेंगे ॥२५७-२५८॥ इस प्रकार से समस्त नृपों के नष्ट हो जाने पर प्रजा अपने-अपने घरों को त्याग करके स्नेह के नष्ट हो जाने पर दुरापन्न—भ्रष्ट स्नेह और सुहृज्जनों से रहित हो जायगी ॥२५९॥ वर्णों तथा आश्रमों से परिभ्रष्ट होते हुए घोर सङ्कट अवस्था में आस्थित, नदी तथा पर्वतों

के सेवन करने वाली उस समय समस्त प्रजा हो जायगी । २६०॥ मनुष्य नदियो को–सागरो को–अनूपो को और पर्वतों को सेवन करते हैं । अङ्ग–वङ्ग–कलिङ्ग काश्मीर–काशि कोशलो को सेवन करते हैं ॥२६१॥ तथा मानव ऋषिकान्त गिरि द्रोणी का सश्रय ग्रहण करेंगे । पुन हिमवान् पर्वत का पृष्ठ भाग तथा क्षार समुद्र का तट और अरण्यो को आर्य लोग म्लेच्छो के साथ चले जायगे । और मानव मृग–मीन–विहङ्ग तथा श्वापद तथा तक्षुओं से एव मधु–शाक–फल–मूलो से अपना उदरपूर्ति का निर्वाह करेंगे ॥२६२ २६३॥

चीर पर्णांश्च विविध वल्कलान्यजिनानि च ।
स्वय कृत्वा विवत्स्यन्ति यथा मुनिजना स्तथा ॥२६४
बीजाग्रानि तथा निम्नेष्वीहन्त काष्ठशङ्कुभि ।
अजैडक खरोष्ट्रञ्च पालयिष्यन्ति यत्नत ॥२६५
नदीर्वत्स्यन्ति तोयार्थे कूलमाश्रित्य मानवा ।
पार्थिवान् व्यवहारेण विबाधन्त परस्परम् ।२६६
बहुमन्या प्रजाहीना शौचाचारविवर्जिता ।
एव भविष्यन्ति नरास्तदाधर्म्मे व्यवस्थिता ॥२६७
हीनाद्धीनास्तथा धर्म्मान् प्रजा समनुवर्त्तते ।
आयुस्तदा त्रयोविंश न कश्चिदतिवर्त्तते ॥२६८
दुर्बला विषयग्लाना जरया सपरिप्लुता ।
पत्रमूलफलाहाराश्चीरकृष्णाजिनाम्बरा ॥२६९

चीर–पर्ण (पत्ते) विविध प्रकार की पेडो की छाल और चमडो को स्वय काट कर मुनिजनों की भाँति धारण करेंगे ॥२६४॥ बीजाग्रो को निम्न भागो काठ तथा शकुओ मे इच्छा करते हुए अर्थात् निकाल कर प्राप्त करने की चेष्टा करते हुए बकरी–भेड–गधा ऊँटो को बडे यत्न से पालेंगे ॥२६५॥ मानव जल के प्राप्त करने के लिए नदियो क किनारों के निकट आश्रय ग्रहण कर वास किया करेंगे । व्यवहार ऐसा होगा कि उसके द्वारा परस्पर मे राजाओं को विशेष बाधा पहुचायेंगे ॥२६६॥ अपने आपको बहुत कुछ मानने वाले–सन्तति से हीन और शौच (शुद्धि) और आचार से रहित अधर्म मे पूर्ण रूप से व्यव-

स्थित रहने वाले ऐसे ही उस समय में मनुष्य हो जाँयगे। ।२६७।। उस समय मे प्रजा हीन से भी हीन धर्मो का समनुवर्त्तन करेंगे। उस समय मे तेईस वर्ष की आयु को कोई भी पार नहीं करेंगे अर्थात् परमायु इतनी कम हो जायगी ।।२६८।। मनुष्य उस समय मे अत्यन्त कमजोर हो जांयगे और वह ऐसा भीषण समय आयेगा कि सभी विषयो मे लिप्त और जरा से (वार्द्धक्य से) सपरिप्लुत होंगे। पत्र-पत्र और मूलों के आहार वाले होंगे तथा चीर-कलीर और कृष्णाजिन के वस्त्र वाले हो जाँयगें ।।२६९।।

वृत्यर्थमभिलिप्सन्तश्चरिष्यन्ति वसुन्धराम् ।
एतत्कालमनुप्राप्ताः प्रजा कलियुगान्तके ।।२७०
क्षीणे कलियुगे तस्मिन् दिव्ये वर्षसहस्रके ।
नि शेषास्तु भविष्यन्ति सार्द्धं कलियुगेन तु ।
ससन्ध्यांशे तु नि शेषे कृत वै प्रतिपत्स्यते ।।२७१
यदा चन्द्रश्च सूर्यश्च तथा तिष्यबृहस्पती ।
एकराशे भरिष्यन्ति तदा कृतयुग भवेत् ।।२७२
एष वर्षक्रम कृत्स्न कीर्त्तितो वो यथाक्रमम् ।
अतीता वर्त्तमानाश्च तथैवानागताश्च ये ।।२७३
महादेवाभिषेकात्तु जन्म यावत्परिक्षित ।
एतद्वर्षसहस्रन्तु ज्ञेय पञ्चादशदुत्तरम् ।।२७४
प्रमाण वै तथा चोक्त महापद्मान्तर च यत् ।
अन्तर तच्छतान्यष्टौ षट्त्रिंशच्च समा स्मृता ।।२७५
एतत्कालान्तर भाव्या अन्ध्रान्ता ये प्रकीर्त्तिताः ।
भविष्यैस्तत्र सङ्ख्याता पुराणज्ञै श्रुतर्षिभि. ।।२७६
सप्तर्षयस्तदा प्राहु प्रतीपे राज्ञि वै शतम् ।
सप्तविंशै शतैर्भाव्या अन्ध्राणा ते त्वया पुन ।।२७७
सप्तविंशतिपर्यन्ते कृत्स्ने नक्षत्रमण्डले ।
सप्तर्षयस्तु तिष्ठन्ति पर्यायेण शत शतम् ।
सप्तर्षीणा युग ह्येतद्दिव्यया सङ्ख्यया स्मृतम् ।।२७८

अपनी वृत्ति (रोजी) के लिये अत्यन्त स लालयित होते हुए पृथ्वी पर विचरण किया करेंगे। कलियुग के अन्त में समस्त प्रजा ऐसा समय प्राप्त करने वाले होंगे ॥२७०॥ दिव्य एक सहस्र वर्ष वाले कलियुग के क्षीण होजाने पर कलियुग के साथ ही सब नि शेष हो जायगे। सन्ध्यांश के सहित नि शेष होजाने पर फिर कृतयुग की प्राप्ति होगी ॥२७१॥ जिस समय में चन्द्र और सूर्य तथा तिष्य और बृहस्पति एक ही दिन में भर जायगे तब कृतयुग का प्रारम्भ होगा ॥२७२॥ मैंने यह वश का क्रम आप लोगो के सामने यथाक्रम वर्णित कर दिया है। जो व्यतीत हो चुके है और वर्तमान है तथा जो अनागत अर्थात् भविष्य में होने वाले हैं सबका पूरा वर्णन कर दिया है ॥२७३॥ जन्म को परिक्षित महादेव के अभिषेक से जितना भी समय है वह एक सहस्र पचास वर्ष जानना चाहिये ॥२७४॥ इसका प्रमाण महापद्मान्तर में कहा गया है वह अन्तर आठसौ छत्तीस वर्ष कहा गया है ॥२७५॥ यह कालान्तर मे जो अन्धान्त कहे गये हैं वे होगे। वहाँ पर होने वाले भूर्तपि पुराणो के ज्ञाताओ के द्वारा सख्यात हुए हैं ॥२७६॥ उस समय मे सप्तर्षियो ने वे प्रतीप राजा सो कहे हैं और आपके अन्ध्रो के सत्ताईस सौ होने वाले बताये हैं ॥२७७॥ सप्तविंशति पर्यन्त पूरे नक्षत्र मण्डल मे पर्याय से सौ-सौ सप्तर्षिगण रहा करते हैं। यह युग दिव्य सन्ध्या के द्वारा सप्तर्षियो का कहा गया है ॥२७८॥

सा सा दिव्या स्मृता षट्दिव्यान्हाश्च व सप्तभि ।
तेभ्य प्रवर्त्तते कालो दिव्य सप्तर्षिभिस्तु तै ॥२७६
सप्तर्षीणान्तु ये पूर्वा दृश्यन्ते उत्तरादिशि ।
ततो मध्येन च क्षेत्र दृश्यते यत्सम दिवि ॥२८०
तेन सप्तर्षयो युक्ता ज्ञेया व्योम्नि शत समा ।
नक्षत्राणामृषीणाञ्च योगस्यैतन्निदर्शनम् ॥२८१
सप्तर्षयो मघायुक्ताः काले पारिक्षिते शतम् ।
अन्ध्रान्शे स चतुर्विशे भविष्यन्ति मते मम ॥२८२
इमास्तदा तु प्रकृतिर्व्यापत्स्यन्ति प्रजा भृशम् ।
अनृतोपहता. सर्वा धर्मतः कामतोऽर्थत ॥२८३

श्रौतस्मार्त्ते प्रशिथिले धर्मे वर्णाश्रमे तदा ।
सङ्कर दुर्बलात्मानः प्रतिपत्स्यन्ति मोहिता ॥२८४
ससक्ताश्च भविष्यन्ति शूद्रा सार्द्धं द्विजातिभि ।
ब्राह्मणा शूद्रयष्टार शूद्रा वै मन्त्रयोनयः ॥२८५

वह—वह दिव्य पङ्क्ति कही गई है और सातो के द्वारा दिव्याह्न कहे गये हैं। उन महर्षियो के द्वारा दिव्यकाल प्रवृत्त होता है ॥२७६॥ सप्तर्षियो के पहिले उत्तर दिशा म जो दिखलाई देते हैं और उसके मध्य से जो दिव मे क्षेत्र दिखलाई देता है ॥२८०॥ उससे आकाश मे सो वर्ष युक्त सप्तर्षिगण जानने चाहिय। और ऋषियो का तथा नक्षत्रो का जो योग है उसका यही निदर्शन होता है ॥२८१॥ पारिक्षित काल मे मघा से युक्त सो सप्तर्षिगण हैं। वह मेरे मत म चोबीसवें अन्ध्राश म होंगे ॥२८२॥ उस समय ये प्रकृति बहुत अधिक प्रजा को प्राप्त करेगी। धम से और काम से तथा अर्थ से सभी प्रजा अनृत (मिथ्या) मे उपहत होगी ॥२८३॥ उस समय मे श्रौत (वैदिक) तथा स्मार्त वर्णों और आश्रमा के धर्मों के विशेष रूप से शिथिल होजान पर दुर्बल आत्मा वाले एव मोहको प्राप्त होजाने वाले मनुष्य सङ्करावस्था को प्राप्त हो जायगे ॥२८४॥ शूद्र लोग द्विजातियो के साथ ससक्त हो जायगे। ब्राह्मण लोग तो शूद्रयष्टा हो जायगे और शूद्र लोग मन्त्रयोनि वाले हो जायगे ॥२८५॥

उपस्थास्यन्ति तान् विप्रास्तदा वै वृत्तिलिप्सव ।
लव लव भ्रस्यमाना प्रजा सर्वा क्रमेण तु ॥२८६
क्षयमेव गमिष्यन्ति क्षीणशेषा युगक्षये ।
यस्मिन् कृष्णो दिव यातस्तस्मिन्नेव तदा दिने ॥२८७
प्रतिपन्न. कलियुगस्तस्य सङ्ख्या निबोधत ।
सहस्राणि शतानीह त्रीणि मानुषसङ्ख्यया ।
षष्टि चैव सहस्राणि वर्षाणामुच्यते कलि ॥२८८
दिव्ये वर्षसहस्रन्तु तत्सन्ध्याद्य प्रकीर्त्तितम् ।
नि शेषे च तदा तस्मिन् कृत वै प्रतिपत्स्यते ॥२८६

ऐल इक्ष्वाकुवंशश्च सह भेदै प्रकीर्त्तितौ ।
इक्ष्वाकोस्तु स्मृत क्षत्र सुमित्रान्त विवस्वत. ॥२६०
ऐल क्षत्र क्षेमकान्त सोमवशविदो विदुः ।
एते विवस्वत पुत्राः कीर्त्तिता कीर्त्तिवर्द्धनाः ॥२६१
अतीता वर्त्तमानाश्च तथैवानागताश्च ये ।
ब्राह्मणा क्षत्रिया वैश्या शूद्राश्च वान्वये स्मृता ॥२६२
यगे युगे महात्मान समतीता सहस्रश ।
बहुत्वान्नामधेयाना परिसख्या कुले कुले ॥२६३

विप्रगण अपनी वृत्ति के लालच मे रहने वाले होते हुए उस समय में उन शूद्रो के समीप मे आकर स्थित होगे। वर्ण-हास मे अपने कर्त्तव्य से भ्रष्ट होते हुए समस्त प्रजा जन क्रम से क्षय को प्राप्त होंगे जो भी उस युग के क्षय मे क्षीण होने से शेष रह जायगे। जिस दिन मे श्रीकृष्ण अन्तर्हित होकर दिव-लोक को गये उसी दिन और उसी समय मे कलियुग प्रतिपन्न होगया अब उसकी सख्या को आप लोग जान लो। मानुष सख्या मे कलियुग तीन सौ हजार अर्थात् तीन लाख साठ हजार वर्ष की कही जाती है ॥२८६-२८७-२८८॥ दिव्य मे एक सहस्र वर्ष उसका सन्ध्याश कहा गया है। फिर उस समय उसके नि शेष मे कृतयुग प्राप्त हो जायगा ॥२८६॥ ऐल वश और इक्ष्वाकु का वश भेदो के सहित प्रकीर्त्तित किये गये हैं। विवस्वान् इक्ष्वाकु का क्षत्र सुमित्र के अन्त तक कहा गया है ॥२६०॥ ऐल क्षत्रिय वश को सोमवश के ज्ञाता लोग क्षेमक के अन्त तक जानते हैं। ये विवस्वान् के कीर्त्ति बढाने वाले पुत्र कहे गये हैं ॥२६१॥ अतीत अर्थात् जो पहिले हो चुके हैं, वर्तमान जो इस समय मे मौजूद हैं और अनागत जो आगे भविष्य में होने वाले हैं ऐसे ब्राह्मण-क्षत्रिय-वैश्य और शूद्र वश मे कहे गये हैं ॥२६२॥ युग-युग मे महान् आत्मा वाले सहस्रो ही हुए हैं। नामो में अधिक होने से कुल-कुल मे परि सख्या है ॥२६३॥

पुनरुक्ता बहुत्वाच्च न मया परिकीर्त्तिता ।
वैवस्वतेऽन्तरे ह्यस्मिन् निमिवश समाप्यते ॥२६४

एवायान्तु युगाख्याया यत क्षत्र प्रपत्स्यते ।
तथा हि कथयिष्यामि गदतो मे निबोधत ॥२६५
देवापि पौरवो राजा इक्ष्वाकोश्चैव यो मत ।
महायोगबलोपेत कलापग्राममास्थितः ॥२६६
सुवर्च्चा सोमपुत्रस्तु इक्ष्वाकोस्तु भविष्यति ।
एतौ क्षत्रप्रणेतारौ चतुर्विंशे चतुर्युगे ॥२६७
न च विंशे युगे सोमवंशस्यादिर्भविष्यति ।
देवापिरसपत्नस्तु ऐलादिर्भविता नृप ॥२६८
क्षत्रप्रावर्त्तकौ ह्येतौ भविष्येते चतुर्युगे ।
एव सर्वत्र विज्ञेय सन्तानार्थे तु लक्षणम् ॥२६९
क्षीणे कलियुगे तस्मिन् भविष्ये तु कृते युगे ।
सप्तर्षिभिस्तु तै सार्द्धमाद्ये त्रेतायुगे पुन ॥३००
गोत्राणा क्षत्रियाणाञ्च भविष्येते प्रवर्त्तकौ ।
द्वापरांशे न तिष्ठन्ति क्षत्रिया ऋषिभि सह ॥३०१

बहुत होने के कारण से पुनरुक्तो को मैंने नही कहा है। इस वैवस्वत मन्वन्तर म निमि का वश समाप्त होजाता है ॥२६४॥ आने वाली युगाख्या मे जहाँ से क्षत्र प्रपतित होगा उसी प्रकार से उसको मैं कहूँगा । बतलाने वाले मुझसे उसका आपलोग ज्ञान प्राप्त करें ॥२६५॥ देवापि पौरव राजा था जो इक्ष्वाकु का माना गया है । वह महान् बल से युक्त और कलाप ग्राम मे आस्थित था ॥२६६॥ सुन्दर वर्च्च वाला सोमपुत्र इक्ष्वाकु से होगा । य दोनो चतुर्युग मे जो कि चौबीसवाँ है क्षत्रियो के प्रणेता होगे ॥२६७॥ बीसवें युग मे सोमवश का आदि नही होगा । देवापि असपत्न अर्थात् शत्रु रहित है, ऐलादि नृप होगा ॥२६८॥ ये दोनो क्षत्र के प्रावर्त्तक चारो युगो मे होगे । इस प्रकार से सर्वत्र सन्तान के अर्थ मे लक्षण जानना चाहिए ॥२६९॥ उस कलियुग के क्षीण होजाने पर और कृतयुग के होने वाले होने पर आद्य त्रेता युग मे पुन उन सप्तर्षियो के साथ गोत्रो के और क्षत्रियो के ये दोनो प्रवर्तक होग । द्वापरांश मे ऋषियो के साथ क्षत्रिय नही रहत हैं ॥३००-३०१॥

काले कृतयुगे चैव क्षीणे त्रेतायुगे पुन ।
बीजार्थन्ते भविष्यन्ति ब्रह्मक्षत्रस्य वै पुन ॥३०२
एवमेव तु सर्वेषु तिष्ठन्तीहान्तरेषु वै ।
सप्तर्षयो नृपैः सार्द्धं सन्तानार्थं युगे युगे ॥३०३
क्षत्रस्यैव समुच्छेद सम्बन्धो वै द्विजैः स्मृतः ।
मन्वन्तराणा सप्ताना पन्तानाश्च श्रुताश्च ते ३०४
परम्परा युगानाञ्च ब्रह्मक्षत्रस्य चोद्भव ।
यथा प्रवृत्तिस्तेषा वै प्रवृत्ताना तथा क्षय ॥३०५
सप्तर्षयो विदुस्तेषा दीर्घायुष्ट्वाक्षयन्तु ते ।
एतेन क्रमयोगेन ऐलेक्ष्वाक्वन्वया द्विजा ॥३०६
उत्पद्यमानास्त्रेताया क्षीयमाणे कलौ पुनः ।
अनुयान्ति युगाख्या तु यावन्मन्वन्तरक्षय ॥३०७
जामदग्न्येन रामेण क्षत्रे निरवशेषिते ।
कृते वशकुला सर्वा क्षत्रियैर्वसुधाधिपैः ।
द्विवशकरणार्थं वै कीर्त्तयिष्ये निबोधत ॥३०८
ऐलस्येक्ष्वाकुनन्दस्य प्रकृति परिवर्त्तते ।
राजान श्रेणिबद्धास्तु तथान्ये क्षत्रिया नृपा ॥३०९
ऐलवशस्य ये ख्यातास्तथैवैक्ष्वाकवा नृपा ।
तेषामेकशत पूर्णं कुलानामभिषेकिनाम् ॥३१०

कृतयुग का समय क्षीण होजाने पर फिर त्रेतायुग मे ब्रह्म और क्षत्र के बीज के लिये वे पुन होंगे ॥३०२॥ इस प्रकार से यहाँ पर सभी मन्तरो म युग-युग मे सप्तर्षिगण नृपो के साथ रहते हैं ॥३०३॥ द्विजो के साथ क्षत्र का ही समुच्छेद सम्बन्ध कहा गया है। सात सात मन्वन्तरो के वे सन्तान श्रुत हैं ॥३०४॥ युगो की परम्परा और ब्राह्मण क्षत्रियो का उद्भव उनकी जिस प्रकार से प्रवृत्ति होती है उसी प्रकार से उनका क्षय होता है ॥३०५॥ वे सप्तर्षिगण उनके दीर्घ आयु देने वाले थे। इस क्रम के योग से ऐल और इक्ष्वाकु के अन्वय द्विज हैं ॥३०६॥ त्रेता मे उत्पद्यमान पुन कलियुग के क्षीय माण होने पर जब

तक मन्वन्तर का क्षय होता है युगाख्या का अनुगमन करते हैं ॥३०७॥ जमदग्नि के पुत्र परशुराम के द्वारा क्षत्रियों को निरवशेषित करने पर सभी वसुधा के स्वामी क्षत्रियों के द्वारा वंशमूल और दो वंशधरण थे उनको मैं अब बतलाऊँगा उनका ज्ञान प्राप्त करलो ॥३०८॥ इक्ष्वाकु के पुत्र ऐल की प्रकृति परिवर्तित होती है। श्रेणिबद्ध राजा लोग तथा अन्य क्षत्रिय नृप ॥३०९॥ जो कि ऐल वंश के ख्यात थे उसी प्रकार से इक्ष्वाकु के वंश के नृप थे। अभिषेक प्राप्त करने वाले कुलों की पूर्ण संख्या एकशत थी ॥३१०॥

तावदेव तु भोजाना विस्तारो द्विगुणः स्मृतः ।
भजते त्रिशकं क्षत्रं चतुर्धा तद्यथादिशम् ॥३११
तेष्वतीता समाना ये ब्रु वतस्तान्निबोधत ।
शतं वै प्रतिविन्ध्यानां शतं नागा. शतं हया. ॥३१२
धृतराष्ट्राश्चैकशतमशीतिर्जनमेजया ।
शतञ्च ब्रह्मदत्तानां शौरिणां वीरिणां शतम् ॥३१३
ततः शतं पुलोमानां श्वेतकाशकुशादय ।
ततोऽपरे सहस्रं वै येऽतीता शतबिन्दव ॥३१४
ईजिरे चाश्वमेधस्ते सर्वे नियुतदक्षिणै ।
एवं राजर्षयोऽतीता शतशोऽथ सहस्रश. ॥३१५
मनर्वैवस्वतस्यास्मिन् वर्त्तमानेऽन्तरे तु ये ।
तेषां निबोधतोत्पन्ना लोके सन्ततय. स्मृता. ॥३१६
न शक्यं विस्तरं तेषां सन्तानानां परम्परा ।
तत्पूर्वापरयोगेन वक्तु वर्षशतैरपि ॥३१७
अष्टाविंशद्युगाख्यास्तु गता वैवस्वतेऽन्तरे ।
एता राजर्षिभिः सार्द्धं शिष्टा यास्ता निबोधत ॥३१८

उतना ही भोजों का विस्तार दुगुना कहा गया है। वह क्षत्र तीस थे जो यथा दिशा मे चारों ओर थे ॥३११॥ उनमें जो अतीत होगये और जो समान है उन्हे बतलाने वाले मुझ से भली भाँति जान लो। सौ तो प्रतिविन्ध्यों का था और एक सौ नागा थे तथा सौ हय थे ॥३१२॥ धृतराष्ट्र के एक सौ थे

तथा जनमेजय के अस्सी थे । ब्रह्मदत्ता के एक सौ थे तथा शौरि और वीरियो के एक शत थे ॥३१३॥ इसके अनन्तर पुलोमो के सौ श्वेत काश कुशादि थे । इसके पश्चात् दूसरे एक सहस्र थे जो शतविन्द व अतीत हो चुके हैं ॥३१४॥ उन सब ने नियुत दक्षिणा वाले अश्वमेधो के द्वारा यजन किया था। इस प्रकार से सैकड़ो तथा सहस्रो ही राजर्षि गण अतीत हो चुके हैं ॥३१५॥ वैवस्वत मन्वन्तर मे सो जो उत्पन्न हुए उनकी सन्तति लोक म कही गई है, उसका ज्ञान प्राप्त करलो ॥३१६॥ विस्तार से वह नही कहा जा सकता है। उनके सन्तानो की परम्परा तथा उसका पूर्वा पर योग यह सब सैकडो वर्षों मे भी नही बतलाया जा सकता है ॥३१७॥ वैवस्वत मन्तर से अट्ठाईस युगाख्या गत होगई । यह राजर्षियो के साथ जो शिष्ट है उसे जानलो ॥३१८॥

चत्वारिंशच्च ये चैव भविष्या सह राजभि ।
युगाख्याना विशिष्टास्तु ततो वैवस्वतक्षये ॥३१९
एतद्व कथित सर्व्व समासव्यासयोगत ।
पुनरुक्त बहुत्वाच्च न शक्यन्तु युगै सह ॥३२०
एते ययातिपुत्राणा पञ्चविंशा विशा हिता ।
कीर्त्तिताश्चामिता ये मे लोकान् वै धारयन्त्युत ॥३२१
लभते च वरेण्यश्च दुर्लभानिह लौकिकान् ।
आयु कीर्त्ति धन पुत्रान् स्वर्गं चानन्त्यमश्नुते ॥३२२
धारणाच्छ्रवणाच्चैव ते लोकान् धारयन्त्युत ।
इत्येष वो मया पादस्तृतीय कथितो द्विजा ।
विस्तरेणानुपूर्व्वी च किम्भूयो वर्त्तयाम्यहम् ॥३२३

जो चालीस राजाओ के साथ आगे होंगे इसके पश्चात् वैवस्वत के क्षय मे युगाख्याओ मे वे विशिष्ट हैं ॥३१९॥ यह सब कुछ सक्षेप और विस्तार से मैंने कह दिया है । बहुत होने के कारण से पुन कहना युगो के साथ नही हो सकता है ॥३२०॥ ये विशो के हित करने वाले ययाति के पुत्रो के पचीस हुए थे उन्हें मेरे द्वारा बतला दिया गया है और जो लोको को धारण किया करते हैं ॥३२१॥ वे वरेण्यता को प्राप्त किया करते हैं और यहाँ पर लौकिक दुर्लभ

पदार्थों को प्राप्त करते हैं। आयु–कीर्ति–धन–पुत्र–स्वर्ग और अनन्तता को भी प्राप्त किया करते हैं ॥३२२॥ धारण करने से तथा श्रवण करने से वे लोकों को धारण किया करते हैं। हे द्विवृन्द! यह मैंने तृतीय पाद कह दिया है जोकि विस्तार पूर्वक तथा आनुपूर्वी के सहित ही कह दिया है। अब पुन क्या मैं कहूँ ॥ ३२३ ॥

## प्रकरण ६२—मन्वन्तर कथन

निःशेषेषु च सर्वेषु तदा मन्वन्तरेष्विह।
अन्तेऽनेकयुगे तस्मिन् क्षीणे संहार उच्यते ॥१
सप्तैते भार्गवा देवा अन्ते मन्वन्तरे तदा।
भुक्त्वा त्रैलोक्यमध्यस्था युगाख्या ह्येकसप्ततिम् ॥२
पितृभिर्मनुभिश्चैव सार्द्धं सप्तर्षिभिस्तु ये।
यज्वानश्चैव तेऽप्यन्ये तद्भक्ताश्चैव तैः सह ॥३
महर्लोकं गमिष्यन्ति त्यक्त्वा त्रैलोक्यमीश्वराः।
ततस्तेषु गतेषूर्द्ध्वं क्षीणे मन्वन्तरे तदा।
अनाधारमिदं सर्वं त्रैलोक्यं वै भविष्यति ॥४
ततः स्थानानि शून्यानि स्थानिना तानि वै द्विजाः।
प्रभ्रश्यन्ति विमुक्तानि ताराऋक्षग्रहैस्तथा ॥५
ततस्तेषु व्यतीतेषु त्रैलोक्यस्येश्वरेष्विह।
सेन्द्राद्येषु महर्लोकं यस्मिंस्ते कल्पवासिनः ॥६
जिताद्याश्च गणा ह्यत्र चाक्षुषान्ताश्चतुर्दश।
मन्वन्तरेषु सर्वेषु देवास्तु वै महौजसः ॥७
ततस्तेषु गतेषूर्द्ध्वं सायोज्यं कल्पवासिनाम्।
समेत्य देवास्ते सर्वे प्राप्ते सङ्कलने तदा ॥८

श्री सूतजी ने कहा—यहाँ उस समय सब मन्वन्तरों के निःशेष होजाने पर अनेक युग के अन्त में उसके क्षीण होजाने पर संहार कहा जाता है ॥१॥

उस समय मन्वन्तर के अन्त में ये सात भार्गव देव हुए जो त्रैलोक्य के मध्य में स्थित होते हुए एक सप्तति अर्थात् इकहत्तर युगाख्या का भोग करने वाले थे ॥२॥ पितरगण–मनुवृन्द और सप्तर्षियों के साथ जो यज्वा थे और जो अन्य उनके भक्त थे उनके साथ इस त्रैलोक्य का त्याग करके महर्लोक में वे ईश्वर चले जायेंगे। इसके पश्चात् उनके ऊर्द्ध को चले जाने पर उस समय मन्वन्तर के क्षीण होने पर यह समस्त त्रैलोक्य अनाधार हो जायगा ॥३-४॥ हे द्विज-गण! तब स्थानियों के वे देव समस्त स्थान शून्य होते हुए तारा ऋक्ष और ग्रहों के द्वारा विमुक्त होकर प्रभ्रष्ट हो जायेंगे ॥५॥ इसके अनन्तर त्रैलोक्य के व्यतीत हो जाने पर जोकि इन्द्र के सहित आठ थे, वे सभी कल्प तक महर्लोक में वास करने वाले हैं ॥यहाँ पर जिताद्य और चाक्षुपान्त चौदहगण हैं समस्त मन्वन्तरों में वे महान् ओज वाले देव थे ॥७॥ इसके पश्चात् उनके ऊपर चले जाने पर कल्प वासियों के सायोज्य को प्राप्त कर उस समय सकलन प्राप्त होने पर वे सब देव जो थे ॥८॥

महर्लोकं परित्यज्य गणास्ते वै चतुर्द्दश।
सशरीराश्च श्रूयन्ते जनलोकं सहानुगा ॥९
एवं देवेष्वतीतेषु महर्लोकाज्जनं प्रति।
भूतादिष्ववशिष्टेषु स्थावरान्तेषु चाप्युत ॥१०
शून्येषु लोकस्थानेषु महान्तेषु भूरादिषु।
देवेषु च गतेपूर्द्ध सायोज्यं कल्पवासिनाम् ॥११
संहृत्य तांस्ततो ब्रह्मा देवर्षिपितृदानवान्।
संस्थापयति वै सर्गं महदृष्ट्या युगक्षये ॥१२
तत्र युगसहस्रान्तमहर्यद्ब्रह्मणो विदुः।
रात्रिं युगसहस्रान्तामहोरात्रविदो जनाः ॥१३
*नैमित्तिकः प्राकृतिको यश्चैवात्यन्तिकोऽर्थतः।*
त्रिविधः सर्वभूतानामित्येष प्रतिसञ्चरः ॥१४
ब्राह्मो नैमित्तिकस्तस्य कल्पदाहः प्रसयमः।
प्रतिसर्गे तु भूतानां प्राकृतः करणक्षयः ॥१५

ज्ञानाच्चात्यन्तिक प्रोक्त कारणानामसम्भव. ।
तत सदृत्य तान् ब्रह्मा देवास्त्रैलोक्यवासिन ॥१६
अहरन्ते प्रकुरुते सर्गस्य प्रलय पुनः ।
सुषुप्सुर्भगवान् ब्रह्मा प्रजा संहरते तदा ॥१७

वे सब देव महर्लोक का परित्याग करके सशरीर चौदहगण मनुगो के साथ जनलोक मे गये ऐसा सुना जाता है ॥६॥ इस प्रकार से महर्लोक से उन देवो के जनलोक के प्रति चले जाने पर अवशिष्ट भूतादि और स्थान राशी के साथ लोक स्थानो के एव महान् भू आदि के शून्य होजाने पर फिर उन देवो के ऊपर जाने पर कल्प पर्यन्त वास हुआ और उनको सायोज्य प्राप्त हुआ था ॥१०-११॥ इसके उपरान्त उनको वहाँ से सहृन करके ब्रह्माजी देवर्षि-पितृ तथा मानवो को युगक्षय म महद्दृष्टि से सर्ग को सस्थापित करते हैं ॥१२॥ वहाँ एक सहस्र युग तक जो ब्रह्माजी का दिन कहा जाता है और रात्रि का युग सहस्र पर्यन्त होता है । इस प्रकार मे ब्रह्मा के अहोरात्र को मनुष्य जानते हैं ॥१३॥ नैमित्तिक-प्राकृतिक और जो अर्थ से आत्यन्तिक यह तीन प्रकार का समस्त प्राणियो का सञ्चार होता है ॥१४॥ ब्राह्म नैमित्तिक होता है उसका कल्पहार प्रलयम होता है । प्राणियो के प्रत्येक सर्ग मे करण क्षय प्राकृतिक होता है ॥१५॥ और ज्ञान आत्यन्तिक कहा गया है जो कारणो का असम्भव होता है । इसके पश्चात् ब्रह्माजी त्रैलोक्य वासी उन देवो को सहृत करके दिन के अन्त मे सर्ग का प्रलय किया करते हैं । सोने की इच्छा वाले ब्रह्मा उस समय मे प्रजाओ का सहार किया करते हैं ॥१६-१७॥

ततो युगसहस्रान्ते सम्प्राप्ते च युगक्षये ।
तत्रात्मस्था प्रजा कर्तुं प्रपेदे स प्रजापति ॥१८
तदा भवत्यनावृष्टिस्तदा सा शतवार्षिकी ।
तया यान्यल्पसाराणि सत्त्वानि पृथिवीतले ॥१६
तान्येवात्र प्रलीयन्ते भूमित्वमुपयान्ति च
सप्तरश्मिरथो भूत्वा ह्युदतिष्ठद्विभावसु ॥२०

असह्यरश्मिर्भगवान् पिबन्नम्भो गभस्तिभिः ।
हरिता रश्मयस्तस्य दीप्यमानास्तु सप्तभिः ॥२१
भूय एव विवर्तन्ते व्याप्नुवन्तो वनं शनैः ।
भौम काष्ठ घन तेजो भृशमद्भिस्तु दीप्यते ॥२२
तस्मादुदक सूर्य्यस्य तपतोऽति हि कथ्यते ।
नावृष्टया तपते सूर्यो नावृष्टया परिविष्यते ॥२३

इसके पश्चात् सहस्र युग के अन्त मे युग क्षय के सम्प्राप्त होने पर वह प्रजापति वहाँ पर अपनी आत्मा मे स्थित प्रजा क करने के लिये प्रस्तुत होते है ॥१८॥ उस समय मे सौ वर्ष पर्यन्त अनावृष्टि हुआ करती है । इस प्रकार से अल्पसार वाले जो जीव इस पृथ्वी तल मे होते हैं वे यहाँ पर ही प्रलीन हो जाया करते हैं और भूमि मे मिल जाया करत हैं । इसके उपरान्त विभावसु (सूर्य) सप्तरश्मि होकर उदित होता है ॥१९-२०॥ भगवान् सूर्य बहुत ही तीक्ष्ण किरणो वाले होते है । जिनको कोई सहन नही कर सकता है । वे अपनी किरणो के द्वारा जल का पान किया करते हैं । उसकी हरित रश्मियाँ अत्यन्त ही सप्तो क द्वारा ही दीप्यमान होती हैं ॥२१॥ शनै शनै वन मे व्याप्त होते हुए फिर विवर्तित होती है । भूमि के काष्ठ, घन, तेज को बहुत ही भक्षण करते हुए दीप्त होते हैं ॥२२॥ इससे तपते हुए सूर्य का उदक कहा जाता है । अनावृष्टि म सूर्य तपता है और नावृष्टि से परिविष्ट होता है ॥२३॥

नावृष्टया परिविष्यन्ति वारिणा दीप्यते रविः ।
तस्मादप पिबन् या वै दीप्यते रविरम्बरे ॥२४
तस्य ते रश्मय सप्त पिबन्त्यम्भो महार्णवात् ।
तेनाहारेण सन्दीप्त सूर्य्य सप्त भवत्युत ॥२५
ततस्ते रश्मय सप्त सूर्य्यभूताश्चतुर्दिशम् ।
चतुर्लोकमिम सर्वं दहन्ति शिखिनस्तदा ॥२६
प्राप्नुवन्ति च भाभिस्तु ह्यूर्द्ध चाधश्च रश्मिभिः ।
दीप्यन्ते भास्कराः सप्त युगान्ताग्नि प्रतापिनः ॥२७

ते वारिणा च सदीप्ता बहुसाहस्ररश्मय ।
ख समावृत्य तिष्ठन्ति निर्दहन्तो वसुन्धराम् ॥२८
ततस्तेषा प्रतापेन दह्यमाना वसुन्धरा ।
साद्रि नद्यर्णवा पृथ्वी निस्नेहा समपद्यत ॥२९
दीप्ताभि सन्तताभिश्च चित्राभिश्च समन्तत ।
अधश्चोर्ध्वञ्च तिर्यक् च सरुद्ध सूर्यरश्मिभि ॥३०

नावृष्टि से रवि परिविच्छिन्न होता है और वारि (जल) से दीप्त हुआ करता है । इससे जो जल का पान करती हैं उससे सूर्य अम्बर मे दीप्त हुआ करता है ॥२४॥ उसकी सात रश्मियाँ महार्णव से जल का पान किया करती हैं । उस आहार से सन्दीप्त होने वाला सूर्य सप्त होता है ॥२५॥ इसके अनन्तर सात रश्मियाँ चारो दिशाओ मे सूर्य भूत होती हुई उस समय शिखी ( अग्नि रूप ) वे इस चतुर्लोक को सर्व को दग्ध किया करती है ॥२६॥ ऊपर और नीचे अपनी दीप्तियो से रश्मियाँ सर्वत्र प्राप्त हो जाती हैं । प्रताप वाले सूर्य की युगाग्नि सप्त भास्कर दीप्यमान होते हैं ॥२७॥ वे बहु सहस्र रश्मियाँ जल के द्वारा सदीप्त हो जाया करती हैं । इस वसुन्धरा को जलाती हुई आकाश को आवृत करके रहा करती हैं ॥२८॥ इसके अनन्तर उनके प्रकृष्ट ताप से यह समस्त वसुन्धरा दह्यमान हो जाया करती है । पर्वतो के सहित नदी और समुद्र से युक्त यह समस्त पृथ्वी बिना स्नेह वाली अर्थात् एकदम शुष्क हो जाती है ॥२९॥ दीप्त-सर्वत्र फैली हुई—विचित्र तेज से युक्त सूर्य की किरणो से नीचे के भाग और ऊपर का भाग और तिरछे भाग सभी सरुद्ध हो जाते हैं ॥३०॥

सूर्याग्नीना प्रवृद्धाना ससृष्टाना परस्परम् ।
एकत्वमुपयातानामेकज्वाल भवत्युत ॥३१
सर्वलोकप्रणाशाश्च सोऽग्निर्भूत्वा तु मण्डली ।
चतुर्लोकमिद सर्व निर्दहत्याशु तेजसा ॥३२
ततः प्रलीयते सर्व्वं जङ्गम स्थावर तदा ।
निर्वृक्षा निस्तृणा भूमि कूर्मपृष्ठसमा भवेत् ॥३३

अम्बरीषमिवाभाति सर्वं मारिपित जगत् ।
सर्वमेव तदार्चिभि. पूर्णं जज्वाल्यते नभ. ॥३४
पाताले यानि भूतानि महोदधिगतानि च ।
ततस्तानि प्रलीयन्ते भूमित्वमुपयान्ति च ॥३५

अष्टौ धनुः सहस्राणि योजनन्तु विधीयते ॥१२६
एतेन धनुषा चैव योजनं तु समाप्यते।
एतत्सहस्रं विज्ञेयं शक्रकोशान्तरन्तथा ॥१२७
योजनानान्तु संख्यातं संख्याज्ञानविशारदैः।
एतेन योजनाग्रेण शृणुध्वं ब्रह्मणोऽन्तरम् ॥१२८
महीतलात्सहस्राणां शतादूर्ध्वं दिवाकरः।
दिवाकरात्सहस्रेण तावदूर्ध्वं निशाकरः ॥१२९
पूर्णं शतसहस्रन्तु योजनानां निशाकरात्।
नक्षत्रमण्डलं कृत्स्नमुपरिष्टात्प्रकाशते ॥१३०

द्वादश अगुलो के पर्वो का एक वितस्ति होता है। जोकि वधो के द्वारा वितस्ति स्थान कहा जाता है। इक्कीस अगुलो का एक पर्व जानना चाहिये ॥१२२॥ चौबीस अगुलो का एक हस्त होता है। दो रात्नियो का जिसम बयालीस अगुल हुआ करते हैं एक किष्कु होता है ॥१२३॥ छयानवे अगुल वाला जो होता है उसे मनीषी लोग एक धनु कहते हैं। यह गव्यूति सख्या म पादो का कहा गया है ॥१२४॥ दो धनुदण्ड वाला नीली है जैसे अगुलो के तुल्य हैं। तीनसौ धनुषो का नल्व सख्या के विद्वान् जन कहते हैं ॥१२५॥ दो सहस्र धनुओ का एक गव्यूति कहा जाता है। आठ सहस्र धनुओं का एक योजन होता है ॥१२६॥ इस धनुष से योजन समाप्त किया जाता है। यह जब एक सहस्र हो तो चक्र क्रोशान्तर होता है ॥१२७॥ सख्या म ज्ञान रखने वाले पण्डितो के द्वारा योजना की सख्या की गई है। इस योजनाग्र से ब्रह्मा का अन्तर श्रवण करो ॥१२८॥ महीतल स सौ सहस्र ऊपर दिवाकर होता है। दिवाकर से सहस्र ऊपर निशा कर होता है ॥१२९॥ निशाकर से ऊपर एक पूरे सौ सहस्र समस्त ताराग्रहो का नक्षत्र मण्डल होता है जोकि प्रकाश करता है ॥१३०॥

शत सहस्र सख्यातो मेरुर्द्विगुणित पुन ।
ग्रहान्तरमथैकैकमूर्द्ध्वं नक्षत्रमण्डलात् ॥१३१
ताराग्रहाणा सर्व्वेषामधस्ताच्चरते बुध ।
तस्यादूर्ध्वंश्चरते शुक्रस्तस्मादूर्द्ध्वं च लोहित ॥१३२
ततो वृहस्पतिश्चोर्द्ध्वं तस्मादूर्द्ध्वं शनैश्चर ।
ऊर्द्ध्वं शतसहस्रन्तु योजनाना शनैश्चरात् ॥१३३
सप्तर्षिमण्डल कृत्स्नमुपरिष्टात्प्रकाशते ।
ऋषिभिस्तु सहस्राणा शतदूर्द्ध्वं विभाव्यते ॥१३४
योऽसौ ताराभये दिव्ये विमाने ह्रस्वरूपके ।
उत्तानपादपुत्रोऽसौ मेढिभूतो ध्रुवो दिवि ॥१३५
त्रैलोक्यस्यैष उत्सेधो व्याख्यातो योजनैर्मया ।
मन्वन्तरेषु देवानामिज्या यत्रैव लौकिकी ॥१३६

वर्णाश्रमेभ्य इज्या तु लोकेऽस्मिन्या प्रवर्त्तते ।
सर्वेषा देवयोनीना स्थितिहेतु स वै स्मृत ॥१३७
त्रैलोक्यमेतद्व्याख्यातमत ऊर्द्ध्वं निवोधत ।
ध्रुवादूर्द्ध्वं महर्लोको यस्मिंस्ते कल्पवासिन ।
एकयोजनकोटी सा इत्येव निश्चय गतम् ॥१३८

सौ सहस्र सख्या से मेरु द्विगुणित बताया गया है। यही का एक-एक से ऊपर नक्षत्र मण्डल से अन्तर होता है ॥१३१॥ समस्त ताराग्रहों के नीचे के भाग में बुध रहता हैं। उसके ऊपर शुक्र है और उससे ऊपर लोहित चरण करता है ॥१३२॥ उससे ऊपर बृहस्पति और उससे ऊपर शनैश्चर होना है। शनैश्चर से सौ सहस्र योजन ऊपर सप्तर्षियो का मण्डल हुआ करता है जोकि पूर्ण रूप से प्रकाशित हुआ करता है। ऋषियों से सौ सहस्र ऊपर हृस्वम्पक इस दिव्य तारामय विमान में जो यह मेढिभूत उत्तानपाद राजा का पुत्र ध्रुव दिव में प्रकाशित होता है ॥१३३-१३४-१३५॥ मैंने यह त्रैलोक्य का उत्सेध (ऊँचाई) व्याख्यात कर दिया है अर्थात् खुलासा बतला दिया है जोकि योजनों के द्वारा होता है। मन्वन्तरों में जहाँ पर ही लौकिकी देवों की इज्या होती है ॥१३६॥ जो इज्या यहाँ लोक में वर्णाश्रमों से प्रवृत्त हुआ करती है। समस्त देव योनि वालों की वह ही स्थिति का हेतु बताया गया है ॥१३७॥ मैंने यह इस तरह त्रैलोक्य की व्याख्या करदी है अब इससे आगे समझलो। ध्रुव से ऊपर महर्लोक है जिसमें कि वे कल्पवासी रहते हैं। वह एक कोटि योजन है इसी प्रकार निश्चय किया गया है ॥१३८॥

द्वे कोट्यौ तु महर्लोकाद्यस्मिंस्ते कल्पवासिनः ।
यत्र ते ब्रह्मण पुत्रा दक्षाद्या साधका. स्मृता. ॥१३९
चतुर्गुणोत्तरादूर्द्ध्वं जनलोकात्तप स्मृतम् ।
वैराजा यत्र ते देवा भूतदाहविवर्जिता ॥१४०
पड्गुणन्तु तपोलोकात्सत्यलोकान्तरं स्मृतम् ।
अपुनर्मारकामाना ब्रह्मलोक स उच्यते ॥१४१

यस्मान्न च्यवते भूयो ब्रह्माणं स उपासते ।
एककोटिर्योजनानां पञ्चाशन्नियुतानि तु ॥१४२
ऊर्द्ध्वं भागस्ततोऽण्डस्य ब्रह्मलोकात्परः स्मृतः ।
चतुरश्चैव कोट्यस्तु नियुता पञ्चषष्टि च ॥१४३
एषोऽर्द्धांशप्रचारोऽस्य गत्यन्तश्चापरः स्मृतः ।
ध्रुवाग्रमेतद्व्याख्यातं योजनाग्राद्यथाश्रुतम् ॥१४४
अधोगतीनां वक्ष्यामि भूतानां स्थानकल्पनाम् ।
गच्छन्ति घोरकर्म्माणं प्राणिनो यत्र कर्म्मभिः ॥१४५
नरको रौरवो रोधः सूकरस्ताल एव च ।
तप्तकुम्भो महाज्वालः शबलोऽथ विमोचनः ॥१४६
कृमी च कृमिभक्षश्च लालाभक्षो विशसनः ।
अधःशिराः पूयवहो रुधिरान्धस्तथैव च ॥१४७
तथा वैतरणी कृष्णमसिपत्रवनं तथा ।
अग्निज्वालो महाघोरः सदंशोऽथ श्वभोजनः ॥१४८
तमश्च कृष्णसूत्रश्च लोहश्चाप्यसिजस्तथा ।
अप्रतिष्ठोऽथ वीच्यश्च नरका ह्येवमादयः ॥१४९

महर्लोक से दो कोटि ऊपर जहाँ वे कल्प पर्यन्त वास करने वाले हैं और जहाँ ब्रह्मा के पुत्र दक्ष आदि साधक कहे गये हैं ॥१३९॥ जनलोक से चतुर्गुण ऊपर तपोलोक बताया गया है जहाँ पर वैराज देव रहते हैं जोकि भूत दाह से रहित रहा करते है ॥१४०॥ तपोलोक से षड्गुण ऊपर सत्यलोक का अन्तर होता है। जो अपुनर्मारकों का ब्रह्मलोक कहा जाता है ॥१४१॥ जहाँ से फिर कोई भी च्यवन नहीं किया करता है और वह ब्रह्मा की उपासना किया करता है। एक करोड़ योजन और पचास नियुत ऊपर उससे अण्ड का भाग है जो ब्रह्मलोक से भी पर कहा गया है चार कोटि और पैंसठ नियुत है ॥१४२-१४३॥ इसका यह अर्द्धांश प्रचार अपर गत्यन्त कहा गया है। यह जैसा भी सुना गया है योजनाग्र से ध्रुवाग्र की व्याख्या करदी गई है ॥१४४॥ अब अधोगति वाले प्राणियों की स्थान कल्पना को बतलाता हूँ। जहाँ पर घोर कर्म करने वाले

प्राणीगण अपने कर्मों के द्वारा जाया करते हैं ॥१४४-१४५॥ नरकों के नाम ये हैं— रौरव–रोध–सूकर–ताल–तप्तकुम्भ–महाज्वाल–शवल- विमोचन–कृमी–कृमिभक्ष–लालाभक्ष–विदासन–ग्रधशिरा–पूयवह–रुधिरा च–वैतरण–कृष्ण–असिपत्रवन–अग्निज्वाल–महाघोर–सदंश–अभोजन–तम–कृष्णसूत्र–लोह – असिज–अप्रतिष्ठ–वीच्यश्च इस प्रकार से ये नरक होते हैं ॥१४६ से १४९॥

तामसा नरका सर्वे यमस्य विषये स्थिता ।
येषु दुष्कृतकर्माण पतन्तीह पृथक्पृथक् ॥१५०
भूमेरधस्तात्ते सर्वे रौरवाद्या प्रकीर्त्तिता ।
रौरवे कूटसाक्षी तु मिथ्या यश्चाभिशसति ।
क्रूरग्रहे पक्षवादी ह्यनृत्य पतते नर ॥१५१
रोधे गोघ्नो भ्रूणहा च ह्यग्निदाता पुरस्य च ।
सूकरे ब्रह्महा मज्जेत्सुराप स्वर्णतस्कर ॥१५२
ताले पतेत्क्षत्रियहा हत्वा वैश्यञ्च दुर्गतिम् ।
ब्रह्महत्याञ्च यः कुर्याद्यश्च स्याद्गुरुतल्पग ॥१५३
तप्तकुम्भी स्वसागामी तथा राजभटश्च य ।
तप्तलोहे चाश्ववणिक्तथा बन्धनरक्षिता ॥१५४
साध्वीविक्रयकर्त्ता च यस्तु भक्त परित्यजेत् ।
महाज्वाले दुहितर स्नुषा गच्छति यस्तु वै ॥

ये समस्त तामस नरक यमराज के देश मे स्थित होते हैं। उन नरकों मे जो पाप कर्मों के करने वाले पृथक् होते हैं वे अपने अपने कृत कर्मों के अनुसार पृथक् पृथक् पतित होते हैं ॥१५०॥ वे सब नरक भूमि के नीचे भाग मे रौरव आदि होते हैं। जो कूटसाक्षी अर्थात् झूठी गवाही देने वाला है और सर्वथा मिथ्या बोलता है वह क्रूरग्रह रौरव नामक नरक मे मिथ्यावादी तथा पक्ष मे बोलने वाला जाकर गिरता है ॥१५१॥ रोध नामक नरक मे गौ की हत्या करने वाला तथा भ्रूणों का वध करने वाला और नगर मे आग लगाने वाला जाया करता है। ब्राह्मण का वध करने वाला सूकर मे गिरता है। सुरापान करने वाला और स्वर्ण का चुराने वाला ताल नाम वाले नरक मे गिरता है। क्षत्रिय

का हनन करने वाला तथा वैश्य की दुर्गति करने वाला और जो ब्रह्महत्या करता है एवं जो गुरुपत्नी का गमन करता है वह तप्तकुम्भ नरक में जाता है। स्वसा का गमन करने वाला और जो राजभट होता है वह और अश्वों का बेचने वाला तथा बन्धन रक्षिता ये सब तप्तलोह नामक नरक में पतन प्राप्त किया करते है ॥१५२-१५३-१५४॥ स्वाध्वी के विक्रय करने वाला और भक्त का परित्याग कर देता है तथा पुत्री एवं स्नुषा का गमन किया करता है वह महाज्वाल नाम वाले नरक में गमन करके पापों के फल को भोगता है ॥१५५॥

वेदो विक्रीयते येन वेद दूषयते च य ।
गुरु श्चावमन्यन्ते वाक्क्रोशैस्ता डयन्ति च ॥१५६
अगम्यगामी च नरो नरक शवल व्रजेत् ।
विमोहे पतिते चौरे मर्यादा यो भिनत्ति वै ॥१५७
दुरध्व कुरुते यस्तु कीटलोह प्रपद्यते ।
देवब्राह्मणविद्वेष्टा गुरूणाञ्चाप्यपूजक ।
रत्न दूषयते यस्तु कृमिभक्ष्य प्रपद्यते ॥१५८
पर्य्यश्नाति य एकोऽयो ब्राह्मणो सुहृद सुतात् ।
लालाभक्षे स पतति दुर्गन्धे नरके गतः ॥१५९
काण्डकर्त्ता कुलालश्च निष्कहर्त्ता चिकित्सक ।
आरामेष्वग्निदाता य पतते स विशसने ॥१६०
असत्प्रतिग्रही यश्च तथैवायाज्ययाजक ।
नक्षत्रैर्जीवितो यश्च नरो गच्छत्यधोमुखम् ॥१६१

जिसके द्वारा वेदो का विक्रय किया जाता है और जो वेदो को दूषित किया करता है तथा गुरुगण का जो अपमान करता है एवं वाक्क्रोशों के द्वारा जो ताडना किया करते हैं एवं अगम्या गमन करते हैं वे सभी शवल नामक नरक में जाया करते हैं। चौर विमोह नाम में पतित होते हैं और जो मर्यादा को तोडते है वे भी उसी नरक में जाते है ॥१५६-१५७॥ जो दुरध्व करता है वह कीटलोह नरक में जाता है। देवो-ब्राह्मणो का द्वेष करने वाला तथा गुरुओं की पूजा न करने वाला और जो रत्न को दूषित किया करता है वह कृमिभक्ष्य

नामक नरक मे प्राप्त हुआ करता है ॥१५८॥ जो एक अन्य ब्राह्मणी और सुहृद की पुत्री का उपभोग करता है वह दुर्गन्ध वाले लालाभक्ष नामक नरक मे जाकर गिरता है ॥१५९॥ काण्डकर्त्ता–कुम्हार–निष्क का हरण करने वाला तथा चिकित्सा करने वाला एव बाग मे आग लगाने वाला व्यक्ति जो होता है वह विशसन नाम वाले नरक मे गिरता है ॥१६०॥ असत् वस्तु के प्रतिग्रह को लेने वाला और उसी तरह से जो याजन के अयोग्य है उसको याजन कराने वाला तथा नक्षत्रो के द्वारा जो जीविका चलाता है अर्थात् गणक ज्योतिषी मनुष्य होता है वह अधोमुख नामक नरक मे जाता है ॥१६१॥

क्षीर सुरा च मास च लाक्षा गन्ध रसन्तिलान् ।
एवमादीनि विक्रीणन्घोरे पूयवहे पतेत् ॥१६२
य कुक्कुटानि बध्नाति मार्जारान्सूकराश्च तान् ।
पक्षिणश्च मृगान्छागान्सोऽप्येन नरक व्रजेत् ॥१६३
आजीविको माहिषकस्तथा चक्रध्वजी च य ।
जङ्गोपजीविको विप्र शाकुनिग्राम याजक ॥१६४
अगारदाही गरद कुण्डाशी सोमविक्रयी ।
सुरापो मासभक्षश्च तथा च पशुघातक ॥१६५
विश (श्व) स्ता महिषादीना मृगहन्ता तथैव च ।
पर्वकारश्च सूची च यश्च स्यान्मित्रघातक ।
रुधिरान्धे पतन्त्येते एवमाहुर्मनीषिण ॥१६६

क्षीर (दूध)–सुरा–मांस–लाक्षा–गन्ध (सुगन्धित पदार्थ)–रस और तिलो को एव इस प्रकार की वस्तुओ को बेचने वाला व्यक्ति घोर पूय वह नामक नरक में जाकर गिरता है ॥१६२॥ जो मुर्गों को वध करता है तथा मार्जारो को और सूकरो को–पक्षियो को–मृगो को तथा छागो को वध किया करता है वह भी इसी नरक मे गिरता है ॥१६३॥ आजीविक–माहिषिक और जो चक्रध्वजी होता है—जो रङ्गो मे उपजीविका करने वाला विप्र है तथा शाकुनि एव ग्राम याजक होता है—अगार को दाह करने वाला–विष देने वाला–कुण्डाशी–सोम का विक्रय करने वाला–मदिरा पीने वाला–मांस भक्षण करने वाला–

पशुओं का वध करने वाला—महिष आदि का विनाशता—मृगों का हनन करने वाला—पर्व काग—सूची और जा मित्र घातक होता है—ये सब रुधिरान्ध में जाकर गिरा करते है ऐसा मनीषीगण कहते हैं ॥१६४-१६५-१६६॥

पतन्ति नरके घोरे विड्भुजे नाम संशय. ॥१६७
मृषावादी नरो यश्च तथा चाक्रोशकोऽशुभ ।
पतेत्तु नरके घोरे मूत्राकीर्णे स पापकृत् ॥१६८
मधुग्राहाभिहन्तारो यान्ति वैतरणी नरा ।
उन्मत्ताश्चित्तभग्नाश्च शौचाचारविवर्जिता. ॥१६९
क्रोधना दुःखदाश्चैव कुहका कुटगामिन ।
असि पत्रवने छेदो तथा ह्यौरभ्रिकाश्च ये ।
कर्त्तनैश्च विकृष्यन्ते मृगव्याधा सुदारुणं ॥१७०
आश्रमप्रत्यवसिता अग्निज्वाले पतन्ति वै ।
भोज्यन्ते श्याम शवलैरयस्तुण्डैश्च वायसै ॥१७१
इज्याया व्रतमालोपात्सन्दंशे नरके पतेत् ।
स्कन्दन्ते यदि वा स्वप्ने व्रतिनो ब्रह्मचारिण. ॥१७२
पुत्रैरध्यापिता ये च पुत्रैराज्ञापिताश्च ये ।
ते सर्वे नरके यान्ति निमतन्तु श्वभोजने ॥१७३
वर्णाश्रमविरुद्धानि क्रोधहर्षसमन्विता ।
कर्माणि ये तु कुर्वन्ति सर्वे निरयगामिन ॥१७४

एक ही पंक्ति में बैठे हुए व्यक्ति को जो विषम भोजन कराता है। वह विड्भुज नामक घोर नरक में गिरता है इसमें कुछ भी संशय नहीं है ॥१६७॥ जो मनुष्य मिथ्यावाद करने वाला होता है तथा जो अशुभ एवं आक्रोश करने वाला होता है। वह पापी मूत्राकीर्ण नामक नरक में जोकि बड़ा ही घोर होता है गिरता है ॥१६८॥ मधुग्राह के अभि हनन करने वाले नर वैतरणी में जाया करते है। जो उन्मत्त—भग्न-चित्त वाले—शौच एवं आचार से रहित—प्रायन्त मत्सरता प्राय करने वाले—दुःख देने वाले—कुहक और कूटगामी मनुष्य हैं वे असि पत्रवन नाम वाले नरक में जाया करते हैं। जो छेदन करने वाले तथा

और त्रिक एक कर्तनी (छुटियो) के जैसे सुदारुणो अस्त्रो से मृग एव व्याघो का विकर्षण किया करते है वे अपने आश्रमसे प्रच्यवमित होते हुए अग्निज्वाल नामक नरक मे गिरते हैं। जो श्याम और शबल अवस्तुण्ड और वायसो के साथ लाया करते हैं इच्या मे अन्न के आलोप से सन्देश नामक नरक मे गिरते हैं। व्रतधारी ब्रह्मचारी गण यदि स्वप्न मे भी स्कन्दित होते हैं और जो पुत्रो के द्वारा अध्यापित एव पुत्रो के द्वारा आज्ञापित होते हैं वे सब अभोजन आमक नरक मे नियत रूप से जाकर पडा करते हैं ॥१६६ से १७३॥ क्रोध तथा हर्ष समन्वित होते हुए जो लोग वर्णो तथा आश्रमो के विपरीत कर्मों को किया करते हैं वे सब नरक के गामी हुआ करते हैं ॥१७४॥

उपरिष्टात्सितो घोर उष्णात्मा रौरवा महान् ।
सुदारुणस्तु शीतात्मा तस्याधस्तात्तप स्मृत ॥१७५
एवमादि क्रमेणैव वर्ण्यमानान्निबोधत ।
भूमेरधस्तात्सप्तैव नरका परिकीर्तिता ॥१७६
अधर्ममूलवस्ते स्युरन्धतामिस्रकादय ।
रौरव प्रथमस्तेषा महा रौरव एव च ॥१७७
अम्याय पुनरप्यन्य शीतस्तप इति स्मृत ।
तृतीय कालसूत्र स्यान्महाहविविधि स्मृत ॥१७८
अप्रतिष्ठ चतुर्थ स्यादवीची पञ्चम स्मृत ।
लोहपृष्ठस्तमस्तेषामविधेयस्तु सप्तम ॥१७९
घोरत्वाद्रौरव प्रोक्त साम्भको दहन स्मृत ।
सुदारुणस्तु शीताख्या तस्याधस्तात्तपोऽधमः ॥१८०
सर्पो निकृन्तन प्रोक्त कालसूत्रेति दारुण ।
अप्रतिष्ठे स्थितिर्नास्ति अमस्तस्मिन्सुदारुण ॥१८१
अवीचिर्दारुण प्रोक्तो यन्त्रसपीडनाच्च स ।
तस्मात्सुदारुणो लोहः कर्म्मणा क्षयणाच्च स ॥१८२

ऊपर मे सित-घोर उष्मा स्वरूप वाला महान् रौरव नरक होता है। सुदारुण तो शीतात्मा होता है किन्तु उसके नीचे तप कहा गया है ॥१७५॥

एवम.दि क्रम से ही वर्णन किये हुए नरकों को समझ लो। भूमि के नीचे के भाग में सात ही नरक कहे गये हैं ॥१७६॥ वे अन्ध तामिस्रकादि अधर्म के मूल हैं। रौरव और महा रौरव उनमें प्रथम है ॥१७७॥ इसके नीचे फिर भी अन्ध शीतलत्व कहा गया है। तीसरा काल सूत्र होता है जो महा हवि विधि कहा गया है ॥१७८॥ अप्रतिष्ठ चौथा और पाँचवाँ अवीची नाम वाला होता है। उनमें लाह पृष्ठ स्तन जो अविधेय है सातवाँ होता है ॥१७६॥ घोर होने से रौरव कहा गया है घोर साम्भक दहन कहा गया है। सुदारुण जो दीनात्मा होता है उनके नीचे अधम तप होता है ॥१८०॥ सर्प निकृन्तन कहा गया है। काल सूत्र यह दारुण है। अप्रतिष्ठ में स्थिति न.ी है उनमें सुदारुण भ्रम होता है ॥१८१॥ अवीचि नरक दारुण कहा गया है क्यों यह अन्त पीडित करता है। उनमें भी सुदारुण कर्मों के क्षय के कारण लोह नामक नरक होता है ॥१८२॥

तथाभूतो दारीरत्वादविधिम्यस्तु म स्मृत ।
पीडवन्धवधामङ्गादप्रतीकारलक्षण. ॥१८३
ऊर्द्ध्वं शैलमिनान्ते तु निरालोकाश्च ते स्मृता. ।
दु खोत्कर्पस्तु सर्वेपु ह्यधर्मस्य निमित्तत ॥१८४
ऊर्द्ध्वं लोकं समावेतो निरालोको च तावुभौ ।
कूटाङ्गारप्रनाणंश्च शरीरी भूमनायक ॥१८५
उपभोगममर्थस्तु मद्यो जायन्ति कर्मभि ।
दु ख प्रकर्पश्चोप्रत्व तेपु सर्वेपु वै स्मृतः ॥१८६
यातनाश्चाप्यमर्थेमा नारकाणा तथा स्मृताः ।
तत्रानुभूयत दु ख क्षीणे कर्मणि वै पुन ॥१८७
तिर्यग्योनौ प्रसूयन्ते कर्मशेपे गते तत ।
देवाश्च नारकाश्चैव ह्यूर्द्ध्वं चाधश्च मस्थिता ॥१८८
धर्माधर्मनिमित्तेन मद्या जायन्ति मूर्तय ।
उपभोगार्थमुत्पत्तिर्गौपपन्निककर्मत ॥१८९
पश्यन्ति नारकान्देवा ह्यधोवक्त्रान् ह्यधोगनान् ।
नारकाश्च तथा देवान् सर्वान्पश्यन्त्यधो मुखान् ॥१९०

अनग्रमूलता यस्माद्धारणाश्च स्वभावतः ।
तस्मादूर्ध्वमधोभावो लोकालोके न विद्यते ॥१६१
एषा स्वाभाविकी सञ्ज्ञा लोकालोके प्रवर्त्तते ।
अथाब्रुवन्पुनर्वायुं ब्राह्मणाः सत्रिणस्तदा ॥१६२
सर्वेषामेव भूतानां लोकालोकनिवासिनाम् ।
संसारे संसरन्तीह यावन्तः प्राणिनश्च तान् ॥१६३
सङ्ख्यया परिसङ्ख्याय ततः प्रब्रूहि कृत्स्नशः ।
ऋषीणां तद्वचः श्रुत्वा मारुतो वाक्यमब्रवीत् ॥१६४

तथा भूत शरीर होने प्रतिबिम्ब कहे कहा गया है। पीड़बन्ध और वध के आसङ्ग होने से अप्रतीकार लक्षण वाला होना है ॥१८३॥ वे ऊपर से शैल को गये हुए तथा बिना आलोक वाले कहे गये हैं। अधर्म के निमित्त होने से सब मे दुःख का उत्कर्ष हुआ करता हैं ॥१८४॥ ऊर्ध्व भाग में ये लोकों के समान होने हैं तथा ये दोनों निरालोक होते हैं। और कूटाकार प्रमाणों से शरीरी मूत्र नायक होना है ॥१८५॥ उपभोग में समर्थ कर्मों से तुरन्त ही होते हैं। उन सब में दुःखों का प्रकर्ष और उग्रता कहे गये हैं ॥१८६॥ नरकों में होने वाली यातनाऐं असंख्य कही गई हैं। वहाँ पर फिर क्षीण कर्म से दुःख का अनुभव किया जाता हैं ॥१८७॥ इनके पश्चात् कर्मों के शेष रहने पर जीवात्मा तिर्यक् योनि में जन्म लिया करते हैं। देवगण और नारकीगण ऊपर और नीचे के भागों में संस्थित होते हैं ॥१८८॥ धर्म और अधर्म के निमित्त होने से तुरन्त मूर्त्तियाँ उत्पन्न हो जाती हैं। औपपत्तिक कर्म से उपभोग करने के लिये उत्पत्ति होती है ॥१८९॥ देवगण अधोगत और नीचे की ओर मुख करने वाले नारकी प्राणियों को देखा करते हैं। और नारक समस्त देवों को अधो मुख किये हुए देखते हैं ॥१९०॥ जिस कारण से अनग्रमूलता और स्वभाव से धारण होती है उससे लोकालोक में ऊर्ध्वभाव तथा अधोभाव नहीं होता है ॥१९१॥ लोकालोक मे यह स्वाभाविकी सञ्ज्ञा होती है। इसके अनन्तर उस समय में सत्र करने वाले ब्राह्मणों ने फिर वायुदेव कहा—॥१९२॥ ऋषियों ने कहा—लोकालोक के निवास करने वाले सभी प्राणियों में से यहाँ संसार में जितने प्राणी संसरण

किया गया है उनकी संख्या में सम्यान करके इसके पश्चात् पूर्ण रूप से बता दें। ऋषियों के उस वचन को सुनकर मारुत देव ने कहा—॥१६४॥

न शक्या जन्तवः कृत्स्ना प्रसंख्यातु कथञ्चन ।
अनाद्यन्ताश्च संकीर्णा ह्यप्यूहेन व्यवस्थिता ।
गणना विनिवृत्तं षामानन्त्येन प्रकीर्त्तिता ॥१६५
न दिव्यचक्षुषा ज्ञातु शक्या ज्ञानेन वा पुनः ।
चक्षुषा नो प्रसंख्यातुमतो ह्यन्त नराधिप ॥१६६
अनाख्यानादवेद्यत्वान्नैव प्रश्नो विधीयते ।
ब्रह्मणा संज्ञितं यत्तु संख्यया तन्निबोधत ॥१६७
यः सहस्रतमो भागः स्थावराणां भवेदिह ।
पार्थिवाः कृमयस्तावत्स्वसेकार्थेषु सम्भवाः ॥१६८
स्वसेकजानाम्भागेन सहस्र एव सम्मिताः ।
औदका जन्तवः सर्वे निश्चयात्तद्विचारितम् ॥१६६
सहस्र एव भागेन सत्वानां सलिलौकसाम् ।
विहङ्गमास्तु विज्ञेया लौकिकास्ते च सर्वशः ॥२००

वायु देव बोले—सम्पूर्ण जन्तुगण किसी भी प्रकार से प्रसंख्यात नहीं किये जा सकते हैं। ये सब अनाद्यन्त-संकीर्ण और ऊह से भी व्यवस्थित हैं। इनकी गणना आनन्त्य होने से विनिवृत्त कही गई है ॥१६५॥ अथवा दिव्य चक्षु से भी ज्ञान के द्वारा नहीं जानी जा सकती है। इसलिये अन्त में नराधिप प्रसंख्यान करने के लिये किया गया है ॥१६६॥ अनाख्यान होने से तथा अवेद्य होने से यह प्रश्न ही नहीं किया जाता है। ब्रह्मा के द्वारा जो संख्या से संज्ञित किया गया है उसको जान लो ॥१६७॥ यहाँ पर स्थावरों का जो सहस्रतम भाग होता है उतने स्वसेकादि में होने वाले पार्थिव कृमि होते हैं ॥१६८॥ स्वसेकजों के सहस्रतम भाग के सम्मित समस्त औदक (जल में रहने वाले) जन्तुगण होते हैं यह निश्चय से विचार किया गया है ॥१६६॥ सलिल में रहने वाले सत्वों के सहस्र ही भाग से विहङ्गम जानने चाहिए और वे सब लौकिक हैं ॥२००॥

य: सहस्रतमो भागस्तेषां वै पक्षिणा भवेत् ।
पशवस्तत्समा ज्ञेया लौकिकास्तु चतुष्पदा: ।।२०१
चतुष्पदाना सर्वेषा सहस्रेणैव समता ।
भागेन द्विपदा ज्ञेया लौकिकेऽस्मिस्तु सव्यश. ।।२०२
य. सहस्रतमो भागो भागे तु द्विपदा पुन: ।
धार्मिकास्तेन भागेन विज्ञेया: सम्मिता: पुन ।।२०३
ससस्रणैव भागेन धार्म्मिकेभ्यो दिवङ्गता. ।
य. सहस्रतमो भागो धार्म्मिकाणा भवेद्दिवि ।
समितास्तेन भागेन मोक्षिणस्तावदेव हि ।।२०४
स्वर्गोपपादकैस्तुल्या यातना स्थानवासिन ।
पतिता पूर्णमुद्देशाद्दुरात्मनो म्रियन्ति ये ।
रौरवे तामसे ह्यते शीतोष्ण प्राप्नुवन्ति ते ।।२०५
वेदनाकटुकास्तथ्धा यातना स्थानमागता ।
उष्णास्तु रौरवो ज्ञेयस्तेजो घोररसात्मक ।।२०६
ततो घनात्मिश्चापि शीतात्मा सतत तप ।
एव सुदुर्लभा सन्त स्वर्गे च धार्म्मिका नरा ।।२०७
एषा सन्ख्या कृता सख्या ईश्वरेण स्वयम्भुवा ।
गणना विनिवृत्तैषा सङ्ख्या ब्राह्मी च मानुषी ।।२०८

जो उन पक्षियो का हजारवा हिस्सा होना है उनके बराबर लौकिक चतुष्पद पशु जानने चाहिये ।।२०१।। समस्त चतुष्पदो के सहस्र भाग से सम्मित इस समस्त लौकिक मे द्विपद जन्तु जानने चाहिए ।।२०२।। फिर उन द्विपदो मे भाग मे जो सहस्रवा भाग होना है उस भाग से धार्मिक जानने चाहिए ।।२०३।। हजारवे भाग से ही उन धार्मिको मे से प्राणी दिवलोक मे प्राप्त होने वाले होते हैं । उस दिवलोक मे भी उन गये हुए धार्मिको मे से हजारवाँ भाग मोक्ष प्राप्त करने वाले हुआ करते हैं ।।२०४।। स्वर्ग के उपपादकों के तुल्य यातना स्थान वासी की है । उद्देश्य से पूर्ण की पतित दुष्ट आत्मा वाले मरते हैं ये सब रौरव तामस मे गिरते हैं और शीतोष्ण को वे

प्राप्त किया करते हैं। २०५॥ वेदना से कटुक एवं स्तब्ध यातना के स्थान को प्राप्त हो गये। उष्ण तो रौरव जानना चाहिये जो कि घोर रमात्मक तेज है ॥२०६॥ इसके पश्चात् घनात्मिक जो शीतात्मा सतत तप है। इस प्रकार से सुदुर्लभ होते हुए भी स्वर्ग में धार्मिक नर होते हैं ॥२०७॥ यह संख्या स्वयं ईश्वर के द्वारा की गई है। यह संख्या ब्राह्मी और मानुषी है। यह गणना विनिवृत्त हो गई है ॥२०८॥

महोजनस्तप सत्यं भूतो भाव्यो भवस्तथा।
उक्ता ह्येते त्वया लोका लोकानामन्तरेण च।
लोकान्तरञ्च याद्दग्वै तन्नो ब्रूहि यथातथम् ॥२०९
तेषां तद्वचनं श्रुत्वा ऋषीणामूर्ध्वरेतसाम्।
स वायुर्दृष्टतत्त्वार्थ इदन्तत्त्वमुवाच ह ॥२१०
व्यक्तं तर्केण पश्यन्ति योगात्प्रत्यक्षदर्शिनः।
प्रत्याहारेण ध्यानेन तपसा च क्रियात्मनः ॥२११
ऋभुः सनत्कुमाराद्याः सम्बुद्धाः शुद्धबुद्धयः।
व्यपेतशोका विरजाः सन्तो ब्रह्म वसत्तमाः ॥२१२
प्रश्रया प्रीतिसंयुक्ता ब्रह्मे तिष्ठन्ति योगिनः।
ऋषीणां वालखिल्यानां तथैवाहुतमीश्वरं ॥२१३
यथा चैव मया दृष्टं सान्निध्यन्तत्र कुर्वता।
अनन्तमगृताथ्यानामालयं नेश्वरस्य यत् ॥२१४
ईश्वरं परमाणुत्वाद्भावग्राह्यो मनीषिणाम्।
ज्ञानं वैराग्यमैश्वर्यन्तपः सत्यं क्षमा धृतिः ॥२१५
द्रष्टृत्वमात्मसम्बन्धमधिष्ठातृत्वमेव च।
अव्ययानि दशैतानि तस्मिंस्तिष्ठति शङ्करे ॥२१६

ऋषियों ने कहा—आपने मह जन तप-सत्य भूत भाव्य और भव ये सब लोक हमको बताये हैं। अब लोकों के अन्तर से अन्तर जिस प्रकार के लोक हैं उन्हें ठीक ठीक हमको बतादें ॥२०९॥ उन ऋषियों ने जो कि ऊर्ध्वरेता थे उन वचन का श्रवण कर तत्वार्थ को देख लेने वाले उस वायुदेव ने उन

तत्व को कहा था ॥२१०॥ वायुदेव ने कहा—प्रत्यक्षदर्शी योग से तर्क के द्वारा व्यक्त को देखा करते हैं और क्रिया के स्वरूप वाले प्रत्याहार-ध्यान तथा तप के द्वारा देखते है ॥२११॥ प्रभु सनत्कुमार आदि सब भली भाँति ज्ञान युक्त तथा सम्बुद्ध बुद्धि वाले हैं। ये सब शोक रहित विरज ब्रह्मा की भाँति ही श्रेष्ठ है ॥२१२॥ ये क्षय से रहित-प्रीति से संयुक्त योगी है जो ब्रह्म में ही आस्थित रहा करते है। उन परम समर्थ प्रभुओ ने बालखिल्य ऋषियो से जैसा कहा था और उनका सान्निध्य करने वाले मैंने जिस तरह मे देखा था कि ये लय पर्यन्त ईश्वर के प्रसत्कृत वाले नही होते हैं ॥२१३॥२१४॥ ईश्वर परम अणु होने के कारण से मनीषियो के भाव के द्वारा ही ग्रहण करने के योग्य होता है। उस शङ्कर में ज्ञान वैराग्य ऐश्वर्य-तप-सत्य-क्षमा-धृति-द्रष्टृत्व होना-आत्म सम्बन्ध और अधिष्ठातत्व ये अव्यय दश बातें स्थित रहा करती हैं ॥२१५॥२१६॥

विभुत्वात्खलु योगाग्निर्ब्रह्मणोऽनुग्रहे रत ।
स लोकविग्रहो भूत्वा साहाय्यमुपतिष्ठते ॥२१७
अक्षर ध्रुवमव्ययमष्टमन्त्वौपसर्गिकम् ।
तस्येश्वरस्य यन्मात्रस्थान मायामय परम् ॥२१८
मायया कृतमाचष्टे मायी देवो महेश्वर ।
देवानामुहसहास्रस्तत्प्रमाण हि कीर्त्यते ॥२१९
विस्तरेणानुपूर्व्या च ब्रुवतो मे निबोधत ।
त्रयोदशैव कोट्यस्तु नियुता दश पञ्च च ।
भूर्लोकाद् ब्रह्मलोको वै योजनं सम्प्रकीर्त्यते ॥२२०
एकयोजनकोटो तु पञ्चाशन्नियुतानि च ।
ऊर्द्ध भागयताण्डन्तु ब्रह्मलोकात्पर स्मृतम् ॥२२१
एषोर्द्धगप्रचारस्तु गत्यन्तश्च तत स्मृतम् ।
नित्या ह्यपरिसंख्येया परस्परगुणाश्रया ॥२२२
सूक्ष्मा प्रभवधर्मिण्यस्तत प्रकृतयः स्मृता. ।
येभ्योऽधिकर्त्ता सजज्ञे क्षेत्रज्ञो ब्रह्मसंसितः ॥२२३

विभु होने के कारण वह योग की अग्नि वाला प्रभु ब्रह्मा के अनुग्रह में रत रहते है। वे लोक विग्रह होकर सहायता किया करते हैं ।।२१७।। उस ईश्वर के अक्षर-ध्रुव-अव्यग्र-अष्टम औपसर्गिक परम मायामय यन्मात्र स्थान हैं ।।२१८।। महेश्वर देव माया से युक्त है और माया के द्वारा ही सब कुछ किया करते हैं। देवों का उप संहार भी इसी प्रकार किया करते हैं। उसका प्रमाण अब कहा जा रहा है। मैं विस्तार के साथ उसे आनुपूर्वी से कहता हूँ। आप लोग उसे मुझसे जान लेवें। इस भूलोक से ब्रह्मलोक त्रयोदश कोटि तथा पन्द्रह नियुत योजनो से युक्त कहा जाया करता है ।।२१९।।२२०।। इस ब्रह्म लोक से भी ऊपर एक करोड पचास नियुत योजन भागवतारणु स्थित है ऐसा कहा गया है ।।२२१।। यह इनसे ऊपर गमन करने वाला प्रचार है और यहाँ गति का अन्त होता है ऐसा बताया गया है। परस्पर में गुणों के आश्रय जो है वे नित्य हैं और अपरिसंख्येय होते हैं ।।२२२।। प्रसव के धर्म वाली जो प्रकृतियां हैं वे परम सूक्ष्म है जिनमें अधिकर्ता ब्रह्म ही सज्ञा वाला क्षेत्रज्ञ उत्पन्न होता है ।।२२३।।

तासु प्रकृतिमत्सूक्ष्ममधिष्ठातृत्वमव्ययम् ।
अनुत्पाद्य परंधाम परमाणु परंध्येयम् ।।२२४
अक्षयश्चाप्यनुत्पन्नश्च अमूर्तिमूर्तिमानसौ ।
प्रादुर्भावस्तिरोभाव. स्थितिश्चैवाप्यनुग्रह. ।।२२५
विधिरन्यैरनौपम्य परमाणु महेश्वर. ।
सतेजा एव तमसो य परस्तात्प्रकाशकः ।।२२६
यदण्डमासीत्तत्सौवर्णं प्रथमन्त्वौपसर्गिकम् ।
वृहत् सर्वतोवृत्तमीश्वराद्व्यवजायत ।।२२६
ईश्वरदाद्बीजनिर्भेद. क्षेत्रज्ञो बीज उच्यते ।
यानि प्रकृतिमाचष्टे सा च नारायणात्मिका ।।१२८
विभुर्नोऽस्य गृहपर्व लोकसंस्थानमेव च ।
सम्प्रसर्ग स तन्वा च लोकधातुर्महात्मन. ।।२२६

पुरस्ताद्ब्रह्मलोकस्य ह्यण्डादर्वाक्च ब्रह्मणः ।
तयोर्मध्ये पुर दिव्य स्थान यस्य मनोमयम् ॥ २३०
तद्विग्रहवत स्थानमीश्वरस्यामितौजस ।
शिव नाम पुर तत्र शरण जन्मभीरुणाम् ॥ २३१

उनमे प्रकृति वाला सूक्ष्म एव अव्यय अधिष्ठातृत्व होता है । वह परमाणु परमेय परधाम अनुत्पादन के योग्य होता है ॥२२४॥ वह क्षय से रहित-ऊहा करने के अयोग्य बिना मूर्त्ति वाला और यह मूर्तिमान् है जिसका आविर्भाव और तिरोभाव तथा स्थिति भी एक प्रकार का अनुग्रह ही होता है ॥२२५॥ यह परमाणु महेश्वर अन्यो के द्वारा अनुपम विधि होता है । यह तमको परम प्रकाश करने वाला तेज मे युक्त होता है ॥२२६॥ जो यह प्रथम सौवर्ण एव औपसर्गिक अणु होता है । सभी ओर से वृत्त और परम विशाल वह ईश्वर से उत्पन्न हुआ था ॥२२७॥ ईश्वर से बीज का निर्भेद होता है । जो क्षेत्रज्ञ होता है वही बीज होता है । प्रकृति को उस बीज को धारण करने वाली योनि कहा जाता है और वह भी नारायण के स्वरूप वाली होती है ॥२२८॥ विभु न लोक की सृष्टि के लिये लोक सस्थान किया है लोको के धाता उस महात्मा के शरीर से ही यह निगम होता है ॥२२९॥ सबसे पहले ब्रह्म होता है और फिर ब्रह्म का अण्ड है । इन दोना के मध्य म पुर जिसका मनोमय परम दिव्य स्थान होता है ॥२३०॥ अपरिमित ओज वाले विग्रहधारी उस ईश्वर का स्थान है । वह शिव नाम वाला पुर है और वहा पर जन्म मरण के भय स भी न जीवा की रक्षा होती है अर्थात् वही शिवपुर उनका शरण है ॥२३१॥

सहस्राणा शत पूर्ण योजनानां द्विजोत्तमा ।
अभ्यन्तरे तु विस्तीर्ण महीमण्डलसस्थितम् ॥२३२
मध्याह्नार्कप्रकाशेन परतेजोऽभिमर्दिना ।
शातकौम्भेन महता प्राकारेणार्कवर्चसा ॥ २३३
द्विरंश्चतुर्भि सौवर्णैर्मु क्तादामविभूषितै ।
तपनीयनिभैं शुभ्रै र्गाढ सुकृतवेष्टनम् ॥ २३४

तच्चाकाशे पुरं रम्यं दिव्यं घण्टादिनादितम् ।
न तत्र क्रमते मृत्युर्न तपो न जरा श्रमाः ॥२३५
न हि तस्य पुरस्यान्यैरुपमा कर्तुमर्हति ।
सहस्राणां शतं पूर्णं योजनानां दिशो दश ॥२३६
तत्पुरं गोवृषाङ्कस्य तेजसा व्याप्य तिष्ठति ।
भावनं मनसो भूमिर्विन्यस्ता कनकामयी ॥ २३७
रत्नवालुकया तत्र विन्यस्ता शुशुभेऽधिकम् ।
शारदेन्दुप्रकाशानि बालसूर्यनिभानि च । २३८
अर्द्धं श्वेतार्द्धरक्तानि सौवर्णानि तथैव च ।
रथचक्रप्रमाणानि नालैर्मरकतप्रभैः । २३९
सौकुमार्येण रूपेण गन्धिनाप्रतिमेन च ।
तत्र दिव्यानि पद्मानि वनेषूपवनेषु च ॥ २४०
भृङ्गपत्रनिकाशानि तपनीयानि यानि च ।
अर्द्धं शुक्लादर्द्धरक्तानि सुकुमारान्तराणि च ॥ २४१
शतपत्रप्रमाणानि पङ्कजैः संवृतानि च ।
भूयः सप्त महानद्यस्तासां नामानि बोधत ॥ २४२
वरा वरेण्या वरदा वरार्हा वरवर्णिनी ।
वरमा वरभद्रा च रम्यास्तस्मिन्पुरोत्तमे ॥ २४३
पद्मोत्पलदलोन्मिश्रं फेनावावर्त्तविग्रहम् ।
जलं मणिदनप्रख्यमावहन्ति सरिद्वराः ॥२४४

हे द्विजोत्तमो ! वह सौ सहस्र योजनों में पूर्ण है। उसके अन्दर एक परम विस्तीर्ण मणिमण्डप सन्निहित होता है ॥२३२॥ मध्याह्न में सूर्य के प्रकाश का भी अभिमर्दन करने वाला वहाँ तेज का प्रकाश है। उसका सुवर्ण का विस्तृत प्राकार होता है जो सूर्य के समान ऊँचा है ॥२३३॥ सुवर्ण निर्मित चार उत्तम द्वार हैं जो कि मुक्ताओं की मालाओं से समलंकृत हैं। गौ के समान परम सुन्दर वस्त्रों से भी [illegible] वर्णित है ॥२३४॥ वह पुर अत्यन्त रम्य [illegible] है जो कि [illegible] दिव्य है। वहाँ

पर मृत्यु-ताप-जरा और श्रम ये कोई भी नहीं पहुँच सकते हैं। ऐसा अन्य कोई भी पुर या स्थल नहीं है जिसकी उपमा इस पुर को दी जा सके अर्थात् सारांश यह है कि यह अत्यन्त अनुपम है। दशों दिशाओं में यह सौ सहस्र योजन तक फैला हुआ है ॥२३६॥ वह पुर गोवृषाङ्क के दिव्य तेज से व्याप्त होता हुआ संस्थित रहता है। मन के भाव के द्वारा वहाँ कनकामयी भूमि विन्यस्त की गई है ॥२३७॥ रत्नों की बालुका के द्वारा वह और भी अधिक शोभा से शोभित है। बाल सूर्य के समान शारदीय चन्द्र के प्रकाश वाले आधे श्वेत और आधे रक्त सुवर्ण निर्मित जैसे वन और उपवनों में पद्म हैं जिनका प्रमाण रथ के चक्र के समान है और मरकत मणिकी प्रभा के तुल्य उनके नाल हैं। परम सौकुमार रूप है और अप्रतिम गन्ध से युक्त हैं ऐसे दिव्य पद्म वहाँ पर हैं ॥२३८॥२३९॥२४०॥ भृंग पत्र के तुल्य जो तपनीय थे वे आधे कृष्ण और आधे रक्त थे और सुकोमल अन्तर वाले थे ॥२४१॥ आतपत्र (छत्र) के प्रमाण वाले तथा पङ्कजों से संवृत थे। अब सात जो महा नदियाँ हैं उनके नामों को समझ लो ॥२४२॥ महा नदियों के नाम ये हैं—वरा-वरेण्या-वरदा-वराही-वर वर्णिनी- वरमा और वरभद्रा। ये सात महानदी उस उत्तम पुर में परम रम्य हैं ॥२४३॥ ये श्रेष्ठ नदियाँ मणिदल के समान अति स्वच्छ जल के प्रवाह वाली थी वह जल पद्मोत्पल दलों से उन्मिश्र था और फेन आदि आवर्तों के स्वरूप से युक्त था ॥२४४॥

न तु ब्रह्मर्षयो देवा नासुरा पितरस्तथा।
न खल्वन्येऽप्रमेयस्य विदुरीशस्य तत्पुरम् ॥ २४५

तत्र ये ध्यानमव्यग्रा सुयुक्ता विजितेन्द्रिया.।
पश्यन्तीह महात्मान पुरन्तद्गोवृषात्मन ॥२४६

मध्ये पुरवरेन्द्रस्य तस्याप्रतिमतेजस ।
सुमहान्मेरुसङ्काशो दिव्यो भद्रश्रिया वृत ॥ २४७

सहस्र पाद प्रासादस्तपनीयमय- शुभ ।
अनुपमेयं रत्नैश्च सर्वत- स विभूषित ॥२४८

स्फटिकैश्चन्द्रसङ्काशैर्वैदूर्य्यैः सोमसंप्रभैः ।
बालसूर्य्यप्रभैश्चैव सौवर्णैश्चाग्निसप्रभैः ॥ २४९
राजतैश्चापि शुशुभे इन्द्रनीलमयैः शुभैः ।
हटैवंज्रमयैश्चैव इत्येव सुमहाहितैः ॥२५०

ईश के उस परम सुन्दर पुर को ब्रह्मर्षि-देव-असुर-पितर तथा अन्य कोई भी नहीं जानते हैं क्यों कि ईश स्वयं अप्रमेय है अर्थात् प्रमा के विषय नहीं है ॥२४५॥ उस योगरूपात्मा प्रभु के उस पुर को ऐसे ही महान् आत्मा वाले ही पुरुष देखते हैं जो ध्यान में सदा तत्पर रहते हैं मुमुक्षु और विजित इन्द्रियों वाले होते हैं ॥२४६॥ उस परम रमणीय श्रेष्ठतम पुर के मध्य में अप्रमित तेज वाले उस ईश्वर का अद्भुतों से युत-अतिदिव्य और सुविशाल मेरु के सदृश सहस्रपाद प्रासाद है जो परम शुभ एवं सुवर्ण के समान है। वह प्रासाद (महल) अनुपम रत्नों के द्वारा सभी ओर से सुविभूषित है। २४७॥२४८॥ चन्द्रमा के तुल्य स्फटिक मणि और सोम के सदृश प्रभा वाली वैदूर्य मणियों से वह सुशोभित था। बालसूर्य अर्थात् प्रातःकालीन सूर्य की प्रभा वाली तथा अग्नि के समान प्रभा से युक्त एवं सुवर्ण की और राजत (चाँदी की) वस्तुओं से वह विभूषित था और शुभ इन्द्र नील मणियों से सुन्दर शोभा से युत हो रहा था। हीरों से जटित परम दृढ़ एवं शोभा से सम्पन्न वह पुर था ॥२४९॥२५०॥

जलैश्च विविधाकारैर्द्वौ प्यद्भिरधियासितम् ।
चन्द्ररश्मिप्रकाशाभिः पताकाभिरलङ्कृतम् ॥२५१
रत्नघण्टानिनादैश्च नित्यप्रमुदितोत्सव ।
किन्नराणामधीवासैः सन्ध्याभ्राकारराजितैः ॥२५२
परिवारसमन्तात् हेमपुष्पोत्कर प्रभैः ।
यथा हि मेरुशैलेन्द्रो हेमशृङ्गैर्विराजते ॥२५३
पामीकरमयीभिस्तु पताकाभिस्तथा पुरम् ।
एव प्रासादराजोऽसौ भूमिकाभिर्विराजते ॥२५४

वसन्तप्रतिमा यत्र त्र्यम्बकस्य निवेशने ।
लक्ष्मीः श्रीश्च वपुर्म्माया कीर्ति शोभा सरस्वती ॥२५५
देव्या वै सहिता ह्येता रूपगन्धसमन्विता ।
नित्या ह्यपरिसङ्ख्याता पररस्परगुणाश्रया ।
भूषणं सर्वरत्नाना योन्य कान्तिविलासयो ॥२५६
कोटिशत महाभागा विभज्यात्मानमात्मना ।
भगवन्त महात्मान प्रतिमोदन्त्यतन्द्रिता ॥२५७

विविध आकार वाले जलो में अर्थात् जलाशयो स वह युक्त था जोकि दीप्यमान थे । चन्द्रमा की किरणों के तुल्य प्रकाश वाली पताकाओ से वह पुर समलङ्कृत होरहा था ॥२५१॥ सुवर्ण क बन हुए घण्टा वहाँ पर थे जिनकी ध्वनियों से सदा ही प्रमुदित उत्सवो वाला रहता है । शिखरो में वहाँ अधिवास थे जो सन्ध्याकाल के मेघो के समान शोभा वाले और हम पुष्पोदक की प्रभा से सयुक्त परिचार वाल वहाँ चारों ओर रहा करत थे । जिस तरह मेरु गिरिराज हो उसी भाँति वह सुवर्ण के शिखरों से युक्त विराजमान है ॥२५२-१५३॥ सुवर्ण की पताकाओ से वह पुर जिस तरह सुशोभित था उसी भाँति यह प्रासाद राज भी भूमिकाओ से विभूषित था । २५४॥ जहाँ पर भगवान् त्र्यम्बक के निवेशन ( आलय ) में वसन्त की प्रतिमा वाली लक्ष्मी–श्री–वपुर्माया–कीर्त्ति–शोभा–सरस्वती रूप–लावण्य एव गन्ध से समन्वित ये सब देवी के सहित वहाँ समवस्थित थी । ये नित्य तथा अपरिसंख्यात (अगणित) थी जोकि परस्पर में गुणो की आधार थी । ये समस्त प्रकार के रत्नो की भूषण तथा कान्ति और विलास की योनियाँ थी ॥२५५-२५६॥ य महान् भाग वाली आत्मा में आत्मा को विभक्त करके सैकडो करोड थी जोकि अतन्द्रित होकर अर्थात् अति समाहित होती हुई महात् तम भगवान् को अतिमोहित किया करती हैं ॥२५७॥

तासा सहस्रशश्चान्या पृष्ठत परिचारिका ।
रूपिण्यश्च श्रिया युक्ता सर्वा कमललोचना ॥२५८
लीलाविलाससयुक्तैर्भावैरतिमनोहरै ।
गणास्ता सह मोदन्ते शैनार्भ पावकोपमै ॥२५९

कुब्जा वामनिकाश्चैव वरगात्रा हयानना ।
पुण्ड्राश्च विकटाश्चैव करालाश्चिपिटानना ॥२६०
लम्बोदरा ह्रस्वभुजा विनेशा ह्रस्वपादिका ।
मृगेन्द्रवदनाश्चान्या गजवक्त्रोदरास्तथा ॥२६१
गजाननास्तथैवान्या सिंह व्याघ्राननास्तथा ।
लोहिताक्षा महास्तन्य सुभगाश्चारुलोचना ॥२६२
ह्रस्वकुञ्चितकेशाश्च सुन्दर्यश्चारुलोचना ।
अन्याश्च कामरूपिण्यो नानावेषधरा स्त्रियः ॥२६३
अभ्यन्तरपरिस्पन्धा देवावासगृहोचिता ।
रराम भगवांस्तत्र दशबाहुर्महेश्वरः ॥२६४

वे सभी पीछे के ये महत्मो ही परिचारिकाएँ थीं जो परम सुन्दर रूप वाली थीं सस्मित और सभी कमल के समान लोचनों वाली हैं ॥२५८॥ लीलाओं के विलासों से संयुक्त अत्यन्त मनोहर भावों के द्वारा ये सब शैल के समान आभा वाले तथा अग्नि के तुल्य तेज से युक्त गणों के साथ आनन्द विहार किया करते हैं ॥२२६॥ उन स्त्रियों में विभिन्न रूप थे—कुब्जा हैं और वामन निकामा से श्रेष्ठ गात्रों वाली हैं। कोई हय के समान मुख वाली है। पुण्ड्रा-विकटा-कराल और चिपिट मुख वाली हैं ॥२६०॥ उनमें कुछ लम्बे उदर वाली—छोटी भुजाओं से युक्त—विनेशा ह्रस्व पादों वाली—मृगेन्द्र के समान वदन से युक्त तथा अन्य गज के समान मुख तथा उदर वाली हैं ॥२६१॥ कुछ गज के जैसे आनन वाली तथा अन्य सिंह और व्याघ्र के समान मुख वाली हैं। कुछ ऐसी हैं जिनकी आँखें एकदम लोहित हैं और कतिपय महान् स्तनों वाली हैं तथा परम सुभगा और सुन्दर नेत्रों वाली हैं ॥२६२॥ कुछ स्त्रियाँ ऐसी थीं जिनके केश छोटे और कुञ्चित थे। कतिपय वहाँ पर परम सुन्दरी तथा चारु लोचनों वाली थीं। अन्य ऐसी भी जो अपनी इच्छा से ही मनोवाञ्छित रूप धारण कर लिया करती थीं। ऐसी वहाँ नाना प्रकार के वेषों को धारण करने वाली स्त्रियाँ थीं ॥२६३॥ ये सब सुन्दर ही स्पन्दन वाली और देव वास गृह के उचित थीं। दशबाहुओं वाले भगवान् महेश्वर वहाँ पर इन सबके साथ रमण किया करते थे ॥२६४॥

नन्दिना च गणैः सार्द्धं विश्वरूपैर्महात्मभिः ।
तथा रुद्रगणैश्चापि तुल्यौदार्य्यपराक्रमैः ॥२६५
पावकात्मजसङ्काशैः शूं पदंष्ट्रोत्कटाननैः ।
वन्द्यमानो विमानश्च पूज्यमानश्च तत्परैः ॥२६६
सर्वर्तु कुसुमा माला जिघ्रमाणोरसि स्थिताम् ।
नीलोत्पलदलश्याम पृथुताम्रायतेक्षणम् ॥२६७
ईषत्करालम्बोष्ठं तीक्ष्णदंष्ट्रा गणार्चितम् ।
षड्दूर्ध्वनेत्र दुःप्रेक्ष्य रुचिरश्चीरवाससम् ॥२६८
आहवेष्ववरिक्लिष्ट देवानामरिनाशनम् ।
बाहुना बाहुमावेश्य पार्श्वे सव्यऽन्तरे स्थितम् ॥२६९
रराजापदिशन्तस्य वामागकरगोचरम् ।
महाभैरवनिर्घोष बलेनाप्रतिमौजसम् ।
दशवर्णधनुश्चैव विचित्र शोभतेऽधिकम् ॥२७०
त्रिशूल विद्युताभामममोघ शत्रुनाशनम् ।
जाज्वल्यमान वपुषा परम तन्विषा युतम् ॥२७१

वहाँ पर नन्दी तथा अन्य गणों के साथ भगवान् महेश्वर रमण करते हैं जोकि विश्वरूप वाले तथा महान् आत्मा वाले हैं। समान औदार्य और पराक्रम से समन्वित रुद्रगण भी वहाँ हैं ॥२६५॥ जो पावकात्मज के तुल्य हैं और शूप के समान दंष्ट्रा तथा उत्कट मुखों वाले हैं। ये सब महेश्वर की सेवा में परायण रहा करते हैं। इनके द्वारा भगवान् सर्वदा वन्द्यमान एव विमान और पूज्यमान रहते है ॥२६६॥ समान ऋतुओं के कुसुमों की माला उनके वक्ष स्थल में धारण है उसकी गन्ध का घ्राण करते हुए हैं। आपका वर्ण नील उत्पल के दल के समान श्याम है और नेत्र अत्यन्त ताम्र वर्ण के समान रक्त हैं ॥२६७॥ थोडे कराल एव लम्बे ओष्ठ वाले—तीक्ष्ण दंष्ट्रा वाले गणों के द्वारा पूजित हैं। छै ऊर्ध्व नेत्रों वाले—दर्शन करने मे असह्य—परम रुचिर और चीर धारण करने वाले हैं ॥२६८॥ युद्धों मे अत्यन्त परिक्लेश से रहित तथा देवों के शत्रुओं का नाश करने वाले हैं। बाहु से बाहु को आविष्ट करके सव्य पार्श्व के अन्तर मे

स्थित है ॥२६६॥ वामाग्र करने गोचर होने वाले अपदेश करते हुए सुशोभित हो रहे हैं। आपका निर्घोष महान् भैरव है और बल के द्वारा अप्रतिम (अनुपम) ओज वाले हैं। इनका धनुष जोकि परम विचित्र है अत्यधिक शोभा दे रहा है। भगवान् महेश्वर का त्रिशूल विद्युत् की आभा के समान एवं अमोघ आयुध जोकि शत्रुओं का एकदम नाश कर देने वाला है। उनकी कान्ति से युक्त वायु से आजज्वल्यमान है ॥२७० २७१॥

प्रभिश्चैवौजसा श्रेष्ठ शीतरश्मि शशी तथा।
तेजसा वपुषा कान्त्या देवेशस्य महात्मन ।
शुशुभेऽभ्यधिक तत्र वेद्यामग्निशिखा इव ॥२७२
स्थित पुरस्ताद् देवस्य शातकौम्भमयो महान्।
शुशुभे रुचिर श्रीमान्मोदक सकमण्डलु ॥२७३
अभिमावस्य चाङ्गेषु पाण्डुराम्बर धारिणी।
उरश्छदन महता मौक्तिकेन विराजिता।
चतुर्भुजा महाभागा विजया लोकसम्मता ॥२७४
देव्या श्राद्य प्रतीहारी श्रीरिवाप्रतिमा परा।
विभ्राजती स्थिता चैव कृत्वा देवस्य चाञ्जलिम् ॥२७५
तस्या पृष्ठानुगाश्चान्या स्त्रियाऽमरगेगुणान्विता ।
ता मन्त्रभितवं कान्तैरुपतिष्ठन्ति शङ्करम् ॥२७६
सर्वं नक्षत्रमरान्ना वादित्रैं रुपबृंहिता ।
उपगायन्ति देवेश गणा गन्धर्वयानय ॥२७७
प्रम्युप्रतो महारस्त शर्म्मेयमसद्युति ।
शोभत नन्दमानश्च गौरानिन्तस्य वेश्मनि ॥२७८

भगवान् महेश्वर आजस्विता में परम श्रेष्ठ हैं और अग्नि के आयुध को धारण किये हुए हैं तथा शीत किरणों वाला चन्द्र भी विराजमान है। तेज और वपु तथा कान्ति में महान् आत्मा वाले देवों के स्वामी महेश्वर वहाँ पर वेदी में अग्नि की शिखा के समान अत्यधिक आभा से युक्त हो रहे थे ॥२७२॥ भगवान् महेश्वर देव के आगे स्वर्ण का निर्मित महान् परम सुन्दर तथा उज्ज

से भरा हुआ एक कमण्डलु स्थित है जिसकी एक अत्यद्भुत शोभा हो रही थी ॥२७३॥ अपने अङ्कों में असि को धारण किये हुए तथा पाण्डुर वर्ण के वस्त्र धारण करने वाली एव महान् मोतियो के उरश्छद से विराजित—चार भुजाओं वाली महान् भाग वाली लोक सम्मता विजया वहाँ पर विद्यमान है ॥२७४॥ यह देवी की सर्व प्रथम प्रतीहारी है जोकि अनुपम दूसरी श्री के ही तुल्य है। यह देव के आगे अञ्जलि करके अति विभ्राजमान होती हुई संस्थित रहा करती है ॥२७५॥ उसके पृष्ठ भाग में अनुगमन करने वाली अन्य स्त्रियाँ हैं जोकि अप्सराओं के गुण से युक्त हैं। वे सब अभिनय एव अति कान्त वाद्यादि के द्वारा भगवान् शङ्कर का उपस्थान किया करती हैं ॥२७६॥ समस्त शुभ लक्षणों से सम्पन्न तथा अनेक वादित्रों से उपबृंहित गन्धर्वो की योनियाँ एव गण भगवान् देवेश का उपगायन किया करते हैं ॥२७७॥ भगवान् गार्पति अपने वेश में परमानन्द करते हुए शोभित होते हैं। अत्यन्त उन्नत आपका कलेवर है तथा विशाल वक्ष स्थल है और शरत्काल के मेघ के समान आपके शरीर की कान्ति है ॥२७८॥

स्कन्दश्च सपरीवार पुनोऽस्यामितवीर्य्यवान् ।
रक्ताम्बरधर श्रीमान्नराम्बुजदलेक्षण ॥२७९
तस्य शाखा विशाखश्च नैगमेयश्च चाष्टवान् ।
व्यपेतव्यसनाकूरा प्रजाना पालने रता ॥२८०
तैं सार्द्धं स महावीर्य्य शोभते शिखिवाहन ।
व्यालक्रीडनकंस्तत्र क्रीडत विश्वतोमुख ॥२८१
ये नृपा विबुधेन्द्राणा काञ्चनस्य प्रदायिन ।
ये च स्वायतना विप्रा गृहस्था ब्रह्मवादिन ॥२८२
गूढस्वाध्याय तपसस्तया चैवोञ्छवृत्तय ।
एते सभासदस्तस्य देवेशस्य च सम्मता ॥२८३
मन्वन्तराण्यनेकानि व्यवर्त्तन्त पुन पुन ।
श्रूयता देवदेवस्य भविष्याश्चर्यमुत्तमम् ॥२८४

व्याघ्राश्चैवानुगास्तत्र वाचनाभास्तरस्विन ।
स्वच्छन्दचारिण सर्वे स्वय देवेन निर्म्मिता ॥२८५
मृत्योर्मृत्युसमास्ते तु यमदर्पापहारिण ।
विभूतिमप्यसरयेया को न सत्यभिधास्यते ॥२८६
अत परमिद भूयो भवेनाद्भुतमुत्तमम् ।
भूतानामनुकपार्थं यत्कृत तन्निबोधत ॥२८७

भगवान् महेश्वर के पुत्र स्कन्द हैं जोकि अमित वीर्य–पराक्रम से युक्त हैं। वह भी परिवार के सहित वहाँ पर विराजमान हैं। स्कन्द रक्त वर्ण से पत्र धारण करने वाले हैं। श्री से सम्पन्न और कमल दल के तुल्य नेत्रों वाले हैं ॥२७९॥ उनके परिकर में शाख–विशाख–नैगमेय–भगवान् हैं जोकि व्यसन रहित एवं शूर हैं तथा प्रजा के पालन करने में सदा रत रहने वाले हैं ॥२८०॥ इनके साथ वह महान् वीर्य वाले शिखिवाहन स्कन्द शोभित होते हैं। वह विश्व-सौमुख स्कन्द अपने (गणों) के सिगौना में वहाँ क्रीड़ा किया करते हैं ॥२८१॥ काञ्चन के प्रदान करने वाले विबुधेन्द्रों के जो नृप हैं तथा जो गृहस्थ ब्रह्मवादी स्नातक विप्र हैं तथा गूढ स्वाध्याय में जो रत रहने वाले—तपश्चर्या करने वाले और उग्र वृत्ति वाले लोग हैं वे ही सब उन देवों के देव भगवान् के सभासद हैं। भगवान् ऐसे ही सभासदों का पसन्द किया करते हैं ॥२८२-२८३॥ अनेक मन्वन्तर बारम्बार व्यतीत हो जाते हैं। अब देवों के देव महेश्वर का उत्तम भविष्यादार्य का आप लोग श्रवण करें ॥२८४॥ वहाँ पर व्याघ्र और वानर के समान आभा वाले तपस्वी (वेग वाले) अनुगामी गण सभी स्वच्छन्द धारण करने वाले हैं और इन सबकी रचना स्वयं ही देव के द्वारा हुई है ॥२८५॥ वे मृत्यु की मृत्यु के समान हैं और यमराज के भी दर्प के हरण करने वाले हैं। असंख्य अपरिमित विभूति का देवेश ने निर्माण किया था उसे कौन कह सकता है? अर्थात् वह अवर्णनीय है ॥२८६॥ इसके भी आगे भव ने यह एक दूसरी वस्तु बहुत ही अद्भुत एवं उत्तम की थी। यह सब भूतों पर अनुकम्पा के ही लिये जो कुछ भी है किया है। उसे भी आप लोग समझ कर जान लेवें ॥२८७॥

मन्दरादिप्रकाशाना बलेनाप्रतिमौजसाम् ।
हारकुन्देन्दुवर्णाना विद्युद्घननिनादिनाम् ॥२८८
चूडामणिधराणा वै मेघसन्निभवाससाम् ।
श्रीवत्साङ्कितवक्षाणामङ्गुलीशूलपाणिनाम् ॥२८९
एव दिशाना देवाना रूपेणोत्तमशालिनाम् ।
तस्य प्रासादमुख्यस्य स्तम्भेषूत्तमशोभिषु ॥२९०
सयताग्निमयीभिस्तु शृङ्खलाभि पृथक्पृथक् ।
मायासहस्र सिंहाना सुख तत्र निवासिनाम् ॥२९१
स्तम्भेऽप्यपामृतापद्म त्र्यम्बकस्य निवेशने ।
अथ तत्प्रतिसपूज्य वायोर्वाक्य सुविस्मिता ।
ऋषय प्रत्यभाषन्त नैमिषयास्तपस्विन ॥२९२
भगवन्सर्वभूताना प्राण सर्वोत्तम प्रभो ।
के ते सिंहमहाभूना क्व ते जाता किमात्मका ॥२९३
सिंहा केनापराधेन भूताना प्रभविष्णुना ।
वैश्वानरमयं पाशं सबद्धास्तु पृथक्पृथक् ॥२९४
तेषा तद्वचन श्रुत्वा वायुर्वाक्य जगाद ह ।
यद्वै सहस्र सिंहानामीश्वरेण महात्मना ।
अपनीय स्वकाद्देहात्क्रोधास्ते सिंहविग्रहा ॥२९५

मन्दिर आदि के प्रकाश वाले—बल के द्वारा अप्रमित प्रोज से युक्त—हार, कुन्द पुष्प और चन्द्रमा के तुल्य वर्ण वाले—विद्युत् व घन निनाद से समन्वित—चूडामणि को धारण करने वाले—मेघ के समान वस्त्रों वाले—श्री वत्स से अङ्कित वक्षों से युक्त तथा अंगुली युक्त शूल हाथ में रखने वाले दिशाओं और देवों के रूप से उत्तमता युक्तों के मध्यमें उस देव के मुख्य प्रासाद के उत्तम शोभा वाले स्तम्भ है ॥२८८-२८९-२९०॥ उन स्तम्भों में सयत अग्निमयी शृङ्खलाओं से पृथक् २ आबद्ध माया से सहस्र सिंह हैं जोकि वहाँ पर सुख पूर्वक निवास करते हैं ॥२९१॥ भगवान् त्र्यम्बक के निवेशन में वे स्तम्भ में भी अपमृता पद्म है । इसके अनन्तर वायुदेव के इस वाक्य का भली भाँति समादर सत्कृति करके

सुविस्मित होते हुए ऋषियों ने जो कि नैमिषारण्य में रहा करते थे और तपश्चर्या करने वाले थे वायुदेव से कहा—॥२६२॥ हे भगवन् ! आप तो सम्पूर्ण प्राणियों के भी प्राण स्वरूप हैं—सर्वत्र गमन करने वाले हैं तथा प्रभु हैं। यह कृपा कर हमको बताइये कि वे सिंह महाभूत कौन हैं और वे कहाँ समुत्पन्न हुए हैं और उनका क्या स्वरूप है ? ॥२६३॥ वे सिंह किस अपराध से भूतों के प्रभविष्णु अर्थात् समुत्पन्न करने वाले समर्थ स्वामी ने अग्निमय पाशों से पृथक्-पृथक् उन्हें आबद्ध कर रक्खा था ? ॥२६४॥ उन तापस ऋषियों के इस वचन का श्रवण कर वायुदेव यह वाक्य कहा था। महान् आत्मा वाले ईश्वर ने अपने देह से व्यतीत ( अलग ) करके उन्हें जो रक्खा था वे क्रोध हैं और उनका विग्रह सिंह का है अर्थात् वे सिंह के शरीर को धारण करने वाले हैं ॥२६५॥

भूतानामभयं दत्त्वा पुरा बद्धाग्निबन्धने।
यज्ञभागनिमित्तं च ईश्वरस्याज्ञया तदा ॥२९६
तेषां विधानमुक्तेन सिंहेनैवेन लीलया।
देव्या मन्यु कृतं ज्ञात्वा हतो दक्षस्य क्रतु । ॥२९७
निसृष्टा च महादेव्या महाकाली महेश्वरी।
आत्मनः कर्म्मसाक्षिण्या भूतैः सार्द्धं तदानुगैः ॥२९८
स एष भगवान्क्रोधो रुद्रावासकृतालयः।
वीरभद्रोऽप्रमेयात्मा देव्या मन्युप्रमार्ज्जनः ॥२९९
तस्य वेश्म सुरेन्द्रस्य सर्वगुह्यतमस्य वै।
परिवेशस्तपोरम्यो मया व परिकीर्तितः ॥३००
अतः परं प्रवक्ष्यामि ये तत्र प्रतिवासिनः।
वर्षे सुरवरश्रेष्ठे तस्मिन्वैराग्यभूमिषु ॥३०१
नानारत्नविचित्रेषु घनाकाररूहेषु च।
सर्वकामसमृद्धेषु वनोपवनशोभिषु ॥३०२
राजतेषु महान्तेषु सानकोम्भमयेषु च।
गन्धर्वाप्सरसिद्धाढ्येषु वैनायकनिसमेषु च ॥३०३

समस्त भूतो को अभय प्रदान करके पहिले वे अग्नि बन्धन से वद्ध किये गये थे । उस समय ऐसा यज्ञ के भाग के मिति से ही ईश्वर की आज्ञा से किया गया था ॥२९६॥ उन्ही सिंहो मे से विधान से मुक्त एक सिंह ने जगदम्बा देवी के क्रोध को जान कर लीला ही से दक्ष प्रजापति का वह क्रतु ( यज्ञ ) हत (विध्वस्त) किया था ॥२९७॥ उस समय मे महादेवी से महेश्वरी महाकाली निकली थी जो आत्मा के कर्म की साक्षिणी देवी के अनुगामी भूतो के साथ वर्त्तमान हुई थी ॥२९८॥ वही यह भगवान् क्रोध है जो रुद्र के निवास स्थान म अपना आलय रखने वाला था । यह अप्रमेय आत्मा वाला वीरभद्र नामधारी था जोकि जगज्जननी देवो के क्रोध का प्रमार्जन करने वाला था ॥२९९॥ उस सबमे गुह्यतम सुरेन्द्र का वेश तथा उसका अनौपम्य सन्निवेश मैंने तुमको वतला दिया है ॥३००॥ अब इसके आगे वहाँ पर वैहायस भूमि मे जो परम रम्य श्रेष्ठ तमपुर मे प्रतिवासी हैं इसे मैं तुमको बतलाता हूँ ॥३०१॥ वहाँ के निवास निलय नाना प्रकार के थलो से विचित्र बने हुए हैं । उनमे बहुत-सी पताकायें लगी हुई हैं और समस्त कामनाओ की समृद्धियो से वे सम्पन्न हैं । या अनेक वन एव उपवनो की शोभा से सयुत है।३०२। उनमे कुछ राजत अर्थात् चाँदी से निर्मित हैं तथा बहुत से विशाल सुवर्ण मय हैं । वे सन्ध्याकाल के मेघो के सदृश हैं और कैलास के ही पूर्णतया तुल्य हैं ॥३०३॥

इष्टै शब्दादिभिर्भोगैर्य भवस्यानुसारिणः ।
प्रासादवर पुण्येषु तेषु मोदन्ति सुव्रता ॥३०४
ब्रह्मघोषैरविरता कथाश्च विविधा शुभा ।
गीतवादित्रघोषाश्च सस्तवाश्च समन्तत ॥३०५
सहृताश्र्च वमतुला नानाश्रयवृतास्तथा ।
एवमादीनि वर्त्तन्ते तेषा प्रासादमूर्द्ध नि ॥३०६
सहस्रपाद. प्रासादस्तपनोयमय शुभ. ।
अनौपम्यैर्वरै रत्नै. सर्वतः परिभूषितः ॥३०७
स्फटिकैश्चन्द्रसङ्काशैर्वैदूर्यमणिसम्प्रभै ।
वालसूर्यमयैश्चापि सौवर्णैश्चाग्निसम्प्रभै. ॥३०८

चुक्रुशुर्दृष्य श्रुत्वा नैमिषेयास्तपस्विन ।
आपन्नमनयाश्चेम वाक्यमूचु समीरणम् ॥३०६

शब्दादि दृष्ट भागो क द्वारा जो भगवान् भव के अनुसरण करने वाले हैं वे सुन्दर व्रत वाले उन प्रसादा मे परम श्रेष्ठो म आनन्द बिहार किया करते हैं ॥३०४॥ वहाँ पर अविरत रूप से ब्रह्मघोष अर्थात् वेदध्वनि हुआ करती है और निरन्तर विविध प्रकार की परम शुभ कथायें होती रहा करती है। सर्वदा गीत तथा वादित्रो के वहाँ पर घोष हुआ करते हैं और चारो ओर बहुत से सस्तवन सुनाई देते हैं ॥३०५॥ ये मब सहृत रहते है तथा अतुल होते हैं और नाना आश्रमो म किये जाया करते है। उन प्रासादो के ऊपर के भाग म इसी प्रकार के अनेक आनन्द प्रद प्रमोदोत्सव होते रहा करते है ॥३०६॥ यह प्रासाद सहस्र पाद है और सुवर्ण क सदृश परम शुभ एव सुन्दर है। अनुपम जो श्रेष्ठ तम रत्न हैं उनसे यह सभी ओर स परिभूषित है ॥३०७॥ इस प्रासाद म स्फटिक मणियाँ जटित हैं जोकि चन्द्रमा के तुल्य देदीप्यमान एव मनोरम हैं। वैदूर्य मणिया के समान प्रभा वाली मणियो से यह सुभूषित है। अग्नि के तुल्य प्रभा से परिपूर्ण सुवर्ण से तथा बालसूर्य की प्रभा म पूर्ण मणियो क द्वारा यह समलङ्कृत है ॥३०८॥ नैमिषारण्य निवासी तपश्चर्या करने वाले समस्त ऋषि गण इसका श्रवण करके बहुत ही हैरान हो गये थे। उनके हृदय म बडा भारी सशय समुत्पन्न होगया था। उन्होने उन वायुदेव स यह वचन कहा था ॥३०६॥

ये तु तत्र महात्मानो य भवस्यानुसारिण ।
अनुप्राप्ततमी सम्यक् प्रसादन्त पुरोत्तम ।
ऋषीणा वचन श्रुत्वा वायुर्वाक्यमथाब्रवीत् ॥३१०
श्रूयता देवदेवस्य भक्तियैरनुकल्पिता ।
ह्रीमन्त ऊर्जिता दान्ता शौचयुक्ता ह्यनातुरा ॥३११
सत्याहारगश्च मानाश्च ह्यात्मारामा जितेन्द्रिया ।
जितद्वन्द्वा मता सारा सौम्या विगतमत्सरा ॥३१२
सारम्या सर्वभूतानामव्यापारा ममावृता ।

कर्मणा मनसा वाचा विशुद्धेनान्तरात्मना ।
अनन्यमनसो भूत्वा प्रपन्ना ये महेश्वरम् ॥३१३
तैर्लब्धं रुद्रसालोक्यं शाश्वतं पदमव्ययम् ।
भवस्य रूपसादृश्यं नीताश्चैव ह्यनुत्तमम् ॥३१४

ऋषियों ने कहा—हे भगवन् ! कृपा करके हमें यह बताइये कि वहाँ पर वे कौन से महात्मा लोग थे जो भगवान् भव के अनुसरण करने वाले थे । जोकि परम अनुग्राह्य थे अर्थात् भव के अनुग्रह के पात्र हुए थे और अति श्रेष्ठ पुर में आनन्द-विनोद किया करते हैं । ऋषिगण के इस वचन का श्रवण करके वायुदेव ने यह वाक्य कहा था ॥३१०॥ वायुदेव ने कहा—हे ऋषिगण ! अब आप मुझसे सुनिये, देवों के देव की जिन्होंने भक्ति अनुवर्णित की थी । वे लज्जायुक्त थे-पूजित-दमनशील-शूरवीरता से समन्वित और अलोलुप थे ॥३११॥ ये लोग मध्य आहार करने वाले-मात्रात्मक-आत्मा में ही रमण करने वाले और इन्द्रियों को जीतने वाले थे । शीतोष्णादि द्वन्द्वों पर विजय प्राप्त करने वाले-महान् उत्साह में पूर्ण-परम सौम्य स्वरूप वाले तथा मात्सर्य से बिल्कुल रहित रहने वाले थे । ॥३१२॥ समस्त भूतों के भावनाओं में स्थित रहने वाले थे । ये व्यापार से शून्य तथा आकुलता से रहित थे । कर्म के द्वारा-मन से और वचन के द्वारा तथा वचन से विशुद्ध अन्तरात्मा के द्वारा अनन्य मन वाले होकर भगवान् महेश्वर की शरणागति में प्राप्त होने वाले थे ॥३१३॥ उन्होंने भगवान् रुद्र का सालोक्य प्राप्त किया है जोकि शाश्वत अनन्य पद है और वे सब सर्वोत्तम भगवान् भव के रूप की सदृशता को भी प्राप्त हुए हैं अर्थात् उन सब का स्वरूप शिव के ही सदृश होगया है ॥३१४॥

वैश्वानरमुखाः सर्वे विश्वरूपा कपर्दिन ।
नीलकण्ठाः सितग्रीवास्तीक्ष्णदंष्ट्रास्त्रिलोचनाः ॥३१५
अर्द्धचन्द्रकृतोष्णीषा जटामुकुटधारिणः ।
सर्वे दशभुजा वीरा पद्मान्तर सुगन्धिनः ॥३१६
ः ।
॥३१७

श्रियान्विता कुण्डलिनो मुक्ताहारविभूषिता ।
तेजसोऽभ्यधिका देवै सर्वज्ञा सर्वदर्शिन ॥३१८
विभज्य बहुधात्मान जरामृत्युविवर्जिता ।
क्रीडन्ते विविधैर्भावैर्भोगान् प्राप्य सुदुर्लभान् ॥३१९

सब के सब वे वैश्वानर के मुख वाले है और विश्वरूप–कपर्दी–नीलकण्ठ वाले–श्वेत ग्रीवा से युक्त–तीक्ष्ण दाढों वाले तथा तीन नेत्रों वाले हैं ॥३१५॥ सभीके मस्तक पर आधे चन्द्रमा से उष्णीष बना हुआ है और जटा तथा मस्तक पर मुकुट शिव के ही समान धारण करने वाले हैं। सभी के दस भुजायें हैं—सब महान् वीर हैं और पद्मान्त की सुगन्ध वाले हैं ॥३१६॥ ये सब भगवान् भव के सालोक्य को प्राप्त होने वाले भक्त तरुण सूर्य के समान तेज से युक्त हैं और सबने पीतवर्ण के वस्त्र धारण कर रक्खे हैं। उन सब के हाथों में भगवान् भव की ही भाँति पिनाक धनुष लगा हुआ है। सबके वाहन भी गोवृष होते हैं ॥३१७॥ सब श्री से समन्वित होते हैं और सभी के कानों में कुण्डल धारण कर रखे हैं। उन सब भक्तों ने मोतियों के हार धारण कर अपने आप को विभूषित बना रक्खा है। वे सब देवों से भी अधिक तेज वाले हैं। समस्त भक्त जो वहाँ निवास करते हैं सर्वज्ञ तथा सर्वदर्शी होते हैं। अर्थात् सभी कुछ भूत–भविष्य वर्तमान के जानने वाले और सब कुछ को प्रत्यक्ष की भाँति देखने वाले हैं ॥३१८॥ वे सब अपनी आत्मा को अनेक प्रकार से विभक्त करके संस्थित रहा करते हैं और वृद्धता तथा मृत्यु से रहित होते हैं। वे विविध प्रकार के भावों के द्वारा क्रीडा किया करते हैं और परम सुदुर्लभ भोगों को प्राप्त करके आनन्दास्वादन करते हैं ॥३१९॥

स्वच्छन्दगतय सिद्धा सिद्धैश्चान्यैर्विबोधिता ।
एतावन्तो रुद्राणां कोटयोऽनेक महात्मनाम् ॥३२०
एभि सह महात्मा हि देवदेवो महेश्वर ।
भक्तानुकम्पी भगवान्मोदते पार्वतीप्रिय ॥३२१
नाहन्नेषान्तु रुद्राणां सख्यं च महात्मन ।
नानाहमनुपश्यामि सत्यमेतद्ब्रवीमि च ॥३२२

मातरिश्वाऽब्रवीत्पुण्यामित्येतामीश्वरोऽप्युत ।
अथ ते ऋषय सर्वे दिवाकरसमप्रभाः ।
श्रु त्वेमां परमा पुण्या कथा त्र्यम्बकी ततः ॥३२३

भृशश्चानुग्रहं प्राप्य हर्ष चैवाप्यनुत्तमम् ।
सम्भावयित्वा चाप्येना वायुमूचुर्महाबलम् ॥३२४

समीरण महाभाग ह्यस्माक च त्वया विभो ।
ईश्वरस्योत्तमं पुण्यमष्टमन्त्वौपसर्गिकम् ॥३२५

तस्य स्थान प्रमाणञ्च यथावत्परिकीर्त्तितम् ।
यो गन्धेन समृद्ध वै परम परमात्मन ॥३२६

महादेवस्य माहात्म्य दुर्विज्ञेय सुरैरपि ।
स्वेन माहात्म्ययोगेन सहस्रस्यामितौजस ॥३२७

स्वच्छन्द गति वाले सिद्ध और अन्य सिद्धा के द्वारा विशेष रूप से बोधित किये हुए है । अनेक महात्माओ एकादश रुद्रो की कोटियाँ हैं ॥३२०॥ इनके साथ महात्मा देवो के देव महेश्वर जो भक्तो पर दया करने वाले पार्वती के प्यारे भगवान् प्रसन्न होते है । ६११॥ मैं तो उन रुद्रो को महात्मा मन का नानात्व देखता हूँ यह मैं आपसे बिल्कुल सत्य कहता हूँ ॥३२२॥ मातरिश्वा अर्थात् वायुदव ने इस पुण्य कथा को कहा था और ईश्वर ने कहा था । इसके अनन्तर दिवाकर के समान प्रभा वाले वे ऋषिगण सब इस परम पुण्य कथा को जो कि त्र्यम्बिकी है, सुनकर और बहुत ही अनुग्रह प्राप्त करके तथा अनुपम हर्ष प्राप्त करके और इसका बहुत आदर करके महान् बलवान् वायु से बोले ॥३२३-३२४॥ ऋषियो ने कहा—हे समीरण ! हे महाभाग ! हे विभो ! आपने हमको ईश्वर का उत्तम अष्टम औपसर्गिक उसके स्थान को और प्रमाण को यथावत् बतलाया है । जो परमात्मा के गन्ध से परम समृद्ध है ॥३२५-३२६॥ महादेव का माहात्म्य देवो के द्वारा भी दुर्विज्ञेय है अर्थात् अमित ओज वाले सहस्र का अपने माहात्म्य के योग से सुरो के द्वारा भी कठिनता से जानने के योग्य हैं ॥३२७॥

यस्य भक्तेष्वसम्मोहो ह्यनुकम्पार्थमेव च ।
ब्राह्मलक्ष्म्या स्वयं जुष्टा या साप्रतिमशालिनी ॥३२८
ज्योत्स्नया व्याप्य खं चन्द्रे विन्यस्ता विश्वरूपधृक् ।
विभूतिर्भ्राजतेऽत्यर्थं देवदेवस्य वेश्मनि ॥३२९
महादेवस्य तुल्यानां रुद्राणान्तु महात्मनाम् ।
तत्सर्वं निखिलेनेदं वक्त्रादमृतनिस्रवम् ॥३३०
अपीत्वा खलु सर्वस्य भक्त्यास्माभिस्तु सुव्रताः ।
नास्ति किञ्चिदविज्ञेयमस्यस्चैवानुगामिनः ।
प्रश्नं देववर प्राण यथावद्वक्तुमर्हसि ॥३३१
स एवमुवाच भगवान्किं भूयो वर्त्तयाम्यहम् ।
किं मया चैव वक्तव्यं तद्वदिष्यामि सुव्रताः ॥३३२
आदित्या पारिपार्श्वा या सिंहा वै क्रोधविभ्रमा ।
वैश्वानरा भूतगणा व्याघ्राश्चैवानुगामिनः ॥३३३
आभूतसम्प्लवे घोरे सर्वप्राण भृता क्षये ।
विभवस्या भवन्त्येते तन्नो ब्रूहि यथार्थवत् ॥३३४

अनुकम्पा के लिए ही जिसका भक्तों में असमोह का अभाव होता है। जो ब्राह्मलक्ष्मी के द्वारा स्वयं सेवित है वह अप्रतिमशालिनी होती है ॥३२८॥ ज्योत्स्ना से आकाश को व्याप्त करके चन्द्र में विन्यस्त विश्व के रूप को धारण करने वाली विभूति देवों के देव के घर में बहुत ही अधिक भ्राजमान है ॥३२९॥ महात्मा रुद्रों के तुल्य महादेव का यह सब निखिल के द्वारा वक्त्र से अमृत का निस्रव है ॥३३०॥ हम भक्ति से सब का पान न करके सुन्दर व्रत वाले हैं। अनुगमन करने वाले को अन्य कुछ भी न जानने के योग्य नहीं है। हे देववर ! हे प्राण ! इस प्रश्न का यथावत् आप बोलने के योग्य हैं ॥३३१॥ श्री सूतजी ने कहा—यह भगवान् बोले कि अब आगे फिर मैं क्या व्यवहार करूँ? और मुझे क्या कहना चाहिए। हे सुव्रत वालो यह कहूँगा ॥३३२॥ ऋषियों ने कहा—आदित्य-पारिपार्श्वक-सिंह जो क्रोध विभ्रम हैं वैश्वानर-भूतगण और अनुगामी व्याघ्र और आभूत सम्प्लव में समस्त प्राणधारियों के

क्षय हो जाने पर ये सृष्ट किन अवस्था वाले होते हैं इसे आप यथार्थवत् हमको बोले ॥३३३-३३४॥

एते ये वै त्वया प्रोक्ता· सिहव्याघ्रगणैः सह ।
ये चान्ये सिद्धिसम्प्राप्ता मातरिश्वा जगाद ह ॥३३५
इदञ्च परम तत्त्वं समाख्यास्यामि शृण्वताम् ।
विज्ञातेश्वरसद्भावमव्यक्तं प्रभव तथा ॥३३६
तत्र पूर्वगतास्तेषु कुमारा ब्रह्मण· सुताः ।
सनकश्च सनन्दश्च तृतीयश्च सनातनः ॥३३७
वोढुश्च कपिलस्तेषामासुरिश्च महायशा· ।
मुनि. पञ्चशिखश्चैव ये चान्येऽप्येवमादय ॥३३८
तत. काले व्यतिक्रान्ते कल्पाना पर्यये गते ।
महाभूतविनाशान्ते प्रलये प्रत्युपस्थिते ॥३३९
अनेकरुद्रकोट्यस्तु या प्रमघ्ना महेश्वरी ।
शब्दादीन्विपयान्भोगान्सत्यस्याष्टविधस्त्याद् (?) ॥३४०
प्रविश्य सर्वभूतानि ज्ञानयुक्तेन तेजसा ।
वैहायपदमध्यग्र भूतानामनुकम्पया ॥३४१
तत्र यान्ति महात्मान परमाणु महेश्वरम् ।
तरन्ति सुमहावर्त्ता जन्ममृत्यूदका नदीम् ॥३४२
तत पश्यन्ति सर्वाणि पर ब्रह्माणमेव च ।
देव्या वै सहिता. सम या देव्यः परिकीर्त्तिता· ॥३४३
यत्तत्सहस्र सिहानामादित्याना तथैव च ।
वैश्वानरभूतभव्यव्याघ्राश्चैवानुगामिन ॥३४४

ये सब आपने सिह व्याघ्र गणो के साथ बताये हैं और जो अन्य सिद्धि को सम्प्राप्त होने वाले हैं वायुदेव ने जिनको कहा था । इस परम तत्त्व को कहूँगा, आप सुनिये । विज्ञात ईश्वर सद्भाव और अव्यक्त प्रभाव को भी कहूँगा ॥३३५-३३६॥ वहा पर उनमे ब्रह्मा के पुत्र कुमार पूर्वगत हैं जो सनक-सनन्द और तृतीय सनातन हैं ॥३३७॥ उनमे वोढु—कपिल और महान् यश

वाला मार्गादि और पञ्चशिख मुनि और जो अन्य इसी प्रकार के हैं ॥३३८॥ इसके पश्चात् काल के अनिर्देश्य होने पर तथा कल्पों के पर्यय से गत होने पर महाभूतों के विनाश हो जाने पर तथा प्रलय के प्रत्युपस्थित होने पर अनेक रुद्रों की शान्तियों और प्रसन्न महत्वशाली ऐश्वर्यादि विषयों को तथा भोगों को त्याग के धर्मविधयज्ञ से ज्ञान से युक्त तेज के द्वारा समस्त भूतों में प्रवेश करके प्राणियों पर अनुकम्पा करने से अव्यय वैहायस पद को प्राप्त होते हैं ॥३३९-३४०॥ वश पर महान् आत्मा वाले परमाणु महेश्वर में लीन जाते हैं और महान् आवर्तों वाली तथा जन्म और मौत के जल वाली नदी को पार किया करते हैं ॥३४१॥ इसके अनन्तर वहाँ महादेव को तथा परब्रह्म का दर्शन किया करते हैं। देवों के साथ सात को देखते हैं जो देवियाँ कीर्तित की गई हैं। जो वहाँ रहते तथा प्राणियों का सञ्चार है तथा अनुगमन करने वाले वैश्वानर भूत भव्य व्याघ्र हैं उनको भी देखते हैं ॥३४२-३४३-३४४॥

## प्रकरण ६४—प्रलयादि पुनः सृष्टि वर्णन

प्रत्याहारं प्रवक्ष्यामि परस्यान्ते स्वयम्भुवः ।
प्रागुक्ते स्थितिकाले तु क्षीणे तस्मिंस्तदा प्रभो ॥१
यथेदं कृत्स्नमध्यात्मं सूक्ष्मं विश्वमहेश्वरः ।
अव्यक्तं ग्रसते व्यक्तं प्रत्याहारे च कृत्स्नशः ॥२
परं तद्गुणपानामपूर्णं कल्पसम्भवम् ।
शान्तिं च महापारं ह्यप्रलये तु कस्यचित् ॥३
यदा द्वन्द्वस्य सम्प्राप्ते पश्चिमस्य महात्मनः ।
धर्ने व निपुणं तस्मिन्शीला महार उच्यते ॥४
सम्प्राप्ते तदा तत्र प्रत्याहारे ह्युपस्थिते ।
प्रत्याहारे तदा तस्मिन् भूतानामादिसम्भवे ॥५

महदादेर्विकारस्य विशेषान्तस्य सक्षये ।
स्वभावकारिते तस्मिन्प्रवृत्ते प्रतिसञ्चरे ॥६
आपो ग्रसन्ति वै पूर्व्वं भूमेर्गन्धात्मक गुणम् ।
आत्तगन्धा ततो भूमि. प्रलयत्वाय कल्पते ।
प्रविष्टे गन्धतन्मात्रे तोयावस्था धरा भवेत् ॥७
आपस्तदा प्रनष्टा वै वेगवत्यो महास्वना ।
सर्वमापूरयित्वेद तिष्ठन्ति विचरन्ति च ॥८

श्री सूतजी ने कहा—अब मैं पर स्वयम्भू के अन्त मे जो प्रत्याहार होता है उसको बतलाऊँगा । उस स्थिति काल के क्षीण हो जाने पर जो उस समय मे प्रभु ब्रह्मा का हुआ करता है ॥१॥ जिस प्रकार से ईश्वर इस अध्यात्म–सुसूक्ष्म विश्व को रचा करता है वही प्रभु प्रत्याहार के समय में यह व्यक्त पूर्ण रूप से अव्यक्तो को ग्रस लिया करता है ॥२॥ किन्तु उसके अनुकल्पो का अपूर्ण सक्षय होने पर किसी के अप्रत्यक्ष महाघोर के उपस्थित होने पर अन्त मे उस समय मनु के पश्चिम द्रुम के सम्प्राप्त होने पर अन्त मे उस कलियुग के क्षीण हो जाने से समय मे सहार कहा गया है ॥३-४॥ उस समय में सम्प्रक्षाल न होने पर प्रत्याहार के उपस्थित हो जाने पर उस समय मे उस भूततन्मात्राओ के सक्षय वाले प्रत्याहार में महद् आदि विकार के विशेषान्त के सक्षय होने पर और स्वभाव कारित उस प्रतिसञ्चार के प्रवृत्त होने पर सर्व प्रथम जल भूमि के गन्ध स्वरूप वाले गुण को ग्रसता हैं। फिर वह आत्त गन्धवाली भूमि प्रलय होने के लिए कल्पित होती है । गन्ध तन्मात्रा के प्रविष्ट हो जाने पर यह भूमि जल की अवस्था मे हो जाया करती है। ॥५-६-७॥ उस समय मे प्रनष्ट जल वेग वाला और महान् शब्द वाला इस सबको आपूरित कर स्थित रहता है और विचरण किया करता है ॥८॥

अपामस्ति गुणोयस्तु ज्योतिषि लीयते रस ।
नश्यन्त्यापस्तदान्ते च रसतन्मात्रसङ्क्षयात् ॥६
तेजसा सहृतरसा ज्योतिष्ट्व प्राप्नुवन्त्युत ।
अन्ते च सलिले तेज सर्व्वतोमुखमीक्ष्यते ॥१०

अथाग्निः सर्वतो व्याप्त आदत्ते तज्जलन्तदा ।
सर्वमापूर्य्यतेऽर्चिभिस्तदा जगदिदं शनैः ॥११
अर्चिभिः सन्तते तस्मिंस्तिर्यगूर्ध्वमधस्ततः ।
ज्योतिषोऽपि गुणं रूपं वायुरत्ति प्रकाशकम् ।
प्रलीयते तदा तस्मिन्दीपार्चिरिव मारुते ॥१२
प्रनष्टे रूपतन्मात्रे हृतरूपो विभावसुः ।
उपशाम्यति तेजो हि वायुना धूयते महत् ॥१३
निरालोके तदा लोके वायुभूते च तेजसि ।
ततस्तु मूलमासाद्य वायुः सम्भवमात्मनः ॥१४
ऊर्ध्वं चाधश्च तिर्यक्च दोधवीति दिशो दश ।
वायोरपि गुणं स्पर्शमाकाशं ग्रसते च तत् ॥१५
प्रशाम्यति तदा वायुः खन्तु तिष्ठत्यनावृतम् ।
अरूपरसमस्पर्शमगन्धं न च मूर्तिमत् ॥१६

जल के अन्दर जो गुण होता है वह रस तेज में लीन होजाया करता है। तब अन्त में रस तन्मात्रा के नष्ट होने से जल नष्ट हो जाया करते हैं ॥६॥ तेज के द्वारा गृहीत वारि जल तेज के स्वरूप को ही प्राप्त कर लिया करता है। सलिल के नष्ट हो जाने पर सभी ओर तेज ही दिखाई दिया करता है ॥१०॥ इसके पश्चात् सभी ओर व्याप्त तेज स्वरूप अग्नि उस जल को उस समय ग्रहण कर लेता है। धीरे धीरे यह समस्त जगत् सब अर्चियों से पूरित हो जाता है ॥११॥ सब ऊपर-नीचे और इधर-उधर अर्चियाँ फैल जाने पर ज्योति का जो प्रकाश रूपी गुण है उसे वायु खा जाता है और वह तब प्रलीन हो जाता है जैसे वायु के झोंके से दिये की लौ नष्ट हो जाया करती है ॥१२॥ रूप तन्मात्रा के प्रनष्ट हो जाने के बाद विभावसु नष्ट रूप वाला हो जाया करता है। तेज वायु के द्वारा उपशान्त होता है तथा वायु भी धूत करती है ॥१३॥ तेज के वायु स्वरूप हो जाने पर यह समस्त लोक प्रकाशहीन निरालोक हो जाया करता है। इसके पश्चात् यह वायु भी अपने उत्पत्ति स्थान का आश्रय लेकर ऊपर नीचे और तिरछा दश दिशाओं

को कम्पित किया करता है। उस वायु का जो स्पर्श गुण है उसे आकाश ग्रस लिया करता है ॥१४-१५॥ तब यह प्रशमित हो जाता है और अनावृत आकाश में रहा करता है। रूप-रस स्पर्श और गन्ध तथा मूर्ति से रहित होता है ॥१६॥

सर्वमापूरयच्चादै सुमहत्तत्प्रकाशते ।
परिमण्डलन्तत्सुषिरमाकाशं शब्दलक्षणम् ॥१७
शब्दमात्र तदाकाश सर्वमावृत्य तिष्ठति ।
तन्तु शब्दगुणन्तस्य भूतादि ग्रसते पुनः ॥१८
भूतेन्द्रियेषु युगपद् भूतादौ संस्थितेषु वै ।
अभिमानात्मको ह्येष भूतादिस्तामस स्मृत ॥१९
भूतादि ग्रसते चापि महान्वै बुद्धिलक्षण ।
महानात्मा तु विज्ञेय सकल्पो व्यवसायक ॥२०
बुद्धिर्मनश्च लिङ्गश्च महानक्षर एव च ।
पर्यायवाचकं शब्दैस्तमाहुस्तत्त्वचिन्तका ॥२१
सम्प्रलीनेष भूतेषु गुणसाम्ये तमोमये ।
स्वात्मन्येव स्थिते चव कारणे लोककारणे ॥२२
विनिवृत्ते तदा सर्गे प्रकृत्यावस्थितेन वै ।
तदाद्यन्तपरोक्षत्वाददृष्टत्वाच्च कस्यचित् ॥२३
अनाख्यानादवोधत्वादज्ञानाज्ज्ञानिनामपि ।
आगतागतिकत्वाच्च ग्रहण तत्र विद्यते ॥२४
भावग्राह्यानुमानाच्च चिन्तयित्वेदमुच्यते ।
स्थिते तु कारणे तस्मिन्नित्ये सदसदात्मिके ॥२५
अनिर्द्देश्या प्रकृतिर्वै स्वात्मिका कारणे न तु ।
एव सप्तादयोऽप्यस्तात्क्रमात्प्रकृतयस्तु वै ॥२६

सबको नादों के द्वारा आपूरित कर वह सुमहत् प्रकाशित होता है। परिमण्डल सुषिर आकाश का शब्द गुण ही लक्षण अर्थात् स्वरूप होता है ॥१७॥ उस समय शब्द मात्र वह आकाश सबको आवृत करके स्थित रहा करता है।

उनके उत्पन्न गुण को भूतादि ग्रस लेते हैं ॥१८॥ भूतेन्द्रियों के एक साथ भूतादि में संस्थित होने पर अभिमानात्मक यह भूतादि तामस कहा गया है ॥१९॥ और बुद्धि लक्षण वाला महान् भूतादि को भी ग्रस लेता है। महान् स्वरूप वाला व्यवसायात्मक स्वरूप जानना चाहिए ॥२०॥ तत्त्व के चिन्तक लोग बुद्धि-मन-लिङ्ग-महान् और अक्षर इन पर्याय वाचक शब्दों से उसको कहते हैं ॥२१॥ समागम गुणों के साम्य में भूतों के सम्प्रलीन होने पर और लोकों के कारण की अपनी आत्मा में ही स्थित होने पर उस समय में मन के विषय रूप से निवृत्त हो जाने पर प्रकृति के अवस्थित होने से किसी के प्रत्यक्ष परोक्ष होने के कारण से—और अदृष्ट होने से—अनाख्यान होने से—अबोध होने से तथा अविद्या या भी अभाव से एवं अप्रतिष्ठित होने से वह ग्रहण नहीं होता है ॥२२ २३ २४॥ और भाव ग्राह्य अनुमान से वह सागर कहा जाता है। उस विशेष गद्य और अन्य स्वरूप धारण कारण के स्थित होने पर कारण में निश्चय हो स्वभाव से प्रकृति अनिर्देश्य होती है। इस प्रकार से अव्यक्त क्रम से समादि प्रहनिया होता है ॥२५ २६॥

प्रत्याहारे तदा सर्वे प्रविशन्ति परस्परम् ।
येनेदमावृतं सर्वमण्डमप्सु प्रलीयते ॥२७
सप्तद्वीपसमुद्रान्तं सप्तलोकं सपर्वतम् ।
उदकावरणं यत्तु ज्योतिषा पीयते तु तत् ॥२८
यत्तेजस्तावरणमाकाशे ग्रसते तु तत् ।
यद्वायव्यं चावरणमाकाशे ग्रसते तु तत् ॥२९
आकाशावरणं यत्तु भूतादिर्ग्रसते तु तत् ।
भूतादिं ग्रसते चापि महान्वै बुद्धिलक्षणः ॥३०
महान्तं ग्रसतेऽव्यक्तं गुणसाम्यं ततः परम् ।
ततो गुणविभागो प्रत्याहारो तदा बुधः ॥३१
सृजते ग्रसते चैव विकारान्गुणसंख्यया ।
स...कारणत्वात् कथिता आदिरन्तु वै ॥३२

गत्वा जवङ्गवीभावे स्थानेष्वेपु प्रमयमान् ।
प्रत्याहारे वियुज्यन्ते क्षेत्रज्ञा. करणैः पुन ॥३३
साधर्म्यवैधर्म्यकृतसयोगोऽनादिमांसस्तयोः ॥३४
एव सर्गेपु विज्ञेय क्षेत्रज्ञेष्विह् ब्राह्मणाः ।
ब्रह्मविच्चैव विज्ञेय. क्षेत्रज्ञानात्पृथक्पृथक् ॥३५

उस समय में सर्ग के प्रत्याहार में परस्पर में प्रवेश किया करते हैं जिसमें यह प्रावृत समस्त मण्डल प्रलीन होना है ॥२७॥ सन द्वीप समुद्रों के अन्त तक पर्वतों के सहित सप्त लोक और जो भी कुछ ज्योतियों का आवरण है वह सब लीन हो जाता है ॥२८॥ जो तैजस आवरण है उसे आकाश ग्रसित कर लेता है। जो वायव्य आवरण है उसे आकाश ग्रस लेना है ॥२९॥ और जो आकाश का आवरण है उसे भूतादि ग्रस लेता है। बुद्धि के स्वरूप वाला महान् भूतादि को ग्रस लेता है ॥३०॥ इसके पश्चात् गुणों की समता स्वरूप अव्यक्त महान् को ग्रस लेना है। ये ब्रह्मा और अव्यक्त के सहार तथा विस्तार इनके पीछे होते हैं ॥३१॥ सर्ग के सयम में विकारों को सृजन करता है तथा ग्रसता है। सहार कार्य के करण ससिद्ध जो ज्ञानी होते है जगत् में जवी भाव में जाकर इन स्थानों में प्रसयमों को क्षेत्रज्ञ फिर करणों से प्रत्याहार में वियुक्त हो जाते हैं ॥३२-३३॥ जो अव्यक्त है वह क्षेत्र कहा जाता है और जो ब्रह्म है उसे क्षेत्रज्ञ कहते हैं। इन दोनों का अर्थात् अव्यक्त और ब्रह्म का साधर्म्य तथा वैधर्म्य कृत अनादिमान् सयोग होता है ॥३४॥ इस प्रकार से क्षेत्रज्ञ सर्गों में जानना चाहिए। और वहाँ ब्राह्मण क्षेत्र ज्ञान में पृथक् पृथक् ब्रह्मवित् ही जानना चाहिए ॥३५॥

विपयाविपयत्वञ्च क्षेत्रक्षेत्रज्ञयोः स्मृतम् ।
ब्रह्मा तु विपयो ज्ञेयोऽविपयः क्षेत्रमुच्यते ॥३६
क्षेत्रज्ञाधिष्ठित क्षेत्रं क्षेत्रज्ञार्थं प्रचक्षते ।
बहुत्वाच्च शरीराणां शरीरी बहुधा स्मृत. ॥३७
अव्यूहा शङ्कराच्चैव ज्योतिर्वच्च व्यवस्थित. ।

यस्मात्प्रतिशरीरं हि सुखदुःखोपलब्धिता ।
तस्मात्पुरुषनानात्वं विज्ञेयं तु विजानता ॥३८
यदा प्रवर्तते चैषां भेदानां चैव संयमः ।
स्वभावकारिताः सर्वे यान्ति महता तदा ॥३९
निवर्तते तदा तस्य स्थितिरागः स्वयम्भुवः ।
सहसा योऽजन्मा सर्वे ब्रह्मलोकनिवासिभिः ॥४०
विनिवृत्ते तदा रागे स्थितावात्मनिवासिनाम् ।
तत्रालयवासिनां तेषां तदा तद्दोषदर्शिनाम् ॥४१
उत्पद्यतेऽथ वैराग्यमात्मवादप्रणाशनम् ।
भाव्यभावनृत्वनानात्वे तेषां तद्गुणदर्शिनाम् ॥४२
पृथग्ज्ञानेन क्षेत्रज्ञास्ततस्ते ब्रह्मलोकिनः ।
प्रकृतौ करणा नीताः सर्वे नानाप्रदर्शिनः ॥४३
स्वात्मन्यवस्थितिर्जन्तु प्रज्ञानात्मा दर्शनात्मकः ।
शुद्धा निरञ्जना सर्वे चेतनाचेतनास्तथा ॥४४
तत्रैव परिनिर्वाणाः स्मृता नागामिनस्तु ते ।
निर्गुणत्वान्निरात्मानः प्रकुर्वन्ते व्यतिक्रमात् ॥४५

क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ इन दोनों का विषयाविषयत्व कहा गया है। क्षेत्रज्ञ विषय का ज्ञाता चाहिए और क्षेत्र अविषय कहा जाता है ॥३६॥ क्षेत्र में अधिष्ठित होकर क्षेत्रज्ञ के बिना ही होता है। शरीरों के बहुत अधिक होने के कारण से यह शरीरी भी बहुत प्रकार का कहा जाता है ॥३७॥ और क्षेत्रज्ञ में ही उपाधिविशेष अवस्थित होता है। इसी प्रकार शरीर सुख और दुःख का उपलम्भ करने वाला होता है। इन कारणों से विज्ञान रखने वाले को पुरुषों का नानात्व जानना चाहिए ॥३८॥ जिस समय में इन भेदों के संयम प्रवृत्त होते हैं उस समय में महान् ज्ञान से सब स्वभावकारी होते हैं ॥३९॥ तब उन स्वयम्भू की स्थिति राग निवृत्त हो जाती है और समस्त ब्रह्मलोक के निवासियों के साथ सहज ही निवृत्ति होती है ॥४०॥ उस काल में आत्म निवास करने वाले स्थित हैं और उनके दोषों का दर्शन करने वाले उनका उ

समय मे स्थिति मे राग के विनिवृत्त हो जाने पर आत्मवाद का प्रकाश करने वाला भोक्ता और भोज्य के अनेक प्रकार होने मे तद्भव को देखने वाले उनका वैराग्य उत्पन्न हो जाता है ॥४१-४२॥ पृथक् ज्ञान से इसके पश्चात् नाना प्रदर्शी वे समस्त ब्रह्म लौकिक प्रकृति मे करण नीत हुए ॥४३॥ परम प्रशान्त शुद्ध दर्शनात्मक–निरञ्जन तथा चेतन और अचेतन स्वरूप वाले अपनी आत्मा मे ही अवस्थित होते हैं ॥४४॥ वहाँ पर ही परिनिर्वाण निर्गुण होने से निरात्मा और प्रकृति के अन्त मे व्यक्ति क्रम से वे आगामी नही कहे गये हैं ॥४५॥

इत्येव प्राकृत प्रोक्त प्रतिसर्ग स्वयम्भुव ।
भिद्यन्ते सर्वभूताना करणानि प्रसयमे ॥४६
इत्येष सयमश्चैव तत्त्वाना करणै सह ।
तत्त्वप्रसयमो ह्येष स्मृतो ह्यवर्त्त को द्विजा ॥४७
धर्माधर्मौ तपो ज्ञान शुभे सत्यानृते तथा ।
ऊर्द्ध्व भावो ह्यधोभावो सुखदु खे प्रियाप्रिये ॥४८
सर्वमेतत्प्रयातस्य गुणमात्रात्मक स्मृतम् ।
निरिन्द्रियाणा च तदा ज्ञानिना यच्छुभाशुभम् ॥४९
प्रकृत्या चैव तत्सर्व पुण्य पाप प्रतिष्ठति ।
योन्यवस्था स्वभावे च देहिना तु निषिच्यते ॥५०
जन्तूना पापपुण्यन्तु प्रकृतौ यत्प्रतिष्ठितम् ।
अव्यक्तस्थानि तान्येव पुण्यपापानि जन्तव ।
मे जयन्ति पुनर्देहे देहान्यत्वे तथैव च ॥५१
धर्माधर्मौ तु जन्तूना गुणमात्रात्मकावुभौ ।
करणै स्वै प्रचीयेते कार्यत्वेनेह जन्तुभि ॥५२
सुचेतना: प्रचीयन्ते क्षेत्रज्ञाधिष्ठिता गुणा: ।
सर्ग च प्रतिसर्ग च ससारे चैव जन्तव: ।
सयुज्यन्ते वियुज्यन्ते करणै: सञ्चरन्ति च ॥५३

राजसा तामसी चैव सात्विकी चैव वृत्तय ।
गुणमात्रा प्रवत्तन्त पुरुषाधिष्ठितास्त्रिधा ॥५४
ऊर्द्ध्व देवात्मक सत्त्वमधोभागात्मक तम ।
तयो प्रवर्त्तक मध्य इहैवावर्त्तक रज ॥५५

इस प्रकार से यह स्वयम्भू का प्राकृत प्रतिसर्ग कह दिया गया है। समस्त प्राणियों के प्रगतम में करण विद्यमान होते हैं ॥४६॥ हे द्विजश्रेष्ठ! यह ही तत्वों का करणों के साथ संयम है। और मायत्तर तत्व प्रसंयम यही कहा गया है ॥४७॥ श्री सूतजी ने कहा—धर्म अधर्म तप-ज्ञान तथा शुभ सत्य और अनृत ऊर्द्ध्व भाव और अधोभाव-सुख तथा दुःख-प्रिय और अप्रिय ये सब प्रमाण किये हुए का गुणमात्रात्मक कहा गया है। और उस समय में बिना इन्द्रियों वाले प्राणियों का जो भी कुछ शुभ तथा अशुभ है यह भी गुण मात्रात्मक होता है ॥४८-४९॥ यह सब प्रकृति में पुण्य और पाप प्रतिष्ठित होता है। और शरीरधारियों के स्वभाव में यथावस्था निविष्ट होती है ॥५०॥ जन्तुओं का पुण्य और पाप जो प्रकृति में प्रतिष्ठित है। जन्तुगण जो उनके मध्य में स्थित पुण्य और पापों को भोगते हैं जाति पूर्व में तथा देहान्तर में होते हैं ॥५१॥ जन्तुओं के धर्म और अधर्म दोनों गुणमात्रात्मक होते हैं। यहाँ पर करणों के द्वारा जन्तुओं से साथ के होने से बद्ध जाना करते हैं ॥५२॥ गुणत्रय अवस्था में स्थित गुण प्रधान हो जाया करते हैं। सर्ग में और प्रतिसर्ग में संसार में जन्तुगण सगुण और निर्गुण होते हैं और करणों के साथ सञ्चरण किया करते हैं ॥५३॥ राजसी-तामसी और सात्त्विकी वृत्तियाँ पुरुषों में अधिष्ठित गुणमात्रा तीन प्रकार से प्रवृत्त होती हैं ॥५४॥ ऊर्द्ध्व में देवात्मक सत्व है और अधोभाग में तम है। उन दोनों के मध्य में प्रवर्त्तक यहीं पर ही आवर्त्तक रजोगुण होता है ॥५५॥

इत्येत परिवर्तन्ते त्रय नानागुणात्मका ।
नानात्वु सर्वभूतानां तत्र कार्यं विजानता ॥५६
अविद्याप्रत्ययारम्भा आरम्भा हि मानवे ।
एतान्तु सर्वभिन्नेन शुभा पापात्मका स्मृता ॥५७

तम साभिभवाज्जन्तुर्याथातथ्य न विन्दति ।
अतत्तद्दर्शनात्सोऽय त्रिविध वध्यते तत ॥५८
प्राकृतेन वन्धेन तथा वैकारिकेन च ।
दक्षिणाभि स्तृतीयेन वद्धोऽत्यन्त विवर्त्तते ॥५९
इत्येते वै त्रय· प्रोक्ता वन्धा ह्यज्ञानहेतुका· ।
अनित्ये नित्यसज्ञा च दु·खे च सुखदर्शनम् ॥६०
अस्वे स्वमिति च ज्ञानमशुचौ शुचिनिश्चयः ।
येपामेते मनोदोपा ज्ञानदोपा विपर्य्ययात् ॥६१
रागद्वेपनिवृत्तिश्च तज्ज्ञान समुदाहृतम् ।
अज्ञान तमसो मूल कर्म्मद्वयफल रज ।
कर्म्मजस्तु पुनर्देहो महादु ख प्रवर्त्तते ॥६२
श्रोत्रजा नेत्रजा चैव त्वग्जिह्वाघ्राणतस्तथा ।
पुनर्भवकरी दु खा कर्म्मणा जायते तु सा ॥६३

इस प्रकार से ये तीन स्रोत गुणात्मक लोको मे समस्त प्राणियो के परिवर्तित होते है । इसको विशेष रूप से जानने वाले को नहीं करना चाहिए ॥५६॥ मानवो के द्वारा अविद्या प्रत्यय आरम्भ आरब्ध किये जाया करते हैं । ये तीन गतियाँ शुभ और पापात्मिका कही गई हैं ॥५७॥ तमोगुण से अभिभव होने से जन्तु याथातथ्य को प्राप्त नहीं होता है । इसके पश्चात् वह तत्तत् दर्शन के न होने से तीन प्रकार का बद्ध होता है ॥५८॥ प्राकृत बन्ध से तथा वैकारिक बन्ध से और तीसरे दक्षिणाभि से बद्ध हुआ अत्यन्त विवर्त्तित होता है ॥५९॥ ये तीनो बन्ध अज्ञान के हेतु वाले कह गये हैं । अनित्य मे नित्य होने की सज्ञा और दु ख मे सुख का देखना यह मनोदोप है ॥६०॥ जो अपना नहीं है उस अस्व मे अपना है ऐसा ज्ञान रखना तथा अशुचि मे शुचि अर्थात् पवित्र होने का निश्चय कर लेना जिनके ये मनोदोप और विपर्यय से ज्ञान दोप होते हैं ॥६१॥ राग तथा द्वेप की निवृत्ति वह ज्ञान कहा गया है । अज्ञान तम का मूल होता है । कर्म द्वय का फल रज होता है । फिर कर्म से उत्पन्न होने वाला देह होता है और महा दु ख प्रवृत्त होता है ॥६२॥ श्रोत्र से जन्म लेने वाली—नेत्रो से

उत्पन्न होने वाली तथा त्वचा, जिह्वा और घ्राण अर्थात् नासिका से पुनर्जन्म करने वाली दुःख स्वरूपा वह कर्मों की उत्पन्न होती है ॥६३॥

तत्तृष्णोऽभिहितो बालः स्वकृतैः कर्म्मणः फलैः ।
तैलपात्रीवज्जीवस्तत्रैव परि वर्त्तते ॥६४
तस्मात्स्थूलमनर्थानामज्ञानमुपदिश्यते ।
स शक्तमवधार्य्येव ज्ञाने यत्न समाचरेत् ॥६५
ज्ञानाद्विजयते सर्वं त्यागाद्बुद्धिविरज्यते ।
वैराग्याच्छुद्धयते चापि शुद्धः सत्वेन मुच्यते ॥६६
अत ऊर्द्ध्वं प्रवक्ष्यामि राग भूतापहारिणम् ।
अभिपन्नाय यो यस्माद्विपर्योऽप्यवधारमन ॥६७
अनिष्टमभिपन्नं हि प्रीतितापविषादनम् ।
दुःखनाभे न तापश्च सुखानुस्मरण तथा ॥६८
इत्येष वैराग्यो राम सम्भूत्या कारण स्मृतम् ।
ब्रह्मादौ स्थावरान्ते वै संसारे ह्याधिभौतिके ।
अज्ञानपूर्वक तस्मादज्ञानन्तु विवर्जयेत् ॥६९
अस्य चार्थं न प्रमाण शिष्टाचार तथैव च ।
वर्णाश्रमविरोधी न शिष्टशास्त्रविरोधक ॥७०
एष मार्गो हि निरधितिर्यग्योनी च कारणम् ।
निर्यग्योनिगतश्चैव कारणं स निगद्यते ॥७१
विविधा यातना स्थाने तिर्यग्योनौ च पड्विधे ।
कारणे विषये चैव प्रतिघातस्तु सर्वदा ॥७२
अनैश्वर्यन्तु तत्सर्वं प्रतिघातात्मक स्मृतम् ।
इत्येषा तामसी वृत्तिर्भूतादीनां चतुर्विधा ॥७३

अपने किये हुए कर्मों के फलों से काल तृष्णा कहा गया है । तैल पात्रीवत् और वहीं पर ही परिवर्तित होता है ॥६४॥ इससे अनर्थों का स्थूल अज्ञान ही उपदिष्ट होता है । उस सब को इस प्रकार समझ कर ज्ञान में यत्न करना चाहिए ॥६५॥ ज्ञान से सबकी विजय होती है और त्याग से बुद्धि विरजित

होती है तथा वैराग्य से शुद्धि होती है और जो शुद्ध होना है वह सत्त्व से मुक्ति प्राप्त किया करता है ॥६६॥ इससे आगे भूताप के हरण करने वाले राग को बतलाऊँगा। जो जिससे अवश्य आत्मा वाले का विषय अभिषङ्ग के लिये होता है ॥६७॥ अनिष्ट अभिषङ्ग निश्चय ही प्रीति ताप का विषाद करने वाला होता है। दुःख लाभ मे ताप तथा सुखानुस्मरण नही होता है ॥६८॥ यह वैषय राग सम्भूति का कारण कहा गया है। ब्रह्मा से आदि मे स्थावरो के अन्त मे इस आधिभौतिक ससार मे अज्ञान पूर्वक सब है इसलिये अज्ञान का त्याग करना ही चाहिए ॥६९॥ जिसके लिये ऋषियो के द्वारा कहा हुआ प्रमाण नही होता है अर्थात् कोई प्रमाण के रूप मे नही माना जाता है और शिष्टाचार भी नही होता है। जो वर्णों और आश्रमो का विरोध करने वाला होता है तथा जो शिष्टो के निमित्त शास्त्रो का विरोध करने वाला होता है ॥७०॥ यह मार्ग निरधि और तिर्यक् योनि मे कारण बना करता है। वह तिर्यक् योनि गत कारण कहा जाया करता है ॥७१॥ छै प्रकार के तिर्यक् योनिगत कारण कहा जाया करता है ॥७१॥ छै प्रकार के तिर्यक् योनि के स्थान म अनेक प्रकार की यातनाऐ होती हैं। कारण और विषय मे सब ओर से प्रतिघात होता है ॥७२॥ इस प्रकार से वह समस्त अनैश्वर्य प्रतिघात के स्वरूप वाला कहा गया है। यह प्राणियों की तामसी वृत्ति चार प्रकार की होती है ॥७३॥

सत्त्वस्थमानक चित्त यथा सत्त्वप्रदर्शनात् ।
तत्त्वानाञ्च तथा तत्त्व दृष्ट्वा वै तत्त्वदर्शनात् ॥७४
सत्त्वक्षेत्रज्ञनानात्वमेतज्ज्ञानार्थदर्शनम् ।
नानात्वदर्शन ज्ञान ज्ञानाद्व योगमुच्यते ॥७५
तेन बद्धस्य वै बन्धो मोक्षो मुक्तस्य तेन च ।
समारे विनिवृत्ते तु मुक्तो लिङ्गेन मुच्यते ॥७६
नि सम्बन्धो ह्यचैतन्य. स्वात्मन्येवावतिष्ठते ।
स्वात्मन्यवस्थितश्चापि विरूपाक्षेण लिप्यते ॥७७
इत्येतल्लक्षण प्रोक्त समासाज्ज्ञानमोक्षयो. ।
स चापि त्रिविध. प्रोक्तो मोक्षो वै तत्त्वदर्शिभि ॥ ७८

पूर्वं वियोगो ज्ञानेन द्वितीयो रागसंक्षयात् ।
लिङ्गाभावात्तु कैवल्यं कैवल्यात्तु निरञ्जनम् ॥७९
निरञ्जनत्वाच्छुद्धस्तु ततो नेता न विद्यते ।
तृष्णाक्षयात्तृतीयस्तु व्याख्यातं मोक्षकारणम् ॥८०
निमित्तमप्रतीघाते इष्टशब्दादिलक्षणे ।
अष्टावेतानि रूपाणि प्राकृतानि यथाक्रमम् ॥८१

केवल सत्त्व में स्थित रहने वाला चित्त जिस प्रकार से सत्य में ... होता है उसी प्रकार से तत्त्व को देखकर तत्त्व ... सत्त्वों का होना है ॥७४॥ सत्त्व क्षमता का नानात्व होता है और यह आलाप दर्शन है। नानात्व के दर्शन को ज्ञान कहते हैं और उस ज्ञान से योग ... होता है जो कि योग कहा जाता है ॥७५॥ उससे जो बद्ध होता है उसका बन्धन होता है और जो उससे मुक्त होता है उसका मोक्ष हुआ करता है। संसार से विनिवृत्त होने पर मुक्त लिङ्ग से छुटकारा पा जाया करता है ॥७६॥ लिङ्ग से अर्थात् सम्बन्ध से रहित ... अपनी आत्मा में ही अवस्थित हुआ करता है। और इसमें व्यवस्थिता ही ... के द्वारा लिया जाता है ॥७७॥ यह इतना ही लक्षण ज्ञान और मोक्ष का लक्षण कहा गया है। यह मोक्ष भी तत्त्वों के देखने वाले पुरुषों के द्वारा तीन प्रकार का कहा गया है ॥७८॥ प्रथम ज्ञान के साथ वियोग है। दूसरा राग के क्षय से होता है लिङ्ग के अभाव से कैवल्य होता है और कैवल्य से तो निरञ्जन होता है ॥७९॥ निरञ्जन होने से शुद्ध होता है फिर नेता नहीं होता है। तृष्णा के क्षय से तीसरा होता है जो कि मोक्ष का कारण व्याख्यात किया गया है ॥८०॥ इष्ट शब्द आदि स्वरूप वाले अप्रतिघात में निमित्त होता है। इसके आठ रूप होते हैं जो कि यथाक्रम प्राकृत होते हैं ॥८१॥

ऐश्वर्ये चानवस्थानं गुणसाम्यात्मकानि तु ।
अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि वैराग्यं दोषदर्शनात् ॥८२
दिव्ये च मानुषे चैव विषये पञ्चलक्षणे ।
प्रवृत्ते चाऽपि निवृत्ते वैराग्यं दोषदर्शनात् ॥८३

तापप्रीतिविपादानां कार्य्यन्तु परिवर्जनम् ।
एव वैराग्यमास्थाय शरीरी निर्ममो भवेद् ।।८४
अनित्यमशिवं दु.खमिति बुद्धयानुचिन्त्य च ।
विशुद्ध कार्य्यकरणं सत्वाप्येति तरान्नु य. ।।८५
परिपक्वकपायो हि कृत्स्नान्दोपान्प्रपश्यति ।
ततः प्रयाणकाले हि दोपैर्नैमित्तिकैस्तथा ।।८६
ऊष्मा प्रकुपित काये तीव्रवायुसमीरितः ।
स शरीरमुपाश्रित्य कृत्स्नान्दोपान्रुणद्धि वै ।।८७
प्राणस्थानानि भिन्दन्हि छिन्दन्मर्माण्यतीत्य च ।
शैत्यात्प्रकुपितो वायुरूर्ध्वन्तु क्रमते तत. ।।८८
स चाय सर्वभूताना प्राणस्थानेष्ववस्थित. ।
समासात्संवृते ज्ञाने संवृतेपु च कर्म्मसु ।।८९
स जीवोऽनम्यधिष्ठान कर्म्मभि स्वैं पुराकृतै ।
अष्टाङ्गप्राणवृत्तीर्वै स विच्यावयते पुन ।।९०
शरीर प्रजहत्सो वै निरुच्छ्वासस्ततो भवेद् ।
एव प्राणै परित्यक्तो मृत इत्यभिधीयते ।।९१

गुणमात्रात्मक क्षेत्रज्ञ मे अब सज्जित होते हैं। अब इसमे आगे दोप दर्शन से वैराग्य को बतलाऊँगा ।।८२।। दिव्य और मानुष पञ्च लक्षण विषय मे दोप दर्शन से प्रद्वेष अनभिषङ्ग करना चाहिए ।।८३।। ताप-प्रीति और विषादो का परिवर्जन करना चाहिए। इस प्रकार से वैराग्य मे आस्थित होकर यह शरीर धारी निर्मम हो जाता है। अर्थात् इस शरीरी को ममता मे रहित हो जाना चाहिए ।।८४।। बुद्धि के द्वारा दुःख अनित्य अशिव है इस प्रकार से अनुचिन्तन करके जो विशुद्ध कार्य का करना है वह सत्त्व की प्राप्ति करता है ।।८५।। फिर परिपक्व कषाय वाला होकर समस्त दोषों को देख लेना है। प्रयाण करने के समय मे निश्चय ही नैमित्तिक दोषो से काया मे प्रकुपित ऊष्मा होते हुए तीव्र वायु से समीरित हो जाता है वह शरीर मे उपाश्रित होकर समस्त दोषों को रुद्ध कर देना है ।।८६-८७।। प्राण के स्थानो को भेदन करता

हुआ और मर्मों का छेदन करता हुआ आग चलकर शैत्य से प्रकुपित होने वाला वायु उर्ध्व आग को फिर प्राप्त किया करता है ॥८८॥ और यह वह समस्त प्राणियों के प्राण स्थानों में अवस्थित रहा करता है। संक्षेप से ज्ञान के संवृत हो जाने पर और समस्त कर्मों के संवृत होने पर वह जीव पुरा कृत अर्थात् पहिले जन्म में किये हुए अपने कर्मों से प्राणाधिष्ठान हो जाता है। फिर अष्टाङ्ग प्राग वृत्ति वाला वह विच्यावयित हो जाता है ॥८९ ९०॥ शरीर को प्रकृतता को त्यागता हुआ वह फिर बिना उच्छ्वासों वाला होता है। इस रीति से प्राणों के द्वारा परित्यक्त होने वाला मृत इस नाम से कहा जाता है ॥९१॥

यथेह लोके उद्यात नीयमानमितस्ततः ।
रज्जन तद्वधे यत्तु नता नेता न विद्यते ॥९२
तृष्णाक्षयस्तृतीयस्तु व्याख्यात मोक्षलक्षणम् ।
शब्दादि विषये दोषविषये पञ्चलक्षणे ॥९३
अप्रवृद्धयोऽभिष्वङ्ग प्रीतितापविवर्जनम् ।
वैराग्यकारणं ह्येत प्रकृतीना लयस्य च ॥९४
अष्टौ प्रकृतयो ह्येता पूर्वोक्ता वै यथाक्रमम् ।
अव्यक्ताद्यास्तु विज्ञेया भूतान्ता प्रकृतेर्न्या ॥९५
वर्णाश्रमाचारयुक्ता शिष्टा ह्याम्नायविरोधिन ।
वर्णाश्रमाणां धर्मोऽयं देवस्थानेषु कारणम् ॥ ९६
ब्रह्मादीनि पिशाचान्तान्यष्टौ स्थानानि देवता ।
ऐश्वर्यमणिमाद्य हि कारण ह्यष्टलक्षणम् ॥ ९७
निमित्तमप्रणिधान दृष्ट शब्दादिलक्षणे ।
अष्टावेतानि रूपाणि प्राकृतानि यथाक्रमम् ॥९८

जिस प्रकार से यहाँ लोक में इधर उधर से लाया गया उद्योत (रज्जु) रञ्जन होता है और उसके वध होने पर नता नेता नहीं रहता है ॥९२॥ तृष्णा का क्षय तीसरा, मोक्ष का लक्षण व्याख्यात किया गया है। शब्दादि विषय में पञ्च लक्षणों वाले दोष विषय में अप्रवृद्ध अभिष्वङ्ग प्रीति और ताप का विव-

जैन होना ये वैराग्य के कारण और प्रकृतियो के लय मे कारण होते हैं ॥९३-९४॥ पूर्व मे कथित की हुई आठ प्रकृतियां क्रम के अनुसार जानलेनी चाहिये। अव्यक्त आदि प्रकृति लय भूतान्त होते हैं ॥९५॥ शिष्ट जो होते हैं वे वर्णों और आश्रमो के धर्मों से युक्त हुआ करते हैं तथा वे शास्त्रो के भी विरोध न करने वाले होते हैं। चार वर्णों और चारो आश्रमो का यह धर्म देवो के स्थानो मे कारण होता है ॥९६॥ ब्रह्मा से आदि लेकर पिशाचो के अन्तक आठ स्थान देवता होते हैं। ऐश्वर्य तथा अणिमा आदि अष्ट लक्षण वाला कारण होता है ॥९७॥ शब्दादि लक्षण इष्ट मे जो अप्रतिघात होता है वह निमित्त होता है। ये आठ यथाक्रम आठ प्राकृति रूप होते हैं ॥९८॥

क्षेत्रज्ञेष्वनुसज्यन्ते गुणमात्रात्मकानि तु।
प्रावृट्काले पृथक्त्वेन पश्यन्तीह न चक्षुषा ॥९९
पश्यन्त्येवंविधं सिद्धा जीवं दिव्येन चक्षुषा।
श्वाविती श्वानपानश्च योनौ प्रविशतस्तथा ॥१००
तिर्य्यगूर्द्ध्वमधस्ताच्च धावतोऽपि यथाक्रमम्।
जीवप्राणास्तथा लिङ्गं कारणञ्च चतुष्टयम् ॥१०१
पर्य्यायवाचकं शब्दैरेकार्थं सोऽभिलिख्यते।
व्यक्ताव्यक्ते प्रमाणोऽस्य स वै रूप तु कृत्स्नश ॥१०२
अव्यक्तान्त गृहीत च क्षेत्रज्ञाधिष्ठितञ्च यत्।
अव्यक्तान्त गृहीत च क्षेत्रज्ञाधिष्ठितञ्च यत्।
एव ज्ञात्वा सुचिमूं त्वा ज्ञानाद्वं विप्रमुच्यते ॥१०३
नष्टश्चैव यथा तत्त्व तत्त्वाना तत्त्वदर्शनम्।
यथेष्ट परिनिर्य्याति भिन्ने देहे सुनिर्वृते ॥१०४

गुण मात्रात्मिक क्षेत्रज्ञो मे अनुसज्जित होते हैं। प्रावृट् अर्थात् वर्षा के समय मे यहाँ पर पृथक्त्व होने से नेत्र के द्वारा नहीं देखते हैं ॥९९॥ इस प्रकार वाले जीव को सिद्ध लोग दिव्य चक्षु के द्वारा देखा करते हैं। श्वाविति और श्वान के पान वाला तथा तिर्यक् योनियो मे प्रवेश करता हुआ ऊपर और नीचे की ओर दौड़ता हुआ भी यथाक्रम जीव प्राण तथा लिङ्ग यह चार कारण हैं ॥१००-१०१॥ एक ही अर्थ रखने वाले पर्याय वाचक शब्दो से वह अभि-

निश्चित किया जाता है। व्यक्त और अव्यक्त में यह प्रमाण है और वह पूर्णतया रूप होता है ॥१०२॥ जो अव्यक्त के अन्त तक ग्रहण किया हुआ है और अव्यक्त से अधिष्ठित है इस रीति से ज्ञान प्राप्त करके और शुचि होकर निश्चय ही शाश्वत ब्रह्म रूपमें मुक्त होजाता है ॥१०३॥ जैसे ही तत्त्व और तत्त्वों का तत्त्वदर्शन नष्ट होता है वह भिन्न निवृत्त देह में स्थित होता है और वह कहा जाता है ॥१०४॥

भिद्यते करणैश्चापि ह्यव्यक्ताज्ज्ञानिनस्तनु ।
मुक्तो गुणशरीरेण प्राणाद्यैर्न तु सर्वशः ॥१०५
नान्यच्छरीर मादत्ते दग्धे बीजे यथाङ्कुरः ।
जीविक सर्वसंसाराद्बीजशारीरमानस ॥१०६
ज्ञानाच्चतुर्दशाच्छुद्ध प्रकृति सोऽनुवर्तते ।
प्रकृति सत्यमित्याहुर्विकारोऽनृतमुच्यते ॥१०७
तत्सद्भावोऽनृत ज्ञेय सद्भाव सत्यमुच्यते ।
अनामरूपक्षेत्रज्ञनामरूप प्रचक्षते ॥१०८
यस्मात्क्षेत्र विजानाति तस्मात्क्षेत्रज्ञ उच्यते ।
क्षेत्रप्रत्ययतो यस्मात्क्षेत्रज्ञ शुभ उच्यते ॥१०९
क्षेत्रज्ञः स्मर्यते तस्मात्क्षेत्र तज्ज्ञैर्विभाव्यते ।
क्षेत्रप्रत्यय दृष्ट क्षेत्रज्ञ प्रत्ययी सदा ॥११०
क्षयणात् पतनाच्चैव क्षतत्राणात्तथैव च ।
भोज्यत्वाद्विषयत्वाच्च क्षेत्र क्षेत्रविदो विदु ॥१११
महदाद्य विशेषान्त सवैरूप्य विलक्षणम् ।
विकारलक्षण तद्धि साक्षरक्षरमेव च ॥११२
शरीर न विनास्त्यस्माद्यस्माद्वै शरते पुन ।
तस्मात् शरणाच्चैव शरीरमित्यभिधीयते ॥११३

इसके कारण जो व्यक्त रूपी होता है उसका भी भेदन किया जाता है। गुण शरीर प्राणादि से सभी प्रकार से मुक्त होता है ॥१०५॥ फिर वह मुक्त हुआ अन्य शरीर को धारण नहीं किया करता है जिस तरह

बीज के दग्ध होने पर फिर उनमे अंकुर नहीं होते हैं उसी रीति से पञ्चीयात्मा बीज शरीर मानस ससार से चतुर्दश ज्ञान मे शुद्ध हुआ वह प्रकृति का अनुवर्तन किया करता है। सत्य को प्रवृति कहते हैं और जो विकार होता है वह अनृत कहा जाता है ॥१०६-१०७॥ उसका सद्भाव अनृत जानना चाहिये और सद्भाव सत्य कहा जाता है। अनाम रूप वाले क्षेत्रज्ञ का नाम रूप कहा जाता है ।१०८। जिससे क्षेत्र को जानते हैं उससे वह क्षेत्रज्ञ कहा जाया करता है। जिस क्षेत्र के प्रत्यय से क्षेत्रज्ञ शुभ कहा जाता है ॥१०९॥ उससे क्षेत्रज्ञ का स्मरण किया जाता है। उस ज्ञानाओ के द्वारा विशेष रूप से कहा जाया करता है। क्षेत्रत्व का प्रत्यय जब हृष्ट होता है तो क्षेत्रज्ञ सर्वदा प्रत्ययी होता है ॥११०॥ क्षयण से और क्षरण मे ही तथा क्षत त्राण मे भोज्य होने से और विषय के होने से क्षेत्र के वेत्ता लोग क्षेत्र जानते हैं ॥१११॥ महत् से आद्य और विशेष के अन्त तक विलक्षण सर्वरूप होता है। वह निश्चय ही विकार लक्षण साक्षर क्षर ही होता है ॥११२॥ फिर उस ही विकार को जिससे वह क्षर होता है और इसही कारण से क्षर ऐसा अभिहित हुआ करता है ॥११३॥

सुखदुःखमोहभावा भोज्यमित्यभिधीयते।
अचेतनत्वाद्धि विषयस्तद्धि धर्मविभु स्मृत ॥११४
न क्षीयते न क्षरति विकारप्रसूतन्तु तत्।
अक्षर तेन चाप्युक्तमक्षीणत्वात्तथैव च ॥११५
यस्मात्पुर्य्यनुशेते च तस्मात्पुरुष उच्यते।
पुरप्रत्ययिको यस्मात्पुरषेत्यभिधीयते ॥११६
पुरुष कथमस्वाथ कथन्तज्ज्ञैर्विभाव्यते।
शुद्धो निरञ्जनाभासा ज्ञानाज्ञानविवर्जित ॥११७
अस्ति नास्तीति सोऽन्यो वा बद्धो मुक्तो गत स्थितः।
नैर्हेतिकान्तनिर्देश्यमूक्तमस्मिन्न विद्यते ॥११८
शुद्धत्वान्न तु दृश्यो वैरदृष्टत्वात्समदर्शन।
आत्मप्रत्ययकारी मान्नूनञ्चापि हेतुकम्।
भावग्राह्यमनुमान्य चिन्तयन्न प्रमुह्यते ॥११९

यदा पश्यति ज्ञातारं शान्तार्थं दर्शनात्मकम् ।
दृश्यादृश्येषु निर्द्वन्द्व तदा तदुद्धर वरम् ॥१२०

गुण-दुःख और मोह के भाव भोज्य इस नाम से कहे जाते हैं । अचेत ने होने से जो विषय है वह ही धर्म विभु कहा गया है ॥११४॥ वह विकार का प्रकृत न तो क्षीण होता है और न क्षर ही होता है और उस ही रीति से उसमें अशील होने के कारण से अक्षर ऐसा कहा गया है ॥११५॥ जिससे यह पुरी में अनुशयन किया करता है उस कारण से यह पुरुष ऐसा कहा जाया करता है । पुर प्रतिपत्ति जिससे होता है यह पुरुष इस नाम से बोला जाया करता है ॥११६॥ पुरुष कहो इसके अनन्तर उसके ज्ञाताओं के द्वारा यह गुण-निरञ्जनाभाग और ज्ञान तथा अज्ञान से रहित कैसे विभावित किया जाता है ॥११७॥ है और नहीं है—इसमें अथवा यह अन्य है, बद्ध एवं मुक्त गया हुआ भिन्न है । उसमें नैर्हेतुकात्म निर्द्वन्द्व मुक्त नहीं होता है ॥११८॥ शुद्ध होने से यह देख्य नहीं है और दृष्ट होने से समदर्शन होता है । आत्मा का प्रत्यय कारी होता है । शास्त्रात हेतुक भाव ग्राह्य एवं अनुमान्य का चिन्तन करता हुआ मोह को प्राप्त नहीं हुआ करता है ॥११९॥ जब जिस समय शान्तार्थ दर्शनात्मक ज्ञाता का दर्शन किया है तब उस समय दृश्यादृश्यों में निर्द्वन्द्व उसका श्रेष्ठ उद्धार होता है ॥१२०॥

एवं ज्ञात्वा स विज्ञाता तत्र शान्ति नियच्छति ।
कार्ये च कारणे चैव बुद्धपादो भौतिके तदा ॥१२१
सम्प्रयुक्तो वियुक्तो वा जीवतो वा मृतस्य च ।
विज्ञाता न च दृश्येन पृथक्त्वेनेह सर्वदा ॥१२२
कैवल्याख्यं तमाख्यातं कारणात्मा नियच्छति ।
प्रवृत्तो कारणे चैव स्याऽन्ययोपनिष्ठति ॥१२३
अस्ति नास्तीति सोऽन्यो वा इत्यात्मेति वा पुनः ।
एकत्व वा पृथक्त्व वा क्षेत्रज्ञपुरुषेति वा ॥१२४
आत्मवान् स निरात्मा वा चेतनोऽचेतनोऽपि वा ।
कर्ता वा सोऽप्यकर्ता वा भोक्ता वा भोज्यमेव वा ॥१२५

यज्ज्ञात्वा न निवर्त्तन्ते क्षेत्रज्ञे तु निरञ्जने ।
अवाच्य तदनाख्यानादग्राह्यत्वादहेतुनि ॥१२६

इस प्रकार से वह विशेष रूप से ज्ञान रखने वाला फिर शान्ति को प्राप्त किया करता है । पार्य मे और कारण मे तथा बुद्धि आदि भौतिक मे उस समय सप्रयुक्त अथवा वियुक्त होना हुआ, जीवित का अथवा मृत का विज्ञाता यहाँ सब प्रकार मे पृथक्त्व होने से दिखाई नही देता है ॥१२१-१२२॥ कारणात्मा वह अपने से आत्मा को और उस आत्मा को प्राप्त करता है । प्रकृति मे और कारण मे अपनी ही आत्मा मे उग निद्यमान होता है ॥१२३॥ है और नही है—यह अथवा वह अन्य है—यहाँ अथवा परलोक मे है—एकत्व है अथवा पृथक्त्व है—क्षेत्रज्ञ है अथवा पुरुष है—वह आत्मवान् अथवा निरात्मा है—चेतन है अथवा अचेतन है—वह कर्त्ता है किम्वा वह अकर्त्ता है—वह भोक्ता अथवा भोज्य ही है—यह जानकर क्षेत्रज्ञ निरञ्जन मे निवृत्त नही होते हैं । अपितु उसमे अनाख्यान होने मे तथा अग्राह्य होने से यह कहने योग्य नही है ॥१२४-१२५-१२६॥

अप्रतर्क्यमचिन्त्यत्वादवाप्यत्वाच्च सर्वश ।
नाभिलिम्पति तत्तत्त्व सम्प्राप्य मनसा सह ॥१२७
क्षेत्रज्ञे निर्गुणे शुद्धे शान्ते क्षीणे निरञ्जने ।
व्यपे(पे)तसुखदुःखे च निरुद्धे शान्तिमागते ॥१२८
निरात्मके पुनस्तस्मिन्वाच्यावाच्यो न विद्यते ।
एतौ सहाग्विस्तारौ व्यक्ताव्यक्तौ तत पुन ॥१२९
सृजते ग्रसते चैव ग्रस्तः पर्यवतिष्ठते ।
क्षेत्रज्ञाधिष्ठित सर्व पुन सर्व प्रवर्त्तते ॥१३०
अधिष्ठानप्रवृत्तेन तस्य ते बुद्धिपूर्वकम् ।
साधर्म्यवैधर्म्यकृतसयोगो विधितस्तयो. ।
अनादिमान् स सयोगो महापुरुषज स्मृत ॥१३१
यावच्च सर्गप्रतिसर्गकालस्तावच्च तिष्ठति सुसन्निरुध्य ।
पूर्व हितव्ये तदवुद्धिपूर्व प्रवर्त्तते तत्पुरुषायमेव ॥१३२

एषा निसर्गप्रतिसर्गपूर्वं प्राधानिकी चेश्वरकारिता च ।
अनाद्यनन्ता ह्यभिमानपूर्वंक विनाशयन्ती जगदभ्युपैति ॥१२३

इत्येष प्राकृत सर्गस्तृतीया हेतुलक्षण ।
उक्ता ह्यस्मिन्सदात्यन्त च विभिन्तत्प्रमुच्यते ॥१२४

यदि य हान म और सब प्रकार से अवाप्य होन म अप्रमेय है । मनष्
गाय उस तरह का सम्प्राप्त करके वह अभिलिप्त नहीं होता है ॥१२७॥ सम्यग्-
दृष्ट निग्रम-नाना-योग-निरञ्जन म सुख और दु ख व्यपा हात हुए निरुद्ध
होकर शान्ति का प्राप्त हाजाता है ॥१२८॥ वह निरात्मा होता है इसलिए उसम
फिर कुछ भी वाच्य तथा अवाच्य नहीं रहता है । य सहार और विस्तार तथा
ऊर्ध्व और अध्व फिर सृजन करता है और प्रसार करता है और प्रत्य होता
हुआ पर्यवस्थित रहता है । सम्यग्‌ म अधिष्ठित सभी फिर प्रवृत्त होता है ॥१२९-
१३०॥ अधिष्ठान प्रवृत्त हाने म उसक बुद्धिपूर्वक साधर्म्य और वैधर्म्य म किया
हुआ सचार उन नाना की विधि म बन्ध ताभिमान् सयोग होता है और महा
पुरुष म आत्मसात कहा गया है ॥१३१॥ और जितना रूप तथा प्रतिसर्ग का
पात्र है उतना गुणक्लिष्ट होकर रहता है । वहिंत निश्चय म यह अबुद्धि पूर्वक
प्रवृत्त होता है और पुनराय हो जाता है ॥१३२॥ यह निसर्ग और प्रतिसर्ग
पूर्वक प्राधानिकी ईश्वर कारिता है जो अनादिनन्त वाली अभिमान पूर्वक विनाश
करती हुई जगत् को प्राप्त होती है । यह हेतु म लक्षण वाला तृतीय प्राकृत सर्ग है
जो कि कहा गया है जिसम अत्यन्त रूप म ऋषियों के द्वारा प्रमुक्ति प्राप्त की
जाती है ॥१३४॥

## प्रकरण ६५—सृष्टि वर्णन

सूत सुमहदाख्यानं भवता परिकीर्तितम् ।
प्रजानां स्तुति गाढं दयानामृषिभि मन ॥१
दिगृत धनभूतानां निधानामन्तरानाम् ।
देवानां द यवानां च दानावानामथ पतिणाम् ॥२

अत्यद्भुतानि कर्म्माणि विधिमान्धर्म्मनिश्चय ।
विचित्राश्च कथायोगा जन्म चाग्र्यमनुत्तमम् ॥३
तत्कथ्यमानमस्माक भवता श्लक्ष्णया गिरा ।
मन कर्णसुख सौते प्रीणात्याभूतसम्भवम् ॥४
एवमाराध्य ते सूत सत्कृत्य च महर्षय ।
पप्रच्छुः सत्रिण सर्वे पुन सर्गप्रवर्त्तनम् ॥५
कथ सूत महाप्राज्ञ पुन सर्ग प्रपत्स्यते ।
बन्धेषु सम्प्रलीनेषु गुणसाम्ये तमोमये ॥६
विकारेस्ववि‌सृष्टेषु ह्यव्यक्ते चात्मनि स्थिते ।
अप्रवृत्तौ ब्रह्मणस्तु महासायुज्यगंस्तदा ।
कथ प्रपत्स्यते सर्गस्तश्च प्रश्न हि पृच्छ्यताम् ॥७

ऋषियो ने कहा—हे सूतजी ! महान् आख्यान का वर्णन किया है जिसमें मनुओ के साथ प्रजाओ का तथा ऋषियो के साथ देवो का पूरा वर्णन है । इस आख्यान म पितृ—गन्धर्व—भूत—पिशाच—उरग—राक्षस—दैत्य—दानव—यक्ष और पक्षियो के अत्यद्भुत कर्मों का वर्णन भी किया गया है । इसमे आपन विधि स युक्त धर्म का भी निश्चय बताया है । इसमे विचित्र कथाओ के योग है तथा श्रेष्ठतम अग्र्य जन्म का भी वर्णन किया है ॥१-२-३॥ हे सौते ! आपतो अपनी अतीव श्लक्ष्ण सुन्दर वाणी से मन तथा कानो को परम सुख सम्प्रयुक्त करते हुए सभी कुछ का वर्णन करके समस्त प्राणियो को प्रसन्नता प्रदान किया करते हैं ॥४॥ इस प्रकार से उन महर्षियो न सूतजी का समाराधन एव भली भाँति सत्कार करके पुन उन सत्रधारियो ने सर्ग के प्रवर्त्तन के विषय मे उनसे पूछा था ॥५॥ हे सूतजी ! आपतो महान् पण्डित हैं । यह सर्ग फिर कैसे होगा क्योंकि समस्त बन्ध जब प्रलीन होजाते हैं और इस तमोमय म गुणो की समता होजाया करती है ? समस्त विकार तो उस समय म विसृष्ट रहते ही नही हैं क्योंकि यह अव्यक्त आत्मा मे ही स्थित होजाया करता है । महान् सायुज्य को प्राप्त होन पर ब्रह्मा की प्रवृत्ति उस समय म होती ही नही है फिर यह सर्ग कैसे होता है ? हम सब यही आपस पूछना चाहते हैं सो आप कृपा करके वर्णन कर दीजिये ॥६-७॥

एवमुक्तस्ततः सूतस्तदासौ लोमहर्षणः ।
इत्यस्यानुपचक्राम पुनः सर्गप्रवर्त्तनम् ॥८
अतः परं प्रवक्ष्यामि यथा सर्गः प्रवर्त्स्यते ।
पूर्ववत्स तु विज्ञेय समासात्तं निबोधत ॥९
दृष्टं चैवानुमेयञ्च सर्वं वक्ष्यामि युक्तितः ।
तस्माद्वाचो निवर्त्तन्ते ह्यप्राप्य मनसा सह ॥१०
अव्यक्तं तत् परोक्षत्वाद् ग्रहणं तद्गुणात्मकम् ।
विकारैः प्रतिसृष्टैः गुणसाम्ये निवर्त्तते ॥११
प्रधानं गुणसाम्यञ्च साधर्म्येणैव तिष्ठति ।
धर्माधर्मौ प्रतीयेते ह्यव्यक्तौ प्राणिनां सदा ॥१२
सत्त्वमात्रात्मको धर्मो गुणसत्त्वे प्रतिष्ठितः ।
तमोमात्रात्मकोऽधर्मो गुणे तमसि तिष्ठति ॥१३
अविभागवर्त्तिनौ गुणसाम्यस्थितावुभौ ।
सर्वं राध्यं बुद्धिपूर्वं प्रधानस्य प्रवर्त्स्यते ॥१४

इस प्रकार से महर्षियों के द्वारा जब सूतजी से कहा गया तो वे लोमहर्षण पुनः सर्ग की प्रवृत्ति का वर्णन करने का आरम्भ करने लग गये ॥८॥ हे ऋषियो ! मैं आप सबको बतलाता हूँ कि यह सर्ग किस प्रकार से प्रवृत्त हुआ करता है । यह पूर्व की भाँति ही जानने के योग्य है । अब यहाँ पर समीचीन रूप से इसे समझलो ॥९॥ यह दृष्ट तथा अनुमान करने के योग्य है । मैं युक्ति से सब को बतलाता हूँ । वहाँ से मन के साथ वाणी भी निवृत्त हो जाया करती है और किसी की भी पहुँच नहीं होती है ॥१०॥ अव्यक्त को ही अति पर परोक्ष बताते हैं और इसका ग्रहण करना बाद न कठिन है । गुणों की साम्यावस्था अति महत्त्व की [illegible] विषयों से पूर्ण निवृत्त होती है ॥११॥ गुणों के साम्य से ही प्रधान स्थित होता है । प्राणियों के धर्म और अधर्म अव्यक्त रूप से सदा प्रतीत हो जाया करते हैं ॥१२॥ सत्त्वमात्रात्मक धर्म गुण सत्त्व में प्रतिष्ठित रहा करता है । तमोमात्रात्मक अधर्म तमोगुण में स्थित रहा करता है ॥१३॥ ये दोनों गुण-साम्य में स्थित रहा [illegible]

हुये उस समय मे विभाग से रहित होते हैं। प्रधान के समस्त कार्य में बुद्धि पूर्वक ही प्रवृत्त होंगे ॥१४॥

अबुद्धिपूर्वं क्षेत्रज्ञ अधिष्ठास्यति तान् गुणान् ।
एव तानभिमानेन प्रपत्स्येत पुरस्तदा ॥१५
यदा प्रवर्त्तितव्यन्तु क्षेत्रक्षेत्रज्ञयोर्द्वयोः ।
भोज्यभोक्तृत्वसम्बन्ध प्रपत्स्येते युतावुभौ ॥१६
तस्माच्छरणमव्यक्तं साम्ये स्थित्वा गुणात्मकान् ।
क्षेत्रज्ञाधिष्ठितं तच्च वैषम्य भजते तु तत् ॥१७
तत प्रपत्स्यते व्यक्तं क्षेत्रक्षेत्रज्ञयोर्द्वयोः ।
क्षेत्रज्ञाधिष्ठित सत्व विकार जनयिष्यति ॥१८
महदाद्य विशेषान्त चतुर्विंशगुणात्मकम् ।
क्षेत्रज्ञस्य प्रधानस्य पुरुषस्य प्रपत्स्यते ॥१९
ब्रह्माण्डे प्रथम सोऽय भविता चेश्वर. पुन ।
ततो ज्ञेयस्य कृत्स्नस्य सर्वभूतपति शिव ॥२०
ईश्वर सर्व्वमुक्तानां ब्रह्मा ब्रह्ममयो महान् ।
आदि देवः प्रधानस्यानुग्रहाय प्रवक्ष्यते ॥२१॥

यह क्षेत्रज्ञ बिना ही बुद्धि के योग किए हुए उस समय उन गुणों में अधिष्ठित रहा करता है। इस प्रकार से उस समय मे उन गुणों को पहले प्रवृत्त कराया जाता है ॥१५॥ जिस समय मे क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ इन दोनों को प्रवृत्त करना होता है तो ये दोनों ही भोज्य और भोक्ता इसके सम्बन्ध की प्राप्ति किया करते हैं ॥१६॥ इसके गुण स्वरूपों को साम्यावस्था में स्थित करके वह कारण अव्यक्त क्षेत्रज्ञ से अधिष्ठित होता है और वही जब विषमावस्था को प्राप्त होते हैं तो क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ दोनों का व्यक्त स्वरूप हो जाता है। क्षेत्रज्ञ से अधिष्ठित सत्व विकार को उत्पन्न किया करता है ॥१७-१८॥ महत्तत्त्व से आरम्भ करके निमेष के अन्त पर्यन्त और चौबीस गुणों के स्वरूप वाला क्षेत्रज्ञ पुरुष का और प्रधान का रूप हो जाया करता है ॥१९॥ इस ब्रह्माण्ड में वह प्रथम होता है। इसके अनन्तर फिर ईश्वर होता है। इसके

पश्चात् इस सम्पूर्ण श्रेय ( जानने के योग्य ) का समस्त भूतों का स्वामी शिव होता है ॥२०॥ समस्त भूतों का ईश्वर महान् ब्रह्ममय ब्रह्मा है। यह प्रधान के अनुग्रह से नित्य आदि देव कहा जायगा ॥२१॥

अनाद्यौ स्वयमुत्पन्नावुभौ सूक्ष्मौ तु तौ स्मृतौ ।
अनादिमन्तावगुणौ सर्वं क्षेत्रज्ञमेव च ॥२२
अबुद्धि पूर्वक युक्तौ महान्तौ तु वशौ तदा ।
अप्रत्ययमनाद्यं च स्थितावुदासमप्स्यत ॥२३
प्रवृत्त पूर्वत पूर्वं पुन सर्गं प्रवत्स्यते ।
अनागुणा प्रवर्तन्ते रज सत्त्वतमात्मकम् ॥२४
प्रवृत्तिकाले रजसाभिपन्नमहत्त्वभूतादिविकल्पताश्च ।
विकल्पना चन्द्रियतास्य यान्ति गुणावमान पतिभिर्मनुष्या ॥२५
सत्याभिध्यायिनस्तस्य ध्यायित समिमित्तकम् ।
रज सत्वतमा व्यक्ता विधर्माणि परस्परम् ॥२६
प्राग्न्त सम्प्रवर्त्यन्त क्षेत्रज्ञास्तु सर्वत ।
समिद्धाधाम्यंस्तस्मा उपयन्तऽभिमानिन ॥२७
सर्वे महता प्रपद्य स सूक्ष्मात्स्थूलमेव च ।
प्रसृत सा च गुणतः साधिकाश्चाप्यसाधिता ॥२८

ये दोनों अनादि हैं और स्वयमुत्पन्न होने वाले हैं तथा सूक्ष्म कहे गये हैं [illegible] अनादि महान् [illegible] गुण हैं [illegible] सब क्षेत्रज्ञ भी हैं ॥२२॥ ये अबुद्धि पूर्वक [illegible] हैं तथा [illegible] उदय [illegible] किया करते हैं ॥२३॥ पूर्व [illegible] के प्रवृत्त होने [illegible] प्रकृति [illegible] होता है। [illegible] के द्वारा रज सत्त्व तमात्मक [illegible] प्रवृत्त होते हैं। ॥२४॥ [illegible] अनादि [illegible] [illegible] और इन्द्रियों का [illegible] [illegible] ॥२५॥ [illegible] अभिध्यायी [illegible] [illegible] है। [illegible] और [illegible] होते हैं ॥२६॥ [illegible] और [illegible] [illegible] [illegible] है। [illegible] अभिमानी [illegible]

उत्पन्न होत हैं ॥२७॥ समस्त सत्व पहले ही अव्यक्त से प्रतिपन्न होते हैं। जो कि सुखहासाधिका और अनाधिकामों का प्रसव करती है ॥२८॥

ससरन्तस्तु ते सर्वे स्थानप्रकरणैं सह।
कार्य्याणि प्रतिपत्स्यन्ते उत्पद्यन्ते पुन पुन. ॥२६
गुणमात्रात्मकाश्चैव धर्म्माधर्म्मौ परस्परम्।
आरम्भन्तीह चान्योन्य वरेणानुग्रहेण च ॥३०
सर्वे तुल्याः प्रसृष्टार्थ सर्गादौ यान्ति विक्रियाम्।
गुणास्तत्प्रतिधावन्ते तस्मात्तत्तस्य रोचते ॥३१
गुणास्ते यानि सर्वाणि प्राक् दृष्टे प्रतिपेदिरे।
तान्येव प्रतिपद्यन्ते सृष्टमाना पुन पुनः ॥३२
हिस्राहिस्रे मृदुक्रूरे धर्म्माधर्म्मावृतानृते।
तद्भाविता प्रपद्यन्ते तस्मात्तत्तस्य रोचते ॥३३
महाभूतेपु नानात्वमिद्रियार्थेपु मूर्त्तिपु।
विप्रयोगाश्च भूताना गुणेभ्य सप्रवर्त्तते ॥३४
इत्येप वो मया ख्यात. पुनः सर्ग समासत।
समासादेव वक्ष्यामि ब्रह्मणोऽस्य समुद्भवम् ॥३५

वे सब सत्व स्थान और प्रकरणों के साथ यहाँ समरण करते हुए पुन-पुन उत्पन्न होते हैं और कार्यों को प्राप्त किया करते हैं ॥२६॥ यहाँ पर वे सब परस्पर मे गुणमात्र स्वरूप वाले धर्म और अधर्म को वर तथा अनुग्रह से प्रारम्भ किया करते हैं ॥३०॥ सब तुल्य हैं और प्रसृष्ट होने के लिये सर्ग के आदि विक्रिया को प्राप्त हुआ करते हैं। उनके प्रति गुण धावन किया करते हैं। जो-जो जिसको रुचता है वे गुण सृष्टि से पूर्व जो थे उन सबको प्राप्त हो जाते हैं और वे ही सृष्टमान होते हुए पुन पुन प्रतिपन्न होते हैं ॥३१-३२॥ हिंस्र-अहिंस्र, मृदु-क्रूर, धर्म-अधर्म, और आवृत तथा अनृत मे तत्तत् भावों से भावित होते हुए जो जिसको रुचता है प्रपन्न हुआ करते हैं ॥३३॥ इन्द्रियार्थ मूर्तियों मे और महाभूतों में नानात्व होता है। भूतों के विप्रयोग गुणों से सवृत्त हुआ करते

है ॥३४॥ यह मैंने संक्षेप में पुनः सर्ग का वर्णन कर दिया है। अब संक्षेप से ही ब्रह्म का समुद्भव कहूँगा ॥३५॥

अव्यक्तात्कारणात्तस्मान्नित्यात्सदसदात्मकात् ।
प्रधानपुरुषाभ्यां तु जायते च महेश्वरः ॥३६
स पुनः सम्भावयिता जायते ब्रह्मसंज्ञितः ।
सृजते स पुनर्लोकानभिमानगुणात्मकान् ॥३७
महद्भावस्तु महतस्तस्माद्भूतानि चात्मनः ।
युगपत् सम्प्रवर्त्तन्ते भूतान्येवेन्द्रियाणि च ।
भूतभेदाश्च भूतेभ्य इति सर्गः प्रवर्त्तते ॥३८
विस्तरावयवस्तेषां यथाप्रज्ञं यथाश्रुतम् ।
कीर्तितो वो यथा पूर्वं तथैवाप्युपधार्यताम् ॥३९
एतच्छ्रुत्वा नैमिषेयास्तदानीं लोकोत्पत्तिं संस्थितिं च व्यवस्थाम् ।
तस्मिन् सत्रेऽवभृथं प्राप्य शुद्धाः पुण्यं लोकमृषयः प्राप्नुवन्ति ॥४०
यथा यूयं विधिवद्देवतादीनिष्ट्वा चैवावभृथं प्राप्य शुद्धाः ।
स्वचरिता देहनाशोऽन्ते कृतार्थान्पुण्याल्लोकान्प्राप्य यथेष्टं चरिष्यथ ॥४१
एते तु नैमिषेया इष्ट्वा सृष्ट्वा च यं तदा ।
जग्मुश्चावभृथस्नाता स्वर्गं सर्वे तु सत्रिणः ॥४२

सत् और असत् स्वरूप वाले तथा नित्य उस अव्यक्त कारण से और प्रधान पुरुषों से महेश्वर समुत्पन्न होते हैं ॥३६॥ वह फिर सम्भावयिता ब्रह्मा नाम वाला होता है और वह अभिमान गुणात्मक लोकों का सृजन किया करता है ॥३७॥ महत् तत्त्व से अहङ्कार उत्पन्न होता है और उस अहङ्कार से भूतों की तन्मात्राएँ उत्पन्न होती हैं और फिर एक ही साथ भूत तथा इन्द्रियाँ समुत्पन्न हुआ करते हैं। भूतों से भूतों के भेद होते हैं—इस प्रकार से यह सर्ग प्रवृत्त हुआ करता है ॥३८॥ उनका विस्तारावयव मैंने अपनी बुद्धि के अनुसार और जैसा गुरु से सुना था उसके अनुसार तुम्हारे सामने कह दिया है। जैसा पहिले कहा था वैसा ही इस समय भी समझ लेना चाहिए ॥३९॥ नैमिषारण्य के निवास करने वाले ऋषियों ने उस समय यह श्रवण करके जिसमें लोकों की उत्पत्ति—

सस्थिति और उपसहृति थी उस सत्र मे अवभृथ को—प्राप्त करके शुद्ध होने वाले ऋषिगण परम पुण्य लोक को प्राप्त होते हैं ॥४०॥ जिस प्रकार से आप लोग विधि–विधान के साथ देवता आदि का यजन करके और अवभृथ को प्राप्त करके शुद्ध हुए आयु के अन्त मे देहो का परित्याग करके जिनके द्वारा सभी अर्थों की प्राप्ति कर ली गई है और सफल हो चुके हैं फिर परम पुण्य लोको की प्राप्ति करके यथेष्ट विचरण करेंगे ॥४१॥ ये सब नैमिषारण्य वासी मुनिगण यजन और सृजन करके उस समय मे अवभृथ स्नान करने वाले सब सत्री स्वर्ग लोक को चले गये थे ॥४२॥

विप्रास्तथा यूयमपि चेष्ट्वा बहुविधैर्मखैः ।
आयुषोऽन्ते ततः स्वर्गं गन्तारास्थ द्विजोत्तमा ॥४३
प्रक्रिया प्रथमे पादे कथावस्तुपरिग्रह ।
अनुषङ्ग उपोद्घात उपसहार एव च ॥४४
एवमेतच्चतुष्पाद पुराण लोकसम्मतम् ।
उवाच भगवान् साक्षाद्वायुर्लोकहिते रत ॥४५
नैमिषे सत्रमासाद्य मुनिभ्यो मुनिसत्तमा ।
तत्प्रसादादसदिग्ध भूतोत्पत्तिलयानि च ॥४६
प्राधानिकीमिमा सृष्टि तथैवेश्वरकारिताम् ।
सम्यग्विदित्वा मेधावी न मोहमधिगच्छति ॥४७
इद यो ब्राह्मणो विद्वानितिहास पुरातनम् ।
शृणुयाच्छ्रावयेद्वापि तथाध्यापयतेऽपि च ॥४८
स्थानेषु स महेन्द्रस्य मोदते शाश्वती समा ।
ब्रह्मसायुज्यगो भूत्वा ब्रह्मणा सह मोदते ॥४६

हे विप्रोत्तमो ! हे विप्रगण ! इसी प्रकार से भी आप लोग भी बहुत प्रकार के मखो के द्वारा यजन करके आयु के अन्त मे स्वर्गलोक मे चले जाओगे ॥४३॥ पुराण के प्रथम पाद में कथा वस्तु का परिग्रह होता है और फिर अनुषङ्ग—उपोद्घात तथा उपसहार होता है ॥४४॥ इस प्रकार से यह चार पादो वाला पुराण लोक सम्मत होता है । लोक-हित मे रत रहने

वाले भगवान् वासुदेव ने साक्षात् यह कहा है ॥४५॥ नैमित्त ईश्वर ने मुनिगण से घिरे हुए तत्त्व को प्राप्त करके हे मुनि श्रेष्ठो ! वहाँ उनके प्रसाद से सन्देह रहित हो जाता है और भूतों की उत्पत्ति तथा लय यह प्राधानिकी अर्थात् प्रधान से होने वाली सृष्टि तथा ईश्वर के द्वारा कराई हुई सृष्टि का भली भाँति ज्ञान प्राप्त करके मेधावी पुरुष फिर कभी मोह को प्राप्त नहीं होता है ॥४६-४७॥ कोई विद्वान् ब्राह्मण इस पुरातन इतिहास का श्रवण करता है अथवा किसी को श्रवण कराता है या इसे को पढ़ा देता है वह फिर महेन्द्र के स्थानों में अनेक वर्षों तक मोद प्राप्त किया करता है तथा ब्रह्म सायुज्य को प्राप्त करने वाला होकर ब्रह्मा के साथ मोक्ष को प्राप्त हो जाता है ॥४८-४९॥

तेषां कीर्त्तिमतां कीर्त्ति प्रजेशानां महात्मनाम् ।
प्रथयन्पृथिवीशानां ब्रह्मभूयाय गच्छति ॥५०
धन्यं यशस्यमायुष्यं पुण्यं वेदैश्च सम्मितम् ।
कृष्णद्वैपायनेनोक्तं पुराणं ब्रह्मवादिना ॥५१
मन्वन्तरेश्वराणां च यः कीर्त्ति प्रथयेदिमाम् ।
देवतानामृषीणाञ्च भूरिद्रविणतेजसाम् ।
स सर्वैर्मुच्यते पापैः पुण्यञ्च महदाप्नुयात् ॥५२
यश्चेदं श्रावयेद्विद्वान्सदा पर्वणि पर्वणि ।
धूतपाप्मा जितस्वर्गो ब्रह्मभूयाय कल्पते ॥५३
यश्चेदं श्रावयेच्छ्राद्धे ब्राह्मणान्पादमन्ततः ।
अक्षय्यं सार्वकामीयं पितॄंस्तच्चोपतिष्ठति ॥५४
यस्मात्पुरा ह्यनन्तीदं पुराणं तेन चोच्यते ।
निरुक्तमस्य यो वेद सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥५५
तथैव त्रिषु वर्णेषु ये मनुष्याः प्रधानतः ।
इतिहासमिमं श्रुत्वा धर्माय विदधे मतिम् ॥५६
यावन्त्यस्य शरीरेषु रोमकूपाणि सर्वशः ।
तावत्कोटिसहस्राणि वर्षाणां दिवि मोदते ।
ब्रह्मसायुज्यगो भूत्वा दैवतैः सह मोदते ॥५७

उन कीर्ति वाले महात्मा प्रजाओं के ईश और पृथिवी के स्वामियो की कीर्ति का विस्तार करते हुए वह ब्रह्म भूय अर्थात् ब्रह्म के ही स्वरूप प्राप्त करने के लिये हो जाया करता है ।।५०।। ब्रह्मवादी श्रीकृष्ण द्वैपायन के द्वारा कथित यह पुराण परम धन्य है तथा अति पुण्यमय है। यह आयु के प्रदान करने वाला–यश बढ़ाने वाला और वेदो के द्वारा सम्मत है ।।५१।। मन्वन्तरों के ईश–अधिक द्रविण तथा तेज वाले देवता और ऋषि वर्ग कीर्ति को जो प्रथित किया करता है वह सब प्रकार के पापो से मुक्त हो जाता है एव महान् पुण्य को प्राप्त किया करता है ।।५२।। जो विद्वान् इसको पर्व–पर्व पर इसका श्रावण कराता है वह पापो को नष्ट करने वाला और स्वर्ग को भी जीत लेने वाला ब्रह्म के सदृश ही होजाता है ।।५३।। और जो इसको श्राद्ध म अन्त का पाद हो ब्राह्मणों को श्रवण कराता है वह अक्षय समस्त कामनाओ से पूर्ण पितरो को करके स्वय भी वहाँ पर उपस्थित हुआ करता है ।।५४।। जिसके द्वारा यह पुराण पहिले कहा जाता है और जो इसके निरुक्त को जानता है वह सम्पूर्ण पापो से प्रमुक्त होजाता है ।।५५।। इसी प्रकार से तीनो वर्णों मे प्रधानतया जो मनुष्य इस पुनीत पुराण का श्रवण करके धर्म के लिये अपनी मति करता है उसके शरीर म जितन रोमो के छिद्र होत हैं उतन ही सहस्र कोटि वर्ष पर्यन्त वह दिवलोक मे रहकर मोद प्राप्त किया करता है ।।५७।।

सर्वपापाहर पुण्य पवित्रञ्च यशस्वि च ।
ब्रह्मा ददौ शास्त्रमिद पुराण मातरिश्वने ।।५८
तस्माच्चोशनसा प्राप्त तस्माच्चापि बृहस्पति ।
बृहस्पतिस्तु प्रोवाच सवित्रे तदनन्तरम् ।।५९
सविता मृत्यवे प्राह मृत्युश्चेन्द्राय वै पुन ।
इन्द्रश्चापि वसिष्ठाय सोऽपि सारस्वताय च ।।६०
सारस्वतस्त्रिधाम्ने च त्रिधामा च शरद्वते ।
शरद्वतस्त्रिविष्टाय सोऽन्तरिक्षाय दत्तवान् ।।६१
वर्षिणे चान्तरिक्षो वै सोऽपि त्रय्यारुणाय च ।
त्रय्यारुणो धनञ्जये स च प्रादात्कृतञ्जये ।।६२

कृतञ्जयात्तृणञ्जयो भरद्वाजाय सोऽप्यदात् ।
गौतमाय भरद्वाजः सोऽपि निर्यन्तरे पुनः ॥६३
निर्यन्तरस्तु प्रोवाच तथा वाजश्रवाय च ।
स ददौ सोमशुष्माय स ददौ तृणबिन्दवे ॥६४

समस्त पापों का हरण करने वाला—परम पुण्यमय-पवित्र और सब से परिपूर्ण शास्त्र ब्रह्माजी ने वायुदेव के लिये प्रदान किया था ॥५८॥ उन वायु देव से इसे उशना कवि ने प्राप्त किया था और भार्गव शुक्र से इसकी प्राप्ति बृहस्पति ने की थी। फिर बृहस्पति ने सविता देव को इसको बताया था और इसके अनन्तर सविता ने मृत्यु देव को कहा था। मृत्युदेव ने इन्द्रदेव को बताया था। इन्द्रदेव ने वशिष्ठ मुनि को कहा था तथा वशिष्ठ ने सारस्वत को बताया था ॥५९-६०॥ सारस्वत ने त्रिधामा को इसे बताया था और फिर त्रिधामा ने शरद्वान् को इसको सुनाया था। शरद्वान् ने त्रिविष्ट को और त्रिविष्ट ने इसका ज्ञान अन्तरिक्ष को दिया था। अन्तरिक्ष ने वर्षी को इस पुराण का ज्ञान प्रदान किया था और वर्षी ने त्रय्यारुण को बताया था त्रय्यारुण ने धनञ्जय को और धनञ्जय ने कृतञ्जय को इसका ज्ञान दिया था ॥६१-६२॥ कृतञ्जय से तृणा-ञ्जय ने प्राप्त किया था तथा तृणञ्जय से भरद्वाज मुनि ने इसे पाया था। भरद्वाज ने गौतम को प्रदान किया और निर्यन्तर को प्रदान किया था। निर्यन्तर ने इसका ज्ञान वाजश्रव को प्रदान किया था। उनने फिर इसे सोमशुष्म को दिया था। सोमशुष्म ने तृणबिन्दु को प्रदान किया था ॥६३-६४॥

तृणबिन्दुस्तु दक्षाय दक्षः प्रोवाच शक्तये ।
शक्तेः पराशरश्चापि गर्भस्थः श्रुतवादिनम् ॥६५
पराशराज्जातुकर्णस्तस्माद्द्वैपायनः प्रभुः ।
द्वैपायनात्पुनश्चापि मया प्राप्तं द्विजोत्तमाः ॥६६
मया वै तत्पुनः प्रोक्तं पुत्रायामितबुद्धये ।
इत्येव वाचा ब्रह्मादिगुरुणा समुदाहृता ॥६७
नमस्कार्याश्च गुरवः प्रयत्नेन मनीषिभिः ।
धन्यं यशस्यमायुष्यं पुण्यं सर्वार्थसाधकम् ॥६८

पापघ्न नियमेनेदं श्रोतव्यं ब्राह्मणैं सदा ।
नाशुचौ नापि पापाय नाप्यसंवत्सरोषिते ॥६९
नाश्रद्दधानाविदुषे नापुत्राय कथञ्चन ।
नाहिताय प्रदातव्यं पवित्रमिदमुत्तमम् ॥७०
अव्यक्तं वै यस्य योनिं वदन्ति व्यक्तं देहं कालमन्तर्गतञ्च ।
वह्नि वक्त्रं चन्द्र सूर्यौ च नेत्रे दिशः श्रोत्रे घ्राणमाहुश्च वायुम् ॥७१
वाचो वेदाश्चान्तरिक्षं शरीरं क्षितिः पादौ तारका रोमकूपान् ।
सर्वाणि चाङ्गानि तथैव तानि विद्यास्सर्वा यस्य पुच्छं वदन्ति ॥७२
तं देवदेवं जननं जनानां सर्व्वेषु लोकेषु प्रतिष्ठितञ्च ।
वरं वराणां वरदं महेश्वरं ब्रह्माणमादिं प्रयतो नमस्ये ॥७३

तृणविन्दु ने इसको दक्ष को श्रवण कराया था । दक्ष ने शक्ति को दिया था तथा शक्ति से गर्भ में ही स्थित पराशर ने इसका श्रवण किया था ॥६५॥ पराशर से जातुकर्ण्य ने तथा जातुकर्ण्य से द्वैपायन ने इसका ज्ञान प्राप्त किया था और हे द्विजोत्तमो ! द्वैपायन महर्षि से मुझे इसके ज्ञान प्राप्त करने का सौभाग्य मिला था ॥६६॥ वायुपायन ने कहा—मैंने फिर इस पुराण रत्न का ज्ञान अमित बुद्धि पुत्र को प्रदान किया था । इसी प्रकार से यह ब्रह्मादि गुरु वर्ग के द्वारा वाणी में यह पुराण कहा गया है । मनीषियों को समस्त गुरु वर्ग को सर्व प्रथम प्रणाम करना चाहिए यह पुराण परम धन्य है—यश तथा आयु के प्रदान करने वाला परम पुण्यमय और सम्पूर्ण अर्थों का साधक है ॥६७-६८॥ यह पुराण पापों के नाश करने वाला है । ब्राह्मणों को इसका श्रवण नियम पूर्वक सर्वदा करना चाहिए । यह परम पवित्र एवं अत्युत्तम पुराण है । इसका श्रवण अशुचि-पापी और ऐसा जो एक वर्ष से कम पास में रहा हो कभी भी उसका श्रवण नहीं कराना चाहिए । जो श्रद्धालु न हो—विद्वान् न हो तथा पुत्र रहित हो एवं अहित हो उसे किसी भी प्रकार से इसका श्रवण नहीं करावे ॥६९-७०॥ जिसकी योनि अव्यक्त है तथा देह को व्यक्त और काल को अन्तर्गत कहते हैं । वह्नि को मुख—चन्द्र और सूर्य को नेत्र—दिशाओं को श्रोत्र तथा वायु को घ्राण कहा गया है । वेदों को जिसकी वाणी तथा अन्तरिक्ष को

शरीर—क्षिति को चरण एवं तारकों को रोमकूप बताया गया है। उसके अन्य भी सम्पूर्ण अङ्ग भी उसी प्रकार के जानने चाहिए और सभी जिसके पुच्छ कहे जाते हैं उस देव को जो जनों का जन्म स्थान है और सब लोकों में प्रतिष्ठित है। वरों में भी वरदान देने वाले आदि ब्रह्मा महेश्वर को प्रसन्न होकर नमस्कार करता हूँ ॥७१-७२ ७३॥

## प्रकरण ६६—व्यास संशय वर्णन

सूत सूत महाभाग त्वया भगवता सता ।
व्यासप्रसादाधिगतशास्त्रसम्बोधनेन च ॥१
अष्टादशपुराणानि सेतिहासानि चानघ ।
उपक्रमोपसहार विधिनोक्तानि कृत्स्नश ॥२
पुराणेष्वेषु बहवो धर्मास्ते विनिरूपिता ।
रागिणाञ्च विरागाणा यतीना ब्रह्मचारिणाम् ।
गृहस्थाना वनस्थाना स्त्रीशूद्राणा विशेषत ॥३
ब्राह्मणक्षत्रियविशा ये च सङ्करजातय ।
गङ्गाद्या या महानद्यो यज्ञव्रततपासि च ॥४
अनेकविधदानानि यमाश्च नियमै सह ।
योगधर्मा बहुविधा साख्या भागवतास्तथा ॥५
भक्तिमार्गा ज्ञानमार्गा वैराग्यानिलनीरजा ।
उपासनविधिश्चोक्त कर्मसशुद्धिचेतसाम् ॥६
ब्राह्म शैव वैष्णव च सौर शाक्त तथार्हतम् ।
षड् दर्शनानि चोक्तानि स्वभावनियतानि च ॥७

शौनक आदि ऋषियों ने कहा—हे सूतजी ! आप तो महान् भाग वाले हैं आपने भगवान् व्यास देव से भली भाँति ज्ञान पूर्वक परम उनकी कृपा के प्रसाद से इस शास्त्र का अध्ययन किया है हे निष्पाप ! आपने अष्टादश पुराण

तथा इतिहास सम्पूर्ण उपक्रम एवं उपसंहार पूर्वक वर्णन किये हैं ॥१-२॥ इस पुराणों में आपने बहुत-से धर्मों का निरूपण किया है उनमें रागियों के विरागों के-यतियों के-ब्रह्मचारियों के-गृहस्थों के-वानप्रस्थों के और विशेष रूप से स्त्रियों के तथा शूद्रों के धर्मों का आपने निरूपण किया है ॥३॥ जो ब्राह्मण-क्षत्रिय और वैश्य द्विजातियाँ और जो सङ्कर जातियाँ हैं—गङ्गा आदि महा नदियाँ और यज्ञ, व्रत तप प्रभृति हैं। अनेक प्रकार के दान-यम और नियम तथा बहुत तरह के योग धर्म-सांख्य धर्म एव भागवत धर्म हैं। भक्ति मार्ग और ज्ञान मार्ग जोकि वैराग्य अनिल नीर से उत्पन्न होने वाले हैं। इन सबका आपने वर्णन किया है तथा कर्मों की सद्युद्धि से समन्वित चित्त वालों की उपासना की विधि का आपके द्वारा वर्णन किया गया है ॥३-४ ५-६॥ आपने ब्राह्म-शैव-वैष्णव-शाक्त-और तथा अर्हन इन स्वभाव से नियत छै दर्शनों को कहा है ॥७॥

एतदन्यच्च विविध पुराणेषु निरूपितम् ।
अत पर किमप्यस्ति न वा वाद्धव्यमुत्तमम् ॥८
न ज्ञायेत यदि व्यासो गोपायेदथ वा भवान् ।
अत्र न सशय छिन्धि पूर्णो पौराणिको यत ।९
शृणु शौनक वक्ष्यामि प्रश्नमेन सुदुर्लभम् ।
अतिगोप्यतर दिव्यमनाख्येय प्रचक्षते ॥१०
पराशरसुता व्यास कृत्वा पौराणिकी कथाम् ।
सर्ववेदार्थघटिता चिन्तयामास चेतसि ॥११
वर्णाश्रमरता धर्मो मया सम्यगुदाहृत ।
भुक्तिमार्गा बहुविधा उक्ता वेदाविरोधतः ॥१२
जीवेश्वरब्रह्मभेदो निरस्तः सूत्रनिर्णये ।
निरूपित पर ब्रह्म श्रुतियुक्तविचारतः ॥१३
अक्षर परम ब्रह्म परमात्मा पर पदम् ।
यदर्थ ब्रह्मचर्यादिवानप्रस्थयतिव्रतम् ॥१४

यह सब तथा अन्य अनेक प्रकार के विषयों का पुराणों में आपने निरूपण किया है। इनसे आगे अन्य कुछ भी जानने के योग्य उत्तम विषय शेष नहीं

रहता है ॥८॥ यह नहीं जाना जाता है कि व्यास महर्षि अथवा आपने इसमें कुछ गोपन किया है। यहाँ पर आप हमारे संशय का छेदन कीजिए क्योंकि पूर्ण पौराणिक हैं ॥९॥ श्री सूतजी ने कहा—हे शौनक! आप ध्यान पूर्वक श्रवण करो मैं इस सुदुर्लभ प्रश्न का उत्तर देता हूँ। अति गोप्य तम वस्तु आख्येय नहीं होती है ॥१०॥ पराशर मुनि के पुत्र महर्षि व्यास देव ने समस्त वेदों के अर्थ से अन्वित पौराणिकी कथा का सम्पादन करके फिर चित्त में चिन्तन किया था ॥११॥ मैंने वर्णों तथा आश्रमों के पालन करने वाले लोगों के धर्म को भली भाँति कथन किया है और वेद के अविरोध रखते हुए बहुत प्रकार से मुक्ति के मार्गों का भी निरूपण कर दिया है ॥१२॥ सूत्र के निर्णय में जीव ईश्वर और ब्रह्म का भेद निरस्त किया है और श्रुति से युक्त विचार द्वारा पर ब्रह्म का निरूपण किया है ॥१३॥ परम ब्रह्म अक्षर है और परमात्मा ही परम पद होता है जिसके प्राप्त करने के लिये ही ब्रह्मचर्य से आदि लेकर वानप्रस्थ एवं यति के व्रत कहते हैं ॥१४॥

आचरन्ति महाप्राज्ञा धारणाश्च पृथग्विधाम् ।
आसन प्राणरोधश्च प्रत्याहारश्च धारणा ॥१५
ध्यान समाधिरेतानि यमैश्च नियमैः सह ।
अष्टाङ्गानि यदर्थंश्च चरन्ति मुनिपुङ्गवा ॥१६
यदर्थं कर्म कुर्वन्ति वेदाज्ञामात्रतत्परा ।
परार्पणधिया सम्यग् निष्कामा कलिलोज्झिता ॥१७
यज्ज्ञात्वै निरावर्त्तुं पापाचरणमात्मन ।
गङ्गादितीर्थचर्याणि निषेवन्ते शुचिव्रता ॥१८
तद्ब्रह्म परम शुद्धमनाद्यन्तमनामयम् ।
नित्य सर्वगत स्थाणु कूटस्थ कूटवर्जितम् ॥१९
सर्वेन्द्रियचराभास प्राकृतेन्द्रियवर्जितम् ।
दिक्कालाद्यनवच्छिन्न नित्य चिन्मात्रमव्ययम् ॥२०
अध्यास्त सर्ववद्यत्र विश्वमेतत्प्रकाशते ।
विश्वस्मिन्नपि चान्वेति निर्विकारश्च रज्जुवत् ॥२१

महान् पण्डित लोग धारणा को पृथक् प्रकार का आचरण किया करते हैं। मुनियों में श्रेष्ठ लोग यम और नियमों के साथ आसन–प्राणरोध–प्रत्याहार–धारणा–ध्यान–समाधि–इन आठ अङ्गों को जिसके लिये किया करते हैं ॥१५-१६॥ वेद की केवल आज्ञा में ही परायण रहने वाले परार्पण की बुद्धि में कलिलोज्झित और निष्काम होते हुए भली भाँति जिसके लिये कर्म किया करते हैं ॥१७॥ जिसकी ज्ञप्ति (ज्ञान) के लिये शुचि व्रत वाले होकर अपनी आत्मा के पाप के आवरणों का निराकरण करने के लिये गङ्गा आदि महान् तीर्थों का आचरण और सेवन किया करते हैं ॥१८॥ वह ब्रह्म परम शुद्ध आदि-अन्त से रहित–अनामय–नित्य–सब में रहने वाला–स्थाणु–कूटस्थ–कूटवर्जित–सर्वेन्द्रिय वराभास–प्राकृत इन्द्रियों से वर्जित–दिशा और काल आदि से अनवच्छिन्न–नित्य–चिन्मात्र अर्थात् ज्ञान स्वरूप–अव्यय और सर्पवत् अध्यास्त है जिसमें यह विश्व प्रकाशित होता है और इस विश्व में भी निर्विकार रज्जु की भाँति अनुगमन किया करता है ॥१९-२०-२१॥

सम्यग्विचारित यद्वत्फेनोर्मिबुद्बुदोदकम् ।
तथा विचारितं ब्रह्म विश्वस्माद्य पृथग्भवेत् ॥२२
सर्वं ब्रह्मैव नानात्वं नास्तीति निगमा जगुः ।
यस्माद्भवन्ति ब्रह्माण्डकोटयो न भवन्ति च ॥२३
यदुन्मेषनिमेषाभ्यां जगतां प्रलयोदयौ ।
भवेतां या परा शक्तिर्यदाधारतया स्थिता ॥२४
यस्मिन्निदं यतश्चेदं येनेदं यदिदं स्मृतम् ।
यदज्ञानाज्जगद्भाति यस्मिन् ज्ञाते जगन्न हि ॥२५
असत्यं यज्जडं दुःखमवस्त्विति निरूपितम् ।
विपरीतमतो यद्वै सच्चिदानन्दमूर्त्तिकम् ॥२६
जीवे जाग्रति विश्वाख्यं स्वप्ने यत्तैजसं स्मृतम् ।
सुषुप्तौ प्राज्ञसंज्ञं तत्सर्वावस्थासु संस्मृतम् ॥२७
यच्चक्षुषा चक्षुरथ श्रोत्राणां श्रोत्रमस्ति च ।
त्वक् त्वचां रसनं तस्य प्राणं प्राणस्य यद्विदुः ॥२८

भली भाँति विचार किया हुआ वह फेन की तरङ्ग वाले उदक में बुद-बुदे की भाँति होता है। उसी तरह से विचारित ब्रह्म इस विश्व से पृथक् नहीं होता है ॥२२॥ यह सम्पूर्ण ब्रह्म ही है, नानात्व नहीं है—ऐसा निगमों ने गान किया है अर्थात् वेदों ने बताया है। जिससे करोडो ब्रह्माण्ड हुआ करते हैं और नहीं भी होते हैं ॥२३॥ जिसके उन्मेष तथा निमेषों से अर्थात् नेत्र के पलकों के खोलने तथा मूँदने से ही इन समस्त जगतों के उदय तथा प्रलय हुआ करते हैं। जो कि परम आधार की शक्ति है जिसके आधार को ग्रहण करके यह स्थित है ॥२४॥ यह जिसमे है—जिससे यह है—जिसके द्वारा यह है और जो यह कहा गया है। जिसके अज्ञान से यह जगत् प्रतीत होता है अर्थात् दिखलाई देता है और जिसके ज्ञात होजाने पर अर्थात् जिसका पूर्णतया ज्ञान प्राप्त कर लेने पर यह जगत् कुछ भी नही है ॥२५॥ जो असत्य है वही जड एवं दुःख स्वरूप होता है—ऐसा निरूपण किया गया है। इसके विपरीत जो है वह सत्-चित् और आनन्द के स्वरूप वाला होता है ॥२६॥ जीव के जाग्रत् होने पर वह विश्व नाम वाला है और स्वप्न मे जो तैजस बताया गया है। सुषुप्ति की दशा मे प्राज्ञ सज्ञा वाला होता है वह सभी अवस्थाओं मे सस्मृत किया गया है ॥२७॥ जो चक्षुओं का चक्षु है—श्रोत्रों का श्रोत्र है—त्वचाओं का त्वक् रसना का रस और प्राण का भी प्राण कहा गया है ॥२८॥

बुद्धिज्ञनिन च प्राणः क्रियामक्त्या निरन्तरम् ।
यन्नेशिरे समम्येतु ज्ञातु च परमार्थत. ॥२९
रज्जावहिर्मरौ वारि नीलिमा गगने यथा ।
असद्विश्वमिद भाति यस्मिन्नज्ञानकल्पितम् ॥३०
घटावच्छिन्न एवाय महाकाशो विभिद्यते ।
कार्योपाधिपरिच्छिन्न तद्वद्ज्जीवसज्ञिकम् ॥३१
मायया चित्रकारिण्या विचित्रगुणशीलया ।
ब्रह्माण्ड चित्रमतुल यस्मिन् भित्ताविवार्पितम् ॥३२
धावतोऽन्यानतिक्रान्त वदतो वागगोचरम् ।
वेदवेदान्तसिद्धान्तैर्विनिर्णीत तदक्षरम् ॥३३

अक्षरान्न पर किञ्चित्सा काष्ठा सा परा गति. ।
इत्येव श्रूयते वेदे बहुधापि विचारिते ॥३४
अक्षरस्यात्मनश्चापि स्वात्मरूपतया स्थितम् ।
परमानन्दसन्दोहरूपमानन्द विग्रहम् ॥३५

ज्ञान के द्वारा बुद्धि और निरन्तर क्रिया की शक्ति से प्राण जिसके समभ्यास करने के लिये तथा परमार्थ से ज्ञान प्राप्त करने के लिये समर्थ नही होते हैं ॥२६॥ रज्जु (रस्सी) मे अहि सर्व-मरु मे (मृग तृष्णा अर्थात् बालू मे) जल और जिस तरह से अन्तरिक्ष मे नीलिमा प्रतीत हुआ करती है उसी भाँति यह असत् विश्व जिसमे अज्ञान से कल्पना किया हुआ प्रतीत तथा भान हुआ करता है ॥३०॥ जिस प्रकार से एक घट में अवच्छिन्न होकर अर्थात् पोल के अन्दर रहकर यह महान् आकाश विभिन्न होजाता है अर्थात् भिन्न स्वरूप वाला दिखाई दिया करता है ठीक उसी भाँति कार्य एव उपाधि से परिछिन्न होकर यह जीव की सज्ञा वाला पृथक् २ दिखलाई देता है ॥३२॥ अद्भुत गुण और शील (स्वभाव) वाली तथा चित्र-विचित्र कार्यों के करने वाली माया के द्वारा यह सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड जिसमे भित्ति मे अर्पित के समान अद्भुत प्रतीत होता है। धावन करते हुए यह अन्य के द्वारा अति क्रान्त नही होता है और बोलने वाले की वाणी का भी अगोचर है अर्थात् वाणी का प्रत्यक्ष विषय नही होता है। अतएव वेदो और वेदान्तो के द्वारा इसे अक्षर निर्णीत किया गया है ॥३२-३३॥ इस अक्षर से परे अर्थात् आगे फिर कुछ भी नही है वही परा काष्ठा अर्थात् चरम सीमा है और वही परागति है। बहुत कुछ अनेक प्रकार से विचार एव मनन करने पर भी वेद मे यह ही सुना जाया करता है ॥३४॥ अक्षर आत्मा का भी स्वात्म रूपता से स्थित यह परम आनन्द का सन्दोह स्वरूप एव एक आनन्द के विग्रह वाला अर्थात् केवल आनन्दमय होता है ॥३५॥

एव ब्रह्मणि चिन्मात्रे निर्गुणे भेदवर्जिते ।
गोलोकसज्ञिके कृष्णो दीव्यतीति श्रुत मया ॥३६
नात परतर किञ्चिन्निगमागमयोरपि ।
तथापि निगमो वक्ति ह्यक्षरात् परत. पर. ॥३७

गोलोकवासी भगवानक्षरात्पर उच्यते ।
तस्मादपि पर कोऽसौ गीयते श्रुतिभि सदा ॥३८
उद्दिष्टो वेद वचनैर्विशेषो ज्ञायते कथम् ।
श्रुतेर्वार्थोऽन्यथा बोध्य परतस्त्वक्षरादिति ॥३९
श्रुत्यर्थे सशयापन्नो व्यास सत्यवतीसुत ।
विचारयामास चिर न प्रपेदे यथातथम् ॥४०
विचारयन्नपि मुनिर्नापि वेदार्थनिश्चयम् ।
वेदो नारायण साक्षाद्यत्र मुह्यन्ति सूरय ॥४१
तथापि महतीमार्त्ति सता हृदयतापिनीम् ।
पुनर्विचारयामास क व्रजामि करोमि किम् ॥४२
पश्यामि न जगत्यस्मिन्सर्वज्ञ सर्वदर्शनम् ।
अज्ञात्वाऽन्यतम लोके सन्देहविनिवर्त्तकम् ॥४४

इस प्रकार से चिन्मात्र ( केवल ज्ञान स्वरूप ) गुणो से रहित तथा भेद से वर्जित ब्रह्म म जो कि गोलोक की सज्ञा वाले मे कृष्ण दीप्यमान होता है—ऐसा मैंने श्रवण किया है ॥३६॥ इससे परे कुछ भी निगम और आगमो मे भी नही है । तोभी निगम परात्पर अक्षर से भी पर गोलोक मे नित्य निवास करने वाले भगवान् है—ऐसा कहा जाता है । श्रुतियो के द्वारा सदा उससे भी परे यह कौन है—यह सदा गाया जाता है ॥३७॥ वेद के वचनो के द्वारा जो उद्देश्य है वह विशेष कैसे जाना जाता है अथवा "परतोऽक्षरात्" इस भाग का श्रुति का अर्थ अन्य प्रकार से जानना चाहिये । इस प्रकार से सत्यवती के आत्मज व्यासदेव ने इस श्रुति के अर्थ मे सशय को प्राप्त होकर अधिक समय तक विचार किया था किन्तु तोभी यथार्थ अर्थ को प्राप्त नही होसके थे ॥३८॥-३९-४०॥ श्री सूतजी ने कहा—इस तरह बहुत समय तक विचार करते हुए भी व्यास मुनि वेद के अर्थ का निश्चय नही कर सके थे । वेद तो साक्षात् नारायण भगवान् का स्वरूप है जहाँ पर बडे २ महामनीषी भी मोह को प्राप्त होजाया करते है ॥४१॥ सत्पुरुषो के हृदय को ताप पहुँचाने वाली बडी भारी आर्त्ति ( पीडा ) को वे प्राप्त होकर फिर विचार करने लगे थे कि अब इस हृदय के

सशय को निवारण करने के लिये मैं किसके समीप मे जाऊँ और क्या उपाय करूँ ॥४२॥ इस जगत् मे मैं ऐसा सर्वज्ञ और सब कुछ को देखने वाला किसी को भी नहीं देखता हूँ। इस तरह अन्य किसी को भी लोक मे इस अपने सदेह को निवृत्त कर देने वाला न देखकर उन्होने तपस्या करने का ही निर्णय किया था ॥४३॥

मेरो. कुहरिणी गत्वा चचार परम तप ।
यत्र कार्त्तस्वरस्फूर्जज्योत्स्नामूलैर्निरन्तरजा ॥४४
सदा प्रबाधते दिव्वक्तम.स्तोम दृशन्तुदम् ।
चकास्ते यत्र परम कान्तारमतिसुन्दरम् ॥४५
नानाद्रुमलताकुञ्जकूजत्पक्षिनिनादितम् ।
क्षुत्पिपासाभयक्रोधतापग्लानिविवर्जितम् ॥४६
जलाशयैर्बहुविधै पद्मिनीखण्डमण्डितै ।
जातरूपशिलानद्धतटसञ्चारपक्षिभि ॥४७
युक्तमम्भोज पवनै सेव्यमान समन्तत. ।
शिवैरध्यासितम्भावैर्हिस्रं सत्त्वै समुज्झितम् ॥४८
निर्जन दिव्यलतिकाप्रियखण्डविराजितम् ।
शुकै पारावतै रदं दं रुन्मदन्मत्तकोकिलम् ॥४९
उत्पतत्पद्मरजसा पाटलामोददिङ् मुखम् ।
तत्रापि काञ्चनी दिव्या गुहा परमशोभना ॥५०

फिर व्यास मुनि ने मेरु पर्वत की गुफा मे जाकर परम उग्र तप किया था जहाँ पर सुवर्ण की स्फुरित ज्योत्स्ना के समूह से निरन्तर पूर्ण प्रकाश रहा करता है ॥४४॥ और सदा ही नेत्रो को पीडा देने वाला चारो ओर फैला हुआ अन्धकार का समुदाय प्रबाधित होता है। जहाँ पर वन अत्यन्त सुन्दर स्वरूप से प्रकाशित होता रहता है ॥४५॥ उस वन मे अनेक प्रकार के वृक्ष तथा लताएँ सुशोभित हैं और उन पर पक्षियो का कलरव हुआ करता है जोकि बहुत ही श्रुति प्रिय है। वह वन भूख-प्यास-भय-क्रोध-ताप और ग्लानि से रहित है ॥४६॥ वहाँ बहुत से अनेक प्रकार के सुन्दरतम जलाशय हैं जिनमे कमलिनी

व समूहों की सुषमा छाई हुई है और सुवर्ण की शिलाओं से उनके तटों का निर्माण हो रहा है तथा वहाँ अनेक पक्षियों का सञ्चार बराबर होता रहा करता है ।।४७।। वह वन पक्षियों की मिश्रित वायु से सेव्यमान है तथा कल्याण प्रद भावों से युक्त और हिंसक जीवों से रहित है ।।४८।। वहाँ एकदम निर्जन स्थान है और वह परम दिव्य लताओं के द्वारा अत्यन्त शोभायमान है जहाँ शुक और पारावत अत्यन्त सुन्दर हैं और मत्त कोकिलों की मधुर ध्वनि श्रवण गोचर हुआ करती है ।।४९।। सभी दिशाओं में पद्मों की पराग उड़कर फैली हुई पाटलवर्ण एवं सुगन्ध दिखाई देती है और घ्राण को परम आमोद प्राप्त होता है। उसमें भी सुवर्ण की एक अत्यन्त दिव्य और अधिक शोभा से युक्त गुफा है ।।५०।।

ता प्रविश्य जिताहारो जितचित्तो जितासन
सस्मार वेदाश्चतुरस्तदेकाग्रमना मुनिः ।।५१
त्रयी जगाम शारदा शतस्य स्मरतोऽस्य हि ।
प्रादुरासस्ततो वेदाश्चत्वारश्चारुदर्शना ।।५२
स्फुरत्पद्मलाशाक्षा जटामुकुटधारिण ।
कुशमुष्टिकराम्भोजा मृगत्वङ्मण्डितासका ।।५३
स्वरै षोडशभि क्लृप्त वदना प्रणवान्तरा. ।
कचवर्गोद्भवैर्वर्णै पश्चावयवपाणयः ।।५४
पवर्गदक्षचरणा वामपादास्तवर्गत ।
तेषामन्तस्थवर्णाभो येषा कुक्षिद्वयात्मको ।।५५
नाभिनिद्रा कान्तपृष्ठा मोदरा यरलवोल्कचा. ।
अग्निदक्षाशरुचिरा घराग्रीवा भृतासका ।।५६
अन्तस्थसन्धिसस्थाना वैखरीवाग्विजृम्भिताः ।
अपश्यन्मथुरामेषा हृदयाम्भोजकल्पिताम् ।।५७
हरेर्भगवत साक्षादाविर्भावस्थली हि सा ।
काशीमपश्यद् भ्रूमध्ये मालामाधारसस्थिताम् ।।५८

उस गिरि गुफा मे व्यास मुनि ने प्रवेश किया था और आहार-चित्त तथा आसन को जीत कर वहाँ पर मुनि ने अत्यन्त एकाग्र मन करके चारो वेदो के अर्थ का भली भाँति स्मरण किया था ॥५१॥ इस प्रकार से स्मरण करते हुए मुनि को तीन सौ वर्ष व्यतीत हो गये थे। इसके अनन्तर वहा चारो वेदो का प्रादुर्भाव हुआ था जिसका दर्शन परम सुन्दर था ॥५२॥ वे चारो मूर्तिमान् वेद कमल के समान सुन्दर नेत्रो से युक्त थे तथा मस्तक पर जटा एव मुकुट धारण करने वाले थे। उनके हस्त कमलो मे कुशाग्रो का पुञ्ज था और कन्धे पर मृगछाला पडी हुई थी ॥५३॥ षोडश स्वरो से उनके मुख क्लृप्त थे जिनके मध्य मे प्रणव था। कवर्ग और चवर्ग से उत्पन्न होने वाले वर्णों के द्वारा उनके पाँचो अवयव और हाथ थे ॥५४॥ ट वर्ग से उनका दाहिना चरण था और तवर्ग से वाम पाद की रचना थी। उनकी दोनो कुक्षियाँ अन्तस्थ ( य र ल व ) वर्णों से युक्त थी ॥५५॥ नाभि निद्रा वाले-कान्त ( सुन्दर ) पृष्ठ ( पीठ ) वाले-मोदर तथा यर लव कच ( केश ) वाले थे। अग्नि दक्षाश से अत्यन्त रुचि-धरा की ग्रीवा ( गरदन ) वाले और कन्धो वाले थे ॥५६॥ अन्तस्थो से सन्धियो के सस्थान से समन्वित थे तथा वैखरी वाणी से विजृम्भित होने वाले थे। इनके हृदय कमल से कल्पित मथुरा को व्यास मुनि ने देखा था ॥५७॥ वह मथुरा भगवान् हरि की साक्षात् अविर्भाव होने की स्थली थी। भृकुटियों के मध्य मे आधार मे सस्थित माया स्वरूपिणी को तथा काशीपुरी का देखा था ॥५८॥

लिङ्गदेशे तत काञ्चीमवन्ती नाभिमण्डले ।
कण्ठस्था द्वारकामेषा प्रयागं प्राणग तथा ॥५६
सव्यापसव्ययोम्तेषा गङ्गाऽपि यमुना नदी ।
मध्ये सरस्वती साक्षाद् गयाक्षेत्र तथानने ॥६०
हनुग्रीवामध्यगत प्रभासक्षेत्रमुत्तमम् ।
वदर्याश्रममेतेषा ब्रह्मरन्ध्रे ददर्श ह ॥६१
पौण्ड्रवर्धननेपालपीठ नयनयोर्युगे ।
पीठ पूर्णगिरिनाम ललाटे समदृश्यन ॥६२

कण्ठे च मथुरापीठ काञ्चीपीठ कटिस्थितम्
जालन्धर तथा पीठ स्तनदेशेष्वदृश्यत ॥६३
भृगुपीठ कर्णदेशे ह्ययोध्या नासिकापुटे।
ब्रह्मरन्ध्रे स्थित ब्राह्म शव सीमन्तसीमनि ॥६४

लिङ्ग देश मे काञ्चीपुरी को और नाभि मण्डल मे अवन्तीपुरी को देखा था। कण्ठ देश मे सस्थित द्वारका को तथा प्राणो मे गमन करने वाले प्रयाग का दर्शन किया था ॥५६॥ उन वेदो मे बाईं और दाहिनी ओर मे गङ्गा तथा यमुना नदी को देखा था। उनके मध्य मे सरस्वती नदी थी और मुख के देश म साक्षात् गया क्षेत्र था ॥६०॥ ठोडी और ग्रीवा ( गरदन ) के मध्य मे रहने वाला उत्तम प्रभास क्षेत्र था। इनके ब्रह्मरन्ध्र मे बदयाश्रम था जिसका स्पष्ट तप व्यास मुनि ने दर्शन किया था ॥६१॥ दोनो देशो मे पौण्ड वर्धन नेपाल पीठ था और ललाट मे पूर्ण गिरिनाम वाला पीठ देखा था ॥६२॥ कण्ठ मे मथुरा पीठ तथा कटि प्रदेश मे काञ्ची पीठ था। तथा जाल धर पीठ स्तन देश म दिखाई दिया था ॥६३॥ कर्ण देश मे भृगुपीठ और नासिका देश मे अयोध्या पीठ था। ब्रह्मरन्ध्र मे ब्राह्म पीठ था और सीमान्त की सीमा मे शैव पीठ था ॥६४॥

शाक्त जिह्वाग्र धिषण वैष्णव हृदयाम्बुजे।
सौर चक्षु प्रदेशस्थ बौद्धञ्छायासु सङ्गतम् ॥६५
सौत्रामणि कण्ठदेशे पशुबन्धमथोरसि।
वाजपेय कटितटे ह्यग्निहोत्र तथानने ॥६६
अश्वमेध कटितटे नरमेधमथोदरे।
राजसूय शिरोदेशे आवसथ्य तथाऽधरे ॥६७॥
ऊर्ध्वोष्ठे दक्षिणाग्निश्च गार्हपत्य मुखान्तरे।
हव्य श्रुतौ मन्त्रभेदास्तथा रोमस्ववस्थितान्।
भूयैरेव महाराज पुराणन्यायमिश्रित ॥६८
सहिताभिश्च तन्त्रैश्च पृथक्पृथगुपासितान्।
कर्म ज्ञानोपासनाभिर्जनानुग्रहकारकान् ॥६९

दृष्ट्वा सुविस्मितमना मुनि कृष्णो बभूव तान् ।
ब्रह्मतेजोमयान्दिव्यास्तपतोऽर्कानिव च्युतान् ।
ज्वलतोऽग्नीनिवोदर्कान्कोटीन्दुसमदर्शनान् ।।७०

शाक्त पीठ जिह्वा के अग्र भाग मे स्थित था तथा हृदय कमल मे वैष्णव पीठ था। सौर पीठ चक्षु प्रदेश मे स्थित था तथा बौद्ध छायाओ मे सङ्गत था ।।६५।। कण्ठ प्रदेश मे सौत्रामणि उर मे पशुबन्ध–कटितट मे बाज पेय तथा आनन मे अग्नि होत्र था ।।६३।। कटितट मे अश्व मेध–उदर मे नरमेध शिरोदेश मे राजसूय तथा अधर मे आवसथ्य था ।।६७।। ऊपर के ओष्ठ मे दक्षिणाग्नि–मुख के अन्दर मे गार्हपत्य अग्नि–श्रुति मे ( कान मे ) हव्य तथा रोमो मे अवस्थित मन्त्र भेदो को देखा था। न्याय मिश्रित पुराणो मे इस भाँति सेवित थे जैसे भृत्यो के द्वारा कोई महाराज हो ।।६८।। सहिताओ के और तन्त्रो के द्वारा पृथक् २ समुपासित एव कर्म, ज्ञान और उपासनाओ के द्वारा जनो पर अनुग्रह करने वाले उन वेदो को देख कर कृष्ण द्वैपायन मुनि अत्यन्त विस्मित मन वाले हो गये थे। वे ब्रह्म तेज से परिपूर्ण–परम दिव्य–सूर्य के समान तपे हुए – जलती हुई अग्नि के तुल्य उदर्क एव करोडो चन्द्रो के समान दिखलाई देन वाले थे ।।७६-७०।।

ववन्दे सहसोत्थाय दण्डवत्पतितो मुनि· ।
कृतार्थोऽह कृतार्थोऽह कृतार्थोऽहमितीरयन् ।।७१

अद्य मे सफल जन्म अद्य मे सफल मन· ।
अद्य मे सफलश्चायुर्यद्भवन्तोऽक्षिगोचरा. ।।७२

अलौकिक लौकिकञ्च यत् किञ्चिदपि विद्यते ।
न तद्वोऽविदित वेद्य भूत भव्य भवच्च यत् ।।७३ ।

न प्रवृत्तिफला यूयं दर्शयन्तोऽपि तान्सदा ।
यदृच्छाकरसङ्कोचविधानायेह रागिणाम् ।।७४

प्रपञ्चस्यापि मिथ्यात्वे ब्रह्मत्वे वा विधोतरौ ।
न मृषारागविषयौ तत्सङ्कोचविधिक्षयौ ।।७५

अतो लोकहितैर्न न परमार्थनिरूपणे ।
स्वोक्ता स्वर्गादिविषया नश्वरा इति निन्दिता ॥७६
अधिकारिविभेदेन कर्मज्ञानोपदेशत ।
त्रात सर्वं जगद्भून शब्दब्रह्मात्समूर्तिभि ॥७७

इस प्रकार के स्वरूप वाले उनका दर्शन प्राप्त कर व्यास मुनि सहसा उठ कर खड़े हो गये और दण्ड की भांति पड़ कर उनकी वन्दना की थी तथा व्यास मुनि अपने मुख से दण्डवत् प्रणाम करते हुए यह कहते जा रहे थे—मैं कृतार्थ होगया—मैं सफल होगया और पूर्ण मनोरथ वाला हो गया हूँ ॥७१॥ आज मेरी सम्पूर्ण आयु सफल हो गई कि आप मेरी आँखो के समक्ष मे प्रत्यक्ष रूप से गोचर होगये है ॥७२॥ आपके लिए कुछ भी अविदित नही है । भूत-भव्य और वर्त्तमान सभी आपको वेद्य हैं ॥७३॥ उन सब को सर्वदा देखते हुए भी आप लोग प्रवृत्ति फल वाले नही हैं । क्यो कि इस ससार मे रागी पुरुष यदृच्छा कर सङ्कोच से विधान करने वाले होते हैं ॥७४॥ इस प्रपञ्च कि मिथ्यात्व होने पर भी तथा ब्रह्मत्व मे विधि निषेध उसके सङ्कोच विधि और क्षम मृषाराग के विषय नही हैं ॥७५॥ अतएव लोकहितों के द्वारा परमार्थ के निरूपण मे अपने से कहे हुए स्वर्गादि के विषय नाशवान् हैं इस लिए निन्दित होते है ॥७६॥ शब्द ब्रह्म की मूर्ति वाले आपने अधिकारी के भेद से कर्म और ज्ञान के उपदेश के द्वारा इस सम्पूर्ण जगत् की निश्चय ही रक्षा की है ॥७७॥

अतोऽहं प्रष्टुमिच्छामि भवन्तश्चै स्कृपालव ।
कर्मणा फलमादिष्ट सर्ग कामकचेतसाम् ॥७८
ईशार्पितधिया पु सा कृतस्यापि च कर्मण ।
चित्तशुद्धिस्ततो ज्ञान मोक्षश्च तदनन्तरम् ॥७९
मोक्षो ब्रह्मैवयमित्येव सच्चिदानन्दमेव यत् ।
सर्वं समाप्यते तस्मिञ्ज्ञाते यद्धि कृताकृतम् ॥८०
यनि सङ्ग चिदाकाश ज्ञानरूपमसवृतम् ।
निरीहमचल शुद्धमगुण व्यापक स्मृतम् ॥८१

विकारेषु विनश्यत्सु निर्विकार न नश्यति ।
यथान्धतमसा व्याप्तलोकस्य रविरोजसा ॥८२
लोहस्येव मणिस्तद्वदरणिश्चानले यथा ।
यदाभासेन सा सत्ता प्रतिपद्य विजृम्भते ॥८३
जीवेश्वरादिरूपेण विश्वाकारेण चाप्यहो ।
तस्यामपि प्रलीनाया कूटस्थञ्च यदेकलम् ॥८४
भवद्भिरेव निर्णीत तत्तथैव न सशय ।
तथापि मम जिज्ञासा वर्त्तते केवल हृदि ॥८५
अतोऽपि परम किञ्चिद्वर्त्तते किल वा न वा ।
तद्वदन्तु महाभागा भवन्तस्तत्त्वदर्शना ॥८६

यदि आप मेरे ऊपर कृपालु हैं तो मैं आपसे अब यह ही पूछना चाहता हूँ कि कर्मों का फल आदिष्ट किया है और कामना से पूर्ण चित्त वालो का सर्ग बताया है । ईश्वर मे समर्पित बुद्धि वाले मानवो के किये हुए कर्म मे भी चित्त की शुद्धि होती है फिर इसके अनन्तर ज्ञान होता है और इसके पश्चात् मोक्ष होता है ॥७८-७६॥ मोक्ष ब्रह्म के साथ एक्य को ही कहा जाता है जोकि सत्-चित् और आनन्द स्वरूप है । जो भी कुछ कृत तथा अकृत है वह उसके ज्ञान करने पर सभी कुछ समाप्त हो जाता है ॥८०॥ जो सङ्ग रहित-चिदा-कारा-ज्ञानस्वरूप वाला-समवृत-निरीह-अचल-शुद्ध-बिना गुण वाला और व्यापक कहा गया है ॥८१॥ समस्त विकारो के विनष्ट होजाने पर भी वह विकार रहित है अतएव नष्ट नही होता है । वह तो इस प्रकार है जैसे अन्ध-कार से व्याप्त लोक के लिये ओज से रवि होता है ॥८२॥ लोहे को मणि की भाँति और अनल मे अरणि के समान वह होता है । जिसके आभास से वह सत्ता को प्राप्त होकर विजृम्भित है ॥८३॥ यह जीव और ईश्वर के स्वरूप मे विश्व का आकार होना है । इसके भी प्रलीन होजाने पर एक कूटस्थ रहता है ॥८४॥ यह सभी कुछ आपने निर्णय किया है और वह उसी प्रकार का ही है, आपके इस वचन मे कुछ भी सशय नही है । तो भी मेरे हृदय मे केवल एक जिज्ञासा होती है ॥८५॥ वह जिज्ञासा यही है कि इससे भी

आगे कुछ है या नहीं है। हे महान् भाग वालो! आप यही कृपा कर मुझे बताइए क्योंकि आप तो तत्वों के पूर्ण ज्ञाता हैं ॥८६॥

यच्छ्रव फलमेवेह जनुषो मे कृतार्थता ।
एवं ब्रुवन्तमनघ व्यास सत्यवतीसुतम् ।
साधु साध्विति सङ्कीर्त्य प्रत्यूचु निगमा वचः ॥८७
साधु साधु महाप्राज्ञा विष्णुरात्मा शरीरिणाम् ।
अजोऽपि जन्म सम्पद्य लोकानुग्रहमीहसे ॥८८
अन्यथा ते न घटते संसारकर्मबन्धनम् ।
अस्पृष्टो मायया देव्या बदाजिज्ञानगूहया ॥८९
बिभर्षि स्वेच्छया रूप स्वेच्छयैव निगूहसे ।
असमत्सम्मत एवार्थो भवता सम्प्रदर्शित ९०
पुराणेष्वितिहासेषु सूत्रेष्वपि च नैकधा ।
अक्षर ब्रह्म परम सर्वकारणकारणम् ॥९१
तस्यात्मनोऽप्यात्म भावतया पुष्पस्य गन्धवत् ।
रसवद्वा स्थित रूपमवेहि परम हि तत् ॥९२
अनुभूत तदस्माभिर्जातिं प्राकृतिके लये ।
अक्षरात्परतस्तस्माद्यत्पर येऽत्र नो रम ।
न च तत्र वय शक्ता शब्दातीते तदात्मवा: ॥९३

यहाँ इसका श्रवण करना ही मेरे जीवन का फल है और इसके करने से मेरे जन्म की सफलता होगी। इस प्रकार से बोलने वाले अघरहित सत्यवती के पुत्र व्यास महर्षि से साधु—साधु (अच्छा—अच्छा)—यह कहकर निगमों (वेदों) ने वचन कहे थे ॥८७॥ वेदों ने कहा—बहुत अच्छा है आप महान् प्राज्ञ हैं और शरीर धारियों के विष्णु आत्मा हैं। आप अजन्मा होकर भी जन्म धारण कर लोकों के अनुग्रह की इच्छा करते हैं ॥८८॥ अन्यथा आपको इस संसार का कर्म बन्धन घटित नहीं होता है - ज्ञान से गूढ़ माया देवी से अस्पृष्ट आप अपनी ही इच्छा से स्वरूप को धारण करते हैं और स्वेच्छा से ही उसे निगूहित किया करते हैं। हमारे सम्मत जो अर्थ है वही आपने भी प्रदर्शित

किया है ॥८६-६०॥ पुराणो मे—इतिहासो मे और सूत्रो मे भी एक ही प्रकार से नही बताया गया है। अक्षर परम ब्रह्म है और सब कारणो का भी कारण है ॥६१॥ आत्मा स्वरूप उसके भी आत्म भावना से पुष्प की गन्ध की भाँति अथवा रस के समान वह परम रूप स्थित रहता है—ऐसा उसे जान लो ॥६२॥ प्राकृतिक लय के होजाने पर हमने अनुभव किया है। उस अक्षर से परे केवल रस ही होता है। शब्दात्मक हम शब्दातीत उसमे पहुँचने को समर्थ नही हैं ॥६३॥

## प्रकरण ६७—गया माहात्म्य

अत ऊर्द्ध्वं प्रवक्ष्यामि गयामाहात्म्यमुत्तमम्।
यच्छ्रुत्वा सर्व्वपापेभ्यो मुच्यते नात्रसशय ॥१
सनकाद्यं र्म्महाभागैर्देवर्षिः स च नारद ।
सनत्कुमार पप्रच्छ प्रणम्य विधिपूर्व्वकम् ॥२
सनत्कुमार मे ब्रूहि तीर्थं तीर्थोत्तमोत्तमम् ।
तारक सर्वभूताना पठता श्रृण्वता तथा ॥३
वक्ष्ये तीर्थवर पुण्य श्राद्धादौ सर्वतारकम् ।
गयातीर्थं सर्वदेशे तीर्थेभ्योऽप्यधिक श्रृणु ॥४
गयासुरस्तपस्तेपे ब्रह्मणा क्रतवेऽर्थित. ।
प्राप्तस्य तस्य शिरसि शिला धर्मो ह्यधारयत ॥५
तत्र ब्रह्माऽकरोद्याग स्थितश्चापि गदाधर ।
फल्गुतीर्थादिरूपेण निश्चलार्थमहर्निशम् ।
गयासुरस्य विप्रेन्द्रब्रह्माद्यं दैवतं सह ॥६
कृतयज्ञो ददौ ब्रह्मा ब्राह्मणेभ्यो गृहादिकम् ।
श्वेतकल्पे तु वाराहे गयायागमकारयत ॥७
गयानाम्ना गया ख्याता क्षेत्रं ब्रह्माभिकांक्षितम् ।
काक्षन्ति पितर. पुत्रान्नरकाद्भय भीरव: ॥८

वायुदेव ने कहा—इसके आगे मैं अब अत्युत्तम गया का माहात्म्य बताता हूँ। जिसका श्रवण कर मानव समस्त पापों से विमुक्त हो जाता है। इसमें कुछ भी संशय नहीं है ॥१॥ सूतजी ने कहा—मनवादि महान् भाग वालो से युक्त देवर्षि नारद ने सनत्कुमार से विधि के साथ प्रणाम करके पूछा था ॥२॥ नारदजी ने कहा—हे सनत्कुमार ! मुझे आप समस्त तीर्थों में सर्वोत्तम जो तीर्थ हो उसे बताओ। जो समस्त प्राणियों का पान या श्रवण करने पर उद्धार करने वाला हो ॥३॥ सनत्कुमार ने कहा—मैं समस्त तीर्थों में श्रेष्ठ परम पुण्यमय और श्राद्ध आदि में सबको तार देने वाला गया तीर्थ को बताता हूँ। यह गया तीर्थ है और सब देश में सम्पूर्ण तीर्थों से भी अधिक है। इसका तुम लोग श्रवण करो ॥४॥ ब्रह्मा के द्वारा प्रार्थित गयासुर ने क्रतु के लिये तपश्चर्या की थी। प्राप्त होने वाले उसके शिर पर धर्म ने शिला को धारण किया था ॥५॥ वहाँ पर ब्रह्मा ने याग किया था और गदाधर भी वहाँ पर स्थित थे। फल्गु तीर्थ आदि के स्वरूप से वह अहर्निश निश्छिन्न अर्थ वाला था। विप्रेन्द्र ब्रह्मादि देवों के साथ यज्ञ करने वाले ब्रह्मा ने ब्राह्मणों को गृह आदि प्रदान किये थे। वाराह श्वेत कल्प में गया याग कराया गया था ॥६-७॥ ब्रह्मा के द्वारा अभिकांक्षित यह क्षेत्र गया के नाम से गया—यह ख्यात हुआ था। पितृगण पुत्र नरक के भय से भीरु होते हुए इसकी इच्छा किया करते हैं ॥८॥

गया यास्यति य पुत्र स नस्त्राता भविष्यति।
गयाप्राप्त सुत दृष्ट्वा पितृणामुत्सवो भवेत्।
पद्भ्यामपि जल स्पृष्ट्वा सोऽस्मभ्य किं न दास्यति ॥९
गया गत्वान्नदाता य पितरस्तेन पुत्रिण।
पक्षत्रयनिवासी च पुनात्यासप्तम कुलम्।
नो चेत्पञ्चदशाह वा सप्तरात्रि त्रिरात्रिकम् ॥१०
महाकल्पकृत पाप गया प्राप्य विनश्यति।
पिण्ड दद्याच्च पित्रादेरात्मनोऽपि तिलैर्विना ॥११
ब्रह्महत्या सुरापान स्तेय गुर्व्वङ्गनागम।
पाप तत्सङ्गज सर्वं गयाश्राद्धाद्विनश्यति ॥१२

आत्मजोऽप्यन्यजो वापि गयाभूमौ यदा तदा ।
यन्नाम्ना पातयेत्पिण्डं त नयेद् ब्रह्म शाश्वतम् ॥१३
ब्रह्मज्ञान गयाश्राद्धं गोगृहे मरणं तथा ।
वास पुंसा कुरुक्षेत्रे मुक्तिरेषा चतुर्व्विधा ॥१४

जो पुत्र गया को जावेगा वह ही हमारा त्राता अर्थात् उद्धार करने वाला होगा । गया मे प्राप्त होने वाले अपने पुत्र को देखकर पितरो को बहुत ही उत्सव होता है अर्थात् बडा आह्लाद हुआ करता है । अपने पैरों से भी जल का स्पर्श करके वह हमको क्या नही देगा ॥६॥ जो गया मे जाकर अन्न को दान करने वाला है पितृगण उसी से पुत्र वाले हुआ करते हैं । जो तीन पक्ष तक वहाँ निवास करने वाला होता है वह अपने सात कुलो को पवित्र कर दिया करता है । अन्यथा पन्द्रह दिन तक सात रात्रि पर्यन्त अथवा तीन रात्रि तक ही वहाँ निवास करने मे गया मे प्राप्त होकर रहने वाले का महाकल्प कृत पाप भी विनष्ट हो जाया करता है । तिलो के विना भी अपने पितृगण को वहाँ जो दिया करता है वह ब्रह्म हत्या—सुरापान—स्तेय (चोरी)—गुरु पत्नी का गमन और सत्सङ्ग से समुत्पन्न सम्पूर्ण पाप गया के श्राद्ध से नष्ट हो जाते है ॥१०-११-१२॥ आत्मज हो या अन्यज भी हो जिस—किसी भी समय मे गया की भूमि मे जिसके नाम से पिण्ड का पातन करता है वह उसको शाश्वत ब्रह्म को प्राप्त करा देता है ॥१३॥ ब्रह्म का ज्ञान—गया का श्राद्ध—गौ के गृह मे मृत्यु और कुरु-क्षेत्र मे निवास ये चार प्रकार की पुरुषो की मुक्ति बताई गई है ॥१४॥

ब्रह्मज्ञानेन किं कार्य्यं गोगृहे मरणेन किम् ।
वासेन किं कुरुक्षेत्रे यदि पुत्रो गया व्रजेत् ॥१५
गयाया सर्व्वकालेषु पिण्ड दद्याद्विचक्षण: ।
अधिमासे जन्मदिने चास्तेऽपि गुरुशुक्रयो- ॥१६
न त्यक्तव्य गयाश्राद्धं सिंहस्थेऽपि वृहस्पतौ ।
तथा दैवप्रमादेन ग्रहतेषु ग्रहणेषु च ।
पुन- कर्म्माधिकारी च श्राद्धकृद् ब्रह्मलोक भाक् ॥१७

सकृद्गयाभिगमन सकृत्पिण्डस्य पातनम् ।
दुर्लभ किं पुनर्नित्यमस्मिन्नेव व्यवस्थिति ॥१८
प्रमादान्म्रियते क्षेत्रे ब्रह्मादेर्मुक्तिदायके ।
ब्रह्मज्ञानाद्यथा मुक्तिर्लभ्यते नात्र सशय. ॥१६
कीटकादिमृतानाञ्च पितृणा तारणाय च ।
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन कर्त्तव्य सुविचक्षणैः ॥२०
ब्रह्मप्रकल्पितान्विप्रान्हव्यकव्यादिनाऽर्च्चयेत् ।
तैस्तुष्टैस्तोषिताः सर्व्वा पितृभिः सह देवता ॥२१

ब्रह्म के ज्ञान से क्या प्रयोजन है और गौ के घर मे मृत्यु होने से भी क्या लाभ है तथा कुरुक्षेत्र के धाम मे निवास से भी कोई सिद्धि नही होती है यदि पुत्र गया म जाकर श्राद्ध करता है । अर्थ यह है कि गया मे पुत्र के जाकर श्राद्ध करने से पूर्णतया सद्गति हो जाती है ॥१५॥ गया मे विद्वान् पुरुष को सभी समयो म पिण्ड दान करना चाहिए । चाहे अधिमास हो या जन्म दिन हो और भले ही गुरु और शुक्र का अस्त भी होगया हो—सभी कालो मे पिण्ड दान करना चाहिए ॥१६॥ सिंह राशि पर बृहस्पति के स्थित होने पर भी गया मे जाकर श्राद्ध का त्याग नही करना चाहिये । दैव के प्रमाद से प्रहृत होने तथा व्रणो के होने पर भी श्राद्ध करने वाला पुत्र कर्म का अधिकारी और ब्रह्मलोक का सेवन करने वाला होता है ॥१७॥ एकबार गया मे अभिगमन करना और एकबार पिण्ड का पातन करना ही इतना श्रेयस्कर होता है कि उसे फिर कुछ भी दुर्लभ नहीं है और नित्य ही इसमे व्यवस्थिति हो तो कहना ही क्या है ॥१८॥ ब्रह्मादि को मुक्ति देने वाले क्षेत्र मे प्रमाद से ही मृत्यु हो जाती है तो जिस प्रकार ब्रह्म ज्ञान से मोक्ष होता है वैसी ही मुक्ति होती है—इसमे कुछ भी सशय नही है ॥१६। कीटाकादि मृतो की और पितृगण को तरण के लिये सम्पूर्ण प्रयत्नों के द्वारा सुविच क्षण पुरुषो को गया श्राद्ध करना ही चाहिये ॥२०॥ ब्रह्म प्रकल्पित विप्रो का हव्य–कव्यादि के द्वारा अर्चन करना चाहिए । उन विप्रो के तुष्ट होने मे समस्त पितरो के साथ देवता परम तोषित हो जाया करते हैं ॥२१॥

मुण्डन चोपवासञ्च सर्व्वतीर्थेष्वय विधि ।
वर्जयित्वा कुरुक्षेत्र विशाला विरजा गयाम् ॥२२
दण्ड प्रदर्शयेद्भिक्षुर्गया गत्वा न पिण्डद. ।
दण्ड न्यस्ता विष्णुपदे पितृभि सह मुच्यते ॥२३
न दण्डी किल्विष धत्ते पुण्य वा परमार्थत ।
अत सर्व्वा क्रिया त्यक्त्वा विष्णु ध्यायति भावुक ॥२४
सन्यसेत्सर्व्वकर्म्माणि वेदमेक न सन्यसेत् ।
मुण्ड कुर्य्याच्च पूर्व्वेऽस्मिन्पश्चिमे दक्षिणोत्तरे ॥२५
सार्द्ध क्रोशद्वय मान गयेति ब्रह्मणेरितम् ।
पञ्चक्रोश गयाक्षेत्र क्रोशमेक गयाशिर ॥२६
तन्मध्ये सर्व्वतीर्थानि त्रैलोक्ये यानि सन्ति वै ।
श्राद्धकृद्यो गयाक्षेत्रे पितृणामनृणो हि सः ॥२७
शिरसि श्राद्धकृद्यस्तु कुलाना शतमुद्धरेत् ।
गृहाच्चलितमात्रेण गयाया गमन प्रति ।
स्वर्गा रोहणसोपान पितृणाञ्च पदे पदे ॥२८

समस्त तीर्थों मे मुण्डन तथा उपवास करने की विधि है किन्तु कुरुक्षेत्र और विरजा विशाला गया का त्याग करके ही यह विधि होती है ॥२२॥ भिक्षु को गया मे जाकर दण्ड का प्रदर्शन करना चाहिए और पिण्ड नही देना चाहिए । विष्णु पद मे दण्ड के न्यस्त करने ही से वह पितृगण के साथ मुक्त हो जाता है ॥२३॥ दण्डी को कोई पाप नही होता है और परमार्थ मे उसे पुण्य भी नही होता है । अतएव समस्त क्रियाओं का त्याग करके भावुक को विष्णु का ध्यान करना ही श्रेयस्कर है ॥२४॥ समस्त कर्मों का तो सन्यासी को त्याग कर देना चाहिये किन्तु एक वेद का त्याग नही करना चाहिये । पूर्व दिशा मे मुण्ड करे और पश्चिम तथा दक्षिणोत्तर मे ढाईकोस तक गया का मान होता है-ऐसा ब्रह्मा ने कहा है । गया का पाँच कोस तक क्षेत्र है और एक कोस पर्यन्त गया का शिर होता है ॥२५-२६॥ उसके मध्य मे समस्त तीर्थ हैं जोकि इस त्रैलोक्य मे हैं । गया के क्षेत्र मे जो श्राद्ध करने वाला पुत्र है वह पितरों

के ऋण से मुक्त हो जाया करता है ॥२७॥ जो शिर में श्राद्ध करता है वह अपने सौ कुलों का उद्धार किया करता है। जब वह घर से गया को चलना प्रारम्भ करता है उसी समय से पितरों के स्वर्गारोहण का कार्य प्रारम्भ करता है और उसके एक २ कदम चलने में स्वर्ग का सोपान बन जाता है ॥२८॥

पदे पदेऽश्वमेधस्य यत्फलं गच्छतो गयाम् ।
तत्फलञ्च भवेन्नून समग्र नात्र संशय ॥२९
पायसे नापि चरुणा सक्तुना पिष्टकेन वा ।
तण्डुलैः फलमूलाद्यैर्गयायां पिंडपातनम् ॥३०
तिलकल्केन खडेन गुडेन सघृतेन वा ।
केवलेनैव दध्ना वा ऊर्जेन मधुनाऽथ वा ॥३१
पिण्याकं सघृतं खडं पितृभ्योऽक्षयमित्युत ।
इज्यते वार्त्तवं भोज्य हविष्यान्नं मुनीरितम् ॥३२
एकतः सर्व्ववस्तूनि रसवन्ति मधूनि हि ।
स्मृत्वा गदाधराङ्घ्र्यब्ज फल्गुतीर्थाम्बु चैकत ॥३३
पिंडासनं पिंडदानं पुनः प्रत्यवनेजनम् ।
दक्षिणा चान्नसङ्कल्पस्तीर्थश्राद्धेष्वयं विधिः ॥३४
नावाहनं न दिग्बन्धो न दोषो दृष्टिसम्भवः ।
सकारुण्येन कर्त्तव्यं तीर्थश्राद्धं विचक्षणैः ॥३५

गया को गमन करने वाले के एक-एक पद में अश्वमेध यज्ञ का फल प्राप्त होता है। उसको सम्पूर्ण फल अवश्य ही मिलता है—इसमें कुछ भी संशय नहीं है ॥२९॥ पायस से–चरु–सत्तू–तण्डुल और फल–मूलादि के द्वारा गया में पिण्ड का पातन करना चाहिए ॥३०॥ तिलों का कल्क–खांड–गुड और घृत अथवा केवल दही या ऊर्ज्ज मधु के द्वारा पिण्ड पातन करे। पिण्याक तथा सघृत खांड पितरों को यहां अक्षय होता है। अथवा ऋतु का मुनीरित हविष्यान्न भोज्य से यजन किया जाता है ॥३१-३२॥ एक ओर रसवाली समस्त वस्तुयें तथा मधु रक्खे और गदाधर के चरण कमल का स्मरण करके एक ओर फल्गु तीर्थ का जल रक्खे ॥३३॥ पिण्डासन, पिण्डदान और पिर

प्रत्यवने जल–दक्षिणा और अन्न का सङ्कल्प करे—यह ही तीर्थों के श्राद्धों मे विधि होती है ॥३४॥ वहाँ पर न तो कोई आवाहन ही होता है और न दिग्बन्ध किया जाता है। दृष्टि से उत्पन्न होने वाला भी दोष वहा नहीं होता है। विचक्षण पुरुषो को कारुण्य के सहित तीर्थ श्राद्ध करना चाहिए ॥३५॥

अन्यत्रावाहिता काले पितरो यान्त्यमु प्रति।
तीर्थे सदा वसन्त्येते तस्मादावाहन न हि ॥३६
तीर्थश्राद्ध प्रयच्छद्भि पुरुषै फलकाङ्क्षिभि।
काम क्रोध तथा लोभ त्यक्त्वा कार्य्या क्रियाऽनिशम् ॥३७
ब्रह्मचार्य्येकभोजी च भूशायी सत्यवाक्छुचि।
सर्व्वभूतहिते रक्त स तीर्थ फलमश्नुते ॥३८
तीर्थान्यनुसरन्धीर पापण्ड पूर्व्वतस्त्यजेद्।
पाषण्ड स च विज्ञेयो यो भवेत्कामकारत ॥३९
तीर्थेषु ये नरा धीरा. कर्म कुर्व्वन्ति तद्गता।
यदा ब्रह्मविदो वेद्य वस्तु चानन्यचेतस।
प्रविशन्ति परेशाख्य ब्रह्म ब्रह्मपरायणा ॥४०
यास्ते वैतरणी नाम नदी त्रैलोक्यविश्रुता।
साऽवतीर्णा गयाक्षेत्रे पितृणा तारणाय वै।
स्नातो गोदो वैतरण्या त्रि सप्तकुलमुद्धरेत् ॥४१
तथाऽक्षयवट गत्वा विप्रान्सन्तोषयिष्यति।
ब्रह्मकल्पितान्विप्रान्हव्यकव्यादिनाऽर्चयेत्।
तैस्तुष्टैस्तोषिता सर्व्वा पितृभि सह देवता ॥४२
गयाया न हि तत्स्थान यत्र तीर्थ न विद्यते।
सान्निध्य सर्व्वतीर्थाना गयातीर्थ ततो वरम् ॥४३
मीने मेषे स्थिते सूर्य्ये कन्याया कार्मुके घटे।
दुर्ल्लभ त्रिषु लोकेषु गयाया पिडपातनम् ॥४४
मकरे वर्त्तमाने च ग्रहणे चन्द्रसूर्य्ययो।
दुर्ल्लभ त्रिषु लोकेषु गयाश्राद्ध सुदुर्ल्लभम् ॥४५

गयाया पिंडदानेन यत्फलं लभते नरः ।
न तच्छक्यं मया वक्तुं कल्पकोटिशतैरपि ॥४६

अन्य स्थानों में आवाहन किए हुए ही पितृगण श्राद्ध करने वाले के समीप आया करते हैं किन्तु तीर्थ में तो ये सर्वदा ही निवास किया करते हैं अतएव वहाँ इनका आवाहन नहीं किया जाता है ॥३६॥ तीर्थों में श्राद्ध देने वाले पुरुष जो फल की आकांक्षा रखते हैं उनको काम–क्रोध और लोभ का त्याग करके ही निरन्तर श्राद्ध की क्रिया करनी चाहिए ॥३७॥ ब्रह्मचारी–एक बार भोजन करने वाला–भूमि पर शयन करने वाला–सत्यवक्ता–पवित्र तथा समस्त प्राणियों के हित में रति रखने वाला पुरुष तीर्थ के फल को प्राप्त किया करता है ॥३८॥ तीर्थों का अनुसरण करने वाले धीर पुरुष को चलने के पहले ही से पाखण्ड का त्याग करना चाहिए । जो कामना की भावना से किया जाता है वही पाखण्ड समझना चाहिए ॥३९॥ जो पुरुष परम धीर होकर वहाँ तीर्थों में पहुँच कर अपना तीर्थोचित कर्म किया करते हैं जिस तरह ब्रह्म के ज्ञाता लोग अनन्य चित्त होते हुए जानने के योग्य वस्तु में ब्रह्म में जो कि परिदास्य है, ब्रह्म परायण होकर प्रवेश किया करते हैं उसी भाँति तीर्थों के सेवी को भी करना चाहिए ॥४०॥ जो तीनों लोकों में प्रसिद्ध वैतरणी नदी है वह गया के क्षेत्र में पितरों के तारने के लिए अवतीर्ण हो जाती है । गोद अर्थात् गौ का दान करने वाला वैतरणी में स्नान करके अपने इक्कीस कुलों का उद्धार कर देता है ॥४१॥ उसी भाँति अक्षय पर जाकर विप्रों को सन्तोष देना चाहिए । ब्रह्म कल्पित विप्रों को हव्य कव्यादि से अर्चन करे । तुष्ट हुए उनके द्वारा समस्त देवगण पितरों के साथ तोषित हो जाया करते हैं ॥४२॥ गया में ऐसा कोई भी स्थान नहीं है जहाँ कोई तीर्थ न विराजमान हो । वहाँ गया में तो सभी तीर्थों का सान्निध्य होता है अतएव वह परम श्रेष्ठ तीर्थ है ॥४३॥ मीन–मेष–कन्या–धन और कुम्भ पर सूर्य के स्थित होने पर गया में जाकर पिण्ड का पातन करना तीनों लोकों में दुर्लभ कार्य होता है ॥४४॥ मकर के वर्त्तमान होने पर तथा चन्द्र एवं सूर्य के ग्रहण के समय में गया में श्राद्ध करना तीनों लोकों में परम दुर्लभ कार्य है ॥४५॥ गया में पिंड दान करने से जिस फल की

प्राप्ति मानव किया करता है उसको मैं वरष कोटि शत के समय मे भी वर्णन नही कर सकता हूँ ॥४६॥

यज्ञश्चक्रे गयो राजा बह्वन्ने बहुदक्षिणम् ।
यत्र द्रव्य समूहाना सख्या कर्तुं न शक्यते ॥४७
प्रशसन्ति द्विजास्तृप्ता देशे देशे सुपूजिता ।
गय विष्ण्वादयस्तुष्टा वर ब्रूहीति चाब्रुवन् ॥४८
गयस्तान्प्रार्थयामास ह्यभिशप्ताश्च ये पुरा ।
ब्रह्मणा ते द्विजा. पूता भवन्तु क्रतुपूजिता ॥४६
गयापुरीति मन्नाम्ना ख्याता ब्रह्मपुरी यथा ।
एवमस्तु वर दत्त्वा चान्तर्दधु सुरा ॥५०

सनत्कुमार जी बोले—नारदजी ! किसी समय राजा गय ने बहुत अन्न और बडी-बडी दक्षिणाओ वाले इतने यज्ञ किये कि उनमे खर्च होने वाले द्रव्य की सख्या की गणना कर सकना सम्भव नही ॥४७॥ देश-देश के ब्राह्मण भली प्रकार पूजे जाकर और पूर्ण तृप्त होकर वहाँ से गये और सर्वत्र राजा गय की प्रशसा करते रहे। राजा के इस महान् पुण्य कार्य से सन्तुष्ट होकर विष्णु आदि देवगणो ने राजा से वर माँगने को कहा ॥४८॥ राजा ने उनसे प्रार्थना की कि यदि आप वर देना चाहते हैं तो गया के जिन ब्राह्मणो को प्राचीन काल मे ब्रह्माजी ने शाप दिया था उन्हे उसे मुक्त कर दीजिये और वे यज्ञो मे पूजित होकर पवित्र हो जायें ॥४६॥ यह गया पुरी मेरे नाम पर ब्रह्मपुरी की तरह पवित्र और विख्यात हो जाय। देवगण 'ऐसा ही' कहकर उनकी प्रार्थनाओ को स्वीकार करके अन्तर्धान होगये ॥५०॥

यत्र तत्र स्थितो देवा ऋषयोऽपि जितेन्द्रियाः ।
श्राद्ध गदाधर ध्यायञ्छ्राद्धपिण्डादिदानत. ॥५१
कुलाना शतमुद्धृत्य ब्रह्मलोक नयेत् पितॄन् ।
गया गयो गया दित्यो गायत्री च गदाधर. ॥५२
गया गयासुरश्चैव षडेते मुक्तिदायकाः ।
गयाख्यानमिद पुण्य यः पठेत्सतत नरः ॥५३

शृणुयाच्छ्रद्धया यस्तु स याति परमां गतिम् ।
पाठयेद्वा गयाख्यानं विप्रेभ्यः पुण्यकृन्नरः ॥५४
गयाश्राद्धं कृतं तेन कृतं तेन सुनिश्चितम् ।
गयाया महिमानञ्च ह्यनुध्यायेच्च समाहितः ॥५५
तेनेष्टं राजसूयेन अश्वमेधेन नारद ।
लिखेद्वा लेखयेद्वापि पूजयेद्वापि पुस्तकम् ।
तस्य गेहे स्थिरा लक्ष्मीः सुप्रसन्ना भविष्यति ॥५६

इस पुरी में स्थान-स्थान पर देवताओं के अतिरिक्त जितेन्द्रिय ऋषि भी विराजमान हैं। आदि गदाधर देव का ध्यान करके यहाँ श्राद्ध और पिण्डदान करने वाला सौ पीढ़ियों का उद्धार करके उनको स्वर्ग का अधिकारी बना देता है। गयागय, गयादित्य, गायत्री, गदाधर, गया और गयासुर—ये छः 'गया' में मुक्ति प्रदान करने वाले हैं। इस पुण्यदायक गयाख्यान को जो व्यक्ति सदा पढ़ता रहता है ॥५१-५२ ५३॥ अथवा जो पुण्यशाली इसे श्रद्धापूर्वक सुनता है और ब्राह्मणों से इसका पाठ कराता है, वह निश्चित रूप से गया श्राद्ध करता है। जो मनुष्य अन्तःकरण से महातीर्थ गया की महिमा का चिन्तन करता है, हे नारद, वह मानो राजसूय और अश्वमेध यज्ञों का अनुष्ठान ही कर लेता है। जो गयाख्यान की पुस्तक को स्वयं लिखता है अथवा दूसरे से लिखाता है या पुस्तक की पूजा करता है। उसके घर में लक्ष्मी जी स्थिर और प्रसन्न रहती हैं ॥५४-५५-५६॥

"वायुपुराण का चतुर्थ चरण (उपसंहार) में गयामाहात्म्य समाप्त"

॥ वायु पुराण समाप्त ॥